Aspects of Jainology :

Vol. III

PT. DALSUKH BHAI MALVANIA

FELICITATION VOLUME I

Editors :

PROF. M. A DHAKY

PROF. SAGARMAL JAIN

P. V. RESEARCH INSTITUTE

VARANASI-5

जैन विद्या के आयाम :

ग्रन्थाङ्क ३

पं० दलसुखभाई मालवणिया

अभिनन्दन ग्रन्थ I

सम्पादक

प्रो० मधुसूदन ढाकी

प्रो० सागरमल जैन

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान

वाराणसी-५

प्रकाशक :
पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
आई०टी०आई० रोड, (करौंदी) बी०एच०यू०
वाराणसी-५
फोन : ३११४६२

प्रथम संस्करण : १९९१
मूल्य : रु० २५०/–

मुद्रक :
रत्ना प्रिन्टिंग वर्क्स
कमच्छा, वाराणसी

डिवाइन प्रिंटर्स
बी १३/४४, सोनारपुरा, वाराणसी

प्रकाशकीय

सम्प्रति जैन विद्या के मूर्धन्य मनीषियों में पं० दलसुखभाई मालवणिया अग्रगण्य हैं। वर्तमान युग में उनके समकक्ष जैन आगम तथा जैन दर्शन का दूसरा विद्वान् दृष्टिगत ही नहीं होता है। पं० दलसुख भाई निर्भीक, स्पष्ट विचारक है, वे सांप्रदायिक आग्रहों से ऊपर उठकर जो सत्य होता है उसे निःसंकोच भाव से कहने की हिम्मत रखते हैं। यही कारण है कि परम्परावादी उनकी विद्वत्ता को स्वीकार करते हुए भी उनसे कतराते हैं। उनके विचारों में स्पष्टता और सत्यान्वेषणशीलता के स्पष्ट दर्शन होते हैं। उनके व्यक्तित्व का दूसरा सबसे बड़ा गुण यह है कि वे निश्छल व्यक्तित्व के धनी हैं। गृहस्थ होते हुए भी उनका जीवन साधु-पुरुष के समान ही है। छल-छद्म और अहकार उनको स्पर्श भी नही कर पाते हैं। कथनी और करनी की एकरूपता भी उनकी अपनी विशिष्टता है। धन का लोभ उन्हें बिल्कुल नही रहा। अपने जीवन के प्रारंभिक काल में भी उन्होंने जैन विद्या के अध्ययन का अवसर मिले, गुरु सेवा का अवसर मिले—यह सोचकर बम्बई की १५० रु० प्रतिमाह की आय का परित्याग कर बनारस में पं० सुखलाल जी के समीप मात्र ३५ रु० प्रतिमाह की नौकरी को स्वीकार कर लिया। ऐसे अनेक अवसर आये जब आप आर्थिक उपलब्धियों की उपेक्षा कर दिये। पार्श्वनाथ विद्याश्रम की सचालक समिति ने उनके लिए १००० रु० प्रतिमाह मानदेय का निर्णय लिया। पं० जी ने समिति के उस प्रस्ताव को यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि विद्याश्रम मेरी अपनी सस्था है। क्या कोई व्यक्ति अपनी ही सस्था से कुछ स्वीकार कर सकता है? विद्याश्रम के मार्गदर्शक के रूप मे वे अनेक बार सस्थान मे पधारे किन्तु कभी मार्ग-व्यय की अपेक्षा भी नही की। विद्वत्ता के साथ निर्भीकता, निरहंकारता और निस्पृहता का सुयोग दुर्लभ ही होता है किन्तु पं० जी के जीवन में उसे हम प्रतिदिन अनुभव कर सकते हैं।

पं० दलसुखभाई मालवणियाजी पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान के प्रारम्भ से ही जुड़े रहे हैं और इसके विकास में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। अपने द्वारा स्थापित और संचालित जैन सस्कृति संशोधन मण्डल का समस्त साहित्य, उसके प्रकाशन और उसकी समस्त सम्पत्ति को सहजभाव से विद्याश्रम को प्रदान कर दिया। इसी प्रकार प० सुखलाल जी द्वारा स्थापित न्यास की, जिसके न्यासी आप भी हैं, सम्पूर्ण अवशिष्ट सम्पत्ति आपने विद्याश्रम को प्रदान कर दी। उनके इस महान् व्यक्तित्व से प्रेरित होकर ही पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान ने उनके राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने पर उनका अभिनन्दन किया। उसी अवसर पर उनके सम्मान में एक अभिनन्दन ग्रन्थ के प्रकाशन की योजना बनाई गई और उस अभिनन्दन ग्रन्थ हेतु विद्वानों से लेख आमंत्रित किये गये। हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता होती है कि विद्वानों ने पं० जी के व्यक्तित्व के प्रति अपनी अनन्य आस्था के कारण अपने-अपने लेख शीघ्र ही प्रेषित कर दिये। यद्यपि हमें लेख तत्काल ही प्राप्त हो गये किन्तु उन्हें सम्पादित कर मुद्रित करवाने में पर्याप्त विलम्ब हुआ। अंग्रेजी विभाग के हमारे संपादक जैन विद्या के लब्ध प्रतिष्ठ विद्वान् प्रो० मधुसूदन ढाकी ने अत्यन्त सतर्कता और प्रामाणिकता-

पूर्वक कार्य किया है। सम्पादन एवं प्रेस के फलस्वरूप प्रत्याशित-अप्रत्याशित रूप से विलम्ब होता ही रहा। पं. जी के अभिनन्दन ग्रन्थ हेतु हमें जितने लेख प्राप्त हुए हैं वे सभी अभी तक सम्पादित भी नही हो पाये है तथा गुजराती लेखों के मुद्रण की व्यवस्था मे भी वाराणसी मे कठिनाई हो रही है। इसलिए हमने यह निर्णय लिया कि जितनी सामग्री मुद्रित हो चुकी है उसे इस अभिनन्दन ग्रन्थ के प्रथम खण्ड के रूप में प्रकाशित कर दिया जाय और शेष सामग्री को दूसरे खण्ड में प्रकाशित किया जायेगा। हमे निश्चय ही यह दुःख है कि इतने लम्बे अतराल के पश्चात् भी सम्पूर्ण सामग्री को एक साथ प्रकाशित नही कर पा रहे हैं, किन्तु जो अंश मुद्रित हो चुका है वह विद्वानों को उपलब्ध हो सके यह सोचकर हमने इसे अपूर्ण रूप मे प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। हिन्दी और अंग्रेजी लेखों का मुद्रण साथ-साथ चल सके इसलिए हमें हिन्दी खण्ड और अंग्रेजी खण्ड के पृष्ठों की संख्या भी पृथक्-पृथक् रखनी पडी है। प्रो० ढाकी ने इसके अंग्रेजी विभाग का संपादन अत्यन्त सतर्कता एव श्रमपूर्वक किया है। वर्तमान युग में संपादन में इतनी सतर्कता रखने वाले और श्रम करने वाले दुर्लभ ही है। प्रो० ढाकी ने इस दायित्व का जितनी प्रामाणिकता से निर्वाह किया है उसके लिए हमारे पास उनके प्रति आभार व्यक्त करने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नही है। ग्रन्थ के हिन्दी खण्ड के सपादन तथा मुद्रण आदि का भार संस्थान के निदेशक डा० सागरमल जैन ने वहन किया एतदर्थ हम उनके प्रति भी आभार प्रकट करते हैं। प्रूफ सशोधन में डा० सागरमल जैन के अतिरिक्त डा० अरुण प्रताप सिंह, डा० अशोक कुमार सिंह, डा० शिवप्रसाद, डा० इन्द्रेशचन्द्र सिंह, श्री महेश जी का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। प्रो० ढाकी ने अग्रेजी विभाग के अतिम प्रूफ को देखकर इसके प्रामाणिक मुद्रण मे विशेष सहयोग प्रदान किया है अत. हम पुन उन्हें धन्यवाद देते हैं। इस ग्रन्थ के हिन्दी और अग्रेजी खण्डो का मुद्रण रत्ना प्रिंटिंग प्रेस और डिवाइन प्रिंटर्स ने सम्पन्न किया। अत हम इन मुद्रणालयो के व्यवस्थापकों के प्रति भी आभार प्रकट करते हैं। अन्त मे हम उन सभी के आभारी है जो इस ग्रन्थ के प्रकाशन में परोक्ष या प्रत्यक्ष सहभागी बने है विशेष रूप से उन सभी विद्वज्जनो के जिनके आलेख इसमें समाहित किये गये है। यह उनके ही श्रम का फल है कि ग्रन्थ का आकार प्राप्त कर सका। अन्त में हम पूज्य पडित जी के चरणों मे प्रणाम करते हुए उन्हे यह ग्रन्थ समर्पित करते है।

भूपेन्द्र नाथ जैन
सचिव
पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
आई० टी० आई० रोड, वाराणसी-५

CONTENTS

हिन्दी खण्ड

English Section

पं. दलसुख भाई मालवणिया

पं० दलसुख मालवणिया : व्यक्तित्व एवं कृतित्व

—पं० रतिलाल देसाई
—अनु० डॉ० शिवप्रसाद; डॉ० अशोक सिंह

सत्य के जिज्ञासु व्यक्ति का विद्वत्ता स्वयमेव वरण कर लेती है। ऐसा व्यक्ति ज्ञानोपासना की किसी भी दिशा में अग्रसर होकर उस क्षेत्र अथवा विषय का सर्वश्रेष्ठ विद्वान् बन जाता है। ऐसे व्यक्ति को किसी भी विद्यालय अथवा विश्वविद्यालय की किसी भी उपाधि की कोई आवश्यकता नही होती है। इस श्रेणी के विद्याविलासियों मे प० सुखलाल संघवी, पं० बेचरदास दोशी, महापंडित राहुल साकृत्यायन, मुनि जिनविजय जी, मुनि श्री पुण्यविजय जी, प० दलसुखभाई मालवणिया आदि के नाम बड़े आदर पूर्वक लिये जा सकते हैं।

गुण ग्राह्यता तथा सत्यान्वेषी गहन साहित्योपासना इन दोनो दृष्टियो से पं० दलसुख भाई का जीवन एक आदर्श विद्या पुरुष का जीवन रहा है। उन्हें ये सद्गुण अपने पूज्य गुरु प० सुखलाल सघवी और प० बेचरदास दोशी से विरासत में मिले हैं। बंगाल सस्कृत परिषद, कलकत्ता से उन्होंने जैन दर्शन मे न्यायतीर्थ की उपाधि प्राप्त की। यही उनकी प्रथम और अन्तिम उपाधि है। इन्होने सम्पूर्ण जैन आगम साहित्य, जैन दार्शनिक साहित्य, बौद्ध दर्शन और साहित्य एव अन्य भारतीय दर्शनों का सर्वांगीण अध्ययन एवं सशोधन कर विद्योपासना के प्रति निष्ठा का एक अनूठा आदर्श उपस्थित किया है।

श्री दलसुखभाई का जन्म गुजरात (सौराष्ट्र) के झालावाड़ जिलान्तर्गत सायला नामक ग्राम में २२-७-१९१० को एक निर्धन वणिक् परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम डाह्याभाई और माता का नाम पार्वती बहन था। दलसुखभाई अपने माता-पिता की ज्येष्ठ सन्तान है। परिवार में ३ छोटे भाई और एक बहन भी थी। पिता श्री डाह्याभाई की गांव में ही एक छोटी सी पसारी की दुकान थी। जिससे सात प्राणियों के इस परिवार का किसी प्रकार निर्वाह होता था। जब दलसुखभाई की उम्र १० वर्ष की थी, इनके पिता का आकस्मिक निधन हो गया। निर्धनता की विभीषिका से ग्रस्त यह परिवार इस भीषण दैवी आपदा से बिखर गया और दलसुखभाई अपने भाइयो के साथ सुरेन्द्रनगर के अनाथाश्रम में शरण लेने को बाध्य हो गये। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा यहीं सम्पन्न हुई। यही आपने अंग्रेजी भाषा का अभ्यास किया और अवकाश के क्षणों में यहाँ के पुस्तकालय का सदुपयोग करते हुये अपने ज्ञान को अभिवृद्ध करते रहे। इस अनाथाश्रम में दलसुखभाई ने सात वर्ष व्यतीत किये।

इसी समय श्री स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स द्वारा जैन गृहस्थ पंडितों को तैयार करने हेतु एक ट्रेनिंग कालेज की बीकानेर में स्थापना की गयी। जयपुर निवासी दुर्लभ जी त्रिभुवन दास झवेरी इस कालेज के संस्थापक और संचालक थे। इस कालेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को यहाँ नियमित रूप से तीन वर्ष तक रहना अनिवार्य था। उन्हें न केवल अध्ययन

बल्कि यहाँ के अन्य कार्यों को भी सम्पादित करना होता था। इसके बदले उनके लिये मासिक वेतन नियत था।

दलसुखभाई के सांसारिक पक्ष के चाचा मुनि श्री मगनलाल जी ने उन्हे इस कालेज में प्रवेश दिलाने का निश्चय किया, परन्तु दलसुखभाई के पास बीकानेर पहुँचने के लिये मार्गव्यय भी न था। स्थानीय मंडल ने मार्गव्यय का प्रबन्ध किया और अन्ततोगत्वा दलसुखभाई ने इस कालेज में प्रविष्ट होकर जैन विद्या का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया।

बीकानेर में इस समय एक जैन पाठशाला भी थी, जिसका सचालन श्री भैरोदान सेठिया द्वारा होता था। इस पाठशाला में जैन पडितो द्वारा अध्यापन कार्य सम्पन्न होता था, जिसका लाभ ट्रेनिंग कालेज के विद्यार्थियो को भी मिलता रहा। इस कालेज के छात्रों को प्राय जहाँ-जहाँ मुनि ठहरते, उनके पास भी जाकर अध्ययन करना होता था, इसीलिए इस कालेज को ट्रेनिग कालेज के स्थान पर ट्रैवेलिंग कालेज भी कहा जाता रहा।

सन् १९२८-२९ में दलसुखभाई जयपुर आये और यहाँ ट्रेनिंग कालेज में अभ्यास किया। सन् १९२९-३० मे ये जैन गुरुकुल, ब्यावर मे प्रविष्ट हुए। शतावधानी मुनि श्री रत्न-चन्द जी महाराज स्थानकवासी जैन समाज के अति प्रभावशाली एवं विद्वान् मुनि थे। उनका १९३० का चातुर्मास कच्छ प्रान्त के अजार नामक स्थान मे हुआ। जैन गुरुकुल की ओर से श्री दलसुख भाई तथा कुछ अन्य छात्र मुनि जी के पास अध्ययनार्थ गये और वहाँ जैन साहित्य का गम्भीर अध्ययन किया। चातुर्मास की समाप्ति पर छात्रगण पुन: ब्यावर वापस आ गये। सन् १९३१ मे दलसुखभाई ने बंगाल सस्कृत परिषद, कलकत्ता से न्यायतीर्थ की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी वर्ष इन्हें जैन गुरुकुल, ब्यावर की ओर से जैन दर्शन विशारद की उपाधि से सम्मा-नित किया गया।

इस प्रकार बीकानेर, जयपुर और ब्यावर मे दलसुखभाई ने ४ वर्ष व्यतीत किये। इन वर्षों मे उन्होने संस्कृत, प्राकृत भाषाओ तथा धर्मग्रन्थो का गहन अध्ययन कर इनमें निपुणता प्राप्त कर ली। दूरदर्शी श्री दुर्लभ जी त्रिभुवनदास झवेरी इनकी कुशाग्रबुद्धि से अत्यन्त प्रभावित थे। उन्होने दलसुखभाई को श्री शांतिलाल वनमाली सेठ के साथ अहमदाबाद मे पं० बेचर-दास जी दोशी के पास अध्ययनार्थ भेज दिया। पं० बेचरदास जी दोशी जैन आगम साहित्य और प्राकृत विद्या के शीर्षस्थ विद्वान् थे। ऐतिहासिक दृष्टि से आगमों को समझने-समझाने की उनकी अपनी मौलिक दृष्टि तथा पंथ एव दुराग्रहो से दूर रहते हुए सत्यान्वेषण करना उनकी विशेषता थी, जिसका प्रभाव दलसुखभाई पर भी पड़ा। अहमदाबाद में ही दलसुखभाई प्रज्ञाचक्षु पं० सुखलाल जी संघवी के सम्पर्क मे भी आये। १९३२ में पं० बेचरदास जी अपनी राष्ट्रीय भावनाओं के कारण कारागार में डाल दिये गये और दलसुखभाई भी अपना अध्ययन पूर्ण कर वापस जयपुर लौट आये।

१९३२ में ही सेठ श्री दुर्लभ जी झवेरी की प्रेरणा और सहायता से दलसुख भाई और शांतिभाई शांति निकेतन पहुँचे और वहाँ विधुशेखर भट्टाचार्य जैसे आदर्श शिक्षक के पास बौद्धदर्शन और पालि भाषा का अभ्यास किया। शांति निकेतन में इस समय जैन विद्या के महान् तपस्वी, ध्येयनिष्ठ तथा जैन आगम साहित्य एवं प्राकृत भाषा के मर्मज्ञ आचार्य

श्री जिनविजय जी विराजमान थे। जिनसे इन दोनों लोगों ने प्राकृत भाषा और जैन आगमों का गहन अभ्यास किया। शांति निकेतन में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के विश्व वात्सल्य के वातावरण में रहते हुए दलसुख भाई को अपना सर्वांगीण विकास करने का श्रेष्ठतम अवसर मिला, जिसका इन्होंने भरपूर लाभ उठाया। १९३४ ई० में विद्याभ्यास पूर्ण कर श्री दलसुख भाई ने शांतिनिकेतन छोड़ दिया। इस प्रकार इन १४ वर्षों मे—७ वर्ष अनाथाश्रम में तथा ७ वर्ष, बीकानेर, जयपुर, ब्यावर और शांति निकेतन में व्यतीत कर दलसुख भाई अनाथाश्रम के एक विद्यार्थी से एक जैन विद्वान् के रूप में प्रतिष्ठित हुए।

इसी अध्ययन काल के दौरान सन् १९३२ में दलसुखभाई का विवाह २२ वर्ष की अवस्था में सुश्री मथुरा बहन (मथुरा गौरी) के साथ सम्पन्न हुआ। विवाह हो जाने एवं विद्याध्ययन पूर्ण होने पर दलसुखभाई सन् १९३४ में बम्बई में स्थानकवासी जैन कान्फ्रेन्स के मुख-पत्र जैन प्रकाश के साथ सबद्ध हो गये। वहाँ इन्हें ४० रुपया प्रतिमाह वेतन मिलता था और लगभग इतनी ही राशि उन्हें प्राइवेट ट्यूशन से मिल जाती थी। यद्यपि उन्हें आर्थिक दृष्टि से कोई कठिनाई न थी, परन्तु अध्ययनशील दलसुख भाई का मन इन कार्यों में नही लगा और ऐसा कोई अवसर नही मिल रहा था, जिसमे इनकी असीम प्रतिभा का उपयोग हो सके। १९३६ ई० में प्रज्ञाचक्षु प० सुखलाल जी सघवी का बनारस से बम्बई में पधारना हुआ। दलसुख भाई उनसे मिले, और अपने मन की बात कही। पडित जी ने उन्हें वाराणसी आने की सलाह दी, जिसे स्वीकार कर वे तत्काल यहाँ पहुँच गये। यहाँ उन्होंने पडित जी के लिये ग्रन्थ वाचक का कार्य किया और वेतन निर्धारित हुआ ३५ रुपया महीना। ८० रुपये महीने की आय छोड़कर केवल ३५ रुपये महीने की नौकरी सहर्ष स्वीकार करना दलसुख भाई मालवणिया जैसे निःस्पृह, निर्लोभी एवं विद्यारसिक व्यक्ति के लिये ही संभव था।

प० सुखलाल सघवी एक महान् विद्या साधक थे। पूर्वाग्रह, साम्प्रदायिक कट्टरता, अध श्रद्धा आदि से पूर्णतया मुक्त सत्यान्वेषी प्रकृति के विद्वान् थे और इसी प्रकार की विचार-धारा वाले लोगों को पसन्द करते थे। दलसुख भाई उनकी इस प्रकृति के अत्यन्त अनुकूल निकले। योग्य गुरु को योग्य शिष्य की तलाश थी, जो उन्हें अब मिल गया। धीरे-धीरे दलसुख भाई से उनका सम्बन्ध शिष्य से मित्र और अन्त में पिता-पुत्र के रूप में परिणत हो गया।

पंडित सुखलाल जी के पास ग्रन्थ वाचक के रूप में दलसुख भाई को अनेक धर्म ग्रन्थों के पढ़ने का अवसर मिला, इससे उनकी प्रतिभा मे निखार आता गया। इन्होंने पंडित जी के साथ कई जटिल ग्रंथों का संपादन-संशोधन किया तथा स्वतंत्र रूप से ग्रन्थों के सम्पादन का कार्य भी प्रारम्भ किया।

प्रमाण मीमांसा के संशोधन-संपादन हेतु पंडित जी का मुनि कांतिविजय जी और पुण्य विजय जी से परिचय हुआ जिसका लाभ दलसुखभाई को मिला।

१९४४ में पं० सुखलाल जी जब काशी हिन्दू विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए तो दलसुखभाई उनके स्थान पर जैन चेयर पर प्रोफेसर नियुक्त हुए। विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डा० राधाकृष्णन् युवा विद्वान् दलसुख भाई से अत्यन्त प्रभावित थे। दलसुख भाई के पास

देश-विदेश से अनेक विद्वान्-छात्र आते और अपनी जिज्ञासा शान्त करते। इनके विद्वत्ता का लाभ न केवल देश के विद्वान् एवं छात्र लेते बल्कि जापान, बर्मा आदि के विद्वान् भी आते और इनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा करते। जहाँ दलसुख भाई एक ओर इतने उच्चकोटि के विद्वान् थे दूसरी ओर इनको ज्ञान प्राप्त करने की सदैव लालसा बनी रहती, एक छोटे से बालक से भी ज्ञान लेने में इन्हें कोई संकोच न होता।

मुनि श्री पुण्य विजय जी की प्रेरणा और राष्ट्ररत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद के प्रयास से दिल्ली में प्राकृत सोसाइटी की स्थापना हुई। दलसुख भाई इसके मंत्री नियुक्त हुये। १९५२ में इस सोसाइटी द्वारा योग्यतम विद्वानों के सपादकत्व मे अनेक दुर्लभ और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन हुआ। १९५७ में मुनि श्री पुण्यविजय जी की प्रेरणा से अहमदाबाद में श्री कस्तूर भाई लालभाई द्वारा लालभाई दलपत भाई भारतीय सस्कृति विद्यामदिर की स्थापना की गयी। कस्तूर भाई प्राकृत टेक्स्ट सोसाइटी के सदस्यों में से थे और उसी समय से दलसुख भाई की योग्यता से परिचित थे। अत उन्होने दलसुख भाई को अहमदाबाद आने का निमन्त्रण दिया। जिसे स्वीकार कर दलसुख भाई अहमदाबाद गये और वहाँ नवीन संस्थान के निदेशक पद को सुशोभित किया और १९७६ ई० तक सेवा निवृत होने के समय तक इस पद पर बनें रहे।

इनका वैवाहिक जीवन सादा और सुखी था। मथुरा बेन और दलसुखभाई शात-स्वभाव, सरल, एकान्तप्रिय और मृदुभाषी थे। आपस में इतना अच्छा सामञ्जस्य था कि कुछ न कुछ गवेषणा में लगे रहने के कारण ज्यादा बात न करने पर भी वे नाराज नही होती। दुर्भाग्यवश इनको डायबिटीज़ (मधुमेह) की बिमारी लग गई और जनवरी सन् १९६५ में इनका आकस्मिक देहान्त हो गया। श्री दलसुखभाई के सुखी जीवन के ऊपर यह एक प्रकार का वज्रपात था। गौरवशाली, शान्त और स्वस्थ प्रकृति दलसुखभाई ने इस आपत्ति को समभाव पूर्वक सहन किया। परन्तु यह छिपा घाव किसी-किसी प्रसग मे वाणी का रूप ग्रहण कर लेता था। मथुरा बहन के देहावसान के एकाध वर्ष के बाद सन्मतिपीठ आगरा से प्रकाशित दस अपने ग्रन्थ 'आगम युग का जैन दर्शन' को अपनी पत्नी को समर्पित करते हुए किसी करुण रस के कवि की भाँति लिखा—प्रिय पत्नी मथुरा गौरी को, जिन्होने लिया कुछ नही, दिया ही दिया है।

दलसुखभाई के एकमात्र सन्तान भाई रमेश जी हैं। रमेश भाई के पुत्र-पुत्री के बीच ही आप खेलते हैं।

संस्थान के निदेशक के रूप में दलसुख भाई ने न केवल जैन विद्या की अप्रतिम सेवा की है बल्कि संस्थान को उन्नति के ऐसे शिखर पर बैठा दिया कि उसका नाम विश्व भर में फैल गया। यहाँ देश-विदेश के अनेक विद्यार्थी भारतीय दर्शन विशेषकर जैन दर्शन पर उच्चाध्ययन हेतु आने लगे। इस संस्थान का जो भी विकास हुआ है उसका श्रेय केवल दलसुख भाई को ही है।

१९७६ में सेवा निवृत्ति के बाद भी संस्थान के संचालकों ने दलसुख भाई की सेवाओं का उपयोग करना जारी रखा सेवा निवृत्ति के बाद भी संस्थान के संचालकों के अनुरोध पर

धर्मपत्नी श्रीमती मथुराबेन के साथ

गुरु-शिष्य
पं. बेचरदास जी जोशी और पं. दलसुख भाई मालवणिया

गुरु-शिष्य
पं. सुखलाल जी संघवी
और पं. दलसुख भाई मालवणिया

राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह द्वारा सर्टीफिकेट ऑफ आनर प्राप्त करते हुये।

लोकसभाध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ से दिप्तीमल जैन पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

संस्था के सलाहकार के रूप में लगभग १० वर्षों तक कार्य करते रहे। यह उनकी असाधारण विद्वत्ता, संगठन शक्ति का परिणाम है।

१९६६-६७ में दलसुख भाई १६ माह के लिए टोरेन्टो यूनिवर्सिटी, कनाडा मे बौद्ध दर्शन के अध्यापक नियुक्त होकर गये। इसके पश्चात् बर्लिन यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में गये और वहाँ व्याख्यान दिये।

अहमदाबाद में रहते हुए दलसुख भाई अनेक शिक्षण सस्थाओं के साथ सम्बद्ध हुए। गुजरात विश्वविद्यालय, सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, जबलपुर वि० वि०, हैदराबाद वि० वि०, तिरुपति विश्वविद्यालय आदि अनेक शिक्षण सस्थाओं के वे सदस्य रहे हैं।

दलसुख भाई की सफलता मे उनके निर्मल जीवन एव सौम्य व्यक्तित्व का पूरा सहयोग रहा है। उनकी निरभिमानी सरल व सहज स्वभाव तथा सहयोगी वृत्ति के कारण उनके सम्पर्क में आने वाला व्यक्ति चाहे वह छोटा हो या बड़ा, उनका प्रशसक बन जाता है। वस्तुतः पडित जी जैसे बाहर से शुद्ध विचार वाले, सरल स्वभावी, निरभिमानी है वैसे ही आपका हृदय भी विशुद्ध है। उनका किसी से कभी कोई विरोध नही होता और विषम परिस्थति में भी वे सहज और प्रसन्नचित्त रहते है। ऐसे सौम्य सरस्वती पुत्र को वन्दन कर कौन अपने को गौरवान्वित न समझेगा।

कृतित्व

ग्रन्थ

१ जैन दार्शनिक साहित्य के विकास की रूपरेखा — जैन सस्कृति संशोधक मंडल पत्रिका-१ प्रथम आ० १९४६, द्वि० आ० १९५२.

२. भगवान महावीर, प्रकाशक जैन वही, पत्रिका-८, १९४७

३. आगम युग का अनेकान्तवाद, प्रकाशक वही, पत्रिका १३, १९४७.

४. जैन आगम, प्रकाशक वही, पत्रिका १२, १९४७.

५ जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन, प्रकाशन वही, पत्रिका १९४९.

६ आत्म-मीमासा, प्रकाशक वही, १९५३.

७. निशीथ—एक अध्ययन, प्रकाशक सन्मति ज्ञानपीठ आगरा

८. हिन्दू धर्म, प्रकाशक परिचय ट्रस्ट, १९३४

९. जैन धर्म चिन्तन—जगमोहन कोरा स्मारक पुस्तकमाला, अशोक कुमार कान्तिलाल कोरा, बम्बई १९३५

१०. आगम युग का जैनदर्शन—सन्मति ज्ञानपीठ आगरा १९३३

११. प्रभु श्री महावीर स्वामी के जीवन सदेश, सौराष्ट्र यूनिव० राजकोट, १९७२.

१२. प्रज्ञाचक्षु प० सुखलाल जी, गुजराती ग्रन्थकार श्रेणी-7, १९७७.

अनुवादित ग्रन्थ

१३. जैनदर्शन का आदिकाल, (ला०द० भारतीय सस्कृति विद्यामन्दिर अहमदाबाद १९८०.

१४. जैनागम और पालि पिटक भाण्डारकर ओरिएण्टल इन्स्टीच्यूट पूना, १९८३.

१५ Jainism, प्राकृत भारती, जयपुर, १९८६

१६. भगवान महावीरनो अनेकान्तवाद (गुज०), अहमदाबाद १९८९

१७ गणधरवाद (गुजराती) —गुजरात विद्यासभा अहमदाबाद १९५२

१८. स्थानांग-समवायाग—वही, १९५५

१९ गणधरवाद (हिन्दी)—प्राकृत भारती, जयपुर १९८५

लेख (गुजराती)

१. जइणो अ अजइणो अ, (जैन अने जैनेतर)—जैन प्रकाश ४-२-२२

२. सुधाराना राह पर—वही, ४-९-२९

३. थोकडा साहित्य—वही, १९-१०-३१
४, थोकडा शिक्षण—वही, ८-११-३१
५. संयम मार्ग—उत्थान, अप्रैल १९३२
६ तपसी पडे लपसी—वही, एवं जैन प्रकाश, अगस्त १९३२
७ विवादनां कारणो—जैन प्रकाश १५-१-३१, २२-१-३३
८. समय धर्म—उत्थान, दिसम्बर ३३
९. भगवान महावीरनो सघ अने पार्श्वापत्यको—उत्थान, दिसम्बर १९३३
१०. सर्वमान्य श्रावक प्रतिक्रमण—जैन प्रकाश १८-२-३४, २५-२-३४, ४-३-३४, १-३-३४, १८-३-३४
११. आपणे पामर ?—वही, २८-५-३४
१२ धार्मिक पराधीनता—वही, ३-३-३४
१३. नयबादनो प्रारम्भिक इतिहास—वही, २२-७-३४, २९ ७-३४, ५-८-३४, १२-८-३४
१४ प्रायश्चित्तना सरल मार्ग—वही, ९-९-३४
१५. जैन जीवननी कल्पना—वही, २८-१०-३४
१६. दिवाली—वही, ४-११-३४
१७. जन्म अने मृत्यु—वही, ३-३-३५
१८ उगतो प्रजाया धार्मिक सस्कारो शी रीते सचवाय ?—वही, १२-२-३७, २५-२-३७, ४-३-३७
१९ नवविचारको अने दान—महावीर जैन विद्यालय रजत स्मारक १९४०
२०. व्यवहार अने निश्चय—प्रबुद्ध जैन १५-२-४२
२१. निवृत्ति अने प्रवृत्ति—वही, १५-१-४३
२२ धर्मनी कसौटी—वही, १५-८-४३
२३. जैन युनिवर्सिटी : एकस्वप्न—जैन २७-२-४४
२४. व्यावहारिक अनेकात—प्रबुद्ध जैन १५-१०-४४, १-११-४४
२५ उलटी गंगा—जैन १-९-४५
२६ जैनधर्मना बच्च शिक्षणनो प्रश्न—प्रबुद्ध जैन १-४-४६
२७. भगवान महावीर अने गांधीजी—प्रबुद्ध जीवन १-१-४७
२८. चालो करोओ प्रतिक्रमण—प्रबुद्ध जैन १५-१-४७
२९. संन्यासमार्ग—उत्थान, पतन अने परिवर्तन—जैन २९-९-४७
३०. भगवान महावीर—जैन सं० अ० पत्रिका न गुज० अनुवाद

३१. मानवता पावी लाछी—जैन २९-८-४८
३२ आवरणो दूर करी जेता शीखो—प्रबुद्ध जीवन १५-९-४८
३३. सांवत्सरिक प्रतिक्रमण —तरुण जैन, सितम्बर ४८
३४ क्षमाश्रमण गाधीजी—अखण्ड आनन्द, जनवरी ४९
३५ सांस्कृतिक प्रचारनी अवसर —जैन २०-८-४९
३६ भौतिक अने आध्यात्मिक दृष्टिनो समन्वय—शाति, बम्बई १९५०
३७ निवृत्तिना चक्रनुं भेदन—प्रबुद्ध जैन १-९-५१
३८. भारतीय संस्कृतिनी पोकार - प्रबुद्ध जीवन १-१०-५१
३९ बिहारना तीर्थोनी यात्राए—प्रबुद्ध जैन १-१२-५१
४०. शास्त्राज्ञाओनी हेतु - अखड आनन्द, अगस्त ५२
४१. क्षमापर्व —प्रबुद्ध जीवन १-१०-५२
४२ जीवो जीवस्य जीवनम्—प्रबुद्ध जैन १-१-५३
४३. जीवन अने अध्यात्म—प्रबुद्ध जीवन १-३-५३
४४. व्यक्ति अने समाजनो समन्वय—अखण्ड आनन्द नव, ५३
४५. आज ना समाजने भिक्षानिर्भर साधु सस्थानी जरुर छे के नहि ?—प्रबुद्ध जीवन १-२-५४
४६. नवानुं प्राचीनीकरण—वही, १-११-५४ हिन्दी अनुवाद, जैन जगत, जनवरी ५५
४७. एकात पाप अने पुण्य - प्रबुद्ध जीवन १५-६-५५
४८. बालदीक्षा—वही, १-२-५६
४९. अधिकारवाद अने दयादाननु पाप—वही, १५-३-५६
५०. करकण्ड् राजा -सविता शताक, जुलाई ५६
५१. आत्मदीपो भव - जैन प्रकाश १-११-५६
५२. जैनधर्म -प्रबुद्ध जीवन १-१२-५६, १५-१२-५६, १५-३-५७, १-४-५७, १५-४-५७
५३. श्रमण अने ब्राह्मण—प्रबुद्ध जीवन १-१२-५६, १५-१२-५६
५४. जैनधर्म- -वही, १५-३-५७
५५ पं० सुखलाल जी की विचारधारा—वही, १-४-५७, हिन्दी तरुण १-३-५७
५६ सघर्ष वि० समन्वय—जीवन माधुरी, दिसम्बर १९५७
५७ जैनधर्म अने बौद्धधर्म -प्रबुद्ध जीवन १५-५-५८, १-६-५८
५८. जैन साहित्य —जैन युग, नवम्बर, ५८
५९ मैत्री साधना —जीवन माधुरी, दिसम्बर १९५८
६०. जैन आचारना मूल सिद्धान्तो—प्रबुद्ध जीवन १६-७-५९, १-८-५९

६१. समाजनुं प्रतिक्रमण—जैन प्रकाश १५-८-६०

६२. भगवान महावीरनुं कार्य–एक विचारणा—प्रबुद्ध जीवन १३-८-६०

६३. आगमग्रंथोने विच्छेद विषेनी विचारणा जैन २०-१०-६०

६४. दर्शन अने जीवन -प्रबुद्ध जीवन १-४-६१, १६-४-६१

६५. करुणविचार विरुद्ध उपयुक्ततावाद- जैन प्रकाश ८-५-६१

६६ भगवान महावीरनी एक विशेषता – जैन दीपोत्सवो, अंक (२०१८) १९६१

६७. व्यक्ति ने समाजनी पारस्परिक प्रभुता—प्रबुद्ध जीवन १-३-६२

६८. तीर्थ शब्दनो भावार्थ – विश्वविज्ञान २८-१०-६२

६९. कुवलयमालाकथा अने तेना सध्यावर्णनो स्वाध्याय, अंक १-१, अक्टूबर ६३

७०. हिन्दुधर्म अने जैनधर्म – प्रबुद्ध जीवन १६-११-६३, १-१२-६३, १६-१२-६३

७१ भगवान महावीरनो अनेकात अने भगवान बुद्धनो मध्यम मार्ग –जैन २४-४-६४

७२. भगवान महावीरनो जीवन कथानोविकास– जैन ३-९-६४

७३. भगवान बुद्ध अने महावीर—प्रबुद्ध जीवन १-११-६४, १६-११-६४

७४ श्री लोकाशाह अने तेमनो मत—स्वाध्याय २-२, फरवरी ६५

७५. सघभेदना पापना भागी न बनीए—जैन प्रकाश २३-२-६६

७६. तीर्थोनो सघर्ष मिटाववानो साचो मार्ग—प्रबुद्ध जीवन १६-१०-६६

७७ धर्मसमन्वयनो भावना-- चितन पराग १९६६

७८. नवी दुनिया मा -- प्रबुद्ध जीवन ५-३-६८, १६-३-६८, १-४-६८, १-५-६८, १६-५-६८, १-६-६८, १६-६-६८, १-७-६८, १६-१०-६८, ५-१२-६८, १६-२-६९, १-३-६९

७९. अमारिघोषकरनार चीननो बादशाह वु-- प्रबुद्ध जीवन, १६-८-६८

८०. आगमयुगना व्यवहार-निश्चय – महावीर विद्यालय सुवर्ण महोत्सव ग्रन्थ, १९६८

८१. भगवान महावीर अने महात्मा गाँधी – प्रबुद्ध जीवन, १६-४-७०

८२ आपणी साधु सस्था —वही, १-६-७०

८३ जैनधर्म अने भारतीय सस्कृति –स्मृति अने संस्कृति, राजरत्न श्री नानजी कालिदास स्मृति ग्रन्थ २०-११-७१

८४. तत्त्वार्थसूत्रगत ध्यानलक्षणमानाँ 'एकाग्रचितनिरोधा विशे नोंध-विद्या, अगस्त, १९७१

८५. आचार्य तुलसीनी 'अग्निपरीक्षा', प्रबुद्ध जीवन, १-९-७२

८६. आत्माने-धर्म –ईंट अने ईमारत, गुजरात समाचार, ७-९-७२

८७. गुजरात मां संस्कृत-प्राकृत भाषाओनुं अध्ययन-
अध्यापन—गुजरात मा भारतीय भाषाओनो
विकास, गुजरात विद्यापीठ मां सेमिनार— ३-५ मार्च ७३ (अप्रकाशित)

८८. जैनधर्मना आराध्यदेवो—विद्या, Vol xvi No, 3 Aug, 73
८९. विश्व संस्कृत सम्मेलन—प्रबुद्ध जीवन, १९७३
९०. जैनधर्मनो प्राण—वही, १-१०-७३
९१. सरकार अने धार्मिक शिक्षण— जैनप्रकाश, ८ नवम्बर, १९७४
९२. जैनधर्मना केन्द्रवर्ती सिद्धान्तो— अहिंसा, अपरिग्रह अने अनेकांत जनसत्ता, १३-११-७४
९३. जैन महाभारत कथाः साहित्य
जैन महाभारत कथाः आस्वाद
महाभारत सेमिनार, गुजरात युनि० १८-५-७५ (अप्रकाशित)
९४. बौद्धयोगाचार संमत विज्ञानाद्वैत, संगोष्ठि, १-६-७७ नु व्याख्यान (अप्रकाशित)
९५. पेरिसनो प्रवास—ईंट अने इमारत, गुजरात समाचार, २८-७-७७
९६. पेरिसनी संस्कृत परिषद मा—परख, अगस्त १९७७
९७. भगवान महावीरना प्राचीन वर्णको—सप्रसाद., श्री चतुर्भुज पूजरा अभिनन्दन ग्रन्थ १९७७
९८. सदाचारः सामाजिक अने वैयक्तिक— जनकल्याण, सदाचार विशेषाक
९९. जैनधर्म अने शैवधर्म—अप्रकाशित
१०० सन्मति नुं सपादन—परख १९७६
१०१ विद्यानिष्ठ समभाव पं० बेचरदास—प्रबुद्ध जीवन १६-१-८३
१०२ विद्या अने सेवानिष्ठ अमनलाल —प्रबुद्ध जीवन १-१-८२
१०३ अंतरिक्ष तीर्थ, जिन सन्देश ७-१-८२
१०४. संप्रसाद, (संप्रसाद, अगस्त ७८)
१०५ जैन जीवन प्रबुद्ध कुमार—(प्र० जीवन, १-११-७८)
१०६. पूनानी वा संगोष्ठी, भाषा विमर्श जुलाई ७९
१०७. आचार्य तुलसी द्वारा नवो प्रयोगो—प्रबुद्ध जीवन १-१२-८०
१०८. तीर्थंकर ऋषभदेव—धर्मलोक, २४-१-८४
१०९. भगवानमहावीरना गणधरवाद—धर्मलोक, १०-९-८०

निबंध (हिन्दी)

स्त्रियों को उनके अधिकार दो : जैन प्रकाश ४—६—'२९.
जैन संस्कृति का सदेश : विश्ववाणी, सितंबर, '४२.
जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन : प्रेमी अभिनंदन-ग्रंथ, अक्टूबर '४६.

'असंयत जीव का जीना चाहना राग है'	:	श्रमण ४. ३ जनवरी '५३
भौतिकता और अध्यात्म का समन्वय	:	श्रमण ४. ६ अप्रैल '५३
व्यक्तिनिष्ठा का पाप		तरुण १५-५-'५३
मलधारी अभयदेव और हेमचन्द्राचार्य	:	श्रमण ४. १२ अक्टूबर '५३
भगवान महावीर	:	जैन जगत, अप्रैल-मई '५३
सिद्धिविनिश्चय और अकलंक	:	जैन सदेश, श्रमण ५. ४ फरवरी '५४
भ० महावीर के गणधर	:	श्रमण ५. ५ मार्च ५४
उपशमन का आध्यात्मिक पर्व	:	श्रमण ५. ११ सितम्बर ५४
जैन साहित्य के इतिहास की प्रगति	:	श्रमण ६. २ दिसम्बर ५४
भ महावीर का मार्ग	·	श्रमण ६ ६-७ अप्रैल-मई '५५
एकान्त पाप और पुण्य (गुज० से अनुवाद)	:	जैन भारती ५–१०–'५५, श्रमण ६. १२ अक्टूबर '५५
बाल दीक्षा	:	तरुण १–२–'५६
महावीर भूले	·	श्रमण अप्रैल ७, ६ '५६
प्रज्ञाचक्षु पं० सुखलाल जी	:	राष्ट्रभारती ६ १० अक्टूबर '५६
आचार्य मल्लवादी का नयचक्र	.	श्रीमद्राजेन्द्रसूरि स्मारकग्रन्थ '५७
आगम झूठे हैं क्या ?		श्रमण ८ ६ अप्रैल '५७
आचरांगसूत्र	.	श्रमण अक्टूबर '५७ से अगस्त '५८ तक
पार्श्वनाथ विद्याश्रम आदि विद्यासस्थाए	:	प्रज्ञा '५८, श्रमण ११. २ दिसम्बर '५६
श्रमण-ब्राह्मण	.	जैनयुग, अप्रैल, '५६
अकलंक, अनुयोग, अभिसमय, अवधिज्ञान, आजीविक	.	हिन्दी विश्व कोष '६०
दर्शन और जीवन (गुज. से हिन्दी अनु.)	:	विजयानंद, नवम्बर '६१ से फरवरी '६२ तक
आचार्य श्री आत्माराम जी का मार्ग	:	जैन प्रकाश १५–२–६२
संथारा आत्महत्या नहीं है	:	श्रमण, अक्टूबर '६२
लोकाशाह और उनकी विचारधारा	·	गुरुदेव श्री रत्नमुनि स्मृति ग्रंथ '६४
भगवान बुद्ध और भगवान महावीर	:	श्रमण, फरवरी '६५ (गुज० से अनु०) विजयानंद, मार्च '६५
लोकाशाह के मतकी दो पोथियाँ	:	मुनि श्री हजारीमल स्मृति ग्रन्थ '६५
जैनदर्शन का आदिकाल	:	पू० पुष्कर मुनि अभिनन्दन ग्रन्थ

संघभेद के पाप के भागी न बने : जैन प्रकाश २२-४-'६६, (गुज० से अनुवाद)

जैन गुणस्थान और बोधिचर्याभूमि : वाराणसेय सं० विश्वविद्यालय के बौद्धयोग और अन्य भारतीय साधनाओं का समीक्षात्मक अध्ययन–सेमिनार का निबध २१-२-'७१ सबोधि १, २

आचारांग का श्रमणमार्ग . मगध युनि. बोधगया की सगोष्ठी—Contribution of Prakrit and Pali to Indian Culture, 26–2–'71

निर्गन्थ का चातुर्याम धर्म–
'सर्ववारिवारितो' का अर्थ : जर्नल-गंगानाथ झा केन्द्रिय सस्कृत विद्यापीठ जुलाई-अक्टूबर '७१

भगवान महावीर की अहिंसा . उदयपुर युनि० सेमिनार २–६–'७३

भगवान महावीर का मार्ग · जैन सदेश, २७–१२–'७३

भगवान महावीर के प्राचीन वर्णक · मुनिद्वय अभिनदन ग्रथ '७३

भगवान महावीर–समताधर्म के प्ररूपक श्रमण, नवम्बर-दिसम्बर '७४. भगवान महावीर स्मृति ग्रन्थ लखनउ ३–११–'७५

भगवान महावीर का धर्म–सामायिक : 'वीर परिनिर्वाण' १. १० मार्च '७५

निश्चय और व्यवहार-पुण्य और पाप : गुज० से अनु० श्रमण, अगस्त, '७४

भगवान महावीर की अहिंसा : Seminar on–"Contribution of Jainism to Indian Culture", Ed. Dr. R. C. Dwivedi; Motilal Banarsidass, Delhi,75

सत्तरहवी सदी के स्थानकवासी जैन कवि, . अभिनदन ग्रथ १९८६

जैन पत्र-पत्रिकायें : तीर्थंकर जुलाई ७८,

पू० सहजानन्द द्वारा दी गई अनुपमदार्शनिक
विद्या की विरासत, · सहजानन्द, अक्टूबर १९८८

जैनधर्म : भारत सर० द्वारा प्रकाशित विश्व के धर्म मे १९८८

ENGLISH

Lord Mahāvīra's Anudhārmika Conduct—जैनयुग, मार्च-अप्रैल, ६०

Some of the Common features in the life-stories of the Buddha and Mahāvīra. —Proceedings of AIOC, Gauhati 1965 :

—Study of Jainism in Indian Universities.

Seminar on the Study of Religion in Indian Universities.

—Bengalore 4-9-67, हिन्दी-जैन संदेश १६-११-'६७; गुज० जैन०

Dharmakīrti—His Life and Works

—For Govt. of India, 1968 (अप्रकाशित)

Prajñāpanā And Ṣaṭkhaṇḍāgama—J. O. I. Baroda, Vol. 19, 1969.

Jaina Theory and Practice of Non-violence, 'संबोधि' २. १.

—Written for Seminar on Non-violence, Delhi University, 11-10-'69.

Study of Titthogālia—भारतीय पुरातत्त्व-मुनि जिनविजय अभिनन्दन ग्रन्थ, '७१

Though an ethical system, Jainism is a religion—Punjabi Uni. Patiala, seminar on 'Approaches to the Study of religion Jan '71 (अप्रकाशित)

Jaina Catagories in Sūtrakṛtānga–Bom. Uni. Seminar on Prakrit Studies, Bombay, 27 to 30 Oct., '71.

Epithets of Lord Mahavira in Early Jaina Canons, Proce. AIOC—Ujjain, 1972, संबोधि १. ४.

Sources of Pancāstikāya in jaina Canon,—Seminar on Life and Works of Kundakundācārya, Mysore Uni 3-10-'77 (अप्रकाशित).

Tīrthankara Mahāvīra—J. O I Baroda, Vol 24 p. 11, 1974.

Nothing is dead in Indian Philosophy Seminar on 'What is living and what is dead in Indian Philosophy,'—Andhra Uni. 6-10-'75 (अप्रकाशित)

Jaina Concept of Deity—Aspects of Jaina Art, '77.

A Note on Lord Mahavira's Clan—Pro Prakrit Seminar, Gujarat University, L. D S. 1978.

Story of Bharata and Bāhubali-Sambodhi 6. 3-4, '77-'78.
(Read at the International Sanskrit Canference at Paris, 77).

Kahāvali, (Strassbarg में जैनागम गोष्ठी June 1891 The word Puja and its meaning —Prof. C. Caillat Felicitation Volume 1988

प्रस्तावना

प्रस्तावना—'जैन धर्मनो प्राण' नी प्रस्तावना १९६२।
प्रस्तावना—'जैन' वर्ष ६१ अक : ३३-३४, ता० २७-८-६२
प्रस्तावना—महेन्द्रकुमारसंपादित षड्दर्शनसमुच्चय, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली

प्रस्तावना—जैन साहित्य का बृहद् इतिहास १९६६

प्रस्तावना—प्रमाणमीमांसा (हिन्दी अनुवाद)

प्रस्तावना—दशवैकालिकचूर्णि –सं० मुनिश्री पुण्यविजयजी, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, १९७३

प्रस्तावना—भ० महावीर-एक अनुशीलन (मूल्याकन) १९७४

ग्रन्थावलोकन

१ ज्ञानोदय समालोचना, श्रमण १-५, मार्च ५०

२ कल्याण—हिन्दू संस्कृति अंक समालोचना, श्रमण १-८, जून ५०

३ जैन दृष्टिए योग (मो० गि० कापडिया) समालोचना, श्रमण ५-१० अगस्त ५४

४ महावीर वाणी--समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १५-५-५५

५ महावीर का अन्तस्तल (सत्यभक्त)--समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १५-८-५५

६ योगशतक सं० इन्द्रकला झवेरी - समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १-८-५५

७ निर्ग्रंथ भगवान महावीर (जयभिक्खु)—समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १-९-५६

८ आचार्य श्री विजय वल्लभसूरि स्मारक ग्रन्थ— समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १-९-५६

९ श्री मोरारजी भाई देसाई (अंबेलाल जोशी) समालोचना, प्रबुद्ध जीवन, १-७-६०

१० भारतनो लोकधर्म (डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल) समालोचना, ग्रन्थ, जून ६५

11. Padmananda-Pancavimsati (Review) -J. O. I. Baroda Vol.12, P 461, 1963

12 Atmanusasana (Review)—J O I. Vol. 12, P. 460, 1963

13. Pras'astapadabhasya (Review) –J. O. I. Baroda, Vol. 15, P 108, 1965.

१४ विनोबानुं अध्यात्मदर्शन– विनोबाकृत 'अध्यात्मदर्शन' नुं अवलोकन ग्रन्थ दि० १९६५

15. Critique of Indian Realism (Review)– Journal of B. O. I Baroda. Vol 16, P. 389, June 1967

16. Society at the time of Buddha (Review)– J. O. I. Baroda Vol. 18, P. 265 1969

१७. न्याय अने वैशेषिक दर्शनोनी समीक्षा—डॉ० नगीन साहना न्याय-वैशेषिक ग्रंथनी समालोचना, ग्रंथ, अक्टूबर, १९७४

१८ सांप्रदायिकता से ऊपर उठो–लेखक पं० उदय जैन—श्री जैन शिक्षण संघ, कानोड १९७६

१९. स्वाध्याय–ये मथाणे गंथोनां अवलोकनो—संबोधि ४, ३-४, १९७५-'७६, ५–१ अप्रैल ७६ ६–१-२-१९७७, ७–३-४ १९७७-७८

२०. "आयारो" की समालोचना, संबोधि ३-४-१९७७-७८

विद्वान व्यक्तिओ विषे नोंध (विद्वान व्यक्तियों के विषय में नोट)

१. अहिंसानो विजय (गांधीजी विशे मृत्युनोंध)—प्रबुद्ध जीवन, १५-२-४८
२ अहिंसा का विजय – तरुण जैन, फरवरी ४८ (मूल प्रबुद्ध जीवनमां)
३. स्वर्गीय मोहनलाल झवेरी – श्रमण २ १, नवम्बर ५०
४. जगम आगम संशोधन मंदिर – श्रमण २ ४, फरवरी ५१
५. मुझे शीघ्र भूल जाना (बर्नार्ड शा)—तरुण, फरवरी–मार्च ५१
६. विद्यामूर्ति पं० सुखलालजी – कुमार, १९५१
७ अभिनन्दन (डॉ० टाटिया)- श्रमण २ ७ मई ५१
८. विद्यामूर्ति प० सुखलालजी तरुण, मार्च ५२
९ अमर यशोविजयजी -- यशोविजय स्मृति ग्रन्थ १९५७
१०. आगम प्रकाशन और आचार्य तुलसी—श्रमण १० ५, मार्च ५९
11 Dr. Mahendrakumar Shastri—(Obituary) J. O I. Baroda, Vol. 8, P. 449, June 1959
१२. शा का संदेश–मुझे भूल जाओ—श्रमण, मई-जून ५९
१३. साहित्य तपस्वी स्व० प्रेमीजी प्रबुद्ध जीवन, १६-२-६०
१४. स्व० भैरोदानजी सेठिया– प्रबुद्ध जीवन, १-१०-६१
हिन्दी अनु० जैन प्रकाश, १४-१०-६१
१५. अनगारिक धर्मपाल - प्रबुद्ध जीवन, १-११-६५
१६. डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल – धर्म सदेश, १८ ८-६६
१७. मानवता पोषक जयभिक्खु - -श्री जयभिक्खु षष्टिपूर्ति स्मरणिका १९६८
१८ ज्ञान तपस्वी मुनि श्री पुण्यविजयजी - ज्ञानांजलि १९६९
१९ स्व० श्री बालाभाई वीरचंद देसाई (जय भिक्खु) प्रबुद्ध जीवन १-१-७०
२०. श्री परमानंदभाई विषे शु कहेवु – प्रबुद्ध जीवन १६-५-७१
२१ विद्यानिष्ठ सौजन्यमूर्ति डा० हीरालाल जैन— 'जैनजगत' मई ७१ (परिचय)
२२. आगमप्रभाकर स्व० मुनिश्री पुण्यविजयजी -प्रबुद्ध जीवन, १-७ ७१
आत्मानंद प्रकाश, मुनिश्री पुण्यविजयजी श्रद्धांजलि विशेषांक, १९७४
२३. विद्यानिष्ठ डॉ० शाह— दृष्टि १०-१-७२
24. Āgamaprabhakara Muni Punyavijayji—J. V. V. R. I. Vol. X 1972
२५ जूना-नवाना सेतु (श्री चीमनभाई शाह) - श्री चीमनलाल चकुभाई शाह सम्मान समारभ, स्मरणिका २१-३-७२

२६. विद्यानिष्ठ श्री करुणाशंकर मास्टर—मधुपर्क १९७३
२७ विद्यानिष्ठ सौजन्यमूर्ति डा० हीरालाल जैन, प्रबुद्ध जीवन, १-४-७३
२८ डॉ० हीरालालको यथार्थ श्रद्धांजलि—'सन्मति' अक्तूबर-नवम्बर, ७२
२९ सत्यनिष्ठ डॉ० हीरालाल जी,
Vaishali Institute Research Bulletin No 2, Dr Hiralal Jaina Memorial Number 2, 1974.
३० तेरापथने नवी दिशा देनार आचार्य तुलसी—जनसत्ता, २३-१२-७५
३१. आचार्य मुनि जिनविजयजी—ग्रंथ, जून १९७६
३२ विद्यानिष्ठ राष्ट्रभक्त आचार्य जिनविजयजी—प्रबुद्ध जीवन, १६-६-७६
३३. विद्याव्यासगी श्री नाहटाजी—अगरचन्द नाहटा अभिनंदन ग्रन्थ, बीकानेर, ७६
३४. कवि नही पण सत शिष्य—कविवर्य श्री नानचदजी जन्म शताब्दि स्मृति ग्रथ, १९७७

संपादन

1. Sanmati-Tarka (Eng edition)—Jaina Svetambar Education Board, Bombay, 1939
२. न्यायावतारवार्तिकवृत्ति—सिंघी जैन ग्रन्थमाला, नं० २०, बबई, ४९
३. धर्मोत्तर प्रदीप- के० पी० जायसवाल रिसर्च इन्स्टीच्यूट, पटना, १९५५, १९७१
४. प्रमाण वार्तिक —बनारस युनि० १९५९
५. श्री लोकाशाहनी एक कृति-(लुंकाना सद्दहिया अट्ठावन बोल) स्वाध्याय २ १, नवम्बर ६४
६. रत्नाकरावतारिका १-२—ला० द० सिरीज, १९६५-६८
७. विशेषावश्यकभाष्य १-२, १९६६-६८
8. Dictionary of Prakrit Proper Names, Vol. 1-2, 1970-72.
९. भगवान महावीर-आचार्य श्री तुलसी, अहमदाबाद १९७४

सहसंपादन

१ प्रमाणमीमासा—१९३९ प० सुखलालजी के साथ
ज्ञानबिन्दु-१९४० ,,
तर्कभाषा—१९३९ ,,
२. तत्त्वार्थसूत्र (हिन्दी)—१९३९

३. पत्रिका सपादन–मई-जुलाई ५२

श्रमण
संबोधि
Journal of Indian Philosophy
(Member Board of Consulting Editors.)

४. दर्शन अने चिंतन–१-२, १९५७
दर्शन और चिंतन–५७

५. श्री राजेन्द्रसूरि स्मारक ग्रन्थ–५८

६. पाइयसद्दमहण्णवो (द्वितीय आवृत्ति)-डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल के साथ

७. गुरुदेव श्री रत्नमुनि स्मृति ग्रथ-१९६४

८ मुनि श्री हजारीमल स्मृतिग्रन्थ–६५

९. जैन साहित्यका बृहद् इतिहास भा०–१ २, ६२-७३

१०. जैन धर्मनो प्राण- -प० सुखलाल जी १९६२

११. नदी—अनुयोगद्वार सूत्र, ६८

१२. श्री महावीर जैन विद्यालय सुवर्ण महोत्सव ग्रन्थ, १९६८

१३. प्रज्ञापनासूत्र भाग १, १९६९
,, भाग २, १९७१

१४. मुनिश्री पुण्यविजयजी श्रद्धाजलि विशेषाक-- आत्मानन्द प्रकाश, १९७४

१५ आचार्य श्री आनन्द ऋषि अभिनदन ग्रन्थ, १९७५

१६ पूज्य गुरुदेव कविवर्य प० नानचद्रजी महाराज जन्मशताब्दि स्मृति ग्रथ (२०३३), १९७७

१७. सस्कृत-प्राकृत जैन व्याकरण और कोशकी परपरा—महामनस्वी आ० कालूगणि स्मृति ग्रन्थ, छापर १९७७

व्याख्यान

१. जैनधर्म मां विश्वधर्म अने एवा तत्त्वो छे खरा ?—पर्युषण पर्वनी व्याख्यानमाला १९३७

२ जैन अध्ययन की प्रगति ALOC, Delhi प्राकृत और जैन विभाग के अध्यक्ष पद से व्याख्यान, २८-१२-५७
—जैन स० सं० मडल पत्रिका ३३ ५८
Pre. A. I. O. C. Delhi १९५७, श्रमण, मार्च ५८

३. धर्मनी बे जूनी व्याख्या (प्रार्थना समाजमां २१-२-६०)—प्रगट प्रबुद्ध जीवन, १६-७-६०

४. अनेकातवाद पयुर्षणा व्याख्यानमालाना मुंबई, १९६२— प्रगट प्रबुद्ध जीवन १-३-६३

५ भारतीय संस्कृति मां गुजरातनुं स्थान—(लायन्स क्लब मां व्याख्यान ४-६-६३) प्रगट प्रबुद्ध जीवन

६ नयचक्र—आत्मानंद प्रकाश मणि महोत्सव विशेषाक, १९६७

७. जैन धर्म और सस्कृत भाषा के अध्ययन की स्थिति (जैन सन्देश ११, १९६७) बगलोर में मूल अग्रेजी मे दिये व्याख्यान का हिन्दी गुजराती जैन, ३०-५-६९

8 Development of Jaina Philosophy
Seminar for Indische
Philogie, Freie University at,
Berlin. 12-5-69 (अप्रकाशित)

९ कर्मसिद्धान्त —(पर्युषण व्याख्यानमाला ९-९-६९) प्रगट प्रबुद्ध जीवन १-४-७०

10 Life of Lord Mahavira,
Bom Uni Seminar on Prakrit Studies 27-30, Oct. 1971

11. Prohibition and Indian Culture
This was a lecture at All India Prohibition worker's Training Camp, Ahmedabad on 6-2-71 to 12-2-71.
सबोधि २-२

१२ भ० महावीरनो जीवन सदेश --पर्युषण व्याख्यानमाला, मु बई, १९७२, प्रगट प्रबुद्ध जीवन १६-१०-७२

१३ भारतीय सस्कृतिमा जैन-बौद्ध धर्मनु प्रदान —(गुजरात विद्यापीठमा व्याख्यान) विद्यापीठ जुलाई-अगस्त १९७२

१४. जैन दर्शन अने जीवन साधना (पर्युषण व्याख्यानमाला १९७३)—प्रगट : प्रबुद्ध जीवन, १६-१०-७३, १-११-७३

१५ शून्यवाद अने स्याद्वाद (दर्शन परिषदनु उद्घाटन व्याख्यान, अहमदाबाद, २७-१२-७३ —आचार्य प्रवर आनंद ऋषि अभिनदन ग्रथ १९७५

१६. आराधना (वलसाडमा चुनीलाल वोरा आराधना हालनु उद्घाटन व्याख्यान)—प्रगट : प्रबुद्धजीवन १-८-७४

१७. सस्कृत अध्ययन (सस्कृत दिननी उजवणी निमित्ते भाषा भवन) - गु० युनि० मा व्याख्यान ता० ५-९-७४, अप्रकाशित

१८. जैनोनी इतिहास दृष्टि—गु० युनि० इतिहास विभागमा, ता० १३-२-७४ नु व्याख्यान (अप्रकाशित)

१९. भारतीय सस्कृति —युनि० व्याख्यान लोकभारती, सौराष्ट्र युनि० १९७५ (अप्रकाशित)

२०. भ० महावीरका उपदेश और आधुनिक समाज, 'आजके सन्दर्भमें भ० महावीरके विचारों की सगति'—सगोष्ठीमे, उदयपुर उद्घाटन व्याख्यान २-१०-७६ (अप्रकाशित)

२१ गुजराती साहित्य परिषद, १९७६ ना पोरबदरना अधिवेशन

संशोधन विभागना प्रमुखनुं व्याख्यान

२२. जैन साहित्य समारोह–तत्त्वज्ञान विभागना प्रमुखनुं व्याख्यान– महावीर जैन विद्यालय हीरक महोत्सव प्रसंगे, २२-२३ जनवरी १९७७
प्र० महावीर जैन विद्यालय ६२ मो वार्षिक रिपोर्ट, ७६-७७

२३. शून्यवाद संगोष्ठी व्याख्यान, सबोधि, जनवरी ७७

२४. बौद्धसम्मत विज्ञानाद्वैत –संगोष्ठी में ता० ४-५-७७ (अप्रकाशित)

२५ जैनागम साहित्य –जैनदर्शनका उद्भव और विकास, डॉ० ए० एन० उपाध्ये स्मारक व्याख्यानमाला, शिवाजी युनि०, कोल्हापुर ता० ७, ८-१०-७७ (अप्रकाशित)

२६ डॉ० ए० एन० उपाध्ये चित्रना अनावरण प्रसगे राजाराम कालेज, कोल्हापुर, ता० ८-१०-७७ (मौखिक)

२७ हिन्दू, जैन-बौद्ध धर्मनु तत्त्वज्ञान—बोटादकर कालेज, बोटादमा युनि० व्याख्यान २५-१-७८ (अप्रकाशित)

२८. जैनधर्मनु प्राचीन स्वरूप– पाटणनी आर्टस अने सायन्स कालेज मा युनिवर्सिटी व्याख्यान ३-२-१९७८ (अप्रकाशित)

२९. संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय विजटिंग प्रोफेसर तरीकेना व्याख्यानो

(१) जैनधर्मका उद्भव	१३-२-७८	
(२) जैनधर्म और बौद्धधर्म	१७-२-७८	
(३) जैनागम साहित्य	१८-२-७८	
(४) जैनदर्शनका प्रारंभ	२०-२-७८	
(५) जैनदर्शनका विकास	२१-२-७८	
(६) जैन-आचार	२५-२-७८	
(७) जैन-साहित्य	२६-२-७८	(मौखिक)

आकाशवाणी वार्तालाप

१. वेदोमां जीविका, उद्योग अने ज्ञान विज्ञान—५ नवम्बर ६५ (अप्रकाशित)

२. आदिपुराण—१-९-६६ (अप्रकाशित)

३. तिबेए अने भारतीय सस्कृत—२१-९-६९ (अप्रकाशित)

४. रणमा एक रात रंग रग वादलिया—७-३-७१

५. भगवान महावीर अने अहिंसा— ३-४-७४ (अप्रकाशित)

६ स्याद्वाद—१९-९-७४ (अप्रकाशित)

७. जैन स्थापत्य–कलातत्त्वनी दृष्टि में—(अप्रकाशित)

८. भगवान महावीरनो गणधरवाद—२३-४-७५ (अप्रकाशित)

९. विसर्जन-अमृतधारा—आकाशवाणी १०-४-७५
गुरु-अमृतधारा—आकाशवाणी ११-४-७५
ईश्वर परमात्मा-अमृतधारा—आकाशवाणी १२-४-७५ (अप्रकाशित)

10. Jainism—Its place in Indian Thought.
आकाशवाणी, मुंबई ११-७-७५ (अप्रकाशित)

११ जैनधर्म का भारतीय विचारधारा पर प्रभाव—'सुधाबिंदु', नवम्बर '७५

१२. न्यायसपन्न वैभव—अमृतधारा २५-२-७६ (अप्रकाशित)

१३. भारतीय संस्कृतिनो स्रोत—अनेकतामां एकता ४-११-७७ (अप्रकाशित)

●

सौजन्यमूर्ति पं० मालवणिया का बहुमान

डा० ईश्वर लाल वेद
अनुवादक— **डा० रविशंकर मिश्र**

गुजरात के लोगों की सस्कृत मे रुचि है ? गुजरात में संस्कृत का कोई विद्वान् हो सकता है ? संस्कृत के ज्ञान की वृद्धि अधिकांशतः उत्तर भारत मे, थोडी बगाल मे, थोडी महाराष्ट्र और दक्षिण भारत मे हुई, परन्तु इस विषय मे गुजरात का नाम भी ले लेते है, 'गूर्जराणां मुखे भ्रष्टः, शिवोऽपि शवामगत' -गुजरात के लोगो का मुख भ्रष्ट है, वे लोग शिव को शव बना डालते है ऐसा आक्षेप प्राचीन काल मे गुजरात के लोगों पर था, गुजरात के ब्राह्मण भी संस्कृतज्ञ बहुत कम समझे जाते थे, इसलिए वे उत्तर भारत के ब्राह्मणो की अपेक्षा बहुत निम्न माने जाते थे, उत्तर भारत के इन ब्राह्मणो में से कुछ ब्राह्मणो को यहाँ गुजरात मे आने के लिए सोल्की राजाओ ने तैयार किया और इस प्रकार उत्तर भारत के जो ब्राह्मण गुजरात में आये, वे औदीच्य ब्राह्मण कहलाये, उत्तर भारत के ये ब्राह्मण पहले तो आने को तैयार नही थे, परन्तु सोलकी राजाओ ने इस विषय मे युक्ति से काम लिया, इन्होने इन ब्राह्मण गुरुओं की पत्नियों को स्वर्णदान दिया तथा गुजरात मे उन्हे भूमिदान देने को भी कहा। इस प्रकार इन ब्राह्मण-पत्नियो के आग्रह पर उत्तर भारत के ये ब्राह्मण गुजरात आये, आचार्य हेमचन्द्र ने 'सिद्ध हैम" नामक सस्कृत व्याकरण रचा। कलिकाल सर्वज्ञ इन्होने उस काल के समग्र ज्ञान के निष्कर्ष रूप सस्कृत मे अन्य भी अनेक ग्रथ लिखे, जिससे काश्मीर व अवन्ती ने गुजरात की सस्कृत विषयक विद्वत्ता को थोड़ा बहुत स्वीकार किया।

अर्वाचीन समय मे मणिलाल नभुभाई सस्कृत, वेदान्त और योग के एक प्रखर विद्वान् गिने जाते थे, स्वामी विवेकानन्द इनसे मिलने गुजरात मे आये थे। जिस धर्मपरिषद् मे स्वामी विवेकानन्द अमरीका गये थे, उसमे जाने के लिए इन्हे निमन्त्रण मिला था, परन्तु सयोगवशात् (अनारोग्य और द्रव्य दुर्लभता के कारण) ये वहाँ नही जा सके। 'लाइट आफ् एशिया' नामक भगवान बुद्ध विषयक इस अग्रजी महाकाव्य के सर्जक एडविन आर्नाल्ड स्वय इनके पास भारतीय धर्म परम्परा के विषय मे जानकारी प्राप्त करने हेतु आये थे और नभुभाई ने उन्हे अपने यहाँ पाटल पर बिठाकर खिलाया था। मणिलाल नभुभाई के पश्चात् आनन्दशकर ने गुजरात के सस्कृत विषयक विद्वत्ता के गौरव को अक्षुण्ण रखा, उनको काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का कुलपति चुना गया। आजकल कुलपति पद हेतु विद्वत्ता बाधक नही होती है, कुलपति को सूक्ष्म यन्त्र से अच्छी तरह जाच-परख लिया जाता है, जिससे अमुक मर्यादा से कम विद्वत्ता न हो इसकी पूरी जानकारी की जा सके। आनन्दशकर ने गुजरात की सस्कृत विद्वत्ता का नाम रोशन किया, इनके कुलपति के रूप मे चुनाव हेतु गांधी जी ने प० मालवीय जी से पेशकश कर थोड़ा सा भाग लिया था। अपने उत्तराधिकारी के रूप मे आचार्य आनन्दशकर ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय हेतु डा० राधाकृष्णन् की पेशकश की थी। आचार्य आनन्द-

शंकर के पश्चात् काशी हिन्दू विश्वविद्यालय मे प० सुखलाल जी ने संस्कृत तथा दर्शन के प्रखर पण्डित के रूप में अपनी विद्वत्ता की परम्परा जारी रखी। प० सुखलाल जी के पश्चात् उनके पट्टशिष्य सभापंडित श्री दलसुखभाइ मालवणिया ने संस्कृत-प्राकृत के ज्ञान की ज्योति जलाये रखी। इतने वर्ष बीतने के बाद अब भारत सरकार को उनका सम्मान करने को सूझा है, यह बहुत देर बाद सूझा है, फिर भी आनन्ददायक तो है ही, गुजरात का यह गौरव है कि सस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित के रूप मे भारत सरकार ने इनको पुरस्कार प्रदान किया है। इस पुरस्कार में ताम्रपत्र के साथ पाँच हजार रुपये वार्षिक पेन्शन समाविष्ट है। पेन्शन तो ठीक ही है, परन्तु सबसे अधिक गौरव का विषय यह है कि सस्कृत ज्ञान के नक्शे में अब गुजरात का नाम भी अंकित हो गया है. श्री दलसुखभाई मालवणिया इस अभिनन्दन तथा अभिवन्दन के सच्चे अधिकारी है। वर्तमान मे जहाँ सस्कृत के ज्ञान की महिमा निरन्तर क्षीण होती जा रही है, वहाँ संस्कृत के ज्ञान की उस परम्परा को जीवित रखने मे उनका विशेष महत्त्व रहा है।

सौराष्ट्र के एक अनाथाश्रम मे पला यह बालक अहमदाबाद के एल० डी० इन्स्टीट्यूट ऑफ् इण्डोलोजी के निदेशक के पद पर पहुँच सका है इस हेतु वे अपनी विद्या-साधना और पुरुषार्थ के आभारी है। श्री दलसुखभाई का मूल निवास-स्थान सौराष्ट्र के सुरेन्द्रनगर जिले में आने वाला सायला नामक गाँव है। इनके पूर्व वशज मालवण मे रहते थे, इसी कारण ये मालवणिया कहलाये। ये जाति मे भावसार तथा धर्म मे स्थानकवासी जैन है। सन् १९१० में इन्होंने जन्म ग्रहण किया, ये दस वर्ष की अवस्था के ही थे कि इनके पिताश्री डाह्याभाई का स्वर्गवास हो गया। सुरेन्द्रनगर के अनाथाश्रम में रहते हुए इन्होने अग्रेजी की ५वी कक्षा तक अध्ययन किया। श्री स्थानकवासी जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेन्स ने इनको जैन ट्रेनिग कालेज में अध्ययन हेतु बीकानेर भेजा। इन्होने अहमदाबाद मे पण्डित बेचरदास जी के पास आगम-ग्रन्थो का अध्ययन किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर के शान्ति निकेतन मे इन्होने पालि भाषा और बौद्ध धर्म-शास्त्र का अध्ययन किया। कुछ समय तक इन्होंने बम्बई के 'जैन प्रकाश' के कार्यालय में कार्य किया। सन् १९३४ में पण्डित सुखलाल जी से इनका परिचय हुआ। पण्डित सुखलाल जी के वाचक के रूप मे बनारस में रहते हुए ये पण्डित जी के शिष्य बने और जब सन् १९४४ में पण्डित सुखलाल जी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सेवा-निवृत्त हुये, तब उनके स्थान पर ये जैन चेयर के प्रोफेसर बने। बाद में श्री कस्तूरभाई लालभाई के प्रयासों से स्थापित एल० डी० इन्स्टीट्यूट ऑफ् इण्डोलोजी, अहमदाबाद के निदेशक के रूप मे नियुक्त हुए। सन् १९७६ तक सत्रह वर्ष इन्होने इस संस्था में निदेशक के रूप मे कार्य किया, यह विद्यामन्दिर श्री कस्तूरभाई लालभाई के आर्थिक पुरुषार्थ तथा दूरदर्शिता के कारण ही बन सका परन्तु सच्चे अर्थ में विद्यामन्दिर, श्री दलसुखभाई के कारण ही बन सका। सन् १९७६ में इस संस्था के निदेशक पद से सेवा-निवृत्त हुए, फिर भी उस संस्था के सलाहकार एवं मानद प्राध्यापक के रूप में इस संस्था को इनकी सेवाओं का लाभ मिलता रहा है। उसी मध्य सन् १९६८ में ये कनाडा के टोरेण्टो विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन और विशेषकर बौद्ध दर्शन के अध्यापन हेतु डेढ वर्ष के लिए गये थे।

जैन दर्शन और संस्कृत-प्राकृत ग्रन्थों का उनका अभ्यास गहन एवं तलस्पर्शी है, इनकी रुचि विशेष रूप से दार्शनिक साहित्य की ओर रही है। जैन दर्शन, जैन आगम, भगवान्

महावीर, हिन्दू धर्म आदि विषयों पर इनके दर्जनों गुजराती/हिन्दी ग्रंथ इनके दार्शनिक साहित्य के परिशीलन के निष्कर्ष रूप है। जैन धर्म, दर्शन तथा हिन्दू धर्म से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर अलग-अलग समय में इन्होंने सौ से भी अधिक निबन्ध लिखे हैं, इनके हिन्दी और अंग्रेजी में दर्शनशास्त्र विषय से सम्बन्धित निबन्ध विशेष रूप से प्रसिद्ध हुए हैं। पेरिस और बर्लिन में आयोजित गोष्ठियों में इन्होंने भारतीय तत्त्वज्ञान से सम्बन्धित विषयों पर अंग्रेजी में व्याख्यान दिये है। इतने प्रकाण्ड पण्डित होते हुए भी उनके सौम्य व्यक्तित्व में उनकी सरलता, निराभिमानवृत्ति तथा सहृदयता सहजतया प्रकाशित हो रही हैं। इनका पाण्डित्य इनके सौजन्य से सुशोभित हो रहा है और इनका सौजन्य इनके पाण्डित्य से सुशोभित हो रहा है।

●

('प्रबुद्ध जीवन' से साभार अनूदित)

आचारांग एवं कल्पसूत्र में वर्णित महावीर चरित्रों का विश्लेषण एवं उनकी पूर्वापरता का प्रश्न

के० आर० चन्द्र

भगवान् महावीर की साधना का वर्णन आचारांग के प्रथम श्रुतस्कंध के 'उवहाण' सुत्त में प्राप्त होता है; परन्तु वहाँ पर उनके जीवन के बारे मे कोई विशेष सामग्री उपलब्ध नहीं है। उनके जीवन-चरित्र का वर्णन आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कंध के 'भावना' नामक अध्याय में और कल्पसूत्र (पर्युषणा-कल्प) मे आता है। परम्परा के अनुसार भद्रबाहु ने कल्पसूत्र की रचना की थी। सम्भवतः कल्पसूत्र में भगवान् महावीर के चरित्र को सर्वप्रथम व्यवस्थित रूप देने का प्रयत्न किया गया है। कल्पसूत्र मे महावीर-चरित्र विस्तारपूर्वक मिलता है जबकि आचारांग में वह संक्षिप्त रूप में मिलता है। यद्यपि दोनों मे समय-समय पर नवीन सामग्री जुड़ती रही है यह उनके अध्ययन से स्पष्ट हो जाता है। कल्पसूत्र की कुछ विस्तृत बातें आचारांग मे संक्षिप्त रूप में ली गयी हैं इससे यह भी प्रतीत होता है कि आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध मे वर्णित महावीर-चरित्र का आधार कल्पसूत्र रहा है। कल्पसूत्र के महावीर-चरित्र को प्रामाणिक बनाने के लिए उसे आचारांग में जोड़ा गया होगा क्योंकि जो बातें अगों मे नही हों वे प्रामाणिक कैसे हो सकती है। यह सब होते हुए भी दोनों ग्रन्थों मे महावीर-चरित्र मूल रूप मे नहीं रह सका। उसमें समय-समय पर वृद्धि होती रही है। कुछ प्रसंग आचारांग में ही मिलते हैं तो कुछ कल्पसूत्र में ही मिलते है। दोनों मे समान रूप से उपलब्ध महावीर-चरित्र की भाषाओं में भी कोई ऐसा तथ्य प्राप्त नहीं होता जिनसे उनकी प्राचीनता एव अर्वाचीनता ज्ञात हो सके और उन्हें एक दूसरे के बाद का कहा जा सके। फिर भी कुछ प्रसंग ऐसे अवश्य है जिनसे प्रमाणित होता है कि आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के चरित्र वर्णन मे कुछ प्राचीन तथ्य सुरक्षित रहे है। इसका कारण यह हो सकता है कि कल्पसूत्र का पठन-पाठन बहुत होता रहा है और उसकी प्रतियाँ भी उत्तरोत्तर बहुत लिखी जाती रही हैं अतः उसमें समय समय पर परिवर्तन आना सहज था जबकि आचारांग के साथ ऐसा नही बन सका।

१. (क) महावीर-चरित्र

आचारांग द्वितीय श्रुतस्कंध के अध्ययन १५ एवं कल्पसूत्र मे जो सामग्री समान रूप से मिलती है उसका विवरण—

(१) महावीर के जीवन के पाँच प्रसंगो (च्यवन, गर्भापहरण, जन्म, दीक्षा एवं केवल ज्ञान) का हस्तोत्तरा नक्षत्र मे होने का उल्लेख और स्वाति नक्षत्र मे निर्वाण (आचा० सू० ७३३, कल्पसूत्र १)

(२) आषाढ शुक्ल षष्ठी को देवलोक से देवानंदा के गर्भ मे अवतरण और उस समय तीन प्रकार के ज्ञान का होना (७३४/२,३)

(३) देवानन्दा एवं त्रिशला के गर्भो की अदलाबदली। उस समय भी तीन ज्ञान वाले होने का उल्लेख (७३५।२७, २९, ३०, ३१)

(४) त्रिशला द्वारा पुत्र जन्म (७३६।९३)

(५) देवों द्वारा उत्सव (७३७।९४)

(६) उनके द्वारा अमूल्य वस्तुओं की वर्षा एवं तीर्थंकर का अभिषेक (७३८, ७३९।९५,९६)

(७) दशाह् मनाना, भोजन समारंभ, दान एवं कुल में वृद्धि होने के कारण वर्धमान नाम-करण (७४०।१००-१०३)

(८) उनका काश्यपगोत्र एवं तीन नाम,
पिता के तीन नाम,
माता के तीन नाम,
चाचा, भाई, बहिन, पत्नी, पुत्री एवं पौत्री के नामों का उल्लेख (७४३, ७४४।१०४-१०९)

(९) तीस वर्ष का गृहस्थवास, माता-पिता के देवलोक जाने पर अपनी प्रतिज्ञा पूरी होने पर सभी वस्तुओं का त्यागकर एवं दाताओं में विभाजित कर प्रव्रज्या लेना (७४६, ७६६।११०, १११, ११३, ११४)

(१०) मार्गशीर्ष कृष्ण १० को दीक्षा ली (७६६।१११, ११४)

(११) सभी उपसर्गों को सहन किया (७७१।११६)

(१२) संयम, तप, ब्रह्मचर्य, समिति एवं गुप्ति पूर्वक निर्वाणमार्ग मे भावना करते हुए विहार करना (७७०।१२०)

(१३) तेरहवें वर्ष में वैशाख शुक्ल दसमी को ऋजुबालिका नदी के किनारे श्यामाक के खेत में जृम्भिकग्राम के बाहर शालवृक्ष के नीचे केवलज्ञान की प्राप्ति (७७२।१२०)

(१४) सर्व भावों के ज्ञाता बनकर विहार करने लगे (७७३।१२१)

(१५) निर्वाण प्राप्त होने पर देवताओं (द्वारा महिमा) के आगमन से कोलाहल (७७४।१२५)

कल्पसूत्र में प्रकारान्तर से मिलने वाली सामग्री

(१६) जब से भगवान् महावीर गर्भ मे आये तब से उस कुल की अमूल्य वस्तुओ के कारण वृद्धि होने लगी (७४०।८५)

[कल्पसूत्र में यह बात मात्र अर्वाचीन हस्तप्रतों मे ही मिलती है]

(१७) परिपक्व ज्ञान वाले होने की बात (७४२) कल्पसूत्र (९,५४,७६) मे स्वप्न के फल बतलाते समय कही गयी है।

१. (ख) शब्दों के क्रम में भेद

तादृश सामग्री मिलते हुए भी दोनों के पाठों मे कभी-कभी शब्दो के क्रम में अन्तर है।

[मूल पाठ कल्पसूत्र का है जब कि आचाराग का पाठ संख्या-क्रम से बताया गया है।]

(१) क० सू० १	अणते	अणुत्तरे	निव्वाघाए अव्वाघाते	निरावरणे
आचा० ७३३	५	६	३	४
	कसिणे	पडिपुन्ने	केवलवरनाणदंसणे	
	१	२	७	
	समुप्पन्ने	साइणा	परिनिव्वुए	भगवं
	८	९	११	१०

(२) क० सू० २
आचा० ७३४ के क्रम में बहुत अन्तर है।

(३) क० सू० ३   १   ३   २
आचा० ७३४ चइस्सामि त्ति जाणइ, चयमाणे न जाणइ, चुए मि त्ति जाणइ।

(४) क० सू० ९३ जे से गिम्हाण पढमे मासे दोच्चे पक्खे
आचा० ७३६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३
चित्तसुद्धे तस्स ण चित्त सुद्धस्स तेरसीदिवसेणं तेरसीपक्खेणं
१४ १५ १६ १७ १८
(तेरसीपक्खेणं) नवण्हं मासाणं पडिपुन्नाणं
१ २ ३
अद्धघट्ठमाण य राइंदियाणं विइक्कंताणं पुव्वरत्तावरत्त-
४ ५ ६
कालसमयंसि हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं जोगोवगतेणं
१९ २० २१
आरोगा आरोगं (अरोगा अरोगं) दारयं
२२ २३
पयाया (पसूया)।
२४

(५) क० सू० १२० के क्रम मे काफी अन्तर है।
आचा० ७७२

१. (ग) भाषा सम्बन्धी तुलना

जो जो प्रकरण दोनो ग्रन्थों मे समान रूप से मिलते है उनकी भाषा का अध्ययन करने पर दोनों की भाषा में प्राचीनता-अर्वाचीनता का भेद नजर नही आता है।

प्रथमा एक० व० के लिए 'ए' विभक्ति, सप्तमी ए० व० के लिए 'ए और अंसि', भविष्य-काल के लिए 'स्स' विकरण, 'भू' धातु के 'भव' एवं 'हो' रूप एवं संबंधक भूत कृदन्त के लिए प्रयुक्त 'त्ता, च्चा, ट्टु' प्रत्ययों के अनुपात मे कोई खास अन्तर मालूम नही होता है अतः दोनों ग्रंथों के मूल पाठ की रचना सामान्यतः एक समान लगती है। ध्वनि परिवर्तन एवं प्रत्ययों की दृष्टि से कुछ रूप आचारांग में तो कुछ रूप कल्पसूत्र मे प्राचीन मालूम होते हैं।

प्राचीन रूप	अर्वाचीन रूप
(आचारांग)	(कल्पसूत्र)
गोत्तस्स (७३४)	गुत्तस्स (३)
असुभाणं, सुभाणं (७३५)	असुहे, सुहे (२७)
चेत्तसुद्धे (७३६)	चित्तसुद्धे (९३)
नामधेज्जा (७४४)	नामधिज्जा (१०४, १०८)
दातारेसु (७४६)	दायारेहिं (१११)

(कल्पसूत्र)	(आचाराग)
इमीसे (२)	इमाए (७३४)
आवि होत्था (३,३१)	यावि होत्था (७३४, ७३५, ७३७, ७४४)
	(कल्पसूत्र में भी 'यावि होत्था' का प्रयोग है २९,९४,)
भगिणी (१०७)	भइणी (७४४)

२ (क) आचारांग में उपलब्ध ऐसे प्रसंग जो कल्पसूत्र के महावीर-चरित्र में मिलते हो नहीं हैं—

(१) पंच धात्रियों द्वारा संवर्धन करना। (७४१)

(२) प्रव्रज्या धारण करने के पहले आसक्ति रहित एवं संयमपूर्वक (अप्पुस्सुयाइ ······चाए विहरति) पचेन्द्रिय भोगो का सेवन किया। (७४२)

(३) भगवान् के माता-पिता पार्श्वापत्यी थे और वे महाविदेह मे सिद्ध होंगे। (७४५)

(४) एक सवत्सर तक दान दिया और अभिनिष्क्रमण के अभिप्राय वाले हुए। (७४६) कल्पसूत्र (१११) के अनुसार एक वर्ष की अवधि तक दान देने का उल्लेख नहीं है और अभिनिष्क्रमण के अभिप्राय वाले होने का भी उल्लेख नहीं है। उसमे तो ऐसा कहा गया है कि भगवान् ने अपने ज्ञान एवं दर्शन से जब जाना कि निष्क्रमण-काल आ गया है तब दीक्षा ले ली।

(५) दीक्षा के अवसर पर वैश्रमण देव द्वारा भगवान् द्वारा त्यक्त आभरण-अलंकारो को ग्रहण करना एवं शक्रेन्द्र द्वारा लोच किये हुए केशो को क्षीरोद सागर ले जाना। (७६६)

(६) चारित्र धारण करते ही मनःपर्यय ज्ञान का होना। (७६९)

(७) मनःपर्ययज्ञान होने के बाद ऐसा पहले से ही अभिग्रह धारण करना कि बारह वर्ष तक देव-मनुष्य-तिर्यक् कृत उपसर्गा को सम्यक् पूर्वक सहन करूँगा। (७६९)

(८) दीक्षा के दिन शाम को कर्मारग्राम विहार करना (७७०) जो कि यह पाठ सभी प्रतों मे नहीं मिलता है।

(९) केवलज्ञान होने पर भगवान् ने प्रथम देवताओं को और बाद मे मनुष्यो को धर्मोपदेश दिया। (७७५)

इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रसंग कल्पसूत्र की रचना के बाद आचाराग के इस महावीर-चरित्र मे आये हैं अन्यथा उनका उल्लेख कल्पसूत्र म भी हुआ होता।

इन सब अतिरिक्त प्रसगों से महान व्यक्ति का महत्ता का सवर्धन किया गया है जो सभी महान व्यक्तियों के साथ होता है। इन बातों से कुल का वैभव बढ़ाया गया और उसका एक पूर्व-तीर्थंकर के साथ पहले से ही सम्बन्ध स्थापित किया गया, त्याग और दान की महिमा बढायी गयी, बचपन से ही वैराग्य की भावना बतायी गयी, संकल्प एवं सहनशक्ति को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया, दिव्य तत्त्वों का समावेश किया गया एव चतुर्थ ज्ञान की कमी की पूर्ति की गयी।

२ (ख) कुछ ऐसे उल्लेख जिनका स्पष्टीकरण कल्पसूत्र के महावीर-चरित्र के बिना नहीं हो सकता

(१) एक अनुकम्पाधारी देव ने ['जायमेयं' तिकट्टु] यही आचार, कर्त्तव्य या रिवाज है ऐसा सोचकर गर्भों की अदलाबदली की (७३५)। यह आचार क्या है। उसके बारे में कही पर कुछ भी नहीं कहा गया है जबकि कल्पसूत्र (२०) में बड़े ही विस्तार के साथ समझाया गया है कि महान पुरुष ब्राह्मण कुल मे जन्म नही लेते है और शक्रेन्द्र का यह कर्त्तव्य है कि गर्भ का किसी उच्च कुल में स्थानान्तर करें।

(२) दीक्षा लेते समय अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण होने (समत्त पइण्णे) का उल्लेख है (७४६)। यह प्रतिज्ञा क्या थी? इसका उत्तर कल्पसूत्र (८७-९०) मे मिलता है वहाँ पर गर्भ मे ही भगवान् महावीर यह अभिग्रह धारण करते हैं कि माता-पिता के जीवन काल मे प्रव्रज्या धारण नही करूँगा।

स्पष्ट है कि कल्पसूत्र में इन बातों के आने के बाद इन्हे आचारांग मे जोड़ा गया है।

२ (ग) कल्पसूत्र से भेद रखने वाले तथ्य

(१) आचाराग (७३५) गर्भ का अपहरण हो रहा है इस बात को जानते थे। कल्पसूत्र (३१) के अनुसार इसे नही जानते थे।

(२) आचाराग मे नत्तुई (दौहित्री) कोसिय गोत्त की कही गयी है (७४४) जबकि कल्पसूत्र मे वह कासथी गोत्त की कही गयी है (१०९)।

(३) प्रव्रज्या धारण करने से पहले षष्ठ भक्त का त्याग किया और एक शाटक ग्रहण करके लोच किया (७६६)। कल्पसूत्र के अनुसार लोच करने के बाद षष्ठ भक्त का त्याग किया और एक देवदूष्य ग्रहण किया (११४)।

२ (घ) आचारांग में बाद में जोड़े गये पाठ या बदले हुए तथ्य

(१) भगवान् गर्भावस्था मे ही तीनो बातो को जानते है (तिण्णाणोवगते) (७३४)। इसमे से एक 'चयमाणे ण जाणति' कल्पसूत्र मे भी आता है परन्तु आचाराग मे इसके साथ स्पष्टोकरण सम्बन्धी यह पाठ आता है कि च्यवन काल इतना सूक्ष्म होता है कि च्यवन की घटना जानी नही जा सकती। यह स्पष्टीकरण कल्पसूत्र मे नही है। स्पष्ट है कि आचाराग मे 'सुहुमे णं से काले पण्णत्ते' पाठ बाद मे जुड़ा है।

(२) जन्म (७३६) देवताओं द्वारा उत्सव, तीर्थंकर का अभिषेक एवं कौतुककर्म के बाद ऐसा वर्णन है कि जब भगवान् महावीर गर्भ मे आये तब से कुल मे सभी तरह से अभिवृद्धि होने लगी थी। वास्तव मे यही बात जन्म के पहले आनी चाहिए थी क्योंकि नामकरण के समय (७४०) यही बात पुनः दुहरायी गयी है कि इसी कारण से उनका नाम वर्धमान रखा गया।

अतः उपरोक्त पाठ बाद मे जोड़े गये हैं यह बिलकुल स्पष्ट है।

२ (ङ) अन्य पाठों में वृद्धि—

(१) कल्पसूत्र मे माहणकुण्डग्गाम एवं खत्तिय कुडग्गाम (२,१०) ऐसा उल्लेख आता है जब कि आचारांग मे उन्हे दाहिणमाहण कुडपुर एवं उत्तरखत्तिय कुडपुर कहा गया है (७३४-७३५)।

(२) पंचमुष्टिलोच करने के बाद सिद्धों को नमस्कार करना और सर्व पापकर्म अकरणीय है ऐसा सोचकर 'सामायिक चारित्र' धारण करना ये (७६६) दोनों बातें कल्पसूत्र (११४) में नहीं आती हैं। कल्पसूत्र मे तो मुंडन करवाकर अगार से अनगार बनने का ही उल्लेख है जो कल्पसूत्र के सूत्र १ में भी प्रारम्भ में उल्लिखित है और वैसा ही उल्लेख आचारांग में भी प्रारम्भ में (७३३) आता है। आचारांग में आगे सू० ७६९ मे जब उन्हे मनःपर्यय ज्ञान होता है तब 'सामायिक युक्त क्षायोपशमिक चारित्र' का उल्लेख है।

(३) हत्थुत्तराहिं और मुडे भवित्ता (७३३) के बीच 'सव्वतो सव्वत्ताए' का पाठ अधिक है।

(४) महाविजयसिद्धत्थपुप्फुत्तरवरपुंडरीयदिसासोवत्थियवद्धमाणातो महाविमाणाओ ..... चुते (७३४) (रेखांकित पाठ अधिक है)।

(५) जन्म के समय जो वर्षा हुई उसमे अमृतवास का उल्लेख कल्पसूत्र मे नही है (७३८)।

(६) प्रव्रज्या का लोच करते समय सिंहासन पर एवं पूर्व दिशा की ओर मुख करके बेठने का उल्लेख कल्पसूत्र मे नही है (७६६)।

(७) केवलज्ञान के समय 'झाणंतरियाए वट्टमाणस्स' (कल्पसूत्र १२०) के बदले आचाराग (७७२) 'सुक्कझाणतरियाए वट्टमाणस्स' मे आता है।

(८) उड्ढं जाणु अहो सिरस' (७७२) का उल्लेख कल्पसूत्र मे नही है।

(९) ऋजुबालिका के मात्र तीर के बदले उसे उत्तर कूल (७७२) कहा गया है।

(१०) चैत्य के आसपास के बदले उत्तर-पूर्व दिशा भाग (७७२) कहा गया है।

२ (ख) आचारांग में देव-कृत्य का सारा का सारा प्रसंग बाद में जोड़ा गया है

(१) यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि एक वर्ष तक दान करने का एव अभिनिष्क्रमण के अभिप्राय वाले हुए ये दोनों बातें बाद मे जोड़ी गयी हैं। इसके बाद में आने वाली सारी सामग्री (सू० ७४७ से ७६५, जिसमे बढ़ा-चढ़ा तथा कभी-कभी अलकृत वर्णन है) भी बाद में जुड़ी है। उसमे १७ गाथाएँ है जिनकी भाषा अर्धमागधी न होकर महाराष्ट्री है एव उनका छन्द विकसित गाथा छन्द है। (ये गाथाएँ निर्युक्ति एव विशेषावश्यकभाष्य में भी मिलती हैं) इन गाथाओ के अलावा जो गद्यांश है और उसमे जो वर्णन उपलब्ध है यह कल्पसूत्र (११०-११४) मे नही मिलता है। इसमे सभी देवताओं का आगमन, शक्रेन्द्र द्वारा दिव्य सिंहासन की रचना, भगवान् का अभिषेक, उन्हे आभूषणों से सजाना, शिविका मे देवेन्द्रों द्वारा चँवर डुलाना इत्यादि मिलता है।

सूत्र ७६७ एवं ७६८ की दो गाथाएँ भी इसी प्रकार बाद में जोड़ी गयी प्रतीत होती हैं। उनमे कहा गया है कि जब भगवान् ने चारित्र्य धारण किया तब देवो एवं मनुष्यों का घोष शान्त हो गया था तथा देवो के द्वारा उपदेश सुना गया जो कि दीक्षा लेने के ठीक पश्चात् तथा केवल ज्ञान की प्राप्ति के पूर्व की घटना है और उस पद्य में (कुछ पाठ रह गया हो ऐसा लगता है) त्रुटियाँ भी हैं। कल्पसूत्र में ऐसे उल्लेख नही हैं।

(३) इसी देव-कृत्य एवं देव-महिमा के प्रसंग पर भगवान् महावीर को तीर्थंकर कहा गया है (७५०)। वैसे ही कल्पसूत्र में भी जो बाद का पाठ है वहाँ (सू० २) उन्हें चरम तीर्थंकर कहा गया

है। अन्य जगह पर मूल पाठ में तीर्थंकर शब्द नहीं है, सब जगह उन्हें 'समणे भगवं महावीरे' कहा गया है। दोनों ही चरित्रों में केवल-ज्ञान होने के बाद भी उन्हें 'जिन' ही कहा गया है (आचारांग ७७३, कल्पसूत्र १२१)।

आचारांग की इस सामग्री में समास-बहुलता एवं काव्यात्मक कृत्रिम शैली के दर्शन होते हैं। उदाहरणार्थ—सिंहासन, शिविका, वनखंड आदि के वर्णन ७४७-७६५।

२. (ख) आचाराङ्ग के कुछ पाठों की अस्पष्टता एवं व्याकरण सम्बन्धी त्रुटियाँ

(१) समणे भगवं महावीरे अणुकंपएणं देवेणं·····कुच्छिसि गब्भं साहरति (७३५)। 'साहरति' के स्थान पर 'साहरिते' होना चाहिए ऐसा सम्पादक ने भी सूचित किया है।

(२) तं णं राइं · देवेहिं देवीहिं य·········उप्पिजलगभूते यावि होत्था (७३७)। यावि के पहले 'करने के अर्थ वाला' कोई रूप आना चाहिए था। कल्पसूत्र मे (१४) ऐसा पाठ है—'सा णं रयणी·····उप्पिजलमाणभूया होत्था' जो व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।

(३) सूत्र ७७२ में 'गिम्हाणं बोसे मासे' पाठ आया है कल्पसूत्र मे (१२०) 'दोच्चे मासे' आता है। यहाँ सम्पादक ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

३ (क) कल्पसूत्र में उपलब्ध परन्तु आचारांग में अनुपलब्ध सामग्री

(१) तेईस तीर्थंकरों के पश्चात् चरम तीर्थंकर के रूप में पूर्व तीर्थंकरों के निर्देश के अनुसार गर्भ में अवतरण (२)

(२) गर्भधारण करते समय देवानन्दा द्वारा चौदह स्वप्न देखना; त्रिशला द्वारा भी उसी प्रकार स्वप्न-दर्शन (३२-८३); (पति को सूचित करना एवं पति द्वारा स्वप्न फल कहना (६-१२), स्वप्नों का विस्तृत वर्णन, स्वप्नलक्षण पाठकों से उनके फल-विषयक जानकारी प्राप्त करना) [स्वप्न विषयक वर्णन बाद मे जोड़ा गया है ऐसा पूज्य मुनि श्रीपुण्यविजयजी का स्पष्ट अभिप्राय है]

(३) गर्भापहरण के बाद सिद्धार्थ के घर में देवताओं द्वारा बहुमूल्य निधान लाना (८४)।

(४) माता पर अनुकम्पा लाकर भगवान् महावीर द्वारा गर्भ मे हलन-चलन बन्द कर देना और फिर अभिग्रह धारण करना कि माता-पिता के जीते प्रव्रज्या धारण नहीं करूँगा (८७-९१) (आचारांग मे मात्र प्रतिज्ञा पूरी होने का उल्लेख है)।

(५) कुण्डपुर को सजाने का वर्णन, नामकरण के अवसर पर दशाह मनाने का लम्बा वर्णन (९६-९९)।

(६) गुरुजनों की आज्ञा लेकर प्रव्रज्या धारण करना (११०)।

(७) वर्षाधिक समय तक चीवर रखना, बाद में 'अचेल पाणि-पडिग्गह' बनना (११५)।

(८) इसके पश्चात् जो सामग्री मिलती है वह आचारांग में नहीं दी गयी है—

गाँव और नगर में ठहरने की मर्यादा, वर्षावास एवं स्थलों का उल्लेख, इन्द्रभूति गौतम को केवल-ज्ञान, मल्लवियों एवं लिच्छवियों द्वारा द्रव्योद्योत करना, भविष्यवाणी इत्यादि (११७-१४७)।

(९) आचारांग के महावीर-चरित्र के साथ तुलना करने पर ये सब प्रसंग बाद में जुड़े हैं ऐसा स्पष्ट मालूम होता है।

(१०) इनके अलावा शक्रेन्द्र द्वारा की गई स्तुति (१३-१६), उनके द्वारा यह विचार करना कि तीर्थंकर ऐसे कुल मे जन्म ले हो नहीं सकते और हरिणेगमेसि की नियुक्ति करके गर्भ का अपहरण करवाने तक का प्रसंग (१७-२८) बाद में जोड़ा गया है। इतने लम्बे वर्णन के बाद जिसमें गर्भापहरण हो जाता है कल्पसूत्र के सूत्र ३० में गर्भापहरण किये जाने की बात संक्षेप मे फिर से कही गयी है। इससे मालूम होता है कि सूत्र ३० में उपलब्ध सामग्री का ही विस्तारपूर्वक वर्णन बाद में १७ से २८ सूत्रों मे किया गया है। इसी सूत्र ३० की सामग्री आचारांग के सूत्र ७३५ मे भी वैसी ही मिलती है। अतः स्पष्ट है कि विस्तृत वर्णन बाद का है।

(११) सामान्य शाटक के बदले मे देव-दूष्य का उल्लेख (११४), उन्हे तेलोक्कनायग और धम्मवर चक्कवट्टी कहना (१), एक अनुकम्पक देव के बदले शक्रेन्द्र एव हरिणेगमेसि को गर्भापहरण के साथ जोड़ना (१७ २८) जन्म के समय अमूल्य वस्तुओं की वर्षा राजभवन मे ही करवाना (१०९), अपहरण के समय 'अप्पाबाहं अप्पाबाहेणं' का उल्लेख (३०) एव जन्म के समय 'पुव्वरत्तावरत्तकाल-समयंसि' (३०,९३) का उल्लेख, जन्म के समय पर अनेक वस्तुओं की वर्षा (९५) और गर्भ मे आने पर समृद्धि मे अनेक अधिक वस्तुओं का जुड़ना (८५), महावीर के विशेषणो मे वृद्धि (११०,१२०) दीक्षा के समय देवो और लोगों द्वारा स्तुति एवं प्रशंसा का प्रकरण (११०-११३)।

ये सब बातें आचारांग में उपलब्ध नही हैं और कल्पसूत्र मे भी बाद मे जोडी गई है।

३. (ख) भाषा में त्रुटियाँ

(१) समणे भगव महावीरे ..

आरोगा आरोग दारयं पयाया—९३

३. (ग) समास युक्त एवं कृत्रिम शैली होने के कारण निम्न प्रसग बाद मे जुडे है ऐसा स्पष्ट है।

गर्भापहरण का प्रसग (१३-१५)
शयनगृह (३३)
स्वप्नों के वर्णन (३४-४७)
अट्टनशाला, मज्जनगृह, उपस्थानशाला,
स्वप्न पाठकों द्वारा स्वप्न-फल कहना (६३-७६)
जन्मोत्सव मनाना (९७-९९)
दीक्षा के लिए प्रस्थान (११३)
विहार काल में भगवान् महावीर की सहिष्णुता (११७-११९)

४. उपसंहार

कल्पसूत्र एवं आचारांग के महावीर-चरित्र में समय-समय पर वृद्धि एवं परिवर्तन होते हुए भी आचारांग में कुछ मूल बातें सुरक्षित रही हैं जो कल्पसूत्र से प्राचीन लगती है और वे इस प्रकार है—

(१) आचारांग में कुण्डपुर (७३४, ७३५, ७५३) को एक संनिवेश कहा गया है जब कि कल्पसूत्र मे उसे (२, १५, १९, २३, २५, २७, ३०) एक नगर कहा गया है।

(२) आचारांग में गर्भापहरण के साथ (७३५) मात्र एक अनुकम्पक देव जुड़ा हुआ है जब कि कल्पसूत्र मे इस देव को हरिणेगमेसि (१७-२८) कहा गया है और इस कार्य के साथ शक्रेन्द्र को भी जोड़ दिया गया है। हरिणेगमेसि का यह वर्णन भगवतीसूत्र में (सू० १,७) आता है।

(३) आचारांग मे प्रव्रज्या के समय एक शाटक ग्रहण (७६६) करने का उल्लेख है जब कि कल्पसूत्र में (११४) उसके साथ दिव्यता जोड़ कर उसे देवदूष्य कहा गया है। आचारांग प्रथम श्रुतस्कन्ध के उवहाणसुत्त (२५५) में भी देवदूष्य का उल्लेख नही है (णो चेविमेण वत्थेण पिहिस्सामि) परन्तु वस्त्र का ही उल्लेख है [आचारांग के अनुसार (७६६) एक शाटक ग्रहण करके दीक्षा के समय सभी आभरण-अंलकारों का त्याग करते है। बाद मे कही पर भी उस शाटक का उल्लेख नही आता है इससे ऐसा अनुमान हो सकता है कि दीक्षा के कुछ समय बाद उस शाटक को भी त्याग दिया होगा। उवहाणसुत्त (२५७, २७५) के अनुसार उसे वर्षाधिक रखा था। कल्पसूत्र (११५) के अनुसार देवदूष्य को एक वर्ष के बाद छोड़ दिया था।]

(४) इन तथ्यों के आधार से कहा जा सकता है कि सभी परिवर्तनो के बावजूद भी आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का महावीर-चरित्र आचाराग के प्रथम श्रुतस्कन्ध के मूल के नजदीक प्रतीत होता है। कल्पसूत्र का महावीर-चरित्र चाहे प्रथम स्थिति मे आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के महावीर-चरित्र का आधार रहा हो, किन्तु बाद में उसमें बहुत अधिक जोड़ दिया गया है और इस प्रकार वह अपने मूल रूप मे स्थित नही रह सका।

(५) महावीर-चरित्र : संभावित विकास

मूल प्रसंग १ से ५ एवं दोनों ग्रन्थों में विकसित सामग्री

आचारांग	**कल्पसूत्र**
(१) गर्भ में अवतरण	
(क) कुल की समृद्धि मे वृद्धि होना।	(क) तेईस तीर्थंकरों के बाद,
	(ख) पूर्व तीर्थंकरों के निर्देशानुसार,
	(ग) चरम तीर्थंकर के रूप में गर्भ में आना,
	(घ) कुल की समृद्धि मे वृद्धि होना [आचारांग के बाद कल्पसूत्र मे जुड़ा होगा क्योंकि अर्वाचीन प्रतों मे ही यह बात मिलती है।]
	(ङ) स्वप्न-दर्शन
	(च) स्वप्न-वर्णन [स्वप्न-दर्शन के बाद यह जोड़ा गया होगा।]

(२) गर्भ का अपहरण

(क) एक अनुकम्पक देव द्वारा अपहरण ['जीयमेयं' शब्द कल्पसूत्र से लिया गया]।	(क) 'जीयमेयं का वर्णन
(ख) दीक्षा लेते समय प्रतिज्ञा पूरी होने का उल्लेख मात्र [माता-पिता के जीवन काल में दीक्षा नही लेने की यह बात कल्पसूत्र से ली गयी है]।	(ख) शक्रेन्द्र एवं हरिणेगमेसि देव को इस घटना के साथ जोड़ना [यह आचारांग के बाद की सामग्री मालूम होती है]।
	(ग) शक्रेन्द्र द्वारा स्तुति।
	(घ) देवताओं द्वारा सिद्धार्थ के घर बहुमूल्य निधान लाना (स्वतन्त्र)।
	(ङ) अनुकम्पावश गर्भ मे हलन-चलन बन्द करना।
	(च) माता-पिता के जीवन काल में दीक्षा नही लेने का अभिग्रह धारण करना।

(३) नामकरण

(क) दशाह का उल्लेख मात्र।	(क) नामकरण के अवसर पर दशाह मनाने का लम्बा वर्णन।
(ख) पाँच धात्रियों द्वारा संवर्धन।	(ख) उस समय नगरी को सजाना।
(ग) परिपक्व ज्ञान वाले होना।	(ग) परिपक्व ज्ञान वाले होने की यह बात स्वप्न-फल बताते समय स्वप्न-वर्णन में कह दी गयी है।
(घ) आसक्ति रहित पंचेन्द्रिय भोगों का सेवन संयम-पूर्वक करना।	
(ङ) माता-पिता को पार्श्वापत्यी कहना (स्वतन्त्र)।	
(च) एक संवत्सर तक दान देना।	
(छ) दीक्षा लेने के अभिप्राय वाले होना।	
(ज) इसके बाद देवों द्वारा महिमा।	

(४) प्रव्रज्या

(क) एक शाटक ग्रहण करके प्रव्रज्या धारण करना।	(क) गुरुजनों की आज्ञा लेकर दीक्षा ग्रहण करना (स्वतन्त्र)।

(ख) वैश्रमण एवं शक्रेन्द्र द्वारा आभरण एवं केश-ग्रहण करना।

(ग) उस अवसर पर मनःपर्ययज्ञान का होना।

(घ) बारह वर्ष तक उपसर्ग सहन करने की प्रतिज्ञा धारण करना।

(५) केवल ज्ञान

(क) प्रथम उपदेश पहले देवताओं को और बाद मे मनुष्यों को देना।

(ख) शाटक के बदले देवदूष्य का उल्लेख।

(ग) वर्षाधिक चीवर धारण कर बाद में उसका त्याग।

●

अहमदाबाद

अन्तकृद्दशा की विषय वस्तु : एक पुर्नविचार

प्रो० सागरमल जैन

अन्तकृद्दशा जैन अग-आगमो का अष्टम अंगसूत्र है। स्थानांगसूत्र में इसे दश दशाओं में एक बताया गया है। अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु से सम्बन्धित निर्देश श्वेताम्बर आगम साहित्य मे स्थानांग, समवायांग, नन्दीसूत्र मे तथा दिगम्बर परम्परा मे राजवार्तिक, धवला तथा जयधवला मे उपलब्ध है।

अन्तकृद्दशा का वर्तमान स्वरूप

वर्तमान मे जो अन्तकृद्दशा उपलब्ध है उसमे आठ वर्ग है। प्रथम वर्ग मे गौतम, समुद्र, सागर, गम्भीर, स्तिमित, अचल, काम्पिल्य, अक्षोभ, प्रसेनजित और विष्णु ये दस अध्ययन उपलब्ध है। द्वितीय श्रुतस्कन्ध मे आठ अध्ययन है इनके नाम हैं—अक्षोभ, सागर, समुद्र, हिमवन्त, अचल, धरन, पूरन और अभिचन्द्र। तृतीय वर्ग मे निम्न तेरह अध्ययन हैं—(१) अनीयस कुमार, (२) अनन्तसेन कुमार, (३) अनिहत कुमार, (४) विद्वत् कुमार, (५) देवयश कुमार, (६) शत्रुसेन कुमार, (७) सारण कुमार, (८) गज कुमार, (९) सुमुख कुमार, (१०) दुर्मुख कुमार, (११) कूपक कुमार, (१२) दारुक कुमार, (१३) अनादृष्टि कुमार। इसी प्रकार चतुर्थ वर्ग मे निम्न दस अध्ययन है—(१) जालि कुमार, (२) मयालि कुमार, (३) उवयालि कुमार, (४) पुरुषसेन कुमार, (५) वारिषेण कुमार, (६) प्रद्युम्न कुमार, (७) शाम्ब कुमार (८) अनिरुद्ध कुमार, (९) सत्यनेमि कुमार और (१०) दृढनेमि कुमार। पचम वर्ग मे दस अध्ययन है जिनमे आठ कृष्ण की प्रधान पत्नियों और दो प्रद्युम्न की पत्नियों से सम्बन्धित है। प्रथम वर्ग से लेकर पाँचवें वर्ग तक के अधिकांश व्यक्ति कृष्ण के परिवार से संबन्धित है और अरिष्टनेमि के शासन मे हुए है। छठे, सातवें और आठवें वर्ग का सम्बन्ध महावीर के शासन से हैं। छठें वर्ग के निम्न १६ अध्ययन बताये गये है—(१) मकाई, (२) किंकम, (३) मुद्गरपाणि, (४) काश्यप, (५) क्षेमक (६) धृतिधर, (७) कैलाश, (८) हरिचन्दन, (९) वारत्त, (१०) सुदशन, (११) पुण्यभद्र, (१२) सुमनभद्र, (१३) सुप्रतिष्ठित, (१४) मेघकुमार, (१५) अतिमुक्त कुमार और (१६) अलक्क (अलक्ष्य) कुमार। सातवें वर्ग में १३ अध्ययनों के नाम निम्न हैं—(१) नन्दा, (२) नन्दवती, (३) नन्दोत्तरा, (४) नन्दश्रेणिका, (५) मरुता, (६) सुमरुता, (७) महा-मरुता, (८) मरुद्देवा, (९) भद्रा, (१०) सुभद्रा, (११) सुजाता, (१२) सुमनायिका, (१३) भूतदत्ता। आठवें वर्ग मे काली, सुकाली, महाकाली, कृष्णा, सुदर्शना, वीरकृष्णा, रामकृष्णा, कर्मसेनकृष्णा और महासेनकृष्णा इन दस श्रेणिक की पत्नियो का उल्लेख है। उपर्युक्त सम्पूर्ण विवरण को देखने से केवल किंकम और सुदर्शन ही ऐसे अध्याय है जो स्थानाग मे उल्लिखित विवरण से नाम साम्य रखते हैं, शेष सारे नाम भिन्न है।

अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु सम्बन्धी प्राचीन उल्लेख

स्थानांग में हमें सर्वप्रथम अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु का उल्लेख प्राप्त होता है। इसमें अन्तकृद्दशा के निम्न दस अध्ययन बताये गये हैं। नमि, मातंग, सोमिल, रामगुप्त (रामपुत्त), सुदर्शन

जमाली, भयाली, किकम, पल्लतेतीय और फालअम्बपुत्र[1]। यदि हम वर्तमान मे उपलब्ध अन्तकृद्दशा को देखते हैं तो उसमें उपर्युक्त दस अध्यायों में केवल दो नाम सुदर्शन और किकम उपलब्ध हैं।

समवायांग मे अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु का विवरण देते हुए कहा गया है कि इसमें अन्तकृत जीवों के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखण्ड, राजा, माता-पिता, समवसरण, धर्माचार्य, धर्मकथा, इह लोक और परलोक की ऋद्धि विशेष, भोग और उनका परित्याग, प्रव्रज्या, श्रुतज्ञान का ध्यान, तप तथा क्षमा आदि बहुविध प्रतिमाओं, सत्रह प्रकार के संयम, ब्रह्मचर्य, आकिंचन्य, समिति, गुप्ति, अप्रमाद, योग, स्वाध्याय और ध्यान सम्बन्धी विवरण हैं। आगे इसमें बताया गया है कि इसमें उत्तम, संयम को प्राप्त करने तथा परिग्रहों के जीतने पर चार कर्मों के क्षय होने से केवलज्ञान की प्राप्ति किस प्रकार से होती है इसका उल्लेख है साथ ही उन मुनियो की श्रमण पर्याय, प्रायोपगमन, अनशन, तम और रजप्रवाह से युक्त होकर मोक्षसुख को प्राप्त करने सम्बन्धी उल्लेख हैं। समवायांग के अनुसार इसमे एक श्रुतस्कन्ध, दस अध्ययन और सात वर्ग बतलाये गये हैं। जबकि उपलब्ध अन्तकृद्दशा मे आठ वर्ग है अतः समवायाग मे वर्तमान अन्तकृद्दशा की अपेक्षा एक वर्ग कम बताया गया है। ऐसा लगता है कि समवायागकार ने स्थानांग की मान्यता और उसके सामने उपलब्ध ग्रन्थ मे एक समन्वय बैठाने का प्रयास किया है। ऐसा लगता है कि समवायांगकार के सामने स्थानांग मे उल्लिखित अन्तकृद्दशा लुप्त हो चुकी थी और मात्र उसमे १० अध्ययन होने की स्मृति ही शेष थी तथा उसके स्थान पर वर्तमान उपलब्ध अन्तकृद्दशा के कम से कम सात वर्गों का निर्माण हो चुका था।

नन्दीसूत्रकार अन्तकृद्दशा के सम्बन्ध मे जो विवरण प्रस्तुत करता है वह बहुत कुछ तो समवायाग के समान ही है किन्तु उसमें स्पष्ट रूप से इसके आठ वर्ग का उल्लेख प्राप्त है। समवायांगकार जहाँ अन्तकृद्दशा की दस समुद्देशन कालों की चर्चा करता है वहाँ नन्दीसूत्रकार उसके आठ उद्देशन कालो की चर्चा करता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वर्तमान मे उपलब्ध अन्तकृद्दशा की रचना समवायाग के काल तक बहुत कुछ हो चुकी थी और वह अन्तिम रूप से नन्दीसूत्र की रचना के पूर्व अपने अस्तित्व मे आ चुका था। श्वेताम्बर परम्परा मे उपलब्ध तीनों विवरणो से हमे यह ज्ञात होता है कि स्थानाग मे उल्लिखित अन्तकृद्दशा प्रथम सस्करण की विषयवस्तु किस प्रकार से उससे अलग कर दी गई और नन्दीसूत्र के रचना काल तक उसके स्थान पर नवीन सस्करण किस प्रकार अस्तित्व मे आ गया।

यदि हम दिगम्बर साहित्य की दृष्टि से इस प्रश्न पर विचार करें तो हमे सर्व प्रथम तत्त्वार्थवार्तिक मे अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध होता है। उसमे निम्न दस अध्ययनो की सूचना प्राप्त होती है—नमि, मातंग, सोमिल, रामपुत्त, सुदर्शन, यमलीक, वलीक, किष्कम्बल और पातालम्बष्ठपुत्र। यदि हम स्थानांग में उल्लिखित अन्तकृद्दशा के दस अध्ययनों से इनकी तुलना करते हैं तो इसके यमलिक और वलिक ऐसे दो नाम हैं, जो स्थानांग उल्लेख से भिन्न है। वहाँ इनके स्थान पर जमाली, मयाली (भगाली) ऐसे दो अध्ययनों का उल्लेख है। पुनः चिल्वक

१. स्थानाग, स्थान १०।

का उल्लेख तत्त्वार्थ वार्तिककार ने नही किया है। उसके स्थान पर पाल और अम्बष्ठपुत्र ऐसे दो अलग अलग नाम मान लिये हैं। यदि हम इसकी प्रामाणिकता की चर्चा में उतरें तो स्थानांग का विवरण हमें सर्वाधिक प्रामाणिक लगता है।

स्थानांग में अन्तकृद्दशा के जो दस अध्याय बताये गये हैं उनमे नमि नामक अध्याय वर्तमान में उत्तराध्ययनसूत्र में उपलब्ध है। यद्यपि यह कहना कठिन है कि स्थानांग में उल्लिखित 'नमि' नामक अध्ययन और उत्तराध्ययन में उल्लिखित 'नमि' नामक अध्ययन को विषयवस्तु एक थी या भिन्न-भिन्न थी। नमि का उल्लेख सूत्रकृतांग मे भी उपलब्ध होता है। वहाँ पाराशर, रामपुत्त आदि प्राचीन ऋषियों के साथ उनके नाम का भी उल्लेख हुआ है। स्थानांग मे उल्लिखित द्वितीय 'मातग' नामक अध्ययन ऋषिभाषित के २६वें मातंग नामक अध्ययन के रूप मे आज उपलब्ध है। यद्यपि विषय-वस्तु की समरूपता के सम्बन्ध मे यहाँ भी कुछ कह पाना कठिन है। सोमिल नामक तृतीय अध्ययन का नाम साम्य ऋषिभाषित के ४२ वें सोम नाम अध्याय के साथ देखा जा सकता है। रामपुत्त नामक चतुर्थ अध्ययन भी ऋषिभाषित के तेईसवें अध्ययन के रूप में उल्लिखित है। समवायांग के अनुसार द्विगृद्धिदशा के एक अध्ययन का नाम भी रामपुत्त था। यह भी सभव है कि अन्तकृद्दशा इसिभासियाइं और द्विगृद्धिदशा के रामपुत्त नामक अध्ययन की विषयवस्तु भिन्न हो चाहे व्यक्ति वही हो। सूत्रकृतागकार ने रामपुत्त का उल्लेख अर्हत् प्रवचन मे एक सम्मानित ऋषि क रूप मे किया है। रामपुत्त का उल्लेख पालित्रिपिटक साहित्य मे हमे विस्तार से मिलता है। स्थानाग मे उल्लिखित अन्तकृद्दशा का पाचवाँ अध्ययन सुदर्शन है। वर्तमान अन्तकृद्दशा मे छठे वर्ग के दशवें अध्ययन का नाम सुदर्शन है। स्थानाग के अनुसार अन्तकृद्दशा का छठा अध्ययन जमाली है। अन्तकृद्दशा मे सुदर्शन का विस्तृत उल्लेख अर्जुन मालाकार के अध्ययन मे भी है। जमाली का उल्लेख हमें भगवती-सूत्र मे भी उपलब्ध होता है। यद्यपि भगवतीसूत्र मे जमाली को भगवान् महावीर के क्रियमानकृत के सिद्धान्त का विरोध करत हुए दर्शाया गया है। श्वेताम्बर परम्परा जमाली को भगवान् महावीर का जामातृ भी मानती है। परवर्ती साहित्य निर्युक्ति, भाष्य और चूर्णियो मे भी जमाली का उल्लेख पाया जाता है और उन्हे एक निह्नव बताया गया है। स्थानाग की सूची के अनुसार अन्तकृद्दशा का सातवाँ अध्ययन भयाली (भगाली) है। 'भगालो मेतेज्ज'। ऋषिभाषित के १३ वें अध्ययन मे उल्लिखित है। स्थानांग की सूची मे अन्तकृद्दशा के आठवाँ अध्ययन का नाम किंकम या किंकस है। वर्तमान मे उपलब्ध अन्तकृद्दशा मे छठें वर्ग के द्वितीय अध्याय का नाम किंकम है, यद्यपि यहाँ तत्सम्बन्धो विवरण का अभाव है। स्थानाग मे अन्तकृतद्दशा के ९ वें अध्ययन का नाम चिल्वकया चिल्लवाक है। कुछ प्रतियों मे इसके स्थान पर 'पल्लेतीय' ऐसा नाम भी मिलता है इसके सम्बन्ध में भी हमें कोई विशेष जानकारी नही है। दिगम्बर आचार्य अकलकदेव भी इस सम्बन्ध मे स्पष्ट नही है। स्थानांग में दसवें अध्ययन का नाम फालअम्बडपुत्त बताता है। जिसका सस्कृतरूप पालअम्बष्ठपुत्र हो सकता है। अम्बड संन्यासी का उल्लेख हमे भगवतीसूत्र में विस्तार से मिलता है। अम्बड के नाम स एक अध्ययन ऋषिभाषित मे भी है। यद्यपि विवाद का विषय यह हो सकता है कि जहां ऋषिभाषित और भगवती उसे अम्बड परिव्राजक कहते हैं वहा उसे अम्बडपुत्त कहा गया है।

ऐतिहासिक दृष्टि से गवेषणा करने पर हमें ऐसा लगता है कि स्थानांग में अन्तकृद्दशा के जो १० अध्ययन बताये गये हैं वे यथार्थ व्यक्तियों से सम्बन्धित रहे होंगे क्योंकि उनमें से अधिकांश

के उल्लेख अन्य स्रोतों से भी उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ तो ऐसे हैं जिनका उल्लेख बौद्ध परम्परा में मिल जाता है यथा—रामपुत्त, सोमिल, मातंग आदि।

अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु के सम्बन्ध में विचार करते समय हम सुनिश्चितरूप से इतना कह सकते हैं कि इन सबमें स्थानांग सम्बन्धी विवरण अधिक प्रामाणिक तथा ऐतिहासिक सत्यता को लिये हुए है। समवायांग में एक ओर इसके दस अध्ययन बताये गये हैं तो दूसरी ओर समवायांगकार सात वर्गों की भी चर्चा करता है इससे ऐसा लगता है कि समवायांग के उपर्युक्त विवरण लिखे जाने के समय स्थानांग में उल्लेखित अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु बदल चुकी थी किन्तु वर्तमान में उपलब्ध अन्तकृद्दशा का पूरी तरह निर्माण भी नहीं हो पाया था। केवल सात ही वर्ग बने थे। वर्तमान में उपलब्ध अन्तकृद्दशा की रचना नन्दीसूत्र में तत्सम्बन्धी विवरण लिखे जाने के पूर्व निश्चित रूप से हो चुकी थी क्योंकि नन्दीसूत्रकार उसमें १० अध्ययन होने का कोई उल्लेख नही करता है। साथ ही वह आठ वर्गों की चर्चा करता है। वर्तमान अन्तकृद्दशा के भी आठ वर्ग ही हैं।

उपर्युक्त विवरण से हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि वर्तमान में उपलब्ध अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु नन्दीसूत्र की रचना के कुछ समय पूर्व तक अस्तित्व में आ गई थी। ऐसा लगता है कि वल्लभी वाचना के पूर्व ही प्राचीन अन्तकृद्दशा के अध्यायों की या तो उपेक्षा कर दी गयी या उन्हें यत्र-तत्र अन्य ग्रन्थों में जोड दिया गया था और इस प्रकार प्राचीन अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु के स्थान पर नवीन विषयवस्तु रख दी गयी। यहां यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उत्पन्न हो सकता है कि ऐसा क्यों किया गया। क्या विस्मृति के आधार पर प्राचीन अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु लुप्त हो गयी अथवा उसकी प्राचीन विषयवस्तु सप्रयोजन वहाँ से अलग कर दी गई।

मेरी मान्यता यह है कि विषयवस्तु का यह परिवर्तन विस्मृति के कारण नहीं, परन्तु सप्रयोजन ही हुआ है। अन्तकृद्दशा की प्राचीन विषयवस्तु में जिन दस व्यक्तित्वों के चरित्र का चित्रण किया गया था उनमें निश्चित रूप से मातंग, अम्बड, रामपुत्त, भयाली (भगाली) जमाली आदि ऐसे हैं जो चाहे किसी समय तक जैन परम्परा में सम्मान्यरूप से रहे हों किन्तु अब वे जैन परम्परा के विरोधी या बाहरी मान लिये गये थे। जिन प्रणीत, अंग सुत्तों में उनका उल्लेख रखना समुचित नहीं माना गया अतः जिस प्रकार प्रश्नव्याकरण से ऋषिभाषित को ऋषियों के उपदेशों से सप्रयोजन अलग किया गया उसी प्रकार अन्तकृद्दशा से इनके विवरण को भी सप्रयोजन अलग किया। यह भी सम्भव है कि जब जैन परम्परा में श्रीकृष्ण को वासुदेव के रूप में स्वीकार कर लिया गया तो उनके तथा उनके परिवार से सम्बन्धित कथानकों को कही स्थान देना आवश्यक था। अतः अन्तकृद्दशा की प्राचीन विषयवस्तु को बदल कर उसके स्थान पर कृष्ण और उनके परिवार से सम्बन्धित पाँच वर्गों को जोड़ दिया गया।

अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु की चर्चा करते हुए सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य हमारे सामने यह आता है कि दिगम्बर परम्परा में अन्तकृद्दशा की जो विषयवस्तु तत्वार्थवार्तिक में उल्लिखित है वह स्थानांग की सूची से बहुत कुछ मेल खाती है। यह कैसे सम्भव हुआ ? दिगम्बर परम्परा जहाँ अङ्ग-आगमों के लोप को बात करती है तो फिर तत्त्वार्थवार्तिककार को उसकी प्राचीन विषयवस्तु के सबंध में जानकारी कैसे हो गई। मेरी ऐसी मान्यता है कि श्वेताम्बर आगमसाहित्य के सम्बन्ध मे दिगम्बर

परम्परा में जो कुछ भी जानकारी प्राप्त हुई है वह यापनीय परम्परा के माध्यम से प्राप्त हुई है और इतना निश्चित है कि यापनीय और श्वेताम्बरों का भेद होने तक स्थानांग में उल्लिखित सामग्री अन्तकृद्दशा में प्रचलित रही हो और तत्सम्बन्धी जानकारी अनुश्रुति के माध्यम से तत्त्वार्थ-वार्तिककार तक पहुँची हो। तत्वार्थवार्तिककार को भी कुछ नामों के सम्बन्ध में अवश्य ही भ्रान्ति है, अगर उसके सामने मूलग्रन्थ होता तो ऐसी भ्रान्ति की सम्भावना नही रहती। जमाली का तो संस्कृत रूप यमलोक हो सकता है किन्तु भगाली या भयाली का संस्कृत रूप वलीक किसी प्रकार नही बनता। इसी प्रकार किंकम का किष्कम्बल रूप किस प्रकार बना यह भी विचारणीय है। चिल्वक या पल्लतेत्तीय के नाम का अपलाप करके पालअम्बष्ठपुत्त को भी अलग-अलग कर देने से ऐसा लगता है कि वार्तिककार के समक्ष मूल ग्रन्थ नही है केवल अनुश्रुति के रूप में ही वह उनकी चर्चा कर रहा है। जहाँ श्वेताम्बर चूर्णिकार और टीकाकार विषय वस्तु सम्बन्धी दोनों ही प्रकार की विषयवस्तु से अवगत हैं वहां दिगम्बर (आचार्यों को मात्र प्राचीन संस्करण) उपलब्ध अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु के सम्बन्ध मे जो कि छठीं शताब्दी मे अस्तित्व मे आ चुकी थी कोई जानकारी नही थी। अत: उनका आधार केवल अनुश्रुति था ग्रन्थ नही। जब कि श्वेताम्बर परम्परा के आचार्यों का आधार एक ओर ग्रन्थ था तो दूसरी ओर स्थानांग का विवरण। धवला और जयधवला में अन्तकृद्दशा सम्बन्धी जो विवरण उपलब्ध है वह निश्चित रूप से तत्त्वार्थवार्तिक पर आधारित है। स्वय धवलाकार वीरसेन 'उक्तं च तत्त्वार्थ भाष्ये' कहकर उसका उल्लेख करता है। इससे स्पष्ट है कि धवलाकार के समक्ष भी प्राचीन विषयवस्तु का कोई ग्रन्थ उपस्थित नही था।

अत: हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि प्राचीन अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु ईसा की चौथी-पांचवी शताब्दी के पूर्व ही परिवर्तित हो चुकी थी और छठी शताब्दी के अन्त तक वर्तमान अन्तकृद्दशा अस्तित्व मे आ चुकी थी।

●

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान,
आई० टी० आई० रोड,
वाराणसी—२२१००५

अन्तकृद्दशा की विषयवस्तु सम्बन्धी सन्दर्भ

(१) **स्थानाङ्ग** (सं० मधुकरमुनि) दशम स्थान सूत्र ११० एवं ११३

दस दसाओ पण्णत्ताओ, तं जहा-कम्मविवाग-दसाओ, उवासगदसाओ, **अंतगडदसाओ**, अणुत्तरोववाइयदसाओ आयारदसाओ, पण्हावागरणदसाओ, बंधदसाओ, दोगिद्धिदसाओ, दीहदसाओ, संखेवियदसाओ।

एवं

अंतगडदसाणं दस अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा—

णमि मातंगे सोमिले, रामगुत्ते सुदंसणे चेव।
जमाली य भगाली य, किंकसे चिल्लएतिय।
फाले अंबडपुत्ते य एमेते दस आहिता॥

(२) **समवायाङ्ग** (सं० मधुकर मुनि) प्रकीर्णक समवाय सूत्र, ५३९-५४०

से किं तं अंतगडदसाओ? अंतगडदसासु णं अंतगडाणं नगराइं उज्जाणाइं चेइयाइं वणसंडाइं रायाणो अम्मापियरो समोसरणाइं धम्मायरिया धम्मकहाओ इहलोइय-परलोइया इड्ढि-विसेसा भोगपरिच्चाया पव्वज्जाओ सुयपरिग्गहा तवोवहाणाइं पडिमाओ बहुविहाओ, खमा अज्जवं मद्दवं च, सोअं च सच्चसहियं, सत्तरसविहो य संजमो, उत्तमं च बंभं, आकिंचणया तवो चियाओ समिइगुत्तीओ चेव, तह अप्पमायजोगो, सज्झायज्झाणाण य उत्तमाणं दोण्हंपि लक्खणाइं।

पत्ताण य संजमुत्तमं जियपरीसहाणं चउव्विहकम्मक्खयम्मि जह केवलस्स लंभो, परियाओ जत्तिओ य जह पालिओ मुणिहिं, पायोवगओ य जो जहिं, जत्तियाणि भत्ताणि छेयइत्ता अंतगडो मुणिवरो तमरयोघविप्पमुक्को, मोक्खमुहमणुत्तर च पत्ता।

एए अण्णे य एवमाइअत्था वित्थारेणं परूवेई।

अंतगडदसासु णं परित्ता वायणा सखेज्जा अणुओगदारा सखेज्जाओ पडिवत्तीओ संखेज्जा वेढा संखेज्जा सिलोगा संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ सखेज्जाओ सगहणीओ।

से ण अंगट्ठयाए अट्ठमे अगे एगे सुयक्खधे दस अज्झयणा सत्त वग्गा दस उद्देसणकाला दस समुद्देसणकाला संखेज्जाइं पयसयसहस्साइं पयग्गेण, सखेज्जा अक्खरा अणता गमा अणंता पज्जवा परित्ता तसा अणंता थावरा सासया कडा णिबद्धा णिकाइया जिणपण्णत्ताभावा आघविज्जंति पण्णा विज्जंति परूविज्जंति दंसिज्जंति निदसिज्जंति उवदसिज्जति।

से एवं आया एवं णाया एवं विण्णाया एवं चरण-करण-परूवणया आघविज्जंति, पण्णविज्जति परूविज्जति दंसिज्जति निदंसिज्जति उवदंसिज्जति। सेत्तं अतगडदसाओ।

(३) **नन्दीसूत्र** (सं० मधुकर मुनि) सूत्र ५३ पृ० १८३,

से किं तं अंतगडदसाओ?

अंतगडदसासु णं अंतगडाणं नगराइं, उज्जाणाइं, चेइआइं, वणसंडाइं समोसरणाइं, रायाणो, अम्मा-पियरो, धम्मायरिया, धम्मकहाओ, इहलोइअ-परलोइआइड्ढिविसेसा, भोगपरिच्चाया,

पव्वज्जाओ, परिआगा, सुयपरिग्गहा, तवोवहाणाइं संलेहणाओ, भत्तपच्चक्खाणाइं, पाओवगमणाइं अंतकिरिआओ आघविज्जन्ति ।

अंतगडदसासु णं परित्ता वायणा, संखिज्जा अणुओगदारा, संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा, संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ, संखेज्जाओ संगहणीओ, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ ।

से णं अंगट्ठयाए अट्ठमे अंगे, एगे सुअखधे अट्ठ वग्गा, अट्ठ उद्देसणकाला, अट्ठ समुद्देसणकाला संखेज्जा पयसहस्सा पयग्गेणं, संखेज्जा अक्खरा, अणंता गमा, अणंता पज्जवा, परित्ता तसा, अणता थावरा, सासय-कड-निबद्ध-निकाइआ जिणपण्णत्ता भावा आघविज्जंति, पन्नविज्जति, परूविज्जति, दंसिज्जंति निदंसिज्जंति, उवदंसिज्जंति ।

से एवं आया, एवं नाया, एवं विन्नाया, एवं चरणकरणपरूवणा आघविज्जइ ।

से त्तं अंतगडदसाओ ।

(४) **तत्त्वार्थवार्तिक**—पृष्ठ ५१

संसारस्यान्तः कृतो यैस्तेऽन्तकृत नमिमतंगसोमिलरामपुत्रसुदर्शनयमवाल्मीकवलीकनिष्कंबल-पालम्बष्टपुत्रा इत्येते दश वर्धमानतीर्थंकरतीर्थे ॥

(५) **षट्खण्डागम** धवला १।१।२, खण्ड एक, भाग एक, पुस्तक एक—पृष्ठ १०३-४

अंतयडदसा णाम अंगं तेवीस-लक्ख-अट्ठावीस-सहस्स-पदेहि २३२८००० एक्केक्कम्हि य तित्थे दारुणे बहुविहोवसग्गे सहिऊण पाडिहेरं लद्धूण णिव्वाणं गदे दस दस वण्णेदि । उक्तं च तत्त्वार्थ-भाष्ये—संसारस्यान्तः कृतो यैस्तेऽन्तकृतः नमि-मतङ्ग सोमिल-रामपुत्र-सुदर्शन-यमलीक-वलीक-किष्कंविल-पालम्बष्टपुत्रा इति एते दश वर्द्धमानतीर्थङ्करतीर्थे । एवमृषभादीनां त्रयोविंशतेस्तीर्थे-ष्वन्येऽन्ये, एवं दश दशानगाराः दारुणानुपसर्गान्निर्जित्य कृत्स्नकर्मक्षयादन्तकृतो दशास्या वर्ण्यन्त इति अन्तकृद्दशा ।

❀

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति (ज्योतिषगणराजप्रज्ञप्ति) का पर्यवेक्षण

अनुयोग प्रवर्तक मुनि श्री कन्हैया लाल "कमल"

सामान्य अन्तर के अतिरिक्त चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति सर्वथा समान है इसलिए एक के परिचय से दोनो का परिचय स्वतः हो जाता है।

उपांगद्वय-परिचय :—

संकलनकर्ता द्वारा निर्धारित नाम—ज्योतिषगणराजप्रज्ञप्ति है।

प्रारम्भ मे संयुक्त प्रचलित नाम—चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति रहा होगा। बाद मे उपांगद्वय के रूप में विभाजित नाम—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति हो गए जो अभी प्रचलित हैं।

प्रत्येक प्रज्ञप्ति मे बीस प्राभृत है और प्रत्येक प्रज्ञप्ति मे १०८ सूत्र हैं।

तृतीय प्राभृत से नवम् प्राभृत पर्यन्त अर्थात् सात प्राभृतों मे और ग्यारहवें प्राभृत से बीसवें प्राभृत पर्यन्त अर्थात् दस प्राभृतों मे "प्राभृत-प्राभृत" नही है।

केवल प्रथम, द्वितीय और दशवें प्राभृत मे "प्राभृत-प्राभृत" है।

संयुक्त संख्या के अनुसार सत्रह प्राभृतों में प्राभृत-प्राभृत नही है। केवल तीन प्राभृतों में प्राभृत-प्राभृत हैं।

उपलब्ध चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति का विषयानुक्रम वर्गीकृत नही है। यदि इनके विकीर्ण विषयो का वर्गीकरण किया जाए तो जिज्ञासु जगत् अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकता है।

वर्गीकृत विषयानुक्रम :—

चन्द्रप्रज्ञप्ति के विषयानुक्रम की रूपरेखा—

१. चन्द्र का विस्तृत स्वरूप
२. चन्द्र का सूर्य से संयोग
३. चन्द्र का ग्रह से संयोग
४. चन्द्र का नक्षत्रों से संयोग
५. चन्द्र का ताराओं से संयोग

सूर्यप्रज्ञप्ति के विषयानुक्रम की रूपरेखा—

१. सूर्य का विस्तृत स्वरूप
२. सूर्य का चन्द्र से संयोग
३. सूर्य का ग्रहों से संयोग

४. सूर्य का नक्षत्रों से संयोग
५. सूर्य का ताराओं से संयोग

सूर्य-चन्द्रप्रज्ञप्ति के सूत्रों का विवरण :—

(अ) १. चन्द्र, सूर्य के संयुक्त सूत्र
२. चन्द्र, सूर्य, ग्रह के संयुक्त सूत्र
३. चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र के संयुक्त सूत्र
४. चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, ताराओं के संयुक्त सूत्र

(ब) १. ग्रहों के सूत्र
२. नक्षत्रो के सूत्र
३. ताराओं के सूत्र

(म) १. काल के भेद-प्रभेद
२. अहोरात्र के सूत्र
३. सवत्सर के सूत्र
४. औपमिक काल के सूत्र
५. काल और क्षेत्र के सूत्र

दोनों प्रज्ञप्तियों की निर्युक्ति आदि व्याख्याएँ :—

द्वादश उपांगों के वर्तमान मान्यक्रम मे चन्द्रप्रज्ञप्ति छठां और सूर्यप्रज्ञप्ति सातवाँ उपाग है—इसलिए आचार्य मलयगिरि ने पहले चन्द्रप्रज्ञप्ति की वृत्ति और बाद मे सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति रची होगी ?

यदि आचार्य मलयगिरि कृत चन्द्रप्रज्ञप्ति-वृत्ति कही से उपलब्ध है तो उसका प्रकाशन हुआ है या नही ? या अन्य किसी क द्वारा की गई निर्युक्ति, चूर्णि या टीका प्रकाशित हो तो अन्वेषणीय है।

आचार्य मलयगिरि ने सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति में लिखा है—सूर्यप्रज्ञप्ति निर्युक्ति नष्ट हो गई है[1] अतः गुरु कृपा से वृत्ति की रचना कर रहा हूँ[2]।

नामकरण और विभाजन :—

सभी अंग-उपांगों के आदि या अन्त मे कही न कही उनके नाम उपलब्ध हैं किन्तु इन दोनों उपांगों की उत्थानिका या उपसहार मे चन्द्रप्रज्ञप्ति या सूर्यप्रज्ञप्ति का नाम क्यो नही है ? यह एक विचारणीय प्रश्न है।

दो उपागों के रूप में इनका विभाजन कब और क्यों हुआ ? यह शोध का विषय है।

ग्रह, नक्षत्र, तारा ज्योतिषी देव है—इनके इन्द्र हैं चन्द्र-सूर्य—ये दोनों ज्योतिषगणराज है।

---

१. अस्या निर्युक्तिरभूत, पूर्वं श्री भद्रबाहुसूरि कृता।
कलिदोषात् साऽनेशद् व्याचक्षे केवलं सूत्रम् ॥

२. सूर्यप्रज्ञप्तिमहं गुरूपदेशानुसारतः किञ्चित्।
विवृणोमि यथाशक्ति स्पष्ट स्वपरोपकाराय ॥ सूर्य. प्र. वृत्ति. प्र.।

उत्थानिका और उपसंहार के गद्य-पद्य सूत्रों में "ज्योतिषगणराजप्रज्ञप्ति" नाम ही उपलब्ध है किन्तु इस नाम से ये उपांग प्रख्यात न होकर चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति नाम से प्रख्यात हुए है।

"ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" के संकलनकर्ता ग्रन्थ के प्रारम्भ मे "ज्योतिषगण-राज-प्रज्ञप्ति" इस एक नाम से की गई स्वतन्त्र संकलित कृति को ही कहने की प्रतिज्ञा करता है।

इसका असंदिग्ध आधार चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी हुई तृतीय और चतुर्थ गाथा है[1]।

इसी प्रकार चन्द्र और सूर्यप्रज्ञप्ति के अन्त में दी हुई प्रशस्ति गाथाओं मे से प्रथम गाथा के दो पदों में[2] संकलनकर्ता ने कहा है—"इस भगवती ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का मैंने उत्कीर्तन किया है।

इस ग्रन्थ के रचयिता ने कही यह नही कहा कि "मैं चन्द्रप्रज्ञप्ति या सूर्यप्रज्ञप्ति का कथन करूंगा, किन्तु ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" यही एक नाम इसके रचयिता ने स्पष्ट कहा है, इस सन्दर्भ मे यह प्रमाण पर्याप्त है।

यह उपांग एक उपांग के रूप में कब से माना गया ? और इसके दो अध्ययनो अथवा दो श्रुतस्कन्धों को दो उपांगों के रूप में कब से मान लिया गया ? ऐतिहासिक प्रमाण के अभाव मे क्या कहा जाय।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति के संकलनकर्ता :

प्रश्न उठता है—"ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" के संकलनकर्ता कौन थे ?

इस प्रश्न का निश्चित समाधान सम्भव नही है, क्योंकि संकलनकर्ता का नाम कही उपलब्ध नही है।

"चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति को कुछ ने गणधरकृत लिखा है। संभव है इसका आधार चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ की चतुर्थ गाथा[3] को मान लिया गया है। किन्तु इस गाथा से यह गौतम-गणधरकृत है" यह कैसे सिद्ध हो सकता है ?

इसके संकलनकर्ता कोई पूर्वधर या श्रुतधर स्थविर है जो यह कह रहे है कि "इन्द्रभूति" नाम के गौतम गणधर भगवान् महावीर को तीन योग से वंदना करके "ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" के सम्बन्ध में पूछते है।

इस गाथा में "पुच्छइ" क्रिया का प्रयोग अन्य किसी संकलनकर्ता ने किया है।

---

१. गाहाओ—
फुड-वियड-पागडत्थं, वुच्छं पुव्वसुय-सार-णिस्संदं ॥
सुहुम गणिणोवइट्ठं, जोइसगणराय-पण्णत्ति ॥ ३ ॥
नामेण इदभूइत्ति, गोयमो वंदिउण तिविहेणं ॥
पुच्छइ जिणवरवसह, जोइसरायस्स पण्णत्ति ॥ ४ ॥

२. गाहा—
इय एस पागडत्था, अभव्वजणहियय-दुल्लभा इणमो ॥
उक्कित्तिया भगवती, जोइसरायस्स पण्णत्ति ॥ १ ॥

३ नामेण इंदभूइत्ति, गोयमो वंदिउण तिविहेण ॥
पुच्छइ जिणवरवसहं, जोइसरायस्सपण्णत्ति ॥ ४ ॥

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का संकलन काल :

भगवान् महावीर और निर्युक्तिकार भद्रबाहु—इन दोनों के बीच का समय इस ग्रन्थराज का संकलन काल कहा जा सकता है क्योंकि भद्रबाहुकृत "सूर्यप्रज्ञप्ति की नियुक्ति" वृत्तिकार आचार्य मलयगिरि के पूर्व ही नष्ट हो गई थी ऐसा वे सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति में स्वयं लिखते हैं।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति एक स्वतन्त्र कृति है :

संकलनकर्ता चन्द्रप्रज्ञप्ति की द्वितीय गाथा[1] मे पाँच पदों को वंदन करता है और तृतीय गाथा[2] में वह कहता है कि "पूर्वश्रुत का सार निष्पन्दन-झरणा" रूप स्फुट-विकट सूक्ष्म गणित को प्रगट करने के लिए "ज्योतिषगण-राज-प्रज्ञप्ति" को कहूँगा इससे स्पष्ट ध्वनित होता है—यह एक स्वतन्त्र कृति है।

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रत्येक सूत्र के प्रारम्भ में "ता" का प्रयोग है। यह "ता" का प्रयोग इसको स्वतन्त्र कृति सिद्ध करने के लिए प्रबल प्रमाण है।

इस प्रकार का "ता" का प्रयोग किसी भी अंग-उपांगों के सूत्रों मे उपलब्ध नही है।

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रत्येक प्रश्नसूत्र के प्रारम्भ मे 'भंते !" का और उत्तर सूत्र के प्रारम्भ में 'गोयमा" का प्रयोग नहीं है जबकि अन्य अंग-उपांगों के सूत्रो मे "भंते और गोयमा" का प्रयोग प्रायः सर्वत्र है, अतः यह मान्यता निर्विवाद हे कि "यह कृति पूर्ण रूप से स्वतन्त्र संकलित कृति है।

ग्रन्थ एक उत्थानिकायें दो :

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति की एक उत्थानिका चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी हुई गाथाओं की है और दूसरी उत्थानिका गद्य सूत्रों की है।

इन उत्थानिकाओ का प्रयोग विभिन्न प्रतियो के सम्पादको ने विभिन्न रूपो मे किया है।

१. किसी ने दोनों उत्थानिकायें दी है।

२. किसी ने एक गद्य,सूत्रों की उत्थानिका दी है।

३. किसी ने एक पद्य-गाथाओं की उत्थानिका दी है।

इसी प्रकार प्रशस्ति गाथायें चन्द्रप्रज्ञप्ति के अन्त मे और सूर्यप्रज्ञप्ति के अन्त मे भी दी है। जबकि ये गाथायें ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति के अन्त में दी गई थी।

संभव है ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति को जब दो उपांगों के रूप मे विभाजित किया गया होगा, उस समय दोनों उपागो के अन्त मे समान प्रशस्ति गाथायें दे दी गई।

---

१. नमिऊण सुर-असुर-गरुल-भुसगपरि वंदिए गयकिलेसे ॥
अरिहे सिद्धायरिए उवज्झाय सव्वसाहू य ॥ २ ॥

२. फुड-वियड-पागडत्थं, वुच्छं पुव्वसुय-सार णिस्संद ॥
सुहुमं गणिणोवइट्ठं, जोइसगणराय-पण्णत्तिं ॥ ३ ॥

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति की संकलन शैली का वैचित्र्य :

चिर अतीत में ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का संकलन किस रूप में रहा होगा ? यह तो आगम-साहित्य के इतिहास-विशेषज्ञों का विषय है किन्तु वर्तमान मे उपलब्ध चन्द्रप्रज्ञप्ति तथा सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी गई विषय-निर्देशक समान गाथाओं में प्रथम प्राभृत का प्रमुख विषय "सूर्य मण्डलों में सूर्य की गति का गणित" सूचित किया गया है, किन्तु दोनों उपांगों का प्रथम सूत्र मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का है।

सूर्य सम्बन्धी गणित और चन्द्र सम्बन्धी गणित के सभी सूत्र यत्र-तत्र विकीर्ण हैं। ग्रह-नक्षत्र और ताराओं के सूत्रों का भी व्यवस्थित क्रम नही है। अतः आगमों के विशेषज्ञ सम्पादक, श्रमण या सद्गृहस्थ इन उपांगों को आधुनिक सम्पादन शैली से सम्पादित करें तो गणित ज्ञान की आशातीत वृद्धि हो सकती है।

प्रथम प्राभृत के पाँचवें प्राभृत-प्राभृत में दो सूत्र हैं। सोलहवें सूत्र मे सूर्य की गति के सम्बन्ध में अन्य मान्यताओं की पाँच प्रतिपत्तियाँ हैं और सत्रहवें सूत्र में स्वमान्यता का प्ररूपण है।

इस प्रकार अन्य मान्यताओं का और स्वमान्यता का दो विभिन्न सूत्रों मे निरूपण अन्यत्र नही है।

संकलन काल की दुविधा :

गणधर अंग आगमों को सूत्रागमों के रूप मे पहले संकलित करता है और श्रुतधर स्थविर उपांगों को बाद में संकलित करते हैं। संकलन का यह कालक्रम निर्विवाद है।

अंग आगमों को संकलित करने वाला गणधर एक होता है और उपांग आगमों को संकलित करने वाले श्रुतधर विभिन्न काल में विभिन्न होते हैं अतः उनकी धारणायें तथा संकलन पद्धति समान होना संभव नही है।

स्थानांग अंग आगम है। इसके दो सूत्रों मे[1] चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के नामों का निर्देश दुविधा-जनक है क्योंकि स्थानांग के पूर्व चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति का संकलन होने पर ही उनका उसमें निर्देश संभव हो सकता है।

इस विपरीत धारणा के निवारण के लिए बहुश्रुतों को समाधान प्रस्तुत करना चाहिए किन्तु समाधान प्रस्तुत करने से पूर्व उन्हें यह ध्यान मे रखना चाहिए, कि यह संक्षिप्त वाचना की सूचना नहीं है—ये दोनों अलग-अलग सूत्र हैं।

नक्षत्र गणनाक्रम में परस्पर विरोध है ?

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के दशम-प्राभृत के प्रथम प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र गणनाक्रम की स्वमान्यता का प्ररूपण है—तदनुसार अभिजित् से उत्तराषाढा पर्यन्त २८ नक्षत्रों का गणना क्रम है किन्तु स्थानांग अ. २, उ. ३, सूत्रांक ९५ में तीन गाथाएँ नक्षत्र गणना क्रम की हैं और यही तीन गाथाएँ अनुयोग-द्वार के उपक्रम विभाग में सूत्र १८५ में हैं।

---

१. क—स्थानांग अ. ३, उ. २, सू. १६०।
ख—स्थानांग अ. ४, उ. १, सू. २७७।

स्थानांग अंग आगम है—इसमे कहा गया नक्षत्र गणनाक्रम यदि स्वमान्यता के अनुसार है तो सूर्यप्रज्ञप्ति में कहे गए नक्षत्र गणनाक्रम को स्वमान्यता का कैसे माना जाय ? क्योंकि उपाग की अपेक्षा अंग आगम की प्रामाणिकता स्वतः सिद्ध है।

यदि स्थानांग में निर्दिष्ट नक्षत्र गणनाक्रम को किसी व्याख्याकार ने अन्य मान्यता का मान लिया हो तो परस्पर विरोध निरस्त हो जाता है।

प्राभृत पद का परमार्थ[1] :

सूर्यप्रज्ञप्ति-वृत्ति के अनुसार प्राभृत शब्द के अर्थ—

इष्ट पुरुष के लिए देश-काल के योग्य हितकर दुर्लभ वस्तु अर्पित करना।

अथवा जिस पदार्थ से मन प्रसन्न हो ऐसा पदार्थ इष्ट पुरुष को अर्पित करना ये दोनो शब्दार्थ हैं।

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति से सम्बन्धित अर्थ—

विनयादि गुण सम्पन्न शिष्यों के लिए हेतु कालोपयोगी शुभफलप्रद दुर्लभ ग्रन्थ स्वाध्याय हेतु देना।

यहाँ "देशकालोपयोगी" विशेषण विशेष ध्यान देने योग्य है।

कालिक और उत्कालिक

नन्दी सूत्र मे गमिक को "उत्कालिक" और आगमिक को "कालिक" कहा है।

---

१ क—अथ प्राभृतमिति का शब्दार्थ ?

उच्यते—इह प्राभृतं नाम लोके प्रसिद्ध यदभीष्टाय पुरुषाय देश-कालोचित दुर्लभ-वस्तु-परिणामसुन्दरमुपनीयते।

ख—प्रकर्षेण आममन्ताद् भ्रियते-पोष्यते चित्तमभीष्टस्य पुरुषस्यानेनेति प्राभृतम्।

ग—विवक्षिता अपि च ग्रन्थपद्धतयः परमदुर्लभा परिणामसुन्दरा स्वाभीष्टेभ्योविनयादिगुणकलितेभ्य: शिष्येभ्यो देश-कालो चित्येनोपनीयन्ते।

सूर्य० सू० ६ वृत्ति० पत्र ७ का पूर्वभाग

श्वेताम्बर परम्परा मे चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के अध्ययन आदि विभागों के लिए "प्राभृत" शब्द प्रयुक्त है।

दिगम्बर परम्परा के कषायपाहुड आदि सिद्धान्त ग्रन्थों के लिए "पाहुड" शब्द के विभिन्न अर्थ।

१—जिसके पदस्फुट—व्यक्त है वह "पाहुड" कहा जाता है।

२—जो प्रकृष्ट पुरुषोत्तम द्वारा आभृत = प्रस्थापित है वह "पाहुड" कहा जाता है।

३—जो प्रकृष्ट ज्ञानियो द्वारा आभृत = धारण किया गया है अथवा परम्परा से प्राप्त किया गया है वह "पाहुड" कहा जाता है।

जैनेन्द्र सिद्धान्तकोष से उद्धृत

दृष्टिवाद गमिक है[१] दृष्टिवाद का तृतीय विभाग पूर्वगत है[२] उसी पूर्वगत से ज्योतिष गण-राज-प्रज्ञप्ति (चन्द्रप्रज्ञप्ति-सूर्यप्रज्ञप्ति) का निर्यूहण किया गया है, ऐसा चन्द्रप्रज्ञप्ति की उत्थानिका की तृतीय गाथा से ज्ञात होता है।

अंग-उपांगों का एक दूसरे से सम्बन्ध है, ये सब आगमिक हैं अतः वे सब कालिक हैं।

उसी नन्दी सूत्र के अनुसार चन्द्रप्रज्ञप्ति कालिक है[३] और सूर्यप्रज्ञप्ति उत्कालिक है[४]।

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के कतिपय गद्य-पद्य सूत्रों के अतिरिक्त सभी सूत्र अक्षरशः समान हैं अतः एक कालिक और एक उत्कालिक किस आधार पर माने गए है ?

यदि इन दोनों उपांगों में से एक कालिक और एक उत्कालिक निश्चित है तो "इनके सभी सूत्र समान नहीं थे" यह मानना ही उचित प्रतीत होता है, काल के विकराल अन्तराल में इन उपांगों के कुछ सूत्र विच्छिन्न हो गए और कुछ विकीर्ण हो गए हैं।

मूल अभिन्न और अर्थ अभिन्न

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के मूल सूत्रों में कितना साम्य है ? यह तो दोनों के आद्योपान्त अवलोकन से स्वतः ज्ञात हो जाता है—किन्तु चन्द्रप्रज्ञप्ति के सभी सूत्रों की चन्द्र परक व्याख्या और सूर्यप्रज्ञप्ति के सभी सूत्रों की सूर्य परक व्याख्या अतीत में उपलब्ध थी। यह कथन कितना यथार्थ है ? कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि ऐसा किसी टीका निर्युक्ति आदि में कहीं कहा नहीं है।

यदि इस प्रकार का उल्लेख किसी टीका-निर्युक्ति आदि में देखने में आया हो तो प्रकाशित करें।

एक के अनेक अर्थ असंभव नहीं

एक श्लोक या एक गाथा के अनेक अर्थ असम्भव नहीं हैं। द्विसंधान, पंचसंधान, सप्तसंधान आदि काव्य वर्तमान में उपलब्ध हैं। इनमें प्रत्येक श्लोक की विभिन्न कथा परक टीकायें देखी जा सकती है। किन्तु चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के सम्बन्ध में बिना किसी प्रबल प्रमाण के भिन्नार्थ कहना उचित प्रतीत नही होता।

विरोध भी, व्यवहार भी

ज्योतिषशास्त्र निमित्त शास्त्र माना गया है। इसका विशेष शुभाशुभ जानने में सफल हो सकता है।

मानव की सर्वाधिक जिज्ञासा भविष्य जानने की होती है क्योंकि वह इष्ट का संयोग एवं कार्य की सिद्धि चाहता है।

---

१. नन्दीसूत्र गमिक आगमिक श्रुत सूत्र ४४
२ नदीसूत्र दृष्टिवाद श्रुत सूत्र ९०
३. नन्दीसूत्र उत्कालिक श्रुत सूत्र ४४
४. नन्दीसूत्र कालिक श्रुत सूत्र ४४

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति ज्योतिष विषय के उपांग है—यद्यपि इनमें गणित अधिक है और फलित अत्यल्प है फिर भी इनका परिपूर्ण ज्ञाता शुभाशुभ निमित्त का ज्ञाता माना जाता है—यह धारणा प्राचीन काल से प्रचलित है।

ग्रह-नक्षत्र मानवमात्र के भावी के द्योतक हैं अतएव इनका मानव जीवन के साथ व्यापक सम्बन्ध है।

निमित्त शास्त्र के प्रति जो मानव की अगाध श्रद्धा है वह भी ग्रह-नक्षत्रों के शुभाशुभ प्रभाव के कारण ही है।

श्रमण समाचारी के अनुसार निमित्त शास्त्र का उपयोग या प्रयोग सर्वथा निषिद्ध है—अतएव निमित्त का प्रयोक्ता "पापश्रमण"[1] एवं आसुरी भावना वाला[2] माना गया है।

जन्म, जरा, मरण से त्राण देने में निमित्त शास्त्र का ज्ञान सर्वथा असमर्थ है[3]।

ऐसे अनेक निषेधों के होते हुए भी आगमों में निमित्त शास्त्र-सम्बन्धी अनेक सूत्र उपलब्ध है। यथा—

१—ज्ञान वृद्धि करने वाले दश नक्षत्र हैं[4]

२—मानव के सुख-दु:ख के निमित्त ग्रह-नक्षत्र हैं[5]

प्रव्रज्यायोग तथा प्रव्रज्या प्रदान के तिथि नक्षत्रादि का विधान भी जैनाचार्यों ने किया है।

अन्तिम तीर्थंकर महावीर के निर्वाण काल में आए हुए भस्मग्रह के भावी परिणामों ने तो भावुक भव्य जनों के मानस पर असीम असर किया है—यह भी निमित्त शास्त्र की ही देन है[6]।

ज्योतिषीदेवों का जीव जगत् से सम्बन्ध

इस मध्यलोक के मानव और मानवेतर प्राणि जगत् से चन्द्र आदि ज्योतिषी देवों का शाश्वत सम्बन्ध है। क्योंकि वे सब इसी मध्यलोक के स्वयं प्रकाशमान देव है और वे इस भूतल के समस्त पदार्थों को प्रकाश प्रदान करते रहते हैं।

ज्योतिष लोक और मानव लोक का प्रकाश्य-प्रकाशक भाव सम्बन्ध इस प्रकार है।

चन्द्र शब्द को रचना

चदि आह्लादने धातु से "चन्द्र" शब्द सिद्ध होता है।
चन्द्रमाह्लादं मिमीते निर्मिमीते इति चन्द्रमा

१. उत्त० अ० १७, गाथा १८
२. उत्त० अ० ३६, गाथा २६६
३. उत्त० अ० २०, गाथा ४५
४. स्था० अ० १०, सू० ७८१ सम० १०
५. रयणिकर-दिणकराणं, णक्खत्ताण महग्गहाणं च ॥
चार-विसेसेण भवे सुह-दुक्खविही मणुस्साणं ॥ (सूर्य० प्रा० १० प्रा-प्रा १९ सू०)
६. जीवा० प्रति० ३, सूत्र १

प्राणि जगत् के आह्लाद का जनक चन्द्र है इसलिए चन्द्र दर्शन की परम्परा प्रचलित है।

चन्द्र के पर्यायवाची अनेक हैं उनमें कुछ ऐसे पर्यायवाची हैं जिनसे इस पृथ्वी के समस्त पदार्थों से एवं पुरुषों से चन्द्र का प्रगाढ़ सम्बन्ध सिद्ध है।

कुमुद बान्धव

जलाशयों में प्रफुल्लित कुमुदिनी का बन्धु चन्द्र है इसलिए यह "कुमुद बान्धव" कहा जाता है।

कलानिधि चन्द्र के पर्याय हिमांशु, शुभ्रांशु, सुधांशु की अमृतमयी कलाओं से कुमुदिनी का सीधा सम्बन्ध है।

इसकी साक्षी है राजस्थानी कवि की सूक्ति

दोहा—जल मे बसे कुमुदिनी, चन्दा बसे आकाश।
जां जाहु के मन बसे, सो ताहु के पास॥

औषधीश

जगल की जड़ो-बूटियाँ "औषधि" है - उनमे रोगनिवारण का अद्भुत सामर्थ्य सुधांशु की सुधामयी रश्मियो से आता है।

मानव आरोग्य का अभिलाषो है, वह ओषधियों से प्राप्त होता है—इसलिए औषधोश चन्द्र से मानव का घनिष्ट सम्बन्ध है।

निशापति

निशा = रात्रि का पति-चन्द्र है।

श्रमजीवी दिन मे "श्रम" करते है और रात्रि में विश्राम करते है।

आह्लादजनक चन्द्र की चन्द्रिका मे विश्रान्ति लेकर मानव स्वस्थ हो जाता है। इसलिए मानव का निशानाथ से अति निकट का सम्बन्ध सिद्ध होता है। जैनागमो में चन्द्र के एक "शशि" पर्याय की ही व्याख्या है[1]।

---

१. ससी सद्दस्स विमिट्ठत्थं ...

प्र० से केणट्ठेणं भंते। एव वुच्चइ—चदे ससी, चंदे ससी ?

उ० गोयमा! चदस्स णं जोउसिदस्स जोइसरण्णो मियंके विमाणे, कन्ता देवा कंता देवा कंताओ, देवीओ कंताइ आसण सयण-त्थभ भंडमत्तोवगरणाइ, अप्पणा वि य ण चदे जोतिसिंदे जोइसराया सोमे कंते सुभए पियदसणे सुरूवे, से तेणट्ठेण गोयमा! एव वुच्चइ—"चदे ससी चदे ससी"।

भग. सू. १२, उ. ६. सु. ४।

शशि शब्द का विशिष्टार्थ—

प्र० हे भगवन्! चंद्र को "शशि" किस अभिप्राय से कहा जाता है ?

उ० हे गौतम! ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिषराज चन्द्र के मृगांक विमान में मनोहर देव, मनोहर देवियाँ,

सूर्य शब्द की रचना

षू प्रेरण धातु से "सूर्य" शब्द सिद्ध होता है।
सुवति-प्रेरयति कर्मणि लोकान् इति सूर्यः।
जो प्राणिमात्र को कर्म करने के लिए प्रेरित करता है वह "सूर्य" है।
"सूरज" ग्रामीण जन "सूर्य" को 'सूरज" कहते हैं।
सु+ऊर्ज से सूर्ज या सूरज उच्चारण होता है।
सु श्रेष्ठ—ऊर्ज = ऊर्जा = शक्ति।
सूर्य से श्रेष्ठ शक्ति प्राप्त होती है।

सूर्य के पर्याय अनेक हैं। इनमे कुछ ऐसे पर्याय हैं, जिनसे सूर्य का मानव के साथ सहज सम्बन्ध सिद्ध होता है।

सहस्रांशु :—सूर्य की सहस्र रश्मियों से प्राणियों को जो "उष्मा" प्राप्त होती है, वही जगत् के जीवों का जीवन है।

प्रत्येक मानव शरीर मे जब तक उष्मा—गर्मी रहती है, तब तक जोवन है। उष्मा समाप्त होने के साथ ही जीवन समाप्त हो जाता है।

भास्कर, प्रभाकर, विभाकर, दिवाकर द्युमणि, अहर्पति, भानु आदि पर्यायो से "सूर्य" प्रकाश देने वाला देव है।

मानव की सभी प्रवृत्तियां प्रकाश मे ही होती हैं। प्रकाश के बिना वह अकिञ्चित् कर है।
सूर्य के ताप से अनेक रोगों की चिकित्सा होती है।
सौर ऊर्जा से अनेक यन्त्र शक्तियो का विकास हो रहा है।
इस प्रकार मानव का सूर्य से शाश्वत सम्बन्ध है।

तथा मनोज्ञ आसन-शयन-स्तम्भ-भाण्ड-पात्र आदि उपकरण है और ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिपराज चन्द्र स्वयं भी सौम्य, कान्त, सुभग, प्रियदर्शन एव सुरूप हैं।
हे गौतम ! इस कारण से चन्द्र को "शशि" (या सश्री) कहा जाता है।

सूर सद्दस्स विसिट्ठत्थं—

प्र० से केणट्ठेण भंते ! एवं वुच्चइ—"सूरे आदिच्चे सूरे आदिच्चे" ?

उ० गोयमा ! सूरादीया णं समया इ वा, आवलिया इ वा, जाव ओसप्पिणी इ वा उस्सप्पिणी इ वा। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एव वुच्चइ—"सूरे आदिच्चे सूरे आदिच्चे।

भग. स. १२, उ. ६, सु. ५

सूर्य शब्द का विशिष्टार्थ—

प्र० हे भगवन् ! सूर्य को "आदित्य" किस अभिप्राय से कहा जाता है ?

उ० हे गौतम ! समय, आवलिका यावत् अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी काल का आदि कारण सूर्य ह। हे गौतम ! इस कारण से सूर्य "आदित्य" कहा जाता है।

जैनागमों में सूर्य के एक "आदित्य" पर्याय की व्याख्या द्वारा सभी काल विभागों का आदि सूर्य कहा गया है।

नक्षत्र और नर समूह

नक्षत्र शब्द की रचना :

१. न क्षदते हिनस्ति "क्षद" इति सौत्रो धातु हिंसार्थ आत्मने पदी। ष्ट्रन (उ. ४।१५९) नभ्राण्नपाद् (६।३।७५) इति नञः प्रकृति भावः।

२. णक्ष गतौ (भ्वा. प. से.) नक्षति।
असि-नक्षि-यजि-वधि-पतिभ्यो त्रन् (उ. ३।१०५) प्रत्यये कृते।

३. न क्षणोति क्षणुहिंसायाम् (त. उ. से. (ष्ट्रन्) उ. ४।१५९) न क्षत्र।

४. न क्षत्रं देवत्वात् क्षत्र भिन्त्वात्।

जो क्षत = खतरे से रक्षा करे वह "क्षत्र" कहा जाता है। उस "क्षत्र" का जो "रक्षा करना" धर्म है वह "क्षात्र धर्म" कहा जाता है। क्षत्र की सन्तान "क्षत्रिय" कही जाती है।

इस भूतल के रक्षक नर "क्षत्र" हैं और नभ आकाश में रहने वाले रक्षक देव "नक्षत्र" हैं। इन नक्षत्रों का नर क्षत्रों से सम्बन्ध नक्षत्र सम्बन्ध है।

अट्ठाईस नक्षत्रों मे से "अभिजित्" नक्षत्र को व्यवहार मे न लेकर सत्ताईस नक्षत्रों से व्यवहार किया है।

प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण है अर्थात् चार अक्षर है। इस प्रकार सत्ताईस नक्षत्रों के १०८ अक्षर होते हैं।

इन १०८ अक्षरों को बारह राशियो मे विभक्त करने पर प्रत्येक राशि के ९ अक्षर होते हैं।

इस प्रकार सत्ताईस नक्षत्रो एवं बारह राशियों के १०८ अक्षरों से प्रत्येक प्राणी एवं पदार्थों के "नाम" निर्धारित किये जाते है।

यह नक्षत्र और नर समूह का त्रैकालिक सम्बन्ध है।

चर, स्थिर आदि सात अन्ध, काण आदि चार इन ग्यारह संज्ञाओं से अभिहित ये नक्षत्र प्रत्येक कार्य की सिद्धि आदि में निमित्त होते हैं।

तारा मण्डल

तारा शब्द की रचना :

तारा शब्द स्त्रीलिंग है।

तृ प्लवन-तरणयो-धातु से "तारा" शब्द की सिद्धि होती है। परन्ति अनया इति तारा।

सांयात्रिक जहाजी व्यापारियों के नाविक रात्रि में समुद्र यात्रा तारामण्डल के दिशा बोध से करते थे।

ध्रुव तारा सदा स्थिर रहकर उत्तर दिशा का बोध कराता है। शेष दिशाओं का बोध ग्रह, नक्षत्र और राशियों की नियमित गति से होता रहता है। इसलिए नौका आदि के तिरने में जो सहायक होते हैं वे तारा कहे जाते हैं।

रेगिस्तान की यात्रा रात्रि मे सुखपूर्वक होती है इसलिए यात्रा के आयोजक रात्रि में तारा से दिशा बोध करते हुए यात्रा करते हैं।

तारामण्डल के विशेषज्ञ प्रान्त का, देश का शुभाशुभ जान लेते है इसलिए ताराओं का इस पृथ्वीतल के प्राणियों से अतिनिकट का सम्बन्ध सिद्ध है।

इस प्रकार चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारें मानव के सुख दुःख के निमित्त है।

ग्रह शब्द को रचना—

ग्रह उपादाने धातु से ग्रह शब्द सिद्ध होता है।
जैनागमों में छः ग्रह और आठ ग्रह का उल्लेख है,[1]

चन्द्र-सूर्य को ग्रहपति माना है, शेष छः को ग्रह माना है राहु-केतु को भिन्न न मानकर एक केतु को ही माना है।

अट्ठासी ग्रह भी माने हैं[2]।

अन्य ग्रन्थों में नौ ग्रह माने गये है।

ग्रहों के प्रभाव के सम्बन्ध में वसिष्ठ और वृहस्पति नाम के ज्योतिर्विदाचार्य ने इस प्रकार कहा है।

वसिष्ठ :—
ग्रहा राज्यं प्रयच्छति, ग्रहा राज्यं हरन्ति च।
ग्रहेस्तु व्यापितं सर्वं, त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥

वृहस्पति :—
ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावरा:।
कालं ज्ञानं ग्रहाधीन, ग्रहाः कर्मफलप्रदाः ॥
　　३२वा गोचर प्रकरण।

वृहद्दैवज्ञरंजन, पृ० ८४

१　छ तारग्गहा पण्णत्ता, त जहा—
　१ सुक्को, २. बुहे, ३. बहस्सति, ४ अंगारके, ५. सणिच्छरे, ६. केतू।
　　ठाणं अ० ६, सु० ४८१।

२.　अट्ठ महग्गहा पण्णत्ता तं जहा—
　१. चंदे, २. सूरे, ३. सुक्के, ४. बुहे, ५. बहस्सति, ६. अंगारके, ७ सणिच्छरे, ८. केतू।
　　ठाणं ८, सु० ६१३।

गणितानुयोग का गणित सम्यक् श्रुत है

मिथ्याश्रुतों की नामावली में गणित को मिथ्याश्रुत माना है[1], इसका यह अभिप्राय नहीं है कि—"सभी प्रकार के गणित मिथ्याश्रुत हैं।

आत्मशुद्धि की साधना में जो गणित उपयोगी या सहयोगी नहीं है, केवल वही गणित "मिथ्याश्रुत" है ऐसा समझना चाहिए। यहां "मिथ्या" का अभिप्राय "अनुपयोगी" है—झूठा नहीं।

वैराग्य की उत्पत्ति के निमित्तों में लोक भावना अर्थात् लोक स्वरूप का विस्तृत ज्ञान भी एक निमित्त है[2], अतः अधो, मध्य और उर्ध्व लोक से सम्बन्धित सारा गणित "सम्यक्श्रुत" है, क्योंकि यह गणित आजीविका या अन्यान्य सावद्य क्रियाओं का हेतु नहीं हो सकता है।

स्थानांग, समवायांग और व्याख्याप्रज्ञप्ति—इन तीनों अंगों में तथा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, चन्द्र-प्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति—इन तीनो उपांगों में गणित सम्बन्धी जितने सूत्र हैं वे सब सम्यक् श्रुत हैं क्योंकि अंग-उपांग सम्यक् श्रुत है।

अन्य मान्यताओं के उद्धरण :—

स्वमान्यताओं का प्ररूपण :—

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति में अनेक अन्य मान्यताओं के उद्धरण दिए गए हैं साथ ही स्वमान्यताओं के प्ररूपण भी किए गए हैं।

अन्य मान्यताओं का सूचक "प्रतिपत्ति" शब्द है

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति मे जितनी प्रतिपत्तियां हैं उनकी सबकी सूची इस प्रकार है—

सूर्यप्रज्ञप्ति में प्रतिपत्तियों की संख्या

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्र	प्रतिपत्ति संख्या
१	४	१५	६ प्रतिपत्तियां
१	५	१६	५ प्रतिपत्तियां
०	०	१७	स्वमत कथन
१	६	१८	७ प्रतिपत्तियां
१	७	१९	८ प्रतिपत्तियां "एक के समान स्वमान्यता"
१	८	२०	३ प्रतिपत्तियां
२	१	२१	८ प्रतिपत्तियां
२	२	२२	२ प्रतिपत्तियां
२	३	२३	४ प्रतिपत्तियां
३	०	२४	१२ प्रतिपत्तियां

१. नन्दीसूत्र सूत्र ७७

२. जगत्कायस्वभावौ च संवेग-वैराग्यार्थम्

तत्त्वार्थसूत्र अ. ७ सूत्र ७

४	०	२५	१६	प्रतिपत्तियां
५	०	२६	२०	प्रतिपत्तियां
६	०	२७	२५	प्रतिपत्तियां
७	०	२८	२०	प्रतिपत्तियां
८	०	२९	३	प्रतिपत्तियां
९	०	३०	३	प्रतिपत्तियां
०	०	३१	२५	प्रतिपत्तियां
०	०	०	२	प्रतिपत्तियां[1]
०	०	०	९६	प्रतिपत्तिया
१०	१	३२	५	प्रतिपत्तियां
१०	२१	५९	५	प्रतिपत्तियां
१७	०	८८	२५	प्रतिपत्तियां
१८	०	८९	२५	प्रतिपत्तियां
१९	०	१००	१२	प्रतिपत्तियां
२०	०	१०२	२	प्रतिपत्तियां
२०	०	१०३	२	प्रतिपत्तियां

एक व्यापक भ्रान्ति

दोनों उपांगों के दसवें प्राभृत के सत्रहवें प्राभृत-प्राभृत में प्रत्येक नक्षत्र का पृथक्-पृथक् भोजन विधान है।

---

१ क—इन प्रतिपत्तियों के पूर्व के प्रश्नसूत्र विच्छिन्न हैं।

ख—इन प्रतिपत्तियों के बाद स्वमत प्रतिपादक सूत्रांश भी विच्छिन्न है।

उपागद्वय के सकलनकर्ता ने प्रतिपत्तियो के जितने उद्धरण दिए है उनके प्रमाणभूत मूल ग्रन्थों के नाम ग्रन्थकारों के नाम अध्याय, श्लोक, सूत्रांक आदि नही दिए है।

बहुश्रुतो का कर्तव्य :

उपागद्वय मे उद्धृत प्रतिपत्तियों के स्थल निर्देश करना प्रमाणभूत ग्रन्थ मे प्रतिपत्ति की मूल वाक्यावली देकर अन्य मान्यता का निरसन करना और स्वमान्यताओ का युक्तिसंगत प्रतिपादन करना इत्यादि आधुनिक पद्धति की सम्पादन प्रक्रिया से सम्पन्न करके उपाग द्वय को प्रस्तुत करना।

अथवा—किसी शोध संस्थान के माध्यम से चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति पर विस्तृत शोध निबन्ध लिखवाना।

किसी योग्य श्रमण-श्रमणी या विद्वान् को शोध निबन्ध के लिए उत्साहित करना।

शोध निबन्ध लेखन के लिए आवश्यक ग्रन्थादि की व्यवस्था करना।

शोध निबन्ध लेखक का सम्मान करना।

ये सब श्रुतसेवा के महान् कार्य है।

इनमें मांस भोजन के विधान भी हैं।

इन्हें देखकर सामान्य स्वाध्यायी के मन में एक आशंका उत्पन्न होती है।

ये दोनों उपांग आगम हैं—इनमें ये मांस भोजन के विधान कैसे हैं ?

यह आशंका अज्ञात काल से चली आ रही है।

सूर्यप्रज्ञप्ति के वृत्तिकार मलयगिरि ने भी इन मांस भोजन विधानों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का ऊहापोह या स्पष्टीकरण नहीं किया है।

एक कृत्तिका नक्षत्र के भोजन विधान की व्याख्या करके शेष नक्षत्रों के भोजन कृत्तिका के समान समझने की सूचना दी है।

शेष नक्षत्रों के भोजन विधानों की व्याख्याएँ न करने के सम्बन्ध में यह कल्पना है कि—मांसवाची शब्दों की व्याख्या क्या की जाय ?

अथवा मांसवाची भोजनों को वनस्पतिवाची सिद्ध करने की क्लिष्ट कल्पना करना उन्हे उचित नहीं लगा होगा ? या उस समय ऐसी कोई परम्परागत धारणा रही न होगी ?

स्व० पूज्य श्रीघासीलालजी म० ने सभी मांसवाची भोजनों को वनस्पतिवाची सिद्ध करने का प्रयास किया है।

स्पष्टीकरण

जैनागमों मे नक्षत्र गणना का क्रम अभिजित से प्रारम्भ होकर उत्तराषाढा पर्यन्त का है। प्रस्तुत प्राभृत के इस सूत्र में नक्षत्र का क्रम कृत्तिका से प्रारम्भ होकर भरणी पर्यन्त का है[1],

१ चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के संकलनकर्ता श्रुतधर स्थविर ने नक्षत्र गणना क्रम की पाँच विभिन्न मान्यताओं का निरूपण करके स्वमान्यता का प्ररूपण किया है।

पाँच अन्य मान्यताओं का निरूपण—

अट्ठाईस नक्षत्रों का गणना क्रम—

१. कृत्तिका नक्षत्र से भरणी नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

२. मघा नक्षत्र से अश्लेषा नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

३. धनिष्ठा नक्षत्र से श्रवण नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

४. अश्विनी नक्षत्र से रेवती नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

५. भरणी नक्षत्र से अश्विनी नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

स्वमान्यता का प्ररूपण—

अभिजित नक्षत्र से उत्तराषाढा नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति दशम प्राभृत
प्रथम प्राभृत-प्राभृत सूत्रांक ३२

नक्षत्र गणना क्रम के इस विधान से यह स्पष्ट है कि दशम प्राभृत व सप्तदशम प्राभृत-प्राभृत में निरूपित नक्षत्र भोजन विधान सूर्यप्रज्ञप्ति के संकलनकर्ता की स्वमान्यता का नही है।

उपलब्ध अनेक ज्योतिष ग्रन्थों में भी यह नक्षत्र गणना का क्रम विद्यमान है—अतः यह स्पष्ट है कि प्रस्तुत नक्षत्र-भोजन-विधान का क्रम अन्य किसी ज्योतिष ग्रन्थ से उद्धृत है',

आश्चर्य यह है कि अब तक सम्पादित एवं प्रकाशित चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्तियों के अनुवादको आदि ने इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण लिखकर व्यापक भ्रान्ति के निराकरण के लिए मत्साहस नही किया।

१. कुल्माषास्तिलतण्डुलानपि तथा माषाश्च गव्यं दधि।
त्याज्यं दुग्धमथैणमासमपरं तस्यैव रक्तं तथा॥
तद्वत्पायसमेव चाषपलल मार्गं च शाश तथा।
षाष्टिक्यं च प्रियंगवपूपमथवा चित्राण्डजान् सत्फलम्॥
कौर्म सारिकगोधिक च पलल शाल्य हविष्य हया।
वर्क्षेस्यान्कृसरान्नमुद्गमपिना पिष्ट यवाना तथा॥
मत्स्यान्नं खलु चित्रितान्नमथवा दध्यन्नमेवं क्रमात्।
भक्ष्याऽभक्ष्यमिदं विचार्यमतिमान् भक्षेत्तथाऽऽलोकयेत्॥

नक्षत्र दोहद—

निर्विघ्न यात्रा के लिए नक्षत्र भोजनों का विधान :—

१. अश्विनी नक्षत्र मे यात्रा करते समय उडद, जौ आदि का उपयोग करें।
२ भरणी में तिल, चावल।
३. कृत्तिका में उडद।
४. रोहिणी मे गाय का दही।
५. मृगशिर से गाय का घृत।
६. आर्द्रा मे गाय का दूध।
७. पुनर्वसु में हरिण का मास।
८. पुष्य में हरिण का रक्त।
९. अश्लेषा मे क्षीर।
१०. मघा मे पपीहा का मांस।
११. पूर्वाफाल्गुनी में हरिण का मास।
१२. उत्तराफाल्गुनी मे शशक का मास।
१३. हस्त में साठी चावल।
१४. चित्रा में मालकागनी।
१५. स्वाति मे पूआ।
१६. विशाखा मे चित्र-विचित्र पक्षियों के मास।
१७. अनुराधा मे उत्तम फल।
१८. ज्येष्ठा में कछुए का मास।
१९. मूल मे सारिका पक्षी का मास।
२०. पूर्वाषाढ़ा में गोह का मास।

इन उपांगद्वय की संकलन शैली के अनुसार अन्य मान्यताओं के बाद स्वमान्यता का सूत्र रहा होगा ? जो विषम काल के प्रभाव से विच्छिन्न हो गया है—ऐसा अनुमान है।

सामान्य मनीषियों ने इस नक्षत्र-भोजन-विधान को और नक्षत्र गणना क्रम को स्वसम्मत मानने में बहुत बड़ी असावधानी की है।

इसी एक सूत्र के कारण उपांगद्वय के सम्बन्ध में अनेक चमत्कार की बातें कहकर भ्रान्तियाँ फैलाई गई हैं[1]।

इन भ्रान्तियों के निराकरण के लिए आज तक किसी भी बहुश्रुत ने अपने उत्तरदायित्व को समझकर समाधान करने का प्रयत्न नहीं किया है।

इसका परिणाम यह हुआ कि इन उपांगों का स्वाध्याय होना भी बन्द हो गया।

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति और अन्य ज्योतिष ग्रन्थों का तुलनात्मक चिन्तन :

दशम प्राभृत के

अष्टम प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र संस्थान

नवम प्राभृत-प्राभृत मे नक्षत्र, तारा संख्या

नक्षत्र स्वामी-देवता :—

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति में दशम प्राभृत के बारहवें प्राभृत-प्राभृत के सूत्र ४६ मे नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।

२१. उत्तराषाढा मे साही का मास

२२. अभिजित में मूंग

२३. श्रवण मे खिचडी

२४. धनिष्ठा में मूग-भात

२५. शतभिषक में जौ की पिष्ठी

२६. पूर्वाभाद्रपद मे मच्छी-चावल

२७. उत्तराभाद्रपद मे खिचडी

२८. स्वाति में दही-चावल

इसी प्रकार दिशा, वार और तिथियो के दोहद में भी धान्य, मास, फल आदि के विधान है। मुहूर्तचिन्तामणिकार ने लिखा है कि—देश-कुल के अनुसार जो भक्ष्य हो उसे खाकर और जो अभक्ष्य हो उसे देखकर यात्रा करे।

१. चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति की प्रस्तावना मे स्व० अमोलकऋषिजी म० ने लिखा है—
"ये चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति सूत्र कैसे प्रभाविक, चमत्कारी है व कितने ग्रह है ? यह कुछ जैनों से छिपा नही है। बडे-बडे महात्मा साधु भी इसका पठन मात्र करते अचकाते है, जिन जिनने इसका पठन किया उन उनने इसके चमत्कार देखे ऐसी दंत कथाये भी बहुत सी प्रचलित है।
चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति से सम्बन्धित चमत्कार की घटनाओ के दन्त कथाओ की श्रेणी मे सूचित कर कल्पित भय का निराकरण तो किया किन्तु नक्षत्र भोजन से सम्बन्धित तथ्यो का रहस्योद्घाटन करके वास्तविकता का दिग्दर्शन नही कराया।

मुहूर्तचिन्तामणि के नक्षत्र प्रकरण में नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।

इन दोनों के नक्षत्र देवता निरूपण में सर्वथा साम्य हैं। केवल नक्षत्र गणना क्रम का अन्तर है।

इसी प्रकार दशम प्राभृत के

तेरहवें प्राभृत- प्राभृत मे तीस मुहूर्तों के नाम,

चौदहवें प्राभृत-प्राभृत में पन्द्रह दिनों के और रात्रियों के नाम

पन्द्रहवें प्राभृत-प्राभृत में दिवस, तिथियों और रात्रि तिथियों के नाम

सोलहवें प्राभृत-प्राभृत मे नक्षत्र गोत्रों के नाम

सत्रहवे प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र भोजनों के विधान

बृहद् दैवज्ञरंजनम्, मुहूर्तमार्तण्ड आदि ग्रन्थों में ऊपर अंकित सभी विषय है—शोध निबन्ध लेखक तुलनात्मक अध्ययन करें।

चन्द्र सूत्र—

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्रांक	सूत्र संख्या
१०	२२	६३	१
१३	०	७९	१
१४	०	८२	१
			३

सूर्य सूत्र—

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्रांक	सूत्र संख्या
१	१	९-१०	२
१	३	१४	१
१	७	१९	१
२	१	२१	१
२	२	२२	१
५	०	२६	१
७	०	२८	१
			८

चन्द्र-सूर्य काल प्रमाण सूत्र—

१	१	११	१
१	२	१२-१३	२
१	४	१५	१
१	५	१६-१७	२
१	६	१८	१
१	८	२०	१
२	३	२३	१
३	०	२४	१
४	०	२५	१
६	०	२७	१
८	०	२९	१
९	०	३०-३१	२
१०	२	३३	१
१०	१८	५२	१
१६	०	८७	१
१७	०	८८	१
१८	०	९०	१
१८	०	९७	१
२०	०	१०२	१
२०	०	१०४	१
			२३

चन्द्र-नक्षत्र सूत्र—

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्रांक	सूत्र संख्या
१०	४	३६	१
१०	११	४४-४५	२
१०	२२	६२	१

चन्द्र-सूर्य-नक्षत्र सूत्र—

१०	२२	६०	१
१०	२२	६८-६९	२
११	०	७१	१
१५	०	८४-८५	३

ग्रह सम्बन्धित सूत्र—

२०	०	१०३	१
२०	०	१०६	१
२०	०	१०७	१
			३

नक्षत्र सम्बन्धित सूत्र—

१०	१	३२	१
१०	२	३४	१
१०	३	३५	१
१०	५	३७	१
१०	६	३८	१
१०	८	४१	१
१०	१०	४३	१
१०	१२	४६	१
१०	१६	५०	१
१०	१७	५१	१
१०	२१	५९	१
१०	२२	६१	१
१८	०	९३	१
			१३

तारा सम्बन्धित सूत्र—

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्रांक	सूत्र संख्या
१८	०	९६	१
			१

काल प्रमाण सूत्र—

१०	१३	४७	१
१०	१४	४८	१
१०	१५	४९	१
१०	१९	५३	१
१०	२०	५४-५८	४
१२	०	७२-७५	४
१३	०	८०	१

चन्द्र-सूर्य काल प्रमाण सूत्र—

१०	६	३९	१
१०	७	४०	१
१०	२२	६४-६७	४
१३	०	८१-८२	२

चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र काल प्रमाण सूत्र—

१२	०	७६-७८	३

चन्द्रादि पञ्चज्योतिष्क सूत्र—

१५	०	८३	१
१८	०	९१-९२	२
१८	०	९४-९५	२
१९	०	१००-१०१	२

स्थिति सूत्र

१८	०	९८	२

अल्प-बहुत्व सूत्र—

१८	०	९९	१

उपसंहार सूत्र—

२०	०	१०८	१

सूर्य सूत्र —

अध्ययन	उद्देशक	सूत्रांक
८	०	६५५

नक्षत्र सूत्र—

७	०	५८९
९	०	६९४

नक्षत्र स्वामी सूत्र—

२	३	९५

ग्रह सूत्र

२	३	९५
६	०	४८१
८	०	६१३
९	०	६९९

तारा सूत्र—

९	०	६७

नक्षत्र तारा सूत्र—

अध्ययन	उद्देशक	सूत्रांक	पृष्ठ	विशेष नक्षत्र तारा
३	४	२२७	८९	,,
५	३	४७२	२०३	,,
२	४	१२१	४५	,,
६	०	५३९	२१८	,,
५	३	४७२	२०३	,,
७	०	५८९	२४१	,,
१	०	४७	९	,,
४	४	३८६	१७१	,,

चन्द्र-सूर्य सूत्र सूची—

अध्ययन	उद्देशक	सूत्रांक
२	३	१०५
३	२	१६२
४	१	२७३
४	३	३३८

चन्द्र-नक्षत्र सूत्र—

६	०	५१७
८	०	६५६

नक्षत्र चन्द्र सूत्र—

८	०	६५६
९	०	६६९
१०	०	७८०

चन्द्रादि ज्योतिष्कदेव सूत्र—

२	३	९५
४	२	३०३
५	१	४०१

कालविभाग सूत्र—

२	४	१०६
५	३	४६०
८	०	६२०

प्रज्ञप्ति निर्देश सूत्र—

३	२	१६०
४	१	२७९

समवायांग

सूर्य के सूत्र

सूर्यमण्डल

१	सूर्यमण्डलों की संख्या	सम. ६५, सूत्रांक १
२	सूर्यमण्डलों की संख्या	सम. ८२, सू. १
३.	सूर्यमण्डल प्रमाण	सम. १३, सू. ८
४	सूर्यमण्डल समांश	सम. ६१, सू. ४
५.	प्रथम सूर्यमण्डल का आयाम-विष्कम्भ	सम. ९९, सू. ४
६.	द्वितीय सूर्यमण्डल का आयाम-विष्कम्भ	सम. ९९, सू. ५
७	तृतीय सूर्यमण्डल का आयाम-विष्कम्भ	सम. ९९, सू. ६
८	प्रत्येक सूर्यमण्डल में सूर्य की गति के मुहूर्त	सम. ६०, सू. १
९	सूर्य का आभ्यन्तर मण्डल मे उपसंक्रमण (भरतक्षेत्र से सूर्यदर्शन की दूरी का प्रमाण)	सम. ४७, सू. १
१०	सूर्य का बाह्यमण्डल में उपसंक्रमण (भरतक्षेत्र से सूर्यदर्शन की दूरी का प्रमाण)	सम. ३१, सू. ३
११	आभ्यन्तर तृतीयमण्डल में सूर्य का उपसंक्रमण (भरतक्षेत्र से सूर्यदर्शन की दूरी का प्रमाण)	सम. ३३, सू. ४
१२	सूर्य से ऊपर और नीचे सूर्य का तापक्षेत्र	सम. १९, सू. २
१३	रत्नप्रभा के ऊपर के सम भू-भाग से ऊपर-की ओर सूर्य की गति का क्षेत्र	सम. प्र. ४६
१४.	सूर्य का परिवार	सम. ८८, सू. १
१५	उत्तरायण से निवृत्त सूर्य का अहोरात्र-के प्रमाण पर प्रभाव	सम. ७८, सू. ३
१६.	दक्षिणायन से निवृत्त सूर्य का अहोरात्र-के प्रमाण पर प्रभाव	सम. ७८, सू. ४
१७.	उत्तर दिशा में प्रथम सूर्योदय की दूरी का प्रमाण	सम. ८०, सू. ७

समवायांग

चन्द्र के सूत्र

१.	चन्द्रमण्डल का समांश	सम. ६०, सू. ३
२.	कृष्णपक्ष में और शुक्लपक्ष में चन्द्र की हानि-वृद्धि का प्रमाण	सम. ६२, सू. ३
३.	चन्द्र का परिवार	सम. ८८, सू. २

× × ×

चन्द्र और सूर्य के संयुक्त

१. क्षेत्र आभ्यन्तर पुष्करार्ध में चन्द्र-सूर्य	सम. ७२, सू. ५
२. समुद्र कालोदसमुद्र में चन्द्र-सूर्य	सम. ४२, सू. २

× × ×

ग्रहों का सूत्र

१. शुक्र का उदयास्त	सम. १९, सू. ३

× × ×

ग्रह और चन्द्र का संयुक्त सूत्र

१. ध्रुव राहु से चन्द्र के आवृत-अनावृत विभागों का क्रम	सम १५, सू. ३/४

नक्षत्रों के सूत्र

१. जम्बूद्वीप में व्यवहार योग नक्षत्र	सम. २७, सू २
२ नक्षत्रों का समांश	सम. ६४, सू. ४
३. पूर्व द्वारवाले नक्षत्र	सम. ७, सू. ८
४. दक्षिण द्वारवाले नक्षत्र	सम. ७, सू. ९
५. पश्चिम द्वारवाले नक्षत्र	सम. ७, सू. १०
६. उत्तर द्वारवाले नक्षत्र	सम ७, सू. ११

× × ×

चन्द्र और नक्षत्रों के सूत्र

१. चन्द्र के साथ योग करने वाले नक्षत्र	सम. ५६, सू १
२. चन्द्र के साथ प्रमर्दयोग करने वाले नक्षत्र	सम ८, सू. ९
३ चन्द्र के साथ पन्द्रह मुहूर्त योग करने वाले नक्षत्र	सम. १५, सू. ५
४. चन्द्र के साथ उत्तर दिशा से योग करने वाले नक्षत्र	सम. ९, सू. ६
५. चन्द्र के साथ द्वयर्द्धक्षेत्र के नक्षत्रों का योगकाल	सम. ४५, सू. ७
६. चन्द्र के साथ अभिजित नक्षत्र का योगकाल	सम. ८, सू. ५

× × ×

ताराओं के सूत्र

१. उपरितन तारागणों का भ्रमण क्षेत्र	सम ९, सू ७

नक्षत्र-ताराओं के सूत्र

अश्विनी नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३, सू. ११
भरणी नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३, सू. १२
कृत्तिका नक्षत्र तारा संख्या	सम. ६, सू. ७
रोहिणी नक्षत्र तारा संख्या	सम. ५, सू. ९

मृगशिर नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३. सूत्र ६
आर्द्रा नक्षत्र तारा संख्या	सम. १, सू. २६
पुनर्वसु नक्षत्र तारा संख्या	सम. ५, सू. १०
पुष्य नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३, सू. ७
अश्लेषा नक्षत्र तारा संख्या	सम. ६, सू. ८
मघा नक्षत्र तारा संख्या	सम. ७, सू. ७
पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र तारा संख्या	सम. ४, सू. ८
उत्तराषाढ़ा नक्षत्र तारा संख्या	सम. ४, सू. ९
अभिजित नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३, सू. ९
श्रवण नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३, सू. २
धनिष्ठा नक्षत्र तारा संख्या	सम. ५, सू. १३
शतभिषक् नक्षत्र तारा संख्या	सम. १००, सू. २
पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र तारा संख्या	सम. २, सू. ५
उत्तराभाद्रपद नक्षत्र तारा संख्या	सम. २, सू. ६
रेवती नक्षत्र तारा संख्या	सम. ३१, सू. ६
उन्नीस नक्षत्रों की तारा संख्या	सम. ९८, सू. ७

व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती) में चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति से संबंधित सूत्र

ज्योतिषीदेवों के नामों के सूत्र—

भग० श० ३, उ० ७, सू० ४।४
भग० श० ८, उ० १, सू० १५
भग० श० ८, उ० १, सू० ३१
भग० श० ५, उ० ९, सू० १७

जम्बूद्वीप से स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त सभी द्वीप-समुद्रों मे ज्योतिष्को की सख्या—

भग० श० २, उ० २, सू० २-५

जीवा० (सू० १७५-१७७) के अनुसार जानने की सूचना।

मानुषोत्तर पर्वत के अन्दर और बाहर के ज्योतिषियों की उत्पत्ति का प्ररूपण—

भग० श० ८, उ० ८, सू० ४६-४७

ज्योतिषीदेवों के कर्मक्षय का प्ररूपण—

भग० श० १८, उ० ७, सू० ५१

सूर्य का स्वरूप, अर्थ, प्रभा, छाया और लेश्या का प्ररूपण—

भग० श० १४, उ० ९, सू० १३-१६

उदय, अस्त और मध्याह्न के समय सूर्य की समान ऊँचाई—

भग० श० ८, उ० ८, सू० ३६

उदय और अस्त के समय सूर्य के दूर तथा मूल में दीखने का कारण—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ३६

सूर्य की त्रैकालिक गति—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ३८

सूर्य की त्रैकालिक क्रिया—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ४३, ४४

सूर्य का ऊर्ध्व, अधो तापक्षेत्र प्रमाण—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ४५

सूर्य का छहों दिशाओं में त्रैकालिक प्रकाश—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ३९-४०

सूर्य का छहों दिशाओं में त्रैकालिक उद्योत—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ४१

उदय और अस्त के समय समान अन्तर से सूर्यदर्शन—
भग० श० १, उ० ६, सू० १

उदय और अस्त के समय सूर्य दर्शन—
भग० श० ८, उ० ८, सू० ३५

उदय के समय प्रकाशित क्षेत्र जितना ही सूर्य का तापक्षेत्र—
भग० श० १, उ० ६, सू० ४

जम्बूद्वीप में सूर्य की उदयास्त दिशायें तथा दिन-रात का प्रमाण—
भग० श० ५, उ० १, सू० ४-६

लवणसमुद्र, धातकीखण्ड, कालोदसमुद्र और पुष्करार्धद्वीप मे सूर्य को उदयास्त दिशायें तथा दिन-रात का प्रमाण—
भग० श० ५, उ० १, सू० २२-२७

चन्द्र के उदयास्त का प्ररूपण—
भग० श० ५, उ० १०, सू० १

चन्द्र की अग्रमहिषी संख्या—
भग० श० १०, उ० ५, सू० २८
भग० श० १२, उ० ६, सू० ६, ७

चन्द्र-सूर्य शब्दों के विशेषार्थ—
भग० श० १२, उ० ६, सू० ४-५

चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण—
चन्द्रमण्डल, सूर्यमण्डल—
प्रतिचन्द्र प्रतिसूर्य—
भग० श० ३, उ० ७, सू० ४, ५

चन्द्र और सूर्य के काम-भोगों की विशेषता—
भग० श० १२, उ० ६, सू० ८

चन्द्र और सूर्य के पुद्गलों का प्रकाश—

भग० श० १४, उ० ९, सू० २,३

ज्योतिष्कों के दो इन्द्र—

भग० श० ३, उ० ८, सू० ५

जीवाजीवाभिगम में चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति से संबन्धित सूत्र

चन्द्र परिवार सूत्र — जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९४

× × ×

सूर्य परिवार सूत्र — जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९४

× × ×

नक्षत्रों का सूत्र—
नक्षत्रो के आभ्यन्तर और बाह्य,
ऊपर ओर नीचे गति करने वाले नक्षत्र

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९६

× × ×

ताराओ के सूत्र
चन्द्र तथा सूर्य के नीचे, सम और ऊपर लघु तथा तुल्य तारा,
ताराओं की लघुता तथा तुल्यता के कारण,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९३

एक तारा से दूसरे तारा का अन्तर

जीवा० प्र० ३, उ० २, सू० २०१

× × ×

चन्द्र के सूत्र
चन्द्र की अग्रमहिषियां तथा विकुर्वीत देवी परिवार,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०२

× × ×

चन्द्रविमान की सुधर्मासभा में चन्द्र द्वारा भोग भोगने का निषेध तथा निषेध का कारण—

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०३

सूर्य के सूत्र—
सूर्य की अग्रमहिषियां तथा विकुर्वीत देवो परिवार
सूर्यविमान की सुधर्मासभा मे सूर्य द्वारा भोग भोगने का निषेध तथा निषेध का कारण—

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०४

× × ×

ग्रहों का सूत्र— जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०४

× × ×

नक्षत्रों का सूत्र— जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०४

× × ×

ताराओं का सूत्र— जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०४

× × ×

चन्द्रादि पांचो ज्योतिष्कदेवो का गति सूचक सूत्र—
जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से चारों दिशाओं मे ज्योतिष्कदेवो की गति का अन्तर—
लोकान्त से ज्योतिष्कदेवों को गति का अन्तर,
इस रत्नप्रभा पृथ्वी के समभाग से ऊपर की ओर तारा (सब से नीचे का तारा)

सूर्य, चन्द्र एव ताराओ की गति का अन्तर—

नीचे के तारा से सूर्य का,
सूर्य से चन्द्र का,
चन्द्र से ऊपर के तारा का अन्तर

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९५

× × ×

(१) चन्द्रादि पांचों ज्योतिष्कदेव विमानों का संस्थान सूचक सूत्र—

चन्द्र विमान का संस्थान,
सूर्य विमान का संस्थान,
ग्रह विमानों का संस्थान,
नक्षत्र विमानों का संस्थान,
तारा विमानो का संस्थान,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९७

× × ×

(२) चन्द्रादि पांचों ज्योतिष्कदेव विमानों के आयाम-विष्कम्भ, बाहल्य और परिधि प्रमाण का सूचक सूत्र—

१. चन्द्र विमान की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई और परिधि
२. सूर्य विमान की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई और परिधि,
३. ग्रह विमानों की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई और परिधि,
४. नक्षत्र विमानो की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई और परिधि
५. तारा विमानों की लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई और परिधि

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९७

× × ×

(३) चन्द्रादि पांच ज्योतिष्कदेव विमानों की चारों दिशाओं के विमान वाहक देवों का विकुर्वीत स्वरूप और उनकी संख्या—

१. चन्द्र विमान की चारों दिशाओं के विमान वाहक देवों का स्वरूप और उनकी संख्या—
२. सूर्य विमान की चारों दिशाओं के विमान वाहक देवों का स्वरूप और उनकी संख्या—
३. ग्रहों के विमानों की चारों दिशाओं के विमान वाहक देवों का स्वरूप और उनकी संख्या,
४. नक्षत्रों के विमानों की चारों दिशाभो के विमान वाहक देवों का स्वरूप और उनकी संख्या,
५. ताराओं के विमानों की चारो दिशाओं मे विमान वाहक देवों का स्वरूप और उनकी संख्या,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९८

चन्द्रादि पांचों ज्योतिष्क देवों की शीघ्रगति-मन्दगति का अल्प-बहुत्व

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० १९९

× × ×

चन्द्रादि पांचों ज्योतिष्क देवों की अल्पर्धि-महर्धि का अल्प-बहुत्व,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २००

× × ×

चन्द्रादि पांचो ज्योतिष्क देवों का अल्प-बहुत्व,

जीवा० प्रति० ३, उ० २, सू० २०६

× × ×

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति में चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति से सम्बन्धित सूत्र

जम्बूद्वीप में दो चन्द्र और दो सूर्य हैं। इनसे सम्बन्धित कुछ सूत्र जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति में है। उनकी सूची इस प्रकार है—

सूर्य के सूत्र—

१. क–सूर्य मण्डल संख्या,
ख–जम्बूद्वीप में सूर्य मण्डलों की संख्या,
ग–लवणसमुद्र में सूर्य मण्डलों की संख्या,
घ–जम्बूद्वीप और लवणसमुद्र में सूर्य मण्डलों की संयुक्त संख्या,

जंबू० वक्ष० ७, सू० १२७

× × ×

सर्वाभ्यन्तर सूर्यमण्डल से सर्वबाह्य सूर्यमण्डल का अन्तर,

जंबू० वक्ष० ७, सू० १२८

प्रत्येक सूर्यमण्डल का अन्तर—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १२९

× × ×

प्रत्येक सूर्यमण्डल के आयाम-विष्कम्भ,

परिधि एवं बाहल्य का प्रमाण—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३०

× × ×

मन्दर पर्वत से सर्वाभ्यन्तर सूर्यमण्डल का अन्तर,
मन्दर पर्वत से सर्वाभ्यन्तर (आभ्यन्तर द्वितीय)
सूर्यमण्डल का अन्तर—

मन्दर पर्वत से (आभ्यन्तर) तृतीय मण्डल का अन्तर,
इस प्रकार प्रत्येक सूर्यमण्डल का अन्तर,
सर्वबाह्य मण्डल प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि का अन्तर

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३१

× × ×

सर्वाभ्यन्तर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि सूर्यमण्डलों का आयाम-विष्कम्भ तथा उनकी परिधि का प्रमाण—

सर्वबाह्य प्रथम, द्वितीय, तृतीय सूर्यमण्डलों का आयाम-विष्कम्भ और परिधि का प्रमाण—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३२

× × ×

सर्वाभ्यन्तर मण्डलों में तथा सर्वबाह्य मण्डलों में सूर्य के तापक्षेत्र और अन्धकारक्षेत्र के संस्थान और उनके प्रमाण—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३५

× × ×

सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समय सूर्यदर्शन की दूरी प्रमाण—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३६

× × ×

सूर्य का कालसापेक्ष गतिक्षेत्र—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३७

सूर्य का कालसापेक्ष क्रियाक्षेत्र —

जंबू० वक्ष० ७, सू० १३८

× × ×

सूर्य का उत्पत्ति क्षेत्र और गति क्षेत्र—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४०

× × ×

सूर्य का च्यवन विरहकाल व्यवस्था तथा विरह अवधि—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४१

× × ×

सूर्योदय, सूर्यास्त की दिशायें—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १५०

× × ×

चन्द्र के सूत्र—

चन्द्रमण्डलो की सख्या,

जम्बूद्वीप में चन्द्रमण्डलों की संख्या,

लवणसमुद्र में चन्द्रमण्डलों की संख्या,

जम्बूद्वीप तथा लवणसमुद्र में चन्द्रमण्डलों की संयुक्त संख्या—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४२

× × ×

सर्वाभ्यन्तर चन्द्रमण्डल से सर्वबाह्य चन्द्रमण्डल का अन्तर—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४३

प्रत्येक चन्द्रमण्डल का अन्तर—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४४

× × ×

प्रत्येक चन्द्रमण्डल का आयाम-विष्कम्भ, परिधि और बाहल्य का प्रमाण —

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४५

× × ×

जम्बूद्वीप के मन्दरपर्वत से सर्वाभ्यन्तर प्रथम, द्वितीय, तृतीयादि चन्द्रमण्डलों का अन्तर—

जम्बूद्वीप के मन्दरपर्वत से सर्वबाह्य प्रथम, द्वितीय, तृतीयादि चन्द्रमण्डलों का अन्तर—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४६

× × ×

सर्वाभ्यन्तर प्रथम, द्वितीय, तृतीयादि चन्द्रमण्डलों का आयाम-विष्कम्भ और परिधि का प्रमाण—

सर्वबाह्य प्रथम, द्वितीय, तृतीयादि चन्द्रमण्डलो का आयाम-विष्कम्भ और परिधि का प्रमाण—

जंबू० वक्ष० ७, सू० १४७

× × ×

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति के वृत्तिकार ने लिखा है—चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति बहुत बड़े आगम हैं[१]।

इस सूची मे जितने सूत्र हैं वे सब चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति से उद्धृत हैं किन्तु इस सूची में अंकित सूत्रों मे से अनेक सूत्र उपलब्ध चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति मे नही हैं। अतः यह स्वयं सिद्ध है कि वर्तमान में चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति के सूत्रों का जो क्रम एवं संख्या है अतीत में उससे भिन्न रही होगी। ●

---

१ इच्चेसा जंबुद्दीवपण्णत्ति—सूरपण्णति वत्थुसमासेणं सम्मत्ता भवइ। इत्येपा—अनन्तरोक्तस्वरूपा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिः आद्यद्वीपस्य यथावस्थितस्वरूपनिरूपिका ग्रन्थपद्धतिस्तस्या मस्मिन्नुपागे इत्यर्थ. सूत्रे च विभक्तिव्यत्ययः प्राकृत त्वात्।

सूर्य प्रज्ञप्तिः सूर्याधिकार प्रतिबद्धा पदपद्धतिर्वस्तूनां मण्डलसंख्यादीना समासः सूर्यप्रज्ञप्तचादि महाग्रन्था पेक्ष या सक्षेपस्तेन समाप्ता भवति।

इच्चेसा इत्यादि व्याख्यानं पूर्ववत् परं सूर्यप्रज्ञप्ति स्थाने चन्द्रप्रज्ञप्तिवाच्या ॥

जम्बू० वक्ष० ७, सू० १५०

अङ्ग आगमों के विषयवस्तु-सम्बन्धी उल्लेखों का तुलनात्मक विवेचन

डा० सुदर्शन लाल जैन

भगवान् महावीर ने अपनी दिव्यवाणी द्वारा जिस वस्तु-स्वरूप का प्रतिपादन किया, उसे अत्यन्त निर्मल अन्तःकरण वाले तथा बुद्धिवैभव के धनी गणधरों ने आचाराङ्ग आदि द्वादश अङ्ग-ग्रन्थों के रूप में ग्रथित करके अपने पश्चाद्वर्ती आचार्यों को श्रुत-परम्परा से प्रदान किया।[1] श्रुत की इस अलिखित परम्परा का स्मृति-लोप होने से क्रमशः ह्रास होता गया।

श्वेताम्बर-मान्यतानुसार स्मृति-परम्परा से प्राप्त ये अङ्ग ग्रन्थ देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण की वलभीवाचना (वीर नि० सं ९८०) के समय लिपिबद्ध किए गए। दृष्टिवाद नामक १२वाँ अंग-ग्रन्थ उस समय किसी को याद नहीं था, अतः वह लिपिबद्ध न किया जा सका। इसके पूर्व भी आचार्य स्थूलभद्र द्वारा पाटलिपुत्र (वीर नि० सं० २१९) में तथा आर्य स्कन्दिल द्वारा माथुरी वाचना (वीर नि० ८वीं शताब्दी) में भी इन ११ अङ्ग ग्रन्थों का संकलन किया गया था परन्तु उस समय उन्हें लिपिबद्ध नहीं किया गया था।

दिगम्बर-परम्परा इन वाचनाओं को प्रामाणिक नहीं मानती है। उनके अनुसार वीर नि० सं० ६८३ तक श्रुत-परम्परा चली, जो क्रमशः क्षीण होती गई। अङ्ग-ग्रन्थों के लिपिबद्ध करने का कोई प्रयत्न नहीं किया गया, फलत सभी अङ्ग ग्रन्थ लुप्त हो गए। इतना विशेष है कि वे दृष्टिवाद नामक १२वें अङ्गान्तर्गत पूर्वों के अंशांश के ज्ञाताओ द्वारा (वीर नि० ७वी शताब्दी मे) रचित षट्खण्डागम और कषायपाहुड को तथा वीर निर्वाण की १४वी शती मे रचित इनकी धवला और जयधवला टीकाओं को आगम के रूप में मानते है।[2]

---

१ भगवान् महावीर के ११ गणधर थे जिन्होने उनके अर्थरूप उपदेशो को १२ अग ग्रन्थो के रूप में ग्रथित किया था।

२. आचार्य धरसेन (ई० १-२ शताब्दी, वीर नि० ७वी शताब्दी) के शिष्य पुष्पदन्त और भूतबलि ने षट्खण्डागम की रचना की। षट्खण्डागम के प्रारम्भ के १७७ सूत्र आचार्य पुष्पदन्त ने और शेष आचार्य भूतबलि ने लिखे। इस ग्रन्थ का आधार द्वितीय अग्रायणी पूर्व के चयनलब्धि नामक अधिकार का चतुर्थ पाहुड 'कर्मप्रकृति' है। कषायपाहुड की रचना धरसेनाचार्य के समकालीन गुणधराचार्य ने ज्ञानप्रवाद नामक ५वें पूर्व की १०वें वस्तु के तीसरे 'पेज्जदोसपाहुड' के आधार पर की। इन दोनो पर क्रमश 'धवला' और 'जयधवला' नामक टीकाएँ वीरसेनाचार्य ने लिखी हैं। चार विभक्तियो के बाद 'जयधवला' टीका की पूर्णता वीरसेन के शिष्य जिनसेन ने (शक सं० ७५९) की है।

बारह अङ्गों के नाम

उभय-परम्परा में मान्य १२ अंग-ग्रन्थों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं—(१) आचाराङ्ग, (२) सूत्रकृताङ्ग, (३) स्थानाङ्ग, (४) समवायाङ्ग, (५) व्याख्याप्रज्ञप्ति (अपरनाम भगवती[१]), (६) ज्ञाताधर्मकथा (नाथधर्मकथा), (७) उपासकदशा (उपासकाध्ययन), (८) अन्तकृद्दशा (अन्तकृद्दश) (९) अनुत्तरोपपादिकदशा (अनुत्तरौपपादिकदश), (१०) प्रश्नव्याकरण, (११) विपाकसूत्र और (१२) दृष्टिवाद। छठें से नौवें तक के कोष्ठकान्तर्गत नाम दि० परम्परा में प्रचलित है।

इन अङ्गों के क्रम मे कहीं कोई अन्तर नही मिलता है। साधारण नाम-भेद अवश्य पाया जाता है। जैसे[२]—छठें और सातवें अङ्ग का नाम दिगम्बर ग्रन्थों मे क्रमशः "नाथधर्मकथा" (णाहधम्मकहा) तथा "उपासकाध्ययन" (उवासयज्झयण) मिलता है। इसी प्रकार पांचवें "व्याख्या-प्रज्ञप्ति" का प्राकृत नाम श्वे० ग्रन्थो मे "विवाहपन्नत्ती" मिलता है जबकि दि० ग्रन्थों मे "वियाह-पण्णत्ती" है जो व्याख्याप्रज्ञप्ति के अधिक निकट है। गोम्मटसार जीवकाण्ड मे सूत्रकृताङ्ग का प्राकृतनाम "सुद्दयड" मिलता है जबकि स्थानाङ्ग आदि मे "सूयगडो" और धवला आदि मे "सूदयदं" मिलता है। तत्त्वार्थाधिगमभाष्य मे दृष्टिवाद को "दृष्टिपातः" कहा है जो चिन्त्य है। श्वे० ग्रन्थों मे "अन्तकृद्दशा" और "अनुत्तरोपपादिकदशा" के लिए क्रमशः "अन्तगडदसाओ" और "अणुत्तरोववाइअदसाओ" नाम है जबकि दि० ग्रन्थो मे "अन्तयडदसा" और "अणुत्तरोववादियदसा" नाम मिलते है। शेष नामभेद प्राकृत भाषाभेद एव लिपिप्रमाद के कारण है।

अब हम इन अङ्ग ग्रन्थो के विषयवस्तु की निम्न चार आधारो पर समीक्षा करेंगे।

१. श्वे० ग्रन्थो मे प्राप्त उल्लेख, (२) दिग० ग्रन्थो मे प्राप्त उल्लेख, (३) उपलब्ध अङ्ग आगमो का वतमान स्वरूप और (४) तुलनात्मक विवरण। अन्त मे समस्त ग्रन्थो की समग्ररूप से समीक्षा करते हुए उपसहार दिया जाएगा।

१—आचाराङ्ग

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों मे अङ्ग ग्रन्थों की विषयवस्तु का उल्लेख—

श्वेताम्बर परम्परा में अग ग्रन्थो की विषयवस्तु का उल्लेख स्थानाङ्ग, समवायाङ्ग, नन्दी और विधिमार्गप्रपा मे मिलता है। अत. यहाँ इन्ही आधारो पर अङ्ग ग्रन्थों की समीक्षा करेंगे—

१. स्थानाङ्गसूत्र मे[३]—आचाराङ्ग की विषयवस्तु की चर्चा करते हुए उसके ब्रह्मचर्य सम्बन्धी ९ अध्ययनो का उल्लेख किया गया है, जिनमें अन्तिम तीन का क्रम है—विमोह, उपधान और महापरिज्ञा। दस दशा के निरूपणप्रसङ्ग मे जो आचारदशा के १० अध्ययनों का उल्लेख है, वह आचाराङ्ग से सम्बन्धित न होकर दशाश्रुतस्कन्ध से सम्बन्धित है।[४]

---

१. विवाहपन्नतीए णं भगवतीए चउरासीइं पयसहस्सा पदग्गेणं पण्णत्ता। समवायाङ्ग ८४-३९५

२. स्थानाङ्ग १०-११०; समवायाङ्गसूत्र ५११, ५७, ३००; नन्दी पृ० २८७-२८८; तत्त्वार्थाधिगमभाष्य १ २०; तत्त्वार्थराजवार्तिक १ २०, पृ० ७२; धवला १.१.२, पृ० १००; जयधवला गाथा १, पृ० ७२, गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा ३५६

३. स्थानाङ्ग ९.२

४. स्थानाङ्ग १०.११०, ११५

२. समवायाङ्ग में[1]—आचाराङ्ग मे श्रमण निर्ग्रन्थों के आचार, गोचर, विनय, वैनयिक, स्थान, गमन, चंक्रमण, प्रमाण, योग-योजन, भाषा, समिति, गुप्ति, शय्या, उपधि, भक्त-पान, उद्गम, उत्पादन, एषणा-विशुद्धि, शुद्धाशुद्धग्रहण, व्रत, नियम, तपोपधान इन सबका सुप्रशस्त कथन किया गया है। वह आचार संक्षेप से ५ प्रकार का है—ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार।

अङ्गों के क्रम में यह प्रथम अङ्ग-ग्रन्थ है। इसमे दो श्रुतस्कन्ध हैं, २५ अध्ययन है, ८५ उद्देशन काल हैं, ८५ समुद्देशन काल हैं और १८ हजार पद हैं।

परीत (परिमित) वाचनायें है, सख्यात अनुयोगद्वार हैं, संख्यात प्रतिपत्तियाँ है, संख्यात वेष्टक हैं, सख्यात श्लोक है, संख्यात निर्युक्तियाँ है, संख्यात अक्षर है, अनन्त गम है, अनन्त पर्यायें है, परिमित त्रस है, अनन्त स्थावर है, शाश्वत, कृत (अनित्य), निबद्ध (ग्रथित) और निकाचित (प्रतिष्ठित) हैं, जिनप्रज्ञप्त भाव हैं, जिनका सामान्य रूप से और विशेष रूप से प्रतिपादन किया गया है, दर्शाया गया है, निर्दशित किया गया है तथा उपदर्शित किया गया है। आचाराङ्ग के अध्ययन से आत्मा ज्ञाता और विज्ञाता हो जाता है। इस तरह इसमे चरण और करण धर्मों की ही विशेषरूप से प्ररूपणा की गई है।

इस अन्तिम पैराग्राफ की समस्त बातें सभी १२ अङ्गो के सन्दर्भ मे एक ही समान कही गई है।

समवायाङ्ग के ५७वें समवाय के सन्दर्भ मे आचाराङ्ग (९ + १५ = २४ अध्ययन, आचार-चूला छोड़कर), सूत्रकृताङ्ग (२३ अध्ययन) और स्थानाङ्ग (१० अध्ययन) के अध्ययनों की सम्पूर्ण संख्या ५७ बतलाई है।[2] नवम समवाय मे आचाराङ्ग के ९ ब्रह्मचर्य अध्ययन गिनाये है—शस्त्र-परिज्ञा, लोकविजय, शीतोष्णीय, सम्यक्त्व, अवन्ती, धूत, विमोह, उपधानश्रुत और महा-परिज्ञा।[3] पच्चीसवें समवाय मे चूलिका सहित २५ अध्ययन गिनाये है।[4]

३. नन्दीसूत्र में[5]—आचाराङ्ग मे श्रमण निर्ग्रन्थो के आचार, गोचर, विनय, शिक्षा, भाषा, अभाषा, करण, यात्रा, मात्रा (आहार परिमाण) आदि का कथन संक्षेप मे है। आचार ५ प्रकार का है—ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चारित्राचार, तपःआचार और वीर्याचार।

अङ्गक्रम और वाचना आदि का समस्त विवेचन समवायाङ्ग की तरह बतलाया है।

४. विधिमार्गप्रपा में[6]—आचाराङ्ग के २ श्रुतस्कध बतलाए गए हैं। प्रथम श्रुतस्कन्ध के ९ अध्ययन कहे गए हैं—शस्त्र-परिज्ञा, लोकविजय, शीतोष्णीय, सम्यक्त्व, अवन्ती या लोकसार,

---

१. समवायाङ्गसूत्र ५१२-५१४
२. तिण्हं गणिपिडगाणं आयारचूलियावज्जाण सत्तावन्न अज्झयणा पण्णत्ता। तं जहा आयारे सूयगडे ठाणे। समवायाङ्ग, समवाय ५७ सूत्र ३००।
३. समवायाङ्ग ९ ५३
४. समवायाङ्ग २५.१६८
५. नन्दीसूत्र, सूत्र ४६
६. विधिमार्गप्रपा पृ० ५०-५१।

धूत, विमोह, उपधानश्रुत और महापरिज्ञा। इसमें महापरिज्ञा' को विच्छिन्न बतलाया है जिसमें आकाशगामिनी विद्या का वर्णन था। यहाँ यह भी लिखा है कि शीलांकाचार्य ने महापरिज्ञा को आठवाँ और उपधानश्रुत को नवाँ कहा है। द्वितीय श्रुतस्कन्ध की ५ चूलायें बतलाई हैं, जिनका अध्ययनों में विभाजन इस प्रकार किया गया है—**प्रथम चूला** के ७ अध्ययन हैं—पिण्डैषणा, शय्या, ईर्या, भाषा, वस्त्रैषणा, पात्रैषणा और अवग्रह-प्रतिमा (उवग्गहपडिमा)। इनमे क्रमशः ११,३,३,२,२,२,२ उद्देशक हैं। **द्वितीय चूला** के सात अध्ययन है (सत्तसत्तिक्कएहि बीया चूला)—स्थानसत्तिक्कय, निषीधिका-सत्तिक्कय, उच्चारप्रस्रवणसत्तिक्कय, शब्दसत्तिक्कय, रूपसत्तिक्कय, परक्रियासत्तिक्कय और अन्योन्यक्रियासत्तिक्कय। इनके उद्देशक नही है। **तृतीय चूला** में "भावना" नामक एक ही अध्ययन है। **चतुर्थ चूला** मे "विमुक्ति" नामक एक ही अध्ययन है। इस प्रकार द्वितीय श्रुतस्कन्ध में १६ अध्ययन और प्रथम चूला के सात अध्ययनों के २५ उद्देशक है, शेष के उद्देशक नही है। **पंचम चूला** मे निशीथ' नामक एक ही अध्ययन है। इस चूला का आचाराङ्ग से पृथक् कथन किया गया है। यह चूला अब एक स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप में मान्य है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में प्राप्त उल्लेख—

दिगम्बर परम्परा मे अङ्ग ग्रन्थों की विषयवस्तु का निरूपण प्रमुख रूप से तत्त्वार्थवार्तिक, धवला, जयधवला और अङ्गप्रज्ञप्ति मे हुआ है। यथा

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[1]—आचाराङ्ग मे (मुनि) चर्या का विधान है जो ८ शुद्धि, ५ समिति और ३ गुप्ति रूप है।

२ धवला (षट्खण्डागम-टीका) में[2]—आचाराङ्ग मे कैसे चलना चाहिए, कैसे खड़े होना चाहिए, कैसे बैठना चाहिए, कैसे शयन करना चाहिए, कैसे भोजन करना चाहिए और कैसे संभाषण करना चाहिए ? इत्यादि रूप से मुनियों के आचार का कथन किया गया है। इसमे १८ हजार पद है।

३. जयधवला (कषायपाहुड–टीका) में[3]—आचाराङ्ग मे 'यत्नपूर्वक गमनादि करना चाहिए' इत्यादि रूप से साधुओं क आचार का वर्णन है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[4]—आचाराङ्ग मे १८ हजार पद है। भव्यों के मोक्षपथगमन मे कारणभूत मुनियो के आचार का वर्णन है। धवला और जयधवलावत् कथन है। मुनियों के केशलोंच, अवस्त्र, अस्नान, अदन्तधावन, एकभक्त, स्थितिभोजन आदि का भी उल्लेख है।

(ग) वर्तमान रूप—

उपलब्ध आचाराङ्ग मे विशेषरूप से साधुओं के आचार का प्रतिपादन किया गया है। इसके दो श्रुतस्कन्ध है—

प्रथम श्रुतस्कन्ध—इसका नाम ब्रह्मचर्य है जिसका अर्थ है "संयम"। यह द्वितीय श्रुतस्कन्ध से प्राचीन है। इसमें ९ अध्ययन हैं—१–शस्त्रपरिज्ञा, २–लोकविजय, ३–शीतोष्णीय, ४–सम्यक्त्व, ५–आवन्ति (यावन्तः) या लोकसार, ६–धूत, ७–महापरिज्ञा, ८–विमोह या विमोक्ष और ९–उप-

१ तत्त्वार्थवार्तिक १.२०, पृ० ७२-७३।
२. धवला १.१.२ पृ० ११०।
३. जयधवला गाथा, १, पृ० १११।
४. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा १५ १९ पृ० २६०।

धानश्रुत। कुल मिलाकर इस श्रुतस्कन्ध में ४४ उद्देशक है। पहले ५१ उद्देशक थे[१] जिनमे से ७वें महापरिज्ञा के सातों उद्देशकों का लोप माना गया है।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध—इसमे चार चूलायें है ("निशीथ" नामक पचम चूला आज आचाराङ्ग से पृथक् ग्रन्थ के रूप मे प्रसिद्ध है) जिनका १६ अध्ययनो और २५ उद्देशको मे विभाजन विधि-मार्गप्रपा की तरह ही है।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों के उल्लेखों से इतना स्पष्ट है कि इसमे साधुओं के आचार का वर्णन था तथा इसकी पद-संख्या १८ हजार थी। उपलब्ध आगम से पद-सख्या का मेल करना कठिन है।

वीरसेनाचार्य ने धवला टीका मे तो पद-संख्या का उल्लेख किया है, परन्तु जयधवला मे उल्लेख नहीं किया है। आचाराङ्ग की विषयवस्तु के संदर्भ मे दिगम्बर ग्रन्थो मे केवल सामान्य कथन है जबकि श्वेताम्बर ग्रन्थों मे आचाराङ्ग के अध्ययनो आदि का विशेष वर्णन है। स्थानाङ्ग में केवल प्रथम-श्रुतस्कन्ध के ९ अध्ययनो का उल्लेख मिलने से तथा समवायाङ्ग मे ब्रह्मचर्य के ९ अध्ययनो का पृथक् उल्लेख होने से प्रथम श्रुतस्कन्ध की प्राचीनता और महत्ता का पुष्टि होती है।

प्रथम श्रुतस्कन्ध के महापरिज्ञा अध्ययन का क्रम स्थानाङ्ग समवायाङ्ग और विधिमार्गप्रपा मे क्रमशः नवमां है, जबकि उपलब्ध आचाराङ्ग मे 'महापरिज्ञा' का क्रम सातवा है। शीलाङ्काचार्य की व्याख्या मे 'महापरिज्ञा' को आठवा स्थान दिया गया है।[२] इस तरह क्रम मे अन्तर आ गया है। "महापरिज्ञा" का लोप हो गया है, परन्तु उस पर लिखी गई निर्युक्ति उपलब्ध है। निर्युक्ति मे आचाराङ्ग के दस पर्यायवाची नाम भी गिनाए हैं—आयार, आचाल, आगाल, आगर, आसास, आयरिस, अंग, आइण्ण, आजाइ और आमोक्ख।[३] 'चूला' शब्द का उल्लेख हमे समवायाङ्ग मे मिलता अवश्य है परन्तु वहा उसका स्पष्ट विभाजन नही है जैसा कि विधिमार्गप्रपा मे मिलता है। समवायाङ्ग के ५७वें समवाय मे आचाराङ्ग, सूत्रकृताङ्ग और स्थानाङ्ग के जो ५७ अध्ययन कहे गए हैं उनमें सूत्रकृताङ्ग के २३ और स्थानाङ्ग के १० अध्ययन हैं। इस तरह ३३ अध्ययन निकाल देने पर आचाराङ्ग के २४ अध्ययन शेष रहते है। इन २४ अध्ययनो की संगति किस प्रकार बैठाई जाए, यह विवादास्पद ही है। सभवतः विलुप्त 'महापरिज्ञा' को कम कर देन पर प्रथम के ८ अध्ययन और दूसरे के चूला (निशीथ) छोड़कर १६ अध्ययन माने जाने पर २४ अध्ययनों की सगति बैठाई जा सकती है जो एक विकल्प मात्र है। इस पर अन्य दृष्टियों से भी सोचा जा सकता है क्योकि वहा 'महापरिज्ञा' के लोप का उल्लेख नही है।

१. नवण्हं बम्भचेराण एकावन्नं उद्देसणकाला पण्णत्ता। समवायाङ्ग ५१.२८०।

२. सीलकापरियमारण पुण एयं अट्ठमं विमुक्खज्झयणं सत्तय उवहाणसुय नवम ति। विधिमार्गप्रपा, पृ० ५१।

३. आचाराङ्ग निर्युक्ति गाथा २९०।

जहां तक आचाराङ्ग की विषयवस्तु के निरूपण का प्रश्न है, मेरी दृष्टि में श्वे० परम्परा के आचार्यों के सामने उपलब्ध आचाराङ्ग ही रहा है किन्तु दिगम्बर आचार्यों ने मूलाचार को ही आचाराङ्ग का रूप मानकर उसकी विषयवस्तु का निरूपण किया है क्योंकि वहाँ जो गाथा उद्धृत है वह मूलाचार में उसी रूप में मिलती है। श्वे० आगम साहित्य में यह गाथा दशवैकालिक में मिलती है, आचाराङ्ग में नहीं। दशवैकालिक ग्रन्थ भी मुनि के आचार का ही प्रतिपादक ग्रन्थ है।

२–सूत्रकृतांग

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. समवायाङ्ग[1] में—सूत्रकृताङ्ग मे स्वसमय, परसमय, स्वसमय-परसमय, जीव, अजीव, जीवाजीव, लोक, अलोक और लोकालोक सूचित किए जाते हैं। जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष तक के सभी पदार्थ सूचित किए गए हैं। जो श्रमण अल्पकाल से ही प्रव्रजित हुए हैं और जिनकी बुद्धि खोटे समयों (परसिद्धान्तों) को सुनने से मोहित तथा मलिन है उनकी पापकारी मलिनबुद्धि के दुर्गुणों के शोधन के लिए क्रियावादियों के १८०, अक्रियावादियों के ८४, अज्ञानवादियों के ६७ और वैनयिकों के ३२; इन सब ३६३ अन्यदृष्टि-समयों का व्यूहन करके स्वसमय की स्थापना की गई है। नाना दृष्टान्तयुक्त युक्ति-युक्त वचनों द्वारा परमतों की निस्सारता को बतलाया गया है। अनेक अनुयोगों द्वारा विविध प्रकार से विस्तारकर, परसद्भावगुणविशिष्ट, मोक्षपथ के अवतारक, उदार, अज्ञानान्धकाररूपी दुर्गों के लिए दीपकरूप, सिद्धि और सुगति के लिए सोपानरूप, विक्षोभ और निष्प्रकम्प सूत्रार्थ हैं।

अङ्गों के क्रम में यह दूसरा अङ्ग है। इसमें २ श्रुतस्कन्ध, २३ अध्ययन, ३३ उद्देशनकाल, ३३ समुद्देशनकाल और ३६ हजार पद हैं।

वाचनादि का विवेचन आचाराङ्गवत् है। समवायाङ्ग में सूत्रकृताङ्ग के २३ अध्ययन भी गिनाये गये हैं[2]—१-समय, २-वैतालिक, ३-उपसर्गपरिज्ञा, ४-स्त्रीपरिज्ञा, ५-नरकविभक्ति, ६-महावीरस्तुति, ७-कुशीलपरिभाषित, ८-वीर्य, ९-धर्म, १०-समाधि, ११-मार्ग, १२-समवसरण, १३-आख्यातहित (याथातथ्य), १४-ग्रन्थ, १५-यमतीत, १६-गाथा, १७-पुण्डरीक, १८-क्रियास्थान, १९-आहारपरिज्ञा, २०-अप्रत्याख्यान क्रिया, २१-अनगारश्रुत, २२-आर्द्रीय और २३-नालन्दीय।

२. नन्दीसूत्र में[3]—सूत्रकृताङ्ग में लोक, अलोक, लोकालोक, जीव, अजीव, जीवाजीव, स्वसमय, परसमय और स्वसमय-परसमय की सूचना की जाती है। इसमें १८० क्रियावादियों, ८४ अक्रियावादियों, ६७ अज्ञानवादियो और ३२ वैनयिकों के, कुल ३६३ परमतों का व्यूहन करके स्वसमय की स्थापना की गई है।

यह दूसरा अङ्ग है। इसमें २ श्रुतस्कन्ध, २३ अध्ययन, ३३ उद्देशनकाल, ३३ समुद्देशनकाल और ३६ हजार पद हैं। शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

१. समवायाङ्गसूत्र ५१५-५१८।
२. वही, २३ १५५; ५७ ३००।
३. नन्दीसूत्र ४७।

३. विधिमार्गप्रपा में[1]—इसमें स्पष्टरूप से प्रथम श्रुतस्कन्ध के १६ और द्वितीय श्रुतस्कन्ध के ७ अध्ययन गिनाये गए हैं। द्वितीय श्रुतस्कन्ध के अध्ययनों को महाध्ययन कहा है। समवायाङ्ग मे कथित सूत्रकृताङ्ग के २३ अध्ययन ही यहाँ गिनाये हैं परन्तु कहीं-कहीं किंचित् नामभेद है। यथा ५वां वीरस्तुति, १३वां अहतहं, १४ वां गन्ध (संभवतः यह लिपिप्रमाद है), २०वां प्रत्याख्यानक्रिया और २१वां अनगार।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में[५]—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[२]—सूत्रकृताङ्ग में ज्ञानविनय, प्रज्ञापना, कल्प्याकल्प्य, छेदोपस्थापना और व्यवहारधर्मक्रिया का प्ररूपण है।

२. धवला में[३]—सूत्रकृताङ्ग मे ३६ हजार पद है। यह ज्ञानविनय, प्रज्ञापना, कल्प्याकल्प्य, छेदोपस्थापना और व्यवहारधर्मक्रिया का निरूपण करता है। स्वसमय और परसमय का भी निरूपण करता है।

३. जयधवला में[४]—सूत्रकृताङ्ग मे स्वसमय और परसमय का वर्णन है। इसके साथ ही इसमें स्त्रीसम्बन्धी-परिणाम, क्लीवता, अस्फुटत्व (मन की बातों को स्पष्ट न कहना), कामावेश, विलास, आस्फालनसुख, पुरुष की इच्छा करना आदि स्त्री के लक्षणों का प्ररूपण है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[५]—सूत्रकृताङ्ग मे ३६ हजार पद हैं। यहां सूत्रार्थं तथा उसके करण को संक्षेप से सूचित किया गया है। ज्ञान-विनय आदि, निर्विघ्न अध्ययन आदि, सर्व सत्क्रिया, प्रज्ञापना, सुकथा, कल्प्य, व्यवहारवृषक्रिया, छेदोपस्थापना, यतिसमय, परसमय और क्रियाभेदो का अनेकशः कथन है।

५. प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी टीका (प्रभाचन्द्रकृत) मे[६]—सूत्रकृताङ्ग के २३ अध्ययनों के नाम तथा उनमें प्रतिपादित विषयों का कथन है। समवायाङ्गोक्त अध्ययननामों से इसके नामों मे कुछ भिन्नता है।[७]

१. विधिमार्गप्रपा पृ० ५१-५२।
२. तत्त्वार्थ० १ २०, पृ० ७३।
३. धवला १.१.२, पृ० ७३।
४. जयधवला गाथा १, पृ० ११२।
५ अंगप्रज्ञप्ति गाथा २०-२२, पृ० २६१।
६. प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी टीका, पृ० ५६-५८।
७. तेवीसाए सुद्दयडज्झयणेसु—
समए वेदालिज्झे एत्तो उवसग्ग इत्थिपरिणामे।
णिरयतरवीरथुदी कुसीलपरिभासिए विरिए॥ १॥
धम्मो य अग्गमग्गे समोवसरणं तिकालगंथहिदे।
आदा तदित्थगाथा पुंडरिको किरियठाणेय॥ २॥
आहारयपरिणामे पच्चक्खाणाणगारगुणकित्ति।
सुद अत्था णालंदे सुद्दयडज्झाणाणि तेवीसं॥ ३॥

(ग) वर्तमान रूप—

इसमे धार्मिक उपदेशों के साथ मुख्यतः अन्य मतावलम्बियों का खण्डन है। इसके दो श्रुतस्कन्ध हैं। प्रथम श्रुतस्कन्ध प्राचीन है और दूसरा प्रथम श्रुतस्कन्ध के परिशिष्ट के समान है। भारत के धार्मिक सम्प्रदायों का ज्ञान कराने की दृष्टि से दोनों श्रुतस्कन्ध महत्त्वपूर्ण हैं।

प्रथम श्रुतस्कन्ध में १६ अध्ययन हैं—१. समय, २. वेयालिय, ३. उपसर्गपरिज्ञा, ४. स्त्रीपरिज्ञा, ५. नरकविभक्ति, ६ वीरस्तव, ७. कुशील, ८. वीर्य, ९. धर्म, १०, समाधि, ११. मार्ग, १२ समवसरण, १३. याथातथ्य (आहत्तहिय), १४ ग्रन्थ (परिग्रह), १५. आदान या आदानीय (संकलिका = शृंखला; जमतीत या यमकीय ये सभी नाम सार्थक हैं) और १६. गाथा।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध के ७ महाध्ययन हैं—१ पुण्डरीक, २. क्रियास्थान, ३. आहारपरिज्ञा, ४. प्रत्याख्यान क्रिया ५. आचारश्रुत व अनगारश्रुत, ६. आर्द्रकीय और ७. नालंदीय या नालंदा।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

इस आगम के पदों की संख्या में उभय परम्परा में कोई मतभेद नहीं है। पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री ने इसके निकास की संभावना दृष्टिवाद के सूत्र नामक भेद से की है क्योंकि इसका नाम सूत्रकृताङ्ग है[1] जो चिन्त्य है। तत्त्वार्थवार्तिक में परसमय के कथन का कोई उल्लेख नहीं है जबकि समवायाङ्ग नन्दी, धवला, जयधवला और अङ्गप्रज्ञप्ति मे परसमय-कथन का भी उल्लेख है। समवायाङ्ग और नन्दी मे तो स्थानाङ्ग आदि में भी परसमय-कथन का उल्लेख है जो एक प्रकार से गीतार्थ (अलङ्कारिक-कथन) मात्र है। जयधवला मे स्पष्टरूप से ग्यारह अङ्गों का विषय स्वसमय ही बतलाया है।[2] फिर भी जयधवला में जो सूत्रकृताङ्ग का विषय परसमय बतलाया गया है वह उपलब्ध सूत्रकृताङ्ग का द्योतक है। जयधवला मे स्त्री-सम्बन्धी विशेष वक्तव्यों का कथन भी बतलाया है जो उपलब्ध आगम में है। समवायाङ्ग, विधिमार्गप्रपा और प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी में जिन २३ अध्ययनो के नाम बतलाए हैं वे प्रायः परस्पर समान और वर्तमान रूप से मिलते हैं।

अर्थ— १. समय (त्रिकाल स्वरूप), २. **वेदालिंग**—(त्रिवेदों का स्वरूप), ३. उपसर्ग (४ प्रकार के उपसर्ग), ४. स्त्रीपरिणाम (स्त्रियों का स्वभाव), ५. नरकान्तर (नरकादि चतुर्गति), ६. वीरस्तुति (२४ तीर्थङ्करों का गुण-कीर्तन), ७. कुशीलपरिभाषा (कुशीलादि ५ पार्श्वस्थों का स्वरूप वर्णन), ८ वीर्य—(जीवो के वीर्य के तारतम्य का वर्णन), ९. धर्म (धर्माधर्म का स्वरूप), १० अग्र (श्रुताग्रपद वर्णन), ११. मार्ग (मोक्ष तथा स्वर्ग का स्वरूप एवं कारण), १२ समवसरण (२४ तीर्थङ्करो के समवसरण), १३. त्रिकालग्रन्थ (त्रिकाल-गोचर अशेषपरिग्रह का अशुभत्व), १४. आत्मा— (जीवस्वरूप), १५. तदित्थगाथा (वादमार्ग प्ररूपण), १६. पुडरीक—(स्त्रियों के स्वर्गादि स्थानों के स्वरूप का वर्णन), १७ क्रिया-स्थान—(१३ क्रियास्थानो का वर्णन), १८. आहारकपरिणाम—(सभी धान्यों के रस, वीर्य विपाक तथा शरीरगत सप्तधातुस्वरूप वर्णन), १९. प्रत्याख्यान—(सर्वद्रव्य विषयों से निवृत्ति), २०. अनगारगुणकीर्तन—(मुनियो के गुण वर्णन), २१. श्रुत—(श्रुतमाहात्म्य), २२. अर्थ—(श्रुतफल वर्णन) और २३. नालंदा—(ज्योतिष्कदेवों के पटलों का वर्णन)।

—प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी टीका, पृ० ५६-५८।

१. जैनसाहित्य का इतिहास, पूर्वपीठिका, पृ० ६४४।

२. जयधवला पृ० १२०।

नन्दी में केवल २३ अध्ययन-संख्या का उल्लेख है, स्पष्ट नाम नहीं हैं। प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयी को छोड़कर दिगम्बर ग्रन्थों में इसका इतना स्पष्ट वर्णन अन्यत्र कहीं नहीं मिलता है। आचार्य भद्रबाहुकृत सूत्रकृताङ्ग निर्युक्ति में सूत्रकृताङ्ग के तीन नामों का उल्लेख है—सूतगडं (सूतकृत), सुत्तकडं (सूत्रकृत) और सुयगडं (सूचाकृत)।

३—स्थानाङ्ग

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. समवायाङ्ग में[१]—स्थानाङ्ग में स्वसमय, परसमय, स्वसमय-परसमय, जीव, अजीव, जीवाजीव, लोक, अलोक और लोकालोक की स्थापना की गई है। द्रव्य, गुण, क्षेत्र, काल और पर्यायों की प्ररूपणा है। शैल (पर्वत), नदी (गङ्गादि), समुद्र, सूर्य, भवन, विमान, आकर (स्वर्णादि की खान), नदी (सामान्य नदी), निधि, पुरुषजाति, स्वर, गोत्र तथा ज्योतिष्क देवों के संचार का वर्णन है। एकविध, द्विविध से लेकर दसविध तक जीव, पुद्गल तथा लोकस्थानों का वर्णन है।

अङ्गों के क्रम में यह तीसरा अङ्ग है। इसमें १ श्रुतस्कन्ध, १० अध्ययन, २१ उद्देशनकाल, २१ समुद्देशनकाल और ७२ हजार पद हैं। वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

२. नन्दीसूत्र में[२]—स्थानाङ्ग में जीव, अजीव, जीवाजीव, स्वसमय, परसमय, स्वसमय-परसमय, लोक, अलोक और लोकालोक की स्थापना की गई है। इसमें टङ्क (छिन्न तट), कूट (पर्वतकूट), शैल, शिखरि, प्राग्भार, कुण्ड, गहा, आकर, तालाब और नदियों का कथन है।

शेष कथन समवायाङ्ग की तरह है—परन्तु यहाँ एकादि क्रम से वृद्धि करते हुए १० प्रकार के पदार्थों के कथन का उल्लेख नहीं है। इसमें संख्यात सग्रहणियों का अतिरिक्त कथन है।

३. विधिमार्गप्रपा में[३]—स्थानाङ्ग में एक श्रुतस्कन्ध है। एक स्थान, द्विस्थान आदि के क्रम से दसस्थान नाम वाले १० अध्ययन हैं।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[४]—स्थानाङ्ग में अनेक आश्रयवाले अर्थों का निर्णय है।

२. धवला में[५]—स्थानाङ्ग मे ४२ हजार पद हैं। एक से लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक स्थानों का वर्णन है। जैसे—जीव का १ से १० संख्या तक का कथन—

> एक्को चेव महप्पा सो दुवियप्पो तिलक्खणो भणिदो।
> चदुसंकमणाजुत्तो पंचग्गगुणप्पहाणो य ॥

१. समवायाङ्गसूत्र ५१९-५२१।
२. नन्दीसूत्र ४८।
३. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५२।
४. तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७३।
५. धवला १ १.२, पृ० १०१।

छक्कापक्कमजुत्तो उवगुत्तो सत्तभंगिसब्भावो।
अट्ठासवो णवट्ठो जीवो दसट्ठाणिओ भणिओ॥

३. जयधवला में[1]—स्थानाङ्ग मे जीव और पुद्गलादिक के एक से लेकर एकोत्तर क्रम (२,३,४ आदि) से स्थानों का वर्णन है। धवला में कथित "एक्को चेव महप्पा" गाथा भी उद्धृत है।

४. अंगप्रज्ञप्ति में[2]—स्थानाङ्ग में ४२ हजार पद हैं। एकादि क्रम से स्थान भेद है, जैसे—संग्रह नय से जीव एक है। संसारी और मुक्त के भेद से (व्यवहार नय से) जीव दो है। उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य के भेद से जीव तीन प्रकार का है। चार गतियों मे संक्रमण करने से जीव चार प्रकार का है। पाँच भावों के भेद से जीव पाँच प्रकार का है। पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, ऊर्ध्व और अध:गमन करने के कारण छ: प्रकार का जीव है। स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादुभय, स्यादवक्तव्य स्याद् अस्त्यवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादुभय-अवक्तव्य के भेद से जीव सात प्रकार का है। आठ प्रकार के कर्मों से युक्त होने से जीव आठ प्रकार का है। नवर्थक होने से जीव नौ प्रकार का है। पृथिवी, जल, तेज, वायु, प्रत्येक, निगोद, द्वि, त्रि, चतु: तथा पाच इन्द्रियो के भेद से १० प्रकार का जीव है। इसी प्रकार पुद्गल नाम से अजीव एक है। अणु और स्कन्ध के भेद से अजीव पुद्गल दो प्रकार का है। इसी प्रकार अन्यत्र भी जानना चाहिए।

(ग) वर्तमान रूप—

इसमे एक स्थानिक, द्विस्थानिक आदि १० स्थान या अध्ययन है जिनमे एक से लेकर दस तक की सख्या के अर्थो का कथन है। इसमे लोकसम्मत गर्भधारण आदि विषयों का भी कथन है। इसमे आठ निह्नवो मे से "बोटिक" को छोड़कर केवल सात निह्नवों का कथन है। इससे ज्ञात होता है कि इसके रचनाकाल तक जैनो मे सम्प्रदायभेद नही हुआ था। इस तरह इसमे वस्तु का निरूपण सख्या की दृष्टि से किया गया है, जिससे यह सग्रह प्रधान कोश-शैली का ग्रन्थ हो गया है।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

दिगम्बर और श्वेताम्बर ग्रन्थाक्त पद संख्या मे अन्तर है। "इसके १० अध्ययन है" ऐसा स्पष्ट कथन समवायाङ्ग आदि श्वेताम्बर ग्रन्थों मे तो है, परन्तु दिगम्बर ग्रन्थो में नही है। धवला मे जीवादि के १ से १० संख्या तक के कथन का स्पष्ट उल्लेख होने से तथा जयधवला और अङ्ग-प्रज्ञप्ति मे तदनुरूप ही उदाहरण मिलने से यह सभावना की जा सकती है कि इसमे १० अध्ययन रहे होंगे, परन्तु उनका विभाजन संख्या के आधार पर रहा होगा या विषय के आधार पर यह स्पष्ट रूप से नही कहा जा सकता है। दिगम्बर-ग्रन्थोक्त शैली और उपलब्ध आगम की शैली मे स्पष्ट अन्तर है। समवायाङ्ग के इस कथन से कि "इसमें एकविध, द्विविध से लेकर दसविध तक जीव, पुद्गल तथा लोकस्थानो का वर्णन है" स्पष्ट ही दिगम्बर शैली का संकेत है। तत्त्वार्थवार्तिककार का यह कथन कि "इसमे अनेक आश्रयवाले अर्थों का निर्णय है" पूर्ण स्पष्ट नही है।

---

१. जयधवला गाथा १, पृ० ११३.
२. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा २३-२८, पृ० २६१-२६२.

यह एक प्रकार का कोश ग्रन्थ है जिसकी शैली समवायाङ्ग से निश्चित ही भिन्न रही है। वर्तमान स्थानाङ्ग दिगम्बरोक्त स्थानाङ्ग-शैली से सर्वथा भिन्न है। आश्चर्य है कि स्थानाङ्ग मे १० संख्या के वर्णन प्रसङ्ग मे स्थानाङ्ग के १० अध्ययनो का उल्लेख नही है, जो होना चाहिए था। वर्तमान आगम में गर्भधारण आदि अनेक लौकिक बातों का समावेश कालान्तर मे किया गया लगता है।

४—समवायाङ्ग

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. समवायाङ्ग में[1]—स्वसमयादि सूत्रकृताङ्गवत् सूचित किए जाते है। इसमे एक-एक वृद्धि करते हुए १०० तक के स्थानों का कथन है तथा जगत् के जीवो के हितकारक बारह प्रकार के श्रुत-ज्ञान का सक्षेप से समवतार है। नाना प्रकार के जीवाजीवों का विस्तार से कथन है। अन्य भी बहुत प्रकार के विशेष तत्त्वों का कथन है। नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और सुरगणों के आहार, उच्छ्वास, लेश्या, आवास-संख्या, आयाम-प्रमाण, उपपात-च्यवन, अवगाहना, उपधि, वेदना, विधान (भेद), उपयोग, योग, इन्द्रिय, कषाय, नाना प्रकार की जीव-यानियाँ, पर्वत आदि के विष्कम्भ (चौड़ाई), उत्सेध (ऊँचाई), परिरय (परिधि) के प्रमाण, मन्दर आदि महीधरों के भेद, कुलकर, तीर्थङ्कर, गणधर, समस्त भरतक्षेत्र के स्वामी, चक्रवर्ती, चक्रधर (वासुदेव), हलधर (बलदेव) आदि का निर्वचन है।

अङ्गों के क्रम मे यह चौथा अङ्ग है। इसमे १ श्रुतस्कन्ध, १ अध्ययन, १ उद्देशन, १ समुद्देशन और १ लाख ४४ हजार पद है। वाचनादि का विवेचन आचाराङ्गवत् है।

२ नन्दीसूत्र में[2]—समवायाङ्ग मे जीवादि का (समवायाङ्गवत्) समाश्रय किया गया है। एकादि से वृद्धि करते हुए १०० स्थानो तक के भावों की प्ररूपणा है। द्वादश गणिपिटक का संक्षेप से परिचय है।

शेष श्रुतस्कन्धादि तथा वाचनादि का कथन समवायाङ्गवत् है।

३. विधिमार्गप्रपा में[3]—इसमे श्रुतस्कन्ध, अध्ययन और उद्देशक का उल्लेख नही है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक मे[4]—समवायाङ्ग में सभी पदार्थो का समवाय (समानता से कथन) है। द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से वह समवाय ४ प्रकार का है, जैसे—(क) **द्रव्य समवाय**—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, लोकाकाश तथा एक जीव के एक समान असंख्यात प्रदेश होने से इनका द्रव्यरूप से समवाय है (पर्यायार्थिक नय से प्रदेशों के द्रव्यत्व की भी सिद्धि होती है)। (ख) **क्षेत्र समवाय**—जम्बूद्वीप, सर्वार्थसिद्धि, अप्रतिष्ठान नरक तथा नन्दीश्वरद्वीप की एक बावड़ी ये सब १ लाख योजन विस्तारवाले होने से इनका क्षेत्र की दृष्टि से समवाय है। (ग) **काल समवाय**—

१. समवायाङ्गसूत्र ५२२-५२५.
२. नन्दीसूत्र ४९.
३. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५२.
४. तत्त्वार्थ १.२०, पृ० ७३.

उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी ये दोनों १० कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण होने से इनमें काल समवाय है। **(घ) भाव समवाय**—क्षायिक सम्यक्त्व, केवलज्ञान, केवलदर्शन, यथाख्यात चारित्र ये सब अनन्त विशुद्धिरूप होने से भाव समवाय वाले हैं।

२. धवला में[1]—समवायाङ्ग में १ लाख ६४ हजार पदों के द्वारा सभी पदार्थों के समवाय का कथन है। समवाय ४ प्रकार का है—द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव। जैसे - (क) **द्रव्य समवाय**—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, लोकाकाश और एक जीव के प्रदेश परस्पर समान हैं। (ख) **क्षेत्र समवाय**—सीमन्तक नरक (प्रथम इन्द्रक बिल), मानुष क्षेत्र, ऋजु विमान (सौधर्म इन्द्र का पहला इन्द्रक) और सिद्धलोक ये चारो क्षेत्र की अपेक्षा समान है। (ग) **काल समवाय**—एक समय दूसरे समय के समान है और एक मुहूर्त दूसरे मुहूर्त के समान है। (घ) **भाव समवाय**—केवलज्ञान और केवलदर्शन समान हैं क्योंकि ज्ञेयप्रमाण ज्ञान-मात्र मे चेतना शक्ति की उपलब्धि होती है।

३ जयधवला में[2]—समवायाङ्ग मे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावो के समवाय का वर्णन है। शेष कथन प्रायः धवला के समान है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति मे[3]—समवायाङ्ग मे १ लाख ६४ हजार पद है। संग्रहनय से द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावो की अपेक्षा पदार्थो के सादृश्य का कथन है। शेष कथन प्रायः धवला के समान है।

(ग) वर्तमान रूप—

यह अङ्गग्रन्थ भी स्थानाङ्ग की शैली मे लिखा गया कोश ग्रन्थ है। इसमे १ से वृद्धि करते हुए १०० समवायों का वर्णन है। एक प्रकीर्ण समवाय है जिसमे १०० से आगे की सख्याओ का समवाय बतलाया गया है। इसके अन्त मे १२ अङ्ग ग्रन्थो का परिचय दिया गया है जो नन्दीसूत्रोक्त श्रुतपरिचय से साम्य रखता है। जिससे इसके कुछ अशो की परवर्तिता सिद्ध होती है।

(घ) तुलनात्मक समीक्षा—

दिगम्बर और श्वेताम्बर ग्रन्थों मे बतलाई गई इसकी पदसंख्या मे कुछ अन्तर है। दिगम्बरों के सभी ग्रन्थो मे इस ग्रन्थ का विषय एक जैसा बतलाया है। उदाहरण म यत्किञ्चित् अन्तर है। समवायाङ्ग और नन्दी मे १०० समवायो तथा श्रुतावतार का उल्लेख है जो वर्तमान आगम मे देखा जाता है। वर्तमान आगम मे एक प्रकीर्ण समवाय भी है जिसमे १०० से अधिक के समवायो का कथन है। विधिमार्गप्रपा मे अध्ययनादि के विभाजन का निषेध है। उसमे १०० समवाय और श्रुतावतार का भी उल्लेख नही है जो चिन्त्य है। दिगम्बर ग्रन्थो मे भी १०० समवाय तथा श्रुतावतार का उल्लेख नही है। वहाँ द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से ४ प्रकार के समवाय द्वारा सभी पदार्थों के विवेचन का निर्देश है। इस तरह उपलब्ध आगम की शैली दिगम्बर-ग्रन्थोक्त शैली से भिन्न है। उपलब्ध आगम की शैली उपलब्ध स्थानाङ्ग जैसी (सग्रह-प्रधान) हो है। वस्तुतः स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग की शैली मे अन्तर होना चाहिए था। दिगम्बर ग्रन्थोक्त स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग की शैलो में अन्तर है। दिगम्बर ग्रन्थोक्त स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग की दो शैलियों से उपलब्ध स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग की शैली भिन्न प्रकार की है।

१ धवला० १.१.२, पृ० १०२.

२. जयधवला गाथा १, पृ० ११३.

३. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा २९-३५, पृ० २६३-२६४.

५—व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती)

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. समवायाङ्ग में[१]—व्याख्याप्रज्ञप्ति में नानाविध देव, नरेन्द्र, राजर्षि तथा अनेक संशय-ग्रस्तों के प्रश्नों के भगवान् जिनेन्द्र ने विस्तार से उत्तर दिये हैं। द्रव्य, गुण, पर्याय, क्षेत्र, काल, प्रदेश, परिणाम, यथास्थितिभाव, अनुगम, निक्षेप, नय, प्रमाण और सुनिपुण उपक्रमो के विविध प्रकारों के द्वारा प्रकट रूप से प्रकाशक, लोकालोक का प्रकाशक, संसार-समुद्र से पार उतारने मे समर्थ, सुरपति से पूजित, भव्य जनों के हृदय को आनन्दित करने वाले, तमःरज-विध्वंशक, सुदृष्ट-दीपकरूप, ईहामति-बुद्धिवर्द्धक, पूरे (अन्यून) ३६ हजार व्याकरणों (प्रश्नो के उत्तर) को दिखाने मे व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्रार्थ के अनेक प्रकारों का प्रकाशक, शिष्यों का हितकारक और गुणों से महान् अर्थ वाला है।

स्वसमयादि का कथन पूर्ववत् है।

अंगों के क्रम में यह ५वां अंगग्रन्थ है। इसमे १ श्रुतस्कन्ध, १०० से कुछ अधिक अध्ययन, १० हजार उद्देशक, १० हजार समुद्देशक, ३६ हजार प्रश्नों के उत्तर तथा ८४ हजार पद हैं।

वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

यहाँ व्याख्याप्रज्ञप्ति के लिए 'विवाहपन्नत्ती" और "वियाहपन्नत्ती" दोनो पदो का प्रयोग हुआ है। इसके लिए "भगवती" पद का भी प्रयोग किया गया है तथा यहाँ भी इसके ८४ हजार पद बतलाये गये हैं।[२]

२. नन्दीसूत्र में[३]—व्याख्याप्रज्ञप्ति मे जीवादि का कथन है (पूर्ववत्)। समवायागोक्त "नाना-विध देवादि०" यह अंश यहाँ नहीं है। यहाँ केवल "विवाहपन्नत्ती" शब्द का प्रयोग हुआ है। पद परिमाण दो लाख ८८ हजार बतलाया है। शेष कथन समवायाङ्गवत् है।

३. विधिमार्गप्रपा में[४]—व्याख्याप्रज्ञप्ति के लिए 'भगवती" और विवाहपन्नत्ती" दोनो शब्दों का प्रयोग एक साथ किया गया है। इसमे श्रुतस्कन्ध नहीं है। 'शतक' नामवाले ४१ अध्ययन है जो अवान्तर शतको के साथ कुल १३८ शतक है।[५] इसके १९२३।१९३२ उद्देशक बतलाये है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में –

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[६]—"जीव है या नहीं है" इत्यादि रूप से ६० हजार प्रश्नो के उत्तर व्याख्याप्रज्ञप्ति में हैं।

---

१. समवा० सूत्र ५२६-५२९, ८४-३९५।

२. समवा० सूत्र ८४-३९५।

३. नन्दीसूत्र ५०।

४. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५३-५४।

५. एकतालीस शतको का १३८ शतको मे विभाजन–३३ से ३९ तक के शतक १२-१२ शतको के समवाय होने से (७ × १२ =)८४ शतक, ४०वाँ शतक २१ शतकों का समवाय है, शेष १ से ३२ तक तथा ४१वाँ प्रत्येक १–१ शतक होने से ३३ शतक है। (कुल ८४ + २१ + ३३ = १३८)

६. तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७३।

२. धवला में[1] — इसमें २ लाख २८ हजार पदों के द्वारा क्या जीव है ? क्या जीव नहीं है ? इत्यादि रूप से ६० हजार प्रश्नों के व्याख्यान हैं।

३. जयधवला में[2] — इसमें ६० हजार प्रश्नों तथा ९६ हजार छिन्नच्छेदों से जनित शुभाशुभों का वर्णन है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[3] — इसे मूल गाथा मे "विवायपण्णत्ति" कहा है तथा इसकी संस्कृत छाया में "विपाकप्रज्ञप्ति" कहा है। इसमें जीव है, नही है, नित्य है, अनित्य है आदि ६० हजार गणि प्रश्न हैं। पदसंख्या २२८००० है।

(ग) वर्तमान रूप—

इसमें गौतम गणधर प्रश्नकर्त्ता हैं तथा भगवान् महावीर उत्तर प्रदाता हैं। इस शैली का स्पष्ट उल्लेख तत्त्वार्थवार्तिक मे मिलता है—"एवं हि व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकेषु उक्तम्''''इति गौतम-प्रश्ने भगवता उक्तम्"।[4]

इस ग्रन्थ का प्रारम्भ मंगलाचरण पूर्वक होता है। ऐसा किसी अन्य अङ्ग ग्रन्थ में नहीं है। प्रारम्भ के २० शतक प्राचीन हैं। वेबर के अनुसार बाद के २१ शतक पीछे से जोडे गए हैं।[5] रायपसेणीय, पन्नवणा आदि अङ्ग बाह्य ग्रन्थों के भी उल्लेख इसमे मिलते हैं। भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्यों की भी चर्चा है। जयन्ति श्राविका का भी कथन है। इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति गणधरों के तो नाम हैं परन्तु सुधर्मा गणधर का नाम नही है। पौधे, लेश्या, कर्मबन्ध, समवसरण, त्रेता, द्वापर, कलियुग, ब्राह्मी-लिपि आदि का वर्णन है।

व्याख्यात्मक कथन होने से इसे व्याख्याप्रज्ञप्ति कहते हैं तथा पूज्य और विशाल होने से इसे "भगवती" भी कहते हैं।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

इसके पद प्रमाण के सम्बन्ध में दिगम्बर ग्रन्थों मे तो एकरूपता है, परन्तु श्वेताम्बरों के समवायाङ्ग और नन्दीसूत्र में एकरूपता नही है। इस तरह पदप्रमाण के सम्बन्ध मे ३ मत है— (१) दिगम्बर ग्रन्थों का, (२) समवायाङ्ग का और (३) नन्दीसूत्र का। नन्दी में आचाराङ्ग से व्याख्याप्रज्ञप्ति तक स्पष्ट रूप से क्रमशः दुगुना-दुगुना पद-प्रमाण बतलाया गया है, परन्तु समवायाङ्ग में यहाँ ऐसा नहीं किया गया है। समवायाङ्ग मे दो स्थानों पर पदसख्या उल्लिखित हुई है और दोनों स्थानों पर ८४ हजार पद बतलाए हैं। प्रश्नों के उत्तरों की सख्या के सन्दर्भ मे भी ३ मत मिलते हैं—(१) श्वेताम्बर ग्रन्थों मे ३६ हजार, (२) तत्त्वार्थवार्तिक, धवला और अङ्गप्रज्ञप्ति मे ६० हजार और (३) जयधवला में ६० हजार प्रश्नोत्तरों के साथ ९६ हजार छिन्नच्छेद। वर्तमान

१. धवला १.१.२, पृ० १०२.
२. जयधवला गाथा १, पृ० ११४.
३. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ३६-३८, पृ० २६४.
४. तत्त्वार्थ० ४.२६.
५. जैन साहित्य इ० पूर्वपीठिका, पृ० ६५७.

व्याख्याप्रज्ञप्ति की दिगम्बर उल्लेखों से भिन्नता है। इसमे गौतम का प्रश्नकर्त्ता होना और सुधर्मा का नाम न होना चिन्त्य है। गौतम का प्रश्नकर्त्ता होना दिगम्बरों के अनुकूल है। इस ग्रन्थ का कुछ अंश निश्चय ही प्राचीन दृष्टिगोचर होता है, परन्तु रायपसेणीय आदि अङ्गबाह्य ग्रन्थों के उल्लेखों, समवायाङ्ग आदि में निर्दिष्ट विषयवस्तु से भिन्नता होने, मगलाचरण होने आदि कारणों से इसके कुछ अंशों को बाद मे जोड़ा गया है।

इस ग्रन्थ का भगवती नाम श्वेताम्बरों में प्रसिद्ध है। समवायाङ्ग और विधिमार्गप्रपा में इस नाम का प्रयोग भी मिलता है। इस ग्रन्थ के प्राकृत नाम कई हैं। गोम्मटसार जीवकाण्ड में इसे "विक्खापण्णत्ती" कहा है जो व्याख्याप्रज्ञप्ति के अधिक निकट प्रतीत होता है[1], परन्तु यह नाम धवला आदि मे न होने से ज्ञात होता है कि यह नाम बाद मे सस्कृत के स्वर-व्यञ्जन-परिवर्तन के आधार पर दिया गया है।

६—ज्ञाताधर्मकथा

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. समवायाङ्ग में[2]—ज्ञाताधर्मकथा में ज्ञातों के (१) नगर, (२) उद्यान, (३) चैत्य, (४) वन-खण्ड, (५) राजा, (६) माता-पिता, (७) समवसरण, (८) धर्माचार्य, (९) धर्मकथा, (१०) इहलौकिक-पारलौकिक ऋद्धिविशेष, (११) भोगपरित्याग, (१२) प्रव्रज्या, (१३) श्रुतपरिग्रह, (१४) तपोपधान, (१५) पर्याय (दीक्षा पर्याय), (१६) सल्लेखना, (१७) भक्तप्रत्याख्यान, (१८) पादपोपगमन, (१९) देवलोक गमन, (२०) सुकुलप्रत्यागमन, (२१) पुनः बोधिलाभ (सम्यक्त्वप्राप्ति) और (२२) अन्त-क्रियाओं का वर्णन है।

इसमें (१) श्रेष्ठ जिन-भगवान् के शासन की संयमरूपी प्रव्रजितों की विनयप्रधान प्रतिज्ञा के पालन करने में जो धृति, मति, और व्यवसाय (पुरुषार्थ) से दुर्बल, (२) तप-नियम, तपोपधानरूप युद्ध-दुर्धर भार को वहन करने मे असमर्थ होने से पराङ्मुख, (३) घोर परीषहों से पराजित होकर सिद्धालय प्राप्ति के कारणभूत महामूल्य ज्ञानादि से पतित, (४) विषय सुखो की तुच्छ आशा के वशीभूत होकर रागादि दोषो से मूर्च्छित, (५) चारित्र, ज्ञान और दर्शन की विराधना मे सर्वथा निःसार और शून्य, (६) संसार के अपार दु खरूप दुर्गतियों के भवप्रपञ्च में **पतित ऐसे पतित पुरुषों की कथाएँ हैं।**

जो धीर हैं, परीषहों और कषायों को जीतने वाले है, धर्म के धनी है, संयम मे उत्साहयुक्त हैं, ज्ञान, दर्शन, चारित्र और समाधियोग की आराधना करने वाले है, शल्यरहित होकर शुद्ध सिद्धा-लय के मार्ग की ओर अभिमुख हैं ऐसे **महापुरुषों की कथायें हैं।**

जो देवलोक मे उत्पन्न होकर देवो के अनुपम सुखो को भोगकर कालक्रम से वहां से च्युत होकर पुनः मोक्षमार्ग को प्राप्तकर अन्तक्रिया से विचलित (अन्तसमय मे विचलित) हो गए हैं उनकी पुनः मोक्षमार्ग-स्थिति की कथायें है।

१ गोम्मटसार जीवकाण्ड गाथा ३५६

२ समवा० सूत्र ५३०-५३४.

अङ्गक्रम मे यह छठा अङ्ग है। इसमें २ श्रुतस्कन्ध और १९ अध्ययन हैं जो संक्षेप से दो प्रकार के हैं—चरित और कल्पित। २९ उद्देशनकाल, २९ समुद्देशनकाल और संख्यात सहस्र पद हैं।

धर्मकथाओं के १० वर्ग है। प्रत्येक वर्ग में ५००-५०० आख्यायिकायें हैं, प्रत्येक आख्यायिका में ५००-५०० उपाख्यायिकायें हैं, प्रत्येक उपाख्यायिका में ५००-५०० आख्यायिका-उपाख्यायिकायें हैं। इस तरह पूर्वापर सब मिलाकर साढ़े तीन करोड़ अपुनरुक्त कथायें हैं।

शेष वाचना आदि का कथन आचाराङ्गवत् है।

२ **नन्दीसूत्र में**[1]—इसमें ज्ञाताधर्मकथा की विषयवस्तु प्रायः समवायाङ्गवत् ही बतलाई है। क्रम में अन्तर है। 'पतित प्रव्रजित पुरुषों की कथायें है', यह पैराग्राफ नहीं है। उद्देशन काल १९ और समुद्देशनकाल भी १९ बतलाये है।

३. **विधिमार्गप्रपा में**[2]—इसमें दो श्रुतस्कन्ध हैं—ज्ञाता और धर्मकथा। ज्ञाता के १९ अध्ययन हैं—(१) उत्क्षिप्त, (२) संघाट, (३) अंड, (४) कूर्म, (५) शैलक, (६) तुम्बक, (७) रोहिणी, (८) मल्ली, (९) माकन्दी, (१०) चंदिमा, (११) दावद्रव, (१२) उदक, (१३) मंडुक, (१४) तेतली, (१५) नदिफल, (१६) अवरकंका, (१७) आकीर्ण, (१८) सुंसुमा और (१९) पुडरीक।

धर्मकथाओं के १० वर्ग हैं—जिनमें क्रमशः १०,१०,४,४,३२,३२,४,४,८,८, अध्ययन हैं।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१ **तत्त्वार्थवार्तिक में**[3]—अनेक आख्यानों और उपाख्यानों का वर्णन है।

२ **धवला में**[4]—नाथधर्मकथा मे ५ लाख ५६ हजार पद हैं जिनमे सूत्र-पौरुषी-विधि (सिद्धान्तोक्त-विधि) मे तीर्थंकरों की धर्मदेशना का, गणधरों के संदेह निवारण की विधि का तथा बहुत प्रकार की कथा-उपकथाओं का वर्णन है।

३. **जयधवला में**[5]—नाथधर्मकथा मे तीर्थंकरों की धर्मकथाओ के स्वरूप का वर्णन है। तीर्थंकर दिव्यध्वनि द्वारा धर्मकथाओं के स्वरूप का कथन करते है। इसमे उन्नीस धर्मकथायें हैं।

४. **अङ्गप्रज्ञप्ति में**[6]—इसमे "णाणकहा" तथा "णाहकहा" दोनों शब्दों का प्रयोग है जिनकी संस्कृत-छाया 'ज्ञातृकथा' तथा 'नाथकथा' की है। पुष्पिका मे "णादाधम्मकहा" लिखा है इसमें ५५६००० पद है। इसे नाथकथा के कथन से सयुक्त कहा है —(नाथ = त्रिलोक स्वामी, धर्मकथा =

---

१ नन्दीसूत्र ५१।
२. विधिमार्गप्रपा पृ० ५५।
३. तत्त्वार्थ० १.२० पृ० ७३।
४. धवला १.१.२ पृ० १०२-१०३।
५. जयधवला गाथा १ पृ० ११४-११५।
६. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ३९-४४ पृ० २६५-२६६।

तत्त्व-संकथन)। इसमें गणधर, चक्रवर्ती और इन्द्र के द्वारा प्रश्न करने पर दश धर्म का कथन या जीवादि वस्तु का कथन है। अथवा ज्ञातृ, तीर्थंकर, गणि, चक्रि, राजर्षि, इन्द्र आदि की धर्मानुकथादि का कथन है।

(ग) वर्तमान रूप—

छठें से ग्यारहवें तक के कथा-प्रधान अङ्ग-ग्रन्थों में सुधर्मा और जम्बू स्वामी के लिए अनेक विशेषणों का प्रयोग किया गया है। क्रिया पद अन्यपुरुष में है जिससे लगता है कि इनका रचयिता स्वयं सुधर्मा या जम्बू स्वामी नहीं है अपितु उनको प्रमाण मानकर किसी अन्य व्यक्ति ने रचना की है।

इस कथा-ग्रन्थ की मुख्य और अवान्तर कथाओं में आई हुई अनेक घटनाओं से तथा विविध प्रकार के वर्णनों से तत्कालीन इतिहास और संस्कृति की जानकारी प्राप्त होती है। इसके दो श्रुत-स्कन्ध हैं—

प्रथम श्रुतस्कन्ध में १९ अध्ययन हैं—

(१) उत्क्षिप्त (मेघकुमार की कथा), (२) संघाटक (धन्नासेठ), (३) अंडक (चम्पानगरी-वर्णन तथा मयूर-अण्डकथा), (४) कूर्म (वाराणसी नगरी-वर्णन तथा कछुआ की कथा), (५) शैलक (द्वारका-वर्णन तथा शैलक की कथा), (६) तुम्बक (राजगृह का वर्णन), (७) रोहिणीज्ञात (वधू रोहिणी की कथा), (८) मल्ली (१९वें तीर्थंकर की कथा), (९) माकन्दी (वणिक् पुत्र जिनपालित और जिनरक्षित की कथा), (१०) चन्द्र, (११) दावद्रव (दावद्रव समुद्र तट पर स्थित वृक्ष की कथा), (१२) उदकज्ञात (कलुषित जलशोधन), (१३) मंडुक ज्ञात या दर्दुरज्ञात (नन्द के जीव मेढक की कथा), (१४) तेतलि-पुत्र, (१५) नन्दीफल, (१६) द्रौपदी, (१७) आकीर्ण (जंगली अश्व), (१८) सुसुमा (सेठ कन्या) और (१९) पुंडरीक।

इन कथाओं मे कथा की अपेक्षा उदाहरण पर विशेष बल दिया गया है।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध—विषय और शैली की दृष्टि से यह प्रथम श्रुतस्कन्ध की अपेक्षा भिन्न प्रकार का है। इसमे धर्मकथाओं के १० वर्ग है जिनमे चमर, बलि, चन्द्र, सूर्य, शक्रेन्द्र, ईशानेन्द्र, आदि देवो की पटरानियों के पूर्वभव की कथायें हैं। इन पटरानियों के नाम उनके पूर्वभव (मनुष्य भव) की स्त्री-योनि से सम्बन्धित हैं। जैसे काली, रजनी, मेघा आदि।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

यद्यपि तत्त्वार्थवार्तिक में अनेक आख्यान-उपाख्यान कहे हैं परन्तु जयधवला में ज्ञाताधर्म की १९ धर्मकथाओं के कथन का उल्लेख मिलता है जो सभवतः १९ अध्ययनों का द्योतक है। इससे तथा श्वे० ग्रन्थों के उल्लेख से एक बात ज्ञात होती है कि मूलतः इसमे १९ अध्ययन रहे होंगे। 'धर्म-कथाओं के १० वर्ग हैं जिनमें ३½ करोड़ कथायें है' इत्यादि कथन अतिरजनापूर्ण है। इन १० धर्म-कथाओं का स्थानाङ्ग में कोई उल्लेख भी नही मिलता है। श्वे० ग्रन्थोक्त संख्यात सहस्र पद-संख्या अनिश्चित है जबकि दिग० ग्रन्थो में एक निश्चित पदसंख्या का उल्लेख किया गया है। समवायाङ्गोक्त २९ उद्देशन और २९ समुद्देशन काल में संभवतः १९ अध्ययन और १० धर्मकथाओं के वर्ग को जोड़कर २९ कहा है जबकि नंदी मे मात्र १९ उद्देशन और १९ समुद्देशन काल कहे हैं।

"ज्ञाता" शब्द का अर्थ "उदाहरण" ऐसा जो टीकाकार अभयदेव ने लिखा है वह प्राप्त किसी भी उद्धरण से सिद्ध नहीं है। ऐसा उन्होंने संभवतः उपलब्ध आगम के साथ समन्वय करने का प्रयत्न किया है अन्यथा यह ज्ञातवंशी (दिग० नाथवंशी) भगवान् महावीर की धर्मकथाओं से सम्बन्धित रहा है। ऐसा दिग० ग्रन्थों से स्पष्ट है। जब इस अङ्ग ग्रन्थ के नाम के शब्दार्थ पर विचार करते हैं तो देखते है कि दिग० इसे नाथधर्मकथा (णाहधम्मकहा) कहते हैं और श्वे० ज्ञातृधर्मकथा (णायाधम्म-कहा) 'ज्ञातृ' से श्वेताम्बर-मान्यतानुसार ज्ञातृवंशीय महावीर का तथा 'नाथ' से दिगम्बर-मान्यतानुसार नाथवंशीय महावीर का ही बोध होता है। अतः भगवान् महावीर से सम्बन्धित या उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म कथाओं का ही संचयन इसमें होना चाहिए। धर्मच्युतों को पुनः धर्माराधना में संस्थापित करना उन कथाओं का उद्देश्य रहा है ऐसा समवायांग और नन्दी के उल्लेखों से स्पष्ट है। समवायांग से ज्ञात होता है कि इसमे तीन प्रकार की कथायें थीं—(१) पतितों की, (२) दृढ़ धार्मिकों की और (३) धर्ममार्ग से विचलित होकर पुनः धममार्ग का आश्रय लेने वालों की।

७—उपासकदशा

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों मे—

१. **स्थानाङ्ग में**[1]—इसके १० अध्ययन है—आनन्द, कामदेव, चूलनीपिता, सुरादेव, चुल्लशतक, कुण्डकोलिक, सद्दालपुत्र, महाशतक, नन्दिनीपिता और लेयिकापिता।

२. **समवायाङ्ग में**[2]—इसमे उपासको के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखण्ड, राजा, माता-पिता, समवसरण, धर्माचार्य, धर्मकथाये, इहलौकिक-पारलौकिक ऋद्धिविशेष, शीलव्रत-विरमण-गुण-प्रत्याख्यान-प्रोषधोपवास प्रतिपत्ति, सुपरिग्रह (श्रुतपरिग्रह), तपोपधान, प्रतिमा, उपसर्ग, सल्लेखना, भक्त-प्रत्याख्यान, पादपोपगमन, देवलोकगमन, सुकुलप्रत्यागमन, पुनः बोधिलाभ और अन्तक्रिया का कथन किया गया है।

उपासकदशा मे उपासको (श्रावको) के ऋद्धिविशेष, परिषद, विस्तृत धर्मश्रवण, बोधिलाभ आदि के क्रम से अक्षय सर्व-दुःखमुक्ति का वर्णन है।

अङ्गों के क्रम मे सातवा अङ्ग है—१ श्रुतस्कन्ध, १० अध्ययन, १० उद्देशनकाल, १० समुद्देशनकाल और संख्यात लाख पद है। शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

२. **नन्दीसूत्र में**[3]—इसमे प्रायः समवायाङ्गवत् वर्णन है। क्रम में अन्तर है। उपासकों के ऋद्धिविशेष, परिषद आदि वाला अंश यहा नही है। पद-सख्या संख्यात सहस्र बतलाई है।

३. **विधिमार्गप्रपा मे**[4]—इसमे एक श्रुतस्कन्ध तथा १० अध्ययन है। अध्ययनों के नाम

---

१. स्थानाङ्गसूत्र १०.११२।

२. समवायाङ्गसूत्र ५३५-५३८।

३. नन्दीसूत्र ५२।

४. विधिमार्गप्रपा पृ० ५६।

हैं—१. आनन्द, २. कामदेव, ३. चूलनीपिता, ४. सुरादेव, ५. चुल्लशतक, ६. कुडकोलिक, ७. सद्दलपुत्र, ८. महाशतक, ९. नन्दिनीपिता और १०. लेतिआपिता।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. **तत्त्वार्थवार्तिक में**[1]—श्रावकधर्म का कथन है।

२. **धवला में**[2]—उपासकाध्ययन मे ११७०००० पद है जिनमे दर्शनिक, व्रतिक, सामायिकी, प्रोषधोपवासी, सचित्तविरत, रात्रिभुक्तिविरत, ब्रह्मचारी, आरम्भविरत, परिग्रहविरत, अनुमतिविरत और उद्दिष्टविरत इन ११ प्रकार के उपासकों के (श्रावकों के) लक्षण, उनके व्रतधारण करने की विधि तथा आचरण का वर्णन है।

३. **जयधवला में**[3]—दर्शनिक आदि ११ प्रकार के उपासकों के ग्यारह प्रकार के धर्म का वर्णन उपासकाध्ययन मे है।

४. **अङ्गप्रज्ञप्ति में**[4]—उपासकाध्ययन मे ११७००० पद है जिनमे दर्शनिक आदि ११ प्रकार के देशविरतो (श्रावको) के श्रद्धा, दान, पूजा, संघसेवा, व्रत, शीलादि का कथन है।

(ग) वर्तमान रूप—

इसमे उपासकों के आचारादि का वर्णन है। उपोद्घात ज्ञाताधर्मकथावत् है। आनन्द आदि जिन १० उपासकों के नाम स्थानाङ्ग और विधिमार्गप्रपा मे हैं उनकी ही कथाये इसमे है। सभी कथायें एक जैसी है उनमे केवल नामादि का अन्तर है।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

यह एकमात्र ऐसा अङ्गग्रन्थ है जिसमे उपासकों के आचार आदि का वर्णन किया गया है, ऐसा दिग० और श्वे० दोनो के उल्लेखो से प्रमाणित होता है। 'दशा' शब्द १० सख्या का बोधक है। इस तरह यह अङ्ग-ग्रन्थ स्वनामानुरूप है। धवला और जयधवला मे उपासकों की ११ प्रतिमाओं का भी उल्लेख है परन्तु तत्त्वार्थवार्तिक मे ऐसा उल्लेख नही है। समवायाङ्ग और नन्दी मे 'प्रतिमा' शब्द तो मिलता है परन्तु प्रतिमा के दर्शनिक आदि नाम नही हैं। शीलव्रत आदि शब्दो का भी प्रयोग समवायाङ्ग और नन्दी मे मिलता है। समवायाङ्ग और नन्दो में आनन्द आदि १० उपासको के नामो का उल्लेख तो नही है परन्तु १० अध्ययन सख्या से १० उपासकों की पुष्टि होती है। दिग० इस विषय मे चुप हैं। वर्तमान आगम मे स्थानाङ्गोक्त आनन्द आदि १० उपासकों की ही कथायें है।

पदसंख्या से सम्बन्धित तीन प्रकार के उल्लेख हैं—(१) समवायाङ्ग मे संख्यात लाख, (२) नन्दी में संख्यात सहस्र और (३) धवला मे ११ लाख ७० हजार।

---

१. तत्त्वार्थ० १.२० पृ० ७३।
२. धवला १.१.१ पृ० १०३।
३. जयधवला गाथा १ पृ० ११८।
४. अंगप्रज्ञप्ति गाथा ४५-४७ पृ० २६६।

उपोद्घातादि से यह अपेक्षाकृत परवर्ती रचना सिद्ध होती है। श्रावकधर्म का प्रतिपादक यह प्राचीनतम ग्रन्थ रहा है ऐसा उभय परम्परानुमत है।

८—अन्तकृद्दशा

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. स्थानाङ्ग में[1]—इसमें १० अध्ययन हैं—नमि, मातग, सोमिल, रामगुप्त, सुदर्शन, जमाली, भगाली, किंकष चिल्वक (चिल्लक), पाल और अंबडपुत्र।

२ समवायाङ्ग में[2]—इसमे कर्मो का अन्त करने वाले अन्तकृतो के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखण्ड, राजा, माता-पिता, समवसरण, धर्माचार्य, धर्मकथा, इहलौकिक-पारलौकिक ऋद्धिविशेष, भोग-परित्याग, प्रव्रज्या, श्रुतपरिग्रह, तप-उपधान, बहुत प्रकार की प्रतिमायें, क्षमा, आर्जव, मार्दव, सत्य, शौच, सत्रह प्रकार का सयम, ब्रह्मचर्य, आकिंचन्य, तप, त्याग समितियो तथा गुप्तियो का वर्णन है। अप्रमादयोग, स्वाध्याय और ध्यान का स्वरूप, उत्तम सयम को प्राप्त करके परीषहो को सहन करने वालों को चार घातियाँ कर्मों के क्षय से प्राप्त केवल ज्ञान, कितने काल तक श्रमण पर्याय और केवलि पर्याय का पालन किया, किन मुनियों ने पादोपगमसंन्यास लिया और कितने भक्तों का छेदनकर अन्तकृत मुनिवर अज्ञानान्धकार से विप्रमुक्त हो अनुत्तर मोक्षसुख को प्राप्त हुए, उन सबका विस्तार से वर्णन है।

अङ्गो के क्रम मे यह आठवाँ अङ्ग है। इसमे १ श्रुतस्कन्ध, १० अध्ययन, ७ वर्ग, १० उद्देशनकाल, १० समुद्देशनकाल और सख्यात हजार पद है।

शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

३. नन्दीसूत्र मे[3]— इसमे अन्तकृतो के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखण्ड, समवसरण, राजा, माता-पिता, धर्माचार्य, धर्मकथा, इहलोक-परलोक ऋद्धिविशेष, भोग-परित्याग, प्रव्रज्या, पर्याय (दीक्षा पर्याय), श्रुतपरिग्रह, तपोपधान, सल्लेखना, भक्तप्रत्याख्यान, पादपोपगमन और अन्तक्रिया (शैलेशी-अवस्था) का वर्णन है। इस आठवें अङ्ग मे एक श्रुतस्कन्ध, ८ वर्ग, ८ उद्देशनकाल आर ८ समुद्देशनकाल है। शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

४. विधिमार्गप्रपा में[4]—इस आठवें अङ्ग में १ श्रुतस्कन्ध तथा ८ वर्ग है। प्रत्येक वर्ग मे क्रमशः १०,८,१३,१०,१०,१६,१३ और १० अध्ययन है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[5]—जिन्होंने संसार का अन्त कर दिया है उन्हे अन्तकृत कहते हैं।

---

१. स्थानाङ्गसूत्र १०.११३।

२. समवायाङ्गसूत्र ५३९-५४२।

३. नन्दीसूत्र ५३।

४. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५६।

५. तत्त्वार्थ० १.२० पृ० ७३।

चौबीसों तीर्थङ्करों के समय में होने वाले १०-१० अन्तकृत अनगारो का वर्णन है जिन्होंने दारुण उपसर्गों को सहनकर मुक्ति प्राप्त की। भगवान् महावीर के समय के १० अन्तकृत हैं—नमि, मतङ्ग, सोमिल, रामपुत्र, सुदर्शन, यमलीक, वलीक, किष्कम्बल, पाल और अम्बष्ठपुत्र।

अन्तकृतों की दशा अन्तकृद्दशा है, अतः इसमें अर्हत्, आचार्य और सिद्ध होने वालो की विधि का वर्णन है।

२. धवला में[1]—२३२८००० पदों के द्वारा इसमें प्रत्येक तीर्थङ्कर के तीर्थ मे नाना प्रकार के दारुण उपसर्गो को सहनकर, प्रातिहार्यों (अतिशय-विशेषो) को प्राप्तकर निर्वाण को प्राप्त हुए १०-१० अन्तकृतों का वर्णन है। तत्त्वार्थभाष्य मे कहा है—"ससारस्यान्तःकृतो येस्तेऽन्तकृत:" (जिन्होंने संसार का अन्त कर दिया है, वे अन्तकृत है। वर्धमान तीर्थङ्कर के तीर्थ मे होने वाले १० अन्तकृत है—नमि, मतङ्ग, सोमिल, रामपुत्र, सुदर्शन, यमलीक, वलीक, किष्कंबिल, पालम्ब और अष्टपुत्र। इसी प्रकार ऋषभदेव आदि तीर्थङ्करो के तीर्थ मे दूसरे १०-१० अन्तकृत हुए है। इन सबकी दशा का इसमें वर्णन हैं।

३. जयधवला में[2]—इसमें प्रत्येक तीर्थङ्कर के तीर्थ मे चार प्रकार के दारुण उपसर्गो को सहन कर और प्रातिहार्यों को प्राप्तकर निर्वाण को प्राप्त हुए सुदर्शन आदि १०-१० साधुओ का वर्णन है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[3]—अन्तकृत मे २३२८००० पद है, जिनमे प्रत्येक तीर्थङ्कर के तीर्थ के १०-१० अन्तकृतों का वर्णन है। वर्धमान तीर्थङ्कर के तीर्थ के १० अन्तकृतो के नाम धवलावत् है—मातंग, रामपुत्र, सोमिल, यमलीक, किष्कंबी, सुदर्शन, वलोक, नमि, पाल और अष्ट (मूल मे "अलंबद्ध" पद का प्रयोग है जिसकी संस्कृत छाया पालम्बष्ट की है)।

(ग) वर्तमान रूप—

अन्तकृत शब्द का अर्थ है—संसार का अन्त करने वाले। इसका उपोद्घात ज्ञाताधर्मकथावत् है। इसमे ८ वर्ग है—

प्रथम वर्ग—इसमे गौतम, समुद्र, सागर, गम्भीर, थिमिअ, अयल, कंपिल्ल, अक्षोभ, पसेणई और विष्णु इन अन्धकवृष्णि के १० पुत्रों से सम्बन्धित १० अध्ययन है। **द्वितीय वर्ग**—इसमे १० मुनियो के १० अध्ययन हैं। **तृतीय वर्ग**—इसमे १३ मुनियों के १३ अध्ययन है। **चतुर्थ वर्ग**—इसमे जालि आदि १० मुनियों के १० अध्ययन है। **पंचम वर्ग**—इसमे पद्मावती आदि १० अन्तकृत स्त्रियो के नामवाले १० अध्ययन हैं। **षष्ठ वर्ग**—इसमे १६ अध्ययन है। **सप्तम वर्ग**—इसम १३ अध्ययन है, जिनमे अन्तकृत स्त्रियों (साध्वियों) की कथायें है। **अष्टम वर्ग**—इसमे राजा श्रेणिक की काली आदि १० अन्तकृत स्त्रियों (साध्वियो) से सम्बन्धित १० अध्ययन है।

इन आठ वर्गो को तीन भागों मे विभक्त किया जा सकता है। जैसे (१) प्रथम पाँच वर्ग कृष्ण और वासुदेव से सम्बन्धित व्यक्तियो की कथा से सम्बन्धित है, (२) षष्ठ और सप्तम वर्ग भगवान्

---

१. धवला १.१.२, पृ० १०३-१०४।

२. जयधवला गाथा, १, पृ० ११८।

३. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ४८-५१, पृ० २६७.

महावीर के शिष्यों की कथा से सम्बन्धित हैं तथा (३) अष्टम वर्ग राजा श्रेणिक की काली आदि १० भार्याओं की कथा से सम्बन्धित हैं।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

स्थानाङ्ग, तत्त्वार्थवार्तिक, धवला, जयधवला और अङ्गप्रज्ञप्ति में नमि आदि भगवान् महावीर कालीन १० अन्तकृतों के नाम प्रायः एक समान मिलते हैं जिससे ज्ञात होता है कि मूल में इनका वर्णन रहा है। समवायाङ्ग, नन्दी और विधिमार्गप्रपा में इन नामों का उल्लेख नहीं मिलता है। दिगम्बर ग्रन्थों में एक स्वर से कहा गया है कि इसमें न केवल भगवान् महावीर-कालीन १० अन्तकृतों का वर्णन रहा है अपितु चौबीसों तीर्थङ्करों के काल के १०-१० अन्तकृतों का वर्णन रहा है। वर्तमान ग्रन्थ में न तो १० अध्ययन हैं और न नमि आदि अन्तकृतों का वर्णन है। यह परवर्ती रचना है जिसमें नमि और महावीर-कालीन कुछ अन्तकृतों का वर्णन है परन्तु पूर्वोक्त नमि आदि नामों से भिन्नता है।

स्थानाङ्ग से इसके केवल १० अध्ययनों का बोध होता है जबकि समवायाङ्ग से १० अध्ययनों के अतिरिक्त ७ वर्गों का भी बोध होता है। नन्दी में केवल ८ वर्गों का उल्लेख है, अध्ययनों का नहीं। विधिमार्गप्रपा में ८ वर्गों और उसके अवान्तर अध्ययनों का कथन है जो वर्तमान आगम के अनुरूप है सिर्फ द्वितीय वर्ग की अध्ययनसंख्या मे अन्तर है।

९—अनुत्तरौपपातिकदशा

(क) **श्वेताम्बर ग्रन्थों में—**

१. स्थानाङ्ग में[१]—अनुत्तरौपपातिकदशा मे १० अध्ययन है—ऋषिदास, धन्य, सुनक्षत्र, कार्तिक, संस्थान, शालिभद्र, आनन्द, तेतली, दशार्णभद्र और अतिमुक्त।

२ समवायाङ्ग में[२]—अनुत्तरौपपातिकदशा मे अनुत्तर विमानों में उत्पन्न होनेवाले महा-पुरुषों के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखण्ड, राजा, माता-पिता, समवसरण, धर्माचार्य, धर्मकथा, इह-लौकिक-पारलौकिक ऋद्धियाँ, भोग-परित्याग, प्रव्रज्या, श्रुतपरिग्रह, तपोपधान, पर्याय, प्रतिमा, सल्लेखना, भक्तप्रत्याख्यान, पादपोपगमन, अनुत्तर विमानो में उत्पाद, सुकुलोत्पत्ति, पुनः बोधिलाभ और अन्तक्रिया का वर्णन है।

परम मंगलकारी, जगत् हितकारी तीर्थङ्करो के समवसरण आदि का वर्णन है। उत्तम ध्यान योग से युक्त होते हुए जीव जिस प्रकार अनुत्तर विमानो में उत्पन्न होते है, वहाँ जैसे विषयसुख का भोग करते हैं उन सबका वर्णन इसमे किया गया है। पश्चात् वहाँ से च्युत होकर वे जिस प्रकार संयम धारणकर अन्तक्रिया करेंगे उस सबका वर्णन है।

इस नवम अङ्ग मे एक श्रुतस्कन्ध, दस अध्ययन, तीन वर्ग, दश उद्देशनकाल, दश समुद्देशन-काल और संख्यात लाख पद है। शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

३. नन्दीसूत्र में[३]—इसमे अनुत्तरौपपातिकों के नगरादि का वर्णन है। १ श्रुतस्कन्ध,

१ स्थानाङ्गसूत्र १०.११४.

२. समवा० सूत्र ५४२-५४५.

३. नन्दीसूत्र ५४.

३ वर्ग, ३ उद्देशनकाल, ३ समुद्देशनकाल तथा संख्यात सहस्र पद है। शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

४. विधिमार्गप्रपा में[1]—इसमें १ श्रुतस्कन्ध और ३ वर्ग हैं। प्रत्येक वर्ग में क्रमशः १०, १३ और १० अध्ययन है। जालि आदि अध्ययनों के नाम है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[2]—देवों का उपपाद जन्म होता है। विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्धि ये पांच अनुत्तर देवों के विमान है। प्रत्येक तीर्थङ्कर के तीर्थ मे अनेक प्रकार के दारुण उपसर्गों को सहनकर पूर्वोक्त अनुत्तर विमानो मे उत्पन्न होने वाले १०-१० मुनियो का इसमे वर्णन होने से इसे अनुत्तरौपपादिक कहते है। महावीर के तीर्थ के १० अनुत्तरौपपातिक है—ऋषिदास, धान्य, सुनक्षत्र, कार्तिक, नन्द, नन्दन, शालिभद्र, अभय, वारिषेण और चिलातपुत्र।

अथवा अनुत्तरौपपादिकों की दशा, आयु, विक्रिया आदि का इसमे वर्णन है।

२ धवला में[3]—इसमे ९२४४००० पद हैं, जिनमे प्रत्येक तीर्थङ्कर के तीर्थ मे उत्पन्न होने वाले १०-१० अनुत्तरौपपादिकों का वर्णन है। महावीर के तीर्थ मे उत्पन्न होने वाले १० अनुत्तरौपपादिकों के नाम 'उक्तं च तत्त्वार्थभाष्ये' कहकर तत्त्वार्थभाष्यानुसार दिए है।

३ जयधवला में[4]—इसमे चौबीस तीर्थंकरों के तीर्थ में चार प्रकार के दारुण उपसर्ग सहनकर अनुत्तर विमान को प्राप्त हुए १०-१० मुनिवरों का वर्णन है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[5]—इसमे ९२४४००० पदों के द्वारा प्रत्येक तीर्थंकर के तीर्थ में उत्पन्न १०-१० अनुत्तरौपपादिकों का वर्णन है। वर्धमान तीर्थंकर के तीर्थ के १० अनुत्तरौपपादिक मुनि है—ऋजुदास, शालिभद्र, सुनक्षत्र, अभय, धन्य, वारिषेण, नन्दन, नन्द, चिलातपुत्र और कार्तिकेय।

(ग) वर्तमान रूप—

उपपाद जन्म वाले देव औपपातिक कहलाते है। बिजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्धि के वैमानिक देव अनुत्तर (श्रेष्ठ) कहलाते हैं। अतः जो उपपाद जन्म से अनुत्तरों में उत्पन्न होते हैं, उन्हें अनुत्तरौपपातिक कहते हैं। इस तरह इसमें अनुत्तरों में उत्पन्न होने वाले मनुष्यों की दशा का वर्णन है। इसके तीन वर्ग हैं जिनमे ३३ अध्ययन हैं—

प्रथम वर्ग—जालि, मयालि, उपजालि, पुरुषसेन, वारिषेण, दीर्घदन्त, लष्टदन्त, वेहल्ल, वेहायस और अभयकुमार से सम्बन्धित १० अध्ययन हैं।

द्वितीय वर्ग—दीर्घसेन, महासेन, लष्टदन्त, गूढदन्त, शुद्धदन्त, हल्ल, द्रुम, द्रुमसेन, महाद्रुमसेन, सिंह, सिंहसेन, महासिंहसेन और पुष्पसेन से सम्बन्धित १३ अध्ययन है।

तृतीय वर्ग—धन्यकुमार, सुनक्षत्रकुमार, ऋषिदास, पेल्लक, रामपुत्र, चन्द्रिक, पृष्टिमातृक, पेढालपुत्र, पोट्टिल्ल और वेहल्ल से सम्बन्धित १० अध्ययन हैं।

१. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५६
२ तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७३.
३. धवला १.१.२, पृ० १०४-१०५।
४. जयधवला गाथा १, पृ० ११९।
५. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ५२-५५, पृ० २६७-२६८।

(घ) तुलनात्मक विवरण

दिगम्बर उल्लेखों से ज्ञात होता है कि यह ग्रन्थ भी अन्तकृत-दशा की तरह २४ तीर्थंकरों के तीर्थ में होने वाले १०-१० अनुत्तरौपपादिकों का वर्णन करता है। भगवान् महावीर के काल के जिन १० अनुत्तरौपपादिकों के नामों का उल्लेख दिगम्बर ग्रन्थों में मिलता है उनमें से ५ नाम स्थानाङ्ग में शब्दशः मिलते हैं। स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग मे इसके १० अध्ययनों का उल्लेख है। स्थानाङ्ग में नाम गिनाए है और समवायाङ्ग में नही। इसके अतिरिक्त समवायाङ्ग में तीन वर्गों का भी उल्लेख है परन्तु उद्देशन और समुद्देशन काल १० ही बतलाया है जो चिन्त्य है। नन्दी मे अध्ययनों का उल्लेख ही नहीं है उसमें तीन वर्ग और तीन उद्देशन कालादि का ही कथन है। विधिमार्गप्रपा में तीन वर्गों के साथ उसके ३३ अध्ययनों का भी निर्देश है जिनका वर्तमान आगम के साथ साम्य है। वर्तमान ग्रन्थ में केवल ३ नाम ऐसे है जो स्थानाङ्ग और दिग० ग्रन्थों मे एक साथ उक्त हैं। पद संख्या, समवायाङ्ग, नन्दी और दिग० ग्रन्थो मे भिन्न-भिन्न है। ज्ञाताधर्मकथा की तरह इसमे उपोद्घात भी है। इन सब कारणों से यह परवर्ती रचना सिद्ध होती है।

१०—प्रश्नव्याकरण

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. **स्थानाङ्ग में**[1]—इसमे १० अध्ययन हैं—उपमा, संख्या, ऋषिभाषित, आचार्यभाषित, महावीरभाषित, क्षौमिकप्रश्न, कोमलप्रश्न, आदर्शप्रश्न, अगुष्ठप्रश्न और बाहुप्रश्न।

२. **समवायाङ्ग में**[2]—इसमे १०८ प्रश्न, १०८ अप्रश्न, १०८ प्रश्नाप्रश्न, विद्यातिशय तथा नाग-सुपर्णों के साथ दिव्यसंवाद है। स्वसमय परसमय के प्रज्ञापक प्रत्येक बुद्धों के विविध अर्थों वाली भाषाओ के द्वारा कथित वचनो का, आचार्यभाषितो का, वीरमहर्षियो के सुभाषितों का, आदर्श (दर्पण), अगुष्ठ, बाहु, असि, मणि, क्षौम (वस्त्र) और आदित्य (सूर्य)-भाषितो का, अबुधजनो को प्रबोधित करने वाले प्रत्यक्ष प्रतीतिकारक प्रश्नो के विविध गुण और महान् अर्थवाले जिनवर-प्रणीत उत्तरों का इसमे वर्णन है।

अङ्गों के क्रम मे यह १०वॉ अङ्ग है। इसमे १ श्रुतस्कन्ध, ४५ उद्देशनकाल, ४५ समुद्देशन-काल और संख्यात लाख पद है।

शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

३. **नन्दीसूत्र में**[3]—इसमे १०८ प्रश्न, १०८ अप्रश्न, १०८ प्रश्नाप्रश्न हैं। जैसे—अंगुष्ठप्रश्न, बाहुप्रश्न, आदर्शप्रश्न, अन्य विचित्र विद्यातिशय तथा नाग-सुपर्णो के साथ दिव्य संवाद।

श्रुतस्कन्ध-संख्या आदि का कथन समवायाङ्गवत् ही बतलाया है परन्तु यहाँ ४५ अध्ययन और संख्यात् सहस्रपदसंख्या बतलाई है।

---

१. स्थानाङ्गसूत्र १०.११६।
२. समवा० सूत्र ५४६-५४९।
३. नन्दीसूत्र ५५।

४. विधिमार्गप्रपा में[1]—इसमें १ श्रुतस्कन्ध है। इसके १० अध्यायों के क्रमशः नाम हैं—हिंसाद्वार, मृषावादद्वार, स्तेनितद्वार, मैथुनद्वार, परिग्रहद्वार, अहिंसाद्वार, सत्यद्वार, अस्तेनितद्वार, ब्रह्मचर्यद्वार और अपरिग्रहद्वार। यहाँ कोई ५-५ अध्ययनों के दो श्रुतस्कन्ध भी बतलाते हैं।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[2]—"प्रश्नानां व्याकरणं प्रश्नव्याकरणम्"। इसमे युक्ति और नयों के द्वारा अनेक आक्षेप और विक्षेपरूप प्रश्नों के उत्तर हैं जिनमें सभी लौकिक और वैदिक अर्थों का निर्णय किया गया है।

२. **धवला में**[3]—इसमें ९३१६००० पद हैं जिनमें आक्षेपिणी (तत्त्वनिरूपिका) विक्षेपणी, (स्वसमयस्थापिका), संवेदनी (धर्मफलनिरूपिका) और निर्वेदनी (वैराग्यजनिका) इन चार प्रकार की कथाओं का वर्णन है। आक्षेपिणी आदि कथाओं का स्वरूप तथा कौन किस प्रकार की कथा का अधिकारी है? इसका भी यहाँ उल्लेख किया गया है। अन्त मे प्रश्न के अनुसार हृत, नष्ट, मुष्टि, चिन्ता, लाभ, अलाभ, सुख, दुःख, जीवित, मरण, जय, पराजय, नाम, द्रव्य, आयु और संख्या का भी प्ररूपण है।

३. **जयधवला में**[4]—पदसंख्या को छोड़कर शेष कथन प्रायः धवलावत् है।

४. **अङ्गप्रज्ञप्ति में**[5]—इसका विवेचन धवलावत् है।

(ग) वर्तमान रूप—

इसमें पांच आस्रवद्वार और पांच संवरद्वाररूप १० अध्ययन हैं जिनमें क्रमशः हिंसा, झूठ, अदत्तादान, अब्रह्मचर्य, परिग्रह, अहिंसा, सत्य, अदत्तग्रहण, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का वर्णन है। उपोद्‌घात ज्ञाताधर्मकथा की ही तरह है। इसमें प्रश्नों के व्याकरण (उत्तर) नही है।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

उपलब्ध आगम सर्वथा नवीन रचना है क्योंकि इसमे न तो ग्रन्थ के नामानुसार प्रश्नोत्तर शैली है और न उपलब्ध प्राचीन उल्लेखों से कोई साम्य है। वर्तमान रचना केवल विधिमार्गप्रपा के वक्तव्य से मेल रखती है। विधिमार्गप्रपा बहुत बाद की रचना है जो उपलब्ध आगम को दृष्टि मे रखकर लिखी गई है अन्यथा यहाँ नन्दी को आधार होना चाहिए था। स्थानाङ्ग मे जिन १० अध्ययनों का उल्लेख है उनसे वर्तमान १० अध्ययनों का दूर तक कोई साम्य नही है। नन्दी और समवायाङ्ग में जिन विद्यातिशयों का उल्लेख है वे भी नहीं हैं। इस सन्दर्भ मे वृत्तिकार अभयदेव का यह कथन कि "अनधिकारी चमत्कारी-विद्यातिशयो का प्रयोग न करें। अतः उन्हें हटा दिया गया है", समुचित नही है क्योंकि कुछ तो अवशेष अवश्य मिलते। उपोद्‌घात भी इसे नूतन रचना सिद्ध करता है।

१. विधिमार्गप्रपा, पृ० ५६।
२. तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७३-७४।
३. धवला १.१.२, पृ० १०५-१०८।
४. जयधवला गाथा १, पृ० ११९।
५. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ५६-६७, पृ० २६८-२७०।

स्थानाङ्ग में १० अध्ययन गिनाए हैं और नन्दी में ४५ अध्ययन। समवायाङ्ग में अध्ययनों का उल्लेख तो नहीं है परन्तु उसके ४५ उद्देशन और समुद्देशन काल बतलाए हैं जिससे इसके ४५ अध्ययनों की कल्पना को जा सकती है। समवायाङ्ग के ५४·२९२वें समवाय में कहा है कि भगवान् महावीर ने एक दिन मे एक आसन से बैठे हुए ५४ प्रश्नों के उत्तर रूप व्याख्यान दिए। यहाँ कथित ५४ संख्या चिन्त्य है। समवायाङ्ग, नन्दी और दिगम्बर ग्रन्थों में पद-सख्या भिन्न-भिन्न है। दिग० ग्रन्थों के उल्लेखों से ज्ञात होता है कि इसमे आक्षेप-विक्षेप के जनक प्रश्नो के उत्तर थे तथा लौकिक एवं वैदिक शब्दो का नयानुसार शब्दार्थ-निर्णय था। स्थानाङ्ग में कथित क्षौमिक प्रश्न आदि से भी इसकी पुष्टि होती है। सम्भवतः इसके ऋषिभाषित, आचार्यभाषित और महावीरभाषित अश स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप मे प्रसिद्ध है।

११—विपाकसूत्र

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों मे—

१. स्थानाङ्ग में[1]—कर्मविपाक के १० अध्ययन है—मृगापुत्र, गोत्रास, अण्ड, शकट, ब्राह्मण, नन्दिषेण, शौरिक, उदुम्बर, सहस्राद्दाह, आमरक और कुमारलिच्छवी।

२. समवायाङ्ग में[2]—दुष्कृत और सुकृत कर्मो के फलों का वर्णन होने से यह दो प्रकार का है—दुःखविपाक और सुखविपाक। प्रत्येक के १०-१० अध्ययन है। दुःखविपाक मे दुष्कृतों के नगरादि का वर्णन है तथा सुखविपाक मे सुकृतों के नगरादि का वर्णन है। प्राणातिपात, असत्य-वचन आदि पाप कर्मों से नरकादि गतिप्राप्तिरूप दुःखविपाक होता है। शील, संयम आदि शुभ भावो से देवादिगति-प्राप्ति (परम्परया मोक्ष-प्राप्ति) रूप सुखविपाक होता है। ये दोनों विपाक सवेग मे कारण है।

अङ्गों के क्रम में यह ग्यारहवाँ अङ्ग है। इसमें २० अध्ययन, २० उद्देशनकाल, २० समुद्देशनकाल और संख्यात लाख पद है।

शेष वाचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

३. नन्दीसूत्र में[3]—प्रायः समवायाङ्गवत् कथन है। इसमें दो श्रुतस्कन्ध तथा संख्यात-सहस्र पद कहे हैं।

४. विधिमार्गप्रपा में[4]—इसमें दो श्रुतस्कन्ध है। प्रथम दुःखविपाक श्रुतस्कन्ध में १० अध्ययन हैं—मृगापुत्र, उज्झितक, अभग्नसेन, शकट, बृहस्पतिदत्त, नन्दिवर्धन, उंबरिदत्त, शौरिक-दत्त, देवदत्ता और अंजु। द्वितीय सुखविपाक श्रुतस्कन्ध के १० अध्ययन है—सुबाहु, भद्रनन्दि, सुजात, सुवासव, जिनदास, धनपति, महाबल, भद्रनन्दि, महाचन्द्र और वरदत्त।

---

१. स्थानाङ्गसूत्र १०.१११।

२. समवायाङ्गसूत्र ५५०-५५६।

३ नन्दीसूत्र ५६।

४. विधिमार्गप्रपा पृ० ५६।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्तिक में[१]—इसमें पुण्य और पाप कर्मों के फल (विपाक) का विचार किया गया है।

२. धवला में[२]—इसमें १८४००००० पद है जिनमे पुण्य और पाप कर्मो के विपाक (फल) का वर्णन है।

३. जयधवला में[३]—इसमे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव का आश्रय लेकर शुभाशुभ कर्मों के विपाक का वर्णन है।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति में[४]—धवला-जयधवलावत् कथन है।

(ग) वर्तमानरूप—

इसमे ज्ञाताधर्मकथावत् उपोद्घात है। विपाक का अर्थ है "कर्मफल"। यहाँ इन्द्रभूति गौतम संसार के प्राणियो को दुःखी देखकर भगवान् महावीर से उसका कारण पूछते है। भगवान् महावीर पापरूप और पुण्यरूप कर्मों के फलो का कथन करके धर्मोपदेश देते हैं। इसमे दो श्रुतस्कन्ध है—(१) **दुःखविपाक**—इसमे १० अध्ययन है जिनमे क्रमशः मृगापुत्र, उज्झितक (कामध्वजा), अभग्नसेन (चोर), शकट, बृहस्पतिदत्त (पुरोहितपुत्र), नन्दिवर्धन, उम्बरदत्त (वैद्य), शौरिक (सोरियदत्त मछलीमार), देवदत्ता और अंजु की कथाएँ है। इनमे पाप कर्मो के परिणामो का कथन है। (२) **सुखविपाक**—इसमे १० अध्ययन है जिनमे क्रमशः सुबाहुकुमार, भद्रनन्दी, सुजातकुमार, सुवासवकुमार, जिनदास, धनपति, महाबल, भद्रनन्दी, महाचन्द्र और वरदत्तकुमार की कथाएँ है। इनमे पुण्यकर्मो के परिणामों का कथन है।

यहाँ इतना विशेष है कि दु.खविपाक मे असत्यभाषी और महापरिग्रही की तथा सुखविपाक मे सत्यभाषी और अल्पपरिग्रही की कथायें नही है जो चिन्त्य है।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

दिग० और श्वे० दोनो के उल्लेखो मे इतना तो निश्चित है कि इसमे कर्मो के दुःखविपाक और सुखविपाक का विवेचन रहा है। यद्यपि इसमे कर्मो के दुःखविपाक और सुखविपाक का ही विवेचन है परन्तु इसकी मूलरूपता चिन्त्य है। समवायाङ्ग, नन्दी और विधिमार्गप्रपा के अनुसार अध्ययनो की तो संगति बैठ जाती है परन्तु समवायाङ्ग में इसके दो श्रुतस्कन्धों का उल्लेख नही है। स्थानाङ्ग मे १० अध्ययन हो बतलाए है। यद्यपि वहाँ केवल कर्मविपाक शब्द का प्रयोग है, परन्तु वह सम्भवतः सम्पूर्ण विपाकसूत्र का प्रतिनिधि है अन्यथा दुःखविपाक और सुखविपाक के १०-१० अध्ययन पृथक्-पृथक् गिनाए जाते। वर्तमान दुःखविपाक के अध्ययनो के साथ स्था-

---

१. तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७४।

२ धवला १.१.२, पृ० १०८।

३ जयधवला गाथा १, पृ० १२०।

४. अङ्गप्रज्ञप्ति गाथा ६८-६९, पृ० २७०-२७१।

नाङ्गोक्त १० अध्ययनों का पूर्ण साम्य नहीं है। समवायाङ्ग के ५५वें समवाय मे कहा है—"भगवान् महावीर अन्तिम रात्रि में पुण्यफल विपाकवाले ५५ और पापफल विपाकवाले ५५ अध्ययनों का प्रतिपादन करके सिद्ध, बुद्ध मुक्त हो गए।" इस कथन से प्रकृत ग्रन्थ-योजना सगत नही बैठती है। उपोद्घात भी इसकी परवर्तिता का सूचक है।

१२—दृष्टिवाद

(क) श्वेताम्बर ग्रन्थों में—

१. **स्थानाङ्ग में**—इसके ४ भेद गिनाए है—परिकर्म, सूत्र, पूर्वगत और अनुयोग।[1] दृष्टिवाद के १० नामो का भी उल्लेख है— दृष्टिवाद, हेतुवाद, भूतवाद, तच्चवाद (तत्ववाद या तथ्यवाद), सम्यग्वाद, धर्मवाद, भाषाविचय (भाषाविजय), पूर्वगत, अनुयोगगत और सर्वप्राणभूतजीवसत्त्वसुखावह।[2] इसके अतिरिक्त उत्पादपूर्व की १० वस्तु और आस्तिनास्तिप्रवाद पूर्व की १० चूलावस्तु का उल्लेख है परन्तु नाम नहीं गिनाए है।[3] द्रव्यानुयोग के १० प्रकार गिनाए है—द्रव्यानुयोग, मातृकानुयोग, एकार्थिकानुयोग, करणानुयोग, अर्पितानर्पितानुयोग, भाविताभावितानुयोग, बाह्याबाह्यानुयोग, शाश्वताशाश्वतानुयोग, तथाज्ञानानुयोग और अतथाज्ञानानुयोग।[4] अरिष्टनेमी के समय के चतुर्दशपूर्ववेत्ता मुनियो की संख्या ४०० बतलाई है।[5]

२ **समवायाङ्ग में**[6] –दृष्टिवाद मे सब भावो की प्ररूपणा की जाती है। संक्षेप से वह ५ प्रकार का है—परिकर्म, सूत्र, पूर्वगत, अनुयोग और चूलिका।

(अ) **परिकर्म** ७ प्रकार का है – सिद्धश्रेणिका, मनुष्यश्रेणिका, पृष्टश्रेणिका, अवगाहनश्रेणिका, उपसपद्यश्रेणिका, विप्रजहत्श्रेणिका और च्युताच्युतश्रेणिका। (१) **सिद्धश्रेणिका** के १४ भेद हैं—मातृकापद[7], एकार्थकपद, अर्थपद, पाठपद, आकाशपद, केतुभूत, राशिबद्ध, एकगुण, द्विगुण, त्रिगुण, केतुभूत प्रतिग्रह, संसारप्रतिग्रह, नन्द्यावर्त और सिद्धबद्धा। (२) **मनुष्यश्रेणिका** परिकर्म के ११ भेद है—मातृकापद से लेकर पूर्वोक्त नन्द्यावर्त तक तथा मनुष्यबद्ध। (३-७) **पृष्टश्रेणिका** परिकर्म से लेकर शेष सभी परिकर्म—इनके ११-११ भेद है। मूल में इनके भेद नही गिनाए है, परन्तु नन्दी मे भेदों को गिनाया गया है। सम्भवतः समवायाङ्ग के अनुसार इनके भेद मनुष्यश्रेणिका परिकर्मवत् बनेंगे, अन्तिम भेद केवल बदलता जायेगा। पूर्वोक्त सातो परिकर्म स्वसामयिक (जैनमतानुसारी) है, सात आजीविका मतानुसारी है, छः परिकर्म चतुष्कनयवालों के है और सात त्रैराशिक

---

१. स्थानाङ्गसूत्र ४.१३१।
२ वही, १०.९२।
३. वही १०.६७-६८।
४ वही, १०.४७।
५ वहीं, ४.६४७।
६ समवा० सूत्र ५५७-५७०.
७ समवायाङ्ग के ४६वें समवाय मे दृष्टिवाद के ४६ मातृकापदों का उल्लेख है परन्तु उनके नाम नहीं गिनाए है।

मतानुसारी हैं। इस प्रकार ये सातों परिकर्म पूर्वापर भेदों की अपेक्षा ८३ (१४+१४+११+११+११+११+११) होते हैं।

(आ) सूत्र—ये ८८ होते हैं। जैसे—ऋजुक, परिणतापरिणत, बहुभंगिक, विजयचर्या, अनन्तर, परम्पर, समान, संजूह (संयूथ), संभिन्न, अहाच्चय, सौवस्तिक, नन्द्यावर्त, बहुल, पृष्टापृष्ट, व्यावृत्त, एवंभूत, द्वयावर्त, वर्तमानात्मक, समभिरूढ, सर्वतोभद्र, पणाम (पण्णास) और दुष्प्रतिग्रह। ये २२ सूत्र स्वसमयसूत्रपरिपाटी में छिन्नच्छेदनयिक हैं। ये ही २२ सूत्र आजीविका सूत्र परिपाटी से अच्छिन्नच्छेदनयिक हैं। ये ही २२ सूत्र त्रैराशिक सूत्र परिपाटी से त्रिकनयिक है और ये ही २२ सूत्र स्वसमय सूत्र परिपाटी से चतुष्कनयिक है। इस तरह कुल मिलाकर २२×४=८८ भेद सूत्र के हैं।

(इ) पूर्वगत—इसके १४ प्रकार हैं—१. उत्पादपूर्व, २. अग्रायणीयपूर्व, ३. वीर्यप्रवादपूर्व, ४. अस्तिनास्तिपूर्व, ५. ज्ञानप्रवादपूर्व, ६ सत्यप्रवादपूर्व, ७. आत्मप्रवादपूर्व, ८. कर्मप्रवादपूर्व, ९. प्रत्याख्यानप्रवादपूर्व, १०. विद्यानुप्रवादपूर्व, ११. अबन्ध्यपूर्व, १२. प्राणायुपूर्व, १३. क्रियाविशालपूर्व और १४. लोकबिन्दुसारपूर्व। पूर्वों की वस्तुएँ और चूलिकायें निम्न प्रकार है—

पूर्व क्रमाङ्क	श्वे० वस्तु	दिग० वस्तु	श्वे० चूलिका	दिग० चूलिका
१	१०	१०	४	०
२	१४	१४	१२	०
३	८	८	८	०
४	१८	१८	१०	०
५	१२	१२	०	०
६	२	१२	०	०
७	१६	१६	०	०
८	३०	२०	०	०
९	२०	३०	०	०
१०	१५	१५	०	०
११	१२	१०	०	०
१२	१३	१०	०	०
१३	३०	१०	०	०
१४	२५	१०	०	०

नोट—प्रथम ४ पूर्वों की ही श्वे० मे चूलिकाएँ मानी गई है, शेष की नही। दिग० में ऐसा कोई उल्लेख नही है।

(ई) अनुयोग—यह दो प्रकार का है—**(क) मूलप्रथमानुयोग**—इसमें अर्हंतो के पूर्वभव, देवलोक गमन, देवायु, च्यवन, जन्म, जन्माभिषेक, राज्यवरश्री, शिविका, प्रव्रज्या, तप, भक्त (आहार) केवलज्ञानोत्पत्ति, वर्ण, तीर्थप्रवर्तन, संहनन, संस्थान शरीरउच्चता, आयु, शिष्यगण, गणधर, आर्या, प्रवर्तिनी, चतुर्विध संघ-परिमाण, केवलिजिन, मनःपर्ययज्ञानी, अवधिज्ञानी, सम्यक्-

श्रुतज्ञानी, वादी, अनुत्तरविमानों में उत्पन्न होने वाले साधु, सिद्ध, पादपोपगत, जो जहाँ जितने भक्तों का छेदनकर उत्तम मुनिवर अन्तकृत हुए, तमोरज से विप्रमुक्त हुए, अनुत्तरसिद्धिपथ को प्राप्त हुए, इन महापुरुषों का तथा इसी प्रकार के अन्य भाव मूल-प्रथमानुयोग में कहे गए हैं। **(ख) गंडिकानुयोग**—यह अनेक प्रकार का है। जैसे—कुलकरगंडिका, तीर्थंकरगंडिका, गणधर-गंडिका, चक्रवर्तीगंडिका, दशारगंडिका, बलदेवगडिका, वासुदेवगंडिका, हरिवंशगंडिका, भद्रबाहु-गंडिका, तपःकर्मगंडिका, चित्रान्तरगंडिका, उत्सर्पिणीगंडिका, अवसर्पिणीगंडिका, देवमनुष्य-तिर्यञ्च और नरक गति में गमन, विविध योनियों में परिवर्तनानुयोग इत्यादि गंडिकाएँ इस गंडिका-नुयोग में कही जाती हैं।

(ङ) **चूलिका**—आदि के चार पूर्वों की ही (पूर्वोक्त) चूलिकायें है, शेष पूर्वों की नही, यही चूलिका है।

अङ्गों के क्रम में यह १२वाँ अङ्ग है। इसमें एक श्रुतस्कन्ध, चौदह पूर्व, सख्यात वस्तु, संख्यात चूलावस्तु, संख्यात प्राभृत, प्राभृत-प्राभृत, प्राभृतिक, प्राभृत-प्राभृतिक हैं। पद सख्या संख्यात लाख है। शेष वचनादि का कथन आचाराङ्गवत् है।

३. नन्दीसूत्र में[1]—दृष्टिवाद में सर्वभावप्ररूपणा है। नन्दी मे प्रायः समवायाङ्ग की तरह ही दृष्टिवाद की समग्र विषयवस्तु बतलाई गई है। कही-कही क्रम और नाम में यत्किंचित् परि-वर्तन दृष्टिगोचर होता है। यहाँ पृष्टश्रेणिका आदि परिकर्मों के भेद गिनाए हैं जबकि समवायाङ्ग मे नही हैं। जैसे—**तृतीय पृष्टश्रेणिका परिकर्म**—इसके ११ भेद हैं—पृथगाकाशपद, केतुभूत, राशिबद्ध, एकगुण, द्विगुण, त्रिगुण, केतुभूत, प्रतिग्रह, ससार-प्रतिग्रह, नन्दावर्त और पृष्टावर्त्त। यहाँ केतुभूत दो बार आया है। **चतुर्थ अवगाढ़श्रेणिका (अवगाहनश्रेणिका) परिकर्म**—पृथगाकाश-पदादि दश तथा ओगाढावत्त। पंचम से सप्तम परिकर्म के प्रथम १० भेद पूर्ववत् होंगे तथा अंतिम स्वनामयुक होगा। जैसे क्रमशः—उपसंपादनावर्त, विप्रजहदावर्त, च्युताऽच्युतावर्त। इस तरह सम-वायाङ्ग के भेदों से कुछ अन्तर है। दृष्टिवाद की पदसंख्या यहाँ संख्यात सहस्र बतलाई है।

४. विधिमार्गप्रपा में[2]—दृष्टिवाद को उच्छिन्न बतलाकर यहाँ कुछ भी कथन नहीं किया है।

(ख) दिगम्बर ग्रन्थों में—

१. तत्त्वार्थवार्त्तिक में[3]—दृष्टिवाद में ३६३ जैनेतर दृष्टियों (कुवादियों) का निरूपण करके जैनदृष्टि से उनका खण्डन किया गया है। कौत्कल, काणेविद्धि, कौशिक, हरिस्मश्रु, मांछपिक, रोमश, हारीत, मुण्ड, आश्वलायन आदि क्रियावादियों के १८० भेद हैं। मरीचिकुमार, कपिल, उलूक, गार्ग्य, व्याघ्रभूति, वाद्वलि, माठर, मौद्गलायन आदि अक्रियावादियों के ८४ भेद है। साकल्य, वाल्कल, कुथुमि, सात्यमुग्र, नारायण, कठ, माध्यन्दिन, मौद, पैप्पलाद, बादरायण, अम्बष्ठि, कृदौविकायन, वसु, जैमिनि आदि अज्ञानवादियों के ६७ भेद हैं। वशिष्ठ, पराशर, जतुकर्णि, वाल्मीकि, रौमहर्षिणि, सत्यदत्त, व्यास, एलापुत्र, औपमन्यव, इन्द्रदत्त, अयस्थुण आदि वैनयिकों के ३२ भेद हैं। कुल मिलाकर ३६३ मतवाद हैं।

१. नन्दी सूत्र ५७।
२. विधिमार्गप्रपा पृ० ५६।
३ तत्त्वार्थ० १.२०, पृ० ७४।

दृष्टिवाद के ५ भेद हैं—परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका। इन ५ भेदों में से केवल पूर्वगत के उत्पादपूर्व आदि १४ भेदों का तत्त्वार्थवार्तिक मे विवेचन है, शेष का नहीं, जो संक्षेप से निम्न प्रकार है—

(१) **उत्पादपूर्व**—काल, पुद्‌गल, जीव आदि द्रव्यों का जब जहाँ और जिस पर्याय से उत्पाद होता है, उसका वर्णन है।

(२) **अग्रायणी पूर्व**—क्रियावादियों की प्रक्रिया और अङ्गादि के स्व-समयविषय का वर्णन है।

(३) **वीर्यप्रवाद पूर्व**—छद्मस्थ और केवली की शक्ति, सुरेन्द्र और दैत्येन्द्र की ऋद्धियां, नरेन्द्र, चक्रवर्ती और बलदेव की सामर्थ्य तथा द्रव्यों के लक्षण है।

(४) **अस्तिनास्तिप्रवाद पूर्व**-पांच अस्तिकायों का अर्थ तथा नयों का अनेक पर्यायों के द्वारा "अस्ति-नास्ति" का विचार। अथवा छहों द्रव्यो का भावाभाव-विधि से, स्व-पर-पर्याय से, अर्पित-अनर्पितविधि से विवेचन है।

(५) **ज्ञानप्रवाद पूर्व**—पाँचों ज्ञानों तथा इन्द्रियों का विवेचन है।

(६) **सत्यप्रवाद पूर्व**—वचनगुप्ति, वचनसंस्कार के कारण, वचनप्रयोग, बारह प्रकार की भाषायें, दस प्रकार के सत्य तथा वक्ता के प्रकारों का वर्णन है।

(७) **आत्मप्रवाद पूर्व**—आत्मा के अस्तित्व, नास्तित्व, नित्यत्व, अनित्यत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि धर्मों का तथा छः प्रकार के जीवों के भेदों का सयुक्तिक विवेचन है।

(८) **कर्मप्रवाद पूर्व**—कर्मों की बन्ध, उदय, उपशम आदि दशाओं का तथा उनकी स्थिति आदि का वर्णन है।

(९) **प्रत्याख्यानप्रवाद पूर्व**—व्रत, नियम, प्रतिक्रमण, प्रतिलेखन, तप, कल्पोपसर्ग, आचार, प्रतिमा आदि का तथा मुनित्व मे कारण, द्रव्यों के त्याग, आदि का वर्णन है।

(१०) **विद्यानुवाद पूर्व**—समस्त विद्याएँ (अंगष्ठप्रसेना आदि ७०० अल्पविद्याएँ और महारोहिणी आदि ५०० महाविद्याएँ), अन्तरिक्ष आदि आठ महा निमित्त, उनका विषय, लोक (रज्जुराशि विधि, क्षेत्र, श्रेणी, लोकप्रतिष्ठा), समुद्‌घात आदि का विवेचन है।

(११) **कल्याणनामधेय पूर्व**—रवि, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र और तारागणों का गमन, शकुन व्यवहार, अर्हत्, बलदेव, वासुदेव, चक्रवर्ती आदि के गर्भावतरण आदि महाकल्याणकों का वर्णन है।

(१२) **प्राणावाय पूर्व**—कायचिकित्सा, अष्टाङ्ग आयुर्वेद, भूतिकर्म, जाङ्गुलिप्रक्रम (इन्द्रजाल), प्राणापान-विभाग का वर्णन है।

(१३) **क्रियाविशाल पूर्व**—लेख, ७२ कलायें, ६४ स्त्रियों के गुण, शिल्प, काव्य गुण, दोष, क्रिया, छन्दोविचितिक्रिया और क्रियाफलभोक्ता का विवेचन है।

(१४) **लोकबिन्दुसार पूर्व**—आठ व्यवहार, चार बीज, परिकर्म, राशि (गणित) तथा समस्त श्रुत-सम्पत्ति का वर्णन है।

२. **धवला में**[1]—अनेक दृष्टियों का वर्णन होने से "दृष्टिवाद" यह गुण नाम है। अक्षर, पद-संघात, प्रतिपत्ति और अनुयोगद्वार की अपेक्षा यह संख्यात् संख्या प्रमाण है और अर्थ की अपेक्षा अनन्त संख्या प्रमाण है। इसमें तदुभय-वक्तव्यता है।

इसमे कौत्कल, कण्ठेविद्धि, कौशिक हरिश्मश्रु मांधपिक, रोमश, हारीत, मुण्ड, आश्वलायन आदि क्रियावादियों के १८० मतों का; मरीचि, कपिल, उलूक, गार्ग्य, व्याघ्रभूति, वाद्वलि, माठर, मौद्गलायन आदि अक्रियावादियों के ८४ मतों का; शाकल्य, वल्कल, कुथुमि, सात्यमुग्नि, नारायण, कण्व, माध्यन्दिन, मोद, पैप्पलाद, वादरायण, स्वेष्टकृत, ऐतिकायन, वसु, जैमिनी आदि अज्ञानवादियों के ६७ मतों का; वशिष्ठ, पाराशर, जतुकर्ण, वाल्मीकि, रोमहर्षणी, सत्यदत्त, व्यास, एलापुत्र, औपमन्यु, ऐन्द्रदत्त, अयस्थूण आदि वैनयिकवादियों के ३२ मतों का वर्णन तथा उनका निराकरण है। कुल मिलाकर ३६३ मतों का वर्णन है।

दृष्टिवाद के ५ अधिकार हैं—परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका।

परिकर्म—परिकर्म के ५ भेद है—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति। (१) **चन्द्रप्रज्ञप्ति** मे चन्द्रमा की आयु, परिवार, ऋद्धि, गति और बिम्ब की ऊँचाई का वर्णन है। (२) **सूर्यप्रज्ञप्ति** मे सूर्य की आयु, भोग, उपभोग, परिवार, ऋद्धि, गति, बिम्ब की ऊँचाई, दिन, किरण और प्रकाश का वर्णन है। (३) **जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति** मे जम्बूद्वीपस्थ भोगभूमि और कर्मभूमि के मनुष्यों, तिर्यञ्चों, पर्वत, द्रह, नदी, वेदिका, वर्ष, आवास और अकृत्रिम जिनालयों का वर्णन है। (४) **द्वीपसागरप्रज्ञप्ति** मे उद्धारपल्य से द्वीप और सागर के प्रमाण का द्वीप-सागरान्तर्गत अन्य पदार्थों का वर्णन है। (५) **व्याख्याप्रज्ञप्ति** मे रूपी अजीवद्रव्य (पुद्गल), अरूपी अजीवद्रव्य (धर्म, अधर्म, आकाश और काल), भव्यसिद्ध और अभव्यसिद्ध जीवों का वर्णन है। इनके पदों का पृथक्-पृथक् पदप्रमाण भी बताया गया है।

सूत्र—इसमें ८८ लाख पदो के द्वारा जीव अबन्धक ही है, अलेपक ही है, अकर्ता ही है, अभोक्ता ही है, निर्गुण ही है, सर्वगत ही है अणुप्रमाण ही है, नास्तिस्वरूप ही है, अस्तिस्वरूप ही है, पृथिवी आदि पाँच भूतो के समुदायरूप से उत्पन्न होता है, चेतना-रहित है, ज्ञान के बिना भी सचेतन है, नित्य ही है, अनित्य ही है, इत्यादि रूप से आत्मा का [पूर्वपक्ष के रूप मे] वर्णन है। त्रैराशिकवाद, नियतिवाद, विज्ञानवाद, शब्दवाद, प्रधानवाद, द्रव्यवाद और पुरुषवाद का भी वर्णन है। 'कहा भी है' के द्वारा एक गाथा उद्धृत है—'सूत्र के ८८ अधिकारों मे से केवल चार अधिकारों का अर्थनिर्देश मिलता है—अबन्धक, त्रैराशिकवाद, नियतिवाद और स्वसमय।'[2]

प्रथमानुयोग—इसमे ५ हजार पदों के द्वारा पुराणो का वर्णन किया गया है। कहा भी है—जिनवंश और राजवंश से सम्बन्धित १२ पुराणो का वर्णन है। जैसे—अर्हन्तों (तीर्थङ्करो), चक्रवर्तियों, विद्याधरों, वासुदेवों (नारायणों-प्रतिनारायणो), चारणों, प्रज्ञाश्रमणों, कुरुवंश, हरिवंश, इक्ष्वाकुवंश, काश्यपवंश, वादियवंश और नाथवंश।

---

१. धवला १.१.२, पृ० १०८-१२३।
२. धवला १.१.२, पृ० ११३।

पूर्वगत—९५ करोड़ ५० लाख और ५ पदों में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य आदि का वर्णन है। उत्पाद पूर्व आदि १४ पूर्वों की विषयवस्तु का वर्णन प्रायः तत्त्वार्थवार्तिक से मिलता है परन्तु यहाँ विस्तार से कथन है तथा पदादि की संख्या का भी उल्लेख है।

चूलिका—जलगता, स्थलगता, मायागता, रूपगता और आकाशगता के भेद से चूलिका के ५ भेद हैं। (१) **जलगता** मे जलगमन और जलस्तम्भन के कारणभूत मन्त्र, तन्त्र और तपश्चर्या आदि का वर्णन है। (२) **स्थलगता** मे भूमिगमन के कारणभूत मन्त्र, तन्त्र और तपश्चर्या आदि का वर्णन है। वास्तुविद्या और भूमिसम्बन्धी शुभाशुभ कारणों का भी वर्णन है। (३) **मायागता** में इन्द्रजाल आदि का वर्णन है। (४) **रूपगता** मे सिंह, घोड़ा, हरिण आदि के आकाररूप से परिणमन करने के कारणभूत मन्त्र, तन्त्र और तपश्चर्या का वर्णन है। चित्रकर्म, काष्ठ, लेप्यकर्म, लेनकर्म आदि के लक्षणों का भी वर्णन है। (५) **आकाशगता** मे आकाशगमन के कारणभूत मन्त्र, तन्त्र और तपश्चरण का वर्णन है। सभी चूलिकाओ का पद-प्रमाण २०९८९२०० × ५ = १०४९४६००० है।

३. **जयधवला में**[१]—दृष्टिवाद नाम के १२वें अङ्गप्रविष्ट मे ५ अर्थाधिकार हैं—परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका। **परिकर्म** के ५ अर्थाधिकार हैं—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति। **सूत्र** मे ८८ अर्थाधिकार हैं परन्तु उनके नाम ज्ञात नही हैं क्योंकि वर्तमान में उनके विशिष्ट उपदेश का अभाव है।[२] **प्रथमानुयोग** में २४ अर्थाधिकार हैं क्योंकि २४ तीर्थङ्करों के पुराणों मे सभी पुराणों का अन्तर्भाव हो जाता है।[३] **चूलिका** मे ५ अर्थाधिकार हैं—जलगता, स्थलगता, मायागता, रूपगता और आकाशगता।[४] **पूर्वगत** के १४ अर्थाधिकार हैं—उत्पादपूर्व आदि धवलावत्। प्रत्येक पूर्व के क्रमशः १०, १४, ८, १८, १२, १२, १६, २०, ३०, १५, १०, १०, १०, १० वस्तुएँ (महाधिकार) है। प्रत्येक वस्तु मे २०-२० प्राभृत (अवान्तर अधिकार) है और प्रत्येक प्राभृत मे २४ २४ अनुयोगद्वार है। पृ० २३ पर यह लिखा है कि १४ विद्यास्थानों (१४ पूर्वो) के विषय का प्ररूपण जानकर कर लेना चाहिए[५] परन्तु पृष्ठ १२८-१३६ पर इनके विषय का प्ररूपण किया गया है जो प्रायः धवला से मिलता है।

४. **अंगप्रज्ञप्ति में**[६]—इसमे ३६३ मिथ्यावादियो की दृष्टियो का निराकरण होने से इसे दृष्टिवाद कहा गया है। पदों की संख्या १०८६८५६००५ है। दृष्टिवाद के ५ प्रकार है—परिकर्म, सूत्र, पूर्व, प्रथमानुयोग और चूलिका। यद्यपि यहाँ पर पूर्व को प्रथमानुयोग के पहले लिखा है परन्तु विषय-विवेचन करते समय पूर्वो के विषय का विवेचन प्रथमानुयोग के बाद किया है। इसमे सूत्र के ८८ लाख पद कहे हैं तथा इसे मिथ्यादृष्टियो के मतों का विवेचक कहा है। कालवाद, ईश्वरवाद, नियतिवाद आदि को नयवाद कहा है। इसका आधार धवला और जयधवला है।

---

१. जयधवला गाथा १, पृ० २३, १२०-१३८।
२. वही पृ० १३७।
३. विस्तार के लिए देखें, वही, पृ० १२६।
४ वही पृ० १२०-१२८।
५. एदेसिं चोद्दसविज्जाट्ठाणाण विसयपरूवणा जाणिय कायव्वा।—जयधवला गाथा १, पृ० २३।
६. अगप्रज्ञप्ति गाथा ७१-७६ तथा आगे भी, पृ० २७१-३०४

(ग) वर्तमान रूप—

वर्तमान में यह आगम अनुपलब्ध है। दिगम्बरों के अनुसार द्वितीय अग्रायणीपूर्व के चयन-लब्धि नामक अधिकार के चतुर्थ पाहुड नामक कर्म-प्रकृति के आधार पर षट्खण्डागम की तथा पंचम ज्ञानप्रवादपूर्व के १०वें वस्तु-अधिकार के अन्तर्गत तीसरे पेज्जदोसपाहुड से कषायपाहुड की रचना हुई हैं जिन पर क्रमशः धवला और जयधवला टीकाएँ उपलब्ध हैं।

(घ) तुलनात्मक विवरण—

यद्यपि वर्तमान में इसके अनुपलब्ध होने से इसकी तुलना करना संभव नही है फिर भी प्राप्त उल्लेखों से ज्ञात होता है कि इसमे स्वसमय और परसमय को सभी प्रकार की प्ररूपणायें थीं। ग्रन्थ बहुत विशाल था तथा १४ पूर्वों के कारण इस ग्रन्थ का बहुत महत्त्व था। पूर्ववेत्ताओं के क्रमशः ह्रास होने से यह ग्रन्थ लुप्त हो गया। उभय परम्पराओ मे इसके क्रमशः क्षीण होने की परम्परा के उल्लेख उपलब्ध है। स्थानाङ्ग को छोडकर उभय-परम्पराओं मे इसके ५ प्रमुख भेद बतलाए गए है। दिगम्बर परम्परा मे तृतीय स्थान प्रथमानुयोग का है और चतुर्थ स्थान पूर्वगत का है जबकि श्वेताम्बर परम्परा मे तृतीय स्थान पूर्वगत का है और चतुर्थ स्थान अनुयोग का। दिग० अङ्गप्रज्ञप्ति की कारिका मे यद्यपि "पूर्व" का उल्लेख श्वे० की तरह अनुयोग के पहले किया है परन्तु विवेचन बाद मे ही किया है। स्थानाङ्ग मे चूलिका को छोड़कर ४ भेद गिनाए हैं। परिकर्म के भेदों की संख्या तथा विषयविवेचन उभयपरम्पराओ मे भिन्न-भिन्न है। सूत्र के ८८ भेद या अधिकार दोनों परम्पराओ ने माने हैं। परन्तु धवला मे केवल चार भेदो को गिनाया है और शेष को अज्ञात कहा है। समवायाङ्ग और नन्दा मे इनके ८८ भेदो को गिनाया गया है। समवायाङ्ग और नन्दी मे अनुयोग के दो भेद किए है परन्तु धवलादि मे इसे प्रथमानुयोग कहा है और उसके दो भेदों का कोई उल्लेख नही किया है। पूर्वो की संख्या दोनो ने १४ स्वीकार की है परन्तु श्वे० ने 'कल्याणप्रवाद' और 'प्राणावायप्रवाद' पूर्व को क्रमशः 'अबन्ध्य' और 'प्राणायु:' कहा है। चूलिका के ५ भेद दिगम्बरो ने किये है जबकि ऐसा समवायाङ्ग आदि मे नही है। समवायाङ्ग और नन्दी मे प्रथम चार पूर्वो की ही चूलिकायें मानी गई है। स्थानाङ्ग मे दृष्टिवाद के १० नामों का उल्लेख है तथा पूर्वों के ज्ञाताओ का भी उल्लेख मिलता है, परन्तु दृष्टिवाद के ५ भेदो का उल्लेख नही मिलता है। जयधवला मे पूर्वों के १४ भेदो का कथन करके लिखा है कि इन १४ विद्यास्थानों की विषयप्ररूपणा जानकर कर लेना चाहिए। तत्त्वार्थवार्तिक मे दृष्टिवाद के ५ भेद तो गिनाए है परन्तु विवेचन केवल पूर्वों का ही किया है विधिमार्गप्रपा में इसे उच्छिन्न कहकर इसके विषय में कुछ भी नही कहा है।

उपसंहार—

श्वेताम्बर परम्परानुसार ११ अङ्ग-ग्रन्थो के उपलब्ध संस्करण वीर नि० सं० ९८० मे बलभी मे हुई देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण की अध्यक्षता में अंतिमरूप से लिपिबद्ध किए गए थे। श्रुतपरम्परा से प्राप्त ये ग्रन्थ अपने मूलरूप मे यद्यपि पूर्ण सुरक्षित नही रह गए थे परन्तु इन्हे सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिसे जो कुछ याद था उसका संकलन इस वाचना में किया गया था। स्थानाङ्ग, समवायाङ्ग और नन्दी मे इन अंग ग्रन्थों की जो विषय-वस्तु प्रतिपादित की गयी है उसका उपलब्ध सभी अङ्ग

ग्रन्थों के साथ पूर्ण मेल नहीं है। इससे ज्ञात होता है कि बलभीवाचना के बाद भी कुछ ग्रन्थ मूल रूप से सुरक्षित नहीं रह सके और जो सुरक्षित रहे भी उनमें भी कई संशोधन और परिवर्द्धन हो गए। दृष्टिवाद का संकलन क्यो नही किया गया जबकि उसकी विस्तृत विषय-वस्तु समवायाङ्ग और नन्दी में उपलब्ध है। स्थानाङ्ग में भी दृष्टिवाद के कुछ संकेत मिलते हैं। समवायाङ्ग और नन्दी में कहीं भी उसके उच्छिन्न होने का संकेत नही है अपितु सभी अंगों को हिन्दुओं के वेदों की तरह नित्य बतलाया है। विधिमार्गप्रपा जो १३-१४ वी शताब्दी की रचना है उसमे अवश्य दृष्टिवाद को व्युच्छिन्न बतलाकर उसकी विषयवस्तु की चर्चा नही की गई है। विधिमार्गप्रपा के लेखक के समक्ष वर्तमान आगम उपलब्ध रहे है जिससे उसमे प्रतिपादित विषयवस्तु का उपलब्ध आगमो से प्रायः मेल बैठ जाता है। यद्यपि वह नन्दी पर आधारित है परन्तु उसमे पूर्णरूप से नन्दी का आश्रय नही लिया गया है। समवायाङ्ग के १०० समवायों और श्रुतावतार के सन्दर्भ मे विधिमार्गप्रपा एकदम चुप है, जबकि स्थानाङ्ग के १० स्थानों का स्पष्ट उल्लेख करता है। समवायाङ्ग और नन्दी मे इन दोनो बातो का स्पष्ट उल्लेख है। इससे समवायाङ्ग की विषयवस्तु विधिमार्गप्रपाकार के समक्ष थी या नही। यह चिन्त्य है।

दिगम्बर परम्परानुसार वीर नि० स० ६८३ के बाद श्रुत-परम्परा का उच्छेद हो गया परन्तु दृष्टिवाद के अंशांश के ज्ञाताओं के द्वारा रचित षट्खण्डागम और कषायपाहुड ये दो ग्रन्थ लिखे गये। पश्चात् शक सं० ७०० मे उन पर क्रमशः धवला और जयधवला टीकायें लिखी गयी। इन ग्रन्थों मे तथा इनके पूर्ववर्ती ग्रन्थ तत्त्वार्थवार्तिक मे द्वादश अगों की जो विषयवस्तु मिलती है उससे उपलब्ध आगमों का पूर्ण मेल नही है। कई स्थलो पर तो श्वेताम्बर अङ्गो मे बतलाई गई विषयवस्तु से भी पर्याप्त अन्तर है। पदसख्या आदि मे सर्वत्र साम्य नही है। दृष्टिवाद की विषय-वस्तु बतलाते समय जयधवला मे स्पष्ट लिखा है कि "सूत्र" के ८८ भेद ज्ञात नही है क्योकि इनका विशिष्ट उपदेश नही पाया जाता है।[1] धवला मे मात्र ४ भेदो का कथन किया गया है।[2] इससे ज्ञात होता है कि उनके पास शेष अङ्गज्ञान की परम्परा कुछ न कुछ अवश्य रही है अन्यथा वे "सूत्र के ८८ भेदों के विशिष्ट उपदेश नही पाये जाते" ऐसा नही लिखते। समवायाङ्ग और नन्दी मे इसके जो ८८ भेद गिनाए है वे भिन्न प्रकार के हैं।

ग्यारह अङ्ग ग्रन्थो का दृष्टिवाद से पृथक् उल्लेख दोनों परम्पराओ मे प्राप्त होता है। दोनों ने दृष्टिवाद मे स्वसमय और परसमय-सम्बन्धी समस्त विषय-प्ररूपणा मानी है। ग्यारह अङ्गो को दिगम्बरों ने स्वसमय-प्ररूपक कहा है[3]। केवल सूत्रकृताङ्ग को परसमय का भी प्ररूपक बतलाया है। श्वेताम्बरों ने सूत्रकृताङ्ग, स्थानाङ्ग, समवायाङ्ग और व्याख्याप्रज्ञप्ति को भी समान रूप से स्वसमय और परसमय का प्ररूपक स्वीकार किया है। जयधवला मे उक्त ज्ञाताधर्म की १९ कथायें

१. "सुत्ते अट्ठासीदि अत्थाहियारा। ण तेसि णामाणि जाणिज्जंति, सपहि विसिट्ठुवएसाभावादो।

—जयधवला गाथा १, पृ० १३७

२. उत्त च—

अट्ठासी-अहियारेसु चउण्हमहियारणमत्थणिद्देसो।
पढमो अबंधयाण विदियो तेरासियाण बोद्धव्वो ॥ ७६ ॥
तदियोय णियइ-पक्खे हवइ चउत्थो ससमयम्मि।—धवला १.१.२ पृ० ११३

३. जेणेवं तेणेक्कारसण्हमंगाणं वत्तव्व ससमओ।—जयधवला गाथा १, पृ० १२०

सभवत उसके १९ अध्ययनों की बोधक हैं जो बहुत महत्त्वपूर्ण कथन है। इसी प्रकार प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी में सूत्रकृताङ्ग के २३ अध्ययनों के नाम आए हुए है जो समवायाङ्गोक्त अध्ययनों से पर्याप्त साम्य रखते हैं। उपलब्ध ६ से ११ तक के अङ्गों मे कथा की प्रधानता है। व्याख्याप्रज्ञप्ति मे गौतम, अग्निभूति और वायुभूति के नाम आना और सुधर्मा का नाम न होना चिन्त्य है। इसी प्रकार प्रश्नव्याकरण में जम्बू स्वामी का नाम तो है परन्तु सुधर्मा का नाम नहीं है। प्रश्नव्याकरण की मगलयुक्त नवीन शैली है तथा ६ से ११ तक के अङ्गों की उत्थानिका एक जैसी अन्यपुरुष-प्रधान है। इससे इनकी रचना परवर्ती काल में हुई है यह निर्विवाद सत्य है। यह सम्भव है कि इनमे कुछ प्राचीन रूप सुरक्षित हो। स्थानाङ्ग और समवायाङ्ग की जो विषयवस्तु दिग० धवला आदि मे मिलती है और जो वर्तमान ग्रन्थों मे उपलब्ध है उसमें बहुत अन्तर है। सभव है ये भी परवर्ती रचनाएँ हो। इनमे ऐसे भी बहुत से लौकिक विषय आदि आ गये है जिनका इनमे समावेश करना अपेक्षित नही था। वर्तमान प्रश्नव्याकरण प्रश्नों के उत्तर के रूप में नही है। विधिमार्गप्रपा जो बहुत बाद की रचना है उसमें स्थानाङ्ग के १० स्थानों का तो उल्लेख है परन्तु समवायाङ्ग के १०० समवायो और श्रुतावतार की चर्चा तक नही है। नन्दी आदि अङ्ग बाह्य-ग्रन्थो का उल्लेख होने से भी समवायाङ्ग बहुत बाद की रचना सिद्ध होती है। अन्तकृद्दशा मे जो वर्णन मिलता है वह स्थानाङ्ग आदि के कथन से मेल नही रखता है। यही स्थिति ज्ञाताधर्मकथा, उपासकदशा आदि की है।

इन सभी कारणो से ज्ञात होता है कि उपलब्ध आचाराङ्ग और सूत्रकृताङ्ग के प्रथम श्रुतस्कन्ध अधिक प्राचीन है। शेष मे परवर्ती आचार्यों के कथनो का अधिक समावेश है। इतना होने पर भी उपलब्ध आगम हमारे लिए बहुत उपयोगी है। दिगम्बरो ने इनको सुरक्षित करने का प्रयत्न न करके बहुत बड़ी भूल की है। सभी ग्रन्थों का पृथक्-पृथक् समालोचन करके इनकी समयसीमा तथा विषय-वस्तु की मूलरूपता का विस्तार से निर्धारण अपेक्षित है। जो उभय परम्परा को मान्य हो।

•

रीडर,
संस्कृत विभाग,
का० हि० वि० वि०, वाराणसी

श्रमण ज्ञान-मीमांसा

—प्रोफेसर भागचन्द्र जैन 'भास्कर'

श्रमण संस्कृति में सम्यक् ज्ञान का उतना ही महत्त्व है जितना सम्यक् चारित्र का। ये सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र सम्यग्दर्शन पर प्रतिष्ठित रहते हैं इसलिए निर्वाण की साधना इन तीनों महास्तम्भों पर अवलम्बित है। महावीर और बुद्ध दोनो महापुरुषों ने रत्नत्रय और आष्टाङ्गिक मार्ग को इसी उद्देश्य से प्रस्तुत किया था ताकि जीवन मे साध्य और साधन अधिकाधिक विशुद्ध रह सकें। इसलिए उन्होंने परीक्षावादी होने के लिए आग्रह किया है।

आत्मा अथवा चित्त का गुण 'विजानन' माना गया है, जहाँ विजानन होता है वहाँ दर्शन भी होता है। अतः ज्ञान और दर्शन आत्मा का गुण है। पर पदार्थों का ज्ञान होने पर साकार होने के कारण उसे ज्ञान कहते हे और जब वह मात्र चैतन्य रूप रहता है तब उसे दर्शन कहते है। यह दर्शन निराकार और चैतन्याकार रहता है। एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ के उपयोग मे प्रवृत्त होने के बीच की निराकार अवस्था दर्शन है। बौद्धदर्शन मे इसे निर्विकल्पक कहा गया है। जैन दर्शन इसे प्रमाण कोटि से बाहर मानता है। दर्शनोपयोग निराकार और निर्विकल्प होता है जबकि ज्ञानोपयोग साकार और सविकल्पक होता है। दर्शन मे सत्ता की मात्र प्रतीति होती है और उसका निर्णय ज्ञान करता है।[1]

ज्ञान अथवा प्रमाण

ज्ञान प्रमा का साक्षात् साधकतम होता है। जैन-बौद्ध दर्शन मे इन्द्रिय सन्निकर्ष आदि को प्रमाण नही माना गया क्योंकि वे स्वयं अचेतन है। प्रमाण लक्षण की तार्किक परपरा का प्रारंभ कणाद से होकर अक्षपाद, वात्स्यायन, वाचस्पतिमिश्र और उदयनाचार्य तक पहुँचा। न्याय-वैशेषिक परंपरा में कारण-शुद्धि पर विचार करते हुए विषय बोधक अर्थ पद का सन्निवेश किया गया पर स्वप्रकाशकत्व और अपूर्वता का सन्निवेश नही हो सका। मीमांसक परंपरा ने अदुष्टकारणारब्ध, निर्बाधत्व तथा अपूर्वार्थत्व विशेषणों से एक ओर न्याय-वैशेषिक परंपरा मे कथित कारण दोष को दूर कर दिया वही दूसरी ओर बौद्ध परंपरा को भी अंगीकार कर लिया। अभी तक न्याय-वैशेषिक और मीमांसक परंपरा मे स्वप्रकाशकत्व को कोई स्थान नही था। बौद्ध नैयायिकों ने इस कमी की पूर्ति की। दिङ्नाग ने प्रमाण के लक्षण मे "स्वसंवित्ति" शब्द देकर इसका सूत्रपात किया। विज्ञान-वाद की स्थापना का यह फल था। धर्मकीर्ति ने 'अविसंवादित्व' विशेषण से वात्स्यायन और कुमारिल की बात कह दी तथा शांतरक्षित ने दिङ्नाग और धर्मकीर्ति को एकत्रित करके परिभाषा बना दी।

जैन परंपरा में समन्तभद्र और सिद्धसेन ने स्वपरावभासक पद से प्रमाण के लक्षण की कमी की पूर्ति कर दी, यद्यपि बौद्ध नैयायिकों ने इसका पहले ही आभास करा दिया था। अकलक ने धर्म-

---

१. सन्मतिप्रकरण, २-१, न्यायविनिश्चय, १-३, सर्वार्थसिद्धि, २-९.

कीर्ति का अनुकरण कर प्रमाण के लक्षण में 'अविसंवादिज्ञानम्' पद नियोजित किया। उनकी दृष्टि यह थी कि अविसंवादत्व प्रमाण की शर्त होना चाहिए। जैसे इत्रादि में रूप, रस, गंध आदि के होने पर भी गन्ध के आधिक्य के कारण उसे गन्धवान् कहा जाता है। इन्द्रिय द्वारा ज्ञात विषय इतना प्रामाणिक नहीं हो सकता। इसलिए उनको परोक्ष के अन्तर्गत रखा है। अविसंवादी ज्ञान वही कहलाता है जिसमें बाह्य पदार्थ की यथावत् प्रतीति अथवा प्राप्ति हो।

अकलंक के पूर्व बौद्ध परम्परा की सौत्रान्तिक और विज्ञानवादी शाखाओं ने ज्ञान का धर्म "स्वसंवेदित्व" स्वीकार कर लिया था। इसलिए दिङ्नाग ने "स्वसंविदित्ति" को ही प्रमाण का फल बनाया है।

उत्तरकालीन आचार्यों मे विद्यानन्द, हेमचन्द्र, माणिक्यनंदि आदि प्रायः सभी आचार्यो ने अकलंक की परंपरा को सुरक्षित रखा। प्रभाचंद ने धारावाहिक ज्ञान को अप्रामाणिक बताने के लिए 'अपूर्व' शब्द का संयोजन किया।

प्रमाण के लक्षण में जैनाचार्य बौद्धाचार्यों से उपकृत हुए हैं। अगृहीतग्राहि—'अपूर्वार्थक विशेषण भी बौद्धों की ही देन है। विद्यानन्द ने 'अविसंवाद' के खण्डन करने का प्रयत्न अवश्य किया पर उन्होंने जहां कही उसे स्वीकार भी किया। वस्तुतः स्वार्थव्यवसाय और अविसंवादि शब्दों में कोई विशेष अन्तर नही था। प्रमाण को स्वपरावभासक होना आवश्यक है। जैन-बौद्ध, दोनों ज्ञान को प्रमाण मानते हैं पर बौद्ध निर्विकल्पक ज्ञान को ही प्रमाण मानते हैं और यही दोनो के बीच विवाद का विषय रहा है। सविकल्पक को यदि अप्रमाण माना जाय तो अनधिगत अर्थ का ग्राहक न होने से तो अकलंक की दृष्टि मे अनुमान भी प्रमाण कोटि से बाहर हो जायगा। बौद्धों ने इसके उत्तर मे कहा कि इस स्थिति मे तो पूर्व निश्चित अर्थ की स्मृति भी प्रमाण के क्षेत्र मे आ जायगी। अकलक ने इसका उत्तर देते हुए यह स्पष्ट किया कि यदि स्मृति भी विशिष्ट ज्ञान कराती है तो वह भी प्रमाण है। इतने विवाद के वावजूद दोनों दार्शनिक स्वप्रत्यक्षवादी हैं और आत्मा-ज्ञान मे अभेदवादी है।

जैन दर्शन कारक व्यवहार को कल्पित मानते है। वह प्रमाण कोटि से बाहर है। एक ही वस्तु को हम विवक्षा के भेद से कर्ता-कर्म-करण आदि निश्चित करते हैं। इस विवक्षा मे जैन दार्शनिक अनेकान्तात्मकता को आधार मानकर तत् तत् व्यवहार को कारण मानते हैं जबकि बौद्ध दार्शनिक विवक्षा के मूल मे वासना को स्वीकार करते हे।[१]

ज्ञान और सुख मे क्या भेद है यह भी विवाद का विषय रहा है। धर्मकीर्ति के अनुसार ज्ञान और सुख मे कोई भेद नही क्योंकि विज्ञान और सुख की उत्पत्ति के कारण समान है। जैन दार्शनिक इस तथ्य को द्रव्यार्थिक दृष्टि से तो स्वीकार कर लेते हैं पर पर्यायदृष्टि से वे यह कहते है कि ज्ञान और सुख एक ही आत्मा की भिन्न-भिन्न पर्याय हैं। अतः उन्हें एकान्तिक रूप से भिन्न या अभिन्न नही कह सकते। वे कथञ्चित् भिन्न हैं और कथञ्चित् अभिन्न है। जैन-बौद्ध, दोनों दर्शन सुखादि को चैतन्यरूप और स्वसंविदित मानते हैं इसमें कोई विवाद नहीं।[२]

जैन-बौद्ध दोनों ने सन्निकर्ष को प्रमाण नही माना।[३] सन्निकर्ष के प्रकारों में समवाय विशेष

१ प्रमाणवार्तिक, २,३१९; न्यायावतारवार्तिकवृत्ति, पृ० १७।

२. न्यायावतार वार्तिकवृत्ति, पृ० २०; प्रमाणवार्तिक २.२६८।

३. न्यायकुमुदचन्द्र, पृ० २९; प्रमाणवार्तिक, २.३१६, विशेष देखिये लेखक की पुस्तक "जैन दर्शन और संस्कृति का इतिहास, पृ० १९०।

विवाद का कारण रहा है। धर्मकीर्ति आदि बौद्धाचार्यों ने समवाय को निम्न कारणों से अस्वीकार किया है—

१. वह अतीन्द्रिय है, प्रत्यक्षग्राह्य नही। अवयव विषयक प्रतीति वासना वश होती है, वस्तुकृत नहीं।
२. प्रतीति के मूल में आधाराधेयभाव या तन्मूलक समवाय न होकर कार्यकारण-भाव है।
३ द्रव्य और गुण का भी भेद नही है। इसलिए 'घटे रूपम्' इस प्रतीति के बल पर भी समवाय सिद्ध नही होता। समवाय के अभाव मे भी यह प्रतीति बनी रहती है।
४. समवाय यदि स्वतन्त्र पदार्थ है तो उसका सम्बन्ध दूसरे द्रव्य से कैसे हो पायेगा ? एक और समवाय मानने पर अनवस्था दोष होगा।
५. मीमांसकों का रूपरूपित्व भी लगभग ऐसा ही है।
६ सांख्यों ने भी समवाय का खण्डन किया है।

जैन दार्शनिक भेदाभेदवादी हैं। वे नैयायिको के समवाय के खण्डन मे बौद्धाचार्यो का ही अनुकरण करते हैं। उनके मत से समवाय द्रव्य का एक पर्याय मात्र है।[1]

जैन-बौद्धो ने सन्निकर्ष को समान आधार पर प्रमाण नही माना। बौद्धो ने तो श्रोत्र को भी अप्राप्यकारी माना है। कुमारिल ने इन्द्रियो के व्यापार को सन्निकर्ष कहकर सन्निकर्ष का अर्थ ही बदल दिया। यहाँ संप्रयोग का अर्थ है—ऋजु देश स्थिति और इन्द्रिय की योग्यता। जैनों ने इसी को स्वीकार किया है पर योग्यता का अर्थ दूसरा कर दिया। उनके अनुसार योग्यता का अर्थ है—ज्ञानावरण के दूर होने से उत्पन्न शक्ति विशेष। यही ज्ञान का कारण है।[2]

प्रमाण के संदर्भ में बौद्धदर्शन द्वारा मान्य निर्विकल्पक ज्ञान की भी चर्चा करना आवश्यक है। वस्तु का स्वलक्षण और सामान्य लक्षण के अनुसार प्रमाण के दो भेद है—प्रत्यक्ष और अनुमान। कल्पना से रहित निर्भ्रान्त ज्ञान को प्रत्यक्ष कहते हैं और अभिलाप अर्थात् शब्द विशिष्ट प्रतीति को कल्पना कहते है। प्रत्यक्ष का विषय स्वलक्षण है और वह क्षणिक है इसलिए प्रत्यक्ष मे शब्दसंसृष्ट अर्थ का ग्रहण संभव नही है। नाम देते-देते वह विलीन हो जाता है। तब हम उसे सविकल्पक कैसे कह सकते हैं ? और फिर अर्थ में शब्दों का रहना संभव नही है और न अर्थ और शब्द का तादात्म्य संबन्ध ही है। ऐसी दशा मे अर्थ से उत्पन्न होने वाले ज्ञान मे ज्ञान को उत्पन्न न करने वाले शब्द के आकार का संसर्ग कैसे रह सकता है ? क्योंकि जो जिसका जनक नही होता, वह उसके आकार को धारण नही करता। जैसे रस से उत्पन्न होने वाला रसज्ञान अपने अजनक रूप आदि के आकार को धारण नहीं करता और इन्द्रिय ज्ञान केवल नील आदि अर्थ से ही उत्पन्न होता है, शब्द से उत्पन्न नही होता। तब वह शब्द के आकार को धारण नही कर सकता और जब शब्द के आकार को वह धारण नही कर सकता, तब वह शब्दग्राही कैसे हो सकता है क्योंकि बौद्धमत के अनुसार जो ज्ञान जिसके आकार नही होता वह उसका ग्राहक नहीं होता (अत: जो ज्ञान अर्थ से संसृष्ट शब्द को

१. तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृ० २०।
२ न्यायकुमुदचन्द्र, पृ० ३१।

वाचक रूप से ग्रहण करता है, वही सविकल्पक है, अन्य नही। यह बात प्रत्यक्ष ज्ञान में संभव नहीं है। अतः निर्विकल्पक प्रत्यक्ष ही प्रमाण है।[1]

जैन दार्शनिक इसे स्वीकार नहीं करते। उनके मत में निश्चयात्मक सविकल्पक ज्ञान ही प्रमाण है। ज्ञानद्वैतवादी, संवेदनाद्वैतवादी बौद्धों का खण्डन करते हुए उन्होंने कहा कि निर्विकल्पक ज्ञान निराकार होने से लोक-व्यवहार चलाने में असमर्थ होते हैं और उससे पदार्थ का निश्चय भी नहीं होता। जो स्वयं निश्चयात्मक नहीं है वह निश्चयात्मक ज्ञान को उत्पन्न कैसे कर सकता है।[2] अतः निर्विकल्पक प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं।

मिथ्याज्ञान को प्रमाण कोटि के अन्तर्गत नही रखा जा सकता। संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय में से विपर्यय ज्ञान के विषय में मतभेद अधिक है। शुक्तिका होते हुए भी उसमें रजतज्ञान कैसे हो जाता है? यह प्रश्न दार्शनिकों के समक्ष रहा है। बाह्यार्थवादी और अद्वैतवादी दार्शनिकों ने इस प्रश्न का समाधान अपने-अपने ढंग से किया है।

सौत्रान्तिक और माध्यमिक दार्शनिकों ने विपर्ययज्ञान को 'असत्ख्यातिवाद' माना है। उनके अनुसार सीप में "यह चाँदी है" यह प्रतिभास न ज्ञान का धर्म है और न अर्थ का। सुषुप्ति अवस्था मे होने वाले प्रतिभास के समान यह प्रतिभास असत् का ही प्रतिभास है। वस्तु का स्वभाव ही निःस्वभाव है।[3]

परन्तु जैनाचार्य इसे नही मानते। उनका कहना है कि आकाशकुसुम की तरह असत् का प्रतिभास होना ही संभव नहीं है। ज्ञान और अर्थ में वैचित्र्य माने बिना भ्रान्ति का जन्म हो नहीं सकता अतः असत्ख्यातिवाद ठीक नही।

योगाचारवादियों ने इस विपर्ययज्ञान को आत्मख्यातिवाद कहा है। उनके अनुसार भ्रम दो प्रकार के हैं—मुख्य भ्रम और प्रातिभासिक भ्रम। सभी ज्ञान भ्रान्त होते हैं पर हम उन्हे अभ्रान्त मानकर चलते हैं। सीप मे 'यह चाँदी है' यह ज्ञान का ही आकार है जो अनादिकालीन अविद्या वासना के बल से बाहर में प्रतिभासित होता है। इसलिए इसे आत्मख्याति कहा जाता है। सविकल्पक ज्ञान वस्तुतः इन्द्रियजन्य नही बल्कि मनोजन्य है।

जैनाचार्य इसे स्वीकार नही करते। यदि अनादि अविद्या वासना के कारण स्वात्मनिष्ठ ज्ञानाकार का प्रतिभास बहिःस्थित रूप से हुआ मानते हैं तब तो यह विपरीत ख्याति ही हुई, क्योंकि ज्ञान से अभिन्न चांदी वगैरह के आकार का विपरीत रूप से अर्थात् बहिःस्थित रूप से अध्यवसाय होता है।

जैन दर्शन नैयायिकों के समान विपदीख्यातिवादी है। उसके अनुसार इन्द्रियादि दोष के कारण शुक्तिका मे रजत का प्रत्यय होता है। बाह्यार्थ रजत नहीं, शुक्तिका है। अतएव यह प्रत्यय विपर्यय है।[4]

इस प्रकार जैन दार्शनिक ज्ञान को स्वसंवेदी मानते हैं। उनके अनुसार पदार्थज्ञान के लिए

१. न्यायकुमुदचन्द्र, पृ० ४६, न्यायविनिश्चय, पृ० ११; तत्त्वसंग्रह, पृ० ३९०; जैन न्याय, पृ० ६४-६५।

२. राजवार्तिक, १.१२।

३ प्रमेयकमलमार्तण्ड, पृ० ४९; न्यायकुमुदचंद्र, पृ० ६०।

४ राजवार्तिक, १.१२।

अन्य ज्ञान के सहायता की अवश्यकता नहीं। ज्ञान 'स्व' को जानता है इसलिए 'अर्थ' को जानता है। 'स्व' को न जानने वाला 'अर्थ' को नहीं जान सकता। स्वसंवेदन को ही प्रत्यक्ष कहा जाता है।

अब हम पञ्चज्ञानों की तुलना पर पहुँचते हैं।

ज्ञान के भेद

मतिज्ञान और चित्तवीथि

पदार्थज्ञान-प्रक्रिया के क्षेत्र में जैन दर्शन का मतिज्ञान और बौद्धदर्शन की चित्तवीथि दोनों का समान महत्त्व है। दोनों दर्शनों मे सामान्य व्यक्ति के ज्ञान में पदार्थ का निश्चयीकरण किस प्रकार होता है और उसे कितनी अवस्थायें पार करनी पड़ती हैं, इसका समुचित ज्ञान मतिज्ञान और चित्त-वीथि के माध्यम से ही हो पाता है। इन दोनों की तुलना यहाँ द्रष्टव्य है।

मतिज्ञान

जैनदर्शन के अनुसार मतिज्ञान और श्रुतज्ञान प्रत्येक जीव मे होते हैं। मतिज्ञान 'पर' की सहायता से उत्पन्न होता है और इस पर में जड रूप द्रव्य, इन्द्रियाँ, मन, आलोक, उपदेश आदि बाह्य निमित्त प्रमुख हैं।[१] इस ज्ञान को परोक्ष कहा गया है। अकलंक ने इसी को एकदेश एकदेशतः स्पष्ट होने के कारण सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष कहा है।[२]

सांव्यावहारिक प्रत्यक्ष के चार भेद हैं—अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा। सत्ता का प्रतिभास होने पर मनुष्यत्व आदि रूप से अर्थग्रहण 'अवग्रह' है। चक्षु आदि इन्द्रियों और घटादि पदार्थों का जब प्रथम सम्पर्क होता है तब उसे 'दर्शन' कहते है। इस प्रकार का दर्शन वस्तु के सामान्य स्वरूप को ग्रहण करता है। बाद में वस्तु के आकार आदि का निर्णय होने पर उसी ज्ञान को अवग्रह कहा गया है। अवग्रह के दो भेद हैं—व्यंजनावग्रह और अर्थावग्रह। वस्तु का अस्पष्ट ग्रहण व्यंजनावग्रह है और स्पष्ट ग्रहण अर्थावग्रह है। व्यंजनावग्रह स्पर्शन, रसना, घ्राण और श्रोत्र इंद्रियों से होता है। वे इन्द्रियाँ विषय से सम्बद्ध होकर ही उसे जानती है। अर्थावग्रह वैसे पांचों इन्द्रियों और मन से होता है पर विशेषतः चक्षु और मन अप्राप्त अर्थ को ग्रहण करते है। वीरसेन ने दो अन्य नाम सुझाये हैं—विशदावग्रह और अविशदावग्रह। विशदावग्रह निर्णयात्मक होता है और वह ईहादि ज्ञान की उत्पत्ति में कारण बनता है। अविशदावग्रह में भाषादि विशेषो का ग्रहण नही हो पाता, पुरुष मात्र का ग्रहण होता है।[३] यहाँ अकलंक आदि आचार्यो ने अवग्रह को निर्णयात्मक ही माना है। दर्शन और अवग्रह के स्वरूप के विषय में भी इसी प्रकार आचार्यों की मान्यताओं मे मतभेद है जिन्हें हम यहाँ चर्चा का विषय नही बना रहे है।

'यह मनुष्य है' ऐसा जानने के बाद उसकी भाषादि विशेषताओं के कारण यह संदेह होता है 'यह पुरुष दक्षिणी है या पश्चिमी', इस प्रकार के संशय को दूर करते हुए 'ईहा' ज्ञान की उत्पत्ति होती है। उसमें निर्णय की ओर झुकाव होता है। यह ज्ञान जितने विशेष को जानता है, उतना वह निश्चयात्मक है। अतः इसे संशयात्मक नही कह सकते। 'यह मनुष्य दक्षिणी होना चाहिए' इस

१. सर्वार्थसिद्धि, १.११।

२. लघीयस्त्रय कारिका, ३।

३. धवला, ९, पृ० १४४-१४५।

प्रकार सद्भूत पदार्थ की ओर झुकता हुआ ज्ञान 'ईहा' है। 'ईहा' ज्ञान के बाद आत्मा मे ग्रहण-शक्ति का इतना विकास हो जाता है कि वह भाषा आदि विशेषताओं द्वारा यह यथार्थ ज्ञान कर लेता है कि 'यह मनुष्य दक्षिणी ही है'। इसी ज्ञान को 'अवाय' या 'अपाय' कहा जाता है। इसके बाद अवाय द्वारा गृहीत पदार्थ को संस्कार के रूप मे धारण कर लेना ताकि कालान्तर में उसकी स्मृति हो सके, धारणा है। पदार्थ ज्ञान का यही क्रम है। ज्ञात वस्तु के ज्ञान में यह क्रम बड़ी द्रुत गति से चलता है।

चित्तवीथि

चित्त परम्परा को चित्तवीथि कहते हैं।[1] चित्त को विभिन्न स्थितियों से परिचित होने का यह सुन्दर साधन है। बौद्ध दर्शन मे पदार्थों को छः भागो में विभाजित किया गया है—चक्षु, श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, स्पर्श (काय) और मन। इस प्रकार यहाँ पदार्थ-ज्ञान की प्रक्रिया छः प्रकार से मानी जाती है—चक्षुद्वारवीथि, श्रोत्रद्वारवीथि, घ्राणद्वारवीथि, जिह्वाद्वारवीथि, कायद्वारवीथि एवं मनोद्वारवीथि। प्रथम पाँच वीथियाँ बाह्यालम्बन को लेकर प्रवृत्त होती है। ये बाह्यालम्बन चार प्रकार के है—अतिमहद्, महद्, परीत्त (अल्पसूक्ष्म) और अतिपरीत्त। आलम्बन के अभिनिपात से लेकर उसके निरोध तक होने वाले चित्तक्षणो की गणना के आधार पर ये नाम दिये गये है।[2]

इन वीथियों को अभिधर्म मे दो भागो मे विभाजित किया गया है—पंचद्वारवीथि और मनोद्वारवीथि। दोनों का पदार्थज्ञान प्रक्रिया मे उपयोग होता है। पंचद्वारवीथि में पाँच इन्द्रियों से यह क्रिया होती है। यह कोई परिचित मनुष्य है और अमुक नाम का है; ऐसा ज्ञान होने के पूर्व निम्नलिखित मानसिक और इन्द्रियगत क्रियायें होती हैं—

१. **भवंग**— चक्षु इन्द्रिय के क्षेत्र मे रूपालम्बन के आने के एक क्षण पूर्व की मानसिक दशा। इसमे मन प्रवाह रहित होता है। इसे अतीत अभंग भी कहते हैं।

२. **भवंग चलन**—इन्द्रिय पथ मे विषय के आते ही मन प्रकम्पित हो उठता है।

३. **भवंग विच्छेद**–मन का पूर्व प्रवाह समाप्त हो जाता है, उपस्थिति आलम्बन के कारण।

४ **पंच द्वारावज्जन**–इसके बाद चित्त प्रवाह आलम्बन की ओर अभिमुख होता है और पाँचों इन्द्रियां उसे ग्रहण करने के लिए सजग हो उठती है।

५ **चक्खुविञ्ञाण**–चक्षु के क्षेत्र मे रूपालम्बन के आने पर चक्षु इन्द्रिय अपना कार्य करने लगती है। इस कार्य मे चक्षु द्वारा रूप का स्पर्शात्मक दर्शन मात्र चक्षु विज्ञान कहलाता है।

६ **सम्पटिच्छन**–चक्षु विज्ञान के बाद मन उस विषय को ग्रहण करने के लिए प्रवृत्त होता है। इस स्थिति मे 'यह कुछ है' इतना मात्र वह जान पाता है।

७. **सन्तीरण**— पूर्व दृष्ट विषय के वर्ण, आकार, प्रकार आदि के विषय में सम्यक् विचार करना।

८. **वोट्ठपन**— इस अवस्था मे मन उस पदार्थ का निर्धारण कर लेता है। मन की यह विनिश्चयात्मक प्रवृत्ति है।

१, अ. सं. प. दी, पृ० १२१।

२. अ. सं. विभा. पृ. १०५।

९. जवन— शीघ्रता के साथ गमन को जवन कहते है। इस अवस्था में मन का ज्ञात आलम्बन के साथ ग्रहण-त्याग के रूप में सीधा परिभोगात्मक संबंध हो जाता है।

१०. तदारमण— इस अवस्था में मन आलम्बन के विषय में अपनी अनुभूतियाँ अंकित करता है। इसके बाद भवंगपात हो जाता है अर्थात् तद्विषयगत वीथि का अवरोध हो जाता है।

इन दश अवस्थाओं के व्यतीत होने के बाद ही इन्द्रिय और मन आलम्बन को जान पाते हैं। मनोद्वारवीथि मे दो प्रकार के आलम्बन होते है—विभूत (स्पष्ट) और अविभूत (अस्पष्ट) चित्त की शक्ति की अपेक्षा से आलम्बन के इन दो भेदों का अभिधान हुआ है। चित्त यदि निर्मल होता है, समाधि की प्रबलता से तो आलम्बन उसमे विभूत रूप से प्रतिबिम्बित हो उठता है और यदि चित्त समाधि की दुर्बलता से निर्मल नही हुआ तो आलम्बन उसमे अस्पष्ट बना रहता है।

आलम्बन और विषय प्रवृत्ति समानार्थक है। इन्द्रियाँ और रूप के साथ ही आलोक और मनसिद्वार, इन चार प्रकार के प्रत्ययों के होने पर ही चक्षुर्विज्ञान की उत्पत्ति होती है। इसी संदर्भ मे प्रत्येक चित्त की उत्पाद, स्थिति और भग ये तीन अवस्थायें बनायी गई है। इन तीनो अवस्थाओं के सम्मिलित रूप को क्षुद्र-क्षण या एकचित्त क्षण कहते है। इस एकचित्त क्षण मे उत्पाद-स्थिति भग इतनी शीघ्रता से प्रवृत्त होते हैं कि एक अच्छरा (चुटकी बजाने या पलक झपने जितना काल) मे ये लाखों-करोड़ो बार उत्पन्न होकर निरुद्ध हो जाते हैं। इस प्रकार के १७ चित्तक्षणो का काल रूप-धर्म की आयु है। अर्थात् नामधर्म और रूपधर्म समान रूप से अनित्य और सस्कृत होने पर भी नाम-धर्मों की आयु अल्प और रूपधर्मों की आयु दीर्घ होती है। इस अन्तर का कारण यह है कि नाम-रूप धर्मों में महाभूत प्रधान होते है जो स्वभावतः गुरु है।

सम्बद्ध द्वार मे होने वाले घट्टन को ही 'अभिनिपात' कहा जाता है। रूपालम्बन का चक्षु-प्रसाद से सघट्टन होने पर 'मनोद्वार' नामक भवगचित्त (हृदय) मे उस आलम्बन का प्रादुर्भाव हो जाता है। चित्त का प्रादुर्भाव भी वस्तु, आलम्बन एव मनसिकार आदि संबद्ध कारणों के संनिपात होने पर स्वतः हो जाता है। बौद्धधर्म में चित्त के साथ ही 'मनोविज्ञान धातु' का भी आख्यान हुआ है जिसे अन्य चित्तो की अपेक्षा विशेष रूप से जानने वाली धातु माना गया है।

इस प्रकार चक्षुगत विषय विजानन प्रक्रिया मे चक्षुर्वस्तु, हृदयवस्तु, चक्षुर्द्वार, रूपालम्बन, चक्षुर्विज्ञान तथा चक्षुर्द्वार के साथ अतिमहद्द आदि चतुर्विध विषय-प्रवृत्ति काम करती है। श्रोत्र-द्वारवीथि आदि मे भी इसी प्रकार का क्रम होता है।

तुलना

उपर्युक्त दश अवस्थाओ में भवंग से भवंगविच्छेद तक की कियायें वीथि के पूर्वकृत्य हैं। अतः उन्हे चित्त नही कहा गया। चित्त की क्रिया पचद्वारावज्जन से प्रारम्भ होती है और संपटिच्छन्न अवस्था तक मात्र यही जाना जाता है कि 'उपस्थित विषय कुछ है'। जैनदर्शन मे इसी को अवग्रह कहा जाता है। इसी प्रकार चक्षुर्विज्ञान व्यंजनावग्रह का नामान्तर है जिसमे दर्शन निर्विकल्पात्मक रहता है और सपटिच्छन्न को अर्थावग्रह कहा जा सकता है जिसमे वस्तु विशेष का स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। इसी रूप मे सन्तीरण को ईहा का, वोट्ठपन को अवाय का और जवन तथा तदारम्भण को धारणा का नामान्तर माना जा सकता है।

१-३. भवंग से भवंग विच्छेद तक—वीथि के पूर्व कृत्य हैं अत: वे चित्त नही।

४. पंचद्वारावज्जन	= दर्शन	अवग्रह
५. चक्षुर्विज्ञान	= व्यंजनावग्रह	
६. सम्पटिच्छन्न	= अर्थावग्रह	
७. सन्तीरण	=	ईहा
८. वट्ठपन	=	अवाय
९. जवन		धारणा
१०. तदारभण		

जैनदर्शन प्रारम्भ से ही चक्षु और मन को अप्राप्यकारी मानता आ रहा है और शेष इन्द्रियों को प्राप्यकारी। परन्तु बौद्ध दर्शन इस विषय मे एक मत नही। स्थविरवादी अभिधर्म दर्शन सभी इंद्रियो को प्राप्यकारी मानता-सा दिखाई देता है पर उत्तरवादी दर्शनो मे इसके संबंध में मतभेद हो गया। सौत्रान्तिक और वैभाषिक जैनदर्शन के समान चक्षु को अप्राप्यकारी मानते है, विज्ञानवादी उसे चक्षुर्विज्ञान का कार्य स्वीकार करते हैं और शून्यवादी चक्षु, श्रोत्र और मन, सभी को अप्राप्यकारी बताकर उनका प्रतिषेध कर देते हैं।

विज्ञानवादी के अनुसार देखने का कार्य चक्षु नही, चक्षुर्विज्ञान करता है पर वैभाषिक उसे अप्राप्यकारी ही मानते है। सौत्रातिक 'निर्व्यापार' की बात करते हैं।[1] शून्यवादी आर्यदेव चार महाभूतों और चार उपादान भूतों से उत्पन्न होने वाला घट-चक्षु द्वारा सपूर्णतः दिखाई नही देता। इतना हो नही, उन्होने तो चक्षुरादिक इन्द्रियों की सत्ता को ही अस्वीकार कर दिया, विज्ञान की असभवनीयता बताते हुए और आगे चक्षु को अप्राप्यकारो सिद्ध करने मे लगभग वही सब तर्क प्रस्तुत किये जो जैन दर्शन करता है।[2]

समूचा बौद्ध दर्शन श्रोत्र को भी अप्राप्यकारी कहता है और उसके पीछे उसका तर्क यह है कि वह दूरवर्ती शब्द को सुन लेता है, परन्तु जैन-दर्शन एक मत से श्रोत्र को प्राप्यकारी कहता है। उसके अनुसार श्रोत्र दूर से शब्द नही सुनता, बल्कि वह तो नाक की तरह अपने देश में आये हुए शब्द पुद्गलो को सुनता है। शब्द वगणायें कान के भीतर ही पहुँचकर सुनाई देती हैं। यदि कान दूरवर्ती शब्द को सुनता तो उसे कान मे प्रविष्ट मच्छर का भिनभिनाना नही सुनाई देना चाहिए क्योंकि कोई भी इन्द्रिय अतिनिकटवर्ती या दूरवर्ती दोनों प्रकार के पदार्थ को नही जान सकती।[3]

जैनदर्शन मन को भी अप्राप्यकारी मानता है। पर बौद्धदर्शन उसे स्वीकार नही करता। जैनदर्शन मे मन को अनिन्द्रिय और अन्तःकरण भी कहा गया है। वह सूक्ष्म और इन्द्रियों के समान नियत देश मे अवस्थित नही। वह तो आत्मप्रदेश के रूप में सर्वत्र शरीर में अवस्थित रहता है। हृदयस्थान मे आठ पाखुड़ी के कमल के आकार वाला है। यह द्रव्य मन है। संकल्प-विकल्पात्मक रूप ज्ञान भाव मन है।

---

१. अभिधर्मकोष, गाथा ४२-४३

२. चतुःशतकम्, ३१३-३१४

३. तत्त्वार्थराजवार्तिक, १.१९

बौद्धधर्म में मन के लिए चित्त और विज्ञान जैसे शब्दों का प्रयोग हुआ है। उसे बहुत कुछ आत्मा का स्थान दिया गया है। चिन्तन गुण से विशिष्ट जो भाग है वही चित्त है[१]। चित्त की विविध प्रवृत्तियों को चैतसिक कहा जाता है। वेदना, सज्ञा, संस्कार और विज्ञान भी चैतसिक कहलाते हैं। इन चारों को 'नाम' की संज्ञा दी गई है। इसके अतिरिक्त एक 'रूप' नामक जड़ पदार्थ भी है। इन नाम और रूप के संयोग से सत्त्व की संरचना होती है।

जैनदर्शन में जिसे द्रव्यमन कहा है—बौद्धदर्शन में उसी को हृदयवस्तु कहा है। वस्तु का अर्थ आश्रय है। पञ्चद्वारावज्जन और सम्पटिच्छन्न नामक मनोधातुयें हृदय का आश्रय लेकर ही प्रवृत्त होती हैं। मनोविज्ञानधातु का भी आश्रय हृदय वस्तु ही है। भेद यह है कि जैनदर्शन मन को पौद्गलिक मानता है पर बौद्धदर्शन उसे पौद्गलिक स्वीकार नही करता।

स्पर्शन इन्द्रिय सर्व शरीर व्यापी है। प्रसाद रूप गुणधर्म और सभी संसारी जीवो के होती है। स्पर्श उसका विषय है। बौद्धदर्शन मे इन्द्रियों को चैतसिक के अन्तर्गत रखा गया है। चार महाभूतो के आश्रय से उनकी उत्पत्ति मानी गई है। जैनधर्म में नामकर्म उनकी उत्पत्ति मे कारण बताया गया है।

जिह्वा को बौद्धदर्शन में सनिदर्शन एवं सप्रतिघ प्रसाद रूप कहा गया है। बुद्धघोष ने इसे कमलदल आकार के प्रदेश में स्थित बताया है[२] और मूलाचार मे अर्धचन्द्राकार अथवा खुरपा के समान माना है।

घ्राण चातुर्महाभूतज, प्रसाद रूप, गुणमात्र, अनिदर्शन तथा सप्रतिघ है। बुद्धघोष ने इसे घ्राण बिवर के भीतर बकरी के खुर की बनावट का माना है तथा शिवार्य ने अतिमुक्तक पुष्प जैसा कहा है।[४] इसी प्रकार बुद्धघोष ने क्रमशः चक्षु और श्रोत्र को ऊका के शिर बराबर तथा अंगुलि-वेष्टन की आकृतिवाला और शिवार्य ने मसूर और जौ की नली जैसा बताया है।

इस प्रकार मतिज्ञान और चित्तवीथि के बीच यह संभाव्य तुलना का एक चित्र हमने प्रस्तुत किया है। चित्तवीथि के जवननियमों की तुलना जैनधर्म के क्षिप्रग्राहित्व के साथ की जा सकती है। विषय-विजानन प्रक्रिया मे बौद्धधर्म छोटी-छोटी अवस्थाओं का चित्रण करता है पर जैनधर्म उनको चार अवस्थाओ मे ही समाहित कर देता है। दोनों दर्शनों में इस प्रकार की तुलना के लिए अनेक विषय हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए। जैनधर्म के कर्मग्रन्थ बौद्धधर्म के अभिधर्म-पिटक से पूर्वतर हैं। अतः बहुत कुछ संभावना यही है कि जैनधर्म का प्रभाव बौद्धधर्म के अभिधर्म-पिटक पर रहा होगा।

अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान

जैनधर्म के अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान को अभिज्ञाओ मे खोजा जा सकता है। समाधि-प्राबल्य के कारण शक्ति तीव्र हो जाने से विशेष रूप से जानने वाला रूपावचरपञ्चम ध्यानगत ज्ञान

---

१. चेतना हं भिक्खवे कम्मं वदामि, अ. नि. ३, पृ. ४१५

२. विसुद्धिमग्ग, पृ. ३११

३. विसुद्धिमग्ग, पृ० ३११.

४. वही, पृ० ३११ : मूलाचार, १०९१.

ही 'अभिज्ञा' है। इस अवस्था में पारमिताओं की प्राप्ति कर ली जाती है। इससे निम्न प्रकार के ज्ञान उत्पन्न होते हैं—

१. **इद्धिविध**—अनेक प्रकार की ऋद्धियों से सम्पन्न ज्ञान। बौद्ध साहित्य में विशेषतः १० प्रकार की ऋद्धियों का उल्लेख मिलता है। १. अधिष्ठान ऋद्धि (एक होकर भी अनेक होना)

२. **विकुर्वाण ऋद्धि**—(नाना रूपों को धारण करना)

३. **मनोमय ऋद्धि**—(काय के भीतर उसी तरह का दूसरा रूप धारण करना) आदि

४: **दिव्य श्रोत्र**—(देव भूमि में होने वाले श्रोत्र को सुनना)

५. **परचित्त विज्ञान**—(दूसरे के चित्तों को जानना)

६. **पुब्बेनिवासानुस्मृति** (पूर्व भवों का ज्ञान होना)

७. **दिव्य चक्षु**—(च्युति-उत्पाद-ज्ञान)

८ **आश्रवक्षयज्ञान** - अर्हत् मार्गज्ञान,

इनमे विकुर्वाण ऋद्धि और मनोमय ऋद्धि क्रमश. वैक्रियक और आहारक शरीर जैसे हैं। परचित्तविज्ञान मन.पर्याय ज्ञान से पुब्बेनिवासानुस्मृति से जातिस्मरण और दिव्यचक्षु से अवधि-ज्ञान की समानता देखी जा सकती है।

केवलज्ञान और सर्वज्ञता

आश्रवक्षयज्ञान केवलज्ञान से मिलता-जुलता ज्ञान है। कर्माश्रवों के क्षय हो जाने पर पूर्णज्ञान की प्राप्ति होती है। यह अभिज्ञा लोकोत्तर मानी गई है। प्रथम पाँच अभिज्ञायें लौकिक मानी जाती हैं। साधक परम विशुद्धि को प्राप्त करने के बाद ही इस अवस्था तक पहुँचता है। दिव्यचक्षु प्राप्त हो जाने पर यह अवस्था मिलती है।

सर्वज्ञता और केवलज्ञान में कोई अन्तर नही। पर यहाँ बुद्ध की सर्वज्ञता और अन्य की सर्वज्ञता के बीच अन्तर दिखाई देता है। बुद्धेतर साधकों के ज्ञान का आलम्बन एकदेश रहता है जबकि बुद्ध का ज्ञान सर्वविध आलम्बन लिये रहता है। इस ज्ञान को "सब्बञ्ञुतञाण" कहा गया है (यह ज्ञान बुद्ध के सिवा और किसी में नहीं रहता)।[1]

बौद्धधर्म में बुद्ध ने प्रारम्भ में स्वयं को सर्वज्ञ कहना-कहलाना उचित नही समझा पर वे अपने आपको 'त्रैविद्य' कहा करते थे (इसी का विकास उत्तर काल में धर्मज्ञ और तदनन्तर सर्वज्ञ की मान्यता के रूप में प्रतिष्ठित हुआ) बौद्ध धर्म सर्वज्ञता के इस विकासात्मक इतिहास को मैं अन्यत्र प्रस्तुत कर चुका हूँ।[2]

बौद्धदर्शन का मन्तव्य है कि भगवान् बुद्ध का ज्ञान सर्वार्थविषयक नही अपितु हेयोपादेय तत्त्व विषयक है। संसारी के सर्वार्थविषयक ज्ञान न तो संभव है और न ही उसकी आवश्यकता है। अन्यथा उसके सर्वज्ञ होने का प्रसंग उपस्थित हो जायेगा। निर्भयसार्थी को सर्वज्ञ होने का प्रयोजन

१. अभिधम्मत्थसंगह, ३.५८

२. Jainism is Buddhist Literature, P. 278-288.

क्या ? उन्हें तो हेयोपादेय ज्ञान होना चाहिए। कीटसंख्या परिज्ञान आदि की उपयोगिता मानी जाय तो अभ्यास से तथागत के अनुष्ठेय वस्तु का साक्षात्करण पर भी विचार किया जा सकता है।

तस्मादनुष्ठेयगतं ज्ञानमस्य विचार्यताम्।
कीटसंख्या परिज्ञानं तस्य नः क्वोपयुज्यते ॥[1]

परन्तु जैन कहते हैं—तथागत के अनुष्ठेय वस्तु के साक्षात्करण मे प्रत्यक्ष-अनुमान आदि प्रमाण व्यर्थ सिद्ध होते हैं। यदि इसमे प्रत्यक्ष प्रमाण माना जाय तो अनुष्ठान व्यर्थ सिद्ध हो जाता है क्योंकि प्रमाण विषय का साक्षात्कार करना ही अनुष्ठान का प्रयोजन है और जब प्रत्यक्ष है ही तो साक्षात्करणत्व मे अनुष्ठान का क्या प्रयोजन ? अनुमान इसलिए नही कि प्रतिबन्धग्रहण के बिना अनुष्ठान दर्शन संभव नही।[2]

चतुरार्यसत्य का ज्ञाता होने से बुद्ध भी 'अशेषवादो' कहे जा सकते हैं—

हेयोपादेयतत्त्वस्य साभ्युपायस्य वेदकः।
यः प्रमाणमसाविष्टो न तु सर्वस्य वेदक. ॥[3]

जैनाचार्य पुनः उत्तर देते हुए कहते हैं कि कीटसंख्यापरिज्ञान चतुसत्य के व्याकरण मे उपयोगी है। यदि उसे न माना जाय तो चतुसत्य का उपदेश ही असंभव हो जायगा। कूप को देखे बिना कूप मे जल नही है, यह कैसे कहा जा सकता है। यदि कीटसंख्यापरिज्ञान को उपयोगी नहीं मानते तो भिक्षुसंख्यापरिज्ञान की भी क्या आवश्यकता ?[4] कीटादि चेतनवर्ग का ज्ञान पुरुषार्थकर है। अन्यथा बुद्ध को जगत् हितैषी कैसे कहा जायगा।[5] पुरुषार्थकर यदि न माना जाय तो उपदेश व्यर्थ हो जायगा निरवशेष ज्ञान न होने से।

अनुमान के अभ्यास से तत्त्वदर्शन नही हो सकता अन्यथा रसादि के अभ्यास से अन्धा भी रूपदर्शन कर सकेगा और फिर अनुमान को ही मानते हैं तो कणादि में सर्वज्ञता क्यों नही मानी जा सकती।[6] इसलिए "प्रमाण नापर" कथन ठीक नही।

इस प्रकार धर्मज्ञ ही नही बल्कि सर्वज्ञ की सिद्धि अपरिहार्य है।

शक्ति कल्पना

वस्तु के सामर्थ्य को शक्ति कहा जाता है। यह सामर्थ्य क्या-कैसी है, यह मतभेद का विषय है। कार्यकारण की व्यवस्था में शक्ति की कल्पना निहित है। अद्वैतवादी कार्यकारण को सावृतिक सत्य मानते है और बाह्यार्थवादी उसे पारमार्थिक सत्य कहते है। माध्यमिक संप्रदाय पदार्थों को निःस्वभाव मानता है इसलिए वहाँ कार्यकारणभाव का प्रश्न ही नही उठता। कार्यकारणभाव की

१. प्रमाणवार्तिक, २ ३।
२. न्यायविनिश्चयविवरण, भाग १, पृ० १०।
३. प्रमाणवार्तिक, १ ३४।
४. न्यायविनिश्चयविवरण, भाग १, पृ० १८, कारिका ४८-५२।
५. प्रमाणसमुच्चय, १.१।
६. न्यायविनिश्चयविवरण, भाग १, कारिका ८८-९१।

पूर्ति अनादिकालीन अविद्या वासना से चला लिया जाता है। यही वासना संसार के वैचित्र्य का कारण है।

जैन दर्शन में मीमांसकों के समान द्रव्य में एक अतीन्द्रिय शक्ति का समर्थन किया गया है। इस शक्ति की तुलना हम अर्थ पर्याय से कर सकते हैं। अर्थपर्याय पदार्थ की वह सूक्ष्म पर्याय है जो हमारी इन्द्रियों का विषय नहीं हो पाता। व्यञ्जनपर्याय पदार्थ की स्थूल पर्याय है जिसे इन्द्रियां अपना विषय बना लेती हैं। अर्थपर्याय पदार्थ की अनन्त शक्ति का प्रतीक है। इसी के बल पर वह अनेक कार्य करने में समर्थ होता है।[१] व्यंजनपर्याय ही अर्थपर्याय नहीं हो सकते क्योंकि उनका स्वरूप तो प्रत्यक्ष है। परन्तु अर्थपर्याय का बोध तो किसी कार्य को देखकर ही अनुमान से होता है।[२]

परमाणुवाद

परमाणुवाद पर सृष्टि-प्रक्रिया आधारित है। जैनधर्म का परमाणुवाद और अनिरुद्धाचार्य का रूपकलाप समानार्थक प्रतीत होता है। जैनदर्शन के अनुसार परमाणु अत्यन्त तीक्ष्ण शस्त्र से नही छेदा-भेदा जा सकता है और न जल-अग्नि आदि द्वारा जलाया जा सकता है।[३] वह एक प्रदेशी है, शून्य नही। परमाणु दो प्रकार का है—कारणरूप और कार्यरूप। शरीर, इन्द्रिय, महाभूत आदि स्कन्ध रूप कार्यों से परमाणु का अस्तित्व सिद्ध होता है। उसके अभाव में स्कन्ध रूप कार्य हो ही नही सकता।[४] वस्तुतः परमाणु स्कन्ध ही पुद्गल है। स्कन्धों की उत्पत्ति, भेद, संघात तथा भेद-संघात से होती है।

बौद्ध दर्शन में परमाणुवाद की कल्पना अभिधम्मत्थसंगहो में अधिक स्पष्ट हो सकी। वहाँ अवयव धर्मों के समूह को रूपकलाप कहा गया है। रूपों की उत्पत्ति अन्योन्य सापेक्ष होती है। यही स्कन्ध है। एक कलाप में कम से कम आठ या इससे भी अधिक रूप होते है तथापि एक रूप कलाप में उत्पाद, स्थिति और भंग एक ही होता है।

सर्वास्तिवादियों का संघात, अनिरुद्ध का कलाप तथा जैनाचार्यों का स्कन्ध-संघात समानार्थक है। सर्वास्तिवादियों ने परमाणु के १४ प्रकार बताये हैं—पाँच विज्ञानेन्द्रिय, पाँच विषय तथा चार महाभूत। वसुबंधु की परमाणु की व्याख्या जैनधर्म के परमाणु से अधिक समीप है। उनका उत्पाद चार महाभूत और रूप रस गंध और स्पृष्टव्य इन आठ द्रव्यों के साथ होता है। वह अविभागी तथा अस्पर्शी है। आर्यदेव ने भी परमाणु का लक्षण हेतुत्व, परिमाण्डल्य और अप्रदेशत्व माना है। उसे अनित्य भी कहा है।[५] यह इस सिद्धान्त के विकास का परिणाम है। आर्यदेव के पूर्व नागार्जुन ने उसकी सत्ता को अस्वीकृत किया था। इतना ही नहीं, उसके उपादानोपादेयभाव का भी निराकरण

१. प्रमेयकमलमार्तण्ड, पृ० ५१०।
२. स्याद्वादरत्नाकर, पृ० ३०५-६, अष्टसहस्री, १८३।
३. तिलोयपण्णत्ती, १.९६।
४. राजवार्तिक, ५.२५.१४.१५।
५. चतुःशतकम्, २१३-२१९।

किया।[1] दिङ्नाग, आर्यदेव, धर्मकीर्ति आदि सभी बौद्धाचार्यों ने परमाणुवाद के विरोध में समान तर्क प्रस्तुत किये हैं।

दृश्य स्थूल अवयवी का निषेध करके उसकी सत्ता-प्रतीति में अविद्या-वासना को मूल कारण माना। परमाणुवादी सौत्रान्तिक वैभाषिकों ने स्थूल पदार्थ को परमाणुपुञ्ज मात्र माना। इस संदर्भ में बौद्धों में तीन मत उपलब्ध हैं। १. प्राचीन बौद्धों के अनुसार परमाणुओं का परस्पर संयोग होता है और शेष दोनों इस प्रकार के संयोग को स्वीकार नही करते।[2]

जैनधर्म परमाणु के विषय में भेदाभेदवादी है। अन्तर यह है कि बौद्धधर्म परमाणुपुञ्ज से अतिरिक्त स्कन्ध की स्वतंत्र सत्ता को नही मानते जबकि जैनों के मत में पुद्गल द्रव्य अणु-स्कन्ध रूप है। अवयव-अवयवी मे कथंचित् तादात्म्य है।

सौत्रांतिक बौद्धधर्म में वस्तु को क्षणिक मानकर क्षणभंगुरवाद की स्थापना की गई है। जैन-धर्म भी क्षणभंगुरवाद को स्वीकार करता है पर वस्तु का वह निरन्वय विनाश नहीं मानता। अन्यथा अर्थक्रिया का अभाव हो जायगा और अर्थक्रिया का अभाव हो जाने पर वस्तु-सत् की सिद्धि ही नहीं होगी।[3] क्षणभंगुरता की यह चरम स्थिति स्थविरवाद में नही मिलती। आचार्य अनिरुद्ध ने रूप की आयु ५१ क्षण की बताई है।

सर्वास्तिवाद मे तो नाम और रूप, दोनों को पारमार्थिक माना है और यह स्पष्ट किया है कि सभी वस्तुओं का त्रैकालिक अस्तित्व है। जैनधर्म की दृष्टि से यह मत सही है क्योंकि यह मूल तत्त्व को नित्य मानता है। सर्वास्तिवाद का परमाणु समुदायवाद जैनदर्शन के द्रव्य-पर्यायवाद से समानता रखता है।

बौद्धधर्म में जिसे पारमार्थिक भूततथतावाद कहा है, जैनधर्म में वह 'सत्' माना जा सकता है। जैनों का निश्चयक नय की दृष्टि से आत्मा है वह। भूततथता के सांवृतिकस्वरूप पर दृष्टिपात करते हुए वस्तु के व्यावहारिक स्वरूप पर समानता की दृष्टि से ध्यान केन्द्रित हो जाता है। अन्तर यह है कि भूततथता जैसा एक मात्र परम तत्त्व निश्चय-व्यवहार नय रूप आत्मा जैनधर्म में नहीं। जीव (आत्मा) के अतिरिक्त अजीव तत्त्व भी जैनधर्म में वर्णित है।

प्रमाण के भेद

बौद्धधर्म प्रमाण के दो ही भेद मानता है—प्रत्यक्ष और अनुमान। जैनधर्म में मूल संख्या तो वही रही, नाम मे अन्तर पड़ा। यहाँ प्रमाण के दो भेद माने गये—प्रत्यक्ष और परोक्ष। प्रत्यक्ष के लक्षण में समय-समय पर विकास होता रहा। परोक्ष के अन्तर्गत स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम को रखा गया।

इन सब के विषय में मैंने "जैनदर्शन और संस्कृति का इतिहास" तथा "बौद्ध संस्कृति का इतिहास" नामक पुस्तकों मे लिखा है। अतः उनको यहाँ दुहराना आवश्यक नहीं।

---

१. माध्यमिक कारिका, ४, १, ५. ६; १०. १५।

२. तत्त्वसंग्रह पञ्जिका, पृ. ५५६।

३. क्षणभंगवाद का खण्डन हर जैन दार्शनिक ने किया है।

नयवाद और अनेकान्तवाद

नयवाद और अनेकान्तवाद के इतिहास आदि को भी हम उपर्युक्त पुस्तकों मे स्पष्ट कर चुके हैं। अतः यहाँ उसे भी नहीं प्रस्तुत करते। मात्र इतना कहना चाहते हैं कि जेन-बौद्धधर्म ने इन दोनों सिद्धान्तों को प्रारम्भ से ही अपनाया है। दोनों धर्मों के आगमो और उत्तरकालीन ग्रंथों में इनका उपयोग दार्शनिकों ने भलीभांति किया है। इतना अवश्य है कि जैन दार्शनिकों ने इसे अपनी मूल भित्ति मान ली जबकि बौद्ध दार्शनिक इसमें पीछे रहे।

बौद्धधर्म में तत्त्व का विचार दो दृष्टियों से किया गया है—परमार्थ और प्रज्ञप्त्यर्थ। परमार्थ तत्त्व को अविपरीत तथा मूल स्वभाव माना गया है और प्रज्ञप्त्यर्थ वस्तु का व्यावहारिक रूप है जिसे साधारण व्यक्ति अपने ज्ञान का विषय बनाते हैं। इनको क्रमशः पारमार्थिक और सांवृतिक भी कहा गया है।[1] जैनदर्शन का द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक अथवा निश्चयनय और व्यवहारनय अथवा पारमार्थिक और व्यावहारिक नय लगभग समान हैं। नयों की भेद दृष्टि जैनों की अपनी है। यह बौद्धधर्म मे नहीं दिखती।

अनेकान्तवाद भी बौद्धधर्म मे मिलता है। विभज्यवाद और चतुष्कोटिक सत्य इसी के नामान्तर हैं। अन्तर यह है कि उत्तरकाल मे बौद्धाचार्यों ने विभज्यवाद की मूल भावना छोड़ दी और वे एकान्तवाद की ओर अधिक झुकते गये। जबकि जैन दार्शनिकों ने इसे अपने सिद्धान्त का आधार बनाया। इसलिए जेन साहित्य मे इस पर चिन्तन भी बहुत हुआ।[2] बौद्धधर्म का मध्यममार्ग मूलतः आचार विषयक था। उसी का आगे विकास हुआ। जैनधर्म ने अनेकान्तवाद का प्रयोग आचार और विचार, दोनो क्षेत्रों मे किया।

विभज्जवाद और अनेकान्तवाद

सृष्टि का हर सर्जक तत्त्व भिन्न है और वह अपने विविध रूपों को समाहित किये हुए हैं। प्रेक्षक और चिन्तक उन रूपों में से कुछ रूपों को देख-समझ लेता है और कुछ अनबुझी पहेली से अदृश्य और अचिन्तित बने रहते हैं। हर युग मे दार्शनिकों ने इस विश्वसत्य को समझा है और उसे अपने दृष्टिकोण से उपस्थित करने का प्रयत्न किया है। इसी दृष्टिकोण को बुद्ध ने विभज्जवाद कहा और महावीर ने अनेकान्तवाद।

प्रत्येक वस्तु अनन्तधर्मात्मक है। न वह सर्वथा सत् ही है और न वह सर्वथा असत् ही है। न वह सर्वथा नित्य ही है और न वह सर्वथा अनित्य ही है। किन्तु किसी अपेक्षा से वस्तु सत् है तो किसी अपेक्षा से वस्तु असत् है, किसी अपेक्षा से नित्य है तो किसी अपेक्षा से अनित्य है। अतः सर्वथा सत्, सर्वथा असत्, सर्वथा नित्य, सर्वथा अनित्य आदि प्रकार के एकान्तों का निरसन करके वस्तु का कथञ्चित् नित्य, कथञ्चित् अनित्य इत्यादि रूप होना अनेकान्त है और अनेकान्तात्मक

---

१. अभिधम्मत्थ संगहो, १. २ : मिलिन्द प्रश्न और उसके पूर्व संयुक्त निकाय आदि ग्रन्थों में भी इसका वर्णन मिलता है।

२. विस्तार के लिए देखिये, लेखक की पुस्तक—जैनदर्शन और संस्कृति का इतिहास, पृ २२१-२५०; विभज्जवाद और अनेकान्तवाद, तुलसीप्रज्ञा, १९७५।

वस्तु के कथन करने का नाम स्याद्वाद है। ये दोनों वाद वस्तु के अनन्तधर्मात्मक स्वरूप का प्रतिपादन मुख्य-गौण भाव से करते हैं। ये दोनों शब्द समानार्थक हैं, फिर भी भेद यह है कि अनेकान्तवाद ज्ञानरूप है और स्याद्वाद वचनरूप। दोनों एक दूसरे के परिपूरक हैं।

विभज्जवाद का तात्पर्य है —वस्तु तत्त्व को विभक्त करके प्रस्तुत करना। भगवान् बुद्ध ने विवादग्रस्त प्रश्नों का समाधान इसी के माध्यम से किया था। शुभ माणवक ने बुद्ध से प्रश्न किया—क्या गृहस्थ ही न्यायकुशल धर्म (निर्वाण) का आराधक होता है, प्रव्रजित संन्यासी नहीं? बुद्ध ने कहा—मैं यहाँ विभज्जवादी हूँ, एकंशवादी नही। गृही के लिए भी और प्रव्रजित के लिए भी मैं मिथ्या-प्रतिपत्ति (झूठा विश्वास) की प्रशंसा नही करता। चाहे गृही हो या प्रव्रजित, मिथ्या प्रतिपत्ति के कारण यह न्याय-कुशल धर्म का आराधक नही होगा। गृही के लिए भी और प्रव्रजित के लिए भी मैं सम्यक् प्रतिपत्ति की प्रशंसा करता हूँ।[1]

यहाँ यह द्रष्टव्य है कि बुद्ध ने एकंशवाद को मिथ्या-प्रतिपत्ति और विभज्जवाद को सम्यक्-प्रतिपत्ति के रूप मे स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट है कि बुद्ध विभज्जवाद का प्रयोग पदार्थ के सम्यक् स्वरूप के विवेचन के लिए किया करते थे। उनके अन्य कथनों से पता चलता है कि उन्होने तत्कालीन प्रचलित दार्शनिक सिद्धान्तों को उत्तर देने के लिए चार प्रकार की विधियाँ प्रयुक्त की थी—

१ एकंस व्याकरणीय
२. पटिपुच्छा व्याकरणीय
३. ठापनीय, और
४. विभज्जव्याकरणीय

इन चार प्रकारो में मूल प्रकार दो रहे होंगे—एकंस व्याकरणीय, और अनेकंस व्याकरणीय। अनेकंस व्याकरणीय के ही बाद मे दो भेद हुए होंगे—विभज्जव्याकरणीय और ठापनीय। पटिपुच्छा व्याकरणीय विभज्जव्याकरणीय का ही भेद रहा होगा।

उक्त चार विधियो के अतिरिक्त बुद्ध ने विवादग्रस्त प्रश्नो को अव्याकृत कह दिया। दीघनिकाय मे उन्ही अव्याकृत प्रश्नो को दो भागो में विभाजित किया गया है—एकसव्याकरणीय और अनेकस व्याकरणीय। यथा—एकसकापि खो, पोट्ठपाद मया धम्मा देसिता पञ्ञत्ता, अनेकंसिकापि हि खो, पोट्ठपाद, मया धम्मा देसिता। अव्याकृत प्रश्नो को बुद्ध ने अनेकसिक माना और कहा कि वे प्रश्न न सार्थक हैं, न धर्म उपयोगी है, न निर्वेद के लिए है और न वैराग्य के लिए है—न हेते पोट्ठपाद, अत्थसंहिता, न धम्मसंहिता, न आदिब्रह्मचरिका, न निब्बिदाय, न विरागाय, न निरोधाय, न उपसमाय, न अभिञ्ञाय, न संबोधाय, न निब्बानाय संवत्तन्ति।[2]

यहाँ बुद्ध ने जिन विवादग्रस्त प्रश्नो को 'अनेकंसिक' कहा है वे प्रश्न ऐसे है जिनका उत्तर एकान्तिक दृष्टि से दिया ही नही जा सकता। इस दृष्टि से यह सिद्धान्त अनेकान्तवाद के अधिक समीप है।

---

१. मज्झिमनिकाय, सुभसुत्तन्त
२. दीघनिकाय, पोट्ठपाद, भाग १, पृ १५९।

बुद्ध ने एक अन्य प्रकार से भी प्रश्नों का समाधान किया था जिसे 'चतुष्कोटि' कहा गया है—

१. अत्थि
२. नत्थि
३. अत्थि च, नत्थि च, और
४. नेव अत्थि, न च नत्थि

इस चतुष्कोटि का उपयोग बुद्ध ने अनेक स्थानों पर किया है। उदाहरणतः—

१ छन्नं फस्सायतनं असेसविरागनिरोधा अत्थि अञ्ञं किञ्चि ति।
२. छन्नं····नत्थि अञ्ञं किञ्चि ति।
३. छन्नं ···अत्थि च नत्थि च अञ्ञं किञ्चि ति।
४ छन्नं ·· नेव अत्थि न न अत्थि च अञ्ञं किञ्चि ति।

बुद्ध ने तत्त्व का वर्णन कहीं-कहीं दो सत्यों के माध्यम से भी किया है—संमुतिसच्च और परमत्थसच्च। आत्मा के सिद्धान्त को बुद्ध ने अव्याकृता से लेकर संमुतिसच्च तक पहुँचाया। 'न च सो न च अञ्ञो' जैसे कथनों से यह स्पष्ट हो जाता है कि बुद्ध के विभज्जवाद ने पारमार्थिक और व्यावहारिक दृष्टि से पदार्थ के विश्लेषण को प्रारम्भ कर दिया था—

यथा हि अंगसभारा होती सद्दो रथो इति।
एवं खन्धेसु सन्तेसु होति संतो ति संमुति॥[1]

इस विवेचन से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि बुद्ध मूलतः विभज्जवादी थे और उस विभज्जवाद के उन्होने क्रमशः निम्नलिखित विभाग किये। दूसरे शब्दों मे इसे हम विभज्जवाद को विकासात्मक अवस्थायें कह सकते हैं—

१. अव्याकृततावाद
२. एकंसिक-अनेकंसिकवाद
३. व्याकरणीय प्रकार
४. चतुष्कोटिविधा, और
५. सच्च प्रकार

जैसा हम शुभ माणवक के प्रसंग मे देख चुके है, महात्मा बुद्ध ने परमत्थसच्च को अधिक महत्व दिया। परमत्थदीपिनी; परमत्थजोतिका जैसे शब्द भी इसी अर्थ को व्यक्त करते है। बौद्ध साहित्य मे नय, सुनय, दुर्नय शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। ज्ञान के जिन आठ साधनों को भगवान् बुद्ध ने बताया है उसमे एक नय हेतु भी है।[2] एक निर्णय विशेष करने के लिए नय की आवश्यकता होती है।[3] सुत्तनिपात मे कहा है कि संमुतिसच्च श्रमण-ब्राह्मणों का सर्वसाधारण सिद्धान्त था

---

१. मिलिन्दपञ्ह, २७-३०
२. अनुस्सवेन परम्पराय, इतिकिरियाय, पिटकसंपदाय, भवपरूपताय, समणो न गुरु, तक्किहेतु, नयहेतु, आकारपरिवितक्केन ···दिट्ठिनिज्झानक्खन्तिया—अंगुत्तरनिकाय (२.१.१९१:९) (रोमन)
३. न येन नेति, स. नि. २, पृ. ५८; अनयेन नयति दुम्मेधो, जातक ४, पृ. २४१

और परमत्थसच्च को विशेष रूप से उन्होंने साध्य माना था।[1] परमत्थसच्च ही तथलक्खण है।[2]

बाद में बुद्ध ने विभज्जवाद के स्थान पर मध्यममार्ग को अपनाया—सब्बं अत्थीति खो ब्राह्मण अयं एको अन्तो "सब्बं नत्थीति, खो ब्राह्मण, अयं दुतियो अन्तो। एते ते ब्राह्मण उभो अन्ते अनुपगम्य मज्झेन तथागतो धम्मं देसेति अविज्जापच्चया संखारा ....।[3] उत्तरकाल में यही मध्यम-मार्ग भगवान् बुद्ध का पर्यायवाचक बन गया।

विभज्जवाद के समान ही अनेकान्तवाद का उद्देश्य रहा है। जैसा हम पहले देख चुके है, अनेकान्तवाद मे पदार्थ के स्वरूप पर विभिन्न दृष्टिकोणों से विचार किया जाता है। इसी संदर्भ मे एकान्तिक और अनेकान्तिक तथा एकंस और अनेकंस शब्दों का प्रयोग हुआ है इसके प्राचीन रूप को हम बौद्ध साहित्य मे खोज सकते हैं।

पार्श्वनाथ परम्परा के अनुयायी सच्चक से बुद्ध ने कहा कि तुम्हारे पूर्व और उत्तर के कथन में परस्पर व्याघात हो रहा है—न खो संधियति पुरिमेन वा पच्छिमं, पच्छिमेन वा पुरिमं।[4] बुद्ध के शिष्य चित्तगहपति और निगण्ठनातपुत्त के बीच हुए विवाद मे भी चित्तगहपति ने निगण्ठ-नातपुत्त पर यही दोषारोपण किया—सचे पुरिमं सच्चं परिच्छमेन ते मिच्छा, सचे पच्छिमं सच्चं पुरिमेन ते मिच्छा।[5]

इससे यह पता चलता है कि भगवान् महावीर ने भी भगवान् बुद्ध के समान मूलतः दो भंगो से विचार किया था—अत्थि और नत्थि। इन्ही भंगो मे स्वात्मविरोध का दोषारोपण लगाया गया। महात्मा बुद्ध के भंगों मे भी परस्पर विरोध झलक रहा है पर बुद्ध द्वारा महावीर पर लगाये गये आरोप मे जो तीव्रता दिखाई देती है वह वहाँ नही। इसका कारण यह हो सकता है कि महावीर के विचारों में अनेकान्तिक निश्चिति थी और बुद्ध एकान्तिक निश्चिति के साथ अपने सिद्धान्तो को प्रस्तुत करते थे। 'निश्चय' के साथ 'स्यात्' शब्द का प्रयोग यहाँ अवश्य नही मिलता पर उसका प्रयोग उस समय महावीर अवश्य किया करते रहे होगे। जैसा उत्तरकाल मे प्रायः देखा जाता है, प्रतिपक्षी दार्शनिक स्यात् मे निहित तथ्य की उपेक्षा करते रहे है। प्रसिद्ध बौद्धाचार्य बुद्धघोष ने स्वयं अनेकान्तवाद को शाश्वतवाद और उच्छेदवाद का संमिश्रित रूप कहा है।[6]

जो भी हो, इतना निश्चित था, बुद्ध के समान महावीर ने भी अत्थि-नत्थि रूप मे दो भगो को ही मूलतः स्वीकार किया था। भगवतासूत्र मे भी इन्ही दो भगो पर विचार किया गया है। गौतम गणधर ने उन्ही का अवलम्बन लेकर तीर्थिको के प्रश्नो का उत्तर दिया था—नो खलु वयं देवाणुप्पिया, अत्थि भावं नत्थित्ति वदामा, नत्थि भाव अत्थित्ति बदामो। अम्हे णं देवाणुप्पिया! सब्बं अत्थिभावं अत्थोति बदामो, सब्ब नत्थिभावं नत्थोति बदामो।[7]

---

१ सुत्तनिपात, ६८.२१९, कथावत्थु, अट्ठकथा ३४
२. अगुत्तर, अट्ठकथा, १, पृ. ९५ (रो)
३. सयुत्तनिकाय
४. मज्झिम. १ २३२
५. संयुत्तनिकाय, भाग ४, पृ. २९८-९।
६. मज्झिमनिकाय, अट्ठकथा, भाग २, पृ ८३१; दीघनिकाय अट्ठकथा, भाग ३, पृ. ९०६।
७. भगवतीसूत्र, ७.१०.३०४. चूलराहुलोवाद सुत्त (मज्झिमनिकाय) में 'सिया' शब्द का प्रयोग तेजोधातु के निश्चित भेदों के अर्थ में किया गया है।

बौद्ध साहित्य के ही एक अन्य उद्धरण से यह पता चलता है कि भगवान् महावीर तीन भंगों का भी उपयोग किया करते थे। उनके शिष्य दीघनख परिव्वाजक का निम्न कथन भगवान् बुद्ध की आलोचना का विषय बना था—

१. सब्बं मे खमति
२. सब्बं मे न खमति
३. एकच्चं मे खमति एकच्चं मे न खमति

वेदों और त्रिपिटक ग्रन्थों में चतुष्कोटियों का उल्लेख आता है पर प्राचीन बौद्ध साहित्य मे भगवान् महावीर के सिद्धान्तों के साथ उक्त तीन ही भंग दिखाई देते हैं। इसलिए ऐसा लगता है कि भगवान् महावीर ने मूलतः इन्ही तीन भगों को स्वीकार किया होगा। अतः अवक्तव्य का स्थान तीसरा न होकर चौथा ही रहना चाहिए।

जैनाचार्यों ने अनेकान्तवाद पर विशेष चिन्तन किया। उनके चिन्तन का यही सम्बल था। इसलिए जब तृतीय अथवा चतुर्थ भंग के साथ एकान्तिक दृष्टि के साथ भी आक्षेप किया गया तो उन्होंने उससे बचने के लिए सप्त भंगों का सृजन किया। इस सप्तभंगी साधना मे हर प्रकार का विरोध और एकान्तिक दृष्टि समाधिस्थ हो जाती है। भगवतीसूत्र, सूत्रकृताग, पचास्तिकाय आदि प्राचीन ग्रन्थों में यही विकसित रूप दिखाई देता है। उत्तरकालीन बौद्ध साहित्य में भी इसके संकेत मिलते हैं। थेरगाथा मे कहा गया है—"एकङ्गदस्सी दुम्मेधो सतदस्सी च पण्डितो"।[1] यहाँ सतदस्सी के स्थान पर, लगता है, 'सत्तदस्सी' पाठ होना चाहिए था। इसे यदि सही मानें तो सप्तभंगी का रूप स्पष्ट हो जाता है।

जैनदर्शन ने द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नय, निश्चय और व्यवहारनय, शुद्ध और अशुद्धनय, पारमार्थिक और व्यावहारिक नय आदि रूप से भी पदार्थ का चिन्तन किया है परन्तु इनका विशेष उल्लेख प्राचीन बौद्ध साहित्य अथवा अन्य जैनेतर साहित्य मे नही मिलता। सभव है, इसे उत्तरकाल में नियोजित किया गया हो।

इस विवेचन से हम अनेकान्तवाद के विकास को निम्नलिखित सोपानों में विभक्त कर सकते है—

१. एकंसवाद-अनेकंसवाद
२. सत्-असत्-उभयवाद
३. चतुर्थ भंग-अवक्तव्य
४. सप्तभंग, और
५ द्विनय अथवा सप्तनय

भगवान् महावीर और महात्मा बुद्ध का समान उद्देश्य था—पदार्थ-स्वरूप का सम्यक् विवेचन करना। बुद्ध के समान महावीर ने भी विभज्जवादी भाषा के प्रयोग को अपेक्षित माना। शायद यह समानता इसलिए भी हो कि दोनों महान् व्यक्तित्व मूलतः एक ही परम्परा के अनुयायी थे। इसलिए दोनों ही प्राथमिक स्तर पर विभज्जवादी है। उत्तरकाल में बुद्ध का विभज्जवाद जिस पक्ष की ओर

१. थेरगाथा, १०६।

भी झुका, उसमें एकान्तिक दृष्टि ही छिपी रही, पर महावीर ने उसमें 'स्यात्' जैसे निश्चयवाचक पद को जोड़कर उस दोष से अपने को बचा लिया। इसलिए बुद्ध का विभज्जवाद सीमित और एकान्तिक दिखाई देता है जबकि महावीर का विभज्जवाद असीमित और अनेकान्तिक प्रतीत होता है।

बुद्ध का विभज्जवाद अव्याकृत से चलकर मध्यमप्रतिपदा तक पहुँचा, पर महावीर के विभज्जवाद ने सप्तभंगी, नय और निक्षेप की यात्रा की। बुद्ध के विभज्जवाद पर उतना अधिक चिन्तन नहीं हो सका जितना महावीर के विभज्जवाद अथवा अनेकान्तवाद पर हुआ। फलतः बुद्ध का विभज्जवाद अनेकान्तवादी होने पर भी एकान्तवाद की ओर अधिक झुका पर महावीर का विभज्जवाद अनेकान्तवाद को ही प्रारम्भ से लेकर अन्त तक पकड़े रहा। यही कारण है कि "स्याद्वाद पदलाञ्छन:" जैसे शब्दों का प्रयोग महावीर के साथ ही हुआ है।

बुद्ध ने आचार और विचार मे मध्यममार्ग (मज्झिमपटिपदा) को अपनाया और महावीर ने अनेकान्त शैली का आश्रय लिया। दोनों शैलियों ने अपने-अपने ढंग से उत्तरकाल मे विकास किया। दार्शनिक क्षेत्र में दोनो महापुरुषों का यही प्रदेय था। ज्ञान के सदर्भ मे उनका यही योगदान था।

•

अध्यक्ष, पालि-प्राकृत विभाग
नागपुर विश्वविद्यालय
न्यू एक्सटेंशन एरिया
सदर, नागपुर-४४०००१

बृहद्गच्छ का संक्षिप्त इतिहास

शिव प्रसाद

सातवीं शताब्दी में पश्चिम भारत में निर्ग्रन्थ श्वेताम्बर सम्प्रदाय में जो चैत्यवास की नीव पडी वह आगे की शताब्दियों में उत्तरोत्तर दृढ होती गयी और परिणामस्वरूप अनेक आचार्य एवं मुनि शिथिलाचारी हो गये। इनमें से कुछ ऐसे भी आचार्य थे जो चैत्यवास के विरोधी और सुविहितमार्ग के अनुयायी थे। चौलुक्य नरेश दुर्लभराज [वि० सं० १०६७-७८/ई० सन् १०१०-२२] की राजसभा में चैत्यवासियों और सुविहितमार्गियों के मध्य जो शास्त्रार्थ हुआ था, उसमे सुविहितमार्गियों की विजय हुई। इन सुविहितमार्गियों में बृहद्गच्छ के आचार्य भी थे।

बृहद्गच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिये हमारे पास दो प्रकार के साक्ष्य है—

१ —साहित्यिक २—अभिलेखिक

साहित्यिक साक्ष्यों को भी दो भागों में बाँटा जा सकता है, प्रथम तो ग्रन्थों एव पुस्तको की प्रशस्तियाँ और द्वितीय गच्छों की पट्टावलियाँ, गुर्वावलियाँ आदि।

प्रस्तुत निबन्ध में उक्त साक्ष्यों के आधार पर बृहद्गच्छ के इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

वडगच्छ/बृहद्गच्छ के उल्लेख वाली प्राचीनतम प्रशस्तियाँ १२वीं शताब्दी के मध्य की हैं। इस गच्छ के उत्पत्ति के विषय में चर्चा करने वाली सर्वप्रथम प्रशस्ति वि० सं० १२३८/ई० सन् ११८२ में बृहद्गच्छीय वादिदेवसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि द्वारा रचित **उपदेशमालाप्रकरणवृत्ति**[1] की है, जिसके अनुसार आचार्य उद्योतनसूरि ने आबू की तलहटी मे स्थित धर्माण नामक सन्निवेश में न्यग्रोध वृक्ष के नीचे सात ग्रहों के शुभ लग्न को देखकर सर्वदेवसूरि सहित आठ मुनियों को आचार्य-पद प्रदान किया। सर्वदेवसूरि वडगच्छ के प्रथम आचार्य हुये। तत्पश्चात् तपगच्छीय मुनिसुन्दरसूरि

---

१ श्रीमत्यर्बुदतुगशैलशिखरच्छायाप्रतिष्ठास्पदे
धर्माणाभिधसन्निवेशविषये न्यग्रोधवृक्षो बभौ।
यत्शाखाशतसंख्यपत्रबहलच्छायास्वपायाहत
सौख्येनोषितसंघमुख्यशटकश्रेणीशतीपंचकम् ॥ १ ॥

लग्ने क्वापि समस्तकार्यजनके सप्तग्रहलोकने
ज्ञात्वा ज्ञानवशाद्, गुरुं ' ''''देवाभिध ।
आचार्यान् रचयाचकार चतुरस्तस्मात् प्रवृद्धो बभौ
वंद्रोऽयं वटगच्छनाम रुचिरो जीयाद् युगाना शतीम् ॥ २ ॥

—गाधी, लालचन्द भगवानदास—"**कैटलाग ऑव पाम लीफ मैन्युस्क्रिप्ट्स् इन द शान्तिनाथ जैन भडार कैम्बे**" भाग २, पृ. २८४-८६

द्वारा रचित **गुर्वावली**[1] (रचनाकाल वि० सं० १४६६/ई० सन् १४०९), हरिविजयसूरि के शिष्य धर्मसागरसूरि द्वारा रचित **तपागच्छपट्टावली**[2] [रचनाकाल वि० सं० १६४८/ई० सन् १५९१] और मुनिमाल द्वारा रचित **बृहद्गच्छगुर्वावली**[3] [रचनाकाल वि० सं० १७५१/ई० सन् १६९४]; के अनुसार "वि० सं० ९९४ मे अर्बुदगिरि के तलहटी मे टेली नामक ग्राम में स्थित वटवृक्ष के नीचे सर्वदेवसूरि सहित आठ मुनियों को आचार्य पद प्रदान किया गया। इस प्रकार निर्ग्रन्थ श्वेताम्बर संघ में एक नये गच्छ का उदय हुआ जो वटवृक्ष के नाम को लेकर वटगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।" चूंकि वटवृक्ष के शाखाओं-प्रशाखाओं के समान इस गच्छ को भी अनेक शाखायें-प्रशाखायें हुईं, अतः इसका एक नाम बृहद्गच्छ भी पड़ा।

गच्छ निर्देश सम्बन्धी धर्माण सन्निवेश के सम्बन्ध में दो दलीलें पेश की जा सकती हैं—

प्रथम यह कि उक्त मत एक स्वगच्छीय आचार्य द्वारा उल्लिखित है और दूसरे १५वीं शताब्दी के तपगच्छीय साक्ष्यों से लगभग दो शताब्दी प्राचीन भी है अतः उक्त मत को विशेष प्रामाणिक माना जा सकता है।

जहाँ तक धर्माण सन्निवेश का प्रश्न है आबू के निकट उक्त नाम का तो नहीं बल्कि **वरमाण** नामक स्थान है, जो उस समय भी जैन तीर्थ के रूप में मान्य रहा। अतः यह कहा जा सकता है कि लिपि-दोष से वरमाण की जगह धर्माण हो जाना असंभव नही।

सबसे पहले हम वडगच्छीय आचार्यों की गुर्वावली को, जो ग्रन्थ प्रशस्तियों, पट्टावलियों एवं अभिलेखों से प्राप्त होती है, एकत्र कर विद्यावंशवृक्ष बनाने का प्रयास करेंगे। इस सम्बन्ध मे सर्व-प्रथम हम वडगच्छ के सुप्रसिद्ध आचार्य नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रचित **आख्यानकमणिकोश**[4] (रचनाकाल ई० सन् ११वीं शती का प्रारम्भिक चरण) की उत्थानिका में उल्लिखित बृहद्गच्छीय आचार्यों की विद्यावंशावली का उल्लेख करेंगे, जो इस प्रकार है।[5]

अब हम **उत्तराध्ययनसूत्र** की **सुखबोधा टीका**[6] (रचनाकाल वि० सं० ११२९/ई० सन् १०७२) में उल्लिखित नेमिचन्द्रसूरि के इस वक्तव्य पर विचार करेंगे कि ग्रन्थकार ने अपने गुरु-भ्राता मुनिचन्द्रसूरि के अनुरोध पर उक्त ग्रन्थ की रचना की।

---

१. मुनि दर्शन विजय—संपा० **पट्टावलीसमुच्चय**, भाग १, पृ ३४;
२. वही, पृ ५२-५३;
३. वही, भाग २, पृ. १८८;
४ प्राकृत टेक्स्ट सोसाइटी, वाराणसी द्वारा ई० सन् १९६२ मे प्रकाशित
५. देखिये—तालिका न० १,
६ देवेन्द्रगणिश्चेमामुद्धृतवान् वृत्तिका तद्विनेयः।
गुरुसोदर्यश्रीमन्मुनिचन्द्राचार्यवचनेन ॥ ११ ॥
शोधयतु बृहदनुग्रहबुद्धिं मयि सविधाय विज्ञजनः।
तत्र च मिथ्यादुष्कृतमस्तु कृतमसगतं यदिहि ॥ १२ ॥
—गाधी, लालचन्द भगवान दास—पूर्वोक्त भाग १, पृ० ११४

मुनिचन्द्रसूरि ने स्वरचित ग्रन्थों में जो गरु परम्परा दी है, उससे ज्ञात होता है कि उनके गुरु का नाम यशोदेव और दादागुरु का नाम सर्वदेव[१] था। प्रथम तालिका में उद्योतनसूरि द्वितीय के समकालीन जिन ५ आचार्यों का उल्लेख है, उनमें से चौथे आचार्य का नाम देवसूरि है। ये देवसूरि मुनिचन्द्रसूरि के प्रगुरु सर्वदेवसूरि स अभिन्न हैं ऐसा प्रतीत होता है। इस प्रकार नेमिचन्द्रसूरि और मुनिचन्द्रसूरि परस्पर सतीर्थ्य सिद्ध होते हैं।

मुनिचन्द्रसूरि का शिष्य परिवार बड़ा विशाल था। इनके ख्यातिनाम शिष्यों में देवसूरि[२], मानदेवसूरि[३] और अजितदेवसूरि[४] के नाम मिलते है। इसी प्रकार देवसूरि (वादिदेव सूरि) के परिवार में भद्रेश्वरसूरि, रत्नप्रभसूरि, विजयसिंहसूरि आदि शिष्यों एवं प्रशिष्यों का उल्लेख मिलता है।[५] इसी प्रकार वादिदेवसूरि के गुरुभ्राता मानदेवसूरि के शिष्य जिनदेवसूरि और उनके शिष्य हरिभद्रसूरि का नाम मिलता है।[६] वादिदेवसूरि के तोसरे गुरुभ्राता अजितदेवसूरि के शिष्यों मे विजयसेनसूरि और उनके शिष्य सुप्रसिद्ध सोमप्रभाचार्य भी है।[७] मुनिचन्द्रसूरि के शिष्य परिवार का जो वंशवृक्ष बनता है, वह इस प्रकार है[८] —

नेमिचन्द्रसूरि द्वारा रचित **महावीरचरियं** [रचनाकाल वि० सं० ११४१/ई० सन् १०८४] की प्रशस्ति मे वडगच्छ को चन्द्रकुल से उत्पन्न माना गया है,[९] अत. समसामयिक चन्द्रकुल [जो पीछे चन्द्रगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुआ] की आचार्य परम्परा पर भी एक दृष्टि डालना आवश्यक है। चन्द्रगच्छ मे प्रख्यात वर्धमानसूरि, जिनेश्वरसूरि, बुद्धिसागरसूरि, नवाङ्गवृत्तिकार अभयदेवसूरि आदि अनेक आचार्य हुए। आचार्य जिनेश्वर जिन्होने चौलक्य नरश दुर्लभराज की सभा मे चैत्यवासियो को शास्त्रार्थ मे परास्त कर गुर्जरधरा मे विधिमार्ग का बलतर समर्थन किया था, वर्धमानसूरि के शिष्य थे।[१०] आबू स्थित विमलवसही के प्रतिमा प्रतिष्ठापको मे वर्धमानसूरि का भी नाम लिया जाता है।[११] इनका समय विक्रम सवत् को ११वों शती सुनिश्चित है। वर्धमानसूरि कौन थे ? इस प्रश्न का भी उत्तर ढूंढना आवश्यक है।

खरतरगच्छीय आचार्य जिनदत्तसूरि द्वारा रचित **गणधरसार्धशतक** [रचनाकाल वि० सं० बारहवी शताब्दी का उत्तरार्ध] और जिनपालोध्याय द्वारा रचित **खरतरगच्छबृहद्गुर्वावली**

---

१ देसाई 'मोहनलाल दलीचन्द—**जैनसाहित्य नो संक्षिप्त इतिहास**, पृ० २४१-४२।
२. वही, पृ० २४८-४९।
३. वही, पृ० २८३।
४. वही, पृ० ३२१।
५. गाँधी, पूर्वोक्त, भाग २, पृ० २८८।
६ गाँधी, पूर्वोक्त भाग २, पृ० २३९-४०।
७. देसाई, पूर्वोक्त पृ० २८३-४।
८. देखिये—तालिका न० २।
९. गाँधी, पूर्वोक्त भाग २, पृ० ३३९।
१०. **कथाकोशप्रकरण**—प्रस्तावना विभाग, सपादक—मुनि जिनविजय, पृ० २।
११. नाहटा, अगरचन्द—"विमलवसही के प्रतिष्ठापकों मे वर्धमानसूरि भी थे।"
—**जैन सत्य प्रकाश**, वर्ष ५, अंक ५-६ पृ० २१२-२१४।

[रचनाकाल वि० स० तेरहवी शती का अंतिम चरण] से ज्ञात होता है कि वर्धमानसूरि पहले एक चैत्यवासी आचार्य के शिष्य थे, परन्तु बाद मे उनके मन में चैत्यवास के प्रति विरोध की भावना जागृत हुई और उन्होंने अपने गुरु से आज्ञा लेकर सुविहितमार्गीय आचार्य उद्योतनसूरि से उपसम्पदा ग्रहण की।[1]

गणधरसार्धशतक की गाथा ६१-६३ मे देवसूरि, नेमिचन्द्रसूरि और उद्योतनसूरि के बाद वर्धमानसूरि का उल्लेख है। पूर्वप्रदर्शित तालिका नं० १ में देवसूरि, नेमिचन्द्रसूरि (प्रथम), उद्योतनसूरि (द्वितीय) के बाद आम्रदेवसूरि का उल्लेख है। इस प्रकार उद्योतनसूरि के दो शिष्यो का अलग-अलग साक्ष्यों से उल्लेख प्राप्त होता है। इस आधार पर उद्योतनसूरि (प्रथम) और वर्धमानसूरि को परस्पर गुरुभ्राता माना जा सकता है। अब वर्धमानसूरि की शिष्य परम्परा पर भी प्रसंगवश कुछ प्रकाश डाला जायेगा।

वर्धमानसूरि के शिष्य जिनेश्वरसूरि और बुद्धिसागरसूरि का उल्लेख प्राप्त होता है।[2] जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि जिनेश्वरसूरि ने चौलुक्यनरेश दुर्लभराज की सभा मे शास्त्रार्थ मे चैत्यवासियो को परास्त कर विधिमार्ग का समर्थन किया था।

जिनेश्वरसूरि के ख्यातिनाम शिष्यों मे नवाङ्गवृत्तिकार अभयदेवसूरि, जिनभद्र अपरनाम धनेश्वरसूरि और जिनचन्द्रसूरि के उल्लेख प्राप्त होते है।[3] इनमे से अभयदेवसूरि की शिष्य परम्परा आगे चली।

अभयदेवसूरि के शिष्यो मे प्रसन्नचन्द्रसूरि, जिनवल्लभसूरि और वर्धमानसूरि के उल्लेख मिलते है।[4] प्रसन्नचन्द्रसूरि के शिष्य देवभद्रसूरि हुए, जिन्होने जिनवल्लभसूरि और जिनदत्तसूरि को आचार्यपद प्रदान किया।[5]

जिनवल्लभसूरि वास्तव मे एक चैत्यवासी आचार्य के शिष्य थे, परन्तु इन्होने अभयदेवसूरि के पास विद्याध्ययन किया था और बाद मे अपने चैत्यवासी गुरु की आज्ञा लेकर अभयदेवसूरि से उपसम्पदा ग्रहण की।[6] जिनवल्लभसूरि से ही खरतरगच्छ का प्रारम्भ हुआ। युगप्रधानाचार्यगुर्वावली मे यद्यपि वर्धमानसूरि को खरतरगच्छ का आदि आचार्य कहा गया है, परन्तु वह समीचीन प्रतीत नही होता। वस्तुतः अभयदेवसूरि के मृत्योपरान्त उनके अन्यान्य शिष्यों के साथ जिनवल्लभसूरि की प्रतिस्पर्धा रही, अतः इन्होंने विधिपक्ष की स्थापना की, जो आगे चलकर खरतरगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।[7]

अभयदेवसूरि के तीसरे शिष्य और पट्टधर वर्धमानसूरि हुए। इन्होंने **मनोरमाकहा** [रचनाकाल वि० सं० ११४०/ई० सन् १०८३] और **आदिनाथचरित** [रचनाकाल वि० सं० ११६०/ई० सन्

१. मुनि जिनविजय—पूर्वोक्त पृ० २६।
२. वही, पृ० ८।
३. देसाई, पूर्वोक्त पृ० २०८।
४. देसाई—पूर्वोक्त पृ० २१७-१९।
५. मुनि जिनविजय—पूर्वोक्त पृ० १५।
६. वही, पृ० १६।
७. वही, पृ० ५।

११०३] की रचना की।[1] वि० सं० ११८७ एवं वि० सं० १२०८ के अभिलेखों में वडगच्छीय चक्रेश्वरसूरि को वर्धमानसूरि का शिष्य कहा गया है।[2] इसी प्रकार वि० सं० १२१४ के वडगच्छ से ही सम्बन्धित एक अभिलेख मे वडगच्छीय परमानन्दसूरि के गुरु का नाम चक्रेश्वरसूरि और दादा-गुरु का नाम वर्धमानसूरि उल्लिखित है।[3] इसी प्रकार वडगच्छीय चक्रेश्वरसूरि के गुरु और परमानन्दसूरि के दादागुरु वर्धमानसूरि और अभयदेवसूरि के शिष्य वर्धमानसूरि को अभिन्न माना जा सकता है। जहाँ तक गच्छ सम्बन्धी समस्या का प्रश्न है, उसका समाधान यह है कि चन्द्रगच्छ और वडगच्छ दोनों का मूल एक होने से इस समय तक आचार्यों मे परस्पर प्रतिस्पर्धा की भावना नही दिखाई देती। गच्छीयप्रतिस्पर्धा के युग मे भी एक गच्छ के आचार्य दूसरे गच्छ के आचार्य के शिष्यो को विद्याध्ययन कराना अपारम्परिक नहीं समझते थे। अतः बृहद्गच्छीय चक्रेश्वरसूरि एवं परमानन्द-सूरि के गुरु चन्द्रगच्छीय वर्धमानसूरि हों तो यह तथ्य प्रतिकूल नही लगता।

इस प्रकार चन्द्रगच्छ और खरतरगच्छ के आचार्यों का जो विद्यावंशवृक्ष बनता है, वह इस प्रकार है[4] :—

अब हम वडगच्छीय वंशावली और पूर्वोक्त चन्द्रगच्छीय वंशावली को परस्पर समायोजित करते है, उससे जो विद्यावशवृक्ष निर्मित होता है वह इस प्रकार है[5]—

अब इस तालिका के बृहद्गच्छीय प्रमुख आचार्यों के सम्बन्ध मे ज्ञातव्य बातों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला जायेगा।

नेमिचन्द्रसूरि[6]—जैसा कि पहले कहा जा चुका है, वडगच्छ के उल्लेख वाली प्राचीनतम

१ वही, पृ० १४।

२. सं[वत्] ११८७ [वर्षे] फागु[न्गु]ण वदि ४ सोमे रुद्रसिणवाडास्थानीय प्राग्वाटवंसा[शा]न्वये श्रे० साहिलसंताने पलाहदा [?] श्रे० पासल सतणाग देवचद्र आसधर आबा अबकुमार श्रीकुमार लोयण प्रकृति स्वासिणि शातीय रामति गुणसिरि प्रभृहि तथा पल्लडीवास्तव्य अबदेवप्रभृतिसमस्तश्रावकश्राविकासमुदायेन अर्बुद-चैत्यतीर्थे श्रीरि[ऋ]षभदेवबिब नि श्रेयसे कारितं बृहद्गच्छीय श्रीसंविग्नविहारे श्रीवर्धमानसूरिपाद-पद्मोप[सेवि] श्रीचक्रेश्वरसूरिभि· प्रतिष्ठित ॥

मुनि जयन्तविजय—सपा० **अर्बुद प्राचीन जैन लेख सन्दोह**, लेखाङ्क ११४।

ॐ। संवत् १२०८ फागुणसुदि १० रवौ श्रीबृहद्गच्छीयसंविग्नविहारी[रि]श्रीवर्धमानसूरिशिष्यैः श्रीचक्रे-श्वरसूरिभि· प्रतिष्ठितं प्राग्वाट वंशीय ··· ···।

मुनि विशाल विजय, संपा० श्रीआरासणातीर्थं, लेखाङ्क ११।

३. सवत् १२१४ फाल्गुण वदि 'शुक्रवारे श्रीबृहदगच्छोद्भवसविग्नविहारि श्रीवर्धमानसूरीयश्रीचक्रेश्वरसूरि शिष्य··· श्रीपरमानन्दसूरिसमेतै.··· ··· प्रतिष्ठितं।

मुनि विशाल विजय, वही, लेखाङ्क १४।

४. देखिये, तालिका न० ३।

५. तालिका न० ४।

६. विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य—

मुनि पुण्यविजय द्वारा सम्पादित **आख्यानकमणिकोष** की प्रस्तावना, पृ० ६-८;

देसाई, मोहनलाल दलीचन्द, **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास** पृ० २१८।

प्रशस्तियाँ इन्हीं की हैं। इनका समय विक्रम सम्वत् की बारहवी शती सुनिश्चित है। इनके द्वारा लिखे गये ५ ग्रन्थ उपलब्ध है जो इस प्रकार हैं—

१. आख्यानकमणिकोष [मूल]
२ आत्मबोधकुलक
३. उत्तराध्ययनवृत्ति [सुखबोधा]
४ रत्नचूड़कथा
५ महावीरचरियं

इनमें प्रथम दो ग्रन्थ सामान्य मुनि अवस्था में लिखे गये थे, इसी लिये इन ग्रन्थों की अन्त्य प्रशस्तियों मे इनका नाम **देविन्द** लिखा मिलता है। उत्तराध्ययनवृत्ति और रत्नचूड़कथा की प्रशस्तियों मे देवेन्द्रगणि नाम मिलता है, जिससे स्पष्ट है कि उक्त ग्रन्थ गणि 'पद'' मिलने के पश्चात् लिखे गये। उक्त दोनों ग्रन्थों के कुछ ताड़पत्र की प्रतियों मे नेमिचन्द्रसूरि नाम भी मिलता है। अन्तिम ग्रन्थ **महावीरचरियं** वि० सं० ११४१/ई० सन् १०८५ मे लिखा गया है। उक्त ग्रन्थो की प्रशस्तियो से ज्ञात होता है कि इनके गुरु का नाम आम्रदेवसूरि और प्रगुरु का नाम उद्योतनसूरि था, जो सर्वदेवसूरि की परम्परा के थे।

मुनिचन्द्रसूरि[१]—आप उपरोक्त नेमिचन्द्रसूरि के सतीर्थ्य थे। आचार्य सर्वदेवसूरि के शिष्य यशोभद्रसूरि एवं नेमिचन्द्रसूरि थे। यशोभद्रसूरि से इन्होंने दीक्षा ग्रहण की एवं नेमिचन्द्रसूरि से आचार्य पद प्राप्त किया। ऐसा कहा जाता है कि इन्होने कुल ३१ ग्रन्थ लिखे थे। इनमें से आज १० ग्रन्थ विद्यमान है जो इस प्रकार है—

१. अनेकान्तजयपताका टिप्पनक
२. ललितविस्तरापञ्जिका
३. उपदेशपद–सुखबोधावृत्ति
४. धर्मबिन्दु–वृत्ति
५. योगबिन्दु-वृत्ति
६. कर्मप्रवृत्ति-विशेषवृत्ति
७. आवश्यक [पाक्षिक] सप्ततिका
८. रसाउलगाथाकोष
९. सार्धशतकचूर्णी
१०. पार्श्वनाथस्तवनम्

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, इनके ख्यातिनाम शिष्यो में वादिदेवसूरि, मानदेवसूरि और अजितदेवसूरि प्रमुख थे। वि० सं० ११७८ मे इनका **स्वर्गवास** हुआ।

वादिदेवसूरि—आप मुनिचन्द्रसूरि के शिष्य थे। आबू से २५ मील दूर **मडार** नामक ग्राम मे

१. परीख, रसिक लाल छोटा लाल एवं शास्त्री, केशवराम काशीराम—
संपा० **गुजरात नो राजकीय अने सांस्कृतिक इतिहास**, भाग ४, पृ० २९०-९१;
देसाई, पूर्वोक्त पृ० ३४१-४३।

वि० सं० ११४३/ई० सन् १०८६ में इनका जन्म हुआ था।[१] इनके पिता का नाम वीरनाग और माता का नाम जिनदेवी था। आचार्य मुनिचन्द्रसूरि के उपदेश से माता-पिता ने बालक को उन्हें सौंप दिया और उन्होंने वि० सं० ११५२/ई० सन् १०९६ में इन्हें दीक्षित कर मुनि रामचन्द्र नाम रखा। वि० सं० ११७४/ई० सन् १११७ में इन्होंने आचार्य पद प्राप्त किया और देवसूरि नाम से विख्यात हुए।[२] वि० सं० ११८१-८२/ई० सन् ११२४ में अणहिलपत्तन स्थित चौलुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज की राजसभा में इन्होंने कर्णाटक से आये दिगम्बर आचार्य कुमुदचन्द्र को शास्त्रार्थ मे पराजित किया और वादिदेवसूरि के नाम से प्रसिद्ध हुए।[३] वादविषयक ऐतिहासिक उल्लेख कवि यशश्चन्द्र कृत "मुद्रितकुमुदचन्द्र" नामक नाटक में प्राप्त होता है। ये गुजरात में प्रमाणशास्त्र के श्रेष्ठ विद्वानों में से थे। इन्होंने प्रमाणशास्त्र पर "प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार" नामक ग्रन्थ आठ परिच्छेदों मे रचा और उसके ऊपर "स्याद्वादरत्नाकर" नामक मोटी टीका की भी रचना की। इस ग्रन्थ की रचना मे आपको अपने शिष्यो भद्रेश्वरसूरि और रत्नप्रभसूरि से सहायता प्राप्त हुई।[४] इसके अलावा इनके द्वारा रचित ग्रन्थ इस प्रकार है—

मुनिचन्द्रसूरिगुरुस्तुति, मुनिचन्द्रगुरुविरहस्तुति, यतिदिनचर्या, उपधानस्वरूप, प्रभातस्मरण, उपदेशकुलक, संसारोद्विग्नमनोरथकुलक, कलिकुंडपार्श्वस्तवनम्[५] आदि।

हरिभद्रसूरि[६]—बृहद्गच्छीय आचार्य मानदेव के प्रशिष्य एवं आचार्य जिनदेव के शिष्य हरिभद्रसूरि चौलुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज के समकालीन थे। इनके द्वारा रचित ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि द्रव्यानुयोग, उपदेश, कथाचरितानुयोग आदि विषयों में संस्कृत-प्राकृत भाषा मे इनकी खास विद्वत्ता और व्याख्या शक्ति विद्यमान थी। वि० सं० ११७२/ई० सन् १११६ मे इन्होंने तीन ग्रन्थों की रचना की जो इस प्रकार है—

"**बंध स्वामित्व**" षटशीति कर्म ग्रन्थ के ऊपर वृत्ति; जिनवल्लभसूरि द्वारा रचित '**आगमिक वस्तुविचारसारप्रकरण**" पर वृत्ति और **श्रेयांसनाथचरित**"।

वि० सं० ११८५/ई० सन् ११२९ के पाटण में यशोनाग श्रेष्ठी के उपाश्रय में रहते हुए इन्होने **प्रशमरतिप्रकरण** पर वृत्ति की रचना की।

रत्नप्रभसूरि[७]—आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य रत्नप्रभसूरि विशिष्ट प्रतिभाशाली, तार्किक, कवि और विद्वान् थे। इन्होने **प्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार** पर ५००० श्लोक प्रमाण **रत्नाकरावतारिका** नाम की टीका की रचना की है। इसके अलावा इन्होंने **उपदेशमाला** पर **बोघट्टी वृत्ति** [रचनाकाल

---

१. त्रिपुटी महाराज—जैनपरम्परा नो इतिहास, भाग २, पृ० ५६०।
२. परीख और शास्त्री—पूर्वोक्त भाग ४, पृ० २९४।
३ वही।
४. वही।
५. मुनि चतुर विजय—संपा० **जैन स्तोत्र सन्दोह**, भाग १, पृ० ११८।
६. परीख और शास्त्री-वही;
देसाई, पूर्वोक्त पृ० २५०।
७. परीख और शास्त्री,—पूर्वोक्त पृ० ३०३-४;

वि० सं० १२३८/ई० सन् ११८२], **नेमिनाथचरित** [रचनाकाल वि० सं० १२३३/ई० सन् ११७६], **मतपरीक्षापंचाशत; स्याद्वादरत्नाकर** पर लघु टीका आदि ग्रन्थों की रचना की है।

हेमचन्द्रसूरि[1]—आप आचार्य अजितदेवसूरि के शिष्य एवं आचार्य मुनिचन्द्रसूरि के प्रशिष्य थे। इन्होंने **नेमिनाभेयकाव्य** की रचना की, जिसका संशोधन महाकवि श्रीपाल ने किया। श्रीपाल जयसिंह सिद्धराज के दरबार का प्रमुख कवि था।

हरिभद्रसूरि—इनका जन्म और दीक्षादि प्रसंग जयसिंह सिद्धराज के काल में उन्ही के राज्य प्रदेश में हुआ, ऐसा माना जाता है।[2] ये प्रायः अणहिलवाड़ में ही रहा करते थे। सिद्धराज और कुमारपाल के मन्त्री श्रीपाल की प्रार्थना पर इन्होंने संस्कृत-प्राकृत और अपभ्रंश भाषा में चौबीस तीर्थङ्करों के चरित्र की रचना की। इनमें से चन्द्रप्रभ, मल्लिनाथ और नेमिनाथ का चरित्र ही आज उपलब्ध हैं। तीनों ग्रन्थ २४००० श्लोक प्रमाण हैं। यदि एक तीर्थङ्कर का चरित्र ८००० श्लोक माना जाये तो तो २४ तीर्थङ्करों का चरित्र कुल दो लाख श्लोक के लगभग रहा होगा, ऐसा अनुमान किया जाता है।[3] **नेमिनाथचरिउ** की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि इस ग्रन्थ की रचना वि० सं० १२१६ में हुई थी।[4] अपने ग्रन्थों के अन्त में इन्होंने जो प्रशस्ति दी है, उसमें इनके गुरुपरम्परा का भी उल्लेख है जिसके अनुसार वर्धमान महावीर स्वामी के तीर्थ में कोटिक गण और वज्र शाखा में चन्द्रकुल के वडगच्छ के अन्तर्गत जिनचन्द्रसूरि हुए। उनके दो शिष्य थे, आम्रदेवसूरि और श्रीचन्द्रसूरि। इन्ही श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य थे आचार्य हरिभद्रसूरि जिन्हे आम्रदेवसूरि ने अपने पट्ट पर स्थापित किया।[5]

सोमप्रभसूरि[6]—आचार्य अजितदेवसूरि के प्रशिष्य एवं आचार्य विजयसिंहसूरि के शिष्य आचार्य सोमप्रभसूरि चौलुक्य नरेश कुमारपाल [वि० सं० ११९९-१२२९/ई० सन् ११४२-११७२] के समकालीन थे। इन्होंने वि० सं० १२४१/ई० सन् ११८४ में कुमारपाल की मृत्यु के १२ वर्ष पश्चात् अणहिलवाड में "**कुमारपालप्रतिबोध**" नामक ग्रन्थ की रचना की। इस ग्रन्थ मे हेमचन्द्रसूरि और कुमारपाल सम्बन्धी वर्णित तथ्य प्रामाणिक माने जाते है। इनकी अन्य रचनाओ मे "**सुमतिनाथ-चरित**", "**सूक्तमुक्तावली**" और "**सिन्दूरप्रकरण**" के नाम मिलते है।

नेमिचन्द्रसूरि[7]—ये आम्रदेवसूरि [आख्यानकमणिकोषवृत्ति के रचयिता] के शिष्य थे। इन्होंने "**प्रवचनसारोद्धार**" नामक दार्शनिक ग्रन्थ जो ११९९ श्लोक प्रमाण है, की रचना की।

अन्य गच्छों के समान वडगच्छ से भी अनेक शाखायें एवं प्रशाखायें अस्तित्व में आयी। वि० सं० ११४९ मे यशोदेव-नेमिचन्द्र के शिष्य और मुनिचन्द्रसूरि के ज्येष्ठ गुरुभ्राता आचार्य चन्द्रप्रभ-

१. देसाई, मोहनलाल दलीचन्द - पूर्वोक्त पृ० २३५।
२. गाधी लालचन्द भगवानदास – "**ऐतिहासिक जैन लेखो**" पृ० १३३।
३. वही पृ० १३३।
४. वही पृ० १३४।
५. मुनि पुण्य विजय संपा० **आख्यानकमणिकोषवृत्ति**, प्रस्तावना पृ० ८।
६. देसाई, पूर्वोक्त पृ० २७५।
७. मुनिपुण्यविजय, पूर्वोक्त पृ० ८।

सूरि से पूर्णिमा पक्ष का आविर्भाव हुआ।[1] इसी प्रकार आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मप्रभसूरि ने वि० सं० ११७४/ई० सन् १११७ में नागौर में तप करने से **"नागौरी तपा"** विरुद् प्राप्त किया और उनके शिष्य **"नागोरीतपगच्छीय"** कहलाने लगे।[2] इसी प्रकार इस गच्छ के अन्य शाखाओं का भी उल्लेख प्राप्त होता है।[3]

श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय से सम्बद्ध प्रकाशित जैन लेख संग्रहों में वडगच्छ से सम्बन्धित अनेक लेख संग्रहीत हैं। इन अभिलेखों में वडगच्छीय आचार्यों द्वारा जिन प्रतिमा प्रतिष्ठा, जिनालयों की स्थापना आदि का उल्लेख है। ये लेख १२वीं शताब्दी से लेकर १७वीं-१८वीं शताब्दी तक के हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि वडगच्छीय आचार्य साहित्य सृजन के साथ-साथ जिनप्रतिमा प्रतिष्ठा एवं जिनालयों की स्थापना में समान रूप से रुचि रखते रहे। वर्तमान काल में इस गच्छ का अस्तित्व नहीं है।

(क्रमशः पृ० ११४ पर तालिका है)

शोध सहायक
पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
वाराणसी

---

१. नाहटा, अगरचन्द—"जैन श्रमणों के गच्छो पर संक्षिप्त प्रकाश" **श्रीयतीन्द्रसूरि अभिनन्दन ग्रन्थ** पृ० १५३।
२. वही पृ० १५१।
३. वही पृ० १५४।

तालिका नं० १

आख्यानकमणिकोष की प्रस्तावना में दी गयी बृहद्गच्छीय आचार्यों की तालिका

तालिका नं० २

बड़गच्छीय आचार्य मुनिचन्द्रसूरि के गुरु-शिष्य परम्परा की तालिका

तालिका नं० ३
चन्द्रकुल (चन्द्रगच्छ) के आचार्यों का विद्यावंशवृक्ष
उद्योतनसूरि
वर्धमानसूरि
उपदेशपद [हरिभद्र] टीका
उपदेशमाला बृहद्टीका
उपमितिभवप्रपंचनामसमुच्चय
आदि ग्रन्थों के प्रणेता
वि० सं० १०८८ में आबू स्थित
विमलवसही मे प्रतिमा प्रतिष्ठापक
जिनेश्वरसूरि
बुद्धिसागरसूरि [वि० सं० १०८० मे पञ्चग्रंथीव्याकरण की रचना]
प्रमालक्षण [सटीक]
पञ्चलिंगीप्रकरण
निर्वाणलीलावती कथा
वीरचरित्र
हरिभद्रसूरि के अष्टकों पर टीका
षटस्थानप्रकरण
कथाकोषप्रकरण
आदि ग्रन्थों के प्रणेता
जिनचन्द्रसूरि
[पट्टधर]
संवेगरंगशाला के रचनाकार
[वि० सं० ११२५]
अभयदेवसूरि
[पट्टधर]
जिनभद्र अपरनाम धनेश्वरसूरि
सुरसुन्दरीकहा [वि० सं० १०९५]
प्रसन्नचन्द्रसूरि
देवभद्रसूरि
चन्द्रगच्छीय
खरतरगच्छ प्रारम्भ
जिनवल्लभसूरि
जिनदत्तसूरि
वर्धमानसूरि
चक्रेश्वरसूरि
परमानन्दसूरि
बृहद्गच्छीय
[अभयदेवसूरि के पट्टधर]
वि० सं० ११४० में मनोरमाकहा
वि० सं० ११६० में आदिनाथचरित्र
[वि० सं० ११८७-१२८८ अभिलेखानुसार]
वि० सं० १२१४ [अभिलेखानुसार]

तालिका नं० ४

वडगच्छीय वंशावली और चन्द्रगच्छीय वंशावली के परस्पर समायोजन से निर्मित विद्यावंशवृक्ष

नाट्यदर्पण पर अभिनवभारती का प्रभाव

काजी अन्जुम सैफ़ी

आचार्य अभिनवगुप्त के अतुलनीय ज्ञान एव अद्वितीय मेधा की प्रतीक अभिनवभारती स्वय टीका होते हुए भी प्रकाण्ड पाण्डित्यपूर्ण विवेचन के कारण स्वतन्त्र नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ से कम महत्त्वपूर्ण नही है। निःसन्देह रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने नाट्यदर्पण की रचना से पूर्व उसका सम्यक् आलोडन किया है। इसी कारण उसको विवेचन-पद्धति, तथ्यों, मन्तव्यों और विचारों का अत्यधिक प्रभाव नाट्यदर्पण पर परिलक्षित होता है।

यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है कि सम्पूर्ण नाट्यदर्पण मे कही भी अभिनवभारती का नाम प्राप्त नही होता है। 'नाटक' शब्द की व्युत्पत्ति के प्रसङ्ग मे मात्र एक स्थल पर आचार्य अभिनव गुप्त की नामतः आलोचना प्राप्त होती है[1]। इससे इस तथ्य की भी प्रतीति होती है कि रामचन्द्र-गुणचन्द्र न स्वग्रन्थलेखन मे स्वतन्त्र ग्रन्थ-लेखन की परम्परा का निर्वाह किया है, किसी का अन्धानुकरण नही किया। इसलिये अनेक स्थलो पर उन्होन तथ्यो को नवीन रूप मे परिभाषित और प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है। ऐसे अवसरो पर सामान्यरूपेण प्राचीन परम्परा और स्वयं से भिन्न मत रखने वाले आचार्यो के विचारों का भी उन्होन निर्देश किया है। इसके लिये उन्होने 'केचिद्' आदि शब्दो का प्रयोग किया है। इसी शैली मे कतिपय ऐसे मन्तव्यो का भी रामचन्द्र-गुणचन्द्र न सङ्केत किया है, जो अभिनवभारती मे भी प्रस्तुत किये गये है। नाट्य-दर्पण मे ऐसे उद्धरण निम्नलिखित है—

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
१. अन्ये तु कार्यार्थमसह्यस्याप्यर्थस्य सहनं छादनमामनन्ति। विवृत्ति पृ० ८४	……तेन दुष्टोऽप्यर्थोऽपमानन बहुमतीकृतः। तदपमानकलङ्कापवारणाच्छादनमिति। ना० शा० भाग–३ पृ० ५५-५६।
२. अपरे तु क्रोधादेः प्राप्तस्य शमनं द्युतिमामनन्ति। पूर्वोक्त पृ० १०९	सामर्थ्यात्प्रशमनोयस्य क्रोधादेरर्थस्य प्राप्तस्यापि यत्प्रशमनं सा द्युतिः। पूर्वोक्त पृ० ५८।
३. केचिदस्य द्वादशनेतृकत्वमाम्नासिषुः। पूर्वोक्त पृ० १०९	यथा समवकार इति द्वादशेत्यर्थः। पूर्वोक्त भाग-२ पृ० ४४४।
४. केचित् पुनरल्पाक्षरं गायत्र्यादिकमर्धसम-विषमादिकं चात्र पद्यं मन्यन्ते। पूर्वोक्त पृ० १११	उष्णिक् सप्तभिः गायत्री षड्भिः बन्धकुटिलानि विषमार्धसमानि तान्यत्र समवकारे सम्यग्योज्यानीति। पूर्वोक्त पृ० ४४१।

---

१ विवृति ना० द० पृ० २५।

आचार्य रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने नाट्यदर्पण में अन्य आचार्यों के मतों को विपुल सङ्ख्या में प्रदर्शित किया है। अभिनवभारती में भी इसी रूप में विविध विचारधाराओं का उल्लेख प्राप्त होता है। नाट्यदर्पण में प्रदर्शित अनेक मत ऐसे हैं जो अभिनवभारती में भी प्राप्त होते हैं। वस्तुतः रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने अपने ग्रन्थ में प्रदर्शित विभिन्न मत-मतान्तरों का पर्याप्त अंश अभिनवभारती से प्राप्त किया है। इनमें से कुछ मत अभिनवभारती के पाठ-भेद के रूप मे भी प्राप्त होते हैं। नाट्यदर्पण में उल्लिखित ऐसे मतों का जो अभिनवभारती में भी निर्दिष्ट है—हम यहाँ उल्लेख कर रहे हैं—

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
१. केचित् तु मुखादयः सन्धयोऽत्रस्याश्च यत्र पृथक्-पृथक् सङ्क्षेपतः पुनरुल्लिङ्ग्यन्ते, तं निर्वहणसन्धिमाहुः। विवृत्ति पृ० ५१	अत्र केचिमून् सर्वान् सन्धीनवस्थापञ्चकनिर्वहणे पृथग्वृत्या योज्यमानानिच्छन्ति। ना० शा० भाग-३ पृ० २९।
२. अन्ये तु विपदां शमनं करणमाहुः। पूर्वोक्त पृ० ५६	अन्ये तु विपदां शमनं करणमाहुः। पूर्वोक्त पृ० ४१।
३. अन्ये तु वर्णानां ब्राह्मणादीनां यथासम्भवं द्वयोस्त्रयाणां चतुर्णां वैकत्र मीलनं वर्णसंहार-माचक्षते। पूर्वोक्त पृ० ६५	यत्तु ब्राह्मणादिवर्णचतुष्टयमेलनमिति तदफलत्वा-दनादृत्यमेव। पूर्वोक्त पृ० ४७।
४. अन्ये तु 'चित्रार्थं रूपकं वचः' इति पठन्ति। पूर्वोक्त पृ० ७४	अन्ये तु चित्रार्थमेव वचो रूपकमिति मन्यन्ते। पूर्वोक्त पृ० ४८।
५. अन्ये त्वस्य स्थाने युक्तिं पठन्ति। पूर्वोक्त पृ. ९०	युक्तिरित्यन्ये इदमङ्गं व्यवहरन्ति। पूर्वोक्त पृ० ५६
६. केचिदन्यतमाङ्गानङ्गीकारेण द्वादशाङ्गमेवेतं सन्धिमिच्छन्ति, एवं गर्भसन्धिमपीति। पूर्वोक्त पृ० ९१	केचिदत्रान्यतममङ्गं नाधीयते, द्वादशाङ्गमेवैतत्स-न्धिमाहुः। पूर्वोक्त पृ० ५६।
७. अन्ये तु—'स्वभाव शुद्ध-पाखण्डयादेश्चरितं प्रहस्यते, तत् सङ्कीर्णचरितविषयत्वात् सङ्कीर्णम्' इत्याहुः। पूर्वोक्त पृ० ११३	अन्ये त्वाहुः—येषां स्वभावत एव चरितं शिष्टमध्ये सभ्येतरतमत्वेन प्रहसानहं तदविशुद्धत्वात् सङ्कीर्णम्, तद्योगाच्च रूपकम्। पूर्वोक्त भाग-२ पृ० ४४८।
८. सङ्कीर्णमनेकाङ्कं केचिदनुस्मरन्ति। पूर्वोक्त पृ० ११३	प्रहसनस्याङ्कानियमानभिधानात् शुद्धमेकाङ्कं सङ्कीर्णं त्वनेकाङ्कं वेश्यादिचरितसङ्ख्याबलादिति केचित्। पूर्वोक्त पृ० ४४९।

रामचन्द्र-गुणचन्द्र की शैली की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि उन्होंने विषयों को परि-भाषित कर उनके स्पष्टीकरण के लिये एक अथवा अधिक उदाहरण तत्सम्बद्ध विविध ग्रन्थों से प्रस्तुत किये हैं। निश्चितरूपेण शुष्क शास्त्रीय नियमों के व्यावहारिक प्रदर्शन से विषय-बोधन में पर्याप्त सहायता प्राप्त होती है। यहाँ भी उन्होंने अभिनवभारती की सामग्री का लाभ उठाया है, क्योंकि आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा प्रदर्शित उदाहरणों को उन्होंने तत्-तत् प्रसङ्गों में अनेकशः स्वीकार कर नाट्यदर्पण में अनेक स्थलों पर प्रदर्शित किया है। अभिनवभारती पर आधारित नाट्यदर्पण के निम्न उदाहरणों को प्रस्तुत किया जा सकता है—

विषय	नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
१. नाटक में दिव्य पात्र	पृ० २५	ना० शा० भाग-२ पृ० ४४१
२. वृत्तबन्धशिक्षा	,, ३०	,, पृ० ४२९
३. पताकास्थानक	,, ४०-४१	,, भाग-३ पृ० २०-२१
४. फलागम	,, ४७	,, पृ० ८
५ दैवायत्त फल में पुरुष व्यापार की गौणता से सम्बद्ध शङ्का।	,, ४७	,, ,, ५८
६. मुखसन्धि	,, ४८	,, ,, २४
७ प्रतिमुखसन्धि	,, ४९	,, ,, २४-२५
८. निर्वहण सन्धि	,, ५१	,, ,, २९
९. परिकर सन्ध्यङ्ग	,, ५३	,, ,, ३८
१०. परिन्यास	,, ५३	,, ,, ३८
११. समाहिति	,, ५४	,, ,, ४०
१२. उद्भेद	,, ५५	,, ,, ४१
१३. करण	,, ५६	,, ,, ४१
१४. विलोभन	,, ५६	,, ,, ३८
१५. भेद	,, ५७	,, ,, ४२
१६. प्रापण	,, ५७	,, ,, ३९
१७. विलास	,, ६१	,, ,, ४२
१८. वर्ण संहृति	,, ६४	,, ,, ४७
१९. नर्म	,, ६५	,, ,, ४४
२०. नर्मद्युति	,, ६७	,, ,, ४४
२१. सङ्ग्रह	,, ७२	,, ,, ४९
२२. उदाहृति	,, ७५	,, ,, ४८
२३. क्रम	,, ७६	,, ,, ४९
२४. शङ्का	,, ७७	,, ,, ५२
२५. आक्षेप	,, ७८	,, ,, ५०
२६. अधिबल	,, ७९	,, ,, ५१
२७. द्रव	,, ८२	,, ,, ५३
२८. छादन	,, ८४	,, भाग-३ पृ० ५६
२९. शक्ति	,, ८८	,, पृ० ५३
३०. व्यवसाय	,, ९१	,, ,, ५४
३१. सन्धि	,, ९२	,, भाग-३ पृ० ५७
३२. आनन्द	,, ९६	,, पृ० ५८
३३. विनय रहित वेश्या नायिका से युक्त प्रकरण	,, १०४	,, भाग-२ पृ० ४३३

विषय	नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
३४. वीथी	पृ० ११७	ना० शा० पृ० ४५९
३५. व्याहार	,, ११९	,, ,, ४५८
३६. त्रिगत	,, १२६	,, ,, ४५८
३७ असत्प्रलाप	,, १२७	,, ,, ४५६
३८ वाक्केली	,, १२८	,, ,, ४५६
३९. नालिका	,, १२९	,, ,, ४५५
४०. उद्घात्यक	,, १३२	,, ,, ४५४
४१. अवस्पन्दित	,, १३३	,, ,, ४५५
४२. आमुख	,, १३६	,, भाग-३ पृ० ९३
४३. आरभटी वृत्ति में विचित्र नेपथ्य एवं माया-शिर-दर्शन।	,, १४०	,, पृ० १०४
४४ आरभटी वृत्ति में विचित्र भाव कार्यान्तर।	,, १४१	,, ,, १०४
४५ आक्षेपिकी ध्रुवा	,, १७३	,, भाग-४ पृ० ३६०

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि अभिनवभारती में प्रदर्शित उदाहरणों की विपुल सङ्ख्या का नाट्यदर्पण में उदारतापूर्वक प्रयोग किया गया है। अतः इस दृष्टि से भी रामचन्द्र गुणचन्द्र अभिनवगुप्त के ऋणी है।

तथ्यों के तार्किक विवेचन की दृष्टि से नाट्यदर्पण में यत्र-तत्र विविध शब्दों की व्युत्पत्तिपरक व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। इस क्षेत्र मे भी उस पर अभिनवभारती का स्पष्ट भाव परिलक्षित होता है। नाट्यदर्पण में अनेक ऐसी निरुक्तियाँ हैं, जिनका अभिनवभारती से पूर्ण साम्य है। दोनों ग्रन्थों मे समान रूप मे निर्दिष्ट ऐसे स्थल निम्नलिखित हैं—

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
१ नाटकमिति नाटयति विचित्रं रञ्जनाप्रवेशेन सभ्याना हृदयं नर्तयतीति नाटकम्। विवृत्ति पृ० २५	···तथा हृदयानुप्रवेशरञ्जनोल्लासनया हृदयं शरीरं चोपाग्व्युत्पत्तिपरिघट्टितया चेष्टया नर्तयति ····नाटकमिति। ना० शा० भाग-२ पृ० ४१३
२. स प्रसिद्धि प्राशस्त्य हेतुत्वात् पताकेव पताका। पूर्वोक्त पृ० ३९	···प्रसिद्धिप्राशस्त्ये सम्पादयति।···पताकावदुपयोगित्वादियं पताकेति चिरन्तनाः। पूर्वोक्त भाग-३ पृ० १५
३. अर्थः कर्म-करणव्युत्पत्त्या प्रयोजनमुपायश्च। पूर्वोक्त पृ० ३९	····अर्थः प्रयोजनमुपायश्च, कर्म-करणव्युत्पत्त्या। पूर्वोक्त पृ० १८-१९
४. ··· प्रकर्षेण स्वार्थानिपेक्षया करोतीति प्रकरी। विवृत्ति पृ० ४१।	प्रकर्षेण स्वार्थानिपेक्षया करोतीति। ना० शा० भाग—३ पृ० १५।
५. स मुखस्याभिमुख्येन वर्तत इति प्रतिमुखम्। पूर्वोक्त पृ० ४८।	प्रतिमुखं प्रतिराभिमुख्येन यतोऽत्र वृत्तिः। पूर्वोक्त पृ० २५।

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
६. नर्मणो द्योतनं नर्मद्युतिः। पूर्वोक्त पृ० ६७	नर्म च सुतरां द्योतितं भवतीति नर्मद्युतिः। पूर्वोक्त पृ० ४४।
७. स उत्कर्षहरणादुदाहृतिः। पूर्वोक्त पृ० ७५	उत्कर्षमाहरतीत्युदाहरणम्। पूर्वोक्त पृ० ४८।
८. बुद्धिस्तत्र क्रमते, न प्रतिहन्यत इत्यर्थः। पूर्वोक्त पृ० ७६	बुद्धिर्हि तत्र क्रमते न प्रतिहन्यते। पूर्वोक्त पृ० ४९
९. सा द्रवति श्लथीभवति हृदयमनयेति द्रवः। पूर्वोक्त पृ० ७७	विद्रवति विलीयते हृदयं येनेति। पूर्वोक्त पृ० ५२।
१०. तोटयति भिनत्ति हृदयमिति तोटकम्। पूर्वोक्त पृ० ८१	भिनत्ति यतो हृदयं ततस्तोटकम्। पूर्वोक्त पृ० ५१
११. मार्गाच्चलनम् (द्रवः) पृ० ८२	····द्रवणं चलनं मार्गादिति द्रवः। पूर्वोक्त पृ० ३३
१२. प्रकर्षेण रोच्यते····इति प्ररोचना। पृ० ९०	प्रकर्षेण रोचत इति प्ररोचना। पूर्वोक्त पृ० ५६
१३ आनन्दहेतुत्वादानन्दः। पृ० ९६।	तदानन्त(नन्द)हेतुत्वादानन्दः। पूर्वोक्त पृ० ५८
१४. डिमो डिम्बो विप्लव इत्यर्थः, तद्योगादयं डिमः। पृ० ११४	डिमो डिम्बो विद्रव इति पर्यायाः, तद्योगादयं डिमः। पूर्वोक्त भाग—२ पृ० ४४३
१५. उत्क्रमणोन्मुखा सृष्टिर्जीवितं यासां ता उत्सृष्टिकाः शोचन्त्यः स्त्रियस्ताभिरङ्कि-तत्वादुत्सृष्टिकाङ्कः। पृ० ११५	उत्क्रमणीया सृष्टिर्जीवितं प्राणा यासां ता उत्सृ-ष्टिकाः शोचन्त्यः स्त्रियस्ताभिरङ्कित इति तथोक्तः। पूर्वोक्त पृ० ४४६
१६. ईहा चेष्टा मृगस्येव स्त्रीमात्रार्थात्रेतीहा-मृगः। पृ० ११६	ईहा चेष्टा मृगस्येव स्त्रीमात्रार्था यत्र स ईहामृगः। पूर्वोक्त पृ० ४४२
१७. विविधोऽर्थ आह्रियतेऽनयेति व्याहारः। पृ० ११७	व्याहारः विविधोऽर्थोऽभिनीयते येन। पूर्वोक्त पृ० ४५८
१८. तदधिकबलसम्बन्धादधिबलम्। पृ० ११९	अधिबलमम्बन्धादधिबलम्। पूर्वोक्त पृ० ४५७
१९. वचनं तद् दुष्टार्थगर्भत्वाद् दुष्टशोणित-गर्भगण्ड इव गण्डः। पृ० १२१	तद्वचन दृष्टार्थगर्भत्वात्गण्ड इव गण्डः। पूर्वोक्त पृ० ४५८
२० त्रिगतमनेकार्थगतम्। पृ० १२४	अनेकमर्थं गतमिति त्रिगतम्। पूर्वोक्त पृ० ४५८
२१. नाली व्याजरूपा प्रणालिका। पृ० १२९	नालिका प्रणालिका व्याजेत्यर्थः। पूर्वोक्त पृ०४५५
२२ मृदा परपक्षमर्दनेन स्वपक्षमवनि रक्षतीति मृदवम्। पृ० १२९	मृदवमिनि मर्दनं मृत्परपक्षमर्दनेन स्वपक्षभवति रक्षतीति। पूर्वोक्त पृ० ४५७
२३. उद्घाते प्रश्नात्मके साधूद्घात्यम्। पृ० १३१	प्रश्नात्मके उद्घाते माध्विति यत्। ना० शा० भाग—२, पृ० ४५४
२४. अन्य कार्यावलगनादवलगितम्। पृ० १३२	अन्यकार्यावलगनादवलगिनम्। पूर्वोक्त पृ० ४५४
२५. अवस्पन्दितं चक्षुःस्पन्दनादिवदन्तर्गत-सूचनीयसम्भवात्। पृ० १३३	अवस्पन्दितं चक्षुःस्पन्दनादिवदन्तर्गतसूचनीयसम्भ-वात्। पूर्वोक्त पृ० ४५५

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
२६. 'आङ्मर्यादायाम्' तेन मुखसन्धि सम्प्राप्य निवर्तते । पृ० १३६	मुखसन्धेर्निवर्तते यतः आङ्मर्यादायाम् । ना० शा० भाग—३ पृ० ९३
२७. प्रसादप्रयोजना प्रासादिकी । पृ० १७३	प्रसादयोजनः । प्रासादिकी विधात् । पूर्वोक्त भाग—४ पृ० ३६
२८. विशेषेण दूषयन्ति विनाशयन्नि···विस्मारयन्तीति विदूषकाः । पृ० १७८	दूषयतीति विदूषकः····दूषयन्ति विस्मारयन्ति । पूर्वोक्त भाग—३ पृ० २५१-२५२

रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने 'नाट्यदर्पण' मे 'वेणीसंहार' की आलोचना करते हुए भानुमती के साथ दुर्योधन के रत्यभिलाष रूप विलास को तत्कालीन परिवेश मे असङ्गत होने के कारण अनुचित कहा है ।[1] इसी रूप में 'वेणीसंहार' की यह आलोचना आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा भी की गयी है ।[2] रामचन्द्र-गुणचन्द्र के अनुसार 'पुष्पदूषितक' मे अशोकदत्त के कथन से नन्दयन्ती के चरित्र के सम्बन्ध मे प्रदर्शित व्यलीक सम्भावना निर्वहण सन्धि पर्यन्त उपयोगी होने के कारण दोषपूर्ण नही है । निर्वासन के पश्चात् उस जैसी उत्तम प्रकृति की नायिका का अधम प्रकृति वाले शबर सेनापति के घर मे निवास अवश्य ही दोषपूर्ण एव अनुचित है ।[3] इन्ही तथ्यों के आधार पर 'अभिनवभारती' में भी 'पुष्पदूषितक' की आलोचना एवं समर्थन किया गया है ।[4]

नाट्यदर्पण की विवृत्ति पर भी अभिनवभारती का अत्यधिक प्रभाव है । रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने स्वरचित विवृत्ति मे विपुल मात्रा मे अभिनव भारतीय के अशो का समाहार किया है । कही उसके भावो, कही शब्दों, कही वाक्यो और कही-कही तो सम्पूर्ण अनुच्छेद को ही यथावत् अथवा यत्किञ्चित् परिवर्तन सहित नाट्यदर्पण मे ग्रहण कर लिया गया है । नाट्यदर्पण के अभिनवभारती से प्रभावित अंशों को हम यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं—

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
१. यद्यपि समवकारे शृङ्गारत्वमस्ति, तथापि न तत्र कैशिकी । न खलु काममात्र शृङ्गारः, किन्तु विलासोत्कर्षः, न चासौ रौद्रप्रकृतीनां नेतृणाम् । पृ० २४	नन्वेवं शृङ्गारयोगे काव्ये कैशिकीहीनता ।····न कामसद्भावमात्रादेव कैशिकी सम्भवः, रौद्र प्रकृतीना तद्भावात् । विलासप्रधानं यद्रूपं सा कैशिकी···· । ना० शा० भाग–२, पृ० ४४०-४४१.
२. इह ख्यातत्वं त्रिधा नाम्ना चेष्टितेन देशेन च । पृ० २४	····इह त्रिविधया प्रसिद्धया प्रसिद्धत्वं भवति, अमुक एवंकारी अमुत्रदेश इति । पूर्वोक्त पृ० ४११
३. नायिका तु दिव्याऽपि भवति यथोर्वशी, प्रधाने मर्त्यचरिते तच्चरितान्तर्भावात् । पृ० २५	नायिका तु दिव्याप्यविरोधिनी यथोर्वशीनायक-चरितेनैव तद्वृत्तस्याक्षेपात् । पूर्वोक्त पृ० ४१२

१. ना० द० पृ० ६२ ।
२. अभि० भा० (ना० शा० भाग–३) पृ० ४२ ।
३. विवृत्ति ना० द० पृ० १०३ ।
४. अभि० भा० (ना० शा० भाग–२) पृ० ४३२ ।

नाट्यदर्पण	अभिनवभारती
४. अत्यन्तभक्तानामेव नाम देवताः प्रसीदन्तीति देवताऽऽराधनपुरःसरमुपायानुष्ठानमाधेयमिति । पृ० २५	निरन्तर भक्ति भावितानामेवन्नामदेवताः प्रसीदन्ति, तस्माद् देवताराधनपुरस्सरमुपायानुष्ठानं कार्यमिति । पूर्वोक्त पृ० ४१२
५. इह तावत् न निसर्गतः किञ्चित् चरित मुख्यमङ्गं वा, किन्तु बहुष्वपि फलेषु कवियंस्यात्यन्तमुत्कर्षमभिप्रेति तत्फलमिष्टम् ।' 'रामप्रबन्धेषु हि सुग्रीवमैत्रीशरणागतविभीषणरक्षण' ''' सीताप्रत्यानयनादिषु सीताप्रत्यानयनस्यैव प्राधान्यं कविना प्रतिपादितम् । पृ० २७	''न निसर्गतः किञ्चिदाधिकारिकम् । पूर्वोक्त भाग–३ पृ० २;'''जगत्कण्टकरावणोद्धरणं शरणागतविभीषणरक्षणमित्याद्यपि हि प्रधानफले सीताप्रत्यानयनलक्षणे विवक्षिते न शक्यमन्तरव्यापारसाध्यम्''' । पूर्वोक्त पृ० ३, 'कवियत्फलमुत्कर्षेण विवक्षिते तत्प्रधानफलम् । पूर्वोक्त पृ० ४
६. प्रयत्नान्तरे हि तदपि मुख्य स्यात् तापसवत्सराजे हि वत्सराजस्य मुख्याय कौशाम्बीराज्यलाभाय प्रवृत्तेनैव योगन्धरायण-व्यापारेण प्रासङ्गिकं वासवदत्तासङ्गमपद्मावती प्राप्त्यादिकर्मापि साध्यते । पृ० २७	शक्यन्तरेऽपि पृथक् व्यापार्यमाणे तस्याप्याधिकारिकत्वमेव स्यात् । " तापसवत्सराजे राज्यप्रत्यापत्तेः प्रधानफलत्वे वासवदत्तासङ्गमपद्मावती प्राप्त्यादौ क्रियान्तरानुपयोग एव मन्तव्यः । पूर्वोक्त पृ० ३
७ उपायस्वरूपापरिज्ञाने तद्विषयाणामारम्भादीनाम् नैषामौद्देशिको निबन्धक्रमः''' फलस्य मुख्यसाध्यस्य हेतव उपायाः । इह हेतुर्द्विधा अचेतनः' चेतनोऽपि द्विधा मुख्य उपकरणभूतश्च । उपकरणभूतो द्विधा स्वार्थसिद्धियुतः परार्थसिद्धिपरः । परार्थसिद्धिपरश्च पूर्वः पताका, अन्यः प्रकरीति । पृ० ३७	तदनभिधाने उपायादिस्वरूपापरिज्ञानात् प्रारम्भाद्यवस्थानाम्" यत्रार्थ. फल तस्य प्रकृतय उपाया फलहेतवः इत्यर्थ. । तत्र जडचेतनतया द्विधाकरणम् ... । चेतनोऽपि द्विधा मुख्य उपकरणभूतश्च, अन्योऽपि द्विधा स्वार्थसिद्धिसहिततया परार्थसिद्धया युक्तः शुद्धयापि च, तत्राद्यो बिन्दुः द्वितीयः पताका तृतीयः प्रकरी । 'तासामौद्देशिकोक्तिवदुपनिबन्धक्रमनियम इत्यर्थः । पूर्वोक्त पृ० १२
८. गोपुच्छस्य च केशाः केचित्स्तोकमात्रयायिनः, केचिन्मध्यावधयः, केचिदंतव्यापिनः, एवं प्रबन्धवस्तून्यपि । यथा रत्नावल्या प्रमोदोत्सवो मुखसन्धावेव निष्ठितः, मुखोपक्षिप्तो बाभ्रव्यादिवृत्तान्तश्च निर्वहणारम्भे रत्नावलीप्राप्त्यादयश्च साररूपाः पदार्था अन्त इति । पृ० ३०	अन्ये तु यदा गोपुच्छे केचिद्वालाः ह्रस्वाः, केचिद्दीर्घाः । तद् यथारत्नावल्यां प्रमोदोत्सवो मुखसन्धावेव निष्ठित इत्यादि यावत् बाभ्रव्यवृत्तान्तो मुखोपक्षिप्तो निर्वहणनिष्ठां प्राप्तः । साररूपाश्च पदार्थाः पर्यन्ते कर्तव्या. । पूर्वोक्त भाग–२ पृ० ४२८-४२९
९. इत्यादि नायक-प्रतिनायकामात्याद्याश्रयेण विचित्ररूपो बीजोपन्यास । पृ० ३९	तत्रापि क्वचिन्नायकोद्देशेन क्वचित्प्रतिनायकाश्रयेणेत्यादिभेदैर्बहुधा भिद्यते । पूर्वोक्त भाग–३ पृ० १३

१०. "··परस्य प्रधानस्य प्रयोजनं सम्पादयति ····। सुग्रीव विभीषणादिर्हि रामादिनोप क्रियमाणो रामादेरात्मनश्चोपकाराय भवन् रामादेः प्रसिद्धिं प्राशस्त्यं च सम्पादयति। पृ० ३९

····परस्य प्रयोजनसंपत्तये भवदपि स्वप्रयोजनं सम्पादयति।···एवं सुग्रीवविभीषणप्रभृतिरपि रामादिनोपक्रियमाणे रामादेरात्मनश्चोपकाराय प्रभवमाने प्रसिद्धिप्रशस्त्यै सम्पादयतीति।···· पताकावदुपयोगित्वादियं पताकेति चिरन्तनाः। पूर्वोक्त पृ० १५

११. तावत्येव पताकानायकस्य स्वफलसिद्धि-र्निबध्यते। निर्वहणमन्धावपि तत्फले निबध्यमाने तुल्यकालयोरुपकार्योपकारकत्वाभावात् न तेन प्रधानस्योपकार स्यात्। सिद्धफलस्त्वसौ प्रधानफल एव व्याप्रियमाणो भूतपूर्वगत्या पताकाशब्द-वाच्य इति। पृ० ३९

····तावत्येव पताकानायकस्य स्वफलसिद्धिरूप-निबन्धनीया, सिद्धफलस्त्वसौ प्रधानफल एव व्याप्रियमाण आसीनोऽपि भूतपूर्वगत्या पताका-शब्दवाच्यो न मुख्यत्वेन। " निर्वहणपर्यन्ते तत्फले क्रियमाणे तुल्यकालयोरुपकारकत्वाभावात् तेन प्रधानोपकारो न भवेत्। पूर्वोक्त पृ० १८

१२. अन्यस्मिन्नुपाये चिन्तिते सहसोपायान्तर प्राप्तिर्यथा नागानन्दे जीमूतवाहनस्य शङ्खचूडादप्राप्तवध्यपटस्य कञ्चुकिना वासोयुगलार्पणम्। पृ० ४०

अस्मिन्नुपाये चिन्तिते सहसोपायान्तरप्राप्ति यथा-नागानन्दे जीमूतवाहनस्य शङ्खचूडाप्राप्तवध्यपटस्य कञ्चुकिना वासोयुगलार्पणम्। पूर्वोक्त पृ० २०

१३ यथा रामाभ्युदये द्वितीयेऽङ्के सीता प्रति सुग्रीवस्य संदेशोक्तिः—'बहुनाऽत्र किमुक्तन' ····।अत्र पारेऽपि जलधेरित्यतिशयोक्तिरपि सीता प्रति तथैव वृत्तत्वात् प्रकृतसम्बद्धा। अत्र चातिशयोक्तिमात्राच्चिन्तितात् प्रयो-जनादपरं तथैव सीताहरणं प्रयोजनं सम्पन्नमिति सामान्यलक्षणम्। पृ० ४०

यथा रामाभ्युदये तृतीयेऽङ्के सीतां प्रति सुग्रीवस्य सदेशोक्ति·– बहुनात्र किमुक्तेन····।।' अत्रान्य प्रयोजने नातिशक्त्याशयेन प्रयुक्तेऽपि वचसि पारे-ऽप्रीत्यादिप्रकृतोपयोगातिशयात् पताकास्थानकम्। पूर्वोक्त पृ० २०

१४. उपायानुष्ठानस्यावश्यकर्तव्यादिना व्यव-धाने सति नायक-प्रतिनायकामात्यदीना यदनुसन्धानं ज्ञानमसौ ज्ञानविचारणफल-लाभोपायत्वाद् बिन्दुः। सर्वव्यापित्वाद् वा जले तैलबिन्दुरेव बिन्दुः। ···केवलं बीजं मुखसन्धेरेव प्रभृति निबध्यते, बिन्दुस्तु तदनन्तरमिति। पृ० ४१

प्रयुज्यते फलं यैरुपायानुष्ठानैः तेषामितिवृत्तव-शादवश्यकर्तव्यतादिभिर्विच्छेदेऽपि सति यदनु-सन्धानात्मकं प्रधाननायकगतं सन्धिद्रव्यज्ञानं बिन्दु, ज्ञानविचारणं फललाभोपायत्वात्। पूर्वोक्त पृ० १३;···· तैलबिन्दुवत् सर्वव्यापकत्वादपि बिन्दु। बीज च मुखसन्धेरेव प्रवर्त्यात्मानमुन्नेषयति बिन्दुस्तदनन्तरमिति विशेषोऽनयोः····। पूर्वोक्त पृ० १४

१५. प्रधाननायक-पताकानायक - प्रकरीनायकैः साध्ये प्रधानफलत्वेनाभिप्रेते बीजस्य प्रारम्भावस्थोत्क्षिप्तस्य प्रधानोपायस्य सहकारी सम्पूर्णतादायी सैन्य-कोश-दुर्ग-

प्राज्ञैः प्रधाननायकपताकानायकप्रकरीनायकैश्चेतन-रूपैः····सम्पूर्णतादायी पूर्वपरिगृहीतस्य प्रधानस्य बीजाख्योपायस्य फलम् आरभत इत्यारम्भ शब्द-वाच्यो द्रव्य क्रियागुणप्रभृतिः सर्वोऽर्थः सहकारी

सामाद्युपायलक्षणो द्रव्य-गुण-क्रिया-प्रभृतिः सर्वोऽर्थश्चेतनैः कार्यते फलमिति कार्यम् । पृ० ४२

कार्यमित्युच्यते, चेतनैः कार्यते फलमिति व्युत्पत्त्या ''तेन जनपदकोश दुर्गादिक व्यापार वैचित्र्यंसामाद्युपायवर्ग इत्येतत्सर्व कार्येऽन्तर्भवति । पूर्वोक्त पृ० १६.

१६. ''' बाहुल्यं प्राधान्यं वा निबन्धनीयम् । पृ० ४२

'''प्रधानत्वेन बाहुल्येन निबन्धनीयम् । पूर्वोक्त पृ० १६.

१७. पञ्चानामवश्यम्भावमाह । ''''उद्देशोक्त-क्रमेणैव निबध्यन्ते ।''''प्रेक्षापूर्वकारिणां हि प्रथमारम्भस्ततः प्रयत्नस्ततः सम्भावना ततो निश्चयस्ततः फलप्राप्तिरित्ययमेव क्रम इति । पृ० ४४

उद्देशक्रमेणैव प्रयोक्तृभि कविभिः निबन्धनीयतया ज्ञातव्याः । 'चावश्यंभाविक्रमत्वमासामुच्यते । न हि प्रेक्षापूर्वकारिणोऽवस्थान्तरासम्भावनाया प्रारम्भ उचितो भवति, तत् प्रारम्भश्चेदुत्तरोत्तरावस्थाप्रसर एव । पूर्वोक्त पृ० ६

१८. तदर्थमौत्सुक्यमुत्पाद्यविषयमनेनोपायेनैतत् सिध्यतीति स्मरणोत्कण्ठाऽऽदिकर्म तदनुगुणो व्यापारश्चोभयमारम्भः । पृ० ४४

''' यदौत्सुक्यमात्र तद्विषयस्मरणोत्कण्ठानुरूप, अनेनोपायेनैतत् सिद्धयतीति, ' प्रारम्भः । पूर्वोक्त पृ० ६.

१९. मात्रशब्देन फलान्तरयोगः प्रतिबन्धनिश्चयश्च व्यवच्छिद्यते । पृ० ४५

तस्यकार्यान्तरयोगः प्रतिबन्धश्च वारणं च मात्रपदेनावधारितम् । पूर्वोक्त पृ० ७

२०. '' निश्चयो नियता फलव्यभिचारिण्याप्तिः । पृ० ४६

'' नियतां नियन्त्रिता फलव्यभिचारिणी पश्यति तदा नियतफलप्राप्तिर्नामावस्था । पूर्वोक्त पृ० ७.

२१. इह च तावत् पुरुषकारमात्राभिनिवेशिना दैवमपाकुर्वता नास्तिकाना दैवबहुमानव्युत्पत्तये पुरुषकारोऽप्यफलस्तदभावोऽपि सफल इति दर्शनीयम् । पृ० ४७

पुरुषकारमात्राभिमानिना दैवमवजानाना चार्वाकादितमेमधा, स दैवबहुमान व्युत्पत्तये हि पुरुषकारोऽप्यफलः, तदभावोऽपि सफलः प्रदर्शनीयः''' । पूर्वोक्त पृ० ८.

२२. अपरथा परतः प्राप्तमपि फलं नाङ्गीकुर्यादिति । पृ० ४७

अपरथा परतः प्राप्तमपि फलं नाङ्गीकुर्यात् । पूर्वोक्त पृ० ९.

२३. महावाक्यार्थस्याशा भागाः परस्परं स्वरूपेण चाङ्गैः सन्धीयन्त इति सन्धयः । पृ० ४८

महावाक्यार्थरूपस्य ' तेनार्थावयवा सन्धीयमानाः परस्परमङ्गैश्च सन्धय इति । पूर्वोक्त पृ० २३.

२४. प्रारम्भावस्थाभावित्वात् प्रधानवृत्तस्य भागो मुखमिव मुखम् ।''' प्रारम्भोपयोगी यावानर्थराशि. प्रसक्तानुप्रसक्त्या विचित्ररससन्निवेशस्तावान् मुखसन्धिरित्यर्थः । यथा रत्नावल्या प्रथमोऽङ्कः । अत्र हि सागरिका-राजदर्शनरूपे अमात्यप्रारम्भविषयीकृतेऽर्थराशौ अमात्ययौगन्धरायणस्य पृथ्वीसाम्राज्यविजिगीषोर्वीरः, वत्सराजस्य वसन्तविभावः शृङ्गारः, पौर-

प्रागारम्भभावित्वान्मुखमिवमुखम् । प्रारम्भोपयोगी यावानर्थराशिः प्रसक्तानुप्रसक्त्या विचित्रास्वाद आपतितः तावान् मुखसन्धिः । पूर्वोक्त पृ० २३; यथा रत्नावल्यां प्रथमोऽङ्कः, तथा हि आमात्यस्य वीरो, वत्सराजस्य शृङ्गाराद्भुतौ, ततः शृङ्गार इति इयानयं सागरिकाया राजदर्शनेऽमात्यप्रारम्भविषयीकृतेऽर्थराशिरुपयोगीति मुखसन्धि. । पूर्वोक्त भाग-३ पृ० २४.

प्रमोदावलोकनाददद्भुतः, ततः उद्यानगमनादारभ्य पुनः शृङ्गारः इति। पृ० ४८

२५. ...स मुखस्याभिमुख्येन वर्तत इति प्रतिमुखम्। पृ० ४८

...प्रतिमुखं प्रतिराभिमुख्येन यतोऽत्र वृत्तिः। पूर्वोक्त पृ० २५.

२६. ह्यमात्येन सागरिकाचेष्टितरूपं बीज मुखसन्धौ न्यस्तं वसन्तोत्सव-कामदेवपूजाऽऽदिना तिरोहितत्वादीषल्लक्ष्यम्। तस्य च सुसङ्गतारचित राज-सागरिकी-समागम-नेन द्वितीयाङ्के उद्घाट इति। पृ० ४९

...अमात्येन सागरिकाचेष्टितं वसन्तोत्सवकामदेव पूजादिना तिरोहितं नष्टमिव ...सुसङ्गतारचितराजतत्समागमपर्यन्तं काव्यं द्वितीयाङ्कगतं प्रतिमुखसन्धिः। पूर्वोक्त पृ० २४-२५.

२७. उत्पत्त्युद्घाटन—दशाद्वयाविष्टस्य बीजस्योन्मुख्यं फलजननाभिमुख्य तद्वान्। पृ० ४९

उत्पत्त्युद्घाटन दशाद्वयाविष्टस्य बीजस्य यत्रोद्भेदः फलजननाभिमुख्यत्वं स गर्भ। पूर्वोक्त पृ० २५.

२८ अवमर्शसन्धौ तु प्राप्त्यंश प्रधानम्। पृ० ४९

अवमर्शे त्वप्राप्तेरेव प्रधानता ...। पूर्वोक्त पृ० २६.

२९. जनक-विघातकयोस्तुल्यबलत्वात् सन्देहात्मकत्वम् ...नियतफलाप्तिरूपत्वम्। 'श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति' इति...। पृ० ५०.

...जनक विघातकयोस्तुल्यबलत्वात् कथं न संदेहः। ...नियता फलप्राप्तिरुच्यते। श्रेयांसि बहुविघ्नानीति ...। पूर्वोक्त पृ० २७

३० यथा रत्नावल्यामैन्द्रजालिकप्रवेशात् प्रभृत्यासमाप्तेरिति। पृ० ५१

उदाहरणं रत्नावल्यामैन्द्रजालिकप्रवेशात्प्रभृत्यासमाप्तेः। पूर्वोक्त पृ० २९

३१ नृ-स्त्रियोः परस्परमीहा...। पृ० ६१

प्रमदा पुरुषो या तदर्था या समीहा ...। पूर्वोक्त पृ० ४२.

३२ य एव मुखे रस उपक्षिप्यते। कामफले च रूपके ...प्रतिमुखे विलासेन स एव विस्तार्यते। यस्तु वेणीसंहारे भानुमत्या सह दुर्योधनस्य दर्शितो रत्यभिलाषरूपो विलास, स नायकस्य तादृशेऽवसरेऽनुचितः। यदाह—सन्धि—सन्ध्यङ्गघटनं रसबन्धव्यपेक्षया। न तु केवल शास्त्रार्थस्थितिसम्पादनेच्छया॥', इति। पृ० ६२

...एव हि रसो मुख उपक्षिप्तः। पूर्वोक्त पृ० ४३; कामफलेषु रूपकेषु प्रतिमुख एव ह्यास्थाफलत्वेन रतिरूपेण भाव्यम्। ...यस्तु वेणीसंहारे भानुमत्या सह दुर्योधनस्य दर्शितो विलासः, स नायकस्य तादृशेऽवसरेऽत्यनुचितः इति चिरन्तनैरेवोक्तम्। यथा सहृदयालोककारः— सन्धिसन्ध्यङ्गघटनं रसबन्धव्यपेक्षा। न तु कवलशास्त्रार्थस्थितिसम्पादनेच्छया। पूर्वोक्त पृ० ४२

३३. दोषाच्छादनाय यत् पुनर्हसनं हास्यहेतुर्वाक्यं सा तस्य नर्मणो द्योतनं नर्मद्युतिः। यथा रत्नावल्याम्— ...अत्र मौर्ख्यदोषछादयितु यद् विदूषकेणोच्यते, तद् राज्ञो हास्यहेतुत्वान्नर्मद्युतिः। पृ० ६७

दोषो येनोक्तेन प्रच्छादयितुमिष्यते तस्यापि हास्यजननत्वेन नर्म च सुतरां द्योतित भवतीति नर्मद्युति। यथा च रत्नावल्यां द्वितीयेऽङ्के विदूषकः। ... अत्र हि मौर्ख्यदोषं छादयितुं यद्विदूषकेणोच्यते तद्राज्ञो हास्यजननमिति नर्मैव द्योतितं भवति। पूर्वोक्त पृ० ४४.

३४. अनियतो ह्याकारो रूपमुच्यते। पृ० ७३

····रूपमिति चानियता आकृतिरुच्यते। पूर्वोक्त पृ० ४८.

३५. निश्चयरूपत्वादेव चोहरूपाया युक्तेर्भिद्यते। पृ० ७४

····निश्चयात्मकत्वादूहः। पूर्वोक्त पृ० ४९.

३६. लोकप्रसिद्धवस्त्वपेक्षया यः समुत्कर्षः समुत्कृष्टोऽर्थः, स उत्कर्षाहरणादुदाहृतिः। पृ० ७५

लोकप्रसिद्धवस्त्वपेक्षया यत् सातिशयमुच्यते उत्कर्षमाहरतीत्युदाहरणम्। पूर्वोक्त पृ० ४८

३७. भावस्य पराभिप्रायस्याथवा भाव्यमानस्यार्थस्योह प्रतिभाऽऽदिवशान्निर्णयो। ····बुद्धिस्तत्र क्रमते, न प्रतिहन्यत इत्यर्थः। पृ० ७६

भावस्य भाव्यमानस्य वस्तुनो भावनातिशये सत्यूहं प्रतिभावनादिबलात्····। बुद्धिर्हि तत्र क्रमते न प्रतिहन्यते। पूर्वोक्त पृ० ४९.

३८. भयत्रासकारिणो वस्तुनो या शङ्काऽपायकारकत्वसम्भावना, सा द्रवति श्लथीभवति हृदयमनयेति द्रवः। पृ० ७७

भयत्रासकारिणो वस्तुनो या शङ्का यदाशङ्कनं स विद्रवः, विद्रवति विलीयते हृदयं येनेति। पूर्वोक्त पृ० ५२.

३९. ····प्रकर्षेणाविर्भावनमाक्षेपः।····अभिप्रायस्य बहिष्कर्षणमाक्षेपः। यथा रत्नावल्यां वासवदत्तायामेव सागरिकेति राज्ञा विदूषकेण च परिगृहीतायां तदुक्तिषु-प्रियसागरिके! शीतांशुर्मुखमुत्पले····। पृ० ७८

····अभिप्रायस्य हि तत्राक्षेपो बहिः कर्षणम्। वासवदत्तायामेव सागरिकेति राज्ञा विदूषकेण च परिगृहीतायां तदुक्तिषु सागरिके शीतांशुर्मुखमुत्पले इत्यादिषु। पूर्वोक्त पृ० ५०.

४०. परस्परवञ्चनप्रवृत्तयोर्यस्य बुद्धिसहायादिबलाधिक्येन यत्कर्मेतरमभिसन्धातु समर्थं, तत् कर्म छलविषये अधिक(बल)-छलयोगादधि(बल)छलम्। यथा रत्नावल्याम्—'किं पद्मस्य····।' अत्र सागरिकावेषं धारयन्ती विदूषकबुद्धिदौर्बल्याद् वासवदत्ता राजानमभिसन्धत्ते। पृ० ७९

परस्परवचनप्रवृत्तयोर्यस्यैवाधिकं (कर्म) सहाय बुद्ध्यादोनबलम्बयति स एव तमतिसन्धातु वञ्चयितुं समर्थं इति तदिदं कर्माधिबलम्। यथा—सागरिकावेष धारयन्ती वासवदत्ता विदूषकबुद्धिदौर्बल्याद्राजानमतिसंधत्ते किं पद्मस्य····" इत्यादि श्लोकान्तमधिबलम्। पूर्वोक्त पृ० ५१.

४१. क्रोध-हर्षादि-सम्भूतावेग-गर्भितं वचनं तोटयति भिनत्ति हृदयमिति तोटकम्। पृ० ८१

आवेगगर्भं यद् वचनं तत्तोटकम्। स चावेगो हर्षात्, क्रोधात् अन्यतोऽपि वा। भिनत्ति यतो हृदयं ततस्तोटकम्। पूर्वोक्त पृ० ५१.

४२. व्यतिक्रमो मार्गाच्चलनम्। यथा रत्नावल्यां सन्निहितं भर्तारमवगणय्य विदूषकस्य सागरिकायाश्च वासवदत्तया बन्धनमिति। पृ० ८२

यथा भर्तृसंनिधानेऽपि विदूषकस्य सागरिकायाश्च वासवदत्तया बन्धनम्।····द्रवणं चलनं मार्गादिति द्रवः। पूर्वोक्त पृ० ५३.

४३. यद्यपि श्रमोद्वेग-वितर्कादयो व्यभिचारिमध्ये लक्षयिष्यन्ते, तथापि रसविशेषपुष्टयर्थं सन्ध्यङ्गावसरेऽपि लक्ष्यन्त इति। पृ० ८६

यद्यपि श्रमोद्वेग वितर्कलज्जाप्रभृतयो व्यभिचारिवर्गे···सत्यवसरेऽवश्यप्रयोज्याः···सन्ध्यङ्गत्वेनोक्ता मन्तव्याः। पूर्वोक्त पृ० ५५.

४४. क्रुद्धस्य प्रसादनमनुकूलनं बुद्धि-विभवादिशक्तिकार्यत्वेन सा शक्तिः। पृ० ८८

विरोधिनः कुपितस्य प्रशमः प्रसादनं शक्तिः बुद्धि-विभवादिशक्तिकार्यत्वात्। पूर्वोक्त पृ० ५३.

४५. अथनिर्वहणसन्धेरङ्गानि लक्षयितुमुद्दिशति। पृ० ९१

अथ निर्वहणसन्धावुद्देशक्रमेणाङ्गानि लक्षयितुं प्रक्रमते। पूर्वोक्त पृ० ५७.

४६. स्वापराधोद्घट्टनं परिभाषा। पृ० ९३

····अन्योन्यापराधोद्घट्टनं वचनम्। पूर्वोक्त पृ० ५८.

४७. प्रकारशतैर्वाञ्छितस्यार्थितस्य सामस्त्येन आगमः प्राप्तिरानन्दहेतुत्वादानन्दः। पृ० ९६

अर्थितस्य तथेति प्रकारशतैः प्रार्थितस्य सम्यगपुनर्वियोगवद्यदागमनं तदानन्तहेतुत्वादानन्दः। पूर्वोक्त पृ० ५८.

४८. ····इतिवृत्तस्याविच्छेदश्च रसपुष्ट्यर्थः, विच्छेदे हि स्थाय्यादेस्त्रुटित्वात् कुतस्त्यो रसास्वादः ? पृ० १०२

इति वृत्ताविच्छेदोऽपि हि रसस्यैव पोषकः, अन्यथा विच्छेदे स्थाय्यादेस्त्रुटितत्वात् क रसवार्ताः। पूर्वोक्त भाग-३ पृ० ६२.

४९. योग्यतां च रसनिवेशैकव्यवसायिनः प्रबन्धककवयो विदन्ति, न पुनः ···मुक्तककवयः। पृ० १०२

योग्यतां च कविरेव जानाति, न च मुक्तक कविः। पूर्वोक्त पृ० ६२.

५०. एवं च पुष्पदूषितकेऽशोकदत्तादिशब्दाकर्णनेन समुद्रदत्तस्य नन्दयन्त्यां या व्यलोकशङ्कोपनिबद्धा, सा न दोषाय। परपुरुषसम्भावनाया निर्वहणं यावदत्रोपयोगित्वात्।····पुत्रे दूरस्थिते निर्वासनं, निर्वासितायाश्च शबरसेनापतिगृहेऽवस्थानमनुचितमेव।····वणिगमात्यविप्राश्च स्ववर्गापेक्षयैवोत्तमाः, न राजापेक्षया।······ प्रकरणे हि नायको व्युत्पाद्यस्य। पृ० १०३

एतदेवाभिमन्यमानेन पुष्पदूषितकेऽशोकदत्तादिशब्दाकर्णनेन समुद्रदत्तस्य शङ्का योपनिबद्धा सा न दोषाय निर्वहणान्तोपयोगिनो हि नन्दयन्तीनिर्वासनं तस्याश्च गृहान्तरावस्था। इदमेव मुखसन्धौ मूलं परपुरुषसम्भावनामूलत्वात्। एवमनभ्युपगमे तु श्वशुरेण बध्वा असन्निहिते पुत्रे निर्वासनं शबरसेनापतिगृहेऽवस्थानमित्युत्तमप्रकृतीनामनुपपन्नमेव। तस्मात् स्ववर्गापेक्षयेदमुत्तमत्वमद्यतनेराजोवितानामुत्तमप्रकृतीनां वणिङ्मात्रे ····। प्रकरणे हि तादृश एव नायकः।····व्युत्पाद्यश्च। पूर्वोक्त भाग-२ पृ० ४३२.

५१. तथा च वेश्यायां नायिकायां विनयरहितमपि चेष्टितं निबध्यते। यथा विशाखदेवकृते देवीचन्द्रगुप्ते माधवसेनां समुद्दिश्य कुमारचन्द्रगुप्तस्योक्तिः····। पृ० १०४

····आचारः कुलस्त्रियां विनयप्रधानः अन्यस्यां तद् विपरीतः। तथा च देवीचन्द्रगुप्ते वसन्तसेनामुद्दिश्य चन्द्रगुप्तस्योक्तिः। पूर्वोक्त पृ० ४३३.

५२. तत्र कञ्चुकिस्थाने दासः। अमात्यस्थाने श्रेष्ठी। विदूषकस्थाने विटः। पृ० १०४	कञ्चुकिस्थाने दासः, विदूषकस्थाने विटः, अमात्यस्थाने श्रेष्ठीत्यर्थः। पूर्वोक्त पृ० ४३१
५३. गृहवार्तायां गार्हस्थ्योचितपुरुषार्थसाधके वृत्ते कुलजैव स्त्री नायिकात्वेन वणिगादीनां निबन्धनीया···। पृ० १०४	····गार्हस्थ्योचिता वार्ता पुरुषार्थसाधकमिति-वृत्तं न तत्र वेश्याङ्गना नायिकात्वेन निबन्धनीया। पूर्वोक्त पृ० ४३२.
५४. ····पूर्वकविकृतकाव्यादौ क्लृप्तं सत् समुद्रदत्तचेष्टितादिवद् ग्राह्यम्। अथवा यदत्राकल्प्यं तत् पूर्वर्षिप्रणीतशास्त्रव्यतिरिक्त बृहत्कथाऽऽद्युपनिबद्धं मूलदेवतच्चरितादिवदुपादेयम्। पृ० १०५	अनार्षमिति पुराणादिव्यतिरिक्तबृहत्कथाद्युपनिबद्ध मूलदेवचरितादि। आहार्यमिति पूर्वकविकाव्याद् वाहरणीयं समुद्रदत्तचेष्टितादि। पूर्वोक्त पृ० ४३०,
५५. तयोः प्रत्येकं प्रसिद्धप्रसिद्धिभ्यां चतुर्भेदत्वान्नाटिकाऽपि चतुर्विधा। पृ० १०७	तथा हि देवी कन्या च ख्याताख्याताभेदेन चतुर्धा। पूर्वोक्त पृ० ४३६.
५६. नियुद्धं बाहुयुद्धम्, स्पर्धनं शौर्य-विद्या-कुल-धन-रूपादि-कृतः संहर्षः। पृ० १०९	नियुद्धं बाहुयुद्धं संघर्षः शौर्यविद्याकुलरूपादिकृता स्पर्धा। पूर्वोक्त पृ० ४४५.
५७. अत एवात्र गद्यं पद्यं चौजोगुणयुक्तम्। ·······सेनापत्यमात्यादि - दीप्तरसनायक-सम्पन्नः। पृ० १०९	दीप्तं काव्यामोजोगुणयुक्तम्। पूर्वोक्त पृ० ४४५; ····अपि त्वमात्यसेनापतिप्रभृतेर्दीप्तरसस्य···। पूर्वोक्त पृ० ४४४
५८. यथा शाक्यानां स्त्रीसम्पर्को गर्हणीयो न चौर्यम्। पृ० ११३	यथा शाक्यानां स्त्रीसम्पर्कः प्रहसनीयो भवति, न चौर्यम्। पूर्वोक्त पृ० ४४९
५९. अङ्कावताररूपाश्चात्राङ्का विधेयाः। चूलिकाऽङ्कमुखयोरपि युद्धादिवर्णने निबंधो भवत्येव। पृ० ११४	अङ्कावतार एव चात्र भवति। चूलिकाङ्कमुखयोस्त्वत्रापि युद्धादिवर्णने समुपयोगोऽस्त्येव। पूर्वोक्त पृ० ४४८.
६०. दैवोपालम्भात्मनिन्दाऽऽदिरूपानुशोचनात्मकं परिदेवितम्···। पृ० ११५	परिदेवितं दैवोपालम्भात्मनिन्दारूपमनुशोचन यत्र। पूर्वोक्त पृ० ४४६.
६१. ते च यथासम्भवं स्त्रीविषया अन्यविषया वा। पृ० ११६	···यथायोगं स्त्रीविषयाणि अन्यविषयाणि···। पूर्वोक्त पृ० ४४२
६२. शारीरिणि व्याजेन पलायनादिना···। पृ० ११६	व्याजमिति पलायनादि। पूर्वोक्त पृ० ४४२.
६३. शाङ्कुकस्त्वधमप्रकृतेर्नायकत्वमनिच्छन् प्रहसन-भाणादौ हास्यरसप्रधाने विटादेर्नायकत्वं प्रतिपादयन् कथमुपादेयः स्यादिति। ····द्वाभ्यां पात्राभ्यामुक्ति-प्रत्युक्ति--वैचित्र्यविशिष्टाभ्यामेकेन वा पात्रेणाकाशभाषितसमन्वितेन युक्ताः···। पृ० ११७	अधमप्रकृतेस्तु न नायकत्वमिति ध्रुवं प्रहसनकभाणकादौ किं ब्रूयात्, हास्यादिरसप्रधानत्वे ह्यधम एव नायकः। पूर्वोक्त पृ० ४५९; एकहार्येरित्याकाशपुरुषभाषितैरित्यर्थः। द्विहार्येति उक्तिप्रत्युक्तिवैचित्र्येणेत्यर्थः। पूर्वोक्त पृ० ४५३.

६४. मिथः परस्परं जल्पे उक्ति-प्रत्युक्तिक्रमे क्रियमाणे स्वपक्षस्य स्वाभ्युपगमस्य परस्परप्रज्ञोपजीवनबलात् स्थापना सुघटितत्वं क्रियते यत्र, तदधिकबलसम्बन्धादधिबलम् । पृ० ११९	यत्रोक्तिप्रत्युक्तिक्रमे क्रियमाणे परस्परप्रज्ञानोपजीवनबलात्स्वपक्षसुघटितादधिबलसंबन्धादधिबलम् । पूर्वोक्त पृ० ४५७.
६५. एतद् वचः सख्या भर्तृप्रत्यायनप्रयोजनेनोक्तं विदग्धजनस्य हास्यं श्वशुरादेर्वञ्चनां, सपत्न्या रोषं जनयतीति । पृ० १२६	एतद्वचनं सखी-संबन्धि भर्तृप्रत्यायनं प्रयोजनमुद्दिश्य प्रयुक्तं तस्य पत्न्या अपि संबन्धिनां छलं विदग्धजनस्य हास्यं सपत्न्या वचनं रोषं जनयति । पूर्वोक्त पृ० ४५८.
६६. ··· प्रत्यसतोऽसाधुभूतस्य प्रलपनम् असत्प्रलापः । पृ० १२७	असतोऽसाधुभूतस्य वस्तुनः प्रलपनमस्मिन्नित्यसत्प्रलाप इति । पूर्वोक्त पृ० ४५६.
६७ यथा वा व्यसनिना राजपुत्रेण किं सुखमिति पृष्टे मन्त्रिपुत्रेणोच्यते—'सर्वदा यो ... ।' पृ० १२७	····यथा व्यसनिना राजपुत्रेण किं सुखमिति पृष्ठे तेनोत्तरं दीयते—'सर्वथा यो ··· ।' पूर्वोक्त पृ० ४५६.
६८. परविप्रतारणकारि यदुत्तरं हास्याय हास्यनिमित्तं निगूढार्थत्वाद् भवति सा नाली व्याजरूपा प्रणालिका । पृ० १२९	परवितारणकारि यदुत्तरं, अत एव हास्ययुक्ता सा नालिका प्रणालिका व्याजेत्यर्थः । पूर्वोक्त पृ० ४५५.
६९. गुणानां दोषत्वं, दोषाणां च गुणत्वं येनोत्तरेण व्यत्ययो विपर्यासः क्रियते, तन्मृदा परपक्षमर्दनेन स्वपक्षमवति रक्षतीति मृदवम् । पृ० १२९	गुणानां दोषत्व दोषाणां वा गुणत्वं यत्र क्रियते तन्मृदवम् । ···मृदवमिति मर्दनं मृत्परपक्षमर्दनेन स्वपक्षभवति रक्षतीति । पूर्वोक्त पृ० ४५७.
७०. ··· उद्घाते प्रश्नात्मके साधूद्घात्यम् । यदा प्रष्टा विवक्षितोत्तरदानसमर्थः, किन्तु यन्ममाभिप्रेतं तद्युक्तमयुक्तं वेत्यभिसंधाय पृच्छति, प्रतिवक्ता चोचितमभिधत्ते तदोद्घात्यमित्यर्थः । पृ० १३१-१३२	तत्र यदा विवक्षितमुत्तरं दातुं शक्तोऽयं स्यादिति यन्मम मनसि वर्तते तदेव वक्ति नवेत्येवमादिना निमित्तेन यदा पृष्टैव प्रतिवचनं वैचित्र्यमभिसन्धाय पृच्छति, प्रतिवक्तोचितमभिधत्ते तदा तदुत्तरमुद्घात्यकम् । प्रश्नात्मके उद्घाते साध्विति यत् । पूर्वोक्त पृ० ४५४.
७१. विवक्षितप्रयोजनस्यान्यकार्यकरणव्याजेन सम्पत्तिर्यत्र तदन्यकार्यावलगनादवलगितम् । पृ० १३२	यत्रोत्तरे दीयमाने अन्यानुसन्धानपूर्वकेऽप्यन्यत्कार्यं सिध्यति तदान्यकार्यावलगनादवलगतम् । पूर्वोक्त पृ० ४५४.
७२. पुरुषार्थसाधको विचित्रो व्यापारो वृत्तिः । पृ० १३५	तस्माद् व्यापारः पुमर्थसाधको वृत्तिः । पूर्वोक्त पृ० ४५२.
७३. कायिक्यो हि व्यापृतयो मानसैर्वाचिकैश्च व्यापारैः सम्भिद्यन्ते । पृ० १३५	कायचेष्टा अपि हि मानसीभिः सूक्ष्माभिश्च वाचिकीभिश्चेष्टभिर्व्याप्यन्त एव । पूर्वोक्त भाग—३ पृ० ९१.

७४. वाचिक्यो मानस्यश्च कायपरिस्पन्दाविनाभाविन्य एव····प्राणादिरूपकायपरिस्पन्दाभावे मनोव्यापृत्यनुपलक्षणाच्च। पृ० १३५	मानस्यापि वाचिक्यपि चेष्टा अवश्यं सूक्ष्मं कालं परिस्पन्दमन्दप्राणव्यापाररूपं नाभिवर्तते। पूर्वोक्त ना० शा० भाग–३ पृ० ९१
७५. आभ्यो हि वर्णनीयत्वेन कविहृदये व्यवस्थिताभ्यः काव्यमुत्पद्यते। पृ० १३५	····ताभ्योऽपि वाच्यरूपत्वेन कविहृदये व्यवस्थिताभ्यः काव्यमुत्पद्यते। पूर्वोक्त भाग–२ पृ० ४०८
७६. तेनानभिनेयेऽपि काव्ये वृत्तयो भवन्त्येव। पृ० १३५	वृत्त्यङ्गान्यपि सर्वकाव्येषु सन्त्येव।····यद्यपि सर्वेषामभिनेयानभिनेयानां काव्यानां वृत्तयः। पूर्वोक्त पृ० ४०८.
७७. ···न हि व्यापारशून्यं किञ्चिद् वर्णनीयमस्ति। पृ० १३५	न च क्रियाशून्यः कश्चिदप्यंशोऽस्ति।··· तेषु च न व्यापारत्रयशून्यः कश्चिदपि काव्यांशोऽस्ति। भाग–३, पृ० ८७.
७८. मूर्च्छादौ तु व्यापाराभावेन वृत्त्यभावेऽपि···। पृ० १३५	मूर्च्छादौ तु व्यापाराभावे वृत्त्यभाव एव। पूर्वोक्त भाग–२ पृ० ४५२.
७९. 'आङ् मर्यादायाम्' तेन मुखसन्धि सम्प्राप्य निवर्तते। 'ईषदर्थे वा' तत ईषन्मुखं मुखसन्धिसूचकत्वादारम्भः। प्रस्तावना शब्देनाप्येतदुच्यते। पृ० १३६	मुखसन्धेर्निवर्तते यत', आङ्मर्यादायाम्, यदि वात्रामुखं प्रारम्भमीषन्मुखं वा प्रस्ताव्यतेऽनयेति। पूर्वोक्त भाग–३ पृ० ९३.
८०. स्पष्टोक्तिस्त्वेवं यथा नागानन्दे नाटयितव्ये'···। पृ० १३६	स्पष्टोक्तिप्रत्युक्तिभिः, यथा नागानन्दे 'नाटयितव्ये ''।' पूर्वोक्त पृ० ९३.
८१. सत् सत्त्वं प्रकाशस्तद् यत्रास्ति तत् सत्त्वन्मनस्तत्र भवा····। पृ० १३९	सत्सत्त्वं प्रकाशः तद्विद्यते यत्र तत्सत्त्वं मनः, तस्मिन् भवः। पूर्वोक्त पृ० ९६.
८२. आधर्षो वाचा न्यक्कारः। पृ० १३९	आधर्षण वाचा न्यक्कारः। पूर्वोक्त पृ० ९७.
८३. ····सूत्रधारे तत्तुल्यगुणाकृतिस्थापक आमुखमनुतिष्ठति। पृ० १३९	एवं च यदा स्थापकोऽपि सूत्रधारतुल्यगुणाकारो···· आमुखं भवति। पूर्वोक्त पृ० ९३.
८४. दीप्ता रसा रौद्रादय औद्धत्यावेगादिहेतवः। पृ० १४०	दीप्तरसा रौद्रादयः उद्धताः।····क्रोधावेगाद्यास्ते····। पूर्वोक्त पृ० १०३.
८५. भय-हर्षातिशयाकुलितपात्रप्रवेशः। पृ० १४०	भयातिशयेन हर्षातिशयेन च क्षिप्रमेव प्रवेशनिर्गमौ····। पूर्वोक्त पृ० १०४.
८६. तत्र विचित्रं नेपथ्यं वेणीसंहारे अश्वत्थाम्नः।····मायाशिरोदर्शनं रामाभ्युदये। पृ० १४०	यथा मायाशिरोनिक्षेपे रामाभ्युदये चित्रं नेपथ्यम्, यथा वाश्वत्थाम्नः। पूर्वोक्त पृ० १०४.
८७. तथाहि अङ्गदेनाभिद्रूयमाणाया मन्दोदर्या भयम्, अङ्गदस्योत्साहोऽस्यैव रावणदर्शनेन	तत्रैव अङ्गदादभिद्रूयमाणाया मन्दोदर्या भयं, अङ्गदस्योत्साहः, ····रावणस्यातिक्रोधः, यस्तातेन

'एतेना पिसुरा जिताः' इत्यादि वदतो हासः, 'यस्तातेन निगृह्य बालक इव प्रक्षिप्य कक्षान्ते' इति च जल्पतो जुगुप्सा हास-विस्मयाः, रावणस्य रति-क्रोधौ। पृ०१४१

निगृह्य बालक इव प्रक्षिप्य कक्षान्तरे' इति वदतोऽङ्गदस्य जुगुप्सा-हासविस्मयरसा....। पूर्वोक्त पृ० १०४.

८८. अनेन गृह-भृत्याद्युपमर्दनस्य ग्रह ।....गुणेष्वसूया मात्सर्यम्। द्रोहो जिघांसा दारादि-खलीकार-विद्या-कर्म-देश-जात्यादि-निन्दा-राज्य-सर्वस्वहरणादिराधर्षः। पृ० १४८

आघर्षणं दारादिखलीकरणम्। अविक्षेपो देश-जात्यभिजनविद्याकर्मनिन्दा। ....उपघातो गृह-भृत्याद्युपमर्दनम्।....अभिद्रोहो जिघांसा। मात्सर्यं गुणेष्वसूया। आदिग्रहणाद् राज्यापहरणादि। पूर्वोक्त भाग–१ पृ० ३२०.

८९. पराक्रमः परकीयमण्डलाद्याक्रमणसामर्थ्यम्। बलं हस्त्यश्व-रथ-पदाति-धन-धान्य-मन्त्र्यादिसम्पत्। न्यायः सामादीनां सम्यक्प्रयोगः। अनेनेन्द्रियजयो गृह्यते।...अनेन शत्रुविषये सन्तापकर्तृत्व प्रसिद्धिरूपः प्रतापो गृह्यते। पृ० १४९

सन्ध्यादिगुणाना सम्यक्प्रयोगो नयः। इन्द्रियजयो विनयः। बलं हस्त्यश्वरथपादातम्। पराक्रमः परकीयमण्डलाद्याक्रमेणावस्कन्दः।...प्रतापः शत्रुविषये सन्तापकारिणी प्रसिद्धिः। प्रभावोऽभिजन-धनमन्त्रिसम्पत्। पूर्वोक्त पृ० ३२४-३२५.

९०. निष्ठेवः कफनिरसनम्। उद्वेगो गात्रधूननम्। पृ० १५०

निष्ठीवन कफनिरासनम्। उद्वेजनं गात्रोद्धूननम्। पूर्वोक्त भाग–१ पृ० ३२९

९१. इन्द्रजालं मन्त्र-द्रव्य-हस्तयुक्त्यादिनाऽसम्भवद्वस्तुप्रदर्शनम्। रम्यः सातिशयत्वेन हृद्योऽर्थः शिल्पकर्मरूप....। पृ० १५०

इन्द्रजालं मन्त्रद्रव्यवस्तुयुक्त्यादिना असम्भव-वस्तुप्रदर्शनम्।...अतिशेत इत्यतिशयः।....यच्च शिल्पं कर्मरूपम्....। पूर्वोक्त पृ० ३२९-३३०.

९२. एवंविधरूपैव, अपरेषां तु पाठ्यानामुत्थापनादीना पूर्वरङ्गाङ्गाना प्रयोगवशादन्यथात्वमपि भवति। पृ० १७१

एव च नित्यमेवं रूपमेव। अन्यपाठ्यानामुत्थापनादीना प्रयोगवशादन्यथात्वोपपत्तिर्दृश्यते। पूर्वोक्त पृ० २१७.

९३. अत एव कवयो रूपकारम्भे 'नाद्यन्ते सूत्रधारः' इति पठन्ति। पृ० १७२

पुराणकवयो लिखन्ति स्म 'नान्द्यन्ते सूत्रधारः' इति। पूर्वोक्त पृ० २१७.

९४. यथा उदात्तराघवे रामस्य प्रस्तुतशृङ्गारोल्लङ्घनेन-'अरे रे तापस....। इत्यादि-नेपथ्यवाक्याकर्णनेन वीररसाक्षेपः। पृ० १७३

यथा उदात्तराघवे रामस्य प्रस्तुतशृङ्गारक्रमोल्लङ्घनेन—'अरे तापस....।' इत्यादिना। यथा वाक्याकर्णनेन वीररसस्याक्षेपस्य तु रसस्य माश्रूण्यते। पूर्वोक्त भाग–४, पृ० २६०-२६१.

९५. इयं च प्रावेशिकयाक्षेपिकयनन्तरमवश्यं प्रयोज्येति वृद्धसम्प्रदायः। पृ० १७३.

....इय हि प्रावेशिकयाक्षेपिकया अनन्तरमवश्य-प्रयोज्या भवति। पूर्वोक्त पृ० ३६१

९६.....अनुकर्तुर्यदा अनाशङ्कित एव धनविघातादिना विघात उद्धतप्रयोगश्रमाद् वा मूर्च्छा-भ्रमादिसम्भावना वस्त्राभरणादेर्वा

अनकर्जर्यदनाशङ्कितधनविषयादत्युद्धत प्रयोग श्रमवशाद् वा भ्रमादिदोष सम्भावना। वस्त्राभरणावकाशादित्सयागीयते सान्तराध्रुवा। तत्र

प्रच्युतिस्तदा तत्संवरणावकाशदित्सयेयं गीयते। अस्यां च प्राक्तनं भावि वा रसस्य स्वरूपमनुवर्त्यम्। छिद्राच्छादनमात्रप्रयोजनत्वात् चास्या न सार्थकपवनासनमुपयोगीति शुष्काक्षराण्येवास्यां निबध्यन्ते। पृ० १७३	च प्राक्तनं भावि वा रसस्वरूपमनुवृत्तिमित्यवक्ष्यम्···। केवलं छिद्राच्छदन मात्र प्रयोजनाया-मस्यां न सार्थक पदकदम्बयोजनमुपगीति शुष्काक्षरैरेवेयं लक्ष्ये च···। पूर्वोक्त पृ० ३६१.
९७. यथोपश्रुतिशकुनन्यायेन प्रत्ययेन' । पृ० १७३	इत्यादि काकतालीय श्रुतिशकुनन्यायेन लौकिकस्य। पूर्वोक्त भाग–४ पृ० ३६१.
९८. ····न तु देशकालावस्थाद्यपेक्षयानी त्यावसहनपूर्वकं निर्यातनमिति। पृ० १७६	प्राणात्ययेऽपीति न तु नीत्यनुवर्तनेन कथञ्चित् देशकालाद्यनुवर्तनेन सहनपूर्वकं निर्यातनम्। पूर्वोक्त भाग–३, पृ० १६७.
९९. सहजा मुखराग-दृष्टिविकारादिरहिता। पृ० १७६	मुखराग दृष्टि विकारादयः। पूर्वोक्त भाग–२ पृ० १६६.
१००. यथासम्भवं सन्धिं विग्रहेण, विग्रहे सन्धिना च विशेषेण दूषयन्ति, विनाशयन्ति, विप्रलम्भं तु विनोददानेन विस्मारयन्तीति विदूषकाः। पृ० १७८	विग्रहं वा सन्धिना दूषयतीति विदूषकः, विप्रलम्भनत्वे विनोदने दूषयन्ति विस्मारयन्ति। पूर्वोक्त भाग–३ पृ० २५१-२५२.
१०१. यथोर्वशी पुरूरवसः। 'नृपे दिव्ये न च प्रभौ' इत्यस्यापवादोऽयमिति। पृ० १७९	··· इत्यस्यापवादमाह दिव्यवेश्येत्यादि। यथा पुरूरवसः उर्वश्या। पूर्वोक्त पृ० १९६.
१०२. अन्यनारी व्यासङ्गादिना····। पृ० १८१	व्यासङ्गादित्यन्यनारीविषयादित्यर्थ.। पूर्वोक्त पृ० २०९
१०३. बाल्येऽपि किञ्चिदुन्मीलन्ति, वार्धके तु प्राचुर्येण नश्यन्ति। पृ० १८१-१८२	ते हि यौवने उद्रिक्ता दृश्यन्ते बाल्ये त्वनुद्भिन्ना वार्धके तिरोभूताः। पूर्वोक्त पृ० १५४.
१०४. पुंसां तूत्साहादयो मुख्यतोऽलङ्काराः। तेन नायकभेदेषूद्धतादिषु धीरत्वं विशेषणमुक्तम्। भावादयस्तु पुरुषाणामुत्साहाद्याच्छादिता एव भवन्तीति ते गौणाः। पृ० १८२	पुंसस्तूत्साहवृत्त्यात एव परमालङ्काराः, तथा च सर्वेष्वेव नायकभेदेषु धीरत्वमेव विशेषणतयोक्तम्। तदाच्छादितास्तु शृङ्गारादयः धीरललित इत्यादौ। पूर्वोक्त पृ० १५८.
१०५ भ्रू-चिबुक-ग्रीवाऽऽदेश्च सातिशयो विकारः शृङ्गारोचित उद्भिद्योद्भिद्य विश्रान्तिमत्त्वेनासन्ततो हाव इति। पृ० १८२	चोद् भ्रूतारकचिबुकग्रीवादेः सातिशयो विकार ··· शृङ्गारोचितमाकारम्···। स्वेत्युद् भिद्योद्भिद्य विश्राम्यन् हावः। पूर्वोक्त पृ० १५६-१५७.
१०६. प्रसरणशीलं सशृङ्गारं समुचितविभावविशेषोपग्रहविरहादनियतविषयं प्रबुद्धरतिभावसमन्वितं हेला। पृ० १८२	····स तु प्रसरणैकधर्मकः, ··· यदा तु रतिवासनाप्रबोधात्तां प्रबुद्धां रतिमभिमन्यते केवलं समुचितविभावोपग्रहविरहान्निर्विषयतया स्फुटीभावं न

	प्रतिपद्यते तदा तज्जनितो देहविकारविशेषो हेला। पूर्वोक्त भाग–३ पृ० १५७.
१०७. एते च त्रयोऽङ्गजाः परस्परमनुत्थिता अपि भवन्ति। तथा हि कुमारीशरीरे प्रौढतम कुमारगतभाव-हाव-हेला-दर्शन-श्रवणाभ्यां भावादयोऽनुरूपा विरूपाश्च भवन्ति। पृ० १८२	""अप्येते परस्परसमुत्थिता भवन्ति। तथा हि कुमारीशरीरेप्रौढ़तमकुमार्यन्तरगतहेलावलोकने""। पूर्वोक्त पृ० १५५.
१०८. रागः प्रियतमं प्रत्येव बहुमानः।""मदो मद्यकृतश्चित्तोल्लासः। हर्षः सौभाग्यगर्वः। अन्यथा वक्तव्येऽन्यथा वचनम्, हस्तेनादातव्ये पादेनादानम्, कटीयोग्यस्य कण्ठे निवेशन-मित्यादिकः"" । पृ० १८३	वचनेऽन्यथावक्तव्येऽन्यथाभाषणम्, हस्तेनादातव्ये, पादेनादानम्, रसनायाः कण्ठे न्यासः इत्यादि। मद्येन कृतो रागः प्रियतमं प्रत्येव बहुमानो हर्षः। सौभाग्यगर्वो यथा। पूर्वोक्त पृ० १६०.
१०९. प्रियतमप्रीत्यतिशयेन "" । पृ० १८३	प्रियतमगनैः प्रीत्या नं प्रति बहुमानातिशयेन""। पूर्वोक्त पृ० १५९.
११०. रूपलावण्यादीनां च पुरुषेणोपभुज्यमानानां यदौज्ज्वल्यं छाया विशेष "" । पृ० १८४	तान्येव रूपादीनि पुरुषेणोपभुज्यमानानि छायान्तरं श्रयन्ति। पूर्वोक्त पृ० १६२।

इसके अतिक्ति पताकास्थानक, कार्यावस्था और अर्थप्रकृतियों की चेतन एवं अचेतन रूप में की गयी व्याख्या तथा अन्य विविध स्थल भी अभिनवभारती से वैचारिक दृष्टि से प्रभावित तथा अनुप्राणित प्रतीत होते है। यह सम्भावना भी सत्य प्रतीत होती है कि रामचन्द्र-गुणचन्द्र द्वारा कथित 'नाट्यदर्पण-विवृत्ति' नाम भी अविनवगुप्त के 'नाट्यवेद-विवृत्ति' से प्रेरित रहा होगा।

इन समस्त तथ्यों को पृष्ठभूमि मे भी यह कथन तो अनुचित ही होगा कि नाट्यदर्पण में अभिनवभारतो का अन्धानुकरण किया गया है। वस्तुतः रामचन्द्र-गुणचन्द्र ने अवसर के अनुरूप अभिनवगुप्त के मन्तव्य की आलोचना तथा उनमें संशोधन एवं परिवर्धन भी किया है, परन्तु प्रस्तुत शोध-पत्र की सीमाओं को दृष्टिगत रखते हुए हम यहाँ नाट्यदर्पण के एतत्सम्बद्ध स्थलों का उल्लेख उचित नहीं समझते हैं।

नाट्यदर्पण की विवृत्ति मे २ स्थल ऐसे भी प्राप्त होते हैं जिन पर नाट्यशास्त्र और अभिनव भारती का संयुक्त प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। यहीं उनका प्रदर्शन कर देना तो अनङ्ग-कीर्तन ज्ञात नही होता है—

१. भावानां साध्यफलोचितानां रतिहर्षोत्सवादीनां याचनं प्रार्थना। पृ० ७४	एतत्साध्यफलोचितभावलक्षणम्। ना० शा० भाग—३। पृ० ५०। रतिहर्षोत्सवानां तु प्रार्थना प्रार्थनाभवेत्। ८६।१९ ना० शा०.
२. चौर-नृपारि-नायकादिभ्यो भयमुद्वेगः। पूर्वोक्त पृ० ७६.	अरिशब्दान्नायकादि। अभि० भा० (ना० शा० भाग – ३) पृ० ५१; भय नृपारिदस्यूत्थमुद्वेगः परिकीर्तितः। ८८।१९ ना० शा०।

इस समस्त विवेचन से नाट्यदर्पण पर अभिवभारती का अत्यधिक प्रभाव है यह स्वतः स्पष्ट हो जाता है। वस्तुतः यदि नाट्यदर्पण के अभिनवभारती से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित सम्पूर्ण अंशों को उसमे पृथक् कर दिया जाये तो उसका मूल स्वरूप ही अस्त-व्यस्त हो जायेगा। यह सब उस समय और भी विचित्र प्रतीत होता है, जल नाट्यदर्पणकार स्वयं काव्यापहार की कटु शब्दों में करते हैं।[1]

•

काजी पाड़ा, बिजनौर (उ० प्र०)
२४६७०१

ग्रन्थ-सूची

१. नाट्यदर्पण (ना० द०)-रामचन्द्र-गुणचन्द्र, ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा, १९५९।

२. नाट्यशास्त्र (ना० शा०)-भरत, भाग—१। ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा, द्वितीय संस्करण १९५६।

३. नाट्यशास्त्र—भरत, भाग—२, ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा, १९३४।

४. नाट्यशास्त्र—भरत, भाग—३, ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा १९५४।

५. नाट्यशास्त्र—भरत, भाग—४, ओरिएण्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा १९६४।

६. हिन्दी नाट्यदर्पण—रामचन्द्र-गुणचन्द्र, हिन्दी-विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, प्रथम संस्करण १९६१।

७. दि नाट्यदर्पण ऑव रामचन्द्र एण्ड गुणचन्द्र—ए क्रिटिकल स्टडी—त्रिवेदी के० एच०, इन्स्टीट्यूट ऑव इण्डोलॉजी, अहमदाबाद, फर्स्ट एडीशन, १९६६।

---

१. अकवित्वं परस्तावत् कलङ्कः पाठशालिनाम्।
अन्यकाव्यैः कवित्व तु कलङ्कस्यापि चूलिका।। ना० द० प्रारम्भिक श्लोक सं० ११।

जिन्हें मिलाकर ८ अध्याय होते हैं[1] मुद्रित संस्करण में प्रथम व्यवहार के २ भाग होने के कारण ९ हैं।

अब हम क्रमिक रूप से इसकी विविध प्रतियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करेंगे।

जयपुर प्रति—कासलीवाल ने ४६८ एवं ४६९ नं० पर जिन दो प्रतियों को षट्त्रिंशिका माना है उनमे से प्रथम प्रति अर्थात् ४६८ ही षट्त्रिंशिका है, दूसरी नही। हम ४६८ क्रमाक वाली प्रति को जयपुर प्रति की संज्ञा देंगे।

इस प्रति मे कुल ४५ पत्र है। ११" × ४$\frac{3}{4}$" के आधार के प्रत्येक पत्र पर ११ पंक्तियाँ है। सन् १६०८ में लिखी गई (रचना नही) इस प्रति की दशा सामान्य है। कतिपय पृष्ठो को छोड़कर शेष पत्रो के अक्षर स्पष्ट एवं पठनीय है। उपलब्ध प्रति का प्रारम्भ गणितसारसंग्रह के समान ही "अलघ्य त्रिजगत्सारं " आदि मंगलाचरण से हुआ है। किन्तु इससे पूर्व "(६०) श्री वीतरागाय नमः" लिखा है। मंगलाचरण के उपरांत सज्ञाधिकार यथावत् गणितसारसग्रह के समान है[2]। अधिकार के अन्त मे निम्न पुष्पिका है—"इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतो संज्ञाधिकारः समाप्तः।"

इसके उपरांत परिकर्म व्यवहार नामक दूसरा प्रकरण है। इस प्रकरण को षट्त्रिंशिका मे प्रथम प्रकरण लिखा गया है, गणितसारसंग्रह मे भी इस प्रकरण के अन्त मे निम्न प्रकार पुष्पिका लिखी है—

"इति सारसंग्रह गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतो परिकर्म नाम प्रथमः व्यवहारः समाप्तः।"

इस प्रकरण की सामग्री भी (गणित) सारसंग्रह के समान हो है, पुष्पिका भी उपरोक्त प्रकार से ही है।

तीसरा कला सवर्ण व्यवहार प्रकरण विषयवस्तु की दृष्टि से तो गणितसारसंग्रह के समान ही है किन्तु पुष्पिका एवं अन्त का कुछ अंश षट्त्रिंशिका की इस प्रति मे नही है।[3] चतुर्थ एव पंचम क्रमशः प्रकीर्णक एव त्रैराशिक व्यवहार प्रकरण भी न्यूनाधिक पाठान्तरो सहित समान है। पुष्पिकायें भी गणितसारसग्रह के समान है।

इन अध्यायो का पत्रानुसार विवरण निम्न है—

(१) संज्ञाधिकार	पत्र संख्या १–४
(२) परिकर्म व्यवहार	पत्र संख्या ४–१४
(३) कला सवर्ण व्यवहार	पत्र संख्या १४–२८
(४) प्रकीर्णक व्यवहार	पत्र संख्या २८–३४
(५) त्रैराशिक व्यवहार	पत्र संख्या ३४–३९
(६) वर्ग संकलितादि व्यवहार	पत्र संख्या ३९–४५

---

१. विस्तृत विवरण हेतु देखें सं०—३-II एव III

२. यह परिकर्म व्यवहार का ही एक भाग है।

३. षट्त्रिंशिका की अन्य कृतियों मे क्या स्थिति है। इसका निर्धारण अन्य प्रतियों के अध्ययन से ही किया जा सकता है।

गणितसार संग्रह में छठां अध्याय मिश्रक व्यवहार प्रकरण है, जिसमे पंचराशिक, वृद्धि-विधान, विविध कुट्टीकार आदि है। जबकि चर्चित कृति मे वर्ग संकलितादि व्यवहार है। इसमें निम्न १३ सूत्रों को उदाहरण सहित समझाया गया है—

(१) वर्ग संकलितानयन सूत्रं।
(२) घन संकलितानयन सूत्रं।
(३) एकवारादिसंकलितधनानयन सूत्रं।
(४) सर्वधनानयने सूत्रद्वयं।
(५) उत्तरोत्तरचयभवसंकलितधनानयन सूत्रं।
(६) उभयान्तादागत पुरुषद्वयसंयोगानयन सूत्रं।
(७) वणिक्करस्थितधनानयन सूत्रं।
(८) समुद्र मध्ये १-२-३।
(९) छेदोशशेष जातो करणसूत्रं।
(१०) करण सूत्र त्रयम्।
(११) गुणगुण्यमिश्रे सतिगुणगुण्यानयनसूत्रं।
(१२) बाहुकरणानयनसूत्रं।
(१३) व्यासाद्यानयनसूत्र।

उपरांत १ पत्र मे संदृष्टि का विषय चर्चित है। "वर्ग संकलितादिनयनसूत्र" नामक इस प्रकरण का प्रारम्भ निम्न प्रकार से हुआ है—

"श्री वीतरागाय नमः (६) छत्तीसमेतेन सकल ८, भिन्न ८, भिन्न जाति ६, प्रकीर्णक १०, त्रैराशिक ४, इंत्ता ३६ नू छत्तीस मे बुट्ट वीराचार्यरुपेल्गणितवनु माधव चन्द्र त्रैवेद्याचार्यरू शोध सिदरामि शोध्य सार संग्रहमेनिसकोंबुट्ट। वर्ग संकलितानयन सूत्र"।

भावार्थ यह है—"म० जिनेन्द्र देव (तीर्थंकर) को नमस्कार है। इस छत्तीसी ग्रंथ में ८ परि-कर्म, ८ परिकर्म भिन्नों पर, ६ भिन्न जातियां, १० प्रकीर्णक (भिन्नो पर आधारित प्रश्न), ४ त्रैराशिक इस प्रकार कुल ३६ विषयों की चर्चा है। विद्वान् (महा) वीराचार्य द्वारा पहले कहे गये (गणित) सारसंग्रह को शोध करके माधवचन्द्र त्रैविद्य ने इसकी रचना की। कन्नड़ शब्द, पेल्हगणित—कहे गये, बुन्टु—विद्वान्।

उपरांत पूर्व लिखित १३ सूत्रों की चर्चा के बाद अंक संदृष्टि के अन्तर्गत जैन साहित्य की परम्परा मे बहुतायत से पाये जाने वाले ३४ के Magic Square का निर्माण किया गया है।

९	१६	२	७
६	३	१३	१२
१५	१०	८	१
४	५	११	१४

सम्पूर्ण पांडुलिपि में अधिकांश पत्रों में उपयोगी टिप्पण पत्र के किनारों पर दिये गये है। कही-कहीं गणनायें देकर विषय को स्पष्ट किया गया है। पत्र संख्या ४४ के किनारे पर १५ का Magic Square दिया है। त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालने के सन्दर्भ में △ का चित्र भी टिप्पणी में दिया गया है।

अन्तिम पत्र पर "इति षट्त्रिंशिका ग्रन्थ समाप्तः"। लिखने के उपरांत निम्न प्रशस्ति लिखी है—

"वि० संवत् १६६४ वर्षे असौज सुदी व गुरो श्री मूलसंघ सरस्वती गच्छ बलात्कार गणे श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भग० श्री पद्मनन्दिदेवा, तत्पट्टे १ ब्र० श्री सकलकीर्ति देवा, तत्पट्टे म० श्री भुवनकीर्ति देवा, तत्पट्टे म० श्रीज्ञान भूषण देवा, तत्पट्टे म० शुभ चन्द्र देवा, तत्पट्टे म० सुमतिकीर्ति देवा, तत्पट्टे म० श्री गुणकीर्ति देवा, तत्पट्टे वादिभूषण देवास्ताद गुरुभ्राता ब्र० श्री भीमा तत्शिष्य ब्र० मेघराज तत् शिष्य ब्र० केशव पठनार्थे ब्र० नेमदासस्येदं पुस्तकं।"

स्पष्टतः प्रशस्ति से रचयिता या रचनाकाल पर कोई प्रकाश नही पड़ता है।

षट्त्रिंशिका के कृतित्व के संदर्भ में किसी अर्थमूलक परिणाम पर पहुँचने के लिए अन्य प्रतियों की खोज एवं उनका अध्ययन भी आवश्यक है। कारंजा भंडार प्रति–१ (छत्तीसी गणित) कारंजा के शास्त्र भंडार में (बलात्कारण मन्दिर-कारंजा) प्रतिक्रमांक ६३ पर छत्तीसी गणित ग्रन्थ सुरक्षित है।[1] ४९ पत्रों की इस प्रति के पत्रों का आकार ११.७५"×५" है एवं प्रत्येक पत्र पर ११ पंक्तियां हैं। इस कृति का भी प्रारम्भ ६०, ॐ नमः सिद्धेभ्य", अलघ्यं त्रिजगत्सारं···आदि मंगलाचरण से हुआ है।

पुनः परिकर्म व्यवहार पत्र संख्या	१ से १५ तक
कलासवर्ण व्यवहार पत्र संख्या	१५ से ३२ तक
प्रकीर्णक पत्र व्यवहार संख्या	३२ से ३६ तक
त्रैराशिक व्यवहार पत्र संख्या	३६ से ४२ तक

चर्चित है। इसके तत्काल बाद जयपुर प्रति के समान ही "श्री वीतरागाय नमः" (६) छत्तोममेतेन सकल ८······शोध्य सार संग्रह मेनिसिकों बुद्व (वर्ग संकलितानयन सूत्र) आदि विवरण है। पत्र संख्या ४२-४९ तक विविध विषयो को चर्चा है। अंतिम पृष्ठ ४९ पर लिखा है कि "धनं ३५ अंक संदृष्टिः छः" इति छत्तीसी गणित ग्रन्थ समाप्तः (छः छ) श्री शुभं भूयात सर्वेषा। संवत् १७०२ वर्षे मगसिरवदी ४ बु० संवत् १७०२ वर्षे माघ शुदि ३ शुक्ल श्री मूल संघे······ छत्तीसी गणितशास्त्र दत्तं श्रीरस्तु।[2]

षट्त्रिंशिका का अर्थ छत्तीस होता है अतः ऐसा प्रतीत होता है मानों ग्रन्थ के शीर्षक का हिन्दी अनुवाद कर दिया गया है। यह ग्रन्थ भी षट्त्रिंशिका ही है।

---

१. विवरण स्रोत-गणितसार संग्रह, हिन्दी संस्करण, परिशिष्ट, ५ पृ० ५५।

२. वही।

कारंजा भंडार—प्रति–२ (षट्‌त्रिंशतिका) कारंजा भंडार का प्रति क्रमांक ६५ पर सुरक्षित ग्रन्थ में कुल ५३ पत्र हैं। ११" × ४.७५" के आकार के प्रत्येक पत्र पर १० पंक्तियां हैं इस ग्रंथ में विविध अध्यायों का वर्गीकरण निम्नवत् है :—

परिकर्म व्यवहार पत्र संख्या	१ से १६ तक
कलासवर्ण व्यवहार पत्र संख्या	१६ से ३४ तक
प्रकीर्णक व्यवहार पत्र संख्या	३४ से ४० तक
त्रैराशिक व्यवहार पत्र संख्या	४० से ४६ तक
वर्ग संकलितादि व्यवहार पत्र सख्या	४६ से ५३ तक

"इति सार संग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ वर्ग सकलितादि व्यवहारः पंचमः समाप्तः।"

उपरान्त निम्न प्रकार प्रशस्ति लिखी है—

"संवत् १७२५ वर्ष कार्तिक सुदि १० भौमे श्री मूल संघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे श्री कुन्दकुन्दाचार्यान्वये म० श्री सकल कीर्त्यन्वये भ० श्री वादिभूषण देवास्तत्पट्टे भ० श्री रामकीर्तिदेवास्तत्पट्टे म० श्री पद्मनन्दिदेवास्तत्पट्टे म० श्री देवेन्द्रकीर्ति गुरुपदेशात् मुनि श्री श्रुतिकीर्तिस्तच्छिष्य मुनि श्री देवकीर्तिस्तच्छिष्य आचार्य श्री कल्याणकीर्तिस्तच्छिष्यरूप मुनि श्री त्रिभुवनचदेणेदं षट् त्रिंशतिका गणितशास्त्रं कर्म क्षयार्थं लिखितं।"

प्रशस्ति से स्पष्ट है कि इस ग्रन्थ का नाम षट्‌त्रिंशतिका है एवं उपलब्ध विवरण से स्पष्ट है कि इसमें वर्ग संकलितादि व्यवहार में जयपुर प्रति के समान ही विषय सामग्री है। ग्रंथ का परिचय देते हुए गणितसारसंग्रह (हिन्दी संस्करण) के परिशिष्ट में परिशिष्टकार ने लिखा है "मानो यह माधवचन्द्र त्रैविद्य का विविध ग्रंथ हो।

उदयपुर प्रति :—उदयपुर मे भी श्री दि० जैन बीसपंथी मन्दिर, मण्डी नाल मे गणितसार संग्रह की अपूर्ण प्रति के नाम से एक पाडुलिपि सुरक्षित है। यह पांडुलिपि भी षट्‌त्रिंशिका ही है। क्योंकि ५३ पत्रों वाली इस प्रति के पत्र ४६ पर "श्री वीतरागाय नमः (६) छत्तीसमेतेन···संग्रह मेनिकोंवुटु। वर्ग संकलितानयन सूत्रं है एवं आगे का प्रकरण अन्य प्रतियो के समान है। इस प्रति का लेखन काल श्रावण शुक्ला ५, शुक्रवार, संवत् १९०५ है।

षट्‌त्रिंशिका की मौलिकता एवं कृतित्व के निर्धारण के समय गणितसारसंग्रह के वर्तमान मुद्रित संस्करण की मूल प्राचीन पांडुलिपियों से इसका (षट्‌त्रिंशिका) तुलनात्मक अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। गणितसारसंग्रह का वर्तमान संस्करण (हिन्दी एवं अंग्रेजी) निम्न पांच पांडुलिपियों[1] के आधार पर तैयार किया गया है—

१. "P" यह प्रति Government Oriental Manuscript Lib., Madras में है इसमें मात्र ५ अध्याय है, साथ मे सस्कृत टिप्पणिया भी है।

१. वही,

षट्त्रिंशिका या षट्त्रिंशतिका : एक अध्ययन

अनुपम जैन* एवं सुरेशचन्द्र अग्रवाल**

षट्त्रिंशिका या षट्त्रिंशतिका नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (१०वीं श० ई०) के प्रसिद्ध ग्रन्थ "**त्रिलोकसार**" के टीकाकार माधवचन्द्र त्रैविद्य (१०-११वीं० श० ई०) की एक अज्ञात गणितीय कृति है। वस्तुत लेखक ने इस कृति का प्रणयन प्रसिद्ध जैन गणितज्ञ महावीराचार्य (८५० ई० लगभग) कृत **गणितसार संग्रह** के आधार पर उसकी सामग्री के कुछ अंश मे कतिपय नवीन सूत्र जोड़कर की है। प्रस्तुत लेख में हम इसी कृति के सन्दर्भ में चर्चा करेंगे।

१ ग्रन्थकार माधव चन्द्र त्रैवेद्य का परिचय—षट्त्रिंशिका या षट्त्रिंशतिका की पाण्डुलिपियों मे आया निम्न उल्लेख इस कृति को माधवचन्द्र की रचना बताता है।

श्री वीतरागाय नम· ।छा छत्तीम मेतेन सकल ८, भिन्न ८, भिन्न जाति ६, प्रकीर्णक १०, त्रैराशिक ४ इना छत्तीम मे बुदु वीराचार्यरू पेल्हगणित वनु माधवचन्द्र त्रैविद्याचार्यारू शोध सिदरागि शोध्यसार सग्रहमेनिसिकोंबुटु।[१]

इससे स्पष्ट है कि इसकी रचना माधवचन्द्र त्रैविद्य ने विद्वान् (महा)वीराचार्य के (गणित) सार संग्रह को शोध कर शोध कर की थी।

जैन ग्रन्थों मे माधवचन्द्र नाम के १०-११ व्यक्तियो के उल्लेख मिलते हैं। ९वीं से १३वी शती ई० के मध्य हमे तीन ऐसे माधवचन्द्र मिलते हैं, जिसके साथ त्रैविद्य की उपाधि जुड़ी है। प्राचीन काल मे सिद्धान्त, व्याकरण एव न्याय इन तीनो विषयो पर समान अधिकार रखने वाले को त्रैविद्य की उपाधि दी जाती थी।

प्रथम माधव चन्द्र त्रैविद्य का उल्लेख करते हुए नेमिचन्द्र शास्त्री[२] ने लिखा है कि—

"प्रथम माधव चन्द्र त्रैविद्य वे हैं जिनके शिष्य नाग चन्द्रदेव के पुत्र मादेय सेन बोर्वेको तोलपुरुष विक्रम शान्तर की रानी पालियबक ने अपनी माता की स्मृति मे निर्मापित पालियक्क बसति के लिए दान दिया था।[३] Luice Rice ने इस प्रकरण से सम्बद्ध अभिलेख का समय लगभग ९५० ई० अनुमानित किया है किन्तु स्वयं तोलपुरुष विक्रम शान्तर का शिलालेख सन् ८९७ ई० का प्राप्त है।[४] अतः यह माधव चन्द्र त्रैविद्य लगभग ९०० ई. मे हुये होगे।"

---

*. व्याख्याता, गणित विभाग, शासकीय महाविद्यालय, ब्यावरा (राजगढ) (भारत)

**. रीडर, गणित विभाग, मेडूगरी विश्वविद्यालय, मेडूगरी (नाईजीरिया)।

१. षट्त्रिंशिका—जयपुर पाण्डुलिपि—पत्र स० ३९।
   षट्त्रिंशतिका—कारंजा"—पत्र स० ४६।

२. देखें सन्दर्भ—६, II, पृ० ३४, पृ० २८८.

३. एपिग्राफी कर्णाटिका, भाग-८, नागर—४५.

४. एपिग्राफो कर्णाटिका, भाग-८, नागर—६०.

दूसरे माधव चन्द्र त्रैविद्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती के शिष्य हैं। दुर्गदेव ने श्री निवास राजा के शासन काल मे रिष्टसमुच्चय की रचना कुम्भ नगर में की थी। दुर्गदेव ने अपने गुरु संयम सेन के साथ माधवचन्द्र का भी स्मरण किया है। उन्होंने लिखा है कि—

जयऊ जए जियमाणो संजमदेवो मुणीसरों इत्थ।
तहव हु संजम सेणो माहवचन्दो गुरू तह य॥[1]

अर्थात् संयम-देव के गुरु संयम सेन एवं संयमसेन के गुरु माधव चन्द्र बतलाये गये है। दुर्गदेव के गुरु का नाम संयमदेव था एवं उनका समय १०३२ ई० है। अतः माधवचन्द्र का समय इनसे लगभग ५० वर्ष पूर्व होना चाहिये। इस प्रकार माधवचन्द्र, नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के शिष्य ही होने चाहिए।

नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के शिष्य माधव चन्द्र त्रैविद्य ने अपने गुरु की आज्ञा से त्रिलोकसार मे यत्र-तत्र अनेक गाथायें समाविष्ट की थी, यह तथ्य निम्न गाथा से स्पष्ट है।

गुरुणेमिचंद सम्मदकादियवगाहा जहिं तहिं रइया।
माहव चंदतिविज्जोणिय मणु सदणिज्ज मज्जेहिं॥[2]

तीसरे माधवचन्द्र त्रैविद्य मूलसंघ, क्राणूर गण, तिन्त्रिणी गच्छ के विद्वान् जैन मुनि चन्द्रसूरि के प्रशिष्य थे।[3] जैनशिलालेख संग्रह, तृतीय भाग के लेख नं० ४३१ मे (इसको वि स. १२५४ मे उत्कीर्ण किया गया था) जिन सकलचन्द्र का उल्लेख किया है, उनके शिष्य ही ये माधवचन्द्र (त्रैविद्य) हैं। इन्होंने क्षुल्लकपुर (वर्तमान कोल्हापुर) मे क्षपणासार गद्य की रचना की थी।[4]

माधव चन्द्र ने इस ग्रंथ की रचना शिलाधर कुल के राजा वीर भोजदेव के प्रधानमन्त्री बाहुबली के लिए की थी जिन्हे माधवचन्द्र ने भोजराज के समुद्धरण में समर्थ बाहुबलयुक्त, दानादि गुणोत्कृष्ट, महामात्य एवं लक्ष्मीवल्लभ बतलाया है।[5] इन्होने १२०३ ई० मे क्षपणासार गद्य की रचना की थी। यह तथ्य निम्न गाथा से स्पष्ट है :

अमुना माधव चन्द्र दिव्य गणिना, त्रैविद्यचक्रेशिना,
क्षपणा सारम करि बाहुबलि सन्मंत्री सज्ञप्तये॥
सकलकाले शर-सूर्य-चन्द्रगणिते जाते पुरे क्षुल्लके,
शुमदेदुन्दुभि वत्सेर विजय तामा चन्द्र ताव भुवि॥[6]

षट्त्रिंशिका के कर्ता माधवचन्द्र त्रैविद्य इन तीनों मे से कौन से माधवचन्द्र हैं, यह निर्धारित करने हेतु कोई ठोस प्रमाण नही है। तथापि नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के शिष्य माधवचन्द्र त्रैविद्य

१. रिष्टसमुच्चय—सोधा जैन ग्रन्थमाला, इन्दौर—पद्य—२५४ पृ० १६८
२. त्रिलोक सार, माणिक चन्द्र ग्रन्थमाला—१९१८।
३. सं० ७—I, पृ० ३९७।
४. वही, पृ० ३९७।
५. क्षपणासार गद्य प्रशस्ति-जैन ग्रन्थ प्रशस्ति संग्रह, भाग—१, पृ० १५५।
६. सं० ७—I, पृ० ३९७।

त्रिलोकसार सदृश करणानुयोग के जटिल गणितीय प्रकरणों से समृद्ध ग्रंथ के टीकाकार होने के कारण लौकिक गणित में भी पर्याप्त रुचि रखते थे। इन्होने जिस प्रकार त्रिलोकसार की टीका करते समय यत्र-तत्र अनेक गाथाओं को समाविष्ट किया है लगभग उसी प्रकार महावीराचार्य कृत गणितसारसंग्रह मे से कुछ प्रकरण यथावत् लेकर एव उसमे कुछ नवीन सामग्री जोड़कर षट्त्रिंशिका की रचना की गई है। फलतः यह अनुमान किया जा सकता है कि षट्त्रिंशिका के रचनाकार माधव-चन्द्र त्रैविद्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के शिष्य थे अर्थात् षट्त्रिंशिका के रचनाकार एवं त्रिलोकसार के टीकाकार से भिन्न हैं। इस दृष्टि से षट्त्रिंशिका का रचनाकाल १०-११ वी श. ई. सिद्ध होता है।

षट्त्रिंशिका के उल्लेख —षट्त्रिंशिका का सर्वप्रथम उल्लेख महावीराचार्य की कृति के रूप मे डा० कासलीवाल[१] ने किया था। उनकी सूची मे दिया गया विवरण निम्न है :—

भडार का नाम—श्री दि० जैन मन्दिर, ठोलियॉन, जयपुर।

४६८, षट्त्रिंशिका—महावीराचार्य, पत्र संख्या-४५, साईज ११" × ४३/४"

भाषा—संस्कृत, विषय—गणित, रचनाकाल— ×, लेखनकाल—विक्रमाब्द १६६५ आसाढ़ सुदी ८, पूर्ण, वेष्ठन संख्या ४[illegible]।

४६९. प्रति नं २, पत्र संख्या—१८, साइज—११ × ४१/४, लेखनकाल सं. १६३२ ज्येष्ठ सुदी-९,

विशेष—प्रति पर छत्तीसी टीका भी लिखी है।

कासलीवाल के उक्त विवरण के आधार पर १९६४ मे मुकुट बिहारी लाल अग्रवाल ने अपने लेख में लिखा कि :—

"महावीराचार्य ने गणितसारसंग्रह के अतिरिक्त ज्योतिष पटल एवं षटत्रिंशिका आदि मौलिक एव अभूतपूर्व ग्रन्थो की रचना की है जो कि ज्योतिष एवं गणित विषयवस्तु के कारण महत्त्वपूर्ण है।"

'गणितसारसंग्रह के अतिरिक्त षट्त्रिंशिका नामक पुस्तक का उल्लेख राजस्थान के जैन शास्त्र भंडारों की ग्रथ सूची मे मिलता है। इसकी २ प्रतियाँ है—प्रथम में ४५ पत्र है एवं दूसरी मे १८ पत्र। ये दोनो प्रतियाँ जयपुर के ठोलियॉन मन्दिर मे विद्यमान है तथा इसमे महावीराचार्य ने बीजगणित की ही चर्चा की है।[२]

१९६९ में अंबा लाल शाह ने अपनी पुस्तक[३] मे इस कृति का उल्लेख ग्रंथ सूचो के आधार पर किया है।

१९६४ में अपने लेख में इतनी महत्त्वपूर्ण सूचना देने के बाद १९७२ मे प्रस्तुत अपने शोध प्रबन्ध मे[४] अग्रवाल ने इसका कोई उल्लेख भी नही किया। वहां आपने केवल गणितसारसंग्रह को

---

१. देखे, सं०-८-I, पृ० १४८।
२. देखें, सं०-१-I, पृ० ४२, ४३।
३ देखें, स०-१०-I, पृ० ६४।
४. देखें, सं०-१-II,

ही महावीराचार्य की कृति के रूप में उद्धृत किया। षट्त्रिंशिका का महावीराचार्य की कृति अथवा अन्य किसी रूप में कोई भी उल्लेख शोध प्रबन्ध में नही है।

१९७४ में राधाचरन गुप्त ने अग्रवाल के लेख[१] के Digest of Indological Studies में प्रकाशित सारांश (Abstract) के आधार पर निम्न उल्लेख किया था। 'The other is Ṣaṭtriṁśikā which is said to be devoted to Algebra[२] उन्होने कृति को स्वयं न देखने का स्पष्ट उल्लेख किया है।

ज्योति प्रसाद जैन, नेमिचन्द्र जैन शास्त्री एवं परमानन्द जैन आदि विद्वानों ने इस कृति का अपनी कृतियों में कोई उल्लेख नही किया है। गणित इतिहास की पुस्तकों मे भी इसका उल्लेख नही मिलता।

प्रतियों का विवरण एवं ग्रन्थ में निहित गणित :—देश के विविध शास्त्र भण्डारों मे यद्यपि षट्त्रिंशिका की अनेक प्रतियां विद्यमान हे तथापि उनका उल्लेख षट्त्रिंशिका के रूप मे १-२ स्थानों पर ही है। ग्रन्थ के प्रारम्भ, मध्य की पुष्पिकाओ एवं विषयवस्तु के आधार पर ये प्रतियाँ प्रथम दृष्टि से सूचीकारो को गणितसारसंग्रह की अपूर्ण प्रति प्रतीत होती है। फलतः उन्होंने इसकी प्रतियों को गणितसार संग्रह की अपूर्ण प्रति के रूप मे ही सूचीबद्ध किया है।[३] कांरजा मे संग्रहीत २ ग्रन्थो के नाम "छत्तीसी गणित" एवं "षट्त्रिंशतिका" है। वस्तुतः ये दोनो षट्त्रिंशिका ही है। अन्य कई स्थानो पर गणितसारसंग्रह की अपूर्ण प्रतियो के होने की सूचना है वस्तुतः प्रतियो के देखे बिना यह कहना संभव नही है कि वे वास्तव मे गणितसारसग्रह की अपूर्ण प्रतियाँ है अथवा षट्त्रिंशिका की। इस भ्रान्ति की सीमा का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि सेन ने गणितसारसंग्रह की पाण्डुलिपियों के संदर्भ मे सूचना संकलित करते हुए गणितसारसंग्रह का निम्न विवरण[४] दिया है।

MAHĀVĪRĀCĀRYA (C. 850 A. D.)

Gaṇita Sāra Saṃgraha, C. 850 A. D.

A Jaina work on Arithematic in 5 Chapters viz.

(i) Parikarmavidhi, (ii) Kalāsavarṇa vyavahāra, (iii) Prakīrṇaka vyavahāra, (iv) Trairāśika vyavahāra, (v) vargasaṃkalitānayana sūtra and Ghanasaṃkalitānayana sūtra.

स्पष्टतः उपरोक्त विवरण अशुद्ध है। वास्तव मे यह विवरण षट्त्रिंशिका का है। गणितसार संग्रह में उपरोक्त प्रपत्र ४ के अतिरिक्त ४ और व्यवहार है जो क्रमशः मिश्रक व्यवहार, क्षेत्र गणित व्यवहार, खात व्यवहार एवं छाया व्यवहार है एव उपरोक्त विवरण मे से पाँचवा व्यवहार नही है।

---

१. Digest of Indological Studies, Vol-III, Port-2, Dec. 1965, PP. 622-623.

२. देखें, सं०–२–I, पृ० १७।

३. शीघ्र प्रकाश्य लेख—महावीराचार्य, व्यक्तित्व एव कृतित्व।

४. देखें, सं०—९-१, पृ० १३२।

२. "K" यह प्रति भी Government Oriental Manuscript Lib., Madras में ही है। इसमें भी ५ अध्याय हैं, साथ में कन्नड़ भाषा में टिप्पणियां दी गयी हैं।

३. "M" यह प्रति Government Oriental Manuscript Library, Mysore में है। इसे एक जैन पंडित की ताडपत्रीय प्रति की प्रतिलिपि कराकर तैयार किया गया था। यह प्रति पूर्ण है तथा इसके साथ वल्लभ कृत कन्नड़ की संक्षिप्त टीका भी है।

४ "K" यह प्रति भी Government Oriental Manuscript Lib , Madras में ही है, इसमें मात्र ७ वां अध्याय है, साथ में कन्नड व्याख्या है। ज्यामितीय रचनाओं को चित्रों द्वारा समझाया गया है।

५ "B" यह प्रति जैन मठ—मूडबिद्री (दक्षिण कनारा) में है एवं पूर्ण है। इसमे कन्नड भाषा के प्रश्नों के माध्यम से विषय को स्पष्ट किया गया है।

डा० हीरालाल जैन ने कारंजा (अकोला) भण्डार में उपलब्ध गणितसारसंग्रह की कतिपय (७) प्रतियों की सूचना गणितसारसंग्रह के हिन्दी संस्करण के परिशिष्ट में दी है।[1] अं० नं० ६०, ६१,६२ एवं ६६ की प्रतियों के पत्रों की संख्या क्रमशः २० ८ १९, एवं १५ है फलतः वे विशेष महत्त्व की नही है क्योंकि उनमें बहुत थोडा अंश है। हमारे विचार से प्रति "P" एवं "K" (५ अध्याय वाली) षट्त्रिंशिका के अध्ययन की दृष्टि से मूल्यवान हो सकती है। हमारे एक मित्र ने सूचित किया है कि कारंजा भंडार के वर्तमान सूची पत्र के अनुसार उसके क्रमांक ७०१, ७०५, ७०६ पर षट्-त्रिंशिका की प्रतियाँ सुरक्षित हैं। ये ग्रन्थ बस्ता क्रमांक १३१ में उपलब्ध है।[2]

उपरोक्त सम्पूर्ण विवेचन से स्पष्ट है कि—

(१) षटत्रिंशिका, षटत्रिंशतिका एवं छत्तीसी गणित ये तीनों एक ही ग्रन्थ है। कारंजा भंडार की प्रतियों एवं (छत्तीसी गणित एवं षट्त्रिंशतिका) के उपलब्ध विवरण एवं जयपुर की षट्त्रिंशिका प्रति की तुलना करने से इनकी सामग्री में पूर्णतः साम्य दृष्टिगत होता है। कारंजा भंडार की प्रतियाँ मिलने पर पाठान्तर आदि लेकर निष्कर्ष की पुष्टि की जा सकेगी। पुनः त्रैराशिक व्यवहार तक के अंश (जो कि गणितसारसंग्रह से पूर्णतः उद्धृत हैं) मे सकल ८, भिन्न ८, भिन्न जाति ६, प्रकीर्णक १०, एवं त्रैराशिक ४ इस प्रकार के कुल ३६ विषय ही चर्चित है अतः इन तीनों में एक ही अर्थ के बोधक शीर्षकों को सार्थकता भी सिद्ध होती है।

(२) इसकी रचना माधव चन्द्र त्रैविद्य नामक दिगम्बर जैनाचार्य ने महावीराचार्य के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ गणितसारसंग्रह को शोध कर की थी। यहां पर एक बात ध्यान देने योग्य है कि महावीरा-चार्य की कृति के रूप मे छत्तीस पूर्वाप्रति उत्तर प्रतिसह का भी उल्लेख विद्वानों ने किया है।[3]

(३) डा० मुकुटबिहारी लाल अग्रवाल का कथन 'इसमे बीजगणित की ही चर्चा है' समीचीन नही लगता।

---

१. वही,

२. व्यक्तिगत पत्राचार-श्री श्रीकान्त चंवरे—अकोला।

३. देखें सं०—६।

इस निष्कर्ष के संदर्भ में यह कहना अनुपयुक्त न होगा कि डा० अग्रवाल ने एक ओर तो लिखा है कि "गणितसारसंग्रह के अतिरिक्त षट्त्रिंशिका नामक पुस्तक का उल्लेख राजस्थान के जैन शास्त्रों के भण्डारों की ग्रन्थ सूची में मिलता है, वही उसी पैरा में आगे लिखते हैं कि "महावीराचार्य ने इसमें बीजगणित की ही चर्चा की है" स्पष्ट है कि डा० अग्रवाल ने प्रति नहीं देखी थी। कासलीवाल जी को (वे गणित विद्वान् नहीं हैं) पुष्पिकाओं से बार-बार "महावीराचार्यस्य-कृतौ·······।" आदि आने के कारण महावीराचार्य की कृति होने की भ्रांति हो गयी तो अग्रवाल ने गणितसारसंग्रह में अंकगणित एवं क्षेत्रगणित के विषय होने एवं उनकी एक अन्य कृति ज्योतिष-पटल का उल्लेख मिलने के कारण शेष बचे (उस काल की परम्परा के अनुरूप) विषय को इसमें निहित मान लिया।

भारतीय गणित के स्वर्ण युग के गणितज्ञों में माधव चन्द्र त्रैविद्य का नाम इस कृति के प्रकाश में आने से अभिन्न रूप से जुड़ गया है। आशा है कि इस कृति का अनुवाद एवं तुलनात्मक अध्ययन मध्यकालीन गणित की प्रकृति को समझने के साथ ही महावीराचार्य के गणित को समझने मे भी सहायक होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ एवं लेख

1. Agrawa, M. B. Lal— I महावीराचार्य की जैन गणित को देन
   जैन सिद्धान्त भास्कर, (आरा), २८, १९६४, पृ० ४२-४७

   II गणित एवं ज्योतिष के विकास में जैनाचार्यों का योगदान,
   शोधप्रबन्ध, आगरा वि० वि०, १९७२, पृ० ३७७

2. Gupta, R. C. — Mahāvīrācārya on the perimeter & Area of Ellipse,
   M. E. (Shiwan) I (B), 1974, pp. 17-20

3. Jain, Anupam — I कतिपय अज्ञात जैन गणित ग्रन्थ,
   गणित भारती (दिल्ली), ४ (१,२) १९८२, पृ० ६१-७१

   II महावीराचार्य,
   दि० जैन त्रिलोक शोध संस्थान, हस्तिनापुर, १९८४

   III Mahāvīrācārya, The men & the mathematician,
   due for Publication Acta Ciencia Indica

4. Jain, J. P. — राष्ट्रकूट युग का जैन साहित्य सम्वर्द्धन मे योगदान,
   सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाश चन्द्र अभि० ग्रन्थ, रीवा, १९८०
   पृ० २७३-२८०

5. Jain, L. C. — महावीराचार्य कृत गणित सार संग्रह, प्रस्तावना परिशिष्ट एवं टिप्पण सहित सम्पादित, जैन संस्कृति संरक्षक संघ, शोलापुर, १९६३

6. Jain, N. C. — I भारतीय ज्योतिष का पोषक जैन ज्योतिष, वर्णी अभि० ग्रन्थ, सागर, १९५०, पृ० ४६९-४८४

II तीर्थंकर महावीर एवं उनकी आचार्य परम्परा—३, भा० दि० जैन विद्वत् परिषद्, सागर, १९७४

7. Jain, Parmanand — जैन धर्म का प्राचीन इतिहास, भाग—२, दिल्ली, १९७४

8 Kasliwal, K. C — राजस्थान के शास्त्र भण्डारो को ग्रन्थ सूची—भाग ३ श्री महावीर जो (राजस्थान)

9. Sen, S. N (with — Bag A K & Rav. R.) Bibliography of Samskrita works on Astronomy & Mathematics, I. N. S. A. New Delhi, 1966

10 Shah, A. L. — जैन साहित्य का बृहद् इतिहास—भाग ५ पा० वि० शोध संस्थान, वाराणसी, १९६९।

●

विमलसूरिकृत पउमचरिय में प्रतिमाविज्ञान-परक सामग्री

डा० मारुतिनन्दन प्रसाद तिवारी एवं डा० कमल गिरि

जैन दर्शन मे प्रारम्भ से ही जनभावना के सम्मान को वृत्ति रही है। इसी कारण अन्य भारतीय धर्मों के देवताओं को जैन देवविभाव मे औदार्यपूर्वक प्रवेश देकर सम्माननीय स्थान दिया गया। राम और कृष्ण जनमानस से जुड़े सर्वाधिक लोकप्रिय पात्र रहे हैं जिनके विस्तृत उल्लेख क्रमशः **रामायण** और **महाभारत** मे है। इन महाकाव्यो के चरित्र नायक राम और कृष्ण की जनप्रियता के कारण ही ई० शती के प्रारम्भ या कुछ पूव मे इन्हे जैन देवमण्डल मे स्थान मिला। पौराणिक दृष्टि से राम के पूर्ववर्ती होने के बाद भी जैन परम्परा मे राम की अपेक्षा कृष्ण के उल्लेख प्राचीन है। **उत्तराध्ययनसूत्र**, **अन्तकृतदशाः** एवं **ज्ञाताधर्मकथांग** जैसे प्रारम्भिक आगम ग्रन्थो मे वासुदेव से सन्दर्भित विभिन्न प्रसंग वर्णित हे। जन परम्परा मे राम का प्रारम्भिक और साथ ही विस्तृत उल्लेख नागेन्द्रकुल के (श्वेताम्बर) विमलसूरिकृत **पउमचरिय** (४७३ ई०) मे हुआ है।[1] रामायण के तीनो प्रमुख पात्रो, राम, लक्ष्मण और रावण (दशानन), को जैन देवमण्डल म लगभग ५वी शती ई० मे ६३ शलाकापुरुषो की सूची मे क्रमशः आठवें, बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव के रूप मे सम्मिलित किया गया।[2] **पउमचरिय** मे उल्लेख है कि सर्वप्रथम महावीर ने रामकथा का वर्णन किया जिसे कालान्तर मे साधुओ ने धारण किया, विमलसूरि ने उसी कथा को अधिक विस्तार तथा स्पष्टता के साथ गाथाओं म निबद्ध किया।[3]

पउमचरिय मे जैन प्रतिमाविज्ञान से सम्बन्धित प्रचुर सामग्री भी है जिसका अध्ययन यहां उद्दिष्ट है। यद्यपि **पउमचरिय** के आधार पर सांस्कृतिक एवं भौगोलिक अध्ययन[4] के प्रयास हुए हैं,

---

१. **पउमचरिय** मे राम का मुख्यत. पद्म और कहीं-कहीं राम (७८.३५, ४१, ४२), राघव (१.८८; ३९.१२६) एवं हलधर (३५.२२, ३९ २०,३१) नामो से भी उल्लेख हुआ है। **पउमचरिय** के पश्चात् जैन परम्परा में रामकथा से सम्बन्धित लिखे गए ग्रन्थो मे सघदासकृत **वसुदेवहिण्डी** (ल० ६०९ ई०), रविषेणकृत **पद्मपुराण** (६७८ ई०), शीलाचार्य कृत **चउपन्नमहापुरुसचरिय** (ल० ८वी शती ई०), गुणभद्रकृत **उत्तरपुराण** (ल० ९वी शती ई०), पुष्पदन्तकृत **महापुराण** (९६५ ई०) एवं हेमचन्द्रकृत **त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र** (१२वी शती ई० का उत्तरार्द्ध) मुख्य हैं।

२. ६३ शलका-पुरुषों की सूची सर्वप्रथम **पउमचरिय** (५.१४५-५६) में ही मिलती है।

३. यह प्रचलित किंवदन्ती प्रतीत होती है। **पउमचरिय** १.९० (स० एच० जेकोबी एवं मुनि पुण्यविजय, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, ग्रन्थांक—६, वाराणसी, १९६२)।

४. चन्द्र, के० आर०, **ए क्रिटिकल स्टडी ऑव पउमचरिय**, वैशाली, १९७०; मिश्रा, कामताप्रसाद **पउमचरियम् का भौगोलिक अध्ययन** पी-एच० डी० थीसिस (अप्रकाशित), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, १९८०।

किन्तु इसको प्रतिमाविज्ञान-परक सामग्री के अध्ययन का अब तक कोई प्रयास नहीं हुआ है। जैन मूर्तिविज्ञान के विकास की दृष्टि से गुप्तकाल का विशेष महत्व है। गुप्तकालीन कृति **पउमचरिय** में जैन देवमण्डल की स्पष्ट अवधारणा के साथ ही प्रतिमाविज्ञान-विषयक सामग्री का मिलना तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

६३ शलाकापुरुषों (श्रेष्ठजनों) की पूरी सूची सर्वप्रथम **पउमचरिय** मे ही मिलती है। यद्यपि शलाकापुरुषो की कल्पना पूर्ववर्ती आगम ग्रन्थो (**स्थानांग, समवायांग** एवं **कल्पसूत्रों**) मे भी उपलब्ध है, किन्तु इनमे ६३ के स्थान पर केवल ५४ ही उत्तम या शलाकापुरुषों के सन्दर्भ, और वह भी बिना नामोल्लेख के, है।

पउमचरिय मे जिनमूर्ति-निर्माण और पूजा के तो अनेक उल्लेख है। जिन-बिम्बों से युक्त रत्नजटित मुद्रिकाओ के धारण करने के यहाँ मिलने वाले सन्दर्भ जिन प्रतिमाओं की उस काल में लोकप्रियता के साक्षी है। एक स्थल पर 'सिंहोदर' नाम के शासक द्वारा रत्ननिर्मित मुनिसुव्रत-बिंब से युक्त स्वर्णमुद्रिका को दाहिने अँगूठे मे धारण करने, और मस्तक पर ले जाकर जिनेन्द्र को प्रणाम करने का उल्लेख मिलता है।[1] राम, लक्ष्मण और रावण को २०वें तीर्थंकर मुनिसुव्रत के साथ समकालिकता के बावजूद इस ग्रन्थ मे कही भी इनके द्वारा मुनिसुव्रत-प्रतिमा को स्थापना या पूजन, या उनसे भेंट का कोई सन्दर्भ नही है।[2] साथ ही जिन मुनिसुव्रत के मन्दिर एवं मूर्तियों के उल्लेख भी अत्यल्प है। मुनिसुव्रत को अपेक्षा १६वें तीर्थंकर शान्तिनाथ के मन्दिरों एवं मूर्तियों के अधिक सन्दर्भ है जो उस काल मे शान्तिनाथ की विशेष लोकप्रियता के साक्षी हैं। इस ग्रन्थ मे राम की तुलना म रावण का अधिक जिन भक्त के रूप मे निरूपित किया गया है। राम द्वारा जहाँ केवल कुछ ही स्थलो पर जिन मन्दिर की स्थापना और उसमे पूजन[3] के उल्लेख है, वही रावण द्वारा अनेक स्थलो पर जिन प्रतिमाओ की स्थापना एवं पूजन तथा जिन मन्दिरों के जीर्णोद्धार के सन्दर्भ

---

१. कारेमि रयणचित्तं, सुव्वयजिणबिम्बसन्निहियं।
सा नरवईण मुद्दा, कारावेऊण दाहिणङ्गुट्ठे॥
पउमचरिय ३३.५६-५७

२. एक स्थल पर अग्नि मे प्रवेश के पूर्व सीता द्वारा मुनिसुव्रतस्वामी की वन्दना करने का उल्लेख है।
पउमचरिय १०२.१४

३. सीयाएँ सम रामो, थोऊण जिणं विसुद्धभावेणं।
वरधम्मं आयरियं, पणमइ य पुणो पयत्तेण॥
पउमचरिय ३७.६१

पउमो सीयाएँ समं, जिणवरभवणाण वन्दणं काउं।
सद्द-रस रुवमाइ, भुञ्जइ देवो व्व विसयसुहं॥
पउमचरिय ९२.२६

जिणवरभवणाणि तहिं रामेणं कारियाणि बहुयाणि।
पउमचरिय ८०.१५;

द्रष्टव्य, पउमचरिय ४०.१६

मिलते हैं।[1] प्रस्तुत ग्रन्थ विद्यादेवियों के प्रारम्भिक विकास के अध्ययन की दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। राम, लक्ष्मण, रावण एवं ग्रन्थ के अन्य पात्रों द्वारा युद्धादि के समय अनेकशः विद्याओं की प्राप्ति के लिए पूजन आदि के सन्दर्भ मिलते हैं। जैन धर्म पर तन्त्र के प्रभाव के अध्ययन की दृष्टि से भी ग्रन्थ की कुछ सामग्री महत्त्वपूर्ण है। राम और लक्ष्मण द्वारा प्राप्त की गई गरुडा और केसरी विद्याओं[2] से ही कालान्तर में क्रमशः अप्रतिचक्रा और महामानसी विद्याओं का स्वरूप विकसित हुआ।

पउमचरिय मे यक्ष-यक्षियों के उल्लेख बहुत कम हैं। केवल प्राचीन परम्परा के पूर्णभद्र एवं माणिभद्र यक्षों के ही उल्लेख है।[3] इनके अतिरिक्त विनायकपूषण यक्ष,[4] महायक्ष अनादृत तथा सुनामा यक्षी[5] के भी उल्लेख मिलते हैं। इस ग्रन्थ में प्राचीन परम्परा को बहुपुत्रिका या अंबिका यक्षी तथा सर्वानुभूति या कुबेर यक्ष के उल्लेख का अभाव आश्चर्यजनक है। एक स्थल पर ह्री, श्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि, एवं लक्ष्मी नाम की देवियों का भी नामोल्लेख हुआ है।[6] पूर्ववर्ती आगम ग्रन्थों, विशेषतः **अंगविज्जा** एवं **व्याख्या-प्रज्ञप्ति** में हमें लोकपूजन मे प्रचलित देवताओं की विस्तृत सूची मिलती है, किन्तु **पउमचरिय** में नाग-नागो, प्रेत, पितर, स्कन्द, विशाख तथा इसी प्रकार के अन्य किसी देवता का कोई सन्दर्भ नही मिलता। पउमचरिय मे वस्तुतः यक्ष-यक्षी एव लोकोपासना मे प्रचलित देवों के स्थान पर विद्या देवियो को अधिक महत्त्व दिया गया है।

पउमचरिय मे राम के साथ हल और मूसल तथा लक्ष्मण के साथ चक्र एवं गदा के उल्लेख विचारणीय है।[7] हल-मूसल एव चक्र-गदा क्रमशः बलराम और कृष्ण-वासुदेव के आयुध है, जो परम्परा से राम और लक्ष्मण के पश्चात्कालीन है। रामकथा के प्रसंग मे मथुरा एवं कृष्णलीला से सम्बन्धित कुछ अन्य स्थलों का उल्लेख भी आश्चर्य का विषय है। **पउमचरिय** के अन्त में यह भी उल्लेख है कि पूर्व ग्रन्थो मे आये हुए नारायण तथा हलधर के चरितो को सुनकर ही विमलसूरि ने राघव चरित की रचना की।[8] कई स्थलों पर राम को पद्म, हलधर, हलायुध और लक्ष्मण को

१. **पउमचरिय** ८.२०; ९.८७-८९, १०.४६-४७, ५३; ११.३।

२. लद्धाओ गरुड-केसरिविज्जाओ राम-चक्कीणं ॥

—**पउमचरिय** ७८.४२

३. **पउमचरिय** ६७.३५,३७,४०,४८

४. **पउमचरिय** ३५.२२-२६; ७.१५०

५. **पउमचरिय** ३५.३४

६. **पउमचरिय** ३.५९

७. पत्तो हलं समुसलं, रामो चक्कं च लक्खणो धीरो।

—**पउमचरिय** ७८.४१;

........देइ गयं लक्खणस्स सुरपवरो।
दिव्वं हलं च मुसलं, पउमस्स वि तं पणामेइ ॥

—**पउमचरिय** ५९.८६

८. सीसेण तस्स रइय, राहवचरियं तु सूरिविमलेणं।
सोऊणं पुव्वगए, नारायण-सीरिचरियाइं ॥

—**पउमचरिय** ११८.११८

नारायण, चक्रधर तथा चक्रपाणि नामों या विशेषणों से भी अभिहित किया गया है।[1] एक स्थान पर विमलसूरि ने तीर्थंकरों के मध्य के कालान्तर से **भारत (महाभारत)** और **रामायण** के बीच ६ लाख से अधिक वर्षों के अन्तर का संकेत किया है।[2] (यह अंक निश्चित रूप से अत्यन्त अतिशयोक्तिपूर्ण है।[3])

पउमचरिय की ६३ महापुरुषों (शलाकापुरुषों) की सूची में वर्तमान अवसर्पिणी काल के २४ जिनों के अतिरिक्त १२ चक्रवर्ती (भरत, सगर, मघवा, सनत्कुमार, शान्ति, कुन्थु, अर, सुभूम, पद्म, हरिषेण, जयसेन, ब्रह्मदत्त), ९ बलदेव (अचल, विजय, भद्र, सुप्रभ, सुदर्शन, आनन्द, नन्दन, पद्म या राम, बलराम), ९ वासुदेव (त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ, स्वयंभू, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, पुरुषवर, पुण्डरीक, दत्त, नारायण या लक्ष्मण, कृष्ण) और ९ प्रतिवासुदेव (अश्वग्रीव, तारक, मेरक, निशुम्भ, मधुकैटभ, बलि, प्रह्लाद, रावण, जरासंध) के भी नामोल्लेख हैं।[4] ग्रन्थ में आगे के उत्सर्पिणी काल में भी इतने ही महापुरुषों के होने का उल्लेख है।[5] इस प्रकार जैन देवमण्डल की प्रारम्भिक अवधारणा की दृष्टि से **पउमचरिय** की ६३ महापुरुषों की सूची का विशेष महत्त्व है।

पउमचरिय में ऋषभनाथ, पार्श्वनाथ एवं कुछ विद्याओं के अतिरिक्त अन्य किसी जैन देवता के लक्षणों की चर्चा नहीं है। ग्रन्थ के रचनाकाल (४७३ ई०) तक कला में भी केवल ऋषभनाथ और पार्श्वनाथ तीर्थंकरों के ही लक्षण मिलते हैं। तीर्थंकर मूर्तियों में यक्ष-यक्षी युगलों का अंकन ६ठी शती ई० में और यक्षों तथा विद्याओं का स्वतन्त्र निरूपण ल० आठवीं शती ई० में प्रारम्भ हुआ।

जैन संप्रदाय में आराध्य देवों के अन्तर्गत जिनों का सर्वाधिक महत्त्व है। इन्हे देवाधिदेव भी कहा गया है। रामकथा से सम्बन्धित ग्रन्थ होने के बावजूद पउमचरिय में संभवतः इसी कारण तीर्थंकरों से सम्बन्धित अनेक सन्दर्भ हैं।[6] २४ तीर्थंकरों की वन्दना के प्रसंग में ग्रन्थ के प्रारम्भ में ऋषभनाथ को जिनवरों में वृषभ के समान श्रेष्ठ तथा सिद्ध, देव, किन्नर, नाग, असुरपति एवं भवनेन्द्रों

---

१. अवहिविमएण नाउं, हलधर-नारायणा तुरियवेगा।
—**पउमचरिय** ३५.२२; ३९.२०, ३१,१२६; ७०.३३, ३६; ७२.२२; ७३ ३,५, १९, ७६.३६; ७७.१; ७८.३२, ८०.२

२. छस्समंहिया उ लक्खा, वीरसाण अन्तरं समक्खाय।
तित्थयरेहिं महायस!, भारह-रामायणाणं तु॥
—**पउमचरिय** १०५.१६

३. ज्ञातव्य है कि **पउमचरिय** में ६३ महापुरुषों की सूची में ९ बलदेव और ९ वासुदेव के नामोल्लेख के क्रम में राम और लक्ष्मण का उल्लेख बलराम और कृष्ण के पूर्व ही हुआ है। (५.१५४-५५) साथ ही जैन परम्परा के अनुरूप राम २०वें तीर्थंकर मुनिसुव्रत और कृष्ण २२वें तीर्थंकर नेमिनाथ के समकालीन बताए गए हैं।

४. **पउमचरिय** ५.१४५-५६

५. **पउमचरिय** ५.१५७

६. ग्रन्थ में जिन और तीर्थंकर के साथ ही अर्हत् शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। **पउमचरिय** १.१;५.१२२

के समूह द्वारा पूजित बताया गया है।[१] इसी प्रकार एक स्थल पर महावीर को भी तीनों लोकों द्वारा पूजित बताया गया है।[२] विभिन्न प्रसंगों में तीर्थंकरों को ब्राह्मण देवों से श्रेष्ठ या उनके समकक्ष भी बताया गया है। एक स्थल पर अजितनाथ को ब्रह्मा, त्रिलोचन शंकर, स्वयं बुद्ध, अनन्तनारायण और तीनों लोकों के लिए पूजनीय अर्हत् कहा गया है।[३] इसी प्रकार एक अन्य स्थल पर ऋषभनाथ को स्वयंभू, चतुर्मुख, पितामह, भानु, शिव, शंकर, त्रिलोचन, महादेव, विष्णु, हिरण्यगर्भ, महेश्वर, ईश्वर, रुद्र और स्वयंसंबुद्ध नामों से संबोधित कर देवता और मनुष्यों द्वारा वंदित होने का भी उल्लेख है।[४]

पउमचरिय में २४ तीर्थंकरों की सूची तीन स्थलों पर वर्णित है।[५] इस सूची में चन्द्रप्रभ, सुविधिनाथ और महावीर का क्रमशः शशिप्रभ, कुसुमदंत (या पुष्पदन्त) और वीर नामों से भी उल्लेख हुआ है। ग्रन्थ मे मन्दिरों में सिंहासनास्थित लम्बी जटा एवं मुकुट से शोभित ऋषभदेव[६], तथा धरणेन्द्र नाग के फणों से मण्डित पार्श्वनाथ[७] की मूर्तियों के उल्लेख हैं। कुछ उदाहरणों मे ऋषभदेव को श्रीवत्स से लक्षित भी बताया गया है।[८] ऋषभनाथ, अजितनाथ, महावीर तथा कुछ अन्य तीर्थंकरों के जीवन चरितों का भी उल्लेख मिलता है। ग्रन्थ मे विभिन्न तीर्थंकरों की प्रस्तर, स्वर्ण, रत्न एवं काष्ठ निर्मित प्रतिमाओं के भी अनेक सन्दर्भ हैं।[९] ये तीर्थंकर मूर्तियां विभिन्न आकारों

---

१. सिद्ध-सुर-किन्नरोरग-दणुवइ-भवणिन्दवन्दपरिमहियं।
उसहं जिणवरवसहं, अवसप्पिणिआइतित्थयरं॥
—**पउमचरिय** १.१; २८.४९

२. वीरं विलीणरयमलं, तिहुयणपरिवन्दियं भयवं॥
—**पउमचरिय** १ ६

३. नाह। तुमं बम्भाणो, तिलोयणो सकरो सयंबुद्धो।
नारायणो अणन्तो, तिलोयपुज्जारिहो अरुहो॥
—**पउमचरिय** ५.१२२

४ सो जिणवरो सयभू, भाणु सिवो सकरो महादेवो।
विण्हू हिरण्णगब्भो, महेसरो ईसरो रुद्दो॥
—**पउमचरिय** १०९.१२;
द्रष्टव्य, **पउमचरिय** २८-४८

५. ऋषभनाथ, अजित, संभव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ, सुपार्श्व, चन्द्रप्रभ (शशिप्रभ), सुविधि (कुसुमदत्त या पुष्पदन्त), शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म, शांति, कुंथु, अर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, नेमि, पार्श्व एव महावीर (वीर)—
—**पउमचरिय** १ १-७; ५.१४५-५१; २०.४-६

६. **पउमचरिय** २८.३९

७. **पउमचरिय** १.६

८. **पउमचरिय** ४.४

९. **पउमचरिय** ६६.११;७७.२७;८९.५९

मे बनती थी। जिन-बिम्ब-युक्त रत्नजटित मुद्रिका, अंगूठे-बराबर जिन प्रतिमा तथा रावण द्वारा लघुकाय जिन प्रतिमा के सर्वदा साथ रखने से सम्बन्धित विभिन्न सन्दर्भ जिन-प्रतिमा-पूजन की लोकप्रियता के साक्षी हैं[1]। पउमचरिय में विभिन्न स्थलों पर ऋषभनाथ एवं महावीर तीर्थंकरों के साथ सामान्यतः पाँच (सिंहासन, छत्र, चामर, अशोक वृक्ष, भामण्डल)[2] या सात (आसन, छत्र, चामर, भामण्डल, कल्पवृक्ष, दुन्दुभिघोष, पुष्पवर्षा)[3] प्रातिहार्यों के उल्लेख मिलते हैं।[4] किन्तु दो स्थलों पर अजितनाथ और महावीर के साथ महाप्रातिहार्यों की संख्या आठ भी बताई गई है।[5] ज्ञातव्य है कि गुप्तकाल तक जिनमूर्तियों मे अष्टप्रातिहार्यों का नियमित रूप से अंकन होने लगा था।[6]

पउमचरिय में जिन मूर्तियों एवं मन्दिरों के निर्माण के भी प्रचुर सन्दर्भ हैं। एक उल्लेख के अनुसार मथुरा में सात जैन मुनियों ने शत्रुघ्न को जिन मन्दिरों के निर्माण तथा घर-घर में जिन प्रतिमाओं की स्थापना का निर्देश दिया था।[7] एक स्थान पर कहा गया है कि अंगूठे के आकार की जिन प्रतिमा भी महामारी का विनाश करने मे सक्षम है।[8] संभवतः घर-घर मे जिन प्रतिमा की स्थापना का सन्दर्भ इसी सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित था। विदेह, साकेतपुरी, मथुरा, दशपुर, लंका, पोतनपुर, कैलाशपर्वत, सम्मेतशिखर एव इसी प्रकार अन्य कई स्थलो पर जिन मन्दिरों (या चैत्यों) की विद्यमानता के उल्लेख हैं। मिथिला, लंकापुरी (२ मन्दिर), दशपुर और साकेतपुरी के मन्दिर क्रमशः ऋषभनाथ, पद्मप्रभ (और शान्तिनाथ), चन्द्रप्रभ एवं मुनिसुव्रत को समर्पित थे।[9] इस प्रकार पउमचरिय मे केवल ऋषभनाथ, पद्मप्रभ, चन्द्रप्रभ, शान्तिनाथ एवं मुनिसुव्रत की ही मूर्तियों एवं मन्दिरों के उल्लेख मिलते है। अन्तिम तीन तीर्थंकरों—नेमिनाथ पार्श्वनाथ एवं महावीर के मन्दिरों एवं मूर्तियों का सन्दर्भ न देकर रचनाकार ने ऐतिहासिक काल-

---

१. पउमचरिय ३३.५६-५७; १० ४५-४६

२. पउमचरिय २.५३

३. ''' उप्पज्जइ आसणं जिणिन्दस्स । छत्ताइछत्त चामर, तहेव भामण्डलं विमलं ॥
कप्पद्दुमो य दिव्वो, दुन्दुहिघोम च पुप्फवरिस च ।
सव्वाइमयममग्गो, जिणवरइड्ढि समणुपत्तो ॥
—पउमचरिय ४ १८-१९

४. इस सूची में दिव्यध्वनि का अनुल्लेख है।

५. ''''अट्ठमहापाडिहेरपरियरिओ । विहरइ जिणिन्दभाणू, बोहिन्तो भवियकमलाइं ।
—पउमचरिय २.३६

''''चोत्तीस च अइसया, अट्ठ महापाडिहेरा य ॥
— पउमचरिय ५.६०

६. चामरधर, प्रभामण्डल एव देव दुन्दुभि का उल्लेख मिलता है।

७. पउमचरिय ८९.५०-५१

८. पउमचरिय ८९.५३-५४

९. पउमचरिय २८.३९; ३३.१२६; ७७.२५,२७; ६६.२६; ६७.३६; ७७.३; ८९.२०

क्रम की मर्यादा का निर्वाह किया है। ज्ञातव्य है कि ये तीनों ही तीर्थंकर मुनिसुव्रत के पश्चात्कालीन हैं। राम द्वारा पद्मप्रभ और चन्द्रप्रभ तथा रावण द्वारा शान्तिनाथ मन्दिरों में पूजन के कई सन्दर्भ मिलते हैं।[१] इनके अतिरिक्त हरिषेण (दसवें चक्रवर्ती), बालि, विनयवती (सामान्य-महिला) एवं शत्रुघ्न द्वारा भी जिन मन्दिरों के निर्माण, पुनरुद्धार तथा मूर्तिपूजन के उल्लेख हैं।[२]

पउमचरिय के उल्लेख से प्रकट है कि तीर्थंकर मूर्तियाँ अष्टप्रातिहार्यों सहित सामान्यतः ध्यानमुद्रा में सिंहासन पर विराजमान होती थीं। विमलसूरि ने जिनेन्द्रों की प्रतिमाओं को सर्वांग-सुन्दर बनाने का विधान किया है।[३] तीर्थंकरों के साथ यक्ष और यक्षी के निरूपण की कोई चर्चा नहीं है। केवल एक स्थल पर राजगृह के यक्ष मन्दिर का उल्लेख आया है।[४]

राम और लक्ष्मण की अपेक्षा **पउमचरिय** में रावण के अधिक उल्लेख हैं। **पउमचरिय** एवं परवर्ती ग्रन्थों मे रामकथा के अनेकशः उल्लेख के बाद भी जैन स्थलों पर राम का मूर्त अंकन नही हुआ। मूर्त अंकन का एकमात्र उदाहरण खजुराहो के पार्श्वनाथ मन्दिर (ल० ९५०-७० ई०) पर है। इस मन्दिर की उत्तरी भित्ति पर राम-सीता और हनुमान की मूर्तियाँ हैं जिसमें चतुर्भुज राम, सीता सहित आलिंगन मुद्रा में खड़े हैं और समीप ही कपिमुख हनुमान की भी आकृति बनी है। राम का एक दक्षिण कर पालित मुद्रा में हनुमान के मस्तक पर स्थित है। इस मन्दिर के शिखर पर भी दक्षिण की ओर रामकथा का एक दृश्य उत्कीर्ण है।[५] दृश्य में क्लान्तमुख सीता को अशोकवाटिका में आसीन और कपिमुख हनुमान से राम की मुद्रिका प्राप्त करते हुए दिखाया गया है।

पउमचरिय में देवताओं के चतुर्वर्गों (भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क एवं वैमानिक) का अनुल्लेख आगम ग्रन्थों में उनकी चर्चा को दृष्टिगत करते हुए सर्वथा आश्चर्यजनक है। लोकपालों (परवर्ती दिक्पालों) मे भी केवल पाँच ही के नामोल्लेख मिलते हैं। एक स्थान पर लोकपालों से घिरे इन्द्र के ऐरावत गज पर आरूढ़ होने तथा इन्द्र द्वारा ही शशि (सोम), वरुण, कुबेर और यम की क्रमशः पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशाओं मे स्थापना का उल्लेख है।[६] **पउमचरिय** मे

१. **पउमचरिय** ७७.२७; ६७.४२.

२. हरिषेण द्वारा काम्पिल्यपुर, विनयवती द्वारा गोवर्धन ग्राम तथा शत्रुघ्न द्वारा मथुरा में जिन मन्दिर निर्माण के उल्लेख मिलते है।

—**पउमचरिय** ८.२०९; २०.११७, ८९.५८; ९.३; ७४-७६.

३. **पउमचरिय** ४४.११

४. **पउमचरिय** ८२.४६

५. तिवारी, मारुति नन्दन प्रसाद, **एलिमेन्ट्स ऑव जैन आइकनोग्राफी**, वाराणसी, १९८३, पृ० ११५-१६

६. सोऊण रक्खसबलं, समागय लोगपालपरिकिण्णो।
एरावणमारूढो, नयराओ निग्गओ इन्दो ॥—**पउमचरिय** ७.२२;
ठविओ पुव्वाएँ ससी, दिसाएँ वरुणो य तत्थ अवराए।
उत्तरओ य कुबेरो, ठविओ च्चिय दक्खिणाएँ जमो ॥—**पउमचरिय** ७.४७;
एक स्थल पर इन्द्र द्वारा पाँचवें दिक्पाल के रूप में वैश्रवण को प्रतिष्ठित करने का भी उल्लेख है।

—**पउमचरिय** ७.५६-५७

केवल इन्द्र, वरुण, कुबेर एवं यम का ही लोकपालों की सूची में उल्लेख दो सम्भावनाओं की ओर निर्दिष्ट करता है : या तो पाँचवी शती ई० के अन्त तक आठ दिक्पालों की सूची नियत नहीं हुई थी या फिर उन्हे जैन परम्परा मे मान्यता नही मिली थी। इस सन्दर्भ मे शशि (या सोम) का लोकपाल के रूप में उल्लेख भी महत्त्वपूर्ण है।[1] इस ग्रन्थ मे इन्द्र के आयुध वज्र और सेनापति हरिणैगमेषी के भी उल्लेख है।[2]

पउमचरिय मे विभिन्न स्थलों पर विद्याधरो तथा उनके प्रमुखों के नाम और वंशावली भी दी गई है।[3] इन विद्याधरों मे पूर्णधन, मेघवाहन, सुलोचन (विद्याधर अधिपति), सहस्रनयन, धनवाहन, श्रीधर, अशनिवेग एव रत्नरथ मुख्य हैं।[4] विद्याधर पत्नियों एवं कन्याओं के हमें कुछ ऐसे ही नाम मिलते है जो कालान्तर मे यक्षियो के नाम हुए। इनमे मनोवेगा और पद्मावती प्रमुख हैं।

पउमचरिय मे विद्याओं के उल्लेख ही निःसन्देह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। एक स्थल पर उल्लेख है कि ऋषभदेव के पौत्र, नमि और विनमि, को धरणेन्द्र ने बल एवं समृद्धि की अनेक विद्यायें प्रदान की थीं।[5] युद्धादि अवसरों पर राम, लक्ष्मण, रावण, भानुकर्ण (कुम्भकर्ण), विभीषण आदि द्वारा अनेक विद्याओ की सिद्धि के विस्तृत सन्दर्भ हैं। ग्रन्थ मे स्पष्टतः विद्याओ की सिद्धि से विभिन्न ऋद्धियो एव शक्ति को प्राप्ति का सकेत दिया गया है। विद्याओ की प्राप्ति के लिए वीतरागी तीर्थंकरो की आराधना के सन्दर्भ सर्वप्रथम **पउमचरिय** में ही मिलते है। एक स्थल पर रावण द्वारा शान्तिनाथ के मन्दिर मे बहुरूपा (या बहुरूपिणी) महाविद्या की सिद्धि करने तथा युद्धस्थल मे इस महाविद्या के रावण के समीप ही स्थित होने के सन्दर्भ महत्त्वपूर्ण हैं।[6] **पउमचरिय** के विवरण से विद्याओ को सिद्धि मे तान्त्रिक साधना का भाव भी स्पष्ट है। सिद्ध होने पर ये विद्याएँ स्वामी के लिए सभी प्रकार के कार्य करने मे सक्षम थी। रावण द्वारा सिद्ध बहुरूपा महाविद्या के लिए सम्पूर्ण त्रिलोक साध्य था।[7] विद्या की साधना मे तत्पर रावण के ध्यान की एकाग्रता को एकाग्र मन से सोता का चिन्तन करने वाले राम के समान बताया गया है। विभीषण का राम से यह कहना कि बहुरूपिणी महाविद्या की सिद्धि के बाद देवता भी रावण को जीतने में समर्थ नही होंगे—अत्यन्त

१. मनु द्वारा वर्णित अष्टदिक्पालो को सूची मे भी परवर्ती सूची के निऋति एव ईशान् के स्थान पर सोम एव अर्क (सूर्य) के नामोल्लेख है। विमलसूरि की सूची मनु से प्रभावित प्रतीत होती है।

२. **पउमचरिय** ७.११

३. **पउमचरिय** ५.२५७

४. **पउमचरिय** ५.६५-७०, १६४; ६.१५७

५ **पउमचरिय** ३.१४४-४९

६. **पउमचरिय** ६७.१-३, ६९ ४६-४७, ७२.१५

७. एयम्मि देसयाले, उज्जोयन्ती दिसाउ सव्वाओ।
जयसद्द कुणमाणी, बहुरूवा आगया विज्जा॥
तो भणइ महाविज्जा, सिद्धा हं तुज्झ कारणुज्जुत्ता।
सामिय ! देहाऽऽणत्ति, सज्झ मे सयलतेलोक्कं॥

—**पउमचरिय** ६८.४६-४७

महत्त्वपूर्ण है।[१] बहुरूपा विद्या की सिद्धि में रावण ने भूमि पर योगस्थ रूप में सहस्रदल पद्मों के साथ साधना की थी।[२] एक स्थल पर राम का कुमारों और हनुमान की प्रव्रज्या पर टिप्पणी करते हुए यह कहना कि प्रयोगमती कुशल विद्या के न होने के कारण ही वे तप और संयम की ओर अभिमुख हुए हैं, विद्याओं के महत्त्व को प्रकट करता है।[३] युद्ध में विजय प्राप्ति के उद्देश्य से राम और लक्ष्मण ने महालोचन देव का स्मरण किया था जिसने तुष्ट होकर राम को सिंहवाहिनी विद्या और लक्ष्मण को गरुडा विद्या दी।[४] एक स्थान पर रावण द्वारा विविध रूपधारी हजारों विद्याओं की सिद्धि का भी उल्लेख हुआ है।[५] इस ग्रंथ मे रावण द्वारा सिद्ध अनेक विद्याओं मे से एक स्थल पर ५५ विद्याओं की सूची भी दी गई है। इस सूची में आकाशगामिनी, कामदायिनी, कामगामी, दुर्निवारा, जयकर्मा, प्रज्ञप्ति, भानुमालिनी, अणिमा, लघिमा, मनःस्तम्भनी, अक्षोभ्या, संवाहिनी, सुरध्वसी, कौमारी, वधकारिणी, सुविधाना, तमोरूपा, विपुलाकारी, दहनी, शुभदायिनी, रजोरूपा, दिन-रजनीकरी, वज्रोदरी, समादिष्टी, अजरामरा, विसंज्ञा, जलस्तम्भनी, अग्निस्तम्भनी, गिरि-दारिणी, अवलोकनी, अरविध्वंसिनी, घोरा, वीरा, भुजगिनी, वारुणी, भुवना, दारुणी, मदनाशनी, रवितेजा, भयजननी, ऐशानी, जया, विजया, बन्धनी, वाराही, कुटिला, कीर्ति, वायुद्भवा, शान्ति, कौवेरी, शंकरी, योगेश्वरी, बलमथनी, चाण्डाली, वर्षिणी विद्याओं के नाम है।[६] इसी प्रकार भानुकर्ण ने सर्वरोहिणी, रतिवृद्धि, आकाशगामिनी, जम्भिणी तथा निद्राणी नाम वाली पाँच और विभीषण ने सिद्धार्था, अरिदमनी, निर्व्याघाता एव आकाशगामिनी इन चार विद्याओं की सिद्धि प्राप्त की थी।[७]

पउमचरिय मे ही अन्यत्र रत्नश्रवा द्वारा सिद्ध मानससुन्दरी महाविद्या तथा रावण एवं उनके भ्राताओं द्वारा सिद्ध सर्वकामा नाम वाली अष्टाक्षरा विद्या के भी उल्लेख हैं।[८] इन महा-विद्याओं के स्वरूप एवं उनकी सिद्धि से प्राप्त होने वाली दिव्य शक्तियाँ तथा इनकी उपासना पद्धति के आधार पर इनका तांत्रिक देवियाँ होना निर्विवाद है। सर्वकामा नाम की अष्टाक्षरा विद्या की सिद्धि एक लाख जाप से हुई थी जिसके मंत्रों का परिवार दस करोड़ हजार बताया गया है।[९]

---

१. पउमचरिय ६७.

२. **पउमचरिय** ६८.२३, २७

३. अहवा ताण न विज्जा, अत्थि सहीणा, पओगमइकुसला।
   जेणुज्झिऊण भोगा, ठिया य तव-संजमाभिमुहा ॥—**पउमचरिय** १०९ ३

४. पउमस्स देइ तुट्ठो, नामेण सीहवाहिणी विज्जं।
   गरुडा परियणसहिया, पणामिया लिच्छनिलयस्स ॥—**पउमचरिय** ५९.८४

५. **पउमचरिय** ७.१३०

६. **पउमचरिय** ७.१३५-४२

७. **पउमचरिय** ७.१४४-४५

८. **पउमचरिय** ७.७३,१०७

९. अविऊण समावत्ता, विज्जा वि हु सोलसक्खरनिबद्धा।
   दहकोडिसहस्साइ, जीसे मन्ताण परिवारो ॥—**पउमचरिय** ७.१०८

पउमचरिय में उल्लिखित विद्यादेवियों का कालान्तर में ल० आठवीं-नवीं शती ई० में १६ महाविद्याओं की सूची के निर्धारण की दृष्टि से विशेष महत्त्व रहा है। इन्हें सामान्यतः विद्या कहा गया है। केवल मानससुन्दरी, बहुरूपा तथा कुछ अन्य को ही महाविद्या माना गया है।[1] ग्रन्थ में सर्वकामा विद्या को षोडशाक्षर विद्या बताया गया है। संभव है षोडशाक्षराविद्या की कल्पना से ही कालान्तर में १६ महाविद्याओं की धारणा का विकास हुआ हो। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में विद्या-देवियों की कल्पना यक्ष-यक्षी युगलों (या शासनदेवताओ) से प्राचीन रही है। इसी कारण दिगम्बर परम्परा के २४ यक्षियों के नामों मे से अधिकांश पूर्ववर्ती महाविद्याओं के नामों से प्रभावित हैं। इनमें रोहिणी, प्रज्ञप्ति, वज्रशृंखला, पुरुषदत्ता, काली, ज्वालामालिनी, महाकाली, वैरोट्या, मानसी और महामानसी के नाम उल्लेखनीय हैं। पउमचरिय की विद्यादेवियों की सूची मे प्रज्ञप्ति, गरुडा, सिंहवाहिनी, दहनीय (या अग्निस्तंभनी), शंकरी, योगेश्वरी, भुजंगिनी, सर्वरोहिणी, वज्रोदयी जैसी विद्याओं के नाम ऐसे हैं जिन्हे १६ महाविद्याओं की सूची मे या तो उसी रूप मे या किंचित् नाम-परिवर्तन के साथ स्वीकार किया गया। १६ महाविद्याओं की सूची में इन्हें क्रमशः प्रज्ञप्ति, अप्रतिचक्रा, महामानसो, सर्वास्त्रमहाज्वाला (या ज्वाला), गौरी, काली (या महाकाली), वैरोट्या, रोहिणी तथा वज्रांकुशा नाम दिया गया है। इसी प्रकार बहुरूपा (या बहुरूपिणी) विद्या कालान्तर में दिगम्बर परम्परा में २० वें तीर्थंकर मुनिसुव्रत की यक्षी के रूप में मान्य हुई। रावण द्वारा सिद्ध ५५ विद्याओं में हमे कौमारी, कौवेरी, योगेश्वरी (या चाण्डाली) तथा वर्षिणी (ऐन्द्री ?) जैसी मातृकाओं तथा वारुणी एवं ऐशानी जैसी दिक्पाल-शक्तियों के नामोल्लेख मिलते हैं। इनके अतिरिक्त अक्षोभ्या, मनःस्तंभिनी जैसी विद्याओं के नाम बौद्ध परम्परा से संबंधित प्रतीत होते हैं। इस प्रकार पउमचरिय में उल्लिखित विद्यादेवियों मे जैन परम्परा के साथ ही ब्राह्मण और बौद्ध परम्परा की देवियाँ भी हैं।

●

रीडर, कला इतिहास विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

१. पउमचरिय ७८.७३। ६७.२

जैनतंत्र साधना में सरस्वती

डॉ० मारुतिनन्दन तिवारी,
डॉ० कमल गिरि,

तंत्र केवल धर्म या विश्वास ही नही वरन् एक विशेष प्रकार की जीवन पद्धति भी है। भारतीयों में प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप मे तत्र भाव विद्यमान रहा है।[1] ब्राह्मण और बौद्ध धर्मों के समान जैन धर्म मे भी प्राचोन काल से ही तंत्र का विशेष महत्त्व था। पर जैन धर्म मे तंत्र मुख्यतः मंत्रवाद के रूप मे था।[2] जैन धर्म में तांत्रिक साधना के घिनोने आचरण पक्ष को कभी भी मान्यता नही मिली। मंत्रवाद की जैन परम्परा गुप्तकाल मे प्रारम्भ हुई और मध्यकाल तक उसमें निरन्तर विकास होता गया।[3]

जैन धर्म मे मंत्रवाद के साथ ही शारीरिक, मानसिक और आत्मा की शान्ति तथा पवित्रता के लिए विद्या-शक्ति को भी महत्त्व दिया गया।[4] विद्वान् मत्र और विद्या मे भेद बताते है, किन्तु दिव्य शक्तियों से सम्बन्धित दोनो ही पद्धतियाँ मूलतः एक हैं। मत्रवाद मे ओम्, ह्रीम्, क्लीम्, स्वाहा जेसे अक्षरो एव प्रतीको द्वारा विभिन्न देवों का आह्वान किया जाता है जबकि विद्या, देवियो की साधना से सम्बन्धित है।[5] **समवायांगसूत्र** मे मंत्र और विद्याओं की साधना को पाप श्रुत मे रखा गया है जिसका व्यवहार जैन भिक्षुओं के लिए निषिद्ध था।[6] पर दूसरो ओर **नायाधम्मकहाओ** मे महावीर के शिष्य सुधर्मा को विज्जा (विद्या) ओर मंत्र दोनो ही का ज्ञाता भी कहा गया हैं।[7]

---

१. फिलिप, रॉसन, **दि आर्ट ऑव तंत्र**, दिल्ली, १९७३, पृ० ९-१२

२. द्रष्टव्य शाह, यू० पी०, 'ए पीप इनटू दि अर्ली हिस्ट्री आफ तंत्र इन जैन लिट्रेचर', **भरत कौमुदी खण्ड**—२, १९४७, पृ० ८३९-५४; शर्मा, बी० एन०, **सोशल लाइफ इन नार्दर्न इण्डिया**, दिल्ली, १९६६, पृ० २१२-१३

३. **झवेरी**, मोहनलाल भगवानदास, **कम्परेटिव ऐण्ड क्रिटिकल स्टडी ऑव मंत्रशास्त्र**, अहमदाबाद, १९४४, पृ० २९३-९४; विमलसूरि (ल० ४७३ ई०), मानतुंगसूरि (ल० प्रारम्भिक ७वी शती ई०) हरिभद्रसूरि (ल० ७४५-८५ ई०), उद्योतनसूरि (७७८ ई०) एवं बप्पभट्टिसूरि जैसे प्रारम्भिक जैन आचार्यों की रचनाओं मे मंत्र और विद्याओं के पर्याप्त प्रारम्भिक सदर्भ हैं। नेमिचन्द्र, वर्धमानसूरि एव अन्य अनेक परवर्ती जैन आचार्यों की रचनाओं के मान्त्रिक श्लोकों में मंत्रों एवं विद्याओं के प्रचुर एवं विस्तृत उल्लेख मिलते हैं।

४. झवेरी, मोहनलाल भगवानदास, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० २९४

५. जिनभद्रक्षमाश्रमणकृत **विशेषावश्यकभाष्य** (ल० ५८५ ई०) गाथा ३५८९. स० दलसुख मालवणिया एवं बेचरदास, जे० दोशी, लालभाई दलपतभाई सिरीज २१, अहमदाबाद, १९६८; शाह, यू० पी०, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० ८५०-५१

६. शाह, यू० पी०, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० ८४३-४४

७. **नायाधम्मकहाओ** १.४ : सं० एन० वी० वैद्य, पूना, १९४०, पृ० १

विद्याओं के सन्दर्भ प्रारम्भिक आगम ग्रन्थों में भी हैं[१]। पाँचवी शती ई० तक जैन धर्म में इनका एक निश्चित स्थान बन चुका था। विमलसूरिकृत **पउमचरिय** (लगभग ४७३ ई०) में गरुडा (कालान्तर में चक्रेश्वरी), सिंहवाहिनी (अम्बिका), बहुरूपा (बहुरूपिणी), निद्राणी, सिद्धार्था, सर्वकामा, महासुन्दरी जैसी कई विद्याओं के सन्दर्भ हैं। विभिन्न अवसरों पर राम, लक्ष्मण, रावण आदि ने इनकी साधना की थी।[२] कोट्यार्यवादी गणि ने भी जैन तंत्र मे प्रचलित कुछ विद्याओं के सन्दर्भ दिये हैं।[३] जैन परम्परा में विद्याओं की कुल संख्या ४८ हजार बतायी गयी है।[४] इनमें से १६ विद्याओं को लेकर आठवी शती ई० में महाविद्याओ की सूची नियत हुई। इन्हीं महाविद्याओ में से कुछ को (रोहिणी, प्रज्ञप्ति, काली, अप्रतिचक्रा, महाकाली, गौरी, वैरोट्या, मानसी, वज्र-शृङ्खला, ज्वालामालिनी तथा महामानसी) ८वी-९वीं शती ई० में २४ यक्षियों की सूची में भी सम्मिलित किया गया। देवगढ के शान्तिनाथ मन्दिर (सं० १२, ८६२ ई०) पर निरूपित २४ यक्षियों के समूह में इन महाविद्याओं (अप्रतिचक्रा, वज्रशृङ्खला, नरदत्ता, महाकाली, वैरोट्या, अच्छुप्ता तथा महामानसी) को स्पष्टतः पहचाना जा सकता है। मध्यकाल की लोकप्रिय विद्याओं में कुष्माण्डी (या अम्बिका), पद्मावती, वैरोट्या और ज्वालामालिनी सर्वप्रमुख थी।[५]

जैन धर्म में श्रुत विद्या के रूप में सरस्वती की आराधना अत्यन्त प्राचीन है। द्वादशांग जैन ग्रन्थों को श्रुतदेवता के अवयव और १४ पूर्व ग्रन्थों को उनका आभूषण बताया गया है।[६] जैन धर्म में सरस्वती की साधना अज्ञानता तथा दुःखों को दूर करने के लिए की गयी है। ब्राह्मण धर्म में सरस्वती को प्रारम्भ से ही विद्या के साथ विभिन्न ललितकलाओं (संगीत) की देवी भी माना गया पर जैन धर्म मे लगभग नवी शती ई० तक सरस्वती केवल विद्या की ही देवी रही। यही कारण है कि १०वी शती ई० के पूर्व उनके सगीत या अन्य ललितकलाओं से सम्बन्धित होने के संकेत साहित्य या मूर्त रूपों में हमें नही मिलते हैं।

---

१. **सूत्रकृतांग** (२ २ १५—पी० एल० वैद्य—सं०, १, १९२८, पृ० ८७) एव **नायाधम्मकहाओ** (१६, १२९—एन० वी० वैद्य—सं०, पृ० १८९) में उत्पतनी, वेताली, गौरी, गन्धारी, जम्भणि, स्तम्भनी, अन्तर्धानी एवं अन्य कई विद्याओ के नामोल्लेख मिलते है।

२ **पउमचरिय** ७. ७३-१०७, ७.१४४-४५, ५९.८४, ६७.१-३ : एक स्थल पर **पउमचरिय** में राम के साथ युद्ध के प्रसङ्ग में रावण द्वारा ५५ विद्याओं की सामूहिक साधना की भी उल्लेख है (७.१३५-४४)

३. **विशेषावश्यक भाष्य** पर कोट्यार्यवादी गणि की टीका में भी अम्बकुष्माण्डी, महारोहिणी, महापुरुषदत्ता एवं महाप्रज्ञप्ति विद्याओं के नामोल्लेख हैं (गाथा ३५९०)

४. संघदासगणि (ल० ७०० ई०) के **बसुदेवहिण्डी** एवं हेमचन्द्रसूरि (१२वी शती ई० का मध्य) के **त्रिशष्टिशलाकापुरुषचरित्र** में विद्याओं की कुल संख्या ४८००० बताई गई है।

५. दिगम्बर ग्रन्थकार मल्लिषेण एवं इन्द्रनन्दि ने क्रमशः भैरव **पद्मावतीकल्प** (ल० १०४७ ई०) और **ज्वालिनीमाता** (ल० ९३९ ई०) की रचना की थी।

६. द्वादशागश्रुतदेवाधिदेवते सरस्वत्यै स्वाहा, **निर्वाणकलिका**, पृ० १७ : द्रष्टव्य शाह, यू० पी०, आइकनोग्राफी ऑव जैन गाडेस सरस्वती, **जर्नल ऑव यूनिवर्सिटी ऑव बॉम्बे**, खण्ड—१०, (न्यू सिरीज), भाग—२, सितम्बर १९४१, पृ० १९६

ज्ञान और पवित्रता की देवी होने के कारण ही सरस्वती के साथ हंसवाहन और करों मे पुस्तक, अक्षमाला, वरदमुद्रा तथा जलपात्र दिखाये गये। जैन धर्म में सरस्वती पूजन की प्राचीनता **व्याख्याप्रज्ञप्ति** (लगभग दूसरी-तीसरी शती ई०), शिवशर्माकृत **पक्खियसूत्र** (लगभग ५वीं शती ई०), सिंहसूरि क्षमाश्रमणकृत **द्वादशारनयचक्रवृत्ति** (लगभग ६७५ ई०), हरिभद्र सूरिकृत **पंचाशक** (लगभग ७७५ ई०) और **संसार-दावानल-स्तोत्र**, **महानिशीथसूत्र** (लगभग ९वीं शती ई०) तथा **बप्पभट्टि** सूरिकृत **शारदास्तोत्र** (लगभग ८वी शती ई० का तीसरा चरण) के साहित्यिक सन्दर्भों एवं पुरातात्विक उदाहरणों में मथुरा से प्राप्त प्राचीनतम कुषाणकालीन (१३२ ई० या १४९ ई०) सरस्वती प्रतिमा से समझी जा सकती है। जैन मन्दिरों, विशेषतः पश्चिम भारत के मन्दिरों, पर सरस्वती के अनेकशः निरूपण से भी सरस्वती पूजन को लोकप्रियता सिद्ध होती है। श्वेताम्बर परम्परा में ज्ञानपंचमी और दिगम्बर परम्परा में श्रुतपंचमी का आयोजन भी सरस्वती की लोकप्रियता का ही साक्षी है। जैनों मे प्रचलित श्रुतदेवता, तपस, श्रुतस्कन्ध और श्रुतज्ञान व्रत भी सरस्वती से ही सम्बन्धित हैं।[१]

दिगम्बर सम्प्रदाय की अपेक्षा श्वेताम्बर सम्प्रदाय में सरस्वती पूजन अधिक लोकप्रिय था। यही कारण है कि बादामी, ऐहोल एवं एलोरा जैसे दिगम्बर जैन स्थलों पर सरस्वती की मूर्तियाँ नहीं बनीं। पूर्व मध्यकाल में श्वेताम्बर सम्प्रदाय में सरस्वती की साधना शक्ति के रूप मे भी की गई, जिसमें आगे चलकर तंत्र का भी प्रवेश हुआ।

प्रभाचन्द्राचार्यकृत **प्रभावकचरित** (लगभग १२५० ई०), मेरुतुंगाचार्यकृत **प्रबन्धचिन्तामणि** (लगभग १३०५-०६ ई०) राजशेखरसूरिकृत **प्रबन्धकोश** (लगभग १३४८-४९ ई०) तथा जिनमण्डन-कृत **कुमारपालचरित** (लगभग १४३५-३६ ई०) जैसे मध्यकालीन जैन ग्रन्थों में जैन भिक्षुओं एवं बप्पभट्टिसूरि, हेमचन्द्र, मल्लिषेण, मल्लवादिसूरि (द्वितीय) तथा नरचन्द्रसूरि जैसे जैन आचार्यों द्वारा सरस्वती की तांत्रिक साधना के फलस्वरूप विभिन्न विद्यापरक शक्तियाँ प्राप्त करने के प्रचुर उल्लेख हैं। सरस्वती की मान्त्रिक एव तान्त्रिक साधनाओं से असाधारण कवि और वादी बनने के साथ ही अन्य कई प्रकार की विद्या शक्तियाँ भी प्राप्न होती थीं।[२] हेमचन्द्र ने **अलंकारचूडामणि** में ऐसे सारस्वत मंत्रों को पूर्ण मान्यता भी दी है।[३] प्रतिद्वन्द्वियों पर विजय करने के लिए हेमचन्द्र तथा अन्य कई जैन आचार्यों ने ब्राह्मी देवी की कृपा प्राप्त करने के उद्देश्य से ब्राह्मीदेश (कश्मीर) की यात्रा भी की थी।[४]

प्रबन्धकाव्यों मे गोपगिरि के शासक आमराज के दरबार के बौद्ध भाषाकार वर्धनकुंजर को पराजित करने के लिए जैन आचार्य बप्पभट्टिसूरि द्वारा सरस्वती की साधना करने का विस्तृत

---

१. शाह, यू० पी०, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० १९९.

२. **चतुर्विंशतिका** (बप्पभट्टिसूरि कृत)—परिशिष्ट शारदास्तोत्र ११; **जैनस्तोत्रसंदोह** (अमरशात-नतांगिः कामधेनु कवीनाम्।. खण्ड—१, सं० अमरविजयमुनि, अहमदाबाद, १९३२, पृ० ३४६

३. **अलंकारचूडामणि** १.४ (जी० ब्यूहलर के दि लाईफ ऑव हेमचन्द्राचार्य से उद्धृत, सिंघी जैन ग्रन्थमाला—११, शांतिनिकेतन, १९३६, पृ० १०)

४. जी० ब्यूहलर, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० १०.

उल्लेख मिलता है।[1] **प्रभावकचरित** में उल्लेख है कि बप्पभट्टि और वर्धनकुंजर के मध्य निरन्तर छः माह तक वाद चलता रहा, पर कोई निर्णय नही हो सका। तब बप्पभट्टि ने विजय के लिए गुरु से प्राप्त मंत्र द्वारा मध्यरात्रि मे गिरादेवी (सरस्वती) का आह्वान किया। मत्र इतना प्रभावशाली था कि सरस्वती बप्पभट्टि के समक्ष इतनी त्वरा मे उपस्थित हुई कि वस्त्र धारण करना भी भूल गई (अनावृत्तशरीरम्)। इस अवसर पर बप्पभट्टि ने सरस्वती की प्रशंसा में १४ श्लोकों वाले एक स्तोत्र की भी रचना की थी। इस पर प्रसन्न होकर सरस्वती ने बप्पभट्टि को बताया कि वर्धनकुंजर पिछले सात जन्मों से उनका अनन्य भक्त है और सरस्वती ने ही उसे वाद में अपराजेय बनाने वाली **अक्षयवचनगुटिका** दी है। बप्पभट्टि की प्रार्थना पर सरस्वती ने ही उन्हे वर्धनकुंजर पर विजय का उपाय भी बताया। वाद के दौरान मुखशौच का प्रस्ताव करने पर देवी की कृपा से मुखशौच के समय वर्धनकुजर के मुख से जब **अक्षयवचनगुटिका** गिर जाएगी तभी बप्पभट्टि उसे पराजित कर सकेंगे। बप्पभट्टि ने देवी के आदेशानुसार कार्य किया और वर्धनकुजर को को पराजित कर **वादिकुंजरकेशरी** बने।[2] यह कथा सरस्वती साधना से प्राप्त अलौकिक शक्ति को प्रकट करती है। सरस्वती ने बप्पभट्टि को यह भी निर्देश दिया कि १४ श्लोकों वाले स्तोत्र को वे किसी अन्य व्यक्ति को न बतायें क्योकि वह स्तोत्र (मंत्र) इतना प्रभावशाली है कि उसके उच्चारणमात्र से ही उन्हे साधक के समक्ष विवशतः उपस्थित होना पडेगा। यही कथा **प्रबन्धकोश** मे भी मिलती है, किन्तु यहाँ सरस्वती के निर्वस्त्र उपस्थित होने का सन्दर्भ नही है।[3]

हेमचन्द्रसूरि (१२वी शती ई०) भी अन्य चामत्कारिक शक्तियों के साथ ही सारस्वत शक्ति सम्पन्न थे।[4] **प्रभावकचरित** मे उल्लेख है कि चौलुक्यराज जयसिंह ने हेमचन्द्र से उज्जैन के

---

१ **प्रभावकचरित** (प्रभाचन्द्राचार्यकृत—स० जिनविजयमुनि, सिंघी जैन ग्रन्थमाला—**१३**, अहमदाबाद, कलकत्ता, १९४०) ११—बप्पभट्टिसूरिचरित; **प्रबन्धकोश** (राजशेखरसूरिकृत, सं० जिनविजयमुनि, प्रथम भाग, सिंघी जैन ग्रन्थमाला—६, शातिनिकेतन, १९३५) ९—बप्पभट्टिसूरिप्रबन्ध.

२ प्रागदत्त गुरुभिर्मन्त्र परावर्त्तयतः सतः।
विवर्त्तसे भवन्मन्त्रजापात् तुष्टाहमागता ॥
वर वृण्विति तत्रोक्तो बप्पभट्टिरुवाच च।
देवी प्राहामुना ससभवा नाराधिताऽस्म्यहम् ॥
प्रदत्ता गुटिकाक्षय्यवचनाऽस्य मया ततः।
तत्प्रभावाद् वचो नास्य हीयते यतिनायक! ॥
सरस्वती पुनः प्राह नाहं जैनविरोधिनी।
उपायं तेऽर्पयिष्यामि यथासौ जीयते बुधः ॥
चतुर्दशं पुनर्वृत्तं न प्रकाश्यं कदापि हि।
यतस्तत्र श्रुते साक्षाद्भवितव्यं मया ध्रुवम् ॥

प्रभावकचरित ११ : बप्पभट्टिसूरिचरित ४१९-४४२.

३. **प्रबन्धकोश**—९ बप्पभट्टिसूरिप्रबन्ध.

४. जी०. ब्यूहलर, **पूर्व निर्दिष्ट**, पृ० ५४.

परमार शासक भोज के व्याकरण के समान ही एक व्याकरण ग्रन्थ की रचना का निवेदन किया था। हेमचन्द्र ने इसके लिए कश्मीर के सरस्वती पुस्तकालय से आठ व्याकरण ग्रन्थों को मंगाया था। इस निमित्त कश्मीर गये अधिकारियों की प्रशंसा से प्रसन्न होकर सरस्वती स्वयं उपस्थित हुईं और उन्होंने अपने भक्त हेमचन्द्र के पास पूर्व रचित व्याकरण ग्रन्थों को सन्दर्भ हेतु भेजने की आज्ञा दी। हेमचन्द्र का व्याकरण ग्रन्थ पूरा होने पर सरस्वती ने उसे अपने कश्मीर स्थित मन्दिर के पुस्तकालय के लिए स्वीकार भी किया था।[1] **प्रबन्धकोश** में उल्लेख है कि एक बार हेमचन्द्र ने चौलुक्य कुमारपाल का पूर्वभव जानने के लिए सरस्वती नदी के किनारे सरस्वती देवी का आह्वान किया था। तीन दिनों के ध्यान के पश्चात् सरस्वती (विद्या देवी) स्वयं उपस्थित हुईं और उन्होंने हेमचन्द्र को कुमारपाल के पूर्वभवों के बारे में बताया।[2]

भैरव-पद्मावती-कल्प एवं **भारती-कल्प** के रचनाकार मल्लिषेणसूरि (लगभग १०४७ ई०) भी सारस्वत शक्ति (सरस्वतीलब्धवरप्रासादः) सम्पन्न थे।[3] **वसन्तविलास** के रचनाकार सिद्धसारस्वत बालचन्द्रसूरि (लगभग प्रारम्भिक १३वीं शती ई०) ने भी सफलतापूर्वक सरस्वती की मांत्रिक साधना की थी।[4] **प्रभावकचरित** एवं **प्रबन्धचिन्तामणि** में शीलादित्य के दरबार के मल्लवादिसूरि का उल्लेख मिलता है जिन्हें सरस्वती ने नयचक्र दिया था।[5] ग्रन्थों मे बौद्धों को वाद में पराजित करने के लिए मल्लवादिसूरि के गले में सरस्वती के प्रवेश का भी सन्दर्भ मिलता है। मल्लवादि ने अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति से सरस्वती को प्रसन्न किया था। कथा के अनुसार एक बार जब मल्लवादिसूरि सरस्वती की साधना मे तल्लीन थे उसी समय आकाश मे विचरण करती सरस्वती ने उनसे पूछा कि कौनसी वस्तु सबसे मीठी है। (केमिष्ठा) ? मल्लवादि ने तुरन्त उत्तर दिया गेहूँ के दाने (वल्ला)। छः माह बाद पुनः सरस्वती ने उनसे पूछा किसके साथ (केनेति)। मल्लवादि ने तत्क्षण छः माह पुराने सन्दर्भ के प्रसंग मे उत्तर दिया गुड और घी के साथ (गुडघृतेनेति)। इस अपूर्व स्मरणशक्ति वाले उत्तर मे सरस्वती अत्यन्त प्रसन्न हुईं और उन्होंने

१. जी० ब्यूहलर, पूर्वनिर्दिष्ट, पृ० १५-१६
२. **प्रबन्धकोश**—१० हेमसूरिप्रबन्ध
३. लब्धवाणीप्रसादेन मल्लिषेणेन सूरिणा।
रच्यते भारतीकल्पः स्वल्पजाप्यफलप्रदः॥

भैरवपद्मावतीकल्प, परिशिष्ट ११ . सरस्वतीमंत्रकल्प (वस्तुतः भारतीकल्प) श्लोक ३, सं० के० वी० अभ्यंकर, अहमदाबाद, १९३७, पृ० ६१; मोहनलाल भगवानदास झवेरी, **पूर्व निर्दिष्ट**, पृ० ३००

४. गायकवाड ओरियन्टल सिरीज, खण्ड ७, पृ० ५; कनाईलाल भट्टाचार्य, **सरस्वती**, कलकत्ता, १९८३, पृ० १०९

५. **प्रबन्धचिन्तामणि** (अंग्रेजी अनु० सी० एच० टॉनी, दिल्ली, १९८२, पृ० १७१-७२), पञ्चम प्रकाश : ११ प्रकीर्णकप्रबन्धः मल्लवादिप्रबन्ध (स० जिनविजयमुनि, भाग—१, सिंघी जैन ग्रन्थमाला १, शांतिनिकेतन, १९३३, पृ० १०७; नृपतिसभायां पूर्वोदितपणबन्धपूर्वकं कण्ठपीठावतीर्णश्रीवाग्देवताबलेन श्री मल्लस्तास्तरसैव निरुत्तरीचकार।

मल्लवादि को इच्छित वरदान दिया।[1] **प्रभावकचरित** (१०।३२) के अनुसार सरस्वती ने मल्लवादि को मात्र एक ही श्लोक द्वारा सम्पूर्ण शास्त्र का अर्थ समझने की अलौकिक शक्ति प्रदान की थी :

"श्लोकेनैकेन शास्त्रस्य सर्वमर्थं ग्रहीष्यसि।"

एक दूसरी कथा वृद्धिवादिसूरि (लगभग चौथी शती ई०) से सम्बन्धित है जिसने २१ दिनों के उपवास द्वारा जिनालय में सरस्वती का आह्वान किया था। इस कठिन आराधना से प्रसन्न होकर सरस्वती ने वृद्धवादि को सभी विद्याओ (सर्वविद्यासिद्ध) में पारगत होने का वरदान दिया था। सरस्वती के वरदान के बाद वृद्धवादि ने मान्त्रिक शक्ति द्वारा प्रज्ञा मूसल पर पुष्पों की वर्षा का सार्वजनिक प्रदर्शन भी किया था।[2]

प्रबन्धकोश के **हरिहर-प्रबन्ध** (१२) में भी सारस्वत शक्ति से सम्बन्धित एक रोचक कथा मिलती है। वस्तुपाल के दरबार मे गौड़ कवि हरिहर ने गुजरात के कवि सोमेश्वर को अपमानित किया था। सोमेश्वर ने १०८ श्लोकों की रचना की और उसे वस्तुपाल और हरिहर को सुनाया। स्तोत्र सुनकर हरिहर ने कहा कि यह मूल रचना न होकर भोजदेव की रचना की अनुकृति है जिसे उन्होने "सरस्वती कण्ठाभरण प्रासाद" के सग्रह मे देखा था। अपनी बात की पुष्टि मे हरिहर ने सम्पूर्ण स्तोत्र ही दुहरा दिया। कुछ समय पश्चात् स्वयं हरिहर ने वस्तुपाल को यह बताया कि सारस्वत मत्र की साधना के फलस्वरूप प्राप्त अपूर्व स्मरणशक्ति के कारण ही वे १०८ श्लोकों, षट्पदकाव्य तथा अन्य अनेक बातो को केवल एक बार सुनकर ही याद रखने मे समर्थ थे। इसी कारण वे सोमेश्वर के १०८ श्लोकों की तत्काल पुनरावृत्ति कर सके थे।[3]

श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों ही परम्पराओं के ध्यानमत्रों मे तांत्रिक शैली मे सरस्वती-पूजन के अनेक सन्दर्भ है। जैन ग्रन्थो मे देवी को दो, चार या उससे अधिक भुजाओ वाला और विविध आयुधों से युक्त बताया गया है। श्वेताम्बर परम्परा में देवी का वाहन हंस है जबकि दिगम्बर परम्परा मे देवी मयूरवाहनी बताई गई है। सर्वप्रथम बप्पभट्टिसूरि के **शारदास्तोत्र** मे सरस्वती पूजन का उल्लेख मिलता है। बप्पभट्टि की **चतुर्विंशतिका** में ऋषभनाथ, मल्लिनाथ और मुनिसुव्रत जिनो के साथ भी श्रुतदेवता के रूप मे सरस्वती का आह्वान किया गया है।[4] मल्लिषेणकृत **भारतीकल्प** एवं **सरस्वती-कल्प**, हेमचन्द्रसूरिकृत **सिद्धसारस्वत-स्तव** और जिनप्रभ-

---

१. **प्रभावकचरित** : १० मल्लवादिसूरिचरित २२-३५; **प्रबन्धचिन्तामणि** (सी० एच० टॉनी अनु०), पृ० १७१-७२

२. **प्रबन्धकोश** : वृद्धवादि-सिद्धसेनप्रबन्ध, पृ० १५; **प्रभावकचरित** : ८ वृद्धवादिसूरिचरित, श्लोक ३०-३१

३. होमकाले गीर्देवी प्रत्यक्षाऽऽसीत्। वरं वृणीष्वेत्याह स्म माम्। मया जगदे-जगदेकमातर। यदि तुष्टाऽसि तदा एकदा भणिताना १०८ सङ्ख्यानां ऋचां षट्पदानां काव्यानां वस्तुकाना घत्ताना दण्डकाना वाऽवधारणे समर्थो भूयासम्। देव्याचष्ट—तथाऽस्तु।

प्रबन्धकोश : १२, हरिहरप्रबन्ध पृ० ५९-६०

४. **चतुर्विंशतिका** ४.१, ७६.१९, ८०.२०

सूरिकृत **शारदास्तवन** (लगभग १४वी शती ई०) जैसे तान्त्रिक रचनाओं में शान्तिक, पौष्टिक, स्तम्भन, मारण, उच्चाटन जैसे तान्त्रिक साधनाओं में सरस्वती साधना के प्रचुर उल्लेख हैं। तांत्रिक साधनाओं के अन्तर्गत उनके सकलीकरण, अर्चन, यंत्रविधि, पीठ-स्थापना, सौभाग्यरक्षा एवं वश्य मंत्रों के भी पर्याप्त उल्लेख है। १०वी-११वीं शती ई० मे सरस्वती के भयंकर स्वरूपों वाले साधना मंत्र भी लिखे गए। **भारतीकल्प**, अर्हद्दासकृत **सरस्वतीकल्प**, शुभचन्द्रकृत **सारस्वतमंत्रपूजा** (लगभग १०वी शतो ई०) एव एकसंधिकृत **जिन-संहिता** मे त्रिनेत्र एवं अर्द्धचन्द्र से युक्त जटाधारी सरस्वती को भयंकर स्वरूपा और हुंकारनाद करने वाली बताया गया है।[१] उपर्युक्त विशेषताएँ देवी की शिव से निकटता भी दर्शाती है। बप्पभट्टि ने **सरस्वतीकल्प** में देवी का आह्वान भी गौरी नाम से ही किया है।[२] उल्लेख्य है कि **स्कन्दपुराण** के **सूतसंहिता** (लगभग १३वी शती ई०) मे भी जटा से शोभित सरस्वती त्रिनेत्र तथा अर्द्धचन्द्र युक्त निरूपित हैं।[३] कुछ जैन ग्रन्थो मे सरस्वती के करो मे अंकुश और पाश का उल्लेख भी उनके शक्ति स्वरूप को ही प्रकट करता है।[४] ये आयुध सम्भवतः सरस्वती द्वारा अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर करने तथा उस पर देवी के पूर्ण नियत्रण क भाव को व्यक्त करते है। जैन ग्रन्थो मे सरस्वती को काली, कपालिनी, कौली, विज्ञा, त्रिलोचना, रौद्री, खड्गिनी, कामरूपिणो, नित्या, त्रिपुरसुन्दरी, चन्द्रशेखरी, शूलिनी, चामुण्डा, हुकार एव भैरवी जैसे नामो से भी सम्बोधित किया गया है जो उनके तांत्रिक स्वरूप को और भी स्पष्ट करती है।[५] **विद्यानुशासन** (लगभग १५वी शती ई०) मे भयंकर दर्शना त्रिनेत्र वागीश्वरी को तीक्ष्ण और लम्बे दातो तथा बाहर निकली हुई जिह्वा वाली बताया गया है।[६] वर्द्धमानसूरि (लगभग १४१२ ई०) ने **आचारदिनकर** म सरस्वती की गणना ६४ योगिनियो मे भी की है।[७]

सरस्वतीकल्प, **भारतीकल्प** एवं **सरस्वतीयंत्रपूजा** मे सरस्वती की साधना के लिए विभिन्न चामत्कारिक यत्रों के निर्माण से सम्बन्धित विस्तृत उल्लेख भी मिलते है।[८] **सरस्वती यत्रो** मे

---

१. अभयज्ञानमुद्राक्षमालापुस्तकधारिणी।
त्रिनेत्रा पातु मा वाणी जटाबालेन्दुमण्डिता ॥—**भारतीकल्प** श्लोक २
सारस्वतयंत्रपूजा (यू०पी० शाह के लेख आइकनोग्राफी ऑव सरस्वती के पृ० २०१, पाद टिप्पणी २९, पृ० २११, पाद टिप्पणी ७१ से उद्धृत।

२. **सरस्वती-कल्प**—श्लोक ६, **भैरवपद्मावती कल्प** के १२वें परिशिष्ट के रूप मे।

३. टी० ए० गोपीनाथ राव, **एलिमेण्ट्स ऑव हिन्दू आइकनोग्राफी**, खण्ड १, भाग २, दिल्ली, १९७१ (पु० मु०), पृ० ३७८

४. अंकुश और पाश क्रमशः इन्द्र और वरुण (और यम) के मुख्य आयुध रहे हैं जो तान्त्रिक देवों के भी प्रमुख आयुध हैं। सरस्वती के हाथों में इन आयुधो का दिखाया जाना भी उनके शक्ति पक्ष को प्रकट करता है।

५. **श्रीसरस्वतीस्तोत्र**, **जैन स्तोत्र सन्दोह**, खण्ड १, १०७, पृ० ३४५-४६.

६. यू० पी० शाह के लेख—'सुपर नेचुरल बीइंग्स इन दि जैन तन्त्राज', **आचार्य ध्रुव स्मृति ग्रन्थ**, भाग ३, अहमदाबाद, १९४६, पृ० ७५.

७. **आचारदिनकर**, भाग २, प्रतिष्ठाविधि (भगवती मण्डल), बम्बई, १९२३, पृ० २०७.

८. यू० पी० शाह, 'आइकनोग्राफी ऑव सरस्वती', पृ० २११-१२.

कभी-कभी सरस्वती परिवार के भी विस्तृत और रोचक सन्दर्भ हैं। बप्पभट्टिसूरिकृत **सरस्वतीकल्प** की यंत्र पूजा में सरस्वती मण्डल या यंत्र में मोहा, नन्दा, भद्रा, जया, विजया, अपराजिता, जम्भा, स्तम्भा, १६ महाविद्याओं (रोहिणी, प्रज्ञप्ति आदि), अष्टदिक्पालों, अष्टमातृकाओं[१] तथा अष्टभैरवों के पूजन के भी उल्लेख हैं।[२] बप्पभट्टि और मल्लिषेण ने **सरस्वती-यंत्र-पूजा-विधि** में अष्ट, द्वादश, षोडश, चौसठ, १०८ तथा एक हजार पंखुड़ियों वाले पद्म पर बनाये जाने वाले कुछ यंत्रों, होमकुण्ड मे सम्पन्न विभिन्न तांत्रिक क्रियाओं एव दस हजार, बारह हजार, एक लाख तथा इससे भी अधिक बार सरस्वती मंत्रों के जाप की बात बताई है।[३] **सरस्वतीकल्प** मे इन तांत्रिक साधनाओं को सिद्धसारस्वत बीज कहा गया है।

बप्पभट्टिसूरिकृत **शारदास्तोत्र** मे ही सर्वप्रथम सरस्वती से सम्बन्धित मंत्र (ओम्, ह्लीम्, क्लीम्, ब्लिम् श्रीहसकल ह्लीम् ऐ नमो) का उल्लेख हुआ है।[४] दस हजार होमों के साथ एक लाख बार इस मंत्र का जाप करने से साधक को अद्वितीय विद्वत्ता प्राप्त होती है।[५] इसी ग्रन्थ मे आगे यह भी उल्लेख है कि सरस्वती की साधना से साधक चातुर्य-चिन्तामणि बन जाता है।[६] **विद्यानुवादांगजिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय** मे सरस्वती से सम्बन्धित एक अन्य मंत्र (ओम् ऐ हसक्लीम् वाग्देव्यै नमः) का उल्लेख मिलता है।[७] जिनप्रभसूरि के **शारदास्तवन** मे वर्णित सारस्वत मंत्र इस प्रकार है : 'ओम् ऐ ह्लीम् श्रीम् वद वद वाग्वादिनी भगवती सरस्वती तुभ्यम् नमः'।[८] कुण्डलिनीयोग के ज्ञाता बप्पभट्टि के अनुसार सारस्वत मंत्रोच्चारण महाप्रज्ञाबुद्धि, वाग्सिद्धि, वचन-सिद्धि तथा काव्यसिद्धि जैसी शक्तियों को देने वाला है।[९]

मल्लिषेण ने **भारतीकल्प** मे 'ओम् ह्लीम् श्रीम् वद वद वाग्वादिनी स्वाहा' को सरस्वती का मूलमत्र बताया है।[१०] मल्लिषेण के अनुसार होम सहित १२ हजार बार इसके मन्त्रोच्चार से साधक सरस्वती के समान (वागीश्वरी सम) हो जाता है।[११] मल्लिषेण ने सारस्वत शक्ति की प्राप्ति से

---

१. ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वाराही, वैष्णवी, चामुण्डा, चण्डिका और महालक्ष्मी—**सरस्वतीकल्प**, पृ० ७३.
२. **सरस्वतीकल्प**, परिशिष्ट १२—पद्मावतीकल्प, पृ० ६९-७६.
३. **भैरवपद्मावतीकल्प** के परिशिष्ट ११ और १२ मे यत्रपूजा का विस्तृत उल्लेख हुआ है : पृ० ६१-७८.
४. **चतुर्विंशतिका** के परिशिष्ट—शारदास्तोत्र के श्लोक १० मे (पृ० १८३) सरस्वती का बीजमंत्र दिया गया है।
५. **शारदास्तोत्र**, श्लोक १०.
६. न स्यात् कः स्फुटवृत्तचक्ररचनाचातुर्यचिन्तामणिः ॥—**सरस्वतीकल्प**, श्लोक ६.
७. यू० पी० शाह, **'आइकनोग्राफी ऑव सरस्वती'**, पृ० २०७, पा० टि० ५७.
८. मोहनलाल भगवानदास झवेरी, **पूर्व निर्दिष्ट**, पृ० १२२.
९. हेमचन्द्र ने अपने शिष्यो की बौद्धिक शक्ति में वृद्धि के लिए सारस्वतमत्र के साथ चन्द्रचन्दन गुटी के भक्षण का विधान किया था। **सरस्वतीकल्प**, पृ० ७८.
१०. **भारतीकल्प**, पृ० ६२.
११. **भारतीकल्प**, श्लोक १५, पृ० ६२.

सम्बन्धित विभिन्न यंत्रों और मंत्रों का भी विस्तृत उल्लेख किया है। भारतीकल्प में तो देवी के भयानक स्वरूप वाले वामाचार साधना के भी स्पष्ट सन्दर्भ हैं। इनमें स्त्रीमोहन तथा काम इच्छा पूर्ति से सम्बन्धित मन्त्र विशेषतः उल्लेखनीय हैं। नवाक्षरी विद्या की तंत्र साधना "सुभगायोना" की उपस्थित में सम्पन्न होती थी। इस ग्रन्थ मे सुन्दर स्त्रियों और देवागनाओं (वनिता कपाल यन्त्र) को सम्मोहित करने वाले तथा शत्रुओं को अकाल मृत्यु देने और प्रेतालय भेजने से सम्बन्धित यंत्रों तथा मंत्रों का भी वर्णन हुआ है। उच्चाटन मंत्रों मे फट्, वषट् और स्वाहा जैसी तांत्रिक अभिव्यक्तियों का प्रयोग होता था। ये साधनायें श्मशान जैसे स्थलो पर की जाती थी। इन साधनाओं से सम्बन्धित मंत्रोच्चार सुनने मे भयावह होते थे। इनमे देवी के पाश, अकुश और बाण जैसे आयुधों से युक्त भयंकर स्वरूप का ध्यान किया गया है। ग्रन्थो मे सरस्वती मंत्र सिद्धि के समय आने वाली विभिन्न बाधाओं को दूर करने वाले सुरक्षा मंत्रों के भी उल्लेख है।[१]

एलोरा (महाराष्ट्र), नालन्दा (बिहार), कुर्किहार (बिहार), गुर्गी (रीवा, मध्यप्रदेश), हिंगलाजगढ़ (मन्दसोर, मध्य प्रदेश), लोखारी (बांदा, उत्तर प्रदेश), मल्हार (विलासपुर, मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (उड़ीसा) एवं भेड़ाघाट (त्रिपुरी, मध्य प्रदेश) जैसे स्थलों से मिली तान्त्रिक प्रभावशाली बौद्ध एवं ब्राह्मण मूर्तियों की तुलना मे जैन सरस्वती प्रतिमाओ मे तत्र का प्रभाव अत्यल्प रहा है।[२] जैन परम्परा मे मध्य काल मे सरस्वती-पूजन मे तान्त्रिक भाव की पूर्व स्वीकृति के बाद भी उनकी प्रतिमाओ मे तांत्रिक प्रभाव बहुत कम दिखाई देता है। जैन मूर्तियो मे सर्वदा सरस्वती का अनुग्रहकारी शान्त स्वरूप ही प्रदर्शित हुआ है। केवल कुछ ही उदाहरणों मे विद्या, संगीत और अन्य ललितकलाओं की देवी सरस्वती के साथ शक्ति के कुछ तांत्रिक भाव वाले लक्षण मिलते हैं।

जैन और ब्राह्मण परम्परा मे सरस्वती के लक्षणों मे अद्भुत समानता देखने को मिलती है। दोनों ही परम्पराओं की प्रतिमाओं मे सरस्वती के करो में पुस्तक, वीणा, अक्षमाला, कमण्डलु, स्रुक, अंकुश तथा पाश जंसे आयुध दिखाये गये है। जैन ग्रन्थ **आचारदिनकर** मे उपर्युक्त आयुधों का उल्लेख जैन-श्रुतदेवता और ब्राह्मणी दोनों ही के साथ हुआ है। सरस्वती के समान ही इसमे चतुर्भुजा, हंसवाहनी, ब्राह्मणी भी वीणा, पुस्तक, पद्म तथा अक्षमाला से युक्त बतायी गयी है।[३] यद्यपि जैन ग्रन्थों मे सरस्वती के साथ स्रुक का अनुल्लेख है, पर मूर्त उदाहरणों मे उनके साथ स्रुक का अंकन अनेकशः मिलता है जो व्यावहारिक स्तर पर स्पष्टतः सरस्वती के ब्रह्मा से सम्बन्धित होने का संकेत है।[४]

---

१. **भारतीकल्प**, श्लोक ६५-७६.

२. यद्यपि कुछ ध्यान मन्त्रों में सरस्वती को जटा में अर्धचन्द्र और त्रिनेत्र से युक्त बताया गया है, किन्तु मूर्त उदाहरणों में ये विशेषताएँ नहीं मिलती हैं।

३. ॐ ह्रीं श्री भगवति वाग्देवते वीणापुस्तकमौक्तिकाक्षवलयश्वेताब्जमण्डितकरे शशधरनिकर गौरि हंसवाहने इह प्रतिष्ठामहोत्सवे आगच्छ.

आचारदिनकर, भाग २, पृ० १५८ (बम्बई, १९२३)

४. ये मूर्तिया कुभारिया के पार्श्वनाथ मन्दिर (पूर्वी भित्ति ल० १२वी शती ई०), तारंगा के अजितनाथ मन्दिर (१२वी शती० ई०), आबू के विमलवसही (देवकुलिका ४८ का वितान ल० ११५० ई०) और जालोर के महावीर मन्दिर (१२वीं शती ई०) में हैं।

प्रारम्भिक जैन ग्रन्थों में द्विभुजी सरस्वती को पुस्तक और पद्म (या जलपात्र या अक्षमाला) लिए तथा हंस पर आरूढ़ बताया गया है।[1] शुभचन्द्रकृत **सरस्वती-यंत्र-पूजा** मे मयूरवाहनी द्विभुजी सरस्वती त्रिनेत्र तथा करों में अक्षमाला और पुस्तक से युक्त निरूपित हैं।[2] शास्त्र और शिल्प दोनों में सरस्वती का चतुर्भुजी रूप ही सर्वाधिक लोकप्रिय था। वाहन के अतिरिक्त दोनों ही सम्प्रदायों में देवी के लक्षण समान हैं। श्वेताम्बर ग्रन्थों में सरस्वती को वरदमुद्रा, पद्म, पुस्तक और अक्षमालाधारी बताया गया है।[3] बप्पभट्टिसूरि कृत **सरस्वतीकल्प** (लगभग १०वी-११वी शती ई०) मे सरस्वती के आयुधों के दो समूह वर्णित हैं; एक में देवी अभयमुद्रा, वरदमुद्रा, पुस्तक और पद्म तथा दूसरे में अभय और वरदमुद्रा के स्थान पर वीणा और अक्षमाला से युक्त बताई गई हैं।[4] मल्लिषेण के **भारतीकल्प** (लगभग ११वी शती ई०) में देवी के अभयमुद्रा, ज्ञानमुद्रा, अक्षमाला और पुस्तक से युक्त स्वरूप का ध्यान किया गया है।[5] नवीं शती ई० के बाद श्रुत देवता यानी सरस्वती को संगीत की देवी के रूप मे भी प्रतिष्ठित किया गया और वरदमुद्रा के स्थान पर उनके साथ वीणा का प्रदर्शन किया गया।[6] संगीत से सम्बद्ध होने के बाद ही नृत्य के प्रतोक मयूर को देवी का वाहन बनाया गया। **जिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय** मे सरस्वती के एक हाथ में वीणा के स्थान पर पाश का उल्लेख मिलता है।[7] पादलिप्तसूरि(तृतीय)कृत **निर्वाणकलिका** (लगभग ९००ई०) में सरस्वती के करों में पुस्तक, अक्षमाला, पद्म, वरदमुद्रा तथा कुछ अन्य आयुधों का उल्लेख हुआ है।[8]

सरस्वती की प्रारम्भिकतम प्रतिमा कंकालीटीला, मथुरा (१३२ या १४९ ई०) से प्राप्त हुई है।[9] सम्प्रति यह मूर्ति राज्य संग्रहालय, लखनऊ मे है। पीठिका पर उकडू बैठी द्विभुजी देवी के

१. बप्पभट्टिसूरि के **चतुर्विंशतिका** (७६.१९) एवं **शारदा स्तोत्र** (श्लोक १-२, ८) में सरस्वती के आयुधो के दो स्वतंत्र समूह वर्णित हैं। इनमें सरस्वती के करों में कमण्डलु और अक्षमाला एवं पुस्तक और पद्म के उल्लेख हैं।

२. यू० पी० शाह, 'आइकनोग्राफी ऑव सरस्वती', पृ० २०१, पा० टि० २९.

३. तथा श्रुतदेवता शुक्लवर्णां हंसवाहना चतुर्भुजा वरदकमलान्वितदक्षिणकरा पुस्तकाक्षमालान्वित-वामकरा चेति।

निर्वाणकलिका (पादलिप्तसूरिकृत—ल० ९०० ई०) पृ० ३७

(सं० मोहनलाल भगवानदास, मुनि श्री मोहनलाल जी जैन ग्रन्थमाला ५, बम्बई, १९२६)

४. ....चोर्ध्वरूपामभयदवरदा पुस्तकाम्भोजपाणि।—**सरस्वतीकल्प**, श्लोक ११

वीणापुस्तकमौक्तिकाक्षवलयश्वेताब्जवल्गत्करा।—**सरस्वतीकल्प**, श्लोक ६.

५. अभयज्ञानमुद्राक्षमालापुस्तकधारिणी ।

त्रिनेत्रा पातुमां वाणी जटाबालेन्दुमण्डिता ॥—**भारतीकल्प**, श्लोक २.

६. मौक्तिकाक्षवलयाब्जकच्छपीपुस्तकाङ्कितकरोपशोभिते।

श्रीशारदास्तवन (जिनप्रभसूरिकृत, ल० १२६३-१३३ ई०) श्लोक ७ :

भैरवपद्मावतीकल्प (पृ० ८१) से उद्धृत

७. यू० पी० शाह, 'आइकनोग्राफी ऑव सरस्वती', पृ० २०७, पाद टिप्पणी ५८.

८. यू० पी० शाह, **पूर्व निर्दिष्ट**, पृ० २११, पादटिप्पणी ७०.

९. के० डी० बाजपेयी, 'जैन इमेज ऑव सरस्वती इन दि लखनऊ म्यूजियम', **जैन एन्टिक्वेरी**, खण्ड ११, अ० २, जनवरी, १९४६, पृ० १-४.

बायें हाथ में पुस्तक है, जबकि दाहिना हाथ खण्डित है (किन्तु अवशिष्ट भाग में अभयाक्ष स्पष्ट है)। हंसवाहन यहाँ नहीं दिखाया गया है। दिगम्बर स्थल देवगढ (ललितपुर, उत्तर प्रदेश) से लगभग नवीं से १२वीं शती ई० के मध्य की सरस्वती की कई स्वतन्त्र प्रतिमायें मिली है। इनमें द्विभुजी और चतुर्भुजी देवी कभी हंस और कभी मयूर पर आरूढ है। २४ यक्षियो के सामूहिक निरूपण (मन्दिर १२, ८६२ ई०) में भी सरस्वती की दो मूर्तियाँ आकारित हैं। अभिनन्दन तथा सुपार्श्वनाथ जिनों की यक्षियों को यहाँ लेखों में "भगवती सरस्वती" और "मयूरवाहि(नी)" कहा गया है।[1] देवगढ के मन्दिर (११वी शती ई०) की त्रितीर्थी जिन प्रतिमा में सरस्वती का अंकन विशेष महत्त्व का है। इस त्रितीर्थी जिन प्रतिमा में दो जिनों के साथ बायीं ओर सरस्वती की भी आकृति बनो है, जो आकार में जिन मूर्तियों के बराबर है। इस प्रकार श्रुतदेवता को यहाँ जिनों के समान प्रतिष्ठा प्रदान की गई है। त्रिभंग में खड़ी चतुर्भुजी सरस्वती के करों में वरदमुद्रा, अक्षमाला, पद्म और पुस्तक है तथा समीप ही मयूर वाहन की आकृति भी बनी है। देवगढ मे द्विभुजी सरस्वती के हाथों में सामान्यतः अभयमुद्रा और पुस्तक दिखाया गया है (मन्दिर संख्या १६)। धम्मिल्ल या जटाजूट से शोभित देवगढ़ की चतुर्भुजी प्रतिमाओं मे देवी के करों में वरदमुद्रा, व्याख्यान-अक्षमाला, सनालपद्म तथा पुस्तक प्रदर्शित हैं।[2] एक उदाहरण में (मन्दिर संख्या १९) पुस्तक, व्याख्यान-मुद्रा और मयूरपीच्छिका लिए सरस्वती के साथ चामरधारी सेवको, जिनों एवं जैन आचार्यो की भी आकृतियाँ उकेरी हैं। यह प्रतिमा स्पष्टतः देवी के जिनवाणी या आगमिक ग्रन्थों की अधिष्ठात्री देवी होने का भाव दरशाती है।

दिगम्बर स्थल खजुराहो (छतरपुर, मध्य प्रदेश) में देवी की कुल आठ मूर्तियाँ है। एक उदाहरण को छोडकर अन्य सभी मे देवी चतुर्भुजी है।[3] लगभग ९५० ई० मे ११०० ई० के मध्य की इन मूर्तियों में देवी ललितमुद्रा में पुस्तक, वीणा (एक या दोनो हाथों में), पद्म (सामान्यतः दोनों हाथो में) और वरदमुद्रा (या जलपात्र या अक्षमाला) के साथ निरूपित हैं। उनके साथ हंस वाहन केवल पार्श्वनाथ मन्दिर (लगभग ९५०-७० ई०) के उत्तरी अधिष्ठान की मूर्ति मे ही उत्कीर्ण है। इसी मन्दिर के दक्षिणी अधिष्ठान की मूर्ति में सरस्वती षड्भुजी है और उनके ऊपर के दो हाथो मे पद्म और पुस्तक हैं, तथा मध्य के दोनो हाथ वीणा वादन कर रहे हैं, शेष दो हाथों मे वरदमुद्रा तथा जलपात्र हैं। देवी के साथ चामरधारिणी सेविकायें, मालाधर एवं लघु जिन आकृतियाँ भी आकारित हैं।

कर्नाटक के विभिन्न स्थलों से भी दिगम्बर परम्परा की कुछ सरस्वती प्रतिमायें मिली हैं। इनमें देवी के शक्ति पक्ष को उजागर किया गया है। ११वी-१२वी शती ई० की ऐसी तीन मूर्तियाँ

---

१. क्लाज ब्रून, दि जिन इमेजेज ऑव देवगढ़, लिडेन; १९६५, पृ० १०२, १०५ : सुपार्श्वनाथ की चतुर्भुजा मयूरवाहना यक्षी त्रिभंग में खुदी है और उसके करों में व्याख्यानमुद्रा, चामर-पद्म, पुस्तक और शंख हैं।

२ तीन उदाहरणों में से दो मन्दिर सं० १२ और १९ मे हैं जबकि तीसरा चहारदीवारी के प्रवेश द्वार पर है।

३. पार्श्वनाथ मन्दिर के दक्षिण अधिष्ठान की मूर्ति।

क्रमशः पंचकूट बस्ती (हुम्चा, शिमोगा), शान्तिनाथ बस्ती (जिननाथपुर) तथा आदिनाथ मन्दिर (हलेबिड, हासन) से मिली है।[1] ध्यान-मुद्रा में विराजमान सरस्वती के साथ वाहन नहीं दिखाया गया है। देवी के करों में अभयाक्ष, अकुश, पाश तथा पुस्तक प्रदर्शित हैं। इन मूर्तियों में विशाल एवं खुले नेत्रों और खुले तथा कुछ फूले हुए ओठों के माध्यम से देवी के शक्ति स्वरूप को प्रकट करने की चेष्टा की गयी है।

पश्चिमी भारत के श्वेताम्बर जैन मन्दिरों, विशेषतः ओसियाँ, कुंभारिया, दिलवाड़ा (माउण्ट आबू) और तारंगा, में भी सरस्वती की पर्याप्त मूर्तियाँ हैं। ओसियां (जोधपुर, राजस्थान) के महावीर मन्दिर (८वी शती ई०) की द्विभुजी और चतुर्भुजी प्रतिमाओं में देवी मयूर या हंस वाहन है। द्विभुजी देवी पद्म और पुस्तक, तथा चतुर्भुजी देवी (मुखमण्डप-पश्चिम), स्रुक, पद्म, पद्म एवं पुस्तक से युक्त है। ओसियाँ की जैन देव-कुलिकाओ (लगभग १०वी-११वी शती ई०) की चतुर्भुजी मूर्तियों मे हंसवाहना देवी की दो भुजाओं मे पुस्तक और पद्म तथा दो मे अभयमुद्रा और जलपात्र (या वरदाक्ष और पुस्तक) है।

कुभारिया (बनासकांठा, गुजरात) के महावीर, शान्तिनाथ, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और सम्भवनाथ मन्दिरों (११वी से १३वी शती ई०) पर भी सरस्वती की कई मूर्तियां है। इनमें ललितासीन सरस्वती हंसवाहना और चतुर्भुजा हैं। देवी के करों मे वरदमुद्रा (या अभयमुद्रा या वरदाक्ष), पद्म, पुस्तक और जलपात्र (या फल) प्रदर्शित हैं।[2] शान्तिनाथ मन्दिर (नवचौकी वितान) के एक उदाहरण मे देवी के साथ दो नृत्यंगनायें भी आमूर्तित हैं। राजस्थान के पाली जिले मे स्थित घाणेराव के महावीर मन्दिर (देवकुलिका, ११५६ ई०), तथा नाडोल के पद्मप्रभ मन्दिर (११वी शती ई०) की मूर्तियो मे ललितासीन सरस्वती के साथ वाहन नही दिखाया गया है। इनमें चतुर्भुजा देवी के हाथो में वरद या अभयमुद्रा, पुस्तक, वीणा तथा जलपात्र (या फल) प्रदर्शित हैं। माउण्ट आबू (राजस्थान) के विमलवसही (१२वी शती के अन्त) और लूणवसही (१३वी शती ई०) तथा तारंगा (मेहसाणा, गुजरात) के अजितनाथ मन्दिर (१२वी शती ई०) के उदाहरणों मे सरस्वती द्विभुजी, चतुर्भुजी, षड्भुजी, अष्टभुजी और षोडशभुजी हैं। देवी की भुजाओं की संख्या मे वृद्धि भी भी उनके शक्ति पक्ष को ही प्रकट करती है। हंसवाहना चतुर्भुजी देवी सामान्यतः वरद (या अभय-मुद्रा), पद्म, पुस्तक (या स्रुक या वीणा) तथा फल (या जलपात्र) से युक्त हैं।

विमलवसही की दो सरस्वती प्रतिमायें विशेषतः उल्लेखनीय है। दक्षिणी बरामदे के वितान की मूर्ति में देवी दो पुरुष आकृतियों से आवेष्टित है। नमस्कारमुद्रा में निरूपित इन आकृतियों के नीचे उनके नाम भी खुदे है। दाहिने पार्श्व की श्मश्रुयुक्त आकृति को लेख मे "सूत्रधार लोयण" और बायें पार्श्व की मापक दण्ड से युक्त आकृति को "सूत्रधार केला" बताया गया है। ये दोनों क्रमशः

---

१. समान लक्षणों वाली एक मूर्ति तमिलनाडु के तिरुपरुत्तिकुणरम् के मन्दिर में भी है।

२. पार्श्वनाथ मन्दिर की पूर्वी भित्ति की मूर्ति में पद्म के स्थान पर स्रुक दिखाया गया है। इसी मन्दिर की कुछ अन्य मूर्तियो में पुस्तक के स्थान पर वीणा प्रदर्शित है। कुंभारिया के नेमिनाथ मन्दिर की कुछ मूर्तियों में पद्म और जलपात्र के स्थान पर स्रुक और वीणा दिखाये गये हैं।

मन्दिर के मुख्य स्थपति और शिल्पी थे।[1] प्रस्तुत मूर्ति सरस्वती के ललितकलाओं की देवी होने का स्पष्ट उदाहरण है। विमलवसही की भ्रमिका के वितान की एक षोडशभुजी मूर्ति मे हंसवाहना देवी भद्रासन पर ललितमुद्रा में बैठी हैं और उनके हाथों में वरद-मुद्रा, शंख (वैष्णवी का लक्षण), वीणा (दो में), पाश, कर्तरीमुद्रा, लघुदण्ड (दो में—सम्भवतः मापक दण्ड), शृङ्खला (दो में), अंकुश, अभयाक्ष, फल, पुस्तक और जलपात्र है। दोनों पार्श्वों मे नृत्यरत पुरुष आकृतियां भी बनी हैं जो देवी के संगीत की अधिष्ठात्री देवी होने की सूचक है।

लूणवसही में हंसवाहना देवी की चतुर्भुजी और षड्भुजी मूर्तियां हैं। नवचौकी के चार स्तम्भों में से प्रत्येक पर सरस्वती की आठ-आठ लघु आकृतियां उकेरी हैं। इनमे चतुर्भुजा सरस्वती वरदमुद्रा (या वरदाक्ष), सनालपद्म (या पुस्तक), पुस्तक (या वीणा) और जलपात्र से युक्त हैं। दो उदाहरणों में सरस्वती चतुर्भुजी हैं। ये उदाहरण देवकुलिका ११ की छत और रंगमण्डप के समीपवर्ती छत (उत्तर) पर उत्कीर्ण है। प्रथम उदाहरण मे हंसवाहना देवी अभयाक्ष, पद्म (दो में), जलपात्र तथा ज्ञान-मुद्रा (मध्य की भुजाओं में) से युक्त है। दूसरे उदाहरण मे देवी संगीत की देवी के रूप में निरूपित हैं। यहाँ देवी के दो हाथों मे मंजीरा तथा एक मे वीणा प्रदर्शित है; शेष मे वरदाक्ष, चक्राकार पद्म और पुस्तक है।

तारंगा के अजितनाथ मन्दिर की चतुर्भुजी मूर्तियों मे हंसवाहना देवी के करों मे वरदमुद्रा, अंकुश (या स्रुक या पद्म या वीणा), पुस्तक तथा जलपात्र (या फल) प्रदर्शित है। मूलप्रासाद पश्चिमी भित्ति की मूर्ति मे देवी षड्भुजी है और उनके हाथो मे वरदमुद्रा, स्रुक, पुस्तक, पद्म और जलपात्र हैं। त्रिभग (या अतिभग) में खडी अष्टभुजी देवी की भी दो मूर्तियां है। इनमे देवी वरदमुद्रा, पद्म (या माला), पद्मकलिका, पुस्तक, पाश (या छत्रपद्म), पद्म-कलिक (या पाश), कलश और पुस्तक लिए है।[2]

जैन सरस्वती की प्रतिमाओं में निःसन्देह पल्लू (बीकानेर, राजस्थान) से प्राप्त दो प्रतिमाये कलात्मक दृष्टि से सर्वोत्कृष्ट हैं। समान लक्षणों वाली इन प्रतिमाओ मे से एक राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली (संख्या १/६/२७८) और दूसरी बीकानेर के गंगा गोल्डेन जुबिली संग्रहालय (संख्या २०३) मे सुरक्षित है। लगभग ११वी शती ई० की इन त्रिभंग प्रतिमाओं मे पद्मपीठिका पर लघु हंस आकृति भी बनी है। सौम्य स्वरूपा मनोज्ञ देवी करण्ड मुकुट और अन्य सुन्दर आभूषणों से सज्जित है। चतुर्भुजी देवी के करों मे वरदाक्ष, पूर्ण विकसित पद्म, पुस्तक और जलपात्र है। पार्श्वों मे वीणा और वेणु बजाती दो-दो स्त्री आकृतियां भी आकारित हैं, जो देवी की संगीत शक्ति की मूर्त अभिव्यक्ति है। गंगा गोल्डेल जुबिली संग्रहालय की मूर्ति में प्रभातोरण पर १६ महाविद्याओं की भी आकृतियां बनी हैं, जो सरस्वती की शक्ति अवधारणा को परिपुष्ट करती हैं।[3]

---

१. जयन्तविजय मुनि, होली आबू (अंग्रेजी अनु० यू० पी० शाह), भावनगर, १९५४, पृ० ५५, पादटिप्पणी २.

२ ये मूर्तियां मूलप्रासाद के क्रमशः दक्षिणी और उत्तरी भित्ति पर उकेरी गयी है।

३. बी० एन० शर्मा, जैन इमेजेज, दिल्ली, १९७९, पृ० १५-१९.

नवी शती ई० के उत्तरार्द्ध मे सिद्धायिका या सिद्धायिनी नाम से सरस्वती तीर्थंकर महावीर की यक्षी के रूप मे भी निरूपित हुई।[1] सम्पूर्ण आगमिक साहित्य मूलतः महावीर की वाणी है। इसी कारण श्रुत देवता के रूप में आगमिक ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती को उनकी यक्षी भी बनाया गया। सरस्वती के समान ही श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों ही परम्पराओं में यक्षी सिद्धायिका को भी पुस्तक और वीणा के साथ निरूपित किया गया है।[2] महावीर का वाहन सिंह है, सम्भवतः इसी कारण सिद्धायिका यक्षी का वाहन भी सिंह हुआ। पर एक कन्नड़ी ध्यान श्लोक में सिद्धायिका का वाहन हंस भी बताया गया है।[3]

कला-इतिहास विभाग,
काशी हिन्दूविश्वविद्यालय, वाराणसी-५

●

१. द्रष्टव्य, यू० पी० शाह, 'यक्षिणी ऑव दि ट्वेण्टी-फोर्थ जिन महावीर', जर्नल ओरियण्टल इन्स्टिट्यूट, बड़ौदा, खण्ड २२, अ० १-२, सितम्बर १९७२, पृ० ७०-७५; मारुतिनन्दन प्रसाद तिवारी, एलिमेण्ट्स ऑव जैन आइकनोग्राफी, वाराणसी, १९८३, पृ० ५८-६४.

२. त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित (हेमचन्द्रकृत) १०.५.१२-१३; निर्वाणकलिका १८.२४; मन्त्राधिराजकल्प (सागरचन्द्रसूरिकृत) ३.६६; आचारदिनकर-प्रतिष्ठाधिकार ३४.१; प्रतिष्ठासारसंग्रह ५.७३-७४.

३. यू० पी० शाह, पूर्व निर्दिष्ट, पृ० ७५.

चिन्तामणि पार्श्वनाथ मन्दिर का तीन जैन प्रतिमा-लेख

डॉ० अरविन्द कुमार सिंह

राजस्थान में स्थित सादडी नामक स्थान के चिन्तामणि पार्श्वनाथ मन्दिर मे बिठायी हुई तीन जैन मूर्तियों की पाद पीठिका पर महत्त्वपूर्ण अभिलेख टंकित हैं। अमेरिकन इन्सटीट्यूट ऑफ इण्डियन स्टडीज, रामनगर (वाराणसी) द्वारा हाल ही मे इन अभिलेखो का छायाचित्र लिया गया है। इन लेखों की वाचना संक्षिप्त परिचय के साथ यहाँ दी जा रही है।

लेख सख्या १ :

यह लेख मन्दिर के गूढमण्डप के खत्तक मे स्थापित की हुई गुरुमूर्ति के तीन प्रविभाग वाली पीठिका के बायें तथा मध्यभाग के हिस्से मे खुदा हुआ है। मध्यभाग का लेख तीन पक्तियों मे खुदा है जबकि बाये भाग मे केवल एक ही पंक्ति का लेख स्पष्ट है। शेष हिस्से का लेख चूना चढ जाने से अपठनीय हो गया है। अभिलेख का वर्ष १२७३ जैसा पढा जाता है जो ईस्वी १२१६ के बराबर है। चैत्रगच्छ के धर्मसिह सूरि का नाम अभिलेख मे दिया है। इसके साथ ही सागरचन्द्र द्वारा किसी मुनि के स्मरण मे मरणोपरान्त बनायी गई यह मूर्ति हो ऐसा कुछ अन्दाजा इस अभिलेख से निकल सकता है। अभिलेख की तीसरी पक्ति पर चूना चढ़ जाने से पूरो वाचना और विषयवस्तु का ठीक खुलासा नही हो पाता।

मूल पाठ

१. ॥ स० १२७३ वर्षे फागुण वदि २ रवि दिने श्रो चैत्रगच्छे श्री धर्मसिघ सूरो
२. सूरीणां शुभगत्तिः + सिघ पु० सागरचन्द्रेण कारिता
३. .... ॥ श्री ॥

लेख संख्या २ :

मन्दिर मे स्थापित की हुई अम्बिका देवी की संगमरमर में बनी हुई मूर्ति के पबासण पर के लेख-अनुसार प्रतिमा का समय "सं १२" है। लिपिशास्त्रीय लक्षणो और प्रतिमा की शैली को देखने से मूर्ति तथा लेख १३वी शती ईस्वी का लगता है। अतः अभिलेख का समय संवत् [१३]१२ मानना ठीक होगा जो १२५५ ईस्वी के बराबर है। दो पक्तियो वाला यह लेख अपूर्ण है। इसमे पल्लिका (राजस्थान का पालि गाँव) और उसका सां(शां)तिनाथ चैत्य उल्लिखित है। सभव है प्रतिमा असल मे वही स्थापित रही हो।

मूल पाठ

१. सिद्धम् सं [१३*]१२ मार्ग्ग सु[दि*] १३ श्री ऊ० श्री पल्लिकास्थाने। श्री सां(शां)—
२. तिनाथ चैत्ये

लेख संख्या ३ :

संवत् १५०१ वर्ष का यह लेख पंचतीर्थ प्रतिमा की पीठिका के तीन हिस्सों पर खुदा है। बाये भाग मे केवल तीन पंक्तियां खुदी है जबकि मध्यभाग मे पॉच और दाहिने भाग में छः पंक्तिया है। मध्य दाहिने भाग की पंक्तियों के शुरू के कुछ अक्षर मिट जाने से अभिलेख का पूरा खुलासा संभव नही हो पाया है। इस अभिलेख मे हेमतिलक सूरि, वोरचन्द्र सूरि, जयाणद सूरि और प्रतिष्ठाकर्ता मुनितिलक सूरि के नाम अंकित हैं। एक ब्रह्माणगच्छीय हेमतिलक सूरि का नाम संवत् १४३७ (ईस्वी १३८०)[१] और मंवत् १४४६ (ईस्वी १३८९)[२] के अभिलेखों से ज्ञात है। सभव है कि १४४४ ईस्वी की इस पंचतीर्थ प्रतिमा-लेख के हेमतिलक सूरि और ब्रह्माणागच्छोय हेमतिलक सूरि एक रहे हों। ऐसा स्वीकार करने पर ब्रह्माणगच्छ के तीन पश्चात् कालीन मुनियो के नाम इस अभिलेख से प्रकाश में आते है। यह प्रतिमा मूलतः ने(न)डूलाइ(नाडलाई, राजस्थान) के किसी पार्श्वनाथ जिनालय मे रही होगी।

मूल पाठ

१. संवत् १५०१ वर्षे श्रीपार्श्वनाथ. [प्रतिमा]स्थापितः
२. ने(?)ने(न)डूलाइ प्रासा[द] + + न परिन + + + श्रावके
३. छे श्री हेमतिलक सूरितः। तत् पट्टे श्री वीरचन्द्र सू[रि] + + देम त०
४. श्री जयाणद सूरि प्रतिष्ठित गछनायक
५. [श्री] मुनित्तिलक सूरि श्रा० ....
६. ....

प्रवक्ता
प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर—मध्यप्रदेश

---

१. पूरनचन्द नाहर, जैन इन्सक्रिप्शन्स, भाग २, लेखांक ११२३।
२. वही, भाग १, लेखांक ९६८।

गुजरात से प्राप्त कुछ महत्त्वपूर्ण जैन प्रतिमायें

प्रमोद कुमार त्रिवेदी

१९७७ में लगभग एक दर्जन धातु निर्मित कलाकृतियाँ भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, पश्चिमी मण्डल, बडोदरा के अधीक्षक, पुरातत्त्वज्ञ डॉ० चे० मार्गबन्धु द्वारा अधिकृत की गयी थी। उन्होंने लेखक को उक्त कृतियाँ परीक्षण एवं अध्ययन हेतु प्रदान की तथा प्रस्तुत लेख तैयार करने का परामर्श दिया। यद्यपि इन कृतियो का मूल स्थान निश्चित रूप से ज्ञात नही है, किन्तु शैलीगत विशिष्टताओं के आधार पर विवेचनाधीन प्रतिमाये गुजरात मे निर्मित प्रतीत होती हैं। उपरोक्त समूह में उत्कीर्ण एवं अलिखित श्वेताम्बर एव दिगम्बर सम्प्रदाय की प्रतिमायें, चौमुखो, दीप-लक्ष्मी, गजारोही, गरुड़ एव राष्ट्रकूट शैली की छापयुक्त किन्तु पर्याप्त अर्वाचीन कमल-धारिणी का एक नमूना भी सम्मलित है। तिथि की दृष्टि से इनका काल बारहवी से उन्नीसवी शताब्दी के मध्य का है। प्रस्तुत लेख मे मात्र उत्कीर्ण एवं चुनी हुई कृतियों का ही विवेचन किया जा रहा है।

१. महावीर का चतुर्विंशतिपट्ट (कांस्य, १७ ०५ सं० मी० × १० ०५ से० मी०)

भगवान् महावीर ध्यानमग्न, पद्मासन मुद्रा मे एक उच्च त्रिरथ, सिंहासन पर रखी सादी पीठिका पर आसन्न हैं। मूल-नायक के सिर पर उष्णीश है, चेहरा अण्डाकार, नेत्र आयताकार एव 'प्रलम्ब कर्ण पाश' हैं। वक्ष: स्थल पर 'श्रीवत्स' लांछन रजत उरेकित है। सिर के पीछे भामण्डल तथा ऊपर कलशमय छत्र है। उनके पार्श्व मे दोनो ओर एक तीर्थंकर कायोत्सर्ग मुद्रा मे अकित है, जिनके पैरो के मध्य वस्त्रो का अकन विवेचनाधीन कृति के श्वेताम्बर सम्प्रदाय से सम्बन्धित होने की पुष्टि करता है। माणिक्य-माल की इकहरी सीमान्त रेखा के शीर्षस्थ भाग पर मयूर-युग्म से युक्त मंगल-कलश है, जिसके ठीक नीचे छत्राच्छादित एव कायोत्सर्ग मुद्रा मे पार्श्व तीर्थंकरों से युक्त एक अन्य तीर्थंकर ध्यान-मुद्रा मे निरूपित है। मूल-नायक सहित सम्पूर्ण परिकर पर अकित तीर्थंकरों की संख्या कुल चौबीस है। सिंहासन के सम्मुख संभवतया दो मृगो के मध्य एक धर्मचक्र एव नवग्रहों का गढन प्रतीक रूप मे किया गया है। (चित्र १—क)

प्रतिमा के पृष्ठ भाग पर अंकित लेख के अनुसार इसकी प्रतिष्ठापना सन् ११५० मे हुई थी। देवनागरी लिपि मे उत्कीर्ण लेख के अनुसार प्रतिमा का प्रतिष्ठापन कार्य शान्तिप्रभ-सूरि द्वारा सवत् १२०७ (ई० ११५०) मे वैशाख सुदि पंचमी, शुक्रवार के दिन श्रेष्टि वढपाल, श्रेष्ठि जमदेव एव पुत्र सालदेव के भाई प्रर्णसिंह के कल्याणार्थ की गयी थी। (चित्र १—ख)

उत्कीर्ण लेख इस प्रकार है—

संवत् १२०७ वर्षे माघ सुदि ५ शुक्रे श्रे० वढपाल श्रे० (?) जमदेवाभ्या श्रेयार्थे पुत्र साल देवेन भातृ प्रर्नसिंह समेतेन चतुर्विंशतिपट्टकारित: प्रतिष्ठित बृहद्गच्छीयै: श्रीशान्तिप्रभसूरिभि:।

२. पार्श्वनाथ की पंचतीर्थिका प्रतिमा (कांस्य, १०.०५ से० मी० × ९ से० मी०)

श्वेताम्बर पंथ को इस कलाकृति में तीर्थंकर पार्श्वनाथ ध्यान मुद्रा में पद्मासन लगाये एक सादी गद्दी पर आसीन हैं। उनके कान लम्बे तथा अधरों का गठाव कुछ मोटाई लिये है। इस 'सफण मूर्ति' में मूलनायक का सिर सप्त सर्पफणों द्वारा आच्छादित है। उनके दोनों पार्श्वों मे चार अन्य जिन अंकित हैं, जिनमें से दो कायोत्सर्ग मुद्रा में तथा उपरिभाग में शेष दो तीर्थंकर कमलासन मे बैठे हैं। इन चार तीर्थंकरों की शिरोभूषा मूल-नायक के सदृश्य है। पीठ दो उर्ध्व भित्तिस्तम्भों पर आश्रित क्षैतिज दण्ड युग्मों द्वारा निर्मित है। पृष्ठांकित आलेख के अनुसार यह पंचतीर्थिका प्रतिमा ई० १४४६ (वि० सं० १५०३) में प्रतिष्ठापित की गयी थी, तथापि उत्कीर्ण पीठ के ऊपरी भाग भग्न होने के कारण लेख की पूर्णरूपेण जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। (चित्र २—क, ख)

३. शान्तिनाथ की पंचतीर्थिका प्रतिमा (कॉस्य, १७.०२ से० मी० × ११.०५ से० मी०)

धातु-प्रतिमा की पीठिका के सम्मुख भाग में ॐ नमः एवं पाद चिह्न अंकित हैं। शान्तिनाथ जो ध्यानमग्न पद्मासन मुद्रा में एक सिंहासन पर आसन्न हैं। सिर के पीछे प्रभावली तथा ऊपर कलशयुक्त छत्र है जिसके पार्श्व में अभिषेक गजों का निरूपण हुआ है। मूल-नायक का सिर उष्णीश युक्त है तथा उनके नेत्र समचतुर्भुजीय आकार में प्रदर्शित हैं। मूल-नायक के पार्श्व में चार अन्य तीर्थंकरों का अंकन है। अधोभाग मे कायोत्सर्ग मुद्रा में खडे जिनों के साथ एक चँवरधारी सेवक भी त्रिभंग-मुद्रा मे खडा है। परिकर पर अंकित पद्मबन्ध का बाह्य भाग गजमुखो से आविर्भूत मौक्तिक शृङ्खला द्वारा मुसज्जित है। कलाकृति के शीर्षस्थ भाग पर मगल कलश के साथ मयूर-युग्म प्रदर्शित है। सिंहासन पर वामाभिमुख सिंहयुग्म बारीकी से गढ़ा गया है। सिंहासन के बायीं ओर सोलहवे तीर्थंकर के यक्ष गरुड एवं दाहिनी ओर यक्षी निर्वाणी का मूर्तन किया गया है। उच्च अलंकृत पीठिका पर नमस्कार मुद्रा मे एक उपासक तथा मध्य मे धर्मचक्र के दोनों ओर एक मृग है। चक्र के दोनो ओर नौ बिन्दुआकार, मोटी एव लघु आकृतियाँ (पाँच बायी ओर तथा चार दाहिनी ओर) स्पष्टतया नवग्रहों की प्रतीक है। (चित्र ३—क)

इस कलाकृति की तिथि ई० १४६८ है। प्रतिमा के पृष्ठभाग पर देवनागरी लिपि मे उत्कीर्ण लेख इस प्रकार है—

स० (संवत्) १५२५ वै० (वैशाख) सु० श्रु० ३ गुरौ श्री मूलसंघे सरस्वतीगच्छे भ० (भट्टारक) श्री सकलकीर्तितत्पट्टे भ० (भट्टारक) श्री विमलेन्द्रकीर्त्तिभिः श्री शान्तिनाथ बिम्बं प्रतिष्ठित हूँबड़ ज्ञातीय म० (महमू/महत्तर) करमसी (ह) भा० (भार्या) करमादे (वी) सु० (सुता) जइनालदे(वी) स० रांका। (चित्र ३—ख)

आलेख से विदित होता है कि उक्त जैन प्रतिमा की प्रतिष्ठापना यशस्वी व्यक्ति करमसी (करमसिंह), पत्नी करमदेवी एवं पुत्री जइनदेवी द्वारा ई० १४६८ (सम्वत् १५२५), वैशाख सुदि ३ गुरुवार के दिन की गयी थी। प्रतिष्ठापन समारोह, दिगम्बर सम्प्रदाय (हूँबड जाति दिगम्बर मतावलम्बियों मे होती है) के मूल संघ के सरस्वतीगच्छीय भट्टारक सकलकीर्त्ति के उत्तराधिकारी विमलेन्द्रकीर्त्ति द्वारा किया गया था।

४. पद्मावती (कांस्य, १९ से० मी० × १९.०५ से०मी०)

तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ की शासनदेवी पद्मावती कमल दल चक्र के दोहरे आवर्तों द्वारा निर्मित्त पीठ पर ललितासन मुद्रा में आसीन हैं। समकालीन अन्य प्रतिमाओं की भाँति इसके नेत्रों, नासिका तथा अधरों का गढन विशेष परिष्कृत नही है। वह पद्म-कुण्डल, वलय, स्तनों के मध्य लटकता हार एवं पैरों मे सादे पादवलय धारण किये है। घुटनों तक लम्बा अधोवस्त्र उदर-बंध द्वारा कसा है। इस चतुर्भुजीय प्रतिमा का दाहिना निचला हाथ वरद मुद्रा में है तथा ऊपरी दाहिना हाथ पाश धारण किये है। निचले बायें हाथ मे बीजपूरक तथा ऊपरी बायें हाथ में गदा के सदृश्य अनगढ सनाल कमल है। उनका सिर तीन सर्प-फणो द्वारा सुरक्षित है। मुख्य प्रतिमा के ऊपरि भाग में पुष्पांकित गद्दी पर तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ ध्यानमग्न कमलासन मुद्रा मे आसीन है। उनका सिर सप्त फणों द्वारा आच्छादित है। प्रभावली के अतिरिक्त इस परिकर युक्त मूर्ति के दोनो ओर एक-एक गज मुख है, जिसके मुख से आविर्भूत माणिक्य शृङ्खला शीर्ष भाग पर मगल कलश मे समाप्त होती है। (चित्र ४—क) कृति के पृष्ठ भाग पर अंकित तिथियुक्त लेख से ज्ञात होता है कि प्रतिमा की स्थापना ई० १६३६ (सवत् १६९३) मे माघ मास के कृष्ण पक्ष के प्रथम दिन सतिनाग की पतिपरायणा पत्नी (नाम अपठनीय) द्वारा की गयी थी। प्रतिष्ठापन समारोह कुन्दकुन्दाचार्य वश परम्परा के भट्टारक धर्मकीर्त्ति द्वारा सम्पन्न किया गया, जो कि दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के मूलसंघ के बलात्कार गण से सम्बद्ध सरस्वतीगच्छ के थे। देवनागरी मे लेख निम्नांकित है—

संवत् १६९३ वर्षे माघ मासे कृष्ण पक्षे प्रतिपदायां श्री मूलसघे सरस्वती गच्छे बलात्कार (गणे) कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक धर्मकीर्त्ति गुरुत्पट्टे भट्टारक प्रकीर्ति(तम) सतिनाग पुत्र यो श्री सुखानन्द भार्या ··· · · ··· · ·· नित्यप्रणमति। चित्र ४—ख)[1]

मुस्लिम आक्रमण के पूर्व ९वी-१३वी शताब्दी के मध्य इस भूभाग मे धातुकर्म एव धातु शिल्पकला का कार्य अपने चरमोत्कर्ष पर था। इस समय गुजरात के कला शिल्पियो की बेजोड़ उन्नति के कारण ही गुजरात मे मध्यकाल मे धातुकर्म के अद्वितीय नमूनो का आविर्भाव हुआ। मध्यकाल एव परवर्ती मध्यकाल मे धातुकला कौशल को तकनीक एव कला के विकास की पृष्ठभूमि हेतु समकालीन धार्मिक चेतना ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। जैन श्रमण विशेष रूप से भव्य कृतियो के निर्माण के प्रेरणा स्रोत थे। जैन समुदाय द्वारा सदैव ही प्राचीन कला परम्परा को निरन्तर संरक्षण मिला है। इस समुदाय ने मन्दिर निर्माण, मूर्ति शिल्प के विकास एव पाण्डुलिपियो के

१ स्वर्ण कमल, ऐन्शियेन्ट आर्ट ऐण्ड टेक्नालॉजी ऑफ गुजरात, म्यूजियम ऐण्ड पिक्चर गैलरी, बड़ौदा, गुजरात स्टेट, १९८०.

आभारोक्ति—प्रस्तुत लेख के छाया चित्र श्री हैनरी माइकेल द्वारा तैयार किये गये हैं। इनका प्रतिलिप्याधिकार भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण द्वारा सुरक्षित हैं।

चित्र सूची

सुरक्षित रख रखाव हेतु अपार धन व्यय किया गया है। जैन धर्म का विकास स्वतन्त्र रूप में हुआ। इसने प्राचीन धरोहरों को आज भी सुरक्षित रखा है।

सोलंकी युग मे निर्मित प्रथम कृति के अतिरिक्त समस्त नमूने व्यक्तिगत रूपांकन की महजता एवं ह्रास के द्योतक है। इनका प्रतिरूपण मोहक नही है, किन्तु प्रत्येक नमूने १२ उत्कीर्ण तिथियुक्त लेख धातु प्रतिमा शिल्प मे हुए कलात्मक ह्रास के विभिन्न चरणों के साक्षी हैं। परवर्ती मध्यकाल मे गुजरात में धातु कलाकृतियों के सर्जन हेतु पीतल का उपयोग होने लगा तथा इसका प्रचलन अत्यधिक बढ़ गया था क्योंकि यह स्वर्ण की भाँति चमकीला होता था। इस युग मे मुसलमान शासको के काल मे कला गतिविधियो ने एक नवीन मोड़ लिया। धातुकर्मियों ने अधिक विश्वसनीय तकनीक एवं स्वतत्र दृष्टिकोण अपना लिया था, किन्तु क्रमशः कला चेतना मे सादगी एव ह्रास में वृद्धि होती रही। मुगल शैली से प्रभाविन होकर यह क्रमशः एक नवीन अनुकरणजन्य शैली मे परिवर्तित होकर प्रतिमाएँ अत्यधिक भद्दी एव कृत्रिम हो गयी एवं अन्ततोगत्वा धातु शिल्प अवनति के पथ पर अग्रसर हो गया।

भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, उत्खनन शाखा–२
नई दिल्ली–११०००३

अभिलेख

१. महावीर का चतुर्विंशतिपट्ट
"संवत् १२९० वर्षे माघशुदि ५ शुक्रे
श्रे० वहपाल श्रे० श्रे० जम(?)जमदेवाभ्या श्रेयार्थे पुत्र साचदेवेन भार्तृ(तृ) पूर्नसिह समेतेन चतुर्विंशतिपट्टः कारितः। प्रतिष्ठितं बृहद्गच्छीयैः श्रीशालिप्रभसूरिभिः।

पार्श्वनाथ प्रतिमा २. सवत् १५०३ वर्षे माघ.......... ... .. प्रणमति (या प्राणमति प्रयोग दिगम्बर परम्परा मे प्रचलित है)

पचतीर्थी ३. सं० १५२५ वै० शु० ३ गुरौ श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे भ० श्रीसकलकीर्ति तत्पट्टे भ० श्रीविमलेन्द्रकीर्तिभिः श्रीशातिनाथबिम्ब प्रतिष्ठितं हूबडज्ञातीय भ० करमसी भा० करमादे सु० जइता भा० जइतलदे स(सु०) शंका।

पद्मावती ४. संवत् १६६३ वर्षे माघमासे कृष्णापक्षे प्रतिपदायां श्रीमूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक धर्मकीर्तिगुरुस्तत्पट्टे भट्टारक प प्र० श्री उपदेसात् नागणपुरीणो......सुखानदं भार्या.........रा नित्य प्रणमति॥ भटारक ४०५० श्री श्री सुखानन्दचार्याणामुपदेसा(शा)त्।

कालिदास की रचनाओं में अहिंसा की अवधारणा

डा० रविशंकर मिश्र

कालिदास शैव थे,[1] तथापि उनकी रचनाओ के सम्यकालोचन से ऐसा प्रतिभासित होता है कि वे जैन धर्म की अहिंसावादी शिक्षाओं से काफी प्रभावित थे। इस तथ्य के प्रमाणस्वरूप उनकी रघुवंश, कुमारसम्भव, शाकुन्तल आदि रचनाएँ हमारे सामने है। जैन धर्म के सर्वप्रमुख सिद्धान्त-अहिंसा का उनके ग्रन्थों मे पर्याप्त निदर्शन मिलता है। रघुवंश कालिदास का सर्वप्रमुख महाकाव्य है, जिसमे रघु-वंश का सम्पूर्ण इतिहास लिपिबद्ध है तथा जिसके प्रमुख नायक रघु है। अश्वमेध यज्ञ हेतु राजा दिलीप द्वारा छोडे गये अश्व का देवराज इन्द्र द्वारा हरण कर लिये जाने पर कुमार रघु ने—जो उस अश्व के रक्षार्थ नियुक्त थे—उसे परास्त कर, उससे, अश्व को माँगा। परन्तु रघु के पराक्रम पर प्रसन्न इन्द्र ने, अश्व के अतिरिक्त अन्य कोई वर माँगने को कहा। इस पर रघु ने प्रार्थना करते हुए इन्द्र से कहा कि यदि आप यज्ञ का यह अश्व नही देना चाहते है तो मुझे ऐसा वर दीजिये कि मेरे पूज्य पिता को, बिना इस अश्व की बलि दिये[2] हिंसा किये ही, इस अश्वमेध यज्ञ का पूरा फल प्राप्त हो जाये—

> अमोच्यमश्वं यदि मन्यसे प्रभो तत. समाप्ते विधिनैव कर्मणि।
> अजस्रदीक्षाप्रयतः स मद्गुरुः क्रतोरशेषेण फलेन युज्यताम् ॥[3]

[हे प्रभु ! यदि आप अश्व को छोड़ने योग्य नही समझते तो निरन्तर यज्ञानुष्ठान मे प्रयत्नशील मेरे पिता, विधिपूर्वक इस यज्ञ की समाप्ति होने पर जो भी फल होता है, उसे पूर्ण रूप से प्राप्त करे।]

इस प्रसङ्ग मे कवि ने जहाँ कुमार रघु के अपार पराक्रम एव विनयशीलता का बोध कराया है, वहीं क्या हम यह नही कह सकते कि शैव धर्मावलम्बी होते हुए भी कवि इन यज्ञो मे होने वाली

---

१. (क) संस्कृत साहित्य का इतिहास · बलदेव उपाध्याय (भाग प्रथम), पृ० १४५.
   (ख) संस्कृत साहित्य का इतिहास : ए० बी० कीथ, हिन्दी भाषान्तरकार · मगलदेव शास्त्री, पृ० १२२-१२३.
   (ग) महाकवि कालिदास · डा० रमाशकर तिवारी, पृ० ६३
   (घ) भारती कवि विमर्श · पं० रामसेवक पाण्डेय, पृ० ११.

२. ज्ञातव्य है कि इस आश्वमेधिक अश्व की यज्ञ में बलि दे दी जाती है—शतपथब्राह्मण, १३/१-५, इसके अतिरिक्त तैत्तिरीयब्राह्मण, ३/८-९; कात्यायनीय श्रौतसूत्र, २०· आपस्तम्ब, आश्वलायन (२०; १०/६) आदि मे भी।

३. रघुवंश : महाकवि कालिदास, ३/६५।

निरीह पशुओं की निर्मम हत्या का प्रबल विरोधी था। शायद कवि की इसी अहिंसात्मक-भावना के परिणाम-स्वरूप इस प्रसङ्ग में नायक की प्रतिष्ठा के साथ ही हमें अहिंसा के प्रति उसका अपार प्रभाव प्रतिभासित होता है। एक अन्य प्रसङ्ग मे राजा दिलीप महर्षि वशिष्ठ द्वारा प्रदत्त नन्दिनी धेनु की रक्षार्थ अपने शरीर को सिंह के समक्ष प्रस्तुत करने को उद्यत मिलते है—

स त्वं मदीयेन शरीरवृत्तिं देहेन निर्वर्तयितु प्रसीद।
दिनावसानोत्सुकबालवत्सा विसृज्यतां धेनुरियं महर्षेः ॥[१]

[चूँकि आप अपने समीप आने वाले प्राणियों से अपनी जीविका का निर्वाह करते हैं, अतः मेरे शरीर से अपने जीवन की रक्षा कीजिये और दिन के समाप्त होने पर उत्कण्ठित छोटे बछड़े वाली महर्षि की इस धेनु को छोड दीजिये।]

इस प्रसङ्ग के पीछे कवि की अहिंसाप्रधान नीति ही प्रमुख रही है, तभी तो उसने भगवान् शङ्कर के सिंहरूपधारी उस अनुचर की हिंसा करने को उद्यत राजा दिलीप के हाथ को उनके तूणीर मे रखे हुए बाणो मे विद्ध करवा दिया।[२] इस प्रसङ्ग की प्रस्तुति के पीछे ध्यातव्य यह है कि कवि ने अपनी अहिंसाप्रधान नीति पर विशेष बल देने हेतु बलात् ही इस प्रसङ्ग को काव्य मे जोडने का प्रयास किया है, अन्यथा उसके समक्ष अन्य ऐसा कौन सा कारण हो सकता था, जिसके लिए सिंह की हिंसा के लिए उद्यत राजा दिलीप के हाथ को वह तूणीर मे विद्ध करवाता।

एक अन्य प्रसङ्ग मे हम देखते है कि राजा रघु के पुत्र कुमार अज एक स्वयंवर में भाग लेने हेतु विदर्भ देश जा रहे है। मार्ग मे उनके एक पड़ाव पर एक जङ्गली हाथी उन पर आक्रमण कर देता। इस पर 'हाथी मर न जाय' इसका ध्यान रखते हुए कुमार अज ने उस हाथी को मात्र भयभीत करने के उद्देश्य से, उस पर एक साधारण बाण छोड़ दिया—

तमापतन्तं नृपतेरवध्यो वन्यः करीति श्रुतवान्कुमारः।
निवर्तयिष्यन्विशिखेन कुम्भे जघान नात्यायतकृष्टशार्ङ्गः ॥[३]

[जङ्गली हाथी राजा के लिए अवध्य होता है—यह बात कुमार अज को शास्त्रों द्वारा ज्ञात थी, अतः उन्होंने उसे आगे न बढ़ने देने की इच्छा से अपने धनुष को थोडा ही खीचकर एक बाण से उसके मस्तक पर आघात किया।]

बाण लगने मात्र से वह जङ्गली हाथी अपने हाथी के उस रूप को छोड़कर गगनचारी गन्धर्व का मनोहर रूप धारण कर कुमार अज के सम्मुख उपस्थित हुआ और बोला कि मैं प्रियम्वद नामक गन्धर्व हूँ, अपने गर्व के कारण मैंने मतङ्ग ऋषि के शाप द्वारा गजयोनि को प्राप्त कर लिया था।[४] उसने आगे कहा—

---

१. रघुवंश : महाकवि कालिदास, २।४५।
२. वही, २।३१।
३. वही, ५।५०।
४. रघुवंश : महाकवि कालिदास, ५।५३।

संमोहनं नाम सखे ममास्त्रं प्रयोगसंहारविभक्तमन्त्रम् ।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्न चारिहिंसा विजयश्च हस्ते ।।
अलं ह्रिया मां प्रति यन्मुहूर्तं दयापरोऽभूः प्रहरन्नपि त्वम् ।
तस्मादुपच्छन्दयति प्रयोज्य मयि त्वया न प्रतिषेधरौक्ष्यम् ।।[१]

[तुमने अपने क्षात्र-धर्म का पालन करते हुए भी अपने दया-धर्म को नहीं छोड़ा और मेरे प्राण नहीं लिये, अतः मैं आज से तुम्हारा मित्र हूँ और अपनी इस मित्रता को चिरस्मरणीय बनाने हेतु मैं आपको यह एक ऐसा सन्मोहन अस्त्र प्रदान कर रहा हूँ, जिसके द्वारा इसके प्रयोक्ता को अपने शत्रु की हिंसा नहीं करनी पडती और उसे शत्रु पर विजय भी प्राप्त हो जाती है ।]

इस प्रसङ्ग में भी कवि की अहिंसाप्रधान नीति का ही आभास होता है। क्योंकि शत्रु की बिना हिंसा किये ही उस पर विजय प्राप्त कर लेना सामान्यतया तो असम्भव ही होता है, अतः ऐसी स्थिति में भी कवि द्वारा ऐसे प्रसङ्ग का प्रस्तुतीकरण सहजतया कवि के अहिंसा-सिद्धान्त का ही परिपोषक सिद्ध होता है। आगे इसी प्रसङ्ग मे हम देखते हैं कि अज ने रणभूमि में अपने शत्रुओं पर उसी सम्मोहन अस्त्र का प्रयोग कर, बिना शत्रुओं की हिंसा किये ही उन पर विजय भी प्राप्त की ।[२]

उपर्युक्त प्रसङ्ग महाकवि की प्राणिमात्र के प्रति दयालुता व उत्कृष्ट अहिंसात्मक भावना के ही द्योतक/प्रस्तोता है। उन्होंने पदे-पदे अहिंसा की महिमा का हाथ उठाकर बखान किया है, तभी तो इसी काव्य मे आगे उन्होंने राजा दशरथ की उस आखेट-क्रीडा की निन्दा की है, जो श्रवण-कुमार की हिंसा का कारण बनी थी—

नृपतेः प्रतिषिद्धमेव तत्कृतवान्पङ्क्तिरथो विलङ्घ्य यत् ।
अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः ।।[३]

[जङ्गली हाथी को मारना राजा के लिए निषिद्ध था, किन्तु राजा ने उसका उल्लङ्घन किया। सच है, विद्वान् पुरुष भी राजसी गुणो से अभिभूत होकर अनुचित मार्ग पर पदार्पण कर बैठते हैं ।]

इस प्रसङ्ग को आधार बनाकर कहा जा सकता है कि जब राजा के लिए गज-हिंसा सर्वथा वर्जित थी, तब उसने गज-शब्द के भ्रम मे ही सही पर उसकी हिंसा के निमित्त बाण क्यों चलाया ? क्या काव्य की अपनी पूर्णता की ओर क्रमशः पहुँचते-पहुँचते क[illegible] . अहिंसात्मक भावना-ज्वार में शिथिलता आ गयी थी ? पर नही जहाँ तक मेरा विचार है कि इस प्रसङ्ग द्वारा कवि को यही दर्शाना अभिप्रेत था कि अनजाने मे भी कभी किसी की हिंसा के प्रति मन मे विचार तक भी नहीं लाना चाहिए और सम्भवतः इसी विचार के फलस्वरूप कवि ने श्रवणकुमार की हिंसा का प्रसङ्ग उपस्थित किया ।

---

१. वही, ५।५७-५८ ।
२. वही, ५।६५ ।
३. रघुवंश : महाकवि कालिदास, ९।७४ ।

कवि की दृष्टि में आखेट सर्वथा निन्दनीय कार्य रहा है, तभी तो उसने अभिज्ञान-शाकुन्तल में माधव्य के मुख से आखेट की निन्दा करते हुए इसको (आखेट-वृत्ति को) बहेलिया (चिडीमार) आदि निम्न व्यक्तियो की वृत्ति कहा है—

युक्तं नामेवं, यतस्त्वया राजकार्याणि उज्झित्वा तादृशमस्खलितपद प्रदेशञ्च वनचरवृत्तिना भवितव्यमिति ॥[१]

माधव्य के इस कथन से अभिभूत होकर राजा दुष्यन्त का अपनी शिकार-यात्रा का उत्साह मन्द हो गया, तभी वह सेनापति भद्रसेन से कहता है—भद्रसेन ! भग्नोत्साहः कृतोऽस्मि मृगयापवादिना माधव्येन[२]—अर्थात् भद्रसेन ! शिकार की निन्दा करने वाले माधव्य ने मेरे उत्साह को मन्द कर दिया है।

इसी ग्रन्थ के छठे अङ्क मे धीवर की मत्स्य-हिंसा आदि कार्यों को गर्ह्य सिद्ध करते हुए कवि ने उसे अति हेय स्थान दिया है, तभी तो नागरक (थानाध्यक्ष) धीवर की व्यङ्ग्य रूप मे जो प्रशंसा करता है, उससे उसके हिंसा-कर्म को निन्दा ही ध्वनित होती है—(विहस्य) विशुद्ध इदानीमा आजीवः[३]—

अर्थात् (हँसकर) इसकी आजीविका तो पवित्र है। इस व्यङ्ग्योक्ति के उत्तर में अपनी मत्स्य-हिंसा-वृत्ति के समर्थन मे धीवर कहता है—

सहजं किल यद्विनिन्दितं न तु तत् कर्म विवर्जनीयकम् ।
पशुमारणकर्मदारुणोऽनुकम्पामृदुकोऽपि श्रोत्रियः ॥[४]

अर्थात् निन्दित होता हुआ भी जो कर्म स्वाभाविक (वंशपरम्परागत) है, उसे नही छोड़ना चाहिए। दया से कोमल (हृदय) होता हुआ भी वैदिक ब्राह्मण यज्ञ मे पशु-हिंसारूपी कर्म मे क्रूर हो जाता है। परन्तु धीवर के इस व्यङ्ग रूप कथन से स्पष्ट होता है कि यज्ञ मे पशु-हिंसा करने वाले इन श्रोत्रिय ब्राह्मणो को भी कवि ने निन्दनीय दृष्टि से ही देखा है।

यहाँ हम इस तथ्य को तो अस्वीकार नही कर सकते कि तत्कालीन समाज मे आखेट-क्रीडा और यज्ञादि मे पशु-हिंसा प्रचलित थी, परन्तु अनेक प्रसङ्गों के आधार पर इतना अवश्य कहा जा सकता है कि कम से कम महाकवि को ऐसी हिंसा रूचिकर न थी और इसमे कोई आश्चर्य नही कि महाकवि की इस अहिंसा—विश्व के प्राणिमात्र के प्रति प्रेम और करुणा की भावना—के अन्तस् मे जैन धर्म का ही किञ्चित् प्रभाव अन्तर्निहित हो।

जैन धर्म मे परमाराध्य एवं अहिंसा के सिद्धान्त के प्रतिपादक 'अरहंत' का स्थान सर्वोपरि है। इसी कारण जैन धर्म के अनादिनिधन मन्त्र मे सर्व प्रथम इन्हे ही नमस्कार किया गया है।[५]

१ अभिज्ञानशाकुन्तल : महाकवि कालिदास, २।२ ।
२. अभिज्ञानशाकुन्तल : महाकवि कालिदास, २।४ ।
३. वही, ५।१ (अङ्कावतार) ।
४. वही, ५।१ (अङ्कावतार) ।
५. णमो अरिहंताणं ।

अरहंत शब्द प्राकृत का है, इसका संस्कृत रूप है—अर्हत-अर्हन्। महाकवि ने जैन धर्म के इस आराध्य अर्हत् और अर्हन् शब्द का अपनी रचनाओं मे अनेकशः श्रद्धापूर्वक प्रयोग किया है। रघुवंश के प्रथम सर्ग मे कवि ने 'नयचक्षुषे' विशेषण के साथ मुनियो के लिए अर्हत् शब्द का प्रयोग किया है, जिसके आधार पर सम्भवतः उन्होने अर्हत् अर्थात् मुनि के नयो के ज्ञातृत्व की ओर सङ्केत किया है—

तस्मै सभ्याः सभार्याय गोप्त्रे गुप्ततमेन्द्रियाः।
अर्हणामर्हते चक्रुर्मुनयो नयचक्षुषे[१] ॥

पञ्चम सर्ग मे कवि ने ऋषि कौत्स की पूजनीयता-पवित्रता आदि के कथा-प्रसङ्ग मे राजा रघु के मुख से 'अर्हत्' शब्द कहलवाया है—

तवार्हतो नाभिगमेन तृप्तं मनो नियोगक्रियतोत्सुकं मे।
अप्याज्ञया शासितुरात्मना वा प्राप्तोऽसि सम्भावयितु वनान्माम्[२] ॥

आगे इसी सर्ग मे राजा रघु ने ऋषि कौत्स के आदरसूचक सम्बोधनस्वरूप 'हे अर्हन्' शब्द प्रयुक्त किया है—

स त्व प्रशस्ते महिते मदीये वसंश्चतुर्थोऽग्निरिवाग्न्यगारे।
द्वित्राण्यहान्यर्हसि सोढुमर्हन्यावद्यते साधयितु त्वदर्थम्[३] ॥

इसी प्रकार कुमारसम्भव मे भी कवि ने महनीय जनो के कथन-प्रसङ्ग मे 'अर्हत्' शब्द प्रयुक्त किया है—

अद्यप्रभृति भूतानामधिगम्योऽस्मि शुद्धये।
यदध्यासितमर्हद्भिस्तद्धि तीर्थं प्रचक्षते[४] ॥

इन सन्दर्भो के आधार पर हम कह सकते है कि महाकवि ने अपनी रचनाओं में सर्वत्र अर्हत्-अर्हन् शब्द का प्रयोग प्रायः ऋषि-मुनियो के लिए ही किया है, जो पूजनीय, महनीय एवं पवित्रता के अन्यतम साधक होते थे। इधर जैन धर्म मे भी यह अर्हत्-अर्हन् शब्द उन तीर्थंकरो के लिए ही प्रयुक्त मिलता है, जो जैन धर्म के तत्त्वदृष्टा अन्यतम पूजनीय एव महनीय साधक होते है। तो क्या यह सम्भव नहीं कि कवि ने अपनी रचनाओ मे इस शब्द का प्रयोग जैन धर्म के अर्हतो-तीर्थंकरो की पूजनीयता, महनीयता एव पवित्रता से प्रभावित होकर ही किया हो? यहाँ यह कथन कोई निश्चित तो नही है, फिर भी इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि महाकवि अहिंसानुरागी थे तथा जेन-धर्म-दर्शन के मौलिकसिद्धान्तों के प्रति उनका अगाध विश्वास एवं आदर भाव था। तभी

१. रघुवंश . महाकवि कालिदास, १/५५।
२. वही, ५/११।
३. वही, ५/२५।
४. कुमारसम्भव : महाकवि कालिदास, ६/५६।

तो कुमारसम्भव में पार्वती की जिस कठिन तपस्या[1] का तथा रघुवंश में राजा अज के आमरण उपवास के साथ उनके शरीर-त्याग[2] का जो हृदयहारी वर्णन कवि ने किया है, वह सहजतया हमें जैन धर्म मे प्रतिपादित सम्यक्-तप और सल्लेखना-समाधिमरण की स्मृति कराता मिलता है।

जैन धर्म एवं उसकी अहिंसा की अवधारणा के प्रति महाकवि के इस अगाध विश्वास और आदर भाव का कारण भी स्पष्ट ही है। महाकवि के समय मे जैन धर्म का पर्याप्त प्रभाव था। वह हिंसाप्रधान यज्ञादिको का विरोधी था और अहिंसा, सत्य, तप, अस्तेय और अपरिग्रह पर विशेष बल देते हुए उस युग की बुराइयों को सुधारने का प्रयत्न कर रहा था। इसी के फलस्वरूप यह धर्म समाज मे समादरणीय स्थान प्राप्त कर सका। सम्भवतः यही कारण रहा होगा कि जैन धर्म के अहिंसा, अनेकांत, आत्मोत्सर्ग के आदर्शों के अवलोकनोपरान्त महाकवि भी इस धर्म के प्रति आकृष्ट हुए बिना नही रह सके।

सम्पादक, भाषा विभाग,
पुराना सचिवालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)

●

१. कुमारसम्भव : महाकवि कालिदास, ५/२।
२. रघुवंश : महाकवि कालिदास, ८/९४-९५।

उग्रादित्याचार्य का रसायन के क्षेत्र में योगदान

डा० नंदलाल जैन

रसायन के उद्भव एवं विकास का श्रेय, रसोईघर, रसशाला और रसायनशाला को दिया जा सकता है। रसोईघरों का इतिहास अग्नि के आविर्भाव के साथ प्रारभ हुआ और यह अतिप्राचीन है। अग्नि का योग खाद्य पदार्थों को सुपाच्य और रसायन बनाता है। भोजन एवं जलवायु के असन्तुलन से होने वाली विकृतियो को दूर कर रसशालाये मानव को आयुष्य-ज्ञानी और भेषज-ज्ञानी के रूप मे स्वस्थ एव दीर्घ जीवन प्रदान करती है। रसायनशालायें जीवन को भौतिक सुख-सुविधाओ से सज्जित कर समृद्धिमय बनाती हैं। वस्तुतः आधुनिक रसायन का विकास रसशालाओ से ही हुआ है। प्रारंभ मे इनमे प्राकृतिक वनस्पति एव खनिज पदार्थो तथा पारद आदि तत्वों व यौगिकों से स्वस्थ्यकर यौगिक बनाये जाते रहे है। यही नही, कालान्तर मे पारद एव अन्य धातुओ को स्वर्ण मे परिणत करने के लिये पारस-पत्थर या प्रक्रियाओं की खोज तथा इह जीवन मे अमरत्व प्राप्त करने की लालसा की पूर्ति इनके अन्यतम उद्देश्य रहे हैं। यद्यपि मानव इन दोनो ही उद्देश्यों को पाने मे असमर्थ रहा और आज भी इस दिशा मे प्रयत्नशील है, लेकिन इस प्रयत्न मे पूर्व और पश्चिम के वैज्ञानिको ने अनेक प्रकार की भौतिक एवं रासायनिक विधियों का विकास किया। इस विकास में पूज्यपाद, समन्तभद्र, उग्रादित्याचार्य एव अनेक जैनाचार्यो का महत्वपूर्ण योगदान है।

डा० रे[1] ने भारतीय रसायन के इतिहास को प्रागैतिहासिक (ई० पू० ४०००-१५००), आयुर्वेदिक एवं वैदिक (१५०० ई० पू० से ८०० ई०), संक्रमण एवं तांत्रिक (८००-१३०० ई०) एव औषध-रसायन (१३००-१६०० ई०) युगो के नाम से चार चरणो मे विभाजित किया है। सिन्धु घाटी सभ्यता के युग मे अनेक प्राकृतिक खनिजो एवं ताम्र, स्वर्ण, रजत एवं कांस्य धातुओ तथा कुछ कलाओं का पता चलता है जिनमे रासायनिक क्रियाओ का उपयोग होता है। वैदिक युग मे छह धातुओं तथा अनेक सुराओ एव पेयों का उल्लेख मिलता है। अथर्ववेद मे तो देववाद एव औषधशास्त्र के माध्यम से रसायन के अनेक प्रारभिक और कुछ विकसित रूप मिलते हैं। इसमे रसायन से संबंधित विष विद्या, रसायन विद्या एव वाजीकरण विद्या के अनेक उल्लेख हैं। प्राचीन जैन ग्रन्थ उत्तराध्ययन[2] एवं दशवैकालिक[3] से ज्ञात होता है कि अनेक औषधों और धूम्रो का प्रयोग चल पडा था। इसी युग मे भारत मे भौतिक एव आध्यात्मिक जगत से संबधित अनेक

---

१. रे, पी०; **हिस्ट्री आव केमिस्ट्री इन एन्सियन्ट एण्ड मेडीवल इन्डिया**, इण्डियन केमिकल सोसायटी, कलकत्ता, १९५६, पृ० ११.

२ साध्वी, चदना (सपा०); **उत्तराध्ययन सूत्र**, सन्मति ज्ञानपीठ आगरा, पृ० ७२, पृ०, १४८।

३. आ० शय्यंभव; **दसवेआलिय** (स० मुनि नथमल), जैन विश्वभारती, लाडनूं, १९७४, पृ० ७०, ८७

सिद्धान्त पल्लवित हो रहे थे। इस युग के चिकित्सीय या रासायनिक विवरण का कोई महत्वपूर्ण ग्रन्थ उपलब्ध नही है, फिर भी अन्य विषयों के ग्रन्थो मे उपलब्ध स्फुट विवरण ही हमें इस दिशा में कुछ आभास देते हैं। उदाहरणार्थ आचारांग,[१] स्थानांग[२] व निशीथचूर्णी[३] मे भोजन के चार घटकों का उल्लेख आता है। दशवैकालिक[४] मे छह लवण, आर्सेनिक एवं पारद के लवणों को जलाकर बनने वाला शिरोरोगनाशी धूम्र तथा आशीविष एवं तालपुट विषों का उल्लेख है। स्थानांग[५] में चिकित्सा के चार अंगों, भोजन एवं विषपरिणामो, नौ विकृतियों (दही, घी आदि), सात धातु गोलकों (हीरा एवं मणि भी उस समय धातु माने जाते थे) एवं छह शस्त्रों का उल्लेख है। इनमें अग्नि (विस्फोटक), विष, लवण, स्नेह, अम्ल और क्षार-आधारित शस्त्र है जिनमे रासायनिक प्रक्रियायें समाहित है। इसमे आयुर्वेद के अष्टांगों के नाम भी आये हैं जिनमे जंगोली (विष), रसायन एवं क्षारतंत्र रसायन के ही अग हैं। रामायण, महाभारत व पाणिनि के साहित्य[६] मे भी ऐसे ही अनेक स्फुट विवरण पाये जाते है। ये सभी उद्धरण लगभग ई० पू० ५०० के हैं। इनसे पता चलता है कि शिक्षा के क्षेत्र में सामान्यतः औषध एव रसायन विद्या को स्थान नही मिल पाया था। इसके विपर्यास मे, जैन तीर्थंकर महावीर के द्वादशागी उपदेशो मे दृष्टिवाद[७] नामक बारहवें अग के पूर्वगत नामक खड मे 'प्राणवाद' नामक एक स्वतत्र क्षेत्र या पूर्व माना गया था जो औषध और रसायन का वर्णन करता था। उत्तरवर्ती काल में रसायन के अनेक रूप शिक्षा की बहत्तर कलाओ (हिरण्यपाक, सुवर्णपाक, सजीव, निर्जीव, चर्म लक्षण, मणि लक्षण, अन्न-पान विधि, शोधन-पृथक्करण विधि आदि) मे जैनाचार्यो[८] ने सम्मिलित किये। यही नही, जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति[९] मे तो स्त्रियों की ६४ कलाओं मे भी रसायन और वैद्यक कला को समाहित किया गया है।

कौटिल्य के ईसापूर्व चौथी सदी के अर्थशास्त्र में षट्-धातुप्राप्ति, मणि परीक्षण, आसव एवं मदिरायें, रासायनिक युद्धकला, विषविद्या एव अम्ल, क्षार तथा अनेक लवणों (हरिताल, हिंगुल आदि) का विवरण मिलता है एवं तत्कालिक रसायन विद्या की स्थिति का पता चलता है।[१०] इस विवरण मे वैज्ञानिकता का पर्याप्त अश प्रतीत होता है, फिर भी इसमें कलात्मकता

१ ऋषि अमोलक, **आचारांग सूत्र** (अनुवादक), अमोल जैन ज्ञानालय, धूलिया, १९६०; पृ० १६२

२. शास्त्री, हीरालाल (अनु०), **स्थानांग सूत्र**, आगम प्र० समिति, व्यावर, १९८१, पृ० २९४.

३. सेन, मधु; **ए कल्चरल स्टडी ऑव निशीथचूर्णि**, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, १९७५, पृ०, १२४.

४ देखिये, दसवेयालिय पृ० ४४, ४५, ३८१, ४३२.

५. देखिये, स्थानाङ्ग पृ० ३९२, ५६२-६३, ६६९, ४०७, ९१६, ६३६.

६. विद्यालंकार, अत्रिदेव; **आयुर्वेद का बृहत इतिहास**, सूचना, विभाग, लखनऊ, १९६०, पृ० ७६-९१.

७. आचार्य, पूज्यपाद; **सर्वार्थसिद्धि**, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली, १९७१, पृ० ८५.

८. जैन, जे० सी० तथा मेहता, एम० एल०; **जैन साहित्य का बृहत् इतिहास-२**, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, वाराणसी, १९६६; पृ० २७ एव ११७.

९-१०. विद्यालंकार—पूर्वोक्त, पृ० १२९.

अधिक प्रतीत होती है। उत्तराध्ययन में ३६ पृथ्वी-पदार्थों का उल्लेख है[1] इसके नामों का कौटिल्य से बहुत कम साम्य है। वर्गीकरण और नामकरण की विधि भी भिन्न है। पर इससे एक तथ्य प्रकट होता है कि पारे के लवणों का ज्ञान उन दिनों हो चुका था।

कौटिल्य के बाद चरक और सुश्रुत का समय आता है। इन औषध ग्रन्थों में पर्याप्त रासायनिक सामग्री मिलती है। यद्यपि इन ग्रन्थों के मूल लेखकों के समय के विषय मे काफी मतभेद है, पर यह सामान्य मान्यता है कि 'चरक' और 'सुश्रुत' शब्द एक परंपरा को निरूपित करते हैं जो महावीर-युग तक मानी जाती है। परंतु इन ग्रन्थों के अनुशीलन से अधिकांश विद्वान्[2] यह मानते हैं कि ये ग्रन्थ ईसापूर्व दूसरी सदी मे लिखे गये थे। इनका संस्कार भी किया गया है। इसीलिये इन ग्रन्थों में पर्याप्त विकसित रासायनिक जानकारी मिलती है। इनमें प्राकृतिक एवं पार्थिव खनिजों के १३३ नाम दिये हैं। इसमें छह धातु, पांच लवण, पांच खनिज, अम्ल एवं क्षार आदि के अतिरिक्त धातु-मारण एवं नौ प्रकार के स्रोतों से प्राप्त चौरासी प्रकार के किण्वित पेयों का नाम भी है। गंधक और पारद के साथ इन तत्वों के भी नाम बहुलता से पाये गये हैं।[3] यह साहित्य मुख्यत: आयुर्वेदिक है पर इसमें भूतविद्या और मंत्रविद्या का भी रोगशमन हेतु उल्लेख है। चूंकि औषध का अर्थ रस-धारक एवं रोगनिवारक है, अत: इसे रसायन कहा गया है। फलत: भारतीय रसायन का विकास आयुर्वेद के माध्यम से हुआ, यह स्पष्ट है। खनिजों के उपचार से धातुयें और उनके शोधन तथा उपचार से रंग-बिरंगे यौगिक-सम्मिश्र बनने से चामत्कारिता का भाव स्वाभाविक ही था इसके कारण रसायन को कीमियागिरी भी कहा जाने लगा।

उपरोक्त ग्रन्थों के बाद अगले चार-पांच सौ वर्षों तक पुन: कोई विशिष्ट साहित्य उपलब्ध नहीं होता। पर यहाँ भी कुन्दकुन्द का धार्मिक साहित्य हमें १००-२०० ई० के सामान्य रासायनिक ज्ञान की धारणा बनाने में सहायक है। जैन[4] ने बताया है कि कुन्दकुन्द-युग में परमाणुवाद, धातु क्रिया और शोधन, रस-विद्या, विष विद्या प्रचलित थी। वायु की ज्वलन क्रिया में अनिवार्यता, जल की शोधन क्षमता तथा अनेक पदार्थों की जल-अविलेयता तथा फिटकरी एवं उत्तापन द्वारा जलशोधन की क्रियाओं का विशेष उल्लेख है। जैनाचार्य समंतभद्र (चौथी-पांचवीं सदी) के सिद्धान्त रसायनकल्प, पुष्पायुर्वेद तथा अष्टांगसंग्रह का उल्लेख अनेक निर्देशों में आता है,[5] परन्तु ये ग्रन्थ पूर्णत: उपलब्ध नहीं हैं। इनके विषय इनके उल्लेखों से अनुमित किये जा सकते हैं। पाँचवी-छठवीं सदी के पूज्यपाद देवनन्दि के कल्याणकारक, शालक्यतंत्र और वैद्यामृत नामक ग्रन्थों का उल्लेख उग्रादित्याचार्य, मम्मट मुनि एव वसवराज ने किया है, लेकिन ये ग्रन्थ भी उपलब्ध नही हैं। उत्तरवर्ती सदी के सिद्ध नागार्जुन, जो पूज्यपाद के भांजे थे, ने भी अनेक ग्रन्थ लिखे हैं। ये नागार्जुन वलभी वाचनाकार नागार्जुन के काफी बाद मे हुए हैं। बौद्धों मे भी नागार्जुन हुए हैं।

१. उत्तराध्ययनसूत्र, पृ० ३९०-९१

२. उपाध्याय, बलदेव; **संस्कृत शास्त्रों का इतिहास**, शारदा मंदिर, काशी, १९६९, पृ० ११.

३ (अ) सत्यप्रकाश; **वैज्ञानिक विकास की भारतीय परंपरा**, बि० रा० पटना, १९५४, पृ० २४३;
(ब) आचारांग सूत्र, पृ० ६२

४. जैन, एन० एल०; सायंटिफिक कन्टेन्ट्स आफ अष्टपाहुड; संस्कृत वि० संगोष्ठी, काशी, १९८१.

५. उग्रादित्याचार्य; **कल्याणकारक**, सखाराम, नेमचन्द्र ग्रन्थमाला, शोलापुर, १९४०; भूमिका.

अनेक विद्वानों के एतत् संबंधी अनुशीलनों से लगता है कि मूलतः किसी प्रसिद्ध नागार्जुन की उपाधि अनेक उत्तरवर्ती आचार्यों ने ग्रहण की, जिससे उनकी प्रामाणिकता पुष्ट हो। प्रो० रे और सत्यप्रकाश के मत के विपरीत विद्यालकार[1] का मत है कि इसी युग में काश्यपसंहिता और अष्टांगहृदय लिखे गये।

पूर्वोक्त प्राचीन साहित्य के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि उस युग मे भारत मे पारद, लवण, गंधक एवं उसके अनेक यौगिक प्रयोग मे आते थे और उनका रसायनशास्त्र भी विकसित हो चुका था। पारद से सोना बनाने की विधियो का भी पर्याप्त उल्लेख इस साहित्य मे मिलता है। यद्यपि पारद एवं उसके यौगिको का चिकित्सीय कार्यों मे प्रयोग होने की बात देखने मे नहीं आई, यद्यपि कुछ स्थलो पर इनके बाह्य-प्रयोगो का उल्लेख अवश्य मिलता है।

अनेक विद्वानो के आलोडनो से प्रतीत होता है कि पारद और गंधक को विभिन्न रूपो एवं योगो को चिकित्सा के क्षेत्र मे प्रतिष्ठित करने का श्रेय बौद्ध सिद्धो एवं नाथ सम्प्रदाय, को दिया जाना चाहिये।[2] यहाँ भी नागार्जुन का नाम परेशानी म डालता है। इसका कारण यह है कि ये दोनो ही सम्प्रदाय लगभग नवी शताब्दी के प्रारभ म प्रतिष्ठित हुए है। इनमे नागार्जुन को कही छठवाँ तो कही सालहवाँ सिद्ध बताया गया है। ये पारसनाथी शाखा के रसेश्वर सिद्ध माने गये है। यदि उन्ह रस चिकित्सा का मूल बिन्दु माना जाव, ता इनके इस समय के आधार पर अनेक विवरण सशाधनीय हा जावगे। फलतः यह मानना अधिक तर्कसगत होगा कि उक्त सम्प्रदायों ने इनकी रससंबधी प्रतिष्ठा को देखकर इन्ह अपने महापुरुषो म से एक सिद्ध मान लिया हो। इन्हे सातवी सदी का मानकर ही भारताय रसायन के इतिहास म सगतता आ सकेगी। रसायनज्ञ नागार्जुन के समय रस, सूत या पारद और उसके यौगिको का आयुष्मानी औषध के रूप मे पर्याप्त उपयोग होने लगा था और उसने पारद-शाधन और उसके यौगिको के बनाने मे काम आनेवाली अनेक प्रक्रियाओं का विकास किया था। ये दक्षिण के रहने वाले थे, आध्र प्रदेश मे इनके नाम पर एक विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। उत्तरवर्ती रस-शास्त्रज्ञों ने भो इनका अनुसरण कर नये-नये यौगिक बनाये एवं रस चिकित्सा का बढ़ाया। डा० गुण[3] के अनुसार, जैनाचार्यों ने भो रसशास्त्र, निघंटु एव औषध-विज्ञान पर बहुत काम किया है। नागार्जुन से लगभग १५० वर्ष बाद ही वर्तमान उड़ीसा के त्रिकलिंग क्षेत्र म उग्रादित्य नामक जैनाचार्य हुए ह। इन्होंने प्राचीन आचार्यों के ग्रन्थो का सागापाग अध्ययन किया और अपने अध्ययन तथा अनुभवो को कल्याणकारक नामक ग्रन्थ के रूप मे प्रस्तुत किया। यद्यपि यह मुख्यतः आयुर्वेदिक ग्रन्थ है, फिर भो इसमे नवो सदी के ज्ञान-विज्ञान का अच्छा विवरण मिलता है। यही नहीं, इस ग्रन्थ की कुछ विशेषताये है। यह पूर्वी भारत मे आयुर्वेद पर लिखा गया अपने युग का प्रथम ग्रन्थ है। इसके पूर्व के आयुर्वेद ग्रन्थ अधिकाश दक्षिण (मुख्यतः जैन ग्रन्थ) और उत्तरो सोमान्त के आचार्यो के हैं। फलतः इस ग्रन्थ से यह पता चलता है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रो के विद्वानो मे ज्ञान के

---

१. विद्यालंकार, पूर्वोक्त, पृ० २१७.

२. वही, पृ० ३४५-४२१.

३. शाह, ए० पी०; जैन साहित्य का बृहत् इतिहास-५, पा० विद्याश्रम, काशी, १९६९, पृ० २२६.

आदान-प्रदान या संचरण की क्या स्थिति थी। यह ग्रन्थ नागार्जुनोत्तर युग मे नवी सदी का अन्यतम ग्रन्थ है जो उत्तरवर्ती प्रगति के लिये संपर्क-सूत्र का काम करता है। उग्रादित्य ने अपने ग्रन्थ में पात्रकेसरी, सिद्धसेन, समन्तभद्र, पूज्यपाद, दशरथ, मेघनाद और सिंहसेन नामक अन्य पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख किया है। इनके उत्तरवर्ती जैन विद्वानों में गुम्मटदेव मुनि, गुणाकर सूरि, पंडित आशाधर, ठक्कुर फेरू, हितरुचि आदि हैं जिन्होने अपने अनुभवपूर्ण ग्रन्थों द्वारा सोलहवी सदी तक उग्रादित्य के ज्ञान को आगे बढ़ाया है। यह वास्तव मे अचरज की बात है कि ऐसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ के विषय में **प्रो० रे, सत्यप्रकाश** और **उपाध्याय** के समान विद्वानो ने अपने विद्याओं के विकास-इतिहास विषयक प्रकरणों में मौन रखा है। इस दृष्टि से **विद्यालंकार** का विवरण प्रशंसनीय है। **शाह** ने भी इनका उल्लेख किया है।

उग्रादित्य का परिचय

'कल्याणकारक' में उग्रादित्य ने अपना परिचय पृथक् से नही दिया गया है पर ग्रन्थ मे प्राप्त स्फुट विवरणो से उनके विषय में पूर्ण तो नही, पर कुछ जानकारी मिलती है। नृपतुंग वल्लभेन्दु की राजसभा के उल्लेख से यह अनुमान लगता है कि वे नवी सदी के पूर्वार्द्ध मे अवश्य ही रहे होगे क्योकि राष्ट्रकूट राजा अमोघवर्ष प्रथम के नृपतुंग कहे जाने का अनेक विद्वानों ने समर्थन किया है। इनका काल ८००-८७७ ई० माना जाता है। ये आदिपुराण-रचयिता जिनसेन (७८३ ई०) के शिष्य थे। संभवतः गणितज्ञ महावीराचार्य (८५० ई०), धवलाकार वीरसेनाचार्य (८१५ ई०) और शाकटायन इनके समकालीन हैं। प्रो० सालेतोर और नरसिंहाचार्य का भी यही मत है। इस आधार पर **शाह एवं विद्यालंकार**[1] का यह कथन समीचीन नही प्रतीत होता कि उग्रादित्य का समय ११-१२वी सदी से पूर्व नही हो सकता। नागार्जुन का 'रसरत्नाकर' पर्याप्त पूर्व मे प्रचार पा चुका था और उग्रादित्य ने अपनी शैली मे उन्ही रस-विषयो का संक्षिप्त वर्णन किया है।

उग्रादित्याचार्य के जन्मस्थान, माता-पिता एवं पारिवारिक जीवन के विषय मे अभी तक कोई विशिष्ट जानकारी नही मिल सकी है। तथापि, इनके ग्रन्थ के अनुसार, उनके गुरु श्रीनंदि थे और उन्होंने अपने ग्रन्थ का निर्माण त्रिकलिंग देश मे स्थित रामगिरि पर्वतस्थ जिन मन्दिर मे किया था। यह अनेक पूर्वाचार्यो के ग्रन्थो के संक्षेपण और अनुभवो के आधार पर लिखा गया है।

कल्याणकारक का परिचय

यह ग्रन्थ सखाराम नेमचन्द्र ग्रन्थमाला, शोलापुर से १९४० ई० मे प्रकाशित हुआ है। इसकी भूमिका प्रसिद्ध आयुर्वेदज्ञ डा० गुणे ने लिखी है जिसमे जैनाचार्यो द्वारा आयुर्वेद एवं रसशास्त्र के क्षेत्र में किये गये योगदान का समीक्षात्मक इतिहास दिया गया है। इसी के आधार पर अन्य उत्तरवर्ती विद्वानो ने एतद्विषयक उल्लेख दिये है। यह एकमात्र ग्रन्थ ही उग्रादित्य की कीर्ति को अमरत्व प्रदान करता है।

इस ग्रन्थ में २५ परिच्छेद और २ परिशिष्टाध्याय हैं। मुख्यतः यह आयुर्वेद ग्रन्थ है और इसमे चिकित्साशास्त्र के आठों अंगों का वर्णन है। इसमे रासायनिक महत्त्व की अनेक बातें हैं।

---

१. विद्यालंकार, पूर्वोक्त, ९ पृ० ३३४-४२.

सबसे महत्त्वपूर्ण तो यही है कि इसमे अनेक उपयोगी पदार्थों व औषधों के गुणो का निरीक्षण और परीक्षण दिया गया है। औषधो को भी समुचित मात्रा मे लेने का उल्लेख है। इस दृष्टि से इसके धान्यादि—गुणागुण विचार (परिच्छेद ४), द्रव-द्रव्याधिकार (परिच्छेद ५), रसायनाधिकार (परिच्छेद ६), विषरोगाधिकार (परिच्छेद १९) एवं रस रसायनाधिकार (परिच्छेद २४) नामक पाँच अध्याय महत्त्वपूर्ण हैं। इसके वर्णनानुसार यह स्पष्ट होता है कि उग्रादित्य के युग में विभिन्न वनस्पतियों, प्राकृतिक खनिजों व पदार्थों के साथ-साथ रसशाला मे निर्मित पदार्थों का अध्ययन किया जाने लगा था।

इस ग्रन्थ की तीन विशेतायें महत्त्वपूर्ण हैं :

(i) इसमे केवल ऐसी औषधों/कल्पों का वर्णन है जो वनस्पति या खनिज जगत या उसके संसाधन से प्राप्त हो सकती हैं।

(ii) ग्रन्थ के अन्तिम हिताहिताध्याय मे जैनमत के अनुसार मद्य, मांम और मधु का उपयोग अनुचित बताया गया है। इसमें इसके समर्थक पूर्वाचार्यो के मतों का खण्डन भी किया गया है। इन तीनो का त्याग आज भी जैनो के आठ मूलगुणो[1] मे माना जाता है। इसीलिए आचार्य ने इन्हे अपने औषधो के निर्माण/अनुपान मे प्रयुक्त नही किया है और इनकी अभक्ष्यता पर पर्याप्त तर्कसगत विवेचन किया है।[2] इनसे पूर्व के अन्य जैन आयुर्वदज्ञो की भी यही परम्परा रही है। मद्य एवं मांसाहार के विरुद्ध तो इस युग मे भी काफी वैज्ञानिक तथ्य ज्ञात हुए हे और अनेक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओ के माध्यम से अब इनका प्रचलन कम होने के आसार दिखने लगे है।

(iii) इसका आयुर्वेदिक विवरण भी जैनेतर ग्रन्थो से भिन्न है, यद्यपि यह त्रिदोषो पर आधारित है। वर्णनक्रम भी भिन्न है। रसायनाधिकार पहले है और रस-रसायनाधिकार अन्त मे है।

रासायनिक विवरण : (अ) जल के गुण[3]

जीवन में जल का महत्त्व स्पष्ट है, इसलिए उसके रसायन को भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसे पंच भूतों मे एक माना गया है। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जल का विवरण निम्न है :

(i) कठोर, काली, पथरीली मिट्टी एवं तृणमय स्थान का जल खारा/खट्टा होता है।

(ii) कोमल, सफेद, चिकनी मिट्टी एवं तृणमय स्थान का जल स्वच्छ मधुर होता है।

(iii) कठोर, रुक्ष, भूरी मिट्टी एव ठूँठदार वृक्षो के स्थान का जल कटु होता है।

(iv) वर्षा का जल अमृत के समान होता है। उबला जल औषध-गुणी होता है।

हमें नीरस, निर्गंध, स्वच्छ एवं शीतल जल पीना चाहिये। भूतलस्थ जल मे स्पर्शगत, रसगत एवं पाकगत दोष होते है, अतः उसे शुद्ध कर ही पीना चाहिये। उसके शुद्ध करने के लिए निम्न उपाय हैं :

---

१ पंडित, आशाधर; सागारधर्मामृत, हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर, बंबई १९४० पृ० ४०.

२. कल्याणकारक, १८ पृ० ७१४.

३. वही, पृ० ६९.

(अ) धूप में रखना (ब) रात को चाँदनी में रखना (स) अग्नि मे तपाना (द) कपडे से छानना (य) कतकफल या अलसी का तेल मिलाना। आधुनिक व्याख्यानुसार, सभी विधियों से जल में विद्यमान विलेय लवणों का स्कंदन या अवक्षेपण होता है। अग्नि या धूप के योग से कीटाणुनाश भी होता है। ग्रन्थ मे विभिन्न प्रकार के जलो के गुण-दोष बताये गये हैं पर इनके कारण और निवारण की प्रक्रिया को व्याख्या नही दी गई है। वस्तुतः जल के सरचनात्मक एव शोधन-रसायन का विकास उन्नीसवी सदी के उत्तरार्ध में हो सका।

(ब) अन्य पदार्थों के गुण :

जल के अतिरिक्त अनेक ठोस खाद्यो, शाक-भाजी एव तरल पेयो का भी ग्रन्थ मे गुण विवरण दिया गया है। इनमे धान, दालें, तिल, गेहूँ और जो आदि के त्रिदोषाधारित विवरण दिये गये हैं। विभिन्न प्रकार के जमीकदों को पुष्टिकर एवं विषनाशक बताया गया है।[1] पालक, बथुआ आदि पित्तविकार या अम्लता को दूर करते है। परवल अम्लता, क्षारता, कृमि एव चर्मरोगों को दूर करती है। विभिन्न प्रकार के मसाले वात एव कफ नाशक है (सभवतः उभयधर्मी ऐल्केलाइटो के कारण)। अदरख, कालीमिर्च, पीपरामूल, प्याज, लहसुन अम्लता एव क्षारता को नाशकर जठराग्नि या पाचन शक्ति को बढ़ाते है। ये उष्ण अर्थात् उष्मादायी होते हैं जिनसे विकार पचते हैं। विभिन्न खट्टे फल (उभयधर्मी अम्लो के कारण) वातनाशक एव मलशोधक होते हैं। किशमिश, केला, महुआ, सिंघाड़ा एव नरियल गरिष्ठ एव कफ-बर्धी होते हैं। (सभवतः किशमिश मे ये गुण नही पाये जाते है ?)।

दूध[2] आठ प्रकार के प्राणि-स्रोतो से प्राप्त होता है। यह विभिन्न प्रकार के वनस्पतिज खाद्य-पदार्थों के जीवरासायनिक परिपाक का परिणाम है। यह हितकर और पुष्टिकर होता है। धारोष्ण दूध अमृत है, थकावट दूर करता है। गरम दूध एव उष्ण-शीतलित (आज का पेस्चुराइज्ड) दूध अनेक (कृमि) रोगो मे लाभकारी है। यह आँख की रोशनी (विटामिन ए के कारण) बनाता है और आयु-वर्धक (खनिजो के कारण) है। दूध से उत्पन्न दही अम्लीय होता है, पाचनशक्ति बढाता है। यह विषहर, वृष्य एव मलावरोधक है। मट्ठा खट्टा एव शीघ्र पचनशील है। यह भी पाचनशक्ति बढाता है और मल-मूत्रशोधक है। मक्खन एव घृत भी खट्टेमीठे रसायन हैं। इनमे शरीर के तेज, बल व आयुवर्धक पदार्थ होते हैं। इनमे भुने हुए मसालो से छौंके और बनाये भोज्य बलवर्धक होते हैं।

सिरका और कांजी खट्टी होती है और वातविकार (अम्लता) को दूर करती है। विभिन्न तेल केशवर्धक, तेजवर्धक एवं कृमिनाशक होते है। मूत्र भी दूध के समान आठ प्रकार के होते है। ये तीक्ष्ण, कडुए एव उष्मादायी होते है। ये कृमिनाशक एव अम्लता-क्षारता को दूर करते हैं। अनेक क्षारों में भी मूत्र के गुण होते हैं। इन मूत्रो का उपयोग औषध एव अनुपान मे किया जाता है।

---

१. कल्याणकारक, पृ० ५७.
२. वही, पृ० ७५.

मद्य मानसिक विचार शक्ति, हेयोपादेय ज्ञान, सामान्य क्रियाक्षमता एवं विवेक को दूषित करता है। यह अनेक रोगों को उत्पन्न करता है और मनुष्य की गरिमा को हीन बनाता है।

भोजन के तीन प्रधान चरण होते हैं।[1] पहले चरण में स्निग्ध-मधुर (हलुआ-खीर आदि) खाने चाहिये। दूसरे चरण मे खट्टे और नमकीन पदार्थ खाने चाहिये। तीसरे चरण में द्रव पदार्थ लेने चाहिये। प्रत्येक भोजन में शाक-भाजी, कांजी और दूध अवश्य लेना चाहिये। भोजन के पाक से रस, रुधिर, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और वीर्य नामक सात धातुयें शरीर मे निर्मित होती हैं।

इन पदार्थों के अतिरिक्त अनेक प्रकार की वनस्पतियों के गुणों का भी वर्णन किया गया है। यह स्पष्ट है कि यह वर्णन आचार्यों की तीक्ष्ण निरीक्षण शक्ति एवं अनुभवसामर्थ्य का सङ्केतक है। इसमें सैद्धान्तिक व्याख्या समाहित नहीं है।

(स) खनिज एवं अन्य रासायनिक का विवरण

ग्रन्थ में उस समय औषधियों के रूप में प्रयुक्त आने वाले अनेक खनिजों एवं रासयनिक पदार्थों के नाम दिये गये हैं। इसके अन्तर्गत हरताल, नीलांजन, कसीस (फेरस सल्फेट), फिटकरी (ऐलम), गेरू (आयरन ऑक्साइड), पंचलवण, तूतिया (कापर सल्फेट), दीपांजन (काजल) मैनसिल (आर्सेनिक सल्फाइड), शिलाजीत (विट्र्मन), माक्षिक (पायराइट्स), वंसलोचन, स्फटिकमणि आदि पदार्थों का उल्लेख है। धातुओं में सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, सीसा एवं काँसे का नाम है। इनकी भस्मों का भी उल्लेख है। इसके अतिरिक्त, शंख, मोती, प्रवाल, पारद भस्मों का भी उल्लेख है। इनके बनाने की विधियाँ भी दी गई हैं। कपूर, बज्रक्षार एवं गन्धक के भी अनेक उपयोग दिये गये हैं। रेशमी कपडे की भस्म को रक्तस्राव रोकने में उपयोगी बताया गया है।

क्षारीय पदार्थ तीन काम करते हैं—छेदन, भेदन और लेखन। ये वनस्पतियों की भस्मों को पानी में उबालकर प्राप्त किये जाते हैं। ये तनु (स्वल्प द्रव) और सान्द्र (अति द्रव) दोनों होते हैं। ये चिकने और सफेद होते हैं। आज की भाषा मे मुख्यतः पोटैसियमकार्बोनेट (यवक्षार) के विलयन हैं। घावों को क्षारों मे धोया जाता है जिससे वे पक न सकें। ये पूतिरोधी होते हैं। चिकित्सक को क्षार कर्म अवश्य जानना चाहिये। यह बताया गया है कि औषध के पन्द्रह कार्यों में से आधे से अधिक ऐसे होते हैं जिनमें रासायनिक प्रक्रियायें काम आती हैं।

(द) विष-वर्णन[2]

विष वे पदार्थ हैं जो शरीर के बाह्य या अन्तर्ग्रहण से कष्ट पहुँचावे, शरीरक्रिया में बाधक बने। विषों का वर्णन कौटिल्य एवं सुश्रुत ने किया है और विषज्ञ भिषक की आवश्यकता राजकुल को अनिवार्य बताई है। सुश्रुत के दो प्रकारों की तुलना मे उग्रादित्य ने इन्हे तीन प्रकार का बताया है और उसके वर्गीकरण भी किये हैं—

---

१. कल्याणकारक, पृ० ५५.
२. वही, अध्याय १९ पृ० ४८०.

(अ) स्थावर, वनस्पति एवं पार्थिव विष—ये जड़, पत्र, पुष्प, फल, छाल, दूध, निर्यास, रससार, कंद एवं धातु विष के रूप में दस प्रकार के हैं। कनेर, गुंची, कचनार, धतूरा, अकौवा, गोंद, कालकूटादि, कंद और संखिया इसी कोटि के विष हैं। इनका प्रभाव सात चरणों में मारक रूप ग्रहण करता है।

(ब) जंगम या प्राणिज विष—ये प्राणि शरीर की आँख, श्वासोच्छवास, दाढ़, लार, मूत्र, मल, शुक, नख, वात, पित्त, गुद, मुख, दंत शूक (डंक), शव और अस्थि के माध्यम से सोलह प्रकार से निर्गमित होते हैं। ये साँप, बंदर, पागल कुत्ता, शिशुमार, छिपकली, चूहा, गोंच, मक्खी, मच्छर, विशिष्ट मछलियों एवं शवो में पाये जाते हैं। इनका विष दंश या स्पर्श स्थान मे ४५० काल मात्रा तक रहकर अपना पूर्ण प्रभाव पूर्वोक्त सात चरणो मे प्रदर्शित करता है। यहाँ काल की मात्रा की व्याख्या नही की गई है।

(स) **कृत्रिम विष**—यद्यपि इसके विषय मे ग्रन्थ में कोई विवरण नहीं मिलता। फिर भी इसके अन्तर्गत ऐसे पदार्थों को लिया जा सकता है जो रसशाला मे तैयार किये जा सकें। वर्तमान पोटैसियम सायनाइड, कार्बन मोनोक्साइड, मेथिलियम सायनाइड आदि को इस कोटि में ही रखना चाहिये। यद्यपि ये उस युग मे अनुपलब्ध थे।

विष की चिकित्सा वमन, विरेचन एवं औषध के रूप में बताई गई है। विषैले जीवों के काटने पर अन्तः प्रविष्ट विष के लिये बंधन, रक्तमोक्षण, अग्निजलन या जलौकाचूषण की क्रियायें प्राथमिक रूप से बताई गई हैं।

पारद रसायन

पारद और उसके विभिन्न यौगिक और मिश्रण जीवन को स्वास्थ्य एवं आयुष्य प्रदान करते हैं। इस आधार पर भारत मे रसतंत्र ही चल पडा था जिसमें कुछ चामत्कारिता का भी अंश था। लेकिन इस तंत्र से रसायन के विकास मे बड़ी सहायता मिली है। भारत मे रसायन का विकास रसतंत्र के माध्यम से ही सोलहवी सदी तक होता रहा है। उग्रादित्य इस तंत्र की बाल्यावस्था मे हुए हैं। संभवतः उन्हे नागार्जुन का रसरत्नाकर सुलभ नही हो सका था, इसीलिये पारद-रसायन से संबंधित उनका विवरण प्राथमिक स्तर का ही माना जायगा। नागार्जुन के अठारह संस्कारों की तुलना मे पारद के आठ महासस्कारों का ही यहाँ वर्णन हैं : स्वेदन, मर्दन, धातुमिश्रण, सम्मिश्रण, बंधन, गर्भद्रावण, रजन एवं सारण। ये सस्कार छह क्रियाओं के माध्यम से संपन्न होते हैं - मूर्च्छन (ठोसीकरण), मारण (भस्मकरण), बंधन (यौगिकीकरण एवं सम्मिश्रण), तापन, वासन एवं कासन। पारे को गुड़ के साथ मर्दित कर मूर्च्छित किया जाता है। कैंत के फल के रस से उसका मारण होता है। रसबंधन रसशाला मे किया जाता है। दोलायंत्र की सहायता से पारद मे अनेक पदार्थ मिलाकर एवं घोंटकर उसे स्वेदित (अधःपातित) करते हैं और उसे बंधन-योग्य बनाते हैं। शुद्ध पारे मे सुवर्णचूर्ण मिलाकर घोंटने और छानने पर मिश्ररस प्राप्त होता है। इसमे विभिन्न वर्गों के पदार्थ मिलाकर कांजी के दोलायंत्र में स्वेदित करने पर भी रस-बंध

१. कल्याणकारक अध्याय, २४ पृ० ६६९.

प्राप्त होता है। पारे में ताम्र, अभ्रक एवं लौहचूर्ण आदि मिलाकर जारण (तापन) करने से भी विभिन्न रसबंध प्राप्त होते हैं। ये रस-बंध ही औषधों में काम आते हैं। मकरध्वज नामक औषध पारद, गंधक और स्वर्ण के परस्पर बंध से प्राप्त होती है।

पारद और रसायन कार्य के लिये जहाँ नागार्जुन ने २६ यंत्रों के नाम दिये हैं, वहाँ कल्याणकारक में इससे आधे यंत्रों का भी उल्लेख नहीं है। इससे पता चलता है कि उग्रादित्य पारद-रसायन एवं उपचार के वर्णन में काफी पीछे है जबकि वे खनिज एवं रासायनिक पदार्थों के विवरण में आगे है।

उपसंहार

उग्रादित्य का कल्याणकारक ग्रन्थ एक ओर जहाँ यह प्रमाणित करता प्रतीत होता है कि दक्षिण भारत मे उस युग मे रसायन विद्या अधिक प्रगति पर थी, वही यह, यह भी प्रकट करता है कि दक्षिण और पूर्वी-उत्तरी भारत में ज्ञान विद्या के संप्रासारण की गति मन्द रही है और समतुल्यता मे दो-तीन सौ वर्ष का अन्तराल भी सामान्य रहा है। फिर भी, यह ग्रन्थ नागार्जुन और उत्तरवर्ती रसज्ञों के बीच एक कड़ी का काम करता है क्योंकि अन्य महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ कल्याणकारक के सौ वर्ष बाद के ही पाये जाते हैं। सर्वाधिक ग्रन्थ बारहवी-तेरहवीं सदी के ही पाये जाते हैं। इनमे कुछ जैनाचार्य-रचित भी है। इस विषय पर अभी कोई विशेष कार्य नहीं हुआ है। इस बात की महती आवश्यकता है कि जैनाचार्यों द्वारा रसायन और भौतिक विज्ञानों में योगदान के इतिहास का सर्वेक्षण एवं लेखन किया जावे।

●

संडेरगच्छ का इतिहास

शिवप्रसाद

पूर्वमध्यकाल में पश्चिमी भारत में निर्ग्रन्थ श्वेताम्बर श्रमण संघ की विभिन्न गच्छों के रूप में विभाजन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। कुछ गच्छों का नामकरण विभिन्न नगरों के नाम के आधार पर हुआ, जैसे कोरंट (वर्तमान कोरटा) से कोरटगच्छ, नाणा (वर्तमान नाना) से नाणकीयगच्छ, ब्रह्माण (वर्तमान वरमाण) से ब्रह्माणगच्छ, संडेर (वर्तमान सांडेराव) से सडेरगच्छ, पल्ली (वर्तमान पाली) से पल्लीवालगच्छ, उपकेशपुर (वर्तमान ओसिया) से उपकेशगच्छ, काशहृद (वर्तमान कायंद्रा) से काशहृदगच्छ आदि। इस लेख में सडेरगच्छ के सम्बन्ध में यथाज्ञात साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

संडेरगच्छ चैत्यवासी आम्नाय के अन्तर्गत था। यह गच्छ १०वीं शती के लगभग अस्तित्व में आया। ईश्वरसूरि इस गच्छ के आदिम आचार्य माने जाते हैं। उनके शिष्य एवं पट्टधर श्री यशोभद्रसूरि गच्छ के महाप्रभावक आचार्य हुए। संडेरगच्छीय परम्परा के अनुसार यशोभद्रसूरि के पश्चात् उनके पट्टधर शालिसूरि और आगे क्रमशः सुमतिसूरि, शांतिसूरि और ईश्वरसूरि (द्वितीय) हुए। पट्टधर आचार्यों के नामों का यह क्रम लम्बे समय तक चलता रहा।

संडेरगच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिये हमारे पास मूलकर्त्ता के ग्रन्थ की प्रतिलिपि कराने वाले गृहस्थों की प्रशस्तियां एवं स्वगच्छीय आचार्यो के रचनाओं की प्रशस्तिया सीमित संख्या मे उपलब्ध है। इनके अतिरिक्त राजगच्छीयपट्टावली (रचना काल वि० स० १६वी शती लगभग) एवं वीरवंशावली (रचनाकाल वि सं १७वी शती लगभग) से भी इस गच्छ के प्रारम्भिक आचार्यों के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त होती है। सडेरगच्छीय आचार्यो द्वारा प्रतिष्ठापित बडी संख्या मे प्रतिमायें उपलब्ध हुई हैं। इनमें से अधिकांश प्रतिमाये लेखयुक्त हैं। पट्टावलियों की अपेक्षा ग्रन्थ एवं पुस्तक प्रशस्तियाँ और प्रतिमा लेख समसामयिक होने से ज्यादा प्रामाणिक हैं। इस लेख मे इन्ही आधारो पर सडेरगच्छ के इतिहास पर प्रकाश डाला गया है। इनका अलग-अलग विवरण इस प्रकार है—

साहित्यिकसाक्ष्य—

षट्विधावश्यकविवरण की दाता प्रशस्ति[1] (लेखन काल वि. स. १२९५।ई० सन् १२२९) इस ग्रन्थ की दाता प्रशस्ति मे सौवर्णिक पल्लीवालज्ञातीय श्रावक तेजपाल द्वारा षट्विधा-

1. Gandhi, L B.—A Discriptive Catalogue of Manuscripts In the Jaina Bhandar's At Pattan, Vol I, Baroda—1937 pp 121 No. 176.

वैश्यकविवरण (आचार्य हेमचन्द्र द्वारा रचित योगशास्त्र का एक अध्याय) की प्रतिलिपि संडेरगच्छीय गणि आसचन्द्र के शिष्य पंडित गुणाकर को दान में देने का उल्लेख है। परन्तु गणि आसचन्द्र संडेरगच्छ के किस आचार्य के शिष्य थे, यह ज्ञात नहीं होता है। संडेरगच्छ का उल्लेख करने वाला यह सर्वप्रथम साहित्यक साक्ष्य है, इसलिए यह महत्त्वपूर्ण है।

त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र के अन्तर्गत **महावीरचरित्र** की **दाता प्रशस्ति** (लेखन काल वि. सं. १३२४/ई० सन् १२६७)[1]

इस प्रशस्ति में यशोभद्रसूरि का महान् प्रभावक आचार्य के रूप में उल्लेख है। यह प्रशस्ति खंडित है; अतः इसमे यशोभद्रसूरि के बाद के आचार्य का नाम (जो शालिसूरि होना चाहिए) नही मिलता, फिर आगे सुमतिसूरि का नाम आता है और इन्हे दशवैकालिकटीका का रचयिता बताया गया है। इनके पश्चात् शान्तिसूरि और फिर ईश्वरसूरि के नाम आते हैं। प्रशस्ति मे आगे दाता श्रावक परिवार की विस्तृत वंशावली दी गयी है।

इसी श्रावक परिवार के एक सदस्य द्वारा **कल्पसूत्र** एवं **कालकाचार्यकथा** की **प्रतिलिपि**[2] करायी गयी। **यद्यपि** इनकी **दाताप्रशस्ति** मे **रचनाकाल** नही दिया गया है, फिर भी इस प्रशस्ति को लिखवाने वाला **श्रावक उक्त (श्रावक) परिवार** का ही एक सदस्य होने से इसका **रचनाकाल वि० सं० को चौदहवीं शताब्दी** का मध्य माना जा सकता है। इस प्रशस्ति मे **यशोभद्रसूरि** के पश्चात् **शालिसूरि, सुमतिसूरि, शांतिसूरि** और फिर **ईश्वरसूरि** का नाम आता है और अन्त मे उसी श्रावक परिवार की वशावली दी गयी है। इस प्रशस्ति से यह सिद्ध हो जाता है कि **संडेरगच्छ** मे **इन्हीं चार पट्टधर आचार्यों** के नामो की **पुनरावृत्ति** होती रही। इस तथ्य का उल्लेख करने वाला **यह सर्वप्रथम साहित्यक प्रमाण है।**

परिशिष्टपर्व के वि० सं० १४७९/ई. सन् १४२२ में **प्रतिलेखन** की **दाता प्रशस्ति**[3]—

इस प्रशस्ति के अनुसार संडेरगच्छीय आचार्य यशोभद्रसूरि के संतानीय शांतिसूरि के शिष्य मुनि विनयचन्द्र ने श्री सोमकलश के उपदेश से वि० स० १४७९ ज्येष्ठ सुदि प्रतिपदा मंगलवार को उक्त ग्रन्थ की प्रतिलिपि तैयार की। वि. स. १४७९ में आचार्य शांतिसूरि संडेरगच्छ के प्रमुख थे, ऐसा इस प्रशस्ति से स्पष्ट होता है।

---

1. Muni Punya Vijaya—Catalogue of Palm-leaf Mss in the Shanti Natha Jain Bhandar, Cambay pp. 306-7.
2. Muni Punya Vijaya—पूर्वोक्त क्रमाक ५२, पृ० ७८.
3. Catalogue of Sanskrit & Prakrit Manuscripts—Muni Punya Vijayajis Collection By A. P. Shah, Part II, No. 3790.

कल्पसूत्र के वि० सं० १५८६ में प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति[1]

इस प्रशस्ति में संडेरगच्छीय आचार्यो की जो गुर्वावली मिलती है, वह इस प्रकार है—

यशोभद्रसूरि
|
शालिसूरि
|
सुमतिसूरि
|
शांतिसूरि
|
ईश्वरसूरि
|
शालिसूरि
|
हर्षसागर
|
मुनिगंगा (वि. सं. १५८६)

इस प्रशस्ति से स्पष्ट है कि शालिसूरि के प्रशिष्य एवं हर्षसागर के शिष्य मुनि गंगा के पठनार्थ एक श्रावक द्वारा कल्पसूत्र की प्रतिलिपि तैयार करायी गयो। हर्षसागर और मुनिगंगा शालिसूर के सभवतः पट्टधर नही थे, अतः उनका नाम परिवर्तित नही हुआ। इस प्रशस्ति की गुर्वावली में भी चार नामों के पुनरावृत्ति की झलक है, परन्तु इन आचार्यों के किन्ही विशिष्ट कृत्यों यथा साहित्य रचना आदि की कोई चर्चा नहीं है।

भोजचरित्र के वि० सं० १६५० में प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति[2]

इस प्रशस्ति मे यशोभद्रसूरि के पश्चात् शालिसूरि-सुमतिसूरि-शांतिसूरि का उल्लेख करते हुए शांतिसूरि के शिष्य नयनकुञ्जर और हसराज द्वारा भोजचरित्र की प्रतिलिपि करने का उल्लेख है।

---

१. Catalogue of Sanskrit & Praprit Manuscripts In Jesalmer Collection—Compiled By Muni Shree Punya Vijayaji, No 1398.

२. श्रीसंडेरगच्छे श्रीयशोभद्रसूरि संताने तत्पट्टे श्रीशालिसूरिः, तत्पट्टे श्रीसुमतिसूरिः तत्पट्टे श्रीशान्तिसूरयः। तदन्वये श्रीशान्तिसूरिविजयराज्ये वा० श्रीनइ(य) कुंजरद्वितीयशिष्यमु० हंसराजः (जेन) श्रीभोजचरित्रं सम्पूर्ण कृतम् ॥ Catalogue of Sanskrit & Prakrit Manuscripts—Muni Punyavijayjis Collection—Ed by A. P. Shah Part—II No-4936.

षट्पंचाशिकास्तबक के वि० सं० १६५० में प्रतिलेखन की दाता प्रशस्ति[1]

इस प्रशस्ति में आचार्यों की गुर्वावली न मिलकर उपाध्याय और उनके शिष्यों की गुर्वावली मिलती है और यही कारण है कि इसमें परम्परागत नाम नही मिलते हैं। **सन्देहशतक की वि० सं० १७५० में** तैयार की गयी **प्रतिलिपि की दाता प्रशस्ति**[2] से भी **इसी तथ्य की पुष्टि** होती है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि संडेरगच्छ में गच्छनायक आचार्यों को ही परम्परागतनाम दिये जाते थे, शेष मुनियों के वही नाम अन्त तक बने रहते थे जो उन्हें दीक्षा के समय दिये जाते थे।

संडेरगच्छीय आचार्यो की लम्बी परम्परा मे सुमतिसूरि (चतुर्थ) के शिष्य शांतिसूरि (चतुर्थ) ने वि. सं. १५५० मे **सागरदत्तरास** और इनके शिष्य ईश्वरसूरि (पंचम) ने वि. सं. १५६१ में **ललितांगचरित**; वि. सं. १५६४ मे **श्रीपालचौपाई** तथा इनके शिष्य धर्मसागर ने वि. स. १५८७ मे **आरामनंदनचौपाई** की रचना की। इनके सम्बन्ध मे यथास्थान प्रकाश डाला गया है। यहाँ इन रचनाओं के सम्बन्ध मे यही कहना अभीष्ट है कि इनकी प्रशस्ति मे भी परम्परागत पट्टधर आचार्यों के नामोल्लेख के अतिरिक्त अन्य कोई सूचना नही मिलती, जिससे इस गच्छ के इतिहास पर विशेष प्रकाश डाला जा सके।

संडेरगच्छीय आचार्यों द्वारा प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण

संडेरगच्छ से सम्बन्धित सबसे **प्राचीन** उपलब्ध अभिलेख **वि० सं० १०३० / ई० सन् ९८२** का है जो आज करेड़ा (प्राचीन करहेटक) स्थित पार्श्वनाथ जिनालय मे प्रतिष्ठापित पार्श्वनाथ भगवान् की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है[3]। लेख इस प्रकार है—

(१) संवत् १०३९ (व)र्षे श्री संडेरक गच्छे श्री यशोभद्रसूरि सन्तानीय श्री श्यामा........(?) चार्या..............

(२) ....प्र० भ० श्रीयशोभद्रसूरिभिः श्रीपार्श्वनाथ बिंबं प्रतिष्ठितं ॥ न ॥ पूर्वं चन्द्रेण कारितं............

संडेरगच्छ के आदिम एवं महाप्रभावक आचार्य **यशोभद्रसूरि** द्वारा प्रतिष्ठापित एवं अद्यावधि **एकमात्र उपलब्ध** प्रतिमापर उत्कीर्ण यह लेख संडेरगच्छ का उल्लेख करने वाला **प्रथम अभिलेख** है। साहित्यक साक्ष्यो (पट्टावलियों) के आधार पर यशोभद्रसूरि का समय वि. सं. ९५७/ई० सन्

१. मु० अन्तः—इति षट्पञ्चाशिकाटीका समाप्ता ॥
श्रीबृहत्श्रीश्रीसंडेरगच्छे उपाध्या[य]श्रीधर्म्मरत्नशिष्यवा० श्रीसि(स)हजसुन्दरउपाध्या[य] श्रीजि[ज]यतिलक—पं० श्रीभावसुन्दर उपाध्या[य] श्रीक्षमामूर्तिउपाध्या[य] श्रीक्षमासुन्दरविजयराज्ये ग० श्रीसंयमवल्लभ—वा० श्रीआणन्दचन्द्र—वा० श्री ज्या[ज्ञा]नसागर मु० सामलमु० देपा-जीवन्त-डुङ्गासमस्तसाधुयुते उपाध्या[य]श्रीक्षमासुन्दर-शिष्यचेलानेतालिखितं, साप्रतं राणाश्रीउदयसङ्घराज्ये उटालाग्रामे लिखितम्। शाह, पूर्वोक्त, भाग ३, क्रमांक ७२६१।

२. वही, भाग १, क्रमाङ्क ३२६९.

३. नाहर, पूरनचन्द—जैन लेख संग्रह, भाग २, लेखाङ्क १९४८

९०० से वि. सं. १०३९/ई० सन् ९८२ माना जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि यशोभद्रसूरि[1] अपने जीवन के अन्तिम समय तक पूर्णरूप से धार्मिक क्रियाकलापों मे संलग्न रहे।

वि. सं. १११० से वि. सं. ११७२ तक के ४ मे अभिलेख, जो संडेरगच्छीय आचार्यों द्वारा प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण हैं, में प्रतिमाप्रतिष्ठापक आचार्य का कोई उल्लेख नहीं मिलता, इनका विवरण इस प्रकार है—

(i) वि. सं. ११२३ सुदि ८ सोमवार[2]

परिकर पर उत्कीर्ण लेख,

इस परिकर मे आज पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित है, परन्तु इस लेख में ज्ञात होता है, कि इसमें पहले महावीर स्वामी की प्रतिमा प्रतिष्ठित रही।

स्थान—जैन मन्दिर, बीजोआना

(ii) वि. सं. १११० (तिथिविहीन)[3]

पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठास्थान—चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, राधनपुर

(iii) वि. सं. ११६३ ज्येष्ठ सुदि १०[4]

(iv) वि. सं. ११७२ (तिथिविहीन लेख)[5]

प्रतिष्ठास्थान—जैनमन्दिर, सेवाड़ी

सांडेराव स्थित जिनालय के गूढ़ मंडप मे एक आचार्य और उनके शिष्य की प्रतिमा-स्थापित है। इस पर वि. स. ११९७ का एक लेख[6] भी उत्कीर्ण जिससे ज्ञात होता है कि यह प्रतिमा संडेरगच्छीय पं० जिनचन्द्र के गुरु देवनाग की है। देवनाग सन्डेरगच्छीय किस आचार्य के शिष्य थे ? यह ज्ञात नही है।

जैसा कि हम पहले देख चुके हैं इस गच्छ मे आचार्य यशोभद्रसूरि के सन्तानीय (शिष्य) के रूप में सर्वप्रथम शालिसूरि, उनके पश्चात् सुमतिसूरि उनके बाद शांतिसूरि और शांतिसूरि के बाद ईश्वरसूरि क्रमशः पट्टधर होते हैं, ऐसी परम्परा रही है, परन्तु इन परम्परागत नामों के

---

१. यशोभद्रसूरि के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य—वीरवंशावली (विविधगच्छीय पट्टावली संग्रह—[सपा० मुनि जिनविजय] में प्रकाशित); ऐतिहासिक रास संग्रह, भाग २; जैन परम्परानो इतिहास, भाग १, (त्रिपुटी महाराज) आदि।

२. विजयधर्मसूरि—सम्पा०—प्राचीन लेख संग्रह, लेखाङ्क १

३. मुनिविशालविजय—सम्पा०—राधनपुर प्रतिमा लेख संग्रह, लेखाङ्क ३

४. जैनसत्यप्रकाश वर्ष—२, पृ० ५४३, क्रमाङ्क ४१

५. मुनिजिनविजय, संपा० प्राचीन जैन लेख संग्रह, भाग २, लेखाङ्क २२३

६. मुनिविशालविजय—सांडेराव, पृ० १५

उल्लेख वाला सर्वप्रथम अभिलेखीय साक्ष्य वि. सं. ११८१ का है,[1] जो नाडोल के एक जैन मन्दिर में मूलनायक के परिकर के नीचे उत्कीर्ण है। इसमें यशोभद्रसूरि के संतानीय शालिभद्रसूरि (प्रथम) का प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में रूप में उल्लेख है। इसके बाद वि. सं. १२१० पंचतीर्थी के[2] लेख जो जैन मन्दिर, सम्मेदशिखर में आज प्रतिष्ठित है, प्रतिष्ठापक आचार्य का उल्लेख नहीं मिलता। वि. सं. १२१५ के एक लेख[3] में पुनः शालिभद्रसूरि का उल्लेख आता है। अतः वि. सं. १२१० के उक्त पंचतीर्थी प्रतिमा के प्रतिष्ठापक शालिसूरि (प्रथम) ही रहे होगें ऐसा माना जा सकता है।

वि. सं. १२१८, १२२१, १२३३ और १२३६ के लेखों में यद्यपि प्रतिष्ठापक आचार्य का उल्लेख नहीं है, तथापि उनका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १२१८ श्रावण सुदि १४ रविवार[4]
ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण लेख

यह ताम्रपत्र पहले जैन मन्दिर '**नाडोल**' में था, परन्तु अब रायल एशियाटिक सोसायटी, लन्दन में सुरक्षित है।

वि. सं. १२२१ माघ वदि शुक्रवार[5]
सभा मंडप में उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—महावीर जिनालय, सांडेराव
वि. सं. १२३३ ज्येष्ठ वदि ७ गुरुवार[6]
भगवान शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठास्थान—जैन मन्दिर, अजारी
वि. सं. १२३६ ज्येष्ठ सुदि १३ शनिवार[7]

वि. सं. १२३७, १२५१ एवं १२५२ के प्रतिमा लेखों में प्रतिष्ठापक आचार्य के रूप में यशोभद्रसूरि के सन्तानीय एवं शालिसूरि के पट्टधर सुमतिसूरि (प्रथम) का नाम आता है। इनका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १२३७ फाल्गुनसुदि १२ मंगलवार[8]
परिकर के नीचे का लेख

---

१. विजयधर्मसूरि, संग्राहक एवं सम्पादक—प्राचीन लेख संग्रह, लेखाङ्क ५
२. नाहर, पूरनचन्द, जैन लेख संग्रह, भाग २, लेखाङ्क१६८७;
३. अमीन, जे० पी०—खंभातनुं जैन मूर्ति विधान, पृ० ३२, लेखाङ्क २;
४. नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क ८३९
५. मुनिविशालविजय—सांडेराव पृ० १६
मुनिजिनविजय—प्राचीन जैन लेख संग्रह, भाग २, लेखाङ्क ३४९
६. मुनि जयन्तविजय—अर्बुदाचल प्रदक्षिणा जैन लेख संदोह (आबू भाग ५) लेखाङ्क ४११
७. शाह, अम्बालाल पी०—"जैन तीर्थ सर्व संग्रह" पृ० २११
८. विजयधर्मसूरि—पूर्वोक्त, लेखाङ्क २३

प्रतिष्ठापक आचार्य—सुमतिसूरि;
प्रतिष्ठास्थल—बड़ा जैन मन्दिर, नाडोल
वि. सं. १२५१ ज्येष्ठ सुदि ९ शुक्रवार[1]
आदिनाथ की परिकर युक्त प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—जैन मन्दिर, बोया, मारवाड
वि. सं १२५२ माघ वदि ५ रविवार[2]
शान्तिनाथ और कुन्थुनाथ की प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेख
वर्तमान प्रतिष्ठा स्थान—सोमचिंतामणि पार्श्वनाथ जिनालय, खंभात

जैसलमेर ग्रन्थ भण्डार[3] में बोधकाचार्य के शिष्य सुमतिसूरि द्वारा वि. सं. १२२० में रचित दशवैकालिक टीका उपलब्ध है। बोधकाचार्य और उनके शिष्य सुमतिसूरि किस गच्छ के थे, यह ज्ञात नहीं होता है।

जैसा कि पहले देख चुके हैं, सन्डेरगच्छीय शालिसूरि (प्रथम) द्वारा प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमाओं पर वि. सं ११८१ से वि. सं. १२१५ तक के लेख उत्कीर्ण हैं। इनके शिष्य सुमतिसूरि (प्रथम) द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमाओं पर वि. सं. १२३६ से १२५२ तक के लेख उत्कीर्ण हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि वि. सं. १२१५ के पश्चात् ही सुमतिसूरि अपने गुरु के पट्ट पर आसीन हुए। ऐसी स्थिति मे वि. सं १२२० मे दशवैकालिकटीका के रचनाकार सुमतिसूरि को सडेरगच्छीय सुमतिसूरि से अभिन्न मानने में कोई बाधा नही प्रतीत होती है।

यशोभद्रसूरि के तृतीय संतानीय एवं शान्तिसूरि (प्रथम) द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमाओं पर वि. सं. १२४५ से वि. सं. १२९८ तक के लेख उत्कीर्ण हैं। नाडोल के चाहमान नरेश का मन्त्री और महामात्य वस्तुपाल का अनन्य मित्र यशोवीर इन्हीं शान्तिसूरि का शिष्य था। यशोवीर ने आबू स्थित विमलवसही में जो देवकुलिकायें निर्मित करायी, उनमें प्रतिमा प्रतिष्ठापन का कार्य शान्तिसूरि ने ही सम्पन्न किया था। इसी कालावधि वि. सं. १२४५-१२९८ के मध्य वि. सं. १२६६ एवं वि. सं १२६९ में प्रतिष्ठापित कुछ प्रतिमायें जो संडेरगच्छ से सम्बन्धित हैं, में प्रतिमा

१. विजयधर्मसूरि—पूर्वोक्त, लेखाङ्क २६
२. अमीन, जे० पी०—पूर्वोक्त, पृ० ३२-३३
3. Catalouge of Sanskrit & Prakrit Mss., Jesalmer Collection P-30-31

नोटः—पूना और खंभात के ग्रन्थ भण्डारों में भी दशवैकालिकटीका की प्रतियां विद्यमान हैं। जिनरत्नकोश पृ० १७०

द्रष्टव्य—Discriptive Catalouge of the Govt Collection of Mss. Vol. XVIII, Jaina Literature & Philosophy, Part III No-716;
Catalouge of Palm-Leaf Mss in the Shanti Nath Jain Bhandar, Cambay, Part II, P-305; जिनरत्नकोश पृ० १७०;

प्रतिष्ठापक आचार्य का उल्लेख नहीं मिलता, तथापि ऐसा अनुमान किया जा सकता है कि उक्त प्रतिमायें भी शान्तिसूरि ने ही प्रतिष्ठापित की होगीं। शान्तिसूरि (प्रथम) द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमालेखों का विवरण इस प्रकार है—

शांतिसूरि (प्रथम) द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमालेखों का विवरण

वि. सं. १२४५ (तिथि विहीन लेख)[१]

मंत्री यशोवीर द्वारा नेमिनाथ की प्रतिमा को देवकुलिका में स्थापित करने का इस लेख में विवरण दिया गया है।

प्रतिष्ठा स्थान—देहरी संख्या ४५, विमलवसही (आबू)
वि. स. १२६९ माघ ३ शनिवार[२]
प्रतिष्ठा स्थान—जैन मन्दिर, अजारी
भगवान् चन्द्रप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
वि. सं. १२७४ वैशाखसुदि ३[३]
प्रतिष्ठा स्थान—जैन मन्दिर, डभोई
वि सं. १२९१ (तिथि विहीन लेख)[४]
मत्री यशोवीर द्वारा पद्मप्रभ की प्रतिमा को देवकुलिका मे स्थापित कराने का विवरण
प्रतिष्ठा स्थान—लूणवसही—आबू (देहरी सख्या ४१)

देहरी संख्या ४० पर भी वही लेख है, परन्तु इसमे सुमतिनाथ की प्रतिमा को देवकुलिका मे स्थापित कराने का उल्लेख है।

वि. सं. १२९७ वैशाख सुदि ३[५]
शान्तिसूरि के परिकर वाली प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—जैन मन्दिर—अजारी
वि. सं. १२९८ तिथि विहीन लेख

मल्लिनाथ जिनालय, खंभात मे मन्त्री यशोवीर के पुत्र देवधर, उसकी पत्नी देवश्री और उनके पुत्रों द्वारा नन्दीश्वरद्वीप की स्थापना का उल्लेख है। वर्तमान मे यह चिन्तामणिपार्श्वनाथ जिनालय के गर्भगृह के बगल में दीवाल में स्थापित है।[६]

---

१. मुनि जिनविजय—पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क २१३
मुनि कल्याणविजय—प्रबन्ध पारिजात पृ० ३६२, लेखाङ्क १२१
२. मुनि जयन्तविजय—आबू, भाग २, लेखाङ्क ४२०
३. मुनि बुद्धिसागर—जैन धातु प्रतिमा लेख संग्रह, भाग १, लेखाङ्क ५६
४. मुनि कल्याणविजय—पूर्वोक्त, लेखाङ्क ४०-४१ (लूणवसही के लेख)
५. मुनि जयन्तविजय, आबू भाग ५ लेखाङ्क ४२३
६. अमीन, जे० पी०—पूर्वोक्त, पृ० १४ एवं १३

दो प्रतिमा लेख, जिनमें प्रतिष्ठापक आचार्य का उल्लेख नहीं है—

वि. सं. १२६६ कार्तिक वदि २ बुधवार[1]
स्तम्भ पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठा स्थान—वीर जिनालय, साडेराव

वि. सं. १२६९ फागुण सुदि ४ गुरुवार[2]
स्तम्भ पर उत्कीर्ण लेख

प्रतिष्ठा स्थान—जैन मन्दिर, सांडेराव

शान्तिसूरि (प्रथम) के पट्टधर ईश्वरसूरि (द्वितीय) हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठित वि. सं. १३०७ एवं १३१७ के दो लेख मिले हैं जो इस प्रकार हैं—

वि. सं. १३०७ वैशाख सुदि ५ गुरुवार[3]
शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, खंभात

वि. सं. १३१७ ज्येष्ठ वदि ११ बुधवार[4]
संभवनाथ की प्रतिमा को देवकुलिका सहित प्रतिष्ठित कराने का उल्लेख,
प्रतिष्ठा स्थान—बावनजिनालय की देहरी, उदयपुर

मंडेरगच्छीय गुर्वावली का सामान्य रूप से यही क्रम प्राप्त होना है. परन्तु शान्तिसूरि और शालिसूरि द्वारा प्रतिष्ठित कुछ जिनप्रतिमायें जो वर्तमान मे स्तम्भतीर्थ स्थित मल्लिनाथ जिनालय में सुरक्षित हैं, उनपर उत्कीर्ण लेखों से विचित्र तथ्य प्राप्त होते हैं।

जैसा कि हम ऊपर देख चुके हैं, शालिसूरि का उल्लेख करने वाला सर्वप्रथम अभिलेख वि. सं ११८१ और अन्तिम अभिलेख वि स १२१५ का है। इसके बाद सुमतिसूरि द्वारा प्रतिष्ठित वि. सं. १२३७ से वि. स. १२५२ तक के लेख विद्यमान हैं। इसके आगे शान्तिसूरि द्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमाओं के लेख भी वि. सं १२४५ से वि. सं १२९८ तक के है। यह स्वाभाविक क्रम है, परन्तु वि. सं. १२१५ मे शान्तिसूरि[5] (प्रथम) शालिसूरि के साथ एवं वि स. १२५२ मे शालिसूरि[6] सुमतिसूरि (प्रथम) के साथ प्रतिष्ठाकार्य सम्पन्न करा रहे है, यह विचारणीय है।

ईश्वरसूरि (द्वितीय) के पट्टधर **शालिभद्रसूरि (द्वितीय)** हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित ३ प्रतिमालेख आज उपलब्ध हैं। उनका विवरण इस प्रकार है—

---

१. मुनि विशालविजय, साडेराव, पृ० १८-१९
२. वही, पृ० २१
३. अमीन—पूर्वोक्त पृ० १२ और ३३
४. नाहर, पूर्वोक्त भाग २ लेखाङ्क १९५१
५. अमीन, जे० पी०, पूर्वोक्त लेखाङ्क ३
६. वही, लेखाङ्क ५

वि. सं. १३३१ वैशाख सुदि ९ सोमवार[१]
कपर्दियक्ष की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—**जैनमन्दिर, बयाना**
वि. सं. १३३७ चैत्र सुदि ११ शुक्रवार[२]
शान्तिनाथ प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान —**चिन्तामणि जिनालय बीकानेर**
वि. सं. ११४५ श्रावण वदि १३[३]
शान्तिनाथ प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान—**चिन्तामणिपार्श्वनाथ** जिनालय, **खंभात**

शालिसूरि [द्वितीय] के पट्टधर सुमतिसूरि [द्वितीय] हुए इनके द्वारा प्रतिष्ठापित जो जिन (तीर्थंकर) प्रतिमायें प्राप्त हुई हैं, उन पर वि. स. १३३८ से वि. सं. १३८९ तक के लेख उत्कीर्ण है। इनका विवरण इस प्रकार है—

१. वि. सं. १३३८ फाल्गुन सुदि १० गुरुवार[४]
तीर्थङ्कर प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—जैन मन्दिर, रत्नपुर, मारवाड़
२ वि सं १३४२ ज्येष्ठ सुदि ९ गुरुवार[५]
पद्मप्रभ को प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—ऋषभनाथ जिनालय, हाथीपोल, उदयपुर
३. वि. सं. १३५० ज्येष्ठ वदि ५
अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख[६]
प्राप्ति स्थान—जैन मन्दिर, ईडर
४. वि. सं. १३५७ ज्येष्ठ वदि ५
पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख[७]
प्राप्ति स्थान – चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर
५. वि सं १३७१ वैशाख सुदि ९ सोमवार
पार्श्वनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख[८]
प्राप्ति स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

---

१. मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ५५४
२. नाहटा, अगरचन्द—बीकानेर जैन लेख संग्रह, लेखाङ्क १८८
३. अमीन, पूर्वोक्त—पृ० १२ एवं ३३
४. नाहर, पूरनचन्द, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १७०८
५. वही, भाग २, लेखाङ्क १८९२
६. वही, भाग १, लेखाङ्क ५११
७. बुद्धिसागरसूरि—पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क १४०९
८. नाहटा, अगरचन्द—पूर्वोक्त, लेखाङ्क २५०

६. वि. सं. १३७९ ज्येष्ठ वदि ७[१]
प्राप्ति स्थान—श्वेताम्बर जैन मन्दिर, रामघाट, वाराणसी

७. वि. सं. १३८८ वैशाख सुदि[२] ५
भगवान् पार्श्वनाथ की पाणाण प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

८. वि. सं. १३८९ ज्येष्ठ सुदि[३] ८
भगवान् पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

इस प्रकार स्पष्ट है कि सुमतिसूरि (द्वितीय) दीर्घजीवी एवं प्रतिभाशीली जैन आचार्य थे। संडेरगच्छ से सम्बन्धित वि सं १३७१[४] एवं १३९२[५] के प्रतिमा लेखों मे प्रतिष्ठापक आचार्य का नाम **श्रीसूरि** दिया गया है। श्रीसूरि कौन थे ? क्या ये सुमतिसूरि (द्वितीय) से भिन्न कोई अन्य आचार्य हैं या स्थानाभाव से सूत्रधार ने सुमतिसूरि न लिखकर **श्रीसूरि** नाम उत्कीर्ण कर दिया ? यह विचारणीय है।

सुमतिसूरि (द्वितीय) के पश्चात उनके पट्टधर **शान्तिसूरि (द्वितीय)** संडेरगच्छ के नायक बने। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित कोई भी प्रतिमा आज उपलब्ध नही है। जैसा कि हम पीछे देख चुके हैं, इनके गुरु **सुमतिसूरि (द्वितीय)** की अन्तिम ज्ञात तिथि वि. स १३८९ है, अतः ये उक्त तिथि के पश्चात ही अपने गुरु के पट्टधर हुए होगे। इसी प्रकार इनके शिष्य **ईश्वरसूरि (तृतीय)** द्वारा प्रतिष्ठापित सर्वप्रथम अभिलेख **वि. सं. १४४७** का है, अतः इनका **गच्छ नायकत्व का** काल **वि. सं. १३८९** से **वि सं. १४१७** के मध्य मान सकते है। इनके पट्टधर **ईश्वरसूरि (तृतीय)** द्वारा प्रतिष्ठापित दो प्रतिमाओ का लेख आज उपलब्ध है, जिनका विवरण इस प्रकार—

वि. सं. १४१७ ज्येष्ठ सुदि ९ शुक्रवार[६]
वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति-स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १४२५ माघ वदि ७ सोमवार[७]
आदिनाथ पंचतीर्थी का लेख
प्राप्ति स्थान—शांतिनाथ जिनालय, नमक मंडी, आगरा

---

१. नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क ४१५
२. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ३२२
३. वही, लेखाङ्क ३३३
४. मुनि बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १०९९
५. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १३३१
६. वही, लेखाङ्क ४३७
७. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १४८८

ईश्वरसूरि (तृतीय) के पट्टधर **शालिसूरि** (तृतीय) हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित २ प्रतिमा लेख आज उपलब्ध हैं, जिनकाविवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १४२२ माघ वदि १२ मंगलवार[1]
वासुपूज्य पंचतीर्थी का लेख,
प्राप्ति स्थान—विमलनाथ जिनालय, कोचरों का चौक, बीकानेर

वि. सं. १४४६ आषाढ़ वदि[2] १
पार्श्वनाथ की धातु प्रतिमा का लेख
प्राप्ति स्थान—ऋषभनाथ जिनालय की भाण्डागारस्थ प्रतिमा, नाहटों की गवाड़, बीकानेर

शालिसूरि (तृतीय) के पट्टधर **सुमतिसूरि** (तृतीय) हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित वि. सं. १४४२ से वि. सं. १४६९ तक के जो प्रतिमा लेख आज उपलब्ध हैं, उनका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १४४२ वैशाख सुदि ३ सोमवार[3]
प्राप्ति स्थान—अनुपूर्ति लेख, आबू

वि. सं. १४४३[4]
प्राप्ति स्थान—जैन मन्दिर, राजनगर

वि. सं. १४५९[5]

प्राप्ति स्थान—अजितनाथ देरासर, शेख नो पाडो, अहमदाबाद

वि. सं. १४६१ वैशाख सुदि[6]
शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—चन्द्रप्रभ जिनालय, जैसलमेर

वि. सं. १४६२ वैशाख सुदि ५ शुक्रवार[7]
आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

---

१. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १५७४
२. वही, लेखाङ्क १४७९
३. मुनि जयन्तविजय, आबू, भाग २, लेखाङ्क ६००
४. जैनसत्यप्रकाश, वर्ष ९, पृ० ३८२, लेखाङ्क २०
५. मुनि बुद्धिसागर—पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क १०४१
६. नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, लेखाङ्क २२८४
७. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ६०४

वि. सं. १४६५ तिथिविहीन मूर्तिलेख[1]
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १४६९ माघ सुदि ६ रविवार[2]
वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—धर्मनाथ जिनालय, मेड़ता

सुमतिसूरि [तृतीय] के पट्टधर **शांतिसूरि [तृतीय]** हुए। सन्डेरगच्छ के वि. सं. १४७२ से १५१३ तक के प्रतिमा अभिलेखों मे प्रतिष्ठापक आचार्य के रूप में इनका उल्लेख मिलता है; जिसका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १४७२ फाल्गुन सुदि ९ शुक्रवार[3]
भगवान् पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—नवधेर का मंदिर, चेलपुरी, दिल्ली

वि. सं. १४७५ ज्येष्ठ सुदि ९ शुक्रवार[4]
भगवान् शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १४७६ मार्गसिर सुदि ३[5]
भगवान् शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १४८३ फागुण वदि ११[6]
पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—जैन मंदिर, चैलपुरी-दिल्ली एवं वीरजिनालय बीकानेर

> वि. सं. १४८३ फागुण वदि ११ को इनके द्वारा प्रतिष्ठापितकुल ४ जिन प्रतिमायें वर्तमान में उपलब्ध हुई हैं। इनमें से श्रेयांसनाथ और पद्मप्रभ की प्रतिमायें आज चिन्तामणि जिनालय बीकानेर में संरक्षित हैं।[7]

---

१. नाहटा, पूर्वोक्त, क्रमाङ्क ६२५
२. नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क ७५८
३. वही, लेखाङ्क ६६४
४. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ५७७
५. वही, लेखाङ्क ६८२
६. नाहर, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ४६८
   नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १३३६
७. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ७२५ और ७२६

वि. सं. १४८६ माघ सुदि ११ शनिवार[1]
मुनिसुव्रत स्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—सम्भवनाथ जिनालय, अजमेर

वि. सं. १४९२ माघ वदि ५ गुरुवार[2]
वासुपूज्य प्रतिमा का लेख
प्राप्तिस्थान—चन्द्रप्रभ जिनालय, जैसलमेर

वि. सं. १४९२ वैशाख सुदि ५[3]
प्राप्तिस्थान—ग्राम का जिनालय, चाँदवाड़, नासिक

वि. सं. १४९३ वैशाख सुदि ५[4]
शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—पार्श्वनाथ जिनालय, करेड़ा

वि. सं. १४९३ तिथि विहीन[5]
प्राप्तिस्थान—जैनमंदिर, राणकपुर

वि. सं. १४९४ माघ सुदि ११ गुरुवार[6]
श्रेयांसनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—सुपार्श्वनाथ का पंचायती बड़ा मंदिर, जयपुर

वि. सं. १४९४ माघ सुदि ११ गुरुवार[7]
संभवनाथ पंचतीर्थी का उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—महावीर जिनालय, वैदों का चौक, बीकानेर

वि. सं. १४९९ फागुण वदि २[8]
शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १५०१ माघ सुदि १० सोमवार[9]
नमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—सुपार्श्वनाथ का पंचायती बड़ा मंदिर, जयपुर

---

१. नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क ५४९
२. वही, भाग ३, लेखाङ्क २३०८
३. मुनि कान्तिसागर—जैन धातु प्रतिमा लेख, लेखाङ्क ८१
४. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १९३३
५. जैनसत्यप्रकाश, वर्ष १८, पृ० ८९-९३
६. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ११४२
७. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १३३९
८. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १८५९ तथा नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ८१३
९. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ११४२

वि. सं. १५०१ ज्येष्ठ सुदि १०[१]
धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—जैन मंदिर, लींच

वि. सं. १५०३ ज्येष्ठ सुदि ११ शुक्रवार[२]
नमिनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—अनुपूर्ति लेख-आबू

वि. सं. १५०३ तिथि विहीन[३]
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, खंभात

वि. सं. १५०५ वैशाख सुदि ६ सोमवार[४]
भगवान् शान्तिनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—शीतलनाथ जिनालय, उदयपुर

वि. सं० १५०५ माघ सुदि १५[५]
प्राप्तिस्थान—जैन मंदिर मालपुरा

वि. सं. १५०६………११ रविवार[६]
प्राप्तिस्थान—गौड़ी पार्श्वनाथ जिनालय, पायधुनी, बम्बई

वि. सं. १५०६ माघ वदि ५[७]
सुविधनाथ को धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—सेठ के बाग मे स्थित जिनालय, उदयपुर

वि. सं. १५०६ फाल्गुन सुदि ९ शुक्रवार[८]
भगवान् कुन्थुनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १५०६ फाल्गुन सुदि ९[९]
भगवान् संभवनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—भाण्डागारस्थ जिन प्रतिमा, महावीर जिनालय, वैदों का चौक, बीकानेर

---

१. विजयधर्मसूरि—प्राचीन लेख संग्रह, लेखाङ्क १८९
२. मुनि जयन्तविजय, आबू, भाग २, लेखाङ्क ६३५
३. मुनि बुद्धिसागर—जैन धातु प्रतिमा लेख संग्रह, भाग २, लेखाङ्क ५५०
४. विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, लेखाङ्क २२१ एवं नाहर, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १०८१
५. जैनसत्यप्रकाश, वर्ष ११, पृ० ३७५-८३
६. मुनि कान्तिसागर, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १०३
७. विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त लेखाङ्क २२०
८. नाहटा, पूर्वोक्त लेखाङ्क ९०७
९. वही, लेखाङ्क १३१८

वि. सं. १५०६ (तिथि विहीन लेख)[1]
प्राप्तिस्थान—गौड़ी पार्श्वनाथ देरासर, मुम्बई

वि. सं. १५०६ (तिथि विहीन लेख)[2]
प्राप्तिस्थान—मुनिसुव्रतजिनालय, भरुच

वि. सं. १५०६, ११ रविवार[3]
प्राप्तिस्थान—गौड़ी पार्श्वनाथ जिनालय, पायधुनी, मुम्बई

वि सं १५०७ ज्येष्ठ सुदि ९ रविवार[4]
भगवान् शांतिनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—शीतल नाथ जिनालय, रिणी-तारानगर

वि. सं. १५०७ माघ सुदि ५[5]
शान्तिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर

वि सं. १५०८ वैशाख वदि ४ शनिवार[6]
नमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर

वि. सं. १५०८ वैशाख वदि ४ शनिवार[7]
शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चन्द्रप्रभ जिनालय; चूड़ी वाली गली, लखनऊ

वि. सं. १५०८ वैशाख सुदि ३[8]
सुपार्श्वनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चौमुख जी देरासर, अहमदाबाद

वि. सं. १५०८ (तिथि विहीन लेख)[9]
प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—शांतिनाथ जिनालय, खंभात

---

१. जैनसत्यप्रकाश, वर्ष ९, पृ० ५९४-६००
२. मुनि बुद्धिसागर—पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ३५३
३. मुनि कान्तिसागर—पूर्वोक्त, लेखाङ्क १०३
४. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क २४५०
५. वही, लेखाङ्क ९१८
६. वही, लेखाङ्क ९२४
७. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १५४८
८. मुनि बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १४३
९. वही, भाग २, लेखाङ्क ७५१

वि. सं. १५०९ माघ सुदि १०[१]
वासुपूज्य की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—भाण्डागारस्थ धातु प्रतिमा, वीर जिनालय, वैदों का चौक बीकानेर

वि. सं. १५१० फागुण वदि ८[२]
सुमतिनाथ की धातु पचतीर्थी पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—शामला पार्श्वनाथ जिनालय, राधनपुर

वि. सं. १५१० ज्येष्ठ सुदि १३ शुक्रवार[३]
प्राप्तिस्थान—जैन मंदिर, राणकपुर

वि. सं. १५११ मार्गसुदि २ गुरुवार[४]
शीतलनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—सुपार्श्वनाथ जिनालय, जैसलमेर

वि. सं. १५१३ माघ वदि ९ गुरुवार[५]
संभवनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चिन्तामणि जी का जिनालय बीकानेर

जैसा कि हम पहले देख चुके हैं **परिशिष्टपर्व** की **वि. सं.** १४७९ की प्रतिलिपि की दाता प्रशस्ति में भी **शांतिसूरि (तृतीय)** का उल्लेख है।

शांतिसूरि (तृतीय) के पट्टधर **ईश्वरसूरि (चतुर्थ)** हुए, जिनके द्वारा वि स १५१३ से **वि. सं. १५१९** तक की प्रतिष्ठापित प्रतिमायें उपलब्ध हैं। इनका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १५१३ ज्येष्ठ वदि ११[६]
कुन्थुनाथ पंचतीर्थी पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—चन्द्रप्रभ जिनालय, रगपुर (बगाल)

वि. सं. १५१५ माह (माघ) वदि ९ शुक्रवार[७]
नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्तिस्थान—आदिनाथ जिनालय, दिलवाडा (आबू)

वि. सं. १५१७ (तिथि विहीन लेख)[८]
प्राप्तिस्थान—मुनिसुव्रत जिनालय, खंभात

---

१. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १३६१
२. मुनि विशालविजय, सम्पा० राधनपुरप्रतिमालेखसंग्रह, लेखाङ्क १६४
३. जैनसत्यप्रकाश—वर्ष १८, पृ० ८९-९३
४. नाहर, पूर्वोक्त, भाग ३, लेखाङ्क २१८४
५. नाहटा, पूर्वोक्त लेखाङ्क ९७६
६. नाहर पूरनचन्द, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १०२५
७. वही, भाग २, लेखाङ्क १९९१
८. मुनि बुद्धिसागर—पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ८५०

वि. सं. १५१९ (तिथि विहीन लेख)[१]
प्राप्तिस्थान – चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, खंभात

ईश्वरसूरि (चतुर्थ) के पट्टधर **शालिसूरि (चतुर्थ)** हुए, जिनके द्वारा **वि. सं. १५१९** से **वि. सं. १५४५** तक प्रतिष्ठापित जिनप्रतिमाओं के लेखों का विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १५१९ (तिथि विहीन प्रतिमा लेख)[२]
सीमंधर स्वामी का प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्राप्ति स्थान—जैन मन्दिर, खारवाड़ा, खंभात

वि. सं. १५१९ ज्येष्ठ सुदि १३ सोमवार[३]
प्रतिष्ठा स्थान—जैनमन्दिर, पायधुनी, मुम्बई

वि. सं. १५१९ (तिथि विहीन प्रतिमा लेख)[४]
प्रतिष्ठा स्थान—जैनमन्दिर, गुलाबवाड़ी, मुम्बई

वि. सं. १५२० ज्येष्ठ सुदि ९ शुक्रवार[५]
शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिमा स्थान—तपागच्छ उपाश्रय, दिलवाड़ा

वि. स १५२१ माह (माघ) सुदि ७ शुक्रवार[६]
धर्मनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—गौडी जी का मन्दिर, उदयपुर

वि. सं १५२१ (तिथि विहीन प्रतिमा लेख)[७]
प्रतिष्ठा स्थान—दादापार्श्वनाथ जिनालय, नरसिंहजीनी पोल, बडोदरा

बि सं. १५२६ ज्येष्ठ सुदि १३[८]
आदिनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं १५२८ (तिथि विहीन लेख)[९]
प्राप्तिस्थान—भग्न जैनमंदिर (राजनगर)

---

१. मुनि बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ५४०
२. वही, भाग २, लेखाङ्क १०६२
३ मुनि कान्तिसागर – पूर्वोक्त, लेखाङ्क १६९
४. जैनसत्यप्रकाश—वर्ष ५, पृ० १६०-६५
५. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, क्रमाङ्क २००२
६. विजयधर्मसूरि, सपा० प्राचीन लेख सग्रह, लेखाङ्क ३५४
७. बुद्धिसागर—पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १३४
८. नाहटा—पूर्वोक्त, लेखाङ्क १०४६
९. जैनसत्यप्रकाश, वर्ष ९, पृ० ३७९, लेखाङ्क ३१

वि. सं. १५३२ चैत्र सुदि ३ गुरुवार[1]
प्राप्तिस्थान—नवखंडा पार्श्वनाथ जिनालय, पाली

वि. सं. १५३२ वैशाख वदि सोमवार[2]
धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान—चिन्तामणि जिनालय, बीकानेर

वि. सं. १५३५ माह (माघ) सुदि ३[3]
सुपार्श्वनाथ प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान—चिन्तामणि जिनालप, बीकानेर

वि. सं. १५३६ माह (माघ) सुदि ९[4]
आदिनाथ की धातु प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान—ऋषभदेव जिनालय के अन्तर्गत पार्श्वनाथ का मंदिर, नाहटों की गवाड़, बीकानेर

वि. सं. १५३६ मार्गसिर सुदि १० बुधवार[5]
शीतलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—शीतलनाथ जिनालय, उदयपुर

वि. सं. १५३६ ज्येष्ठ सुदि ५ रविवार[6]
नमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—भगवान् आदिनाथ का नूतन जिनालय, जयपुर

वि. सं. १५४५ ज्येष्ठ शुदि १२ गुरुवार[7]
आदिनाथ की धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—गौड़ीजी का मंदिर, उदयपुर

शालिसूरि (चतुर्थ) के पट्टधर सुमतिसूरि (चतुर्थ) हुए, जिनके द्वारा वि. सं. १५४५ से १५५९ तक प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमायें, इनके शिष्य एवं पट्टधर शांतिसूरि (चतुर्थ) द्वारा वि. सं. १५५२ से वि. सं. १५७२ तक की जिन प्रतिमायें और शांतिसूरि (चतुर्थ) के शिष्य ईश्वरसूरि (पंचम) द्वारा प्रतिष्ठापित वि. सं. १५६० से १५९७ तक की जिन प्रतिमायें उपलब्ध है, अर्थात् विक्रम सम्वत् की सोलहवीं शती के छठें दशक मे सुमतिसूरि (चतुर्थ), शांतिसूरि (चतुर्थ) और ईश्वरसूरि (पंचम) ये तीनों आचार्य विद्यमान थे। इससे प्रतीत होता है कि ये तीनों आचार्य शालिसूरि (चतुर्थ) के शिष्य

१. मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ३८८
२. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखाङ्क १०७६
३. वही, लेखाङ्क १०९३
४. वही, लेखाङ्क १५१६
५. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १०९९
६. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १२१०
७. विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, लेखाङ्क ४९३

और परस्पर गुरुभ्राता थे। ज्येष्ठताक्रम से इनका पट्टधर नाम निर्धारित हुआ था। शालिसूरि के पश्चात् ये क्रम से गच्छनायक के पद पर प्रतिष्ठित हुए। इनके द्वारा प्रतिष्ठापित तीर्थंकर प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण अभिलेखों का विवरण इस प्रकार है—

सुमतिसूरि (चतुर्थ) द्वारा प्रतिष्ठापित प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण—

वि. सं. १५४७ माघ सुदि १२ रविवार[1]
वासुपूज्य स्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—शत्रुञ्जय

वि. सं. १५४९ ज्येष्ठ सुदि ५ सोमवार[2]
वासुपूज्य स्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—पंचायती मंदिर, लस्कर-ग्वालियर

वि. सं. १५५९ वैशाख वदि १ शनिवार[3]
पार्श्वनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—अजितनाथ देरासर, शेख नो पाड़ो, अहमदाबाद

शांतिसूरि (चतुर्थ) द्वारा प्रतिष्ठापित उपलब्ध प्रतिमाओं का विवरण—

वि. सं. १५५२ (तिथि विहीन प्रतिमा लेख)[4]
चन्द्रप्रभ स्वामी की चौबीसी पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—विमलनाथ जिनालय, चौकसीनी पोल, खंभात

वि. सं. १५५५ ज्येष्ठ वदि १ शुक्रवार[5]
प्रतिष्ठा स्थान—नवखंडा पार्श्वनाथजिलानय, पाली

वि. सं १५६३ माह (माघ) सुदि १५ गुरुवार[6]
मुनिसुव्रत स्वामी की प्रतिमा का लेख
प्रतिष्ठा स्थान—सुपार्श्वनाथ जिनालय, जयपुर

वि. सं. १५७२ वैशाख सुदि पंचमी सोमवार[7]
शान्तिनाथ प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—आदिनाथ जिनालय, दिलवाड़ा, आबू

---

१. मुनि कंचनसागर—शत्रुञ्जयगिरिराजदर्शन, लेखाङ्क ४४९
२. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १३८३
३. मुनि बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क १०४१
४. वही, भाग २, लेखाङ्क ७९२
५. मुनि जिनविजय—पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ३८५
६. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ११९०
७. वही, भाग २, लेखाङ्क १९९२

वि. सं. १५७२ वैशाख सुदि पंचमी सोमवार[1]
धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—जैन मंदिर-नाणा

वि. सं. १५५० मे रचित **सागरदत्तरास**[2] के रचयिता यही शान्तिसूरि (चतुर्थ) माने जा सकते हैं।

ईश्वरसूरि (पंचम) द्वारा प्रतिष्ठापित उपलब्ध प्रतिमाओं का विवरण—

वि. सं. १५६० ज्येष्ठ वदि ८ बुधवार[3]
विमलनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—पार्श्वनाथ देरासर, नाडोल,

वि. सं. १५६७ (तिथि विहीन लेख)[4]
विमलवसही की दीवाल पर उत्कीर्ण लेख

वि. सं. १५८१ पोष सुदि ५ शुक्रवार[5]
अजितनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
स. १५८१ वर्षे पोष सुदि ५ शुक्रदिने उ० सीसोद्या गौत्र गोत्रजा वायण सा० पद्मा भा० चांगू पु० दासा भा० करमा पु० कमा अषाई लावेता पातिः स्वश्रेयसे श्री अजितनाथ बिंबं का० प्र० श्री **संडेर गणे कवि श्री ईश्वरसूरिभिः** ॥ श्री ॥ **श्री चित्रकूटदुर्गे** ।

वि. सं. १५९७ वैशाख सुदि ६ शुक्रवार[6]
आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख
प्रतिष्ठा स्थान—जैनमंदिर, नाडुलाई

ईश्वरसूरि (पंचम) ने अपने गुरु द्वारा प्रारम्भ किये गये साहित्यसर्जन की परम्परा को जीवन्त बनाये रखा। इनके द्वारा रचित **ललिताङ्गचरित्र** (रचना काल वि. स. १५६१)[7], **श्रीपालचौपाई** (रचनाकाल वि. स १५६४)[8] एवं **सुमित्रचरित्र** (रचनाकाल वि. सं. १५८१)

---

१ मुनि जयन्तविजय, आबू, भाग ५, लेखाङ्क ३५८
२. देसाई—मोहनलाल दलीचन्द—जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास, पृ० ५२६ एवं जैन गूर्जर कविओ, भाग १, पृ० ९१
३. मुनि बुद्धिसागर—पूर्वोक्त, भाग १, लेखाङ्क ४५३
४. आबू, भाग २, लेखाङ्क ५९
५. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १४१६
६ मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ३३६
७. जैन गूर्जर कविओ (मोहनलाल दलीचन्द देसाई) द्वितीय संस्करण—संपा० डा० जयन्त कोठारी भाग १, पृ० २२०
८. वही, पृ० २२२

आदि[१] ३ रचनायें वर्तमान में उपलब्ध हैं। **सुमित्रचरित्र** से ज्ञात होता है कि उन्होंने **जीवविचार विवरण**; **षट्भावास्तोत्र** (सटीक); **नन्दिसेणमुनिगीत**; **यशोभद्रसूरिप्रबन्ध**; **मेवपाटस्तवन** आदि की भी रचना की थी। ये रचनायें आज अनुपलब्ध हैं।[२]

वि. सं. १५९७ में ईश्वरसूरि (चतुर्थ) के पश्चात वि. सं. १६५० में शान्तिसूरि के शिष्यों नयकुञ्जर और हंसराज द्वारा धर्मघोषगच्छीय राजवल्लभ पाठक द्वारा रचित **भोजचरित्र**[३] की प्रतिलिपि तैयार करने का उल्लेख मिलता है।

वि. सं. १६८९ का एक लेख,[४] जो पार्श्वनाथजिनालय में स्थित पुण्डरीकस्वामी की मूर्ति पर उत्कीर्ण है, भी संडेरगच्छ से ही सम्बन्धित है। परन्तु इसमे प्रतिष्ठापक आचार्य का नाम नही मिलता है। इसके पश्चात वि. सं १७२८ और वि. सं. १७३२ के प्राप्त अभिलेख भी सन्डेरगच्छ से ही सम्बन्धित है। इनका विवरण इस प्रकार है—

वि. सं. १७२८ वैशाख सुदि १४[५] देहरी का लेख लूणवसही, आबू

वि. सं. १७२८ वैशाख सुदि ११,[६] देहरी का लेख, लूणवसही, आबू

वि. सं. १७२८ वैशाख सुदि १५,[७] देहरी का लेख, लूणवसही, आबू

वि. सं. १७३२ वैशाख सुदि ७[८], जैनमंदिर, छाणी

इस प्रकार यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि १६वी शताब्दी (विक्रमी) के पश्चात ही इस गच्छ का गौरवपूर्ण इतिहास समाप्त हो गया, तथापि १७वी—१८वीं शताब्दी तक इसका स्वतन्त्र अस्तित्व बना रहा और बाद में यह तपागच्छ में विलीन हो गया।[९]

(देखें—तालिका पृ० २१६-१६७)

---

१. जैन गूर्जर कविओ (द्वितीय संस्करण), भाग १, पृ० २१९

२. वही, पृ० २१९

३ Catalogue of Sanskrit & Prakrit Manuscripts. Muni Shree Punya Vijayjis Collection; Ed A. P. Shah, Vol II, No—4936

४. नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क १९६२

५. मुनि जयन्तविजय, आबू, भाग २, लेखाङ्क ३०९

६. वही, भाग २, लेखाङ्क २९३

७. वही, भाग २, लेखाङ्क २९१

८. मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग २, लेखाङ्क ५४०

९. त्रिपुटी महाराज—जैन परम्परानो इतिहास, भाग १, पृ० ५५८-६९

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित
संडेरगच्छीय आचार्यों के परम्परा की तालिका

ईश्वरसूरि (प्रथम) [संडेरगच्छ के आदि आचार्य]
|
यशोभद्रसूरि [संडेरगच्छ के महाप्रभावक आचार्य] इन्होंने संवत् १०३९/ई० सन् ९८२ में पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की जो वर्तमान में करेड़ा (प्राचीन करहेटक) में स्थित पार्श्वनाथ जिनालय मे प्रतिष्ठित है।]
|
श्यामाचार्य [यशोभद्रसूरि के शिष्य]
|
शालिभद्रसूरि (प्रथम) [वि सं.११८१-१२१५ प्रतिमालेख]
|
सुमतिसूरि (प्रथम) [वि. सं. १२३७-१२५२ ,,]
|
शांतिसूरि (प्रथम) [वि. स. १२४५-१२९८ ,,]
|
ईश्वरसूरि (द्वितीय) [वि. सं. १३०७-१७ ,,]
|
शालिसूरि (द्वितीय) [वि. सं. १३३१-४५ ,,] इनके उपदेश से वि. सं. १३२४ में महावीर-चरित्र की प्रतिलिपि तैयार की गयी।
|
सुमतिसूरि (द्वितीय) [वि. सं. १३३८-८९ ,,]
|
शांतिसूरि ? [इनके बारे मे कोई उल्लेख नहीं मिलता है]
|
ईश्वरसूरि (तृतीय) [वि. सं. १४१७-१४२५ प्रतिमालेख]
|
शालिसूरि (तृतीय) [वि. सं. १४२२-१४४६ ,,]
|
सुमतिसूरि (तृतीय) [वि. सं. १४४२-१४६९ ,,]
|
शांतिसूरि (तृतीय) [वि. सं. १४७२-१५०६ ,,] इनके शिष्य विनयचन्द्र ने वि. सं. १४७९ में परिशिष्टपर्व की प्रतिलिपि तैयार की
|

ईश्वरसूरि (चतुर्थ) [वि० सं० १५१३-१५१९ प्रतिमा लेख]

शालिसूरि (चतुर्थ) [वि० सं० १५१९-१५४५ ,,]

सुमतिसूरि (चतुर्थ) [वि० सं० १५४५-१५५९ ,,]

शातिसूरि (चतुर्थ) [वि० स० १५५२-१५७२ ,,]
[वि० स० १५५० में **सागरदत्तरास** के रचयिता]

ईश्वरसूरि (पचम) [वि० स० १५६०-१५९५ प्रतिमालेख]
ललिताङ्गचरित, श्रीपालचौपाई, सुमित्रचरित्र आदि के रचयिता

शालिसूरि (पंचम) [कोई प्रतिमा लेख प्राप्त नही]

सुमतिसूरि (पचम) [,,]

शांतिसूरि (पंचम) [,,]
[इनके दो शिष्यों नयकुञ्जर और हंसराज ने वि० सं० १६५० में **भोजचरित** की प्रतिलिपि की]

? [वि० सं० १६८९ प्रतिमालेख है परन्तु किसी मुनि / आचार्य का उल्लेख नही]

? [वि० सं० १७२८ एवं १७३२ के प्रतिमालेखों में भी प्रतिमा प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का उल्लेख नहीं]

वि० सं० १७३२ के पश्चात् इस गच्छ का कोई भी साहित्यिक अथवा आभिलेखिक विवरण नही मिलता।

सूत्रकृतांग में वर्णित कुछ ऋषियों की पहचान

डॉ० अरुणप्रताप सिंह

सूत्रकृताग जैन अग साहित्य का द्वितीय ग्रन्थ है। प्राचीनता एव विषय के दृष्टिकोण से इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसका प्रथम श्रुतस्कन्ध आचाराग एव ऋषिभाषित के समान प्राचीन है। सूत्रकृताग मे मुख्यत दर्शन सम्बन्धी वर्णन है जिनमें जैन एव जैनेतर–दोनो परम्परा के मतों का उल्लेख किया गया है। इन उल्लेखो से यह स्पष्ट होता है कि सूत्रकृतागकार का मुख्य उद्देश्य अन्य मतो का खण्डन एव जैन मत का मण्डन करना है। इसी सदर्भ मे सूत्रकृतांगकार कुछ ऋषियो का उल्लेख करता है। इनमे नमि विदेही, रामपुत्त, बाहुक, नारायण, असित देवल, द्वैपायन एव पाराशर मुख्य है।[1] इन ऋषियो के सम्बन्ध मे यह कहा गया है कि इन्होंने सचित्त जल, हरे बीजो का सेवन करते हुए भी सिद्धि को प्राप्त किया था। इनका उल्लेख जैन धर्म से इतर ऋषियो के रूप मे किया गया है क्योकि जैन धर्म के सामान्य नियम के अनुसार इनका सेवन एक मुनि के लिए निषिद्ध है। फिर भी इन ऋषियो के लिए अनेक प्रशसासूचक शब्दो का प्रयोग किया गया है। इनके लिए प्रयुक्त **महापुरुष**, **तपोधन**, **महर्षि**, **सिद्ध** आदि विशेषणों मे इन ऋषियो की महत्ता एवं लोकप्रियता स्वत स्पष्ट होती है।

यहाँ यह प्रश्न विचारणीय है कि ये ऋषि मात्र पौराणिक है या इनकी ऐतिहासिकता सिद्ध की जा सकती है। इनकी ऐतिहासिकता सिद्ध करने के लिए यह आवश्यक है कि इनका उल्लेख अन्य ग्रन्थो से भी प्राप्त हो। पूरे भारतीय साहित्य का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि इन ऋषियो का उल्लेख न केवल सूत्रकृताग एव अन्य जैन ग्रन्थो मे हुआ है अपितु वैदिक एव बौद्ध साहित्य मे भी इनका उल्लेख प्रचुरता से प्राप्त होता है।

भारतीय साहित्य मे इन ऋषियो का उल्लेख, जहाँ तक मैं खोज कर सका हूँ, निम्न प्रकार से है—

---

१. आहसु महापुरिसा पुव्वि तत्ततवोधणा।
उदएण सिद्धिमावन्ना तत्थ मदो विसीयति ॥
अभुजिया नमी विदेही रामगुत्ते या भुजिआ।
बाहुए उदग भोच्चा तहा नारायणे रिसी ॥
आसिले देवले चेव दीवायण महारिसी।
पारासरे दग भोच्चा बीयाणि हरियाणि य ॥
एते पुव्व महापुरिसा आहिता इह समता।
भोच्चा बीओदग सिद्धा इति मेअमणुस्सुअ ॥
सूत्रकृताग, १/३/४/१-४ (स० अमर मुनि, आत्मज्ञान पीठ, माणसा)

नमि विदेही —ऋषि नमि का उल्लेख सूत्रकृताग के अतिरिक्त अन्य जैन ग्रन्थ, वैदिक तथा बौद्ध साहित्य में भी प्राप्त होता है। तीनो परम्पराओ मे इन्हें विदेह, मैथिल और राजर्षि कहा गया है। बौद्ध धर्म के जातक साहित्य मे नमि का उल्लेख प्रत्येक बुद्ध के रूप में किया गया है। जैन साहित्य के एक प्राचीन ग्रन्थ उत्तराध्ययन मे भी नमि का उल्लेख प्रत्येक बुद्ध के रूप मे हुआ है। इसमे नमि के त्याग का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि उन्होंने अपने सभी सम्बन्धियों एव मिथिला नगरी को छोडकर अभिनिष्क्रमण किया।[1] राजर्षि (रायरिसी) के रूप मे प्रसिद्ध नमि को क्रोध, मान, माया, लोभ को वश मे करने वाला कहा गया है।[2] नमि की शिक्षाओं का सार यह है कि मनुष्य को अपने अन्दर ही युद्ध करना चाहिए तथा पॉच इन्द्रियों, चार कषायो (क्रोध, मान, माया, लोभ) को जीतना चाहिए। अपने से अपने को जीतकर ही सच्चा सुख प्राप्त होता है।[3] वैदिक साहित्य के ग्रंथ महाभारत में नमि का उल्लेख उत्तराध्ययन के समान ही हुआ है। महाभारत मे इन्हे "निमि" कहा गया है तथा इन्हे विदेह का अधिपति कहा गया है।[4] महाभारत मे निमि का उल्लेख उन राजाओं एवं महात्माओं की श्रेणी मे हुआ है जिन्होने जीवन मे कभी मास का सेवन नही किया था।[5]

महाभारत मे एक अन्य निमि का भी उल्लेख प्राप्त होता है। इन्हे महर्षि दत्तात्रेय का पुत्र कहा गया है।[6] परन्तु इनकी समता सूत्रकृताग एव उत्तराध्ययन मे वर्णित नमि से नहीं की जा सकती। मिथिला नरेश के रूप मे नमि तीनों परम्पराओ मे मान्य है।

रामपुत्त सूत्रकृताग की कुछ प्रतियों मे रामपुत्त का वर्णन रामगुत्त (रामगुप्त) के रूप मे हुआ है। रामगुप्त प्रसिद्ध गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त का पुत्र तथा चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का अग्रज था। प्राप्त प्रमाणो से यह सिद्ध होता है कि यह एक जैन धर्मावलम्बी नरेश था। इसका शासन अत्यन्त अल्प था तथा अन्त अत्यन्त दुखद। परन्तु यदि हम इसे रामपुत्त मानकर सिद्धि प्राप्त करने वाले अन्य ऋषियो की श्रेणी मे रखते है तो हमारे सामने अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित हो जाती है। प्रथम तो यह कि सूत्रकृतांग को हमे चतुर्थ-पञ्चम शताब्दी में ले जाना पडेगा जो सम्भव नही है। अनेक प्रमाणो से यह सिद्ध हो चुका है कि सूत्रकृताग का यह प्रथम श्रुतस्कन्ध जिसमे रामपुत्त का वर्णन है, आचाराग के समान ही प्राचीन है। इसके अतिरिक्त

---

१. मिहिलं सपुरजणवयं, बलमोरोह च परियण सव्व
चिच्चा अभिनिक्खन्तो, एगन्तमहिट्ठिओ भगवं
उत्तराध्ययन, ९।४

२. वही, ९।५६

३. अप्पाणमेव अप्पाण, जइत्ता सुहमेहए
दुज्जय चेव अप्पाण, सव्व अप्पे जिए जिय
वही, ९।३५, ३६

४. महाभारत, आदिपर्व १।२३४

५ वही, अनुनासिक पर्व, ११५।६५

६. वही, अनुनासिक पर्व ९१।५

सम्राट् रामगुप्त के बारे में हमे जो जानकारी उपलब्ध है, उसमे उसे कही भी सिद्धि प्राप्त करने वाला नहीं बताया गया है। रामपुत्त को रामगुप्त मानने की त्रुटि या तो भूलवश या अक्षरों के ज्ञान के अभाव मे हो गई प्रतीत होती है।

सूत्रकृतांग मे जिस रामपुत्त का वर्णन है, वह सम्राट् नही वरन् अर्हन् ऋषि रामपुत्त है। रामपुत्त के बारे मे हमे जैन एव बौद्ध दोनो स्रोतो से विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। ऋषिभाषित मे जो स्पष्टत एक प्राचीन ग्रन्थ है, रामपुत्त सम्बन्धी एक अलग अध्याय ही है।[१] रामपुत्त की जो शिक्षाएँ इसमे वर्णित है उससे रामपुत्त अपने समय के एक महान् चिन्तक ऋषि प्रतीत होते हैं। ऋषिभाषित के अतिरिक्त स्थानाग[२] एव अनुत्तरोपपातिक[३] भी रामपुत्त का उल्लेख करते हैं। सूत्रकृताग के अतिरिक्त स्थानाग की सूचना के अनुसार अन्तकृद्दशा की प्राचीन विषयवस्तु मे एक रामपुत्त नामक अध्ययन था जो वर्तमान अन्तकृद्दशा मे अनुपलब्ध है। सम्भवत: इस अध्ययन में रामगुप्त के जीवन एव उपदेशो का सकलन रहा होगा। ... सूत्रकृताग और ऋषिभाषित दोनो से ही यह सिद्ध हो जाता है कि रामपुत्त मूलत. निर्ग्रन्थ परम्परा के नही थे, फिर भी उसमे उन्हे सम्मानपूर्ण स्थान प्राप्त था।"[४]

अर्हत् रामपुत्त का वर्णन प्राचीनतम बौद्ध साहित्य मे प्राप्त होता है। पालि साहित्य मे रामपुत्त का पूरा नाम उद्दक रामपुत्त दिया गया है तथा यह बताया गया है कि रामपुत्त महात्मा बुद्ध से ज्येष्ठ थे।[५] सत्य ज्ञान की खोज मे महात्मा बुद्ध जब गृह-त्याग करते है तो उनकी भेंट रामपुत्त से होती है। महात्मा बुद्ध रामपुत्त का शिष्य बनकर उनसे ध्यान की प्रक्रिया सीखते है। पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् बुद्ध रामपुत्त को अध्यात्म विद्या का सत्पात्र जानकर उन्हे उपदेश देना चाहते है परन्तु तब तक रामपुत्त की मृत्यु हो चुकी रहती है।

उपर्युक्त तथ्यों से यह भी स्पष्ट होता है कि रामपुत्त महावीर एव बुद्ध के समकालीन एक ऐतिहासिक ऋषि थे जो ध्यान पद्धति की अपनी विशिष्ट प्रणाली के लिए प्रसिद्ध थे। दुर्भाग्यवश वैदिक साहित्य से हमे अभी तक रामपुत्त के बारे मे कोई जानकारी प्राप्त नही हो सकी है।

बाहुक—सूत्रकृताग मे बाहुक का भी अर्हत् ऋषि के रूप मे उल्लेख किया गया है। जैन, बौद्ध एव वैदिक तीनों स्रोतो से हमे बाहुक के बारे मे जानकारी प्राप्त होती है।

---

१ ऋषिभाषित, २३वाँ अध्याय

२ स्थानाग, ७५५

३. अनुत्तरोपपातिक, ३।६

४. ऋषिभाषित एक अध्ययन, पृ० ६१–६२ (लेखक–डॉ० सागरमल जैन, प्रका०–प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर, १९८८)

५. Dictionary of Pali Proper Names, Vol. 1, PP. 382-83 (Ed. J. P. Malal Sekhar, 1937)

ऋषिभाषित के १४वें अध्याय में बाहुक के उपदेशों का सकलन है। ऋषिभाषित एव सूत्रकृताग के अतिरिक्त कालान्तर के ग्रन्थो–सूत्रकृताग चूर्णि[1] एवं शीलाकाचार्य की सूत्रकृताग वृत्ति[2] मे भी बाहुक का उल्लेख प्राप्त होता है। इन सारे सन्दर्भो मे बाहुक एक सम्मानित ऋषि के रूप मे प्रस्तुत है। बाहुक की मूल शिक्षा जो हमे ऋषिभाषित मे प्राप्त होती है, वह तृष्णा (भावना) एव ससार के त्याग से सम्बन्धित है। बाहुक के अनुसार केवल वही व्यक्ति मोक्ष मार्ग की ओर निष्कटक होकर प्रयाण कर सकता है जिसने अपनी तृष्णाओ को जीत लिया है इसके विपरीत तृष्णाओ से पराजित व्यक्ति नरकगामी बनता है। स्पष्टत: बाहुक अनासक्त भाव से किये हुए काम पर बल देते है और कहते है कि निष्कामभाव से किया हुआ कर्म ही मुक्तिपथगामी होता है।[3]

बौद्ध साक्ष्य बाहुक ऋषि का उल्लेख नही करते अपितु बाहिय दारुचीरिय नामक एक अर्हत् ऋषि का वर्णन अवश्य करते है।[4] अगुत्तर निकाय मे बाहिय का उल्लेख एक ऐसे ऋषि के रूप मे किया गया है जो सत्य का सद्य: साक्षात्कार कर लेता है। बौद्ध साहित्य मे इस बाहिय को महात्मा बुद्ध का शिष्य कहा गया है।

जहाँ तक वैदिक साहित्य मे बाहुक के वर्णन का प्रश्न है, इसमे बाहुवृक्त नामक ऋषि का उल्लेख मिलता है।[5] ऋग्वेद के कुछ मन्त्र उनके द्वारा प्रस्फुटित बताए जाते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सूचना हम बाहुक ऋषि के बारे मे नही पाते, जिसकी समता हम जैन एव बौद्ध ग्रन्थो मे वर्णित बाहुक या बाहिय से कर सके। महाभारत मे एक बाहुक का नामोल्लेख अवश्य हुआ है, परन्तु एक योद्धा के रूप मे। महाभारत के वनपर्व मे[6] महाराजा नल को भी बाहुक कहा गया है जब वे छद्म वेश मे अयोध्या नरेश रितुपर्ण के यहाँ थे। एक बाहुक नामधारी नाग का भी उल्लेख महाभारत[7] मे प्राप्त होता है जो जन्मेजय के सर्पयज्ञ मे दग्ध हो गया था। हम निश्चय ही बाहुक नामधारी इन पुरुषों का बाहुक ऋषि से सम्बन्ध स्थापित नही कर सकते।

उपर्युक्त तथ्यो से यह सम्भावना प्रबल दिखाई पडती है कि सूत्रकृताग एव ऋषिभाषित मे वर्णित बाहुक गौतम बुद्ध के शिष्य बाहिय ही है। ऋषिभाषित मे स्वय गौतम बुद्ध एव उनके अनेक शिष्यो का वर्णन सम्मान के साथ किया गया है। बाहुक की जो शिक्षाये ऋषिभाषित मे वर्णित है, वे बौद्ध धर्म की शिक्षाओ के अनुरूप हैं। बौद्ध धर्म मे दुःखों का मूल कारण तृष्णा माना गया है और ऋषिभाषित मे बाहुक तृष्णा के परिहार की ही बात

---

१. सूत्रकृतागचूर्णि, पृ० १२१
२ सूत्रकृताग शीलाक टीका, पृ० १५
३. इसिभासियाइ, पृ० २७
४. Pali Proper Names, Vol. II, PP. 281–83
५. महाभारत की नामानुक्रमणिका पृ० २१६
६. महाभारत, वनपर्व, ६६।२०
७. वही, आदिपर्व, १७३।१३

करते है। इच्छा का दमन तभी सम्भव है जब हम तृष्णा से मुक्त हो। ऋषिभाषित में बाहुक को इच्छा से रहित होने का उपदेश देते हुए प्रस्तुत किया गया है।[1]

नारायण –नमि, रामपुत्त एव बाहुक के समान नारायण का भी उल्लेख एक अर्हत् ऋषि के रूप में सूत्रकृताग मे हुआ है। सूत्रकृताग के समान ऋषिभाषित मे भी उन्हें अत्यन्त सम्मान के साथ प्रस्तुत किया गया है।[2] ऋषिभाषित मे नारायण की जो शिक्षाएँ सकलित हैं, वे मुख्यत क्रोध के निरसन के सम्बन्ध मे है। उपमाओ के माध्यम से क्रोध की भयावह प्रकृति को समझाने का प्रयास किया गया है। नारायण ऋषि के अनुसार अग्नि को शान्त किया जा सकता है, परन्तु क्रोध की अग्नि को शान्त करना असम्भव है। अग्नि तो केवल इसी जीवन को नष्ट करती है परन्तु क्रोध की अग्नि तो भविष्य के कई जन्मो को नष्ट कर देती है। अत मोक्षाभिलाषी व्यक्ति को क्रोधाग्नि का निरसन करना चाहिए।

वैदिक साहित्य मे नारायण का उल्लेख एक देव के रूप मे हुआ है। महाभारत[3] में एक नारायण ऋषि का उल्लेख मिलता है जिन्होने बद्रिकाश्रम मे चार हजार वर्षो तक तपस्या की थी। महाभारत के शान्ति पर्व मे भी नारायण का उल्लेख मिलता है। यहाँ ऋषि नारायण को देवल ऋषि के साथ आध्यात्मिक चर्चा करते हुए प्रस्तुत किया गया है।[4]

बौद्ध साहित्य मे नारायण ऋषि का मुझे कोई उल्लेख नही प्राप्त हुआ।

उपर्युक्त तथ्यो से स्पष्ट होता है कि नारायण ऋषि वैदिक परम्परा के प्रतिनिधि थे जिनकी तपस्या के कारण विशेष ख्याति थी।

असित देवल –सूत्रकृताग मे उल्लिखित ऋषि असित देवल अपने समय के विख्यात ऋषि प्रतीत होते है। इनका उल्लेख जैन, बौद्ध एव वैदिक तीनो परम्पराओ मे विस्तार से प्राप्त होता है। सूत्रकृताग मे सिद्धि प्राप्त करने वाले ऋषियो मे इनकी गणना की गई है, ऋषिभाषित भी इन्हे अर्हत् ऋषि कहकर विपुल सम्मान देता है।

ऋषिभाषित के तीसरे अध्याय मे विस्तार से इनकी शिक्षाओ का वर्णन है।[5] असित देवल को सभी प्रकार की इच्छाओ, भावनाओ एव राग के निरसन की शिक्षा देते हुए प्रस्तुत किया गया है। ये क्रोध एव इच्छा को जीतने का उपदेश देते है क्योकि इनको जीतकर ही कोई व्यक्ति मोक्षपथ की ओर प्रयाण कर सकता है। नारायण ऋषि के समान इनके भी उपदेश का सार यह है कि सामान्य अग्नि को तो शान्त किया जा सकता है परन्तु राग की अग्नि को शान्त करना अत्यन्त ही दुष्कर है।

---

१ अकामए कालगए, सिद्धि पत्ते अकामए
इसिभासियाइ, पृ० २७

२. वही, अध्याय ३६

३. महाभारत, वनपर्व, ७३।३३९

४ वही, शान्तिपर्व, ३३।१३–१५

५ इसिभासियाइ, तीसरा अध्याय

जैन परम्परा के समान बौद्ध परम्परा भी असित देवल से परिचित है। मज्झिम निकाय में अस्सलायण सुत्त नामक एक अलग सुत्त है[1] जिसमें आश्वलायन के उपदेशों को सकलित किया गया है। इस सुत्त में असित देवल को ब्राह्मणों के झठे अहकार से दूर होने का उपदेश देते हुए प्रस्तुत किया गया है। उनके उपदेश का मूल सार यह है कि कोई व्यक्ति जाति से नही अपितु कर्म से श्रेष्ठ होता है। इन्द्रिय जातक में भी असित देवल का उल्लेख है।[2] इम जातक में असित का नारद ऋषि के साथ वार्तालाप वर्णित है। इसमें यह उल्लेख है कि नारद एक गणिका के प्रेमजाल मे फँस गये। इसी सम्बन्ध मे असित देवल द्वारा नारद को प्रतिबोधित करने का उपदेश मकलित है।

वैदिक परम्परा मे अमित देवल एक महान् ऋषि के रूप मे वर्णित है। महाभारत के आदि पर्व मे इन्हे महान् तपस्वी कहा गया है।[3] इसी पर्व मे महाज्ञानी, हर्ष एव क्रोध से रहित जैगीषव्य मुनि से सनता के विषय मे असित देवल का वार्तालाप वर्णित है। जन्मेजय के सर्पसत्र मे जिन ऋषियो एव महात्माओ ने भाग लिया था, उनमे असित देवल का भी नाम आता है। महाभारत के अधिकाश स्थलो मे असित देवल नारद के माथ उपस्थित है। राजा युधिष्ठिर के अभिषेक काल मे भी ये नारद के साथ उपस्थित थे।[4] शान्ति पर्व मे ऋषि नारद के साथ प्राणियों की उत्पत्ति एव विनाश मम्बन्धी प्रश्न पर इनका वार्तालाप वर्णित है। ये नारद को उपदेश देते हुए कहते है कि पुण्य और पापो के क्षय के लिए ज्ञानयोग को माधन बनाना चाहिए।[5] महाभारत में असित देवल एक वृद्ध एव बुद्धिमान् ऋषि के रूप मे वर्णित है। जिम प्रकार सूत्रकृताग मे अमित देवल को सचित्त जल एव बीजो का सेवन करते हुए सिद्धि प्राप्त करने वाला कहा गया है उसी प्रकार महाभारत मे भी असित देवल को गहस्थ धर्म का आश्रय लेकर तपस्या करने वाला कहा गया है।[6] असित देवल को धर्म-परायण, जितेन्द्रिय, महातपस्वी तथा सबके प्रति समान भाव रखने वाला कहा गया है।[7]

---

१. मज्झिम निकाय, २।५।३

२. Pali Proper Names, Vol I, P 210

३. महाभारत, आदिपर्व, १।१०७

४. महाभारत, सभापर्व ५३।१०

५. महाभारत, शान्तिपर्व, २७५।२

६ वही, शल्यपर्व, ५०।१

७. "धर्मनित्य शुचिर्दान्तो न्यस्तदण्डा महातपा।
कर्मणा मनमा वाचा मम सर्वेषु जन्तुषु॥
अक्रोधनो महाराज तुल्यनिन्दात्ममस्तुति।
प्रियाप्रिये तुल्यवृत्तिर्यभवत् समदर्शन॥
काञ्चने लोष्ठभावे च ममदर्शी महातपाः।
देवानपूजयन्नित्यमतिथीञ्च द्विजै मह॥
ब्रह्मचर्यरतो नित्य सदा धर्मपरायणा —वही, शल्यपर्व ५०/२—५

तीनों परपराओं के साक्ष्यों को देखने से स्पष्ट होता है कि असित देवल एक महान् धर्मपरायण ऋषि थे। ये वैदिक परपरा से सम्बन्धित किये जा सकते है क्योंकि सूत्रकृतागकार इन्हें जैन परंपरा से भिन्न एक ऐसे ऋषि के रूप मे प्रस्तुत करता है जिसने सचित्त जल आदि का सेवन करते हुए मोक्ष प्राप्त किया था। महाभारतकार भी असित देवल को गृहस्थ धर्म का पालन करने वाला महान् ऋषि बताता है। समत्वभाव सबन्धी इनके उपदेश भी दोनों परपराओं मे समान रूप से वर्णित हैं। इसके अतिरिक्त असित देवल का नारद के साथ सबन्ध वैदिक एव बौद्ध दोनो परपराओ मे प्राय समान है। तीनो परपराओ मे इनके विचारो की समानता इनकी ऐतिहासिक उपस्थिति को पुष्ट करती है।

द्वैपायन - जैन परपरा मे सूत्रकृताग के अतिरिक्त अन्य ग्रथो मे भी द्वैपायन का उल्लेख मिलता है। ऋषिभाषित का ४० वॉ अध्याय द्वैपायन से सबन्धित है। इसके अतिरिक्त समवायाग,[१] औपपातिक[२] एव अन्तकृद्दशा[३] मे भी द्वैपायन की चर्चा है। समवायाग मे द्वैपायन का उल्लेख भविष्य के तीर्थंकरो मे है। औपपातिक मे इनका उल्लेख परिव्राजक परपरा के सस्थापक के रूप मे हुआ है तो अन्तकृद्दशा मे द्वारका नगर के विध्वसक के रूप मे। ऋषिभाषित मे द्वैपायन को इच्छा-निरोध का उपदेश देते हुए प्रस्तुत किया गया है। इच्छा के कारण ही मनुष्य दु खी होता है। इच्छा ही जीवन और मृत्यु का कारण है तथा सभी बुराइयो की जड है।[४] इच्छा रहित होना ही मोक्ष-पथ की ओर प्रथम कदम है— यह द्वैपायण की शिक्षा का मूल सार है।

जैन परपरा के समान वैदिक परपरा मे भी द्वैपायण एक अत्यन्त प्रसिद्ध ऋषि के रूप मे वर्णित है। महाभारत के आदि पर्व मे इन्हे महर्षि पराशर का सत्यवती से उत्पन्न पुत्र कहा गया है।[५] द्वैपायण जिनका पूरा नाम कृष्ण द्वैपायण है, महाभारत के रचयिता कहे गये है। इसीलिये इन्हें सत्यवतीनन्दन व्यास भी कहा गया है।[६] महाभारत मे मोक्षधर्म पर इनका विस्तृत उपदेश प्राप्त होता है। शान्तिपर्व मे इनको काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय और स्वप्न को जीतने वाला कहा गया है।[७]

बौद्ध साहित्य भी ऋषि द्वैपायण से परिचित है। इनके नाम के समरूप एक कण्ह दीपायण जातक प्राप्त होता है परन्तु इस जातक का कथानक द्वैपायण सम्बन्धी जैन एव वैदिक कथानक से भिन्न है। एक अन्य जातक मे ऋषि द्वैपायण द्वारा द्वारका नगरी के नाश का उल्लेख है जिसके अनुसार द्वारका नगरी के विनाश के साथ ही वासुदेव वश का भी नाश हो

---

१. समवायाग, सूत्र १५९
२ औपपातिक, सूत्र ३८
३ अन्तकृद्दशा, वर्ग २
४. इसिभासियाइ, ४०/१-४
५. "पराशरात्मजो विद्वान् ब्रह्मर्षि" महाभारत, आदिपर्व, १।५५
६ वही, आदिपर्व, १।५४
७. वही, शान्तिपर्व, २४०।४-५

जाता है।[1] जातक की यह कहानी कुछ भिन्नता के साथ महाभारत के मौसलपर्व में दी गई है।[2]

ऋषि द्वैपायण के द्वारा द्वारका एव साथ ही वासुदेव वश के नाश की कथा जैन, बौद्ध एव वैदिक तीनों परम्पराओं में समान रूप से प्राप्त होती है। अतः इस घटना पर हम सन्देह व्यक्त नही कर सकते। महाभारत युद्ध के अत मे द्वारका एव वासुदेव वश के नाश का जो भी कारण रहा हो, ऋषि द्वैपायण की सहभागिता उसमें अवश्य रही होगी।

पाराशर—पूर्ववर्णित ऋषियों के समान ऋषि पाराशर भी जैन परम्परा से भिन्न ऋषि के रूप मे सूत्रकृतांग मे वर्णित हैं। परन्तु सूत्रकृताग के अतिरिक्त अन्य किसी जैन ग्रन्थ में इनका उल्लेख प्राप्त नही होता।

बौद्ध साहित्य ऋषि पाराशर का वैदिक परम्परा के एक ऋषि के रूप मे उल्लेख करते हैं जो इन्द्रियों के निरोध का उपदेश दिया करते थे। मज्झिमनिकाय के इन्द्रिय भावना नामक सुत्त में इनके उपदेशों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इस सुत्त मे इन्हें **परासरीय** कहा गया है।[3] बौद्ध साहित्य एक और परासरीय नामक विद्वान् ब्राह्मण का उल्लेख करते हैं जो राजगृह का निवासी था तथा तीन वेदों मे पारगत था।[4] परासरीय द्वारा बौद्ध सघ में प्रवेश तथा अर्हत् पद प्राप्त करने का उल्लेख है।

वैदिक साहित्य मे पाराशर के बारे मे विस्तार से उल्लेख प्राप्त होता है। महाभारत में इन्हें महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायण का पिता कहा गया है।[5] महाभारत में इनके जो उपदेश सग्रहीत है, उनमें मुख्य रूप से इन्द्रिय सयम, क्षमा, धैर्य, सन्तोष आदि मानवीय गुणों के विकास पर बल दिया गया है। पराशर के अनुसार ये गुण ही मनुष्य की मोक्ष प्राप्ति में सहायक बनते है। शान्तिपर्व मे इनके द्वारा दिया गया स्वकर्म का उपदेश अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। मनुष्य अपने ही कर्मों को भोगता है, दूसरे के कृत कर्मों को नही।[6]

हम देखते हैं कि जैन एव बौद्ध दोनों साहित्य पराशर को वैदिक परम्परा से सम्बन्धित करते हैं। मज्झिम निकाय के इन्द्रिय भावना सुत्त एव महाभारत में पाराशर के नाम से जो उपदेश सग्रहीत है, उनमे प्राय. समानता है। जैन, बौद्ध एव वैदिक तीनों परम्पराएँ इनसे परिचित है। पाराशर वैदिक परम्परा के ऋषि प्रतीत होते हैं जो महाभारत काल के आसपास रहे होंगे।

सूत्रकृताग मे वर्णित ऋषियो की पहचान करने का हमने यथासम्भव प्रयास किया। सूत्रकृताग में जिस प्रकार इन ऋषियों का वर्णन है, उनसे स्पष्ट है कि ये जैनेतर परम्परा से

१. Palı Proper Names, Vol. I, P. 501
२ महाभारत, मौसलपर्व, १।१९–२१
३ मज्झिम निकाय, ३।५।१०, पृ० ६०९
४. Palı Proper Names, Vol. II, P. 190
५ महाभारत, आदिपर्व, १।५५, ६३।८४
६ वही, शान्तिपर्व, २९०।२०

सम्बन्धित थे। इन ऋषियों के उपदेश एव विचार इतने लोकप्रिय थे कि सूत्रकृतागकार को उनका उदाहरण देना पड़ा। इन ऋषियो को अपनी आलोचना का पात्र बनाकर भी उनको महर्षि एवं सिद्धि प्राप्तकर्ता कहकर उनकी महानता का सम्मान किया गया है। सूत्रकृताग में तो साम्प्रदायिक अभिनिवेश के दर्शन होते है, परन्तु इस ग्रथ मे भी प्राचीन ग्रथ ऋषि-भाषित में इन ऋषियों को अत्यन्त सम्मान के साथ श्रद्धासुमन समर्पित किये गये हैं। यहाँ साम्प्रदायिकता की गन्ध भी नही है। जैन परम्परा के समान बौद्ध एव वैदिक परम्परा के प्राचीनतम साहित्य मे इनके नामो का होना इनकी ऐतिहासिकता को स्वय प्रमाणित करता है।

ऐतिहासिक तथ्यो के निर्धारण मे नितान्त वस्तुपरक दृष्टिकोण सम्भव नही है क्योकि वैज्ञानिक उपकरणो की भाँति हम इन्हे प्रयोगशाला मे सिद्ध नही कर सकते। सम्राटो की भाँति इन ऋषियो की कोई राजचिह्नाकित मुद्रा या अभिलेख भी प्राप्त नही होते जिससे इनकी ऐतिहासिकता निर्विवाद रूप से प्रमाणित की जा सके। इनकी ऐतिहासिकता को सिद्ध करने के लिए हमारे पास केवल साहित्यिक स्रोत ही उपलब्ध हे। विभिन्न परम्पराओ के विभिन्न ग्रथ जब किसी व्यक्ति या घटना पर एक दृष्टिकोण या लगभग समान दृष्टिकोण रखे तो हमें उस व्यक्ति या घटना की ऐतिहासिकता पर विश्वास करना चाहिए क्योकि उसकी प्रामाणिकता विभिन्न परम्पराओ के साक्ष्य स्वय करते है।

सूत्रकृतांग मे वर्णित ऋषियो के सम्बन्ध मे हम देखते है कि सैद्धान्तिक (धार्मिक) ग्रंथ ऋषियो के उपदेशो एव विचारो के बारे मे समान दृष्टिकोण रखते हैं। उदाहरणस्वरूप, अर्हत् रामपुत्त का जो वर्णन हमे सूत्रकृताग एव ऋषिभाषित मे प्राप्त होता है प्रायः वही वर्णन बौद्ध ग्रन्थो मे भी है। दोनो ही परम्पराएँ उन्हे ध्यान एव समाधि के क्षेत्र मे अग्रणी मानती है। इसी प्रकार अर्हद् असित देवल सम्बन्धी विवरण तीनो परम्पराओं मे प्राय समान है तथा तीनों ही परम्पराएँ उन्हे ऋषि नारद से सम्बन्धित करती है। ऋषि द्वैपायन के सम्बन्ध मे जैन, बौद्ध एवं वैदिक परम्परा के ग्रन्थ समान दृष्टिकोण रखते है—ये उदाहरण यह सिद्ध करते हैं कि इन ऋषियो का ऐतिहासिक अस्तित्व था। अपनी महानता अपने विचारो की उदात्तता के कारण ही ये तीनों परम्पराओ मे मान्य हुए। यद्यपि हम इनके तिथि क्रम का निर्धारण नही कर सकते परन्तु यह अवश्य कह सकते है कि इन ऋषियो का अस्तित्व महावीर एव बुद्ध के पूर्व या समकालीन अवश्य रहा होगा।

●

प्रवक्ता, प्राचीन इतिहास
श्री बजरंग महाविद्यालय
सिकन्दरपुर, बलिया उ०प्र०

ऋषिभाषित और पालि जातक में प्रत्येक-बुद्ध की अवधारणा

डॉ० दशरथ गोंड

जैनाचार्यो ने, विशेषकर श्वेताम्बराचार्यो ने बौद्धो की ही भाँति प्रत्येक बुद्धों की कल्पना की है और दोनो परम्पराओ मे प्रत्येक-बुद्ध उन आत्मनिष्ठ साधकों की सज्ञा है जो गृहस्थ होते हुए किसी एक निमित्त से बोधि प्राप्त कर ले, अपने आप प्रव्रजित हो और बिना उपदेश किये शरीरान्त कर मोक्ष लाभ करे।[1] यद्यपि दोनो ही परम्पराओ मे प्रत्येक-बुद्धो के यत्र-तत्र अनेक सन्दर्भ हैं, पर जैन परम्परा मे उनका विशेष उल्लेख ऋषिभाषित एव उत्तराध्ययन मे प्राप्त होता है। बौद्ध साहित्य मे तो प्रत्येक-बुद्धो के अनेक सन्दर्भ है, परन्तु प्राचीन पालि साहित्य मे उनके विषय मे सूचना का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत जातक साहित्य है। यह तथ्य अपने आप में रोचक और महत्त्वपूर्ण है क्योंकि जहाँ ऋषिभाषित मे प्राचीन ऋषियो के रूप मे प्रत्येक-बुद्धो का उल्लेख है और परम्परानुसार उन्हे अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ तथा महावीर के शासनकाल का कहा गया है,[2] वही पर जातको मे भी प्रत्येक-बुद्धो का सन्दर्भ गौतम बुद्ध के पूर्व जीवन की कथाओ से जोड़ा गया है। प्रस्तुत लेख का उद्देश्य बौद्ध और जैन परम्परा के इन दो महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों मे प्रत्येक-बुद्ध की अवधारणा का तुलनात्मक अध्ययन है।

ऋषिभाषित (इसिभासियाइं)

जैन साहित्य मे ऋषिभाषित का सन्दर्भ तो बहुत पहले से ज्ञात था, परन्तु पहली बार यह ग्रन्थ १९२७ मे प्रकाश मे आया। सम्प्रति "इसिभासियाइं" शीर्षक से इसका प्रसिद्ध जर्मन विद्वान् डॉ० वाल्थेर शुब्रिग द्वारा सम्पादित सस्करण उपलब्ध है[3] और हाल ही में डॉ० सागरमल जैन महोदय ने इसका एक सारगर्भित अध्ययन भी प्रकाशित किया है।[4] यह रोचक है कि जहाँ श्वेताम्बर जैन आगम ग्रन्थो म ऋषिभाषित के सन्दर्भ प्राप्त होते हैं, वही प्रकीर्णक ग्रन्थो में

---

१ देखिए मललशेखर डिक्शनरी आफ पालि प्रापर नेम्स, खण्ड २, पृष्ठ ९४, सन्दर्भ "पच्चेकबुद्ध", पुग्गल पञ्ञत्ति (पी०टी०एस० सस्करण) पृष्ठ १८, वर्णी, जिनेन्द्र जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश, भाग ३, सन्दर्भ "बुद्ध", जैन साहित्य का बृहद् इतिहास, खण्ड ६, पृष्ठ १६० ।

२ पत्तेयबुद्धमिसिणो बीस तित्थे अरिट्ठणेमिस्स ।
पासस्स य पण्ण दस वीरस्स विलीणमोहस्स ॥
--इसिभासियाइ जैन, सागरमल ऋषिभाषित एक अध्ययन, पृष्ठ ११ भी द्रष्टव्य ।

३ शुब्रिग, वाल्थेर (सम्पादक) इसिभासियाइ (एल०डी० सिरीज ४५), एल०डी० इन्स्टिट्यूट ऑफ इण्डोलाजी, अहमदाबाद, १९७४. यह ग्रन्थ लेखक के मूल जर्मन का भारतीय सस्करण है ।

४. जैन, सागरमल . ऋषिभाषित एक अध्ययन (प्राकृत भारती पुष्प ४९) प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर १९८८ ।

उसकी गणना का उल्लेख भी मिलता है, और आवश्यक-निर्युक्तिकार का इस प्रकार का कथन भी है कि उनकी ऋषिभाषित पर भी निर्युक्ति रचने की योजना थी। वस्तुत. ऋषिभाषित उपलब्ध जैन आगम का अग नही है और श्वेताम्बर-दिगम्बर किसी भी परम्परा में इसे स्थायी स्थान नही प्राप्त हुआ।[1] डॉ० सागरमल जैन जी का यह अनुमान[2] सत्य प्रतीत होता है कि अपनी विकासशील प्रारम्भिक अवस्था में जैन परम्परा को विशुद्ध रूप से आध्यात्मिक उपदेशों का ही सकलन होने के कारण ऋषिभाषित को अपने आगम में स्थान देने मे कोई बाधा नहीं प्रतीत हुई होगी; परन्तु जब जैन संघ ने एक सुव्यवस्थित एव रूढ़ परम्परा का रूप ग्रहण कर लिया, तब उसके लिये अन्य परम्पराओं के साधको को आत्मसात् कर पाना कठिन हो गया। फलत: एक प्रकीर्णक ग्रन्थ के रूप मे उसकी गणना की जाने लगी और उसकी प्रामाणिकता सुरक्षित रखने के लिये उसे प्रत्येक-बुद्ध भाषित माना गया।

ऋषिभाषित में ऋषि, परिव्राजक, ब्राह्मण परिव्राजक अर्हत्, ऋषि, बुद्ध, अर्हत् ऋषि, अर्हत् ऋषि आदि विशेषणों से युक्त विभिन्न साधकों के वचनों का उल्लेख हुआ है। इन विशेषणों मे प्रत्येक-बुद्ध का अभाव है। पर यह उल्लेखनीय है कि ऋषिभाषित के अन्त मे प्राप्त होने वाली सग्रहणी गाथा[3] मे एव ऋषिमण्डल[4] मे सभी को प्रत्येक-बुद्ध कहा गया है और यह भी चर्चा है कि इनमें से २० अरिष्टनेमि के, १५ पार्श्वनाथ के और शेष महावीर के शासन काल में हुए।[5] समवायांग मे ऋषिभाषित के महत्त्वपूर्ण उल्लेख मे इन ऋषियो को "देवलोक से

---

१. ऋषिभाषित की स्थिति के लिये विस्तार मे देखें शूब्रिंग द्वारा सम्पादित "इसिभामियाइ" का भूमिका भाग और जैन, सागरमल ऋषिभाषित —एक अध्ययन, पृष्ठ १–४।

२. जैन, सागरमल : उपरोक्त, पृष्ठ १०–११।

३. पत्तेय बुद्धमिसिणो वीस तित्थे अरिट्ठणेमिस्स।
पासस्स य पण्णस्स वीरस्स विलीणमोहस्स ॥ १ ॥
णारद-वज्जिय-पुत्ते असिते अगरिसि-पुप्फसाले य।
वक्कलकुम्मा केवलि कासव तह तेतलिसुत्ते य ॥ २ ॥
मखली जण्णभयाल्नि बाहुय महु सोरियाण विदूविपू।
वरिसकण्हे आरिय उक्कलवादी य तसणे य ॥ ३ ॥
गद्दभ रामे य तहा हरिगिरि अम्बड मयग वारत्ता।
तंमो य अद्द य वद्धमाणे वा तीस तीमे ॥ ४ ॥
पासे पिंगे अरुणे इसिगिरि अदालए य वित्तेय।
सिरिगिरि सातियपुत्ते मजय दीवायणे चेव ॥ ५ ॥
तत्तो य इदणागे मोम यमे चेव होइ वरुणे य।
वे समणे य महप्पा चत्ता पचेव अक्खाए ॥ ६ ॥

—इसिभासियाइ सग्रहिणी गाथा परिशिष्ट।

४ आचाराग-चूर्णि मे ऋषिमण्डल स्तव (इसिमण्डलत्थउ) नामक ग्रन्थ का उल्लेख है। इसमे ऋषिभाषित के अनेक ऋषियो एव उनके उपदेशो का सकेत है, जो इस बात का परिचायक है कि ऋषिमण्डल का कर्त्ता ऋषिभाषित से अवश्य अवगत था।

५. देखिए जैन, सागरमल : वही, पृ० ११।

च्युत'' कहा गया है। वहाँ प्रत्येक-बुद्ध का कोई सन्दर्भ तो नही है, परन्तु उसी ग्रन्थ मे प्रश्न-व्याकरण की विषय-वस्तु का विवरण देते हुए यह कहा गया है— "इसमे स्वसमय और पर-समय के प्रवक्ता प्रत्येक-बुद्धों के विचारो का सकलन है।"[1] चूँकि ऋषिभाषित प्रश्नव्याकरण-दशा का ही एक भाग माना गया था, इसलिये उपर्युक्त कथन ऋषिभाषित के ऋषियो के परोक्षरूप से "प्रत्येक-बुद्ध" होने का सकेत करता है। प्रत्येक-बुद्ध की सज्ञा का स्पष्ट उल्लेख तो हमे ऋषिभाषित के अन्त मे प्राप्त होने वाली उस सग्रहणी गाथा में ही मिलता है जिसका ऊपर उल्लेख किया गया है।

ऋषिभाषित में कुल ४५ ऋषियो के वचनो का संकलन है : देवनारद, वज्जीपुत्त, असित देवल, अंगिरस भारद्वाज, पुष्पशालपुत्त, वल्कलचीरी, कुम्मापुत्त, केतलीपुत्त, महाकाश्यप, तेतलीपुत्र, मखलिपुत्त, जण्णवक्क (याज्ञवल्क्य), मेतेज्ज भयाली, बाहुक, मधुरायण, शौर्यायण, विदुर, वारिषेण कृष्ण, आरियायण, उत्कट, गाथापतिपुत्र तरुण, गर्दभाल (दगभाल), रामपुत्त, हरिगिरि, अम्बड परिव्राजक, मातङ्ग, वारत्तक, आर्द्रक, वर्द्धमान, वायु, पार्श्व, पिंग, महाशाल-पुत्र अरुण, ऋषिगिरि, उद्दालक, नारायण (तारायण), श्रीगिरि, सारिपुत्र, सजय, द्वैपायण (दीवायण), इन्द्रनाग (इदनाग), सोम, यम, वरुण और वैश्रमण। देवनारद के उपदेश की विशेषता पवित्रता को मुक्ति का आधार मानना और जाने माने अहिसादि पांच व्रतो के रूप मे ही शुद्धता की परिभाषा करना है। वज्जीपुत्त मोह को कर्म का मूल स्रोत मानते थे और बीज तथा अकुर की भाँति जन्म-मरण चक्र की कल्पना करते थे। असित देवल के उपदेश मे निवृत्ति और अनासक्ति पर बल है। अगिरस भारद्वाज अपनी मनोवृत्तियो के निरीक्षण द्वारा पाप कर्म से बचने का उपदेश देते थे। पुष्पशाल-पुत्र के उपदेश मे भी आचरण की शुद्धता पर ही बल है और अहिंसादि नियमों का विधान है। उनकी मुक्ति की अवधारणा आत्मसाक्षात्कार के रूप मे है। वल्कलचीरी के उपदेश का मूलाधार है काम भावना का संयमन और ब्रह्मचर्य का पालन। कुम्मापुत्त निराकाक्षी होने का उपदेश देते थे। केतलीपुत्र रेशम के कीड़े की भाँति अपना बन्धन तोड़ कर मुक्त होने की बात करते थे। महाकाश्यप का उपदेश सततिवाद कहा गया है और इन्होंने निर्वाण की उपमा दीपक के शान्त होने से दी है। तेतलीपुत्र जीवन की निराशाओं को ही वैराग्य का प्रेरक तत्त्व मानते थे। मंखलिपुत्त का सुपरिचित उपदेश विश्व की घटनाओं को अपने नियतक्रम से घटित होने और यह समझ कर उनसे क्षुब्ध न होने का है। जण्णवक्क लोकैषणा और वित्तैषणा के परित्याग का उपदेश देते थे। मेतेज्ज भयाली भी आत्म विमुक्ति की चर्चा करते थे और इनका दर्शन एक प्रकार का अकारकवाद प्रतीत होता है क्योंकि वे सत् और असत् का कोई कारण नही स्वीकार करते थे। बाहुक भी चिन्तन की शुद्धि और निष्कामता का उपदेश देते थे। मधुरायण आत्मा को अपने ही कर्मो का कर्ता भोक्ता स्वीकार करते हुए पाप मार्ग के त्याग द्वारा मुक्ति का उपदेश देते थे। शौर्यायण इन्द्रियजन्य सुख को ही राग-द्वेष का कारण स्वीकार करते हुए इन्द्रियों के संयमन का उपदेश देते थे। विदुर के उपदेश मे स्वाध्याय, ध्यान और अहिंसक प्रवृत्ति पर बल है। वारिषेण कृष्ण सिद्धि की प्राप्ति के लिये अनाचरणीय कर्मों से विरत रहने और अहिसादि के पालन का उपदेश देते थे। अरियायण

---

१. पण्हावागरणदसासु ण ससमय-परसमय पण्णवय पत्तेयबुद्ध -विविहत्थभासाभासियाण- समवायाग सूत्र ५४६।

आर्यत्व की प्राप्ति के रूप मे मुक्ति की कल्पना करते थे। उत्कट शीर्षक से भौतिकवादी ऋषियो की चर्चा है, जो आत्मा, पुनर्जन्म, पाप, पुण्य, आदि का भेद स्वीकार नही करते थे और विविध रूपों में सुखवाद का उपदेश देते थे। गाथापतिपुत्र तरुण अज्ञानता को ही परम दु ख कहते थे और मुक्ति के लिये ज्ञानमार्ग का उपदेश देते थे। यह रोचक है कि इनकी ज्ञान की अवधारणा अत्यन्त विस्तृत तथा उदार थी और इसमे औषधियो का विन्यास, मयोजन और मिश्रण तथा विविध साधनाओं की साधना भी समाविष्ट थी। गर्दभाल (दगभाल) के उपदेश मे हिंसा रहित होने की चर्चा है। ये भी ज्ञान और ध्यान के ही उपदेशक थे। रामपुत्त ससार-विमुक्ति के लिये ज्ञान, दर्शन और चारित्र के पालन का उपदेश देते थे और कर्मरज से मुक्ति के लिये तप का विधान करते थे। हरिगिरि के सिद्धान्त मे नियतिवाद और पुरुषार्थवाद के समन्वयक के रूप मे कर्म-सिद्धान्त को प्रस्तुत किया गया है। अम्बड परिव्राजक अपनी आचार परम्परा के कारण ही चर्चित हुये। मातङ्ग जन्म के आधार पर वर्ग भेद स्वीकार नही करते थे और आध्यात्मिक कृषि पर बल देते थे। वारत्तक अकिंचनता को श्रमणत्व का आदर्श मानते थे। आर्द्रक भी काम-भोगों को सभी दु खो के मूल मे देखते थे। वर्द्धमान का भी अर्हत् ऋषि के रूप मे उल्लेख है। वे इन्द्रिय और मन के सयम पर बल देते है और कर्म रज के आस्रव, निरोध आदि की प्रक्रिया समझाते हैं। वायु के उपदेश मे भी कर्म-सिद्धान्त का निरूपण है और बीज के अकुरित होने से उसकी उपमा दी गयी है। पार्श्व नामक अर्हत् ऋषि लोक को शाश्वत मानते हुये भी इसे पारि-णामिक या परिवर्तनशील कहते थे और पुण्य-पाप को जीवन का स्वकृत्य स्वीकार करते हुये मुक्ति के लिये चातुर्याम का उपदेश देते थे। पिग भी आध्यात्मिक कृषि के ही उपदेशक थे और आत्मा को क्षेत्र, तप को बीज, सयम को नगल और अहिंसा तथा समिति को बैल मानते थे। महाशाल-पुत्र अरुण के उपदेश मे ससर्ग का सर्वाधिक प्रभाव स्वीकार करते हुये कल्याण मित्रता पर बल दिया गया है। ऋषिगिरि के वचन मे सहनशीलता सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण गुण है। उद्दालक क्रोधादि कषायो को सासारिक बन्धन का कारण बताते थे और क्रोध, अहकार, माया, लोभ इत्यादि से विरति का उपदेश देते थे। नारायण (तारायण) के उपदेश मे भी क्रोध को ही प्रधान दोष स्वीकार किया गया है। श्रीगिरि एक प्रकार से शाश्वतवादी थे उनके आचार मे वैदिक कर्मकाण्ड का समर्थन झलकता है। सारिपुत्र नामक अर्हत् बुद्ध ऋषि को अतिवर्णना और मध्यम मार्ग की साधना से जोडा गया है। सजय हर प्रकार के पाप कर्म से विरत रहने का उपदेश देते है। द्वैपायन (दीवायण) इच्छाओ के दमन की बात करते है और उसी को सुख का मूल मानते है। इन्द्रनाग (इदनाग) भी विषय-वासना से मुक्ति की चर्चा करते है और मुनि को विभिन्न प्रकार की विद्याओं के आश्रय, भविष्यकथन आदि द्वारा आजीविका प्राप्ति से बचने की सलाह देते है। सोम के उपदेश मे निरन्तर आध्यात्मिक विकास के लिये प्रयत्नशील रहने का उद्‌बोधन है। यम लाभ-हानि से अप्रभावित रहने को ही श्रेष्ठ गुण मानते हैं। वरुण भी राग-द्वेष से अप्रभावित होने का उपदेश देते है और वैश्रमण के वचन मे अहिंसा के पालन पर बल है।[1]

---

१. ४५ प्रत्येक-बुद्धो के विस्तार के लिये देखिये, स० वाल्थेर शूब्रिग : इसिभासियाइ; एव जैन, सागरमल : ऋषिभाषित एक अध्ययन।

उपर्युक्त चर्चा से स्पष्ट है कि कुछ इने-गिने अपवादों को छोड़कर सभी ऋषियो के उपदेश मुक्ति-मार्ग के ही उपदेश है। सीमित उपलब्ध सामग्री से उनमे प्रत्येक का दार्शनिक दृष्टिकोण तो पूर्णतया स्पष्ट नही होता, और यह भी सभव है कि जिस युग का यह सन्दर्भ है उसकी दृष्टि से विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणो मे वस्तुत. परिपक्वता का अभाव रहा हो और किंचित् अस्पष्टता रही हो। परन्तु यह निर्विवाद है कि प्राय. प्रत्येक के उपदेश मे आचार-विचार की शुद्धता पर बल है और इन्द्रिय सयम, अनासक्ति, अहिसादि व्रतो के पालन का उपदेश है। सक्षेप में इसमे कोई सदेह नही प्रतीत होता कि सामान्य रूप से ऋषिभाषित के ये ऋषि प्राय· श्रमण परिव्राजक परम्परा की ही विशेषता लिये हुए है। परन्तु हमारी दृष्टि से एक अत्यन्त रोचक तथ्य यह है कि उपर्युक्त सूची मे कुछ अपरिचित नामो के साथ अनेक सुपरिचित नाम है, जो न केवल अन्यत्र जैन साहित्य मे प्राप्त होते है, अपितु बौद्ध और ब्राह्मण साहित्य मे भी मिलते है। कुछ तो ऐसे नाम हैं जो ऐतिहासिक स्वीकार किये जाते है और जिनसे जुड़े उपदेश अन्य स्रोतों से भी भली-भाँति समर्थित है। यह भी रोचक है कि इस सूची मे पार्श्व, वर्द्धमान, मर्खलिपुत्र, महाकाश्यप, सारिपुत्र, आदि सुपरिचित नाम भी है और इनके साथ जुड़े उपदेशों की ज्ञात सूचनाओ से कही कोई विसगति नही है।[1]

जातक

जातक कथाओ मे बुद्ध के पूर्व-जन्म की कथाए सग्रहीत हैं जब बुद्ध ने बुद्धत्व की अभीप्सा मे अपनी बोधिसत्त्व अवस्था मे पारमिताओ का अभ्यास किया था। थेरवादी परम्परा मे इन कथाओ को सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय मे स्थान दिया गया है।[2] इसके सकेत हैं कि मूल जातक गाथा रूप मे थे और आकार मे सक्षिप्त और अनुमानत प्रत्येक जातक के लिये मौखिक कथा कही जाती थी। बुद्ध के पूर्व जन्मो की ये कथायें इतनी प्रचलित हो गयी थी कि उनके सकेत रूप गाथा का ही उल्लेख कर देना पर्याप्त होता था और उतने से ही कथा समझ ली जाती थी। ये कथायें विस्मृत न हो जायॅ इसलिये कालान्तर मे प्राचीन गाथाओ और उनसे सयुक्त मौखिक कथाओं ने सम्मिलित रूप से जातकट्ठकथा का रूप लिया। इसी समय जिस जातक से हम प्राय परिचित है वह यही प्राचीन जातकट्ठकथा या जातकट्ठवण्णना

---

१ ऋषिभाषित की सूची के अन्य अनेक ऋषियो और उनके मतो को पहचानने की चेष्टा की जा सकती है। सागरमल जैन जी के अध्ययन मे इस प्रकार का प्रयास है। उन्होने रामपुत्त ऋषि को गौतम बुद्ध के गुरु रुद्रक रामपुत्त के रूप मे पहचानने की चेष्टा की है। यह रोचक है कि ऋषिभाषित मे महाकाश्यप और सारिपुत्र को तो स्थान मिला है किन्तु उनके शास्ता को गौतम बुद्ध नही।

२. जातक साहित्य से सामान्य परिचय के लिये देखिए विण्टरनित्ज, एम०, **ए हिस्ट्री ऑफ इण्डियन लिटरेचर**, खण्ड २, पृष्ठ ११३ और आगे, उपाध्याय, भरत सिंह, **पालि साहित्य का इतिहास**, पृ० २९७ और आगे; जातक, अंग्रेजी अनुवाद, स०, ई०बी०कावेल, खण्ड १, प्राक्कथन; हिन्दी अनुवाद—भदन्त आनन्द कौसल्यायन, खण्ड १, वस्तुकथा, आदि। प्रस्तुत लेख मे पाद-टिप्पणियो मे जातकों के सभी सन्दर्भ भदन्त कौसल्यायन महोदय के हिन्दी अनुवाद मे दिये गये हैं।

है। इसी को उच्चारण की सुकरता के लिए प्राय जातक कह दिया जाता है। जातकट्ठकथा में छोटे-बड़े पाँच सौ सैंतालिस जातकों का सग्रह है, जो विभिन्न परिच्छेदों मे विभाजित है। शैली और स्वरूप की दृष्टि से प्रत्येक जातक के पाँच तत्त्व हैं, यथा पच्चुप्पन्नवत्थु, अतीत-वत्थु, गाथा, अत्यवण्णना या वेय्याकरण और समोधान। अतीतवत्थु या अतीत कथा भाग मे ही बुद्ध के पूर्व जन्म का वृत्तान्त आता है और इसप्रकार इसी भाग के लिए जातक नाम सार्थक है।

पालि जातक कथाओ के अतीत कथा भाग मे प्रत्येक बुद्धो के अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते है। बौद्ध साधना मे अर्हत् पद के ही समकक्ष परन्तु स्वतन्त्र एक अन्य शील-सम्पन्न, आस्रव-रहित विरज, विमल चक्षु प्राप्त किये विमुक्त प्राणी का पद था, प्रत्येक-बुद्ध का और अपनी अति-विशिष्ट अवधारणा तथा लोकप्रियता की दृष्टि से यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है। स्वय जातक इसकी लोकप्रियता के प्रमाण हैं, क्योकि वहाँ उपलब्ध कथाओ मे प्रत्येक-बुद्धों के अनेक ससम्मान उल्लेख हैं। आभिधर्मिक बौद्धो की विकसित परम्परा का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष मुक्त कोटियों की अवधारणा से जुडा है। गौतमबुद्ध के महापरिनिर्वाण के अनन्तर जब क्रमशः बुद्ध पद का विकास होने लगा और बुद्ध अधिकाधिक गुणों, विशेषणों से विभूषित किये जाने लगे, उस स्थिति मे स्वाभाविक रूप से यह भी विकास हुआ कि यह पद विरल है, सर्व-सुलभ नही है और बुद्ध पद की प्राप्ति अनेक पूर्व जन्मो की तपस्या से ही सम्भव होती है। सामान्य मुक्तो या अर्हतों से भेंट करने के लिये ही बुद्ध के लिये सम्यक् सम्बुद्ध विशेषण की आवश्यकता पड़ी होगी। परन्तु अर्हत् और प्रत्येक-बुद्ध का परस्पर भेद किस प्रकार विकसित हुआ, यह अनुमान करना कठिन होता है। परिभाषा से प्रत्येक-बुद्ध बिना किसी की सहायता और पूर्णत. निज प्रयत्न से ज्ञान प्राप्त करते है, परन्तु ज्ञान का प्रकाशन किये बिना ही शरीर त्याग करते हैं।[1] जैसा नीचे स्पष्ट होगा, जातको से यह परिभाषा इस सीमा तक अवश्य समर्थित है कि वहाँ भी कभी-कभी इस प्रकार के सन्दर्भ मिलते है कि प्रत्येक बुद्ध शील का प्रकाशन नही करते।[2] परन्तु जातको के अनेक सन्दर्भो मे स्वय बोधिसत्त्व के प्रत्येक-बुद्धो के प्रति श्रद्धा एव भक्तिभाव रखने, उनसे उपदेश सुनने और प्रेरणा प्राप्त कर प्रव्रज्या-ग्रहण करने के उल्लेख है।[3] जबकि जातको मे बोधिसत्त्व के किसी अर्हत् से उपदेश सुनने का कोई भी सन्दर्भ नही मिलता। वहाँ तो उनके द्वारा किसी अन्य बुद्ध से ज्ञान प्राप्त करने का भी कोई उदाहरण नही मिलता, यद्यपि इस प्रकार के कई सकेत है कि बुद्ध अनेक है और काश्यप बुद्ध के एकाधिक उल्लेख भी हैं।[4] महावेस्सन्तर जातक[5] मे विपश्यी नामक सम्यक् सम्बुद्ध का उल्लेख है। इस स्थिति मे यह

१. देखिए मललशेखर, डिक्शनरी ऑफ पालि प्रापर नेम्म, खण्ड २. पृ० ९४ और आगे, सदर्भ "पच्चेक बुद्ध", औ "पुग्गल-पञ्ञति (पी०टी०एस० सस्करण), पृ० १४।

२. महाजनक जातक, ५३९, खण्ड ६, पृ० ५। (गाथा २२)

३. देखिये जातक, ९६ खण्ड १, १३२ खण्ड २, ४०८, ४१५, ४१८, ४५९, ४९०, ४९५, - खण्ड ४, इत्यादि।

४ जातक, खण्ड १, सख्या ४, ८१, खण्ड २, संख्या १०४, १९०, २४३; खण्ड ४, सख्या ४३९ ४६९, खण्ड ५, सख्या ५३७, खण्ड ६, सख्या ५४७

५. जातक, खण्ड ६, सख्या ५४७।

सहज शका होती है कि बौद्ध धर्म मे प्रत्येक-बुद्धों की अवधारणा मुक्त पदों की किन्ही प्राचीन स्वतन्त्र मान्यताओ पर टिकी है, और हो सकता है कि किसी-किसी उदाहरण मे उसका ऐतिहासिक आधार भी हो। यह ध्यान मे रखते हुए कि श्रमण-परिव्राजक परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और विकास के प्रारम्भिक चरण मे यह विशिष्ट समुदाय या सम्प्रदाय के रूप मे विभाजित नही थी, यह कल्पनीय है कि इसी परम्परा मे आदर प्राप्त किन्ही विशिष्ट व्यक्तित्वों को बौद्ध धर्म ने आत्मसात् कर लिया और इन्हें प्रत्येक-बुद्ध कोटि में स्थान दिया। अन्य किसी प्रकार से जातकों की सामग्री की समुचित व्याख्या नहीं हो पाती।

जातको मे प्राय· काम-तृष्णा से विरति अथवा सभी सासारिक वस्तुओ की अनित्यता आदि की विदर्शना-भावना से प्रत्येक-बुद्धत्व प्राप्ति के सन्दर्भ मिलते है। पानीय जातक[1] में स्वय बुद्ध प्राचीनकाल मे, जब बुद्ध उत्पन्न नही हुए थे, पण्डितों द्वारा काम-वितर्कों का दमन कर प्रत्येक-बुद्ध होने का उल्लेख करते है और इसी सदर्भ मे वे पाँच प्रत्येक-बुद्धो की कथा भी कहते है। इस कथा मे काशी राष्ट्र के दो मित्रो की चर्चा मे एक के पीने के लिए जल चुराने के पाप की भावना का विचार कर और दूसरे के उत्तम-रूप वाली स्त्री को देखकर चचल मन होने का ध्यान कर प्रत्येक-बुद्ध का उल्लेख है। दोनो के ही सदर्भो में पाप-कर्म पर ध्यान को विदर्शना-भावना के रूप मे प्रस्तुत किया गया है और प्रत्येक-बुद्ध हो जाने पर उनके रूप परिवर्तन होने, आकाश मे स्थित होकर धर्मोपदेश करने और उत्तर हिमालय मे नन्दमूल पर्वत पर चले जाने की चर्चा है। इसी प्रकार की काशी-ग्रामवासी एक पुत्र की कथा है जो अपने असत्य भाषण (मृषावाद) के पश्चात्ताप द्वारा प्रत्येक-बुद्ध होता है, और उसी स्थान के एक ग्राम-भोजक की जो पशु-बलि के पाप को विदर्शना-भावना मे प्रत्येक-बुद्ध पद प्राप्त करता है। कुम्भकार जातक[2] मे भी विषय-वासना से भरे गृहस्थ जीवन की निस्सारता और सर्वस्व त्याग द्वारा अकिंचनता की प्राप्ति आदि की विदर्शना-भावना द्वारा कई राजाओं, यथा-कलिङ्गनरेश करण्डु, गन्धार-नरेश नग्गजी विदेह– नरेश निमी और उत्तर पाचाल-नरेश दुम्मुख के प्रत्येक-बुद्धत्व लाभी होने की कथा मिलती है। सोनक जातक[3] मे शालवृक्ष से एक सूखा पत्ता गिरते हुए देखकर एक व्यक्ति मे शरीर की जरा-मृत्यु की भावना हुई और इस प्रकार सासारिक जीवन की अनित्यता पर विचार कर उसने प्रत्येक-बुद्ध पद प्राप्त किया।

महामोर जातक[4] के अनुसार प्रत्येक-बुद्धत्व ज्ञान का लाभी सब चित्त-मलो का नाश कर ससार-सागर के अन्त पर खडा हो यह कहता है--"जिस प्रकार सर्प अपनी पुरानी केंचुली छोड़ देता है और वृक्ष अपने पीले-पत्तों का त्याग कर देता है, उसी प्रकार मैं लोभ-मुक्त हुआ।" कुम्भकार जातक[5] मे आलकारिक भाषा मे इस अवस्था का चित्रण माता की कोख-

१ जातक ४५९, खण्ड ४ पृ० ३१४-३१६।

२. जातक ४०८, खण्ड ४, पृ० ३७-४०।

३ जातक ५२९, खण्ड ५, पृ० ३३२।

४ जातक ४९१, खण्ड ४, गाथा १५, पृ० ५४७।

५. जातक ४०८, खण्ड ४, पृ० ३७-३८।

रूपी कुटिया के नाश, तीनों भवनो मे जन्म की सम्भावना का छिन्न-भिन्न होना, ससाररूपी कूड़े-कचड़े का स्थान शुद्ध कर देना, आँसुओं के समुद्र को सुखा देना, हड्डियों की चार-दीवारी को तोड़ देना, संक्षेप मे जन्म-मरण के चक्र से पूर्णतया मुक्त हो जाने के रूप मे किया गया है।

जातकों से प्रत्येक-बुद्धों के स्वरूप के विस्तृत और रोचक विवरण मिलते है। उनके काम-तृष्णा से मुक्ति की तो बार-बार चर्चा है, यथा, महाजनक जातक[1] के अनुसार प्रत्येक-बुद्ध काम-सयोजनों को काटकर, शीलादि गुणो से युक्त, अकिंचन सुख की कामना करने वाले, शील का विज्ञापन न करने और वध-बन्धन से विरत होते है, और दस ब्राह्मण जातक[2] उन्हे सदाचारी और मैथुनधर्म से विरत कहता है। पर इसके अतिरिक्त उनके बाह्य रूप, स्थान, जीवन-पद्धति आदि की भी चर्चा है। दस ब्राह्मण जातक[3] मे ही उन्हे एक ही बार भोजन करने वाला भी कहा गया है। धजविहेठ, कुम्भकार, धम्मद्ध, पानीय आदि जातकों[4] से यह सकेत प्राप्त होता है कि ये प्राय कुरूप होते हैं, हवा से नष्ट बादल और राहु मे मुक्त चन्द्रमा की तरह होते है, तथा सिर-मुड़े से लेकर दो अगुल बाल वाले तक होते है। दरीमुख जातक[5] मे प्रत्येक-बुद्धो द्वारा आठ परिष्कार धारण करने की चर्चा है, यद्यपि ये आठ परिष्कार क्या थे यह स्पष्ट नही किया गया है। पानीय जातक[6] के अनुसार प्रत्येक-बुद्ध काषाय-वस्त्रधारी होते और सुरक्त दुपट्टा धारण करते, काय-बन्धन बाँधते, रक्त-वर्ण उत्तरासङ्ग चीवर एक कन्धे पर रखते, मेघ-वर्ण पासुकूल चीवर धारण करते, भ्रमर-वर्ण मिट्टी का पात्र बाँये कन्धे पर लटकाते, आदि। महाजनक जातक[7] मे भी कुछ इसी प्रकार का विवरण है, वहाँ भी इनके सिर-मुडाने, सघाटी धारण करने, एक काषाय वस्त्र पहनने, एक ओढने और एक कन्धे पर रखने का उल्लेख है तथा मिट्टी का पात्र थैली में कन्धे पर लटकाने और हाथ मे दण्ड लेने की चर्चा है। कासाव जातक[8] काषाय वस्त्र के अतिरिक्त उनके द्वारा शस्त्र धारण करने व सिर पर टोपी पहनने की भी चर्चा करता है।

बहुधा जातकों[9] मे उत्तर हिमालय का नन्दमूल या गन्धमादन-पर्वत प्रत्येक-बुद्धो का निवास स्थान कहा गया है। वे प्रत्येक-बोधि ज्ञान प्राप्त कर ऊपर उठकर आकाश मार्ग से अपने स्थान पर पहुँचते है और वहाँ उद्यानो मे और मगलशिलाओ आदि स्थानो पर बैठते है। प्रत्येक-बुद्धो के स्थान के सन्दर्भ मे जातको मे अनोतत्त-सरोवर की भी चर्चा है। सिरिकाल-

१ जातक ५३९, खण्ड ६, पृ० ६२ (गाथा ११५) और ५०-५१ (गाथा २२-२४)।
२. जातक ४९५, खण्ड ४, पृ० ५७५।
३. जातक ४९५, खण्ड ४, पृ० ५७५।
४ जातक ३९१, खण्ड ३, पृ० ४५४, ४०८, खण्ड ४, पृ० ३८, २२०, खण्ड २, पृ० ३९२, ४५९, खण्ड ४, पृ० ३१५।
५. जातक ३७८, खण्ड ३, पृ० ३९९।
६ जातक ४५९, खण्ड ४, पृ० ३१५।
७. जातक ५३९, खण्ड ६, पृ० ५९-६२।
८. जातक २२१, खण्ड २, पृ० ३९५।
९. जातक ३७८, खण्ड ३, पृ० ३९९, ४२१, खण्ड ४, पृ० १११, ४५९, खण्ड ४, पृ० ३१५ आदि।

कण्णि जातक[1] के अनुसार यह सरोवर अनेक घाटो से युक्त होता है, इसमें बुद्धो, प्रत्येक-बुद्धों आदि के अपने-अपने निश्चित घाट होते है। वस्तुत बौद्धो की अनोतत्त-सरोवर की कल्पना अत्यन्त मनोरम कल्पना है ओर विद्वानों ने इसे सम्पूर्ण सृष्टि के प्रतीक के रूप मे देखा है।[2] उपर्युक्त जातक के विवरण से भी इसका गम्भीर प्रतीकात्मक महत्त्व ध्वनित होता है, क्योंकि उसमें बुद्धो, प्रत्येक-बुद्धो के घाट के साथ-साथ भिक्षुओं, तपस्वियो, चातुर्महाराजिक आदि स्वर्ग के देवताओ के अपने-अपने घाटों की भी चर्चा है।

जातक प्रत्येक-बुद्धो के भिक्षाटन के लिए निकलने की भी चर्चा करते है। महामोर जातक[3] प्रात काल को प्रत्येक-बुद्धो के भिक्षाटन का उचित समय बताता है। खदिरगार जातक[4] से यह ज्ञात होता है कि वे एक सप्ताह के ध्यान के बाद उठकर भिक्षाटन के लिए निकलते। खदिरगार और कुम्भकार जातक[5] मे प्रत्येक-बुद्धो के भिक्षाटन यात्रा के प्रारम्भ का सुन्दर वर्णन है। यह सोचकर कि आज अमुक स्थान पर जाना चाहिए, प्रत्येक-बुद्ध नन्दमूल-पर्वत क्षेत्र मे निकल कर, अनोतत्त सरोवर पर नागलता की दातुन कर, नित्य-कर्म से निवृत्त हो, मनोशिला पर खडे हो, काय-बन्धन बाँध, चीवर धारण कर, ऋद्धिमय मिट्टी का पात्र ले, आकाश मार्ग से भिक्षा के लिए गन्तव्य स्थान को जाते। महाजनक जातक के[6] अनुसार सप्ताह भर पानी बरसने पर भी भीगे वस्त्र मे ही भिक्षाटन के लिए निकलते।

जातको मे प्रत्येक-बुद्धो के प्रति भक्तिभाव और उनकी पूजा के भी पर्याप्त सन्दर्भ प्राप्त होते है। महाजनक जातक[7] मे प्रत्येक-बुद्ध के लिए "सुरियुग्गमणेनिधि" विशेषण का प्रयोग किया गया है, जिसका यह तात्पर्य बताया गया है कि सूर्य के समान होने से प्रत्येक-बुद्ध ही सूर्य है। निश्चय ही इस उपाधि से समाज मे प्रत्येक-बुद्धो के आदरास्पद होने का सकेत मिलता है। धम्मद्ध, धजविहेठ और दरीमुख जातक[8] से यह अभिव्यक्त होता कि मुण्डित शिर वाले प्रत्येक-बुद्ध को देखकर जनता सिर पर हाथ जोड़कर प्रणाम करती तथा विदा करते समय जब तक वे आँख से ओझल नही हो जाते, तब तक दस नखो के मेल से अन्जलि को मस्तक पर रखकर नमस्कार करती रहती। पानीय व कुम्भकार जातक[9] से ज्ञात होता है कि उपासक उनकी प्रशसा मे यह स्तुति कहते कि "भन्ते! आपकी प्रव्रज्या और ध्यान आपके ही योग्य है।" भिक्खा परम्पर

१. जातक ३८२, खण्ड ३, पृ० ४१४।

२ इसके विषय मे देखिये मललसेकर: डिक्शनरी ऑफ पालि प्रापर नेम्स, सन्दर्भ। ("अनोतत्त") और अग्रवाल, वासुदेवशरण भारतीय कला, पृ० ६९, ११४ और चक्रध्वज, पृ० ३६।

३. जातक ४९१, खण्ड ४, पृ० ५४६।

४ जातक ४०, खण्ड १, पृ० ३४९।

५ जातक ४०, खण्ड १, पृ० ३४९, और ४०८, खण्ड ४, पृ० ४०।

६. जातक ५३९, खण्ड ६, पृ० ६१, (गाथा १११)।

७. जातक ५३९, खण्ड ७, पृ० ४६-४७।

८. जातक २२०, खण्ड २, पृ० ३९२, ३९१, खण्ड ३, पृ० ४५४, और ३७८, खण्ड ३, पृ० ४०२।

९. जातक ४५९, खण्ड ४, पृ० ३१७-३१८, और ४०८, खण्ड ४, पृ० ४१।

जातक[1] में प्रत्येक-बुद्ध अपने धर्म की अभिव्यक्ति इस रूप मे करते है—"न पकाता हूँ, न पकवाता हूँ, न काटता हूँ, न कटवाता हूँ।" अतः उपासक इन्हे अकिंचन तथा सब पापों से दूर जानकर दाहिने हाथ से कमण्डलु ले,बाँये हाँथ से पवित्र भोजन देते। बहुधा जातको में भिक्षाटन करते प्रत्येक-बुद्धों के प्रति उपासको द्वारा किये जाने वाला आदर-सत्कार इस रूप मे वर्णित है कि उपासक लोग उन्हें घर ले जाकर दक्षिणोदक देते, पाँव धोते, सुगन्धित तेल मलते, आसन प्रदान करते और तत्पश्चात् उनके लिये उत्तम खाद्य परोसते, और अन्त मे दान देकर प्रार्थना कर उन्हें विदा करते। छद्दन्त जातक[2] बोधिसत्त्व छद्दन्त द्वारा पाँच सौ प्रत्येक-बुद्धो के लिये कमल के पत्तो पर मधुर फल तथा "भिस-मूल" परोसने का उल्लेख करता है।

बाहर कही भी, मार्ग आदि मे जब उपासको की प्रत्येक-बुद्धो से भेट हो जाती तो वे उनके प्रति आदर-सत्कार व्यक्त करते। सङ्ख और कुम्मासपिण्ड जातक[3] से ज्ञात होता है कि ऐसे अवसरों पर उपासकों के मन मे यह भाव होता कि मेरा पुण्य क्षेत्र आ गया है, आज मुझे इसमे बीज डालना चाहिये, दान का यह पुण्य-कर्म दीर्घ-काल तक मेरे हित-सुख के लिये होगा, इत्यादि। वे प्रत्येक-बुद्ध को प्रणाम करते और दान स्वीकार कर लेने की उनकी अनुज्ञा जान, वे वृक्ष की छाया मे बालू का ऊँचा आसन तैयार कर उस पर अपनी चादर या कोमल टहनियाँ बिछा कर प्रत्येक-बुद्ध को बिठाते, दोने मे पानी लाकर उन्हे दक्षिणोदक देते, उन्हे कुल्माष लड्डू प्रदान करते जो बिना नमक, शक्कर और तेल का बना होता, उनके लिये जूता, छाता आदि दान करते और उन्हे प्रणाम कर मिन्नत आदि करके विदा करते। स्थिति विशेष मे उपासक के पास जो भी होता या जिसकी इच्छा होती, उसी को दान मे अर्पित किया जाता। सुरुचि जातक[5] मे एक वसकार उपासक प्रत्येक-बुद्ध को देखकर उन्हे घर ले जाकर आदर-सत्कार करता है और उनके वर्षावास के लिए गगा तट पर गूलर की जमीन और बाँस की दीवार की पर्ण-कुटी बना, दरवाजा लगा और चङ्क्रमण भूमि बनाकर दान करता है। वर्षावास की तीन मास की अवधि पूरी होने पर वह उन्हे चीवर ओढाकर विदा करता है।

दस ब्राह्मण और आदित्त जातक[6] से ज्ञात होता है कि प्रत्येक-बुद्धो को उनके मूल निवासस्थान (उत्तर हिमालय का नन्दमूलक या गन्धमादन-पर्वत प्रदेश) से भी आमन्त्रित करके आदर-सत्कार करने की प्रथा थी। इस प्रकार के सत्कार मे प्रातःकाल ही खा-पीकर, उपोसथ-व्रत रखकर, चमेली के पुष्पो की टोकरी ले, प्रासाद के आँगन या खुले स्थान पर अपने पाँच अगों को भूमि पर प्रतिष्ठित कर, प्रत्येक-बुद्ध के गुणो का अनुस्मरण किया जाता था और उत्तर-दिशा की ओर प्रणाम कर, उसी दिशा मे पुष्पो की सात-आठ मुट्ठियाँ आकाश की ओर फेक कर इस प्रकार आग्रह किया जाता था कि "उत्तर हिमालय के नन्दमूल पर्वत पर रहने वाले

---

१. जातक ४९६, खण्ड ४, पृ० ५८१।
२. जातक ९६, खण्ड १, ३९०, खण्ड ३, ४०८, खण्ड ४, ८५९, खण्ड ४ आदि।
३ जातक ५१४, खण्ड ५, पृ० १२८।
४. जातक ४४२, खण्ड ४, पृ० २१५, और ४१५, खण्ड ४, पृ० ६७।
५ जातक ४८९, खण्ड ४, पृ० ५२३।
६. जातक ४९५, खण्ड ४, पृ० ५७५, और ४२४, खण्ड ४, पृ० १२९-१३१।

प्रत्येक-बुद्ध कल हमारा निमन्त्रण स्वीकार करें।" निमन्त्रण के लिये उत्तर-दिशा की ओर फेंके गये पुष्पों पर ही प्रत्येक-बुद्ध विचार करते थे, क्योंकि उसी दिशा मे उनका निवासस्थान है, और पुष्पों का लौटकर न आना इस बात का सकेत माना जाता था कि प्रत्येक-बुद्धो ने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया है। ऐसा विश्वास था कि उपोसथ अगों (दान, शील, सत्य, आदि) से युक्त होने पर जो पुष्प फेंके जाते, वे अवश्य प्रत्येक-बुद्धो पर जाकर गिरते थे। ध्यान से प्रत्येक-बुद्ध यह जान लेते थे कि अमुक व्यक्ति ने सत्कार करने के लिये हमे आमन्त्रित किया है। वे समूहों में अपने विशिष्ट आकाश मार्ग से वहाँ पहुँचते थे। वहाँ सत्कार की प्रक्रिया सात दिनों तक चलती रहती, उसमे सब परिष्कारो का दान दिया जाता और प्रत्येक-बुद्ध दानानुमोदन कर अपने स्थान को पुन लौट जाते। दानानुमोदन मे वे इस प्रकार उपदेश करते कि "यह संसार जरा और मरण से जल रहा है, दान देकर इससे मुक्ति प्राप्त करो, जो दिया जाता है वही सुरक्षित होता है, इत्यादि"। वर्णित रूप मे प्रत्येक-बुद्धो को निमन्त्रित करके उनका आदर-सत्कार करने की उपर्युक्त विधि अतिरजित रूप मे और अलकारिक शब्दावली मे वर्णित है, परन्तु इससे यह स्पष्ट है कि विशिष्ट निमन्त्रण देकर प्रत्येक-बुद्धो का आदर-सत्कार किया जाता था और अपने दानानुमोदन मे वे उपासको को ज्ञान और वैराग्य का उपदेश देते थे।

प्रत्येक-बुद्धो के अपने विश्वस्त कुल-उपासक भी होते थे जो उनकी सभी आवश्यकताओ की पूर्ति करते थे। तेलपत्त जातक[1] से यह ज्ञात होता है कि कुल विश्वस्त उपासक उनसे अपनी भविष्य सम्बन्धी बाते भी पूछते से। महाजनक जातक[2] सूचना देता है कि नित्य-भोजन ग्रहण करने वाले प्रत्येक-बुद्ध के सम्मान मे उनका विश्वस्त कुल उपासक राजा प्रत्येक-बुद्ध के आवागमन की सीमा-क्षेत्र के सोलह स्थानो पर निधि गाड़ कर रखता। वे सोलह स्थान थे— राजद्वार, जहाँ प्रत्येक-बुद्ध की अगवानी की जाती और जहाँ से उन्हे विदा किया जाता, राज-भवन के बड़े दरवाजे की देहली के नीचे, देहली के बाहर, देहली के अन्दर, मगल-हाथी पर चढने के समय सोने की सीढी रखने के स्थान पर, उतरने के स्थान पर, चारमहासाल अर्थात् राजशैय्या के चारो शालमय पौवे के नीचे, शैया के चारो ओर युग भर की दूरी मे, मंगल-हाथी के स्थान पर, उसके दोनों दाँतो के सामने के स्थान पर, मगल-घोड़े की पूँछ उठने के स्थान पर, मगल-पुष्करिणी मे तथा शाल वृक्ष के मण्डलाकार वृक्ष की छाया के अन्दर। छद्-दन्त जातक[3] से यह भी विदित होता है कि विश्वस्त कुल-उपासक की मृत्यु होने पर कुल के सदस्य प्रत्येक-बुद्ध के पास जाकर यह आग्रह करते कि "भन्ते! आपकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला दाता अमुक कारण से मृत्यु को प्राप्त हुआ है, आप उसके शव को देखने के लिए आये"। प्रत्येक-बुद्ध उस स्थान पर पहुँचते। वहाँ उनसे शव की वन्दना करायी जाती, तत्पश्चात् शव को चिता पर रख कर जला दिया जाता, और प्रत्येक-बुद्ध रात-भर चिता के पास सूत्र-पाठ करते।

---

१. जातक ९६, खण्ड १, पृ० ५५८।

२. जातक ५३९, खण्ड ६ पृ० ४२ और ४६-४७।

३ जातक ५१४, खण्ड ५- पृ० १४१-१४२।

जातक कथाये प्रत्येक-बुद्धों के धातु चैत्यो और उनकी पूजा के भी सन्दर्भ प्रदान करती हैं। धातु से तात्पर्य शरीर-धातु या अस्थियो से है। अट्ठसद्द जातक[1] मे इस प्रकार की चर्चा है कि नन्दमूल-पर्वत पर अपने आयु-सस्कार की समाप्ति को सन्निकट देख प्रत्येक-बुद्ध यह विचार करते है कि "बस्ती के राजोद्यान मे परिनिर्वृत्त होने पर मनुष्य मेरी शरीर-क्रिया कर, उत्सव मना, धातु-पूजा कर स्वर्ग-गामी होगे, और निर्वाणरूपी नगर में प्रवेश को प्रकट करने वाला यह उदान कहकर कि "मैने नि सदेह जन्म का अन्त देख लिया, फिर मै, गर्भ शैया मे नही आऊंगा, यह मेरी अन्तिम गर्भ-शैया है, मेरा ससार पुनरुत्पत्ति के लिये क्षीण हो गया", वे राजोद्यान म एक पुष्पित शालवृक्ष के नीचे परिनिर्वाण को प्राप्त होते। सुमङ्गल जातक[2] मे माली के हाथ प्रत्येक-बुद्ध की आकस्मिक मृत्यु होने की स्थिति मे उद्यान का स्वामी राजा उनका शरीर-कृत्य करते वर्णित है। उपर्युक्त दोनो जातको से यह स्पष्ट होता है कि राजा परिनिर्वृत्त प्रत्येक-बुद्ध के शरीर का सप्ताह भर पूजोत्सव मना, सब सुगन्धियो से युक्त चिता पर शरीर-क्रिया करके, शरीर-धातु पर चार महापथो पर धूप या चैत्य बनवाता है और चैत्य की पूजा करते हुए प्रत्येक-बुद्ध के बताये धर्मो का पालन करने तथा धर्मानुसार राज्य करने का व्रत लेता है। राजा के द्वारा ही शरीर-क्रिया एव चैत्य निर्माण कराये जाने का यह औचित्य है कि प्रत्येक-बुद्ध राजा के "पुण्य क्षेत्र" माने जाते थे, उनके द्वारा उपदेशित धर्म का पालन राजा का धर्म होता था, और प्रत्येक-बुद्ध राजोद्यान में ही ठहरते थे। प्रत्येक-बुद्धों के जीते जी उनकी आवश्यकताओ की पूर्ति करना तथा परिनिर्वृत्त होने पर उनकी धातु-पूजा करना राजा का आवश्यक धर्म था और ऐसा करके वे स्वर्ग-गामी होने की कामना करते थे। चैत्य आवागमन के सुविधाजनक स्थानो पर ही बनाये जाते थे।

पालि जातक साहित्य मे प्रत्येक-बुद्धो के सदर्भ मे उपरोक्त प्रकार की ही सामग्री है। ऋषिभाषित और जातक मे प्रत्येक-बुद्धो की अवधारणा के स्वतत्र अध्ययन मे जो अनुमान होता है, दोनो के तुलनात्मक अध्ययन से वह भली-भाँति सपुष्ट होता है। मिल-जुलकर दोनों परम्पराओ के साक्ष्य यह भली-भाँति सिद्ध करते है कि प्रत्येक-बुद्धो की अवधारणा मूलत न तो जैन परम्परा की है, न बौद्ध परम्परा की, बल्कि उन्हे स्वतत्र कोटि मे ही रखना चाहिये। जिस सीमा तक विशिष्ट-विशिष्ट नामधारी प्रत्येक-बुद्धो का ऐतिहासिक आधार स्वीकार किया जा सकता है, उन्हे सामान्य रूप से शील और मोक्ष मार्ग के उपदेशक मानना चाहिये, और यद्यपि उनमे विशिष्ट वैदिक ऋषियों के भी सम्मिलित होने की सम्भावना है, जैसा कि ऋषिभाषित की सामग्री से ध्वनित भी होता है, सामान्य रूप से उन्हें श्रमण परि-व्राजक परम्परा का ही अग स्वीकार करना चाहिये, क्योंकि मोक्ष मार्ग का उपदेश और शुद्ध आचार-विचार को उसका आधार बनाना, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आदि को मोक्ष मार्ग का अभिन्न अग मानना, गृहस्थ जीवन को दोषपूर्ण मानकर प्रव्रजन का उपदेश देना, ये सब उसी परम्परा की विशेषतायें है। यह सर्वस्वीकृत तथ्य है कि वैदिक यज्ञ परम्परा की ही भाँति श्रमण परि-व्राजक परम्परा का भी दीर्घकालीन इतिहास है। प्राचीन वैदिक साहित्य में इस विषय के

---

१. जातक ४१८-, खण्ड ४- पृ० ९२-९३।

२. जातक ४२०, खन्ड ४- पृ० १००।

सन्दर्भ भले ही सख्या मे कम हो, वे सभी महत्त्वपूर्ण है, और श्रमण धर्म की प्राचीनता को सिद्ध करते है।[1] अभी हाल तक यही मानने की प्रवृत्ति थी कि वैदिक यज्ञ परम्परा और पशु हिंसा के आलोचक होने के कारण इस परम्परा को अनिवार्यत अनार्य और अवैदिक होना चाहिये। कभी-कभी आधुनिक विद्वान् इसी सूत्र से श्रमण परम्परा का सम्बन्ध सैन्धव सस्कृति से भी जोडते है।[2] परन्तु अब इसके पुष्ट साक्ष्य प्रस्तुत किये गये है कि श्रमण परम्परा भी वैदिक यज्ञ परम्परा से भिन्न परन्तु प्राचीन भारोपीय और भारतेरानी आर्य सस्कृति का ही एक अग प्रतीत होती है।[3] इस स्थिति मे यह सहज कल्पनीय है कि अपने दीर्घ कालीन इतिहास मे श्रमण परम्परा ने वास्तव मे ऐसे अनेक ऋषियो को जन्म दिया हो जिनकी स्वतत्र शिष्य परम्परा तो न विकसित हुई हो, परन्तु निजी उपलब्धि और उपदेशो की महत्ता की दृष्टि से जिनकी स्मृति सुरक्षित रही। बुद्ध और महावीर के युग के आस-पास जब श्रमण परम्परा ने विशिष्ट-विशिष्ट वर्ग या समुदाय का रूप ग्रहण किया, उस स्थिति मे उपर्युक्त प्रकार के अनेक प्राचीन ऋषियो को प्रत्येक-बुद्ध की विशिष्ट कोटि मे रख दिया गया।

ऋषिभाषित की सामग्री और सामान्य रूप से जैन आगम के साक्ष्य से यह तो स्पष्ट आभास नही होता कि प्रत्येक-बुद्ध रूप इन अनेक प्राचीन ऋषियो के नाम और उपदेश के उदार भाव से स्मरण करने और सुरक्षित रखने के अतिरिक्त जैन परम्परा ने उसका और कोई विशिष्ट सदुपयोग किया हो। एक प्रकार से बौद्ध धर्म मे भी प्राय यही स्थिति लगती है, और जातक कथाओ मे भी स्थान-स्थान पर बोधिसत्व से जुडे होने के साथ भी प्रत्येक-बुद्ध प्राय उनके प्रेरक मात्र है। परन्तु यह रोचक है कि प्रत्येक-बुद्धो की अवधारणा बाद के बौद्ध परम्परा मे सर्वथा लुप्त नही हुई। न केवल आभिधार्मिक ग्रन्थो मे बौद्ध सन्तो की कोटि में अर्हत् और सम्यक् सम्बुद्ध के साथ उनका प्राय परिगणन किया गया[4], अपितु महायान द्वारा अपने बोधिसत्व आदर्श की तुलना मे अर्हतो के साथ-साथ उनके आदर्श पर भी अत्यधिक स्वतत्रता और सकीर्णता का आक्षेप किया गया।[5]

डी ५५/१० औरगाबाद, वाराणसी-२२०१०

१ श्रमण परम्परा के प्राचीन इतिहास के लिये मुख्य रूप से देखिए पाण्डेय, गोविन्दचन्द्र : **स्टडीज इन द ओरिजन्स ऑफ बुद्धिज्म**, पृ० २५८ और आगे- और उन्ही का दूसरा ग्रन्थ : **बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास**, पृ० ८ और आगे।

२ देखिए पाण्डेय- गोविन्दचन्द्र **स्टडीज इन द ओरिजन्स ऑफ बुद्धिज्म**, पृ० २१। और आगे तथा **बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास**, पृ० ३।

३. देखिए- प्रो० विश्वम्भर शरण पाठक के हाल ही मे प्रकाशित दो महत्वपूर्ण शोधपत्र जो श्री राम गोयल के ग्रन्थ **हिस्ट्री ऑफ इण्डियन बुद्धिज्म** और सीताराम दुबे के ग्रन्थ **बौद्ध सघ के प्रारम्भिक विकास का एक अध्ययन** मे पुरोवाक के रूप मे प्रकाशित है।

४ देखिए पुग्गल-पञ्ञत्ति (पी० टी० एस० सस्करण) पृ० १४ और ७०।

५. उत्तर कालीन बौद्ध धर्म मे प्रत्येक बुद्ध की स्थिति के सम्बन्ध मे देखिए- नलिनाक्ष दत्त : **ऐस्पेक्ट्स ऑफ महायान बुद्धिज्म**, पृ० ८० और आगे, हरदयाल : **द बोधिसत्व डाक्ट्रीन इन बुद्धिस्ट संस्कृत लिटरेचर** पृ० ३, भिक्षु सघरक्षित ए सर्वे ऑफ बुद्धिज्म, पृ० ७९ २२२-२२३ और २४१।

क्रमाङ्क	पट्टावली का नाम	रचनाकार	संभावित तिथि	सदर्भ ग्रन्थ
१.	आगमिकगच्छपट्टावली	अज्ञात	१३वी शती लगभग	विविधगच्छीयपट्टावली-सग्रह-सपा० जिनविजय पृष्ठ ९-१२
२.	आगमिकगच्छपट्टावली	अज्ञात	१६वी शती लगभग	जैनगूर्जरकविओ, भाग ३, परिशिष्ट, सपा० मोहन-लाल दलीचद देसाई पृष्ठ २२२४-२२३२
३.	धंधूकीया शाखा की पट्टावली	अज्ञात	१७वी शती लगभग	वही, पृष्ठ २२३२
४.	विडालबीया शाखा की पट्टावली	अज्ञात	१८वी शती लगभग	वही पृष्ठ २२३३
५.	आगमिकगच्छ-पट्टावली	मुनिसागरसूरि	१६वी शती लगभग	पट्टावलीसमुच्चय, भाग२ १५८-१६२ जैनसत्यप्रकाश वर्ष ६, अंक ४ जैन परम्परानो इतिहास भाग-२, पृष्ठ ५४०-५४२ विविधगच्छीयपट्टावली-सग्रह. पृष्ठ २३४-२३५
६.	धंधूकीयाशाखा की पट्टावली	अज्ञात	१७वी शती लगभग	विविधगच्छीयपट्टावली-सग्रह, पृष्ठ २३५-२३६

उक्त तालिका की प्रथम पट्टावली मे आगमिकगच्छ के प्रवर्तक आचार्य शीलगुणसूरि का पूर्णिमागच्छीय आचार्य चन्द्रप्रभसूरि के शिष्य के रूप मे उल्लेख है। इसके अतिरिक्त इस पट्टावली से आगमिकगच्छ के इतिहास के बारे में कोई सूचना नही मिलती है।

तालिका मे प्रदर्शित अतिम दोनो पट्टावलियाँ आगमिक गच्छ के प्रकटकर्ता शीलगुणसूरि से प्रारम्भ होती है। ये पट्टावलियाँ इस प्रकार हैं --

मुनिसागरसूरि द्वारा रचित आगमिकगच्छपट्टावली में उल्लिखित

गुरु परम्परा की सूची

शीलगुणसूरि [आगमिकगच्छ के प्रवर्तक]
|
देवभद्रसूरि
|
धर्मघोषसूरि
|

आगमिक गच्छ/प्राचीन त्रिस्तुतिक गच्छ
का
संक्षिप्त इतिहास

डा० शिव प्रसाद

पूर्वमध्यकाल मे श्वेताम्बर श्रमणसघ का विभिन्न गच्छों और उपगच्छो में विभाजन जैन धर्म के इतिहास की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना है। चन्द्रकुल (बाद मे चन्द्रगच्छ) से अनेक छोटी-बडी शाखाओं (गच्छों) का प्रादुर्भाव हुआ और ये शाखायें पुनः कई उप-शाखाओं में विभाजित हुई। चन्द्रकुल की एक शाखा (वडगच्छ/बृहद्गच्छ) के नाम से प्रसिद्ध हुई। वडगच्छ से वि०सं० ११४९ मे पूर्णिमागच्छ का प्रादुर्भाव हुआ और पूर्णिमागच्छ की एक शाखा वि० स० की १३वी शती से आगमिकगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुई।

पूर्णिमागच्छ के प्रवर्तक आचार्य चन्द्रप्रभसूरि के शिष्य आचार्य शीलगुणसूरि इस गच्छ के आदिम आचार्य माने जाते है। इस गच्छ मे यशोभद्रसूरि, सर्वाणदसूरि, विजयसिंहसूरि, अमरसिंहसूरि, हेमरत्नसूरि, अमररत्नसूरि, सोमप्रभसूरि, आणंदप्रभसूरि, मुनिरत्नसूरि, आनन्दरत्नसूरि आदि कई विद्वान् एव प्रभावक आचार्य हुए हैं, जिन्होने अपने साहित्यिक और धार्मिक क्रियाकलापो से श्वेताम्बर श्रमणसघ को जीवन्त बनाये रखने मे महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान की।

पूर्णिमागच्छीय आचार्य शीलगुणसरि और उनके शिष्य देवभद्रसूरि द्वारा जीवदयाणं तक का शक्रस्तव और ६७ अक्षरो का परमेष्ठीमन्त्र, तीन स्तुति से देववन्दन आदि बातों में आगमपक्ष के समर्थन से वि०स० १२१४ या १२५० में आगमिकगच्छ अपरनाम त्रिस्तुतिकमत का प्रादुर्भाव हुआ।[1]

आगमिक गच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिये साहित्यिक और अभिलेखीय दोनों प्रकार के साक्ष्य उपलब्ध हैं। साहित्यिक साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के आचार्यों द्वारा लिखित ग्रन्थों की प्रशस्तियों तथा इस गच्छ और इसकी शाखाओ की पट्टावलियों का उल्लेख किया जा सकता है। अभिलेखीय साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के आचार्यों / मुनिजनो द्वारा प्रतिष्ठापित जिन प्रतिमाओ पर उत्कीर्ण लेखो को रखा गया है, इनकी सख्या सवा दो सौ के आसपास है।

पट्टावलियो द्वारा इस गच्छ की दो शाखाओं—धधूकीया और विडालंबीया का पता चलता है।

आगमिकगच्छ और उसकी शाखाओं की पट्टावलियों की तालिका इस प्रकार है

---

१. नाहटा, अगरचन्द "जैन श्रमणो के गच्छो पर संक्षिप्त प्रकाश" यतीन्द्रसूरिअभिनन्दनग्रन्थ (आहोर, १९५८ ई०) पृष्ठ १३५-१६५।

यशोभद्रसूरि
|
सर्वाणंदसूरि
|
अभयदेवसूरि
|
वज्रसेनसूरि
|
जिनचन्द्रसूरि
|
हेमसिंहसूरि
|
रत्नाकरसूरि
|
विजयसिंहसूरि
|
गुणसमुद्रसूरि
|
अभयसिंहसूरि
|
सोमतिलकसूरि
|
सोमचन्द्रसूरि
|
गुणरत्नसूरि
|
मुनिसिंहसूरि
|
शीलरत्नसूरि
|
आणदप्रभसूरि
|
मुनिरत्नसूरि
|
मुनिसागरसूरि [पट्टावली के लेखक]

तालिका में क्रमाङ्क ६ पर प्रदर्शित आगमिकगच्छ (धंधूकीयाशाखा) की पट्टावली में उल्लिखित गुरु परम्परा की सूची

शीलगुणसूरि
|
देवभद्रसूरि
|
धर्मघोषसूरि
|
यशोभद्रसूरि
|

सर्वाणंदसूरि   अभयदेवसूरि   वज्रसेनसूरि

सर्वाणंदसूरि
|
जिनचन्द्रसूरि
|
विजयसिंहसूरि
|
अभयसिंहसूरि
|
अमरसिंहसूरि
|
हेमरत्नसूरि
|
अमररत्नसूरि
|
सोमरत्नसूरि
|
गुणनिधानसूरि
|
उदयरत्नसूरि
|
सौभाग्यसुन्दरसूरि
|
धर्मरत्नसूरि
|
मेघरत्नसूरि

जैसा कि स्पष्ट है, उक्त दोनो पट्टावलिया आगमिकगच्छ के प्रकटकर्ता शीलगुणसूरि से प्रारम्भ होती हैं। इसमे प्रारम्भ के ४ आचार्यो के नाम भी समान है, अत इस समय तक शाखाभेद नहीं हुआ था, ऐसा माना जा सकता है। आगे यशोभद्रसूरि के तीन शिष्यो — मर्वाणदसूरि, अभयदेवमूरि और वज्रसेनमूरि को पट्टावलीकार मुनिसागरसूरि ने एक सीधे क्रम में रखा है वहीं धंधूकीया शाखा की पट्टावली मे उन्हे यशोभद्रमूरि का शिष्य बतलाया गया है। सर्वाणदसूरि की शिष्यपरम्परा मे जिनचन्द्रमूरि हुए, शेष दो आचार्यों अभयदेवसूरि और वज्रसेनसूरि की शिष्यपरम्परा आगे नही चली। जिनचन्द्रसूरि के शिष्य विजयसिहसूरि का दोनो पट्टावलियों में ममान रूप मे उल्लेख है। पट्टावलीकार मुनिमागरसूरि ने जिनचन्द्रसूरि के दो अन्य शिष्यो हेमसिहसूरि और रत्नाकरसूरि का भी उल्लेख किया है, परन्तु उनकी परम्परा आगे नहीं चली। विजयमिहमूरि के शिष्य अभयसिहसूरि का नाम भी दोनो पट्टावलियो मे समान रूप से मिलता है। अभयमिहमूरि के दो शिष्यों—अमरमिहसूरि और सोमतिलकसूरि से यह गच्छ दो शाखाओ मे विभाजित हो गया। अमरसिहसूरि की शिष्यसन्तति आगे चलकर धन्धूकीया शाखा और मोमतिलकसूरि की शिष्यपरम्परा विडालबीया शाखा के नाम से जानी गयी। यह उल्लेखनीय है कि प्रतिमालेखो मे कही भी इन शाखाओ का उल्लेख नही हुआ है, वहाँ सर्वत्र केवल आगमिकगच्छ का ही उल्लेख है, किन्तु कुछ प्रशस्तियो मे स्पष्ट रूप से इन शाखाओं का नाम मिलता है तथा दोनों शाखाओं की पट्टावलियाँ तो स्वतन्त्र रूप से मिलती ही हैं, जिनकी प्रारम्भ में चर्चा की जा चुकी है।

अभयसिंहसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित एक जिनप्रतिमा पर वि० सं० १४२१ का लेख उत्कीर्ण है, अतः यह माना जा सकता है कि वि० सं० १४२१ के पश्चात् अर्थात् १५वी शती के मध्य के आसपास यह गच्छ दो शाखाओ मे विभाजित हुआ होगा।

चूँकि इस गच्छ के इतिहास से सम्बद्ध जो भी साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध हैं, वे १५वी शती के पूर्व के नही है और इस समय तक यह गच्छ दो शाखाओं मे विभाजित हो चुका था अतः इन दोनो शाखाओ का ही अध्ययन कर पाना सम्भव है। शीलगुणसूरि तक के ८ पट्टधर आचार्यो मे केवल अभयसिंहसूरि का ही वि० सं० १४२१ के एक प्रतिमा लेख में प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप मे उल्लेख है। शेष ७ आचार्यों के बारे मे मात्र पट्टावलियों से ही न्यूनाधिक सूचनायें प्राप्त होती है, अन्य साक्ष्यो से नही। लगभग २०० वर्षों की अवधि में किसी गच्छ मे ८ पट्टधर आचार्यों का होना असम्भव नही लगता, अतः आगमिक गच्छ के विभाजन के पूर्व इन पट्टावलियो की सूचना को स्वीकार करने मे कोई बाधा नही है।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है अभयसिंहसूरि के पश्चात् उनके शिष्यों अमरसिंहसूरि और सोमतिलकसूरि की शिष्यसन्तति आगे चलकर क्रमशः धन्धूकीयाशाखा और बिडालबीयाशाखा के नाम से जानी गयी, यह बात निम्नप्रदर्शित तालिका से स्पष्ट होती है -

अध्ययन की सुविधा के लिये दोनो शाखाओं का अलग-अलग विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। इनमे सर्वप्रथम साहित्यिक साक्ष्यो और तत्पश्चात् अभिलेखीय साक्ष्यो के विवरणों की विवेचना की गयी है।

साहित्यिक साक्ष्य

१- पुण्यसाररास[1]—यह कृति आगमगच्छीय आचार्य हेमरत्नसूरि के शिष्य साधुमेरु द्वारा वि० स० १५०१ पौषवदि ११ सोमवार को धधूका नगरी में रची गयी। कृति के अन्त में रचनाकार ने अपनी गुरुपरम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है—

अमरसिंहसूरि
|
हेमरत्नसूरि
|
साधुमेरु [रचनाकार]

२- अमररत्नसूरिफागु[2] मरु-गुर्जर भाषा में लिखित १८ गाथाओं की इस कृति को श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई ने वि० सम्वत् की १६वी शती की रचना मानी है। इस कृति में रचनाकार ने अपना परिचय केवल अमररत्नसूरिशिष्य इतना ही बतलाया है। यह रचना प्राचीनफागुसग्रह मे प्रकाशित है।

अमररत्नसूरि
|
अमररत्नसूरिशिष्य

३- सुन्दरराजारास[3]—आगमगच्छीय अमररत्नसूरि की परम्परा के कल्याणराजसूरि के शिष्य क्षमाकलश ने वि० स० १५५१ मे इस कृति की रचना की। क्षमाकलश की दूसरी कृति ललिताङ्गकुमाररास वि० स० १५५३ में रची गयी है। दोनो ही कृतियाँ मरु-गूर्जर

---

१ आषाढादि पनर अेकोतरइ, पोम वदि इग्यारिसि अनगइ।
धधूकपुरि कृपारस सत्र, सोमवारि समर्थिउ अे चरित्र॥
कुमतरुख वणभग गइद, जिनशासन रयणायर इदु।
सद्गुरुश्रीअमरसिंहसूरिंद, सेवइ भविय जसुय अरविंद॥
तसु पाटि नयनानद अमीबिंदु गुरु, श्रीहेमरत्नसूरिमुणिंद।
आगमगच्छ प्रकाश दिणिंद, जसु दीसइ वर परि यरविंद॥
सुगुरु पसाइ नयर गोआलेर, धणी पुण्यसार रिद्धिउ कुबेर।
तासु गुण इम वर्णवइ अजस्त्र, साधुमेरुगणि पडित मिश्र॥
देसाई, मोहनलाल दलीचन्द—जैनगूर्जरकविओ (नवीन सस्करण, अहमदाबाद, १९८६ ई०) भाग १, पृ० ८५ और आगे।

२. देसाई, पूर्वोक्त, पृ० ४७८ और आगे

३. वही, पृ० २०१-२०२

भाषा में हैं। इसकी प्रशस्ति में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा का सुन्दर परिचय दिया है, जो इस प्रकार है—

अमररत्नसूरि
|
सोमरत्नसूरि
|
कल्याणराजसूरि
|
क्षमाकलश [सुन्दरराजारास एव ललिताङ्गकुमाररास के कर्ता]

४-लघुक्षेत्रसमासचौपाई[1]—यह कृति आगमगच्छीय मतिसागरसूरि द्वारा वि०सं० १५९४ मे पाटन नगरी मे रची गयी है। इसकी भाषा मरु-गुर्जर है। रचना के प्रारम्भ और अन्त मे रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा की चर्चा की है, जो इस प्रकार है—

सोमरत्नसूरि
|
गुणनिधानसूरि
|
उदयरत्नसूरि
|
गुणमेरुसूरि

मतिसागरसूरि [रचनाकार]

अभिलेखीय साक्ष्य

आगमिक गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित तीर्थङ्कर प्रतिमाओं पर वि०सं० १४२१ से वि०स० १६८३ तक के लेख उत्कीर्ण हैं। इन प्रतिमालेखो के आधार पर इस गच्छ के कुछ मुनिजनो के पूर्वापर सम्बन्ध स्थापित होते है, जो इस प्रकार है—

१- अमरसिंहसूरि -इनके द्वारा वि०स० १४५१ से वि० सं० १४७८ के मध्य प्रतिष्ठापित ७ प्रतिमा लेख उपलब्ध है, इनका विवरण इस प्रकार है—

वि०स० १४५१	ज्येष्ठ सुदि ४ रविवार	१ प्रतिमा
वि०स० १४६२	वैशाख सुदि ३	"
वि०सं० १४६५	माघ सुदि ३ रविवार	"
वि०स० १४७०	तिथि विहीन	"
वि०सं० १४७५	"	"
वि०सं० १४७६	चैत्र वदि १ शनिवार	"
वि०स० १४७८	वैशाख सुदि ३ गुरुवार	"

१. देसाई, पूर्वोक्त पृ० ३३७ और आगे

२-अमरसिंहसूरि के पट्टधर हेमरत्नसूरि—हेमरत्नसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित ४० प्रतिमायें अद्यावधि उपलब्ध हुई हैं। ये सभी प्रतिमाये लेख युक्त है। इन पर वि०स० १४८४ से वि० सं० १५२१ तक के लेख उत्कीर्ण है। इनका विवरण इस प्रकार है—

वि०सं० १४८४	वैशाख सुदि ३ शुक्रवार	१ प्रतिमा
" " १४८४	मार्ग शीर्ष सुदि ५ रविवार	"
!' " १४८५	ज्येष्ठ वदि ···· ···	२ प्रतिमा
" " १४८७	माघ सुदि ५ गुरुवार	१ प्रतिमा
" " १४८८	ज्येष्ठ सुदि १० शुक्रवार	"
" " १४८९	माघ वदि २ शुक्रवार	"
" " १४८९	तिथि विहीन	"
" " १४९०	फाल्गुन-सोमवार	"
" " १४९१	द्वितीय ज्येष्ठ वदि ७ शनिवार	"
" " १४९२	ज्येष्ठ वदि ····	"
" " १५०३	माघ वदि ८ बुद्धवार	"
" " १५०४	फाल्गुन सुदि १२ गुरुवार	"
" " १५०५	माघ सुदि ९ शनिवार	२ प्रतिमा
" " १५०६	तिथि विहीन	"
" " १५०७	ज्येष्ठ सुदि ९	१ प्रतिमा
" " १५०७	माघ सुदि १३ शुक्रवार	"
" " १५१२	तिथि विहीन	२ प्रतिमा
" " १५१२	ज्येष्ठ वदि ५ सोमवार	१ प्रतिमा
" " १५१२	ज्येष्ठ सुदि १० रविवार	"
" " १५१२	वैशाख वदि १० शुक्रवार	२ प्रतिमा
" " १५१२	वैशाख सुदि ५ शुक्रवार	३ प्रतिमा
" " १५१२	फाल्गुन वदि ३ शुक्रवार	१ प्रतिमा
" " १५१५	वैशाख सुदि १० गुरुवार	"
" " १५१५	फाल्गुन सुदि ८ शनिवार	"
" " १५१६	वैशाख सुदि ३	"
" " १५१७	वैशाख सुदि ३ सोमवार	"
" " १५१८	माघ सुदि ५ गुरुवार	"
" " १५१९	वैशाख वदि ११ शुक्रवार	"
" " १५१९	वैशाख सुदि ३ गुरुवार	२ प्रतिमा
" " १५१९	माघ वदि ९ शनिवार	१ प्रतिमा
" " १५१९	माघ सुदि ३ सोमवार	"
" " १५२१	आषाढ़ सुदि १ गुरुवार	"

३. **हेमरत्नसूरि के पट्टधर अमररत्नसूरि**—इनके द्वारा वि०सं० १५२४ से वि० सं० १५४७ के मध्य प्रतिष्ठापित १८ प्रतिमाये उपलब्ध हुई है। इनका विवरण इस प्रकार है—

वि० सं० १५२४	वैशाख सुदि २ गुरुवार	१ प्रतिमा
" " १५२४	कार्तिक वदि १३ शनिवार	"
" " १५२५	तिथि विहीन	"
" " १५२७	" "	"
" " १५२८	वैशाख सुदि ५ शुक्रवार	"
" " १५२९	ज्येष्ठ वदि १ शुक्रवार	२ प्रतिमा
" " १५३०	माघ वदि २ शुक्रवार	१ प्रतिमा
" " १५३१	माघ सुदि ५	"
" " १५३२	वैशाख सुदि ३	४ प्रतिमा
" " १५३२	ज्येष्ठ वदि १३ बुद्धवार	१ प्रतिमा
" " १५३५	वैशाख सुदि ६ सोमवार	"
" " १५३५	आषाढ़ सुदि २ मंगलवार	"
" " १५३६	वैशाख सुदि ३ शुक्रवार	"
" " १५४७	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	"

४. **अमररत्नसूरि के पट्टधर सोमरत्नसूरि** इनके द्वारा प्रतिष्ठापित १२ प्रतिमायें मिलती हैं, जो वि० स० १५४८ से वि० स० १५८१ तक की है। इसका विवरण इस प्रकार है—

वि०स० १५४८	वैशाखसुदि ३	१ प्रतिमा
" " १५५२	वैशाख सुदी ३	"
" " १५५२	माघ वदि ८ शनिवार	"
" " १५५५	ज्येष्ठ सुदि ९ रविवार	"
" " १५५६	वैशाख सुदि १३ रविवार	"
" " १५६७	वैशाख सुदि ३ बुद्धवार	"
" " १५६९	वैशाख सुदि ९ शुक्रवार	"
" " १५७१	चैत्र वदि २ गुरुवार	"
" " १५७१	चैत्र वदि ७ गुरुवार ·· ?	"
" " १५७३	वैशाख सुदि ६ गुरुवार	"
" " १५७३	फाल्गुन सुदि २ रविवार	"
" " १५८१	माघ सुदि ५ गुरुवार	"

इस प्रकार अभिलेखीय साक्ष्यो के आधार पर आगमगच्छ के उक्त मुनिजनों का जो **पूर्वापर सम्बन्ध** स्थापित होता है, वह इस प्रकार है—

अमरसिंहसूरि [वि० स० १४५१–१४८३]
|
हेमरत्नसूरि [वि० सं० १४८४–१५२१]
|
अमररत्नसूरि [वि० सं० १५२४–१५४७]
|
सोमरत्नसूरि [वि० सं० १५४८–१५८१]

पूर्व प्रदर्शित पट्टावलियों की तालिका मे श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई द्वारा आगमिकगच्छ और उसकी दोनों शाखाओं की अलग-अलग प्रस्तुत की गई पट्टावलियों को रखा गया है। देसाई द्वारा दी गयी आगमिकगच्छ की गुर्वावली शीलगुणसूरि से प्रारम्भ होकर हेमरत्नसूरि तक एवं धधूकीया शाखा की गुर्वावली अमररत्नसूरि से प्रारम्भ होकर मेघरत्नसूरि तक के विवरण के पश्चात् समाप्त होती है। ये दोनो गुर्वावलिया मुनि जिनविजय जी द्वारा दी गई धधूकीयाशाखा की गुर्वावली | जो शीलगुणसूरि से प्रारम्भ होकर मेघरत्नसूरि तक के विवरण के पश्चात् समाप्त होती है | से अभिन्न है अत इन्हे अलग-अलग मानने और इनकी अप्रामाणिकता का कोई प्रश्न ही नही उठता है।

अभिलेखीय साक्ष्यों द्वारा ज्ञात पूर्वोक्त चार आचार्यो | अमरसिंहसूरि–हेमरत्नसूरि–अमररत्नसूरि–सोमरत्नसूरि | के नाम इसी क्रम मे धधूकीया शाखा की पट्टावली मे मिल जाते है। इसके अतिरिक्त ग्रंथप्रशस्तियो द्वारा आगमिक गच्छ के मुनिजनों के जो नाम ज्ञात होते हैं, उनमें से न केवल कुछ नाम धधूकीयाशाखा की पट्टावली मे मिलते है, बल्कि इस शाखा के साधुमेरुसूरि, कल्याणराजसूरि, क्षमाकलशसूरि, गुणमेरुसूरि, मतिसागरसूरि आदि ग्रन्थकारों के बारे में केवल उक्त ग्रंथप्रशस्तियों से ही ज्ञात होते है।

इस प्रकार धंधूकीया शाखा की परम्परागत पट्टावली में उल्लिखित अभयसिंहसूरि, अमरसिंहसूरि, हेमरत्नसूरि, अमररत्नसूरि, सोमरत्नसूरि आदि आचार्यों के बारे मे जहाँ अभिलेखीय साक्ष्यों द्वारा कालनिर्देश की जानकारी होती है, वही ग्रन्थप्रशस्तियो के आधार पर इस शाखा के अन्य मुनिजनो के बारे में भी जानकारी प्राप्त होती है।

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यो के सयोग से आगमिकगच्छ की धंधूकीया शाखा की परम्परागत पट्टावली को जो नवीन स्वरूप प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है—

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित आगमिकगच्छ [धंधूकीयाशाखा] का वंशवृक्ष

[तालिका-१]

- शीलगुणसूरि
  - देवभद्रसूरि
    - धर्मघोषसूरि
      - यशोभद्रसूरि
        - सर्वाणंदसूरि
          - जिनचन्द्रसूरि
            - विजयसिंहसूरि
              - अभयसिंहसूरि [वि० सं० १४२१] प्रतिमालेख
                - अमरसिंहसूरि [वि० सं० १४५१-१४८३] प्रतिमालेख
                  - हेमरत्नसूरि [वि० सं० १४८४-१५२१] प्रतिमालेख
                    - साधुमेरु [वि० सं० १५०१ में पुण्यसाररास के कर्ता]
                    - अमररत्नसूरि [वि० सं० १५२४-४३] प्रतिमालेख
                      - सोमरत्नसूरि [वि. सं.१५४८-८१] प्रतिमालेख
                        - गुणनिधानसूरि
                          - उदयरत्नसूरि [वि सं. १५८६-८७] प्रतिमालेख
                            - सौभाग्यसुन्दरसूरि [वि० सं० १६१०] प्रतिमालेख
                              - धर्मरत्नसूरि
                                - मेघरत्नसूरि
                            - गुणमेरुसूरि
                              - मतिसागरसूरि [वि० सं० १५९४] लघुक्षेत्रसमासचौपाई के रचनाकार
                      - कल्याणराजसूरि
                        - क्षमाकलश [वि. सं. १५५१ में सुन्दरराजारास] [वि सं १५५३ में ललिताङ्गकुमाररास]
                      - अमररत्नसूरिशिष्य [अमररत्नसूरिफागु के कर्ता]
        - अभयदेवसूरि
        - वज्रसेनसूरि

जैसा कि पूर्व में ही स्पष्ट किया जा चुका है, अभयसिंहसूरि के पश्चात् उनके शिष्यों अमरसिंहसूरि और सोमतिलकसूरि से आगमिकगच्छ की दो शाखायें अस्तित्व मे आयी। अमरसिंहसूरि की शिष्यसतति आगे चलकर धधूकीया शाखा के नाम से जानी गयी। उसी प्रकार सोमतिलकसूरि की शिष्य परम्परा विडालंबीयाशाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई।

मुनिसागरसूरि द्वारा रचित आगमिकगच्छपट्टावली मे अभयसिंहसूरि के पश्चात् सोमतिलकसूरि से मुनिरत्नमूरि तक ७ आचार्यों का क्रम इस प्रकार मिलता है—

सोमतिलकसूरि
|
सोमचंद्रसूरि
|
गुणरत्नसूरि
|
मुनिसिंहसूरि
|
शीलरत्नसूरि
|
आनन्दप्रभसूरि
|
मुनिरत्नसूरि

साहित्यिक साक्ष्यो के आधार पर इस पट्टावली के गुणरत्नसूरि और मुनिरत्नसूरि के अन्य शिष्यों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त होती है।

गजसिंहकुमाररास[१] (रचनाकाल वि० स० १५१३) की प्रशस्ति में रचनाकार देवरत्नसूरि ने अपने गुरु गुणरत्नसूरि का ससम्मान उल्लेख किया है।

इसी प्रकार मलयसुन्दरीरास[२] (रचनाकाल वि० स० १५४३) और कथाबत्तीसी (रचनाकाल वि० स० १५५७) की प्रशस्तियों मे रचनाकार ने अपने गुरु परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है—

मुनिसिंहसूरि
|
मतिसागरसूरि
|
उदयधर्मसूरि [रचनाकार]

आगमिकगच्छीय उदयधर्मसूरि (द्वितीय) द्वारा रचित धर्मकल्पद्रुम की प्रशस्ति मे रचनाकार ने अपने गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है—

---

१. मिश्र, शितिकठ–हिन्दी जैन साहित्य का बृहद् इतिहास [भाग-१] मरु-गूर्जर (वाराणसी १९९० ई०) पृ० ४००

२. मिश्र, शितिकठ, पूर्वोक्त, पृ० ३३४ और आगे

अभिलेखीय साक्ष्यों द्वारा इस पट्टावली के अंतिम चार आचार्यों का जो तिथिक्रम प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है –

मुनिसिंहसूरि द्वारा वि० स० १४९९ कार्तिक सुदी ५ सोमवार को प्रतिष्ठापित भगवान् शान्तिनाथ की एक प्रतिमा प्राप्त हुई है। इसी प्रकार मुनिसिंहसूरि के शिष्य शीलरत्नसूरि द्वारा वि० स० १५०६ से वि० स० १५१२ तक प्रतिष्ठापित ५ प्रतिमायें मिलती है। शीलरत्न-सूरि के शिष्य आनन्दप्रभसूरि द्वारा वि० स० १५१३ से वि० सं० १५२७ तक प्रतिष्ठापित ६ प्रतिमायें प्राप्त होती है। आनन्दप्रभसूरि के शिष्य मुनिरत्नसूरि द्वारा वि० स० १५२३ और वि० स० १५४२ मे प्रतिष्ठापित २ जिन प्रतिमायें प्राप्त हुई हैं। अभिलेखीय साक्ष्यो द्वारा ही मुनिरत्नसूरि के शिष्य आनन्दरत्नसूरि का भी उल्लेख प्राप्त होता है। उनके द्वारा प्रतिष्ठापित ५ तीर्थङ्कर प्रतिमायें मिली है, जो वि० स० १५७१ से वि० सं० १५८३ तक की है। उक्त बात को तालिका के रूप मे निम्न प्रकार से स्पष्ट किया जा सकता है

सोमतिलकसूरि
|
सोमचन्द्रसूरि
|
गुणरत्नसूरि
|
मुनिसिंहसूरि [वि० स० १४९९] १ प्रतिमा लेख
|
शीलरत्नसूरि [वि० सं० १५०६-१५१२] ५ प्रतिमा लेख
|
आनन्दप्रभसूरि [वि० स० १५१३-१५२७] ६ प्रतिमा लेख
|
मुनिरत्नसूरि [वि० स० १५२३-१५४२] २ प्रतिमा लेख
|
आनन्दरत्नसूरि [वि० स० १५७१-१५८३] ५ प्रतिमा लेख

श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई द्वारा प्रस्तुत आगमिकगच्छ की विडालंबीया शाखा की गुर्वावली इस प्रकार है—

मुनिरत्नसूरि
|
आनन्दरत्नसूरि
|
ज्ञानरत्नसूरि
|
हेमरत्नसूरि
|
उदयसागरसूरि | धर्महंससूरि [वि० सं० १६२० के लगभग नववाड ढालबंध के रचनाकार]
|
भानुभट्टसूरि
|
माणिक्यमंगलसूरि
[वि० सं० १६३९ में अबडरास के रचनाकार [

उक्त पट्टावली के आधार पर मुनिसागरसूरि द्वारा रचित आगमिकगच्छपट्टावली मे ६ अन्य नाम भी जुड जाते हैं। इस प्रकार ग्रन्थ प्रशस्ति, प्रतिमा लेख तथा उपरोक्त पट्टावली के आधार पर मुनिसागरसूरि द्वारा रचित पट्टावली अर्थात् आगमिकगच्छ की विडालबीया शाखा की पट्टावली को जो नवीन स्परूप प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है

[तालिका-२]

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर निर्मित आगमिकगच्छ [विडालबीयाशाखा] का वंश वृक्ष

शीलगुणसूरि
|
देवभद्रसूरि
|
धर्मघोषसूरि
|
यशोभद्रसूरि
|
सर्वाणदसूरि | अभयदेवसूरि | वज्रसेनसूरि
|
जिनचन्द्रसूरि
|
विजयसिंहसूरि | हेमसिंहसूरि | रत्नाकरसूरि
|
अभयसिंहसूरि
|

अमरसिंहसूरि
सोमतिलकसूरि
सोमचन्द्रसूरि
गुणरत्नसूरि
देवरत्नसूरि
[गजसिंहसकुमाररास
वि०सं० १५१३ के रचनाकार]
मुनिसिंहसूरि
[वि०सं० १४९९]
प्रतिमा लेख
मतिसागरसूरि
शीलरत्नसूरि
[वि०सं० १५०६-१५१३]
प्रतिमा लेख
उदयधर्मसूरि [प्रथम]
[मलयसुन्दरीरास वि०सं० १५४३
कथाबत्तीसी वि०सं० १५५७]
आनन्दप्रभसूरि
[वि०सं० १४१३-१५१४]
गुणप्रभसूरि
[वि०सं० १५२०] प्रतिमा लेख
मुनिरत्नसूरि
[वि०सं० १५२३-१५४३]
प्रतिमा लेख
मुनिसागरसूरि
[आगमिकगच्छगुर्वावली]
के रचनाकार
आनन्दरत्नसूरि
[वि०सं० १५७१-१५८३]
प्रतिमा लेख
ज्ञानरत्नसूरि
उदयधर्मसूरि [द्वितीय]
[धर्मकल्पद्रुम के रचनाकार]
अमरसिंहसूरि
हेमरत्नसूरि
[वि०सं० १५७७]
प्रतिमा लेख
रत्नतिलकसूरि
[वि०सं० १५८४ मे मेघदूत
की प्रति के लेखक]
उदयसागरसूरि
धर्महंससूरि
[वि०सं० १६२० के लगभग
नववाडढालबंध के रचनाकार]
भानुभट्टसूरि
माणिक्यमंगलसूरि
[वि०सं० १६३९ मे
अंबडरास के रचनाकार

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर आगमिक गच्छ के जयानन्दसूरि, देवरत्नसूरि, शीलरत्नसूरि, विवेकरत्नसूरि, संयमरत्नसूरि, कुलवर्धनसूरि, विनयमेरुसूरि, जयरत्नगणि, देवरत्नगणि, वरसिंहसूरि, विनयरत्नसूरि आदि कई मुनिजनों के नाम ज्ञात होते हैं। इन मुनिजनों के परस्पर सम्बन्ध भी उक्त साक्ष्यों के आधार पर निश्चित हो जाते हैं और इनकी जो गुर्वावली बनती है, वह इस प्रकार है—

आगमिकगच्छ के मुनिजनों की उक्त तालिका का आगमिकगच्छ की पूर्वोक्त दोनों शाखाओं (धंधूकीया शाखा और विडालंबीया शाखा) में से किसी के साथ भी समन्वय स्थापित नहीं हो पाता, ऐसी स्थिति में यह माना जा सकता है कि आगमिकगच्छ में उक्त शाखाओं के अतिरिक्त भी कुछ मुनिजनों की स्वतंत्र परम्परा विद्यमान थी।

इसी प्रकार आगमिकगच्छीय जयतिलकसूरि,[1] मलयचन्द्रसूरि,[2] जिनप्रभसूरि,[3] सिंहदत्तसूरि[4] आदि की कृतियां तो उपलब्ध होती हैं, परन्तु उनके गुरु-परम्परा के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं मिलती है।

अभिलेखीय साक्ष्यों द्वारा भी इस गच्छ के अनेक मुनिजनों के नाम तो ज्ञात होते हैं, परन्तु उनकी गुरु-परम्परा के बारे में हमें कोई जानकारी नही मिलती। यह बात प्रतिमालेखों की प्रस्तुत तालिका से भी स्पष्ट होती है—

१. कर्मग्रन्थ—रचनाकाल वि० सं० १४५०
मलयसुन्दरीकथा—रचनाकाल अज्ञात [यह कृति प्रकाशित हो चुकी है]
सुलसाचरित—[प्राचीनतम प्रति वि० सं० १४५३]
कथाकोश [वि० सं० १५वीं शती का मध्य]

२. स्थूलभद्रकथानक—यह कृति प्रकाशित हो चुकी है

३. मल्लिनाथचरित—रचनाकाल १३वी शती के आसपास

४. स्थूलभद्ररास—रचनाकाल १६वी शती के प्रथम चरण के आसपास

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१.	१४२०	कार्तिक सुदि ५ रविवार	—	देवकुलिका का लेख	वीर जिनालय, जीरावला	मुनि जयन्तविजय संपा० आबू, भाग-५, लेखाङ्क १२२
२.	१४२१	कार्तिक सुदि ५ रविवार	—	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	जीरावलीतीर्थ चैत्यदेवकुलिका, जैन मन्दिर, थराद	लोढा, दौलत सिंह संपा० श्री प्रतिमालेख संग्रह, लेखाङ्क ३०४(अ)
